॥ अर्हम् ॥

[णमो त्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स]

भाग १] **जैन** [अंक १

साहित्य संशोधक

जैन इतिहास, साहित्य, तत्त्वज्ञान आदि

विषयक विविध निबन्ध-संग्रह।

—संपादक—

मुनिराज श्रीजिनविजयजी।

प्रकाशक—

जैन साहित्य संशोधक समाज।

ठि० भारत जैन विद्यालय, फर्गुसन कॉलेज रोड, पूना सिटी।

वार्षिक मूल्य ५ रु०] [प्रतिअंक मूल्य १॥ रु०

विषय-सूची।

(हिन्दी लेख विभाग)

(गुजराती लेखविभाग.)

ENGLISH

निवेदन.

गत मार्गशीर्ष मासमां ज्यारे आ संस्थानी स्थापना अने पत्रनी योजना संबंधीनुं आवेदन पत्र प्रकट करवामां आव्युं हतुं. त्यारे बे त्रण मासमां प्रस्तुत अंक छपाई प्रकट थई शकशे एवी धारणा राखवामां आवी हती. अने तदनुसार फाल्गुन पूर्णिमा अथवा तो महावीर जयन्तिना प्रसंगे वाचकोना हाथमां आ अंक पहोंचाडवानी सूचना आपी हती. परंतु प्रेसनी अगवडना लीधे सूचित समय ऊपर प्रकट थई शक्यो नथी. वर्तमानमां अनुभवानी छापखानासंबंधी कल्पनातीत कठिनताओ दृष्टिपात करतां तो आजे वैशाख मासनी समाप्तिमां-पण वाचकोना हाथमां अमे आ अंक पहोंचाडवा ज समर्थ थया छीए तेथी वाचकोए आनन्द ज प्रकट करवो जोईए. कारण के, म्होंमांग्या चार्ज पोतर्फथी ज आपी देवा छतां पण, ज्यारे कोटलाए प्रेसोमांथी रखडी रखडीने लखाण पाछुं जेमनुं तेम अमारी पासे आव्युं त्यारे तो आटली मुद्दते पण आ अंक छपाई प्रकट थई शकशे एवी अमने बिल्कुल आशा रही न हती. परंतु, जे प्रेसमांथी आ अंक मुद्रित थई प्रकट थाय छे तेना भला चालकोए जेम तेम करी ने पण छेवटे आ काम करी आपवानी गोठवण करी अमारा परिश्रमने सफळ कर्यो छे अने तेथी ज आटला विलंबे पण अमे रसिक वाचकोने आ निबन्धसंग्रहना वाचननो लाभ आपी शकवा समर्थ थया छीए.

आ अंक त्रैमासिकना नामे नहीं परंतु एक निबंधसंग्रहना नामे प्रकट थाय छे तेनुं कारण ए छे के, त्रैमासिकरूपे प्रकट करवा माटे सरकार पासे डिक्लेरेशन कराववुं पडे छे. हाल तुरतमां केटलांक कारणोने लीधे अमे ए भांजगडमां पडवा इच्छता न होवाथी, निबन्ध-संग्रहना नामे ज यथावसरे आवा अंको प्रकट करता रहीशुं.

बीजो अंक हवे वखतसर ज प्रकाशित थई जशे एवी आशा रखाय छे. ए अंकमां, कदंब नामे प्रसिद्ध एक जूना प्राचीन जैन राजवंशनां केटलांक ताम्रपत्रो, मथुराना पुरातन शिलालेखो प्रो. वेबरनो जैनागमविषयक निबन्ध, डॉ जेकोबीनी आचारांगसूत्रनी प्रस्तावना, केटलीक ऐतिहासिक नोंधो, तथा गच्छोनी पट्टावली विगेरे लेखो प्रकट थशे.

आ अंकना प्रकाशन दरम्यान, जे जे सद्गृहस्थोए संस्थाना लाईफमेंबर थई प्रस्तुत कार्यमां उदार सहायता आपी छे तेमनां सुनामो धन्यवादपूर्वक अत्र प्रकट करवामा आवे छे.

रु. १०० श्रीयुत केशरीचंदजी भंडारी, इन्दौर.
रु. १०० शाह अमृतलाल एन्ड भगवानदास मुंबई.
रु. १०० शाह मगनभाई हाथीभाई, पूना.
रु. १०० शाह चन्दुलाल वीरचंद कृष्णाजी पूना
रु. १०० शाह हरगोविंददास रामजी. मुंबई

रु. १०० शाह बाबुलाल, नानचंद भगवानदास झवेरी. पूना.
रु. १०० शाह मणिलाल केशवलाल. पूना.
रु. १०० शाह धनजीभाई वखतचंद साणंद-वाला. हाल पूना

आ शिवाय, श्रीयुत मनसुखलाल रवजीभाई महेता (मुंबई) ए छपाववा माटे १८ रीम कागळो पहोंचाड्या छे अने आरा निवासी बाबु कुमार देवेन्द्र प्रसादजीए पोताना खर्चे आ अंकमां आपेलां बे दर्शनीय चित्रो तैयार करी मोकल्यां छे. तेथी तेओ पण धन्यवादने पात्र छे.

तथा, आ समाजना संस्थापक अने पत्रना संपादक मुनिश्रीनी साहित्यसेवास्वरूप प्रवृत्तिमां जेओ दोढ वर्षथी, दानवीर उदारात्मा शेठ परमानन्द दास रतनजी (निवासस्थान, घाटकोपर, मुंबई) तरफथी जे मुख्य सहायता मळ्या करे छे, तेथी तेमनुं पण, आ स्थळे, समाज तरफ थी अन्तःकरणपूर्वक अभिनन्दन करवुं उचित गणाशे.

आशा छे के आवी ज रीते बीजा पण सद्गृहस्थो यथाशक्ति पोतानी उदारता बतावी जैन धर्मना आ गौरव प्रकाशक पुण्य कार्यमां सहायक थई स्वद्रव्यने सफळ बनावशे.

निवेदक-

व्यवस्थापक, जैन सा. सं. समाज.

हनुमान छापखाना ९२५ सदाशिव पेठ, पुणे शहर.

निर्ग्रन्थ प्रवचन।

सुयं मे आउसं तेणं भगवया एवमक्खायं—' इहमेगेसिं णो सण्णा भवइ, तं जहा–पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि। दाहिणाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि, पच्चत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि, उत्तराओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि, उड्ढाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि, अहोदिसाओ वा आगओ अहमंसि, अण्णयरीओ वा दिसाओ अणुदिसाओ वा आगओ अहमंसि। एवमेगेसिं णो णायं भवइ। अत्थि मे आया उववाइए, णत्थि मे आया उववाइए, के अहं आसी, के वा इओ चुओ इह पेच्चा भविस्सामि।'

से जं पुण जाणेज्जा सह सम्मइयाए, परवागरणेणं, अण्णेसिं अंतिए वा सोच्चा; तं जहा–पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि, जाव अण्णयरीओ दिसाओ अणुदिसाओ वा आगओ अहमंसि। एवमेगेसिं णायं भवइ, अत्थि मे आया उववाइए। जो इमाओ दिसाओ अणुदिसाओ वा अणुसंचरइ, सव्वाओ दिसाओ सव्वाओ अणुदिसाओ जो अणुसंचरइ सोहं। से आयावादी, लोगावादी, कम्मावादी, किरियावादी।

* * * *

[श्रमण भगवान् श्रीमहावीर देवके शासनके मुख्य प्रवर्तक पंचम गणधर आर्य सुधर्मस्वामीने अपने प्रधान शिष्य आर्य जम्बू अनगारसे कहा कि—]

'हे आयुष्मन् मैंने [ज्ञातपुत्र निर्ग्रन्थ भगवान् महावीर देवके मुखसे] सुना है भगवानने इस प्रकार कहा है कि 'इस जगतमें किसी एक जीवात्माको यह ज्ञान नहीं होता है कि [मैं कौन सी दिशामेंसे यहां पर आया हूं। अर्थात्— जैसे कि, पूर्व दिशामेंसे आया हूं, या दक्षिण दिशामेंसे आया हूं; पश्चिम दिशामेंसे आया हूं, या उत्तर दिशामेंसे आया हूं; ऊर्द्ध दिशामेंसे आया हूं, या अधो दिशामेंसे आया हूं, [वैसे ही] अन्य किसी दिशा या विदिशामेंसे आया हूं। [इसी तरह] किसी एकको यह भी नहीं ज्ञात होता कि मेरा आत्मा पुनर्जन्मवाला है अथवा नहीं है? मैं कौन हूं? । यहांसे मरकर मैं परजन्ममें कौन होऊंगा '।"

"जो पुनः [कोई एक जीवात्मा] अपनी सन्मतिसे या दूसरेके कथनसे, अथवा किसी अन्य-तीसरेके पाससे यह जान लेता है कि, मैं अमुक दिशामेंसे आया हूं; अर्थात् जैसे कि मैं पूर्व दिशामेंसे आया हूं यावत् अन्य दिशा-विदिशामेंसे आया हूं। [वैसे ही यह भी जान ले कि– मेरा आत्मा पुनर्जन्मवाला है। जो इन दिशा विदिशाओंमें आता जाता है [अर्थात् ऊपर बतलाई हुई] सर्व दिशा-विदिशाओंमेंसे आता जाता है वही मैं हूं। भगवान कहते हैं -ऐसा जो ज्ञाता है] वह आत्मवादी (आत्माको समझने वाला), लोकवादी (जगतको जानने वाला), कर्मवादी (कर्मके रहस्यको माननेवाला), और क्रियावादी (कर्तव्यको करनेवाला) कहलाता है।'

उद्बोधन।

श्रमण भगवान् श्री महावीर तीर्थंकर प्ररूपित 'निर्ग्रन्थ प्रवचन' का जो आदिम उद्गार, इस 'उद्बोधन' के अग्रभागमें हमने उद्धृत किया है वह जैसे बाह्य दृष्टिसे इस प्रस्तुत प्रयत्नमें-पत्रके प्रकाशनमें-प्रारंभिक मंगलाचरण स्वरूप है; वैसेही आंतर दृष्टिसे, प्रयत्नगत मुख्य ध्येयकाभी पूर्ण उद्बोधक है। ज्ञातपुत्र निर्ग्रन्थ प्रभु महावीर देवका प्रत्येक विचार 'द्रव्य' और 'भाव' दोनों नयोंकी अपेक्षासे युक्त हो कर प्रवर्तित है। उस अनेकान्तवादी अर्हनका प्रत्येक उद्गार व्यावहारिक और पारमार्थिक दोनों दृष्टियोंको साथ लेकर व्यवहृत हुआ है। इसलिये ऊपर्युद्धृत उद्गार भी व्यवहार और

परमार्थ—द्रव्य और भाव—दोनों भावोंसे उपलक्षित है। व्यवहारसे, जैसे कोई 'संज्ञा' यानि चैतन्य हीन—मूढात्मा यह नहीं जान सकता कि मैं कौन हूं, कहांसे आया हूं, कहां जाऊंगा, ये सब दिखाई देनेवाले लोग कौन हैं; मेरा क्या कर्तव्य—कर्म है और मैं क्या कर रहा हूं; इत्यादि। इस प्रकारके विचार—विहीन आत्माका कोई अभ्युदय नहीं हो सकता; वह अपने जीवनको प्रगतिमान नहीं बना सकता। ऐसा मनुष्य, मनुष्य स्वरूप हो कर भी पशु ही की कोटिमें गिना जाता है। पशुके जीवनमें और ऐसे 'संज्ञा' हीन मनुष्यके जीवनमें कोई अंतर नहीं होता। ऐसा प्राणी अनात्मज्ञ, लोक-व्यवहारानभिज्ञ, कर्तव्य विचार विहीन और प्रवृत्ति-शून्य कहा जाता है। वैसे ही परमार्थ भावसे, जो आत्मा अध्यात्मभाव पराङ्मुख और ऐहिक विषय-आसक्त है वह भी वास्तविकमें 'संज्ञा' यानि 'सम्यग्ज्ञान' हीन ही है। ऐसा परमार्थ-ज्ञानशून्य आत्मा भी (वह फिर चाहे व्यवहारमें कितना ही बुद्धिमान, प्रयत्नशील, प्रपञ्चपटु और सतत उद्योगी हो) यह नहीं विचार सकता कि, यथार्थमें मैं कौन हूं, मेरे आत्माका क्या स्वरूप है, मैं किस लोकमेंसे यहां पर आया हूं, मेरा पुनर्जन्म होता है या नहीं, मैं इस जन्मसे मर कर कहां जाऊंगा इत्यादि। इस प्रकारके विचार-शून्य आत्माका भी उद्धार नहीं हो सकता। उसको मोक्षमार्गकी प्राप्ति नहीं हो सकती। वह अंध पुरुषकी तरह अज्ञान मार्गमें इधर उधर भटकता फिरता है—संसार परिभ्रमण करता रहता है। उसको इच्छित स्थानकी प्राप्ति नहीं हो सकती और सिद्ध-स्वरूप नहीं बन सकता।

जो आत्मा अध्यात्मस्वरूपका जिज्ञासु है, अपने आंतरिक गमनागमनका विचार करता रहता है, आत्माके यथार्थ स्वरूपको समझनेके लिये प्रयत्न करता रहता है, वही आपना उद्धार कर सकता है। वैसे जिज्ञासु अतएव विचारवान मनुष्यको सत्यमार्ग मिल सकता है और उसके द्वारा वह इच्छित स्थानको प्राप्त कर सकता है। वह जन्म-मरणके बन्धनसे मुक्त हो कर सिद्ध-बुद्ध बन सकता है। निर्ग्रंथ तीर्थंकर ऐसे आत्मिक विचार करनेवाले पुरुष ही को 'आत्मवादी'—आत्मज्ञ कहते हैं। उनके मतसे, जो आत्मा 'आत्मवादी' यानि अपने स्वरूपको जान सकता है वही 'लोकवादी' अर्थात् जगत्के सत्य स्वरूपको जाननेवाला होता है। क्यों कि जो अपने आंतर स्वरूपको नहीं जान सकता वह बाह्य स्वरूपको भी नहीं जान सकता। यह आंतर-बाह्य ज्ञान परस्पर सापेक्ष है। इसीलिये भगवानने आगे चलकर यह कहा है कि—

जे अज्झत्थं जाणइ, से बहिया जाणइ,
जे बहिया जाणइ, से अज्झत्थं जाणइ।

आचाराङ्गसूत्र १-७।

जो इसप्रकार लोकवादी होता है वही 'कर्मवादी' अर्थात् कर्मकी विचित्र शक्तियोंका—जगत्के कार्य कारण-भावका—ज्ञाता हो सकता है; और इसी तरह कर्मवादी बनने पर फिर वह 'क्रियावादी' अर्थात् सम्यक् और असम्यक् प्रवृत्ति (कर्तव्याकर्तव्य) का स्वरूप और रहस्य समझनेवाला बन सकता है। क्रियावादी आत्मा आत्म-हितकर प्रवृत्तिका आचरण कर अंतमें कर्मसे मुक्त हो कर अमरत्व प्राप्त कर सकता है। प्रभु महावीर उपदिष्ट मोक्षमार्गका यही यथार्थ क्रम है। मोक्षशास्त्रके प्रणेता महर्षिने जो

सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः।

इस प्रकार मोक्षमार्ग बतलाया है वह भी इसी क्रमको लक्ष्य कर है।

आत्मतत्त्वका साक्षात्कार होना—अपने स्वरूपकी प्रतीति होना—सम्यग्दर्शन है। इसीका नाम आत्मश्रद्धा भी है। जिसको ऐसा साक्षात्कार—ऐसी प्रतीति-आत्मश्रद्धा होती है वही आत्मवादी कहलाता है। सम्यग्दर्शन प्राप्त आत्माहीको सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति हो सकती है। जिसको यह दिव्य दर्शन हो जाता है, जो अपनी आत्मश्रद्धामें लीन हो जाता है, उसको फिर सर्व चराचर जगत्का ज्ञान हो जाता है। इसीलिये यह कहा जाता है कि—

श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्।

दूसरे शब्दोंमें कहें तो जिसने एक (आत्मा) को जान लिया उसने सब (जगत्) को जान लिया—

जे एगं जाणइ, से सव्वं जाणइ।

इस प्रकारका सम्यग्ज्ञानवान् ही 'लोकवादी

और 'कर्मवादी' कहा जाता है। ऐसा ही ज्ञानी सदाचारी–अर्थात् सम्यक् चारित्रका पालन करने वाला–होता है। सम्यग्दर्शनी और सम्यग्ज्ञानीका जो आचरण वही सम्यक् चारित्र है। ऐसे ही सम्यक् चारित्री को क्रियावादी कहते हैं।

एवं सम्यग् दर्शन, ज्ञान और चारित्रवान अथवा आत्मवादी, लोकवादी, कर्मवादी, और क्रियावादी आत्मा ही इस जन्ममरणरूप तांतोंसे बनी हुई जगज्जंजाल स्वरूप जालसे छुटकारा पाकर मुक्त बन सकता है। वही आत्मा अजर, अमर, और अचल स्वरूपको प्राप्त कर सकता है—सच्चिदानन्द-पूर्ण बन सकता है।

* * *

जिस तरह निर्ग्रन्थ मुनीश्वरका यह प्रवचन परमार्थ–पारलौकिक रहस्यका उद्बोधक है, वैसे व्यावहारिक–इहलौकिक रहस्यका भी उद्बोधक है। इस प्रवचनमें कही गई बातें जैसे आत्माके आंतर स्वरूपका विकास–क्रम प्रकट करती हैं, वैसे इस जगतके मनुष्य, समाज और देशकी व्यावहारिक दशाका भी विकास–क्रम बतलाती हैं।

जो कोई मनुष्य, समाज और राष्ट्र 'सञ्ज्ञा' (चैतन्य) हीन हो कर अपने गतागत याने भूत–भविष्यत्का विचार नहीं करता, वह यह नहीं जान सकता कि मेरा भूतकाल कैसा था, वर्तमानमें क्या हालत है और भविष्यमें कैसी दशा होगी। उसे यह नहीं मालूम हो सकता कि, वह किस दशामेंसे समुत्थित हुआ है, किस दशामें विद्यमान है और किस दशामें जा कर लीन होगा। इस प्रकारका 'सञ्ज्ञा'—शून्य मनुष्य, समाज और राष्ट्र भगवानके मतसे अनात्मवादी है–अपनी हालतको न जानने वाला अज्ञान है। ऐसे अज्ञान मनुष्य, समाज या राष्ट्रको जगत (लोक) की स्थितिका कुछ भी ज्ञान नहीं हो सकता और उसे कर्तव्याकर्तव्य (कर्म) का भी कुछ भान नहीं होता। इस तरह वह मनुष्य आदि फिर अन्तमें क्रियाशून्य -उद्यमहीन हो जाता है। वह अक्रियावादी बन जाता है। कर्तव्यशून्य मनुष्य कभी उन्नति नहीं प्राप्त कर सकता। उसकी क्रमशः अवनति ही होती जाती है; और अन्तमें नष्ट दशाको प्राप्त होता है।

इसके विपरीत जो मनुष्य, समाज और राष्ट्र 'सञ्ज्ञा' याने चैतन्यवाला है और जो अपनी पूर्वापर दशाका विचार करता रहता है—भूत, भविष्यत् और वर्तमान अवस्थाको सोचे करता है–वह आत्मदर्शी (आत्मवादी) कहलाता है। ऐसे आत्मदर्शी मनुष्य आदिको जगत्की परिस्थितिका ठीक ठीक ज्ञान मिलता रहता है और कर्तव्यकर्मका भी उसे पूरा हाल मालूम होता रहता है। निर्ग्रन्थ प्रभु उसको लोकवादी और कर्मवादी कहते हैं। इस प्रकारके विचारवान् और ज्ञानवान् मनुष्य आदि अपनी उन्नतिके लिये क्रियाशील बनता है। क्रियाशील मनुष्य ही इच्छित सुख प्राप्त कर सकता है और दुःखोंसे मुक्त हो सकता है इसीलिये जैनधर्मका यह मुद्रालेख है कि-

ज्ञान-क्रियाभ्यां मोक्षः।

ज्ञान और क्रिया (चारित्र-आचरण) अर्थात् ज्ञानयोग और कर्मयोग इन दोनोंके संयुक्त सामर्थ्यसे मोक्ष मिलता है।

* * *

भगवान महावीर देवके प्रवचनका यह व्यावहारिक रहस्य जगतके प्रत्येक व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और धर्मके लिये विचारणीय है। जैनधर्मका तो यह स्वकीय आविष्कृत सिद्धान्त है, इसलिये उसके अनुयायी व्यक्ति और समाजको तो अवश्य ही इसकी विचारणा करनी चाहिए। जैन तत्त्वज्ञानके कथनानुसार कालका स्वरूप पदार्थमात्रके स्वरूपमें परिवर्तन करनेका है। प्रत्येक वस्तुमें, कालके प्रभावसे प्रतिक्षण रूपान्तर होता रहता है। इस नियमानुसार, व्यावहारिक दृष्टिसे विचार किया जाय तो व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और धर्मके स्वरूपमें भी सदैव परिवर्तन–रूपान्तर हुआ ही करता है। जैन-धर्म और जैन समाज भी इसी सनातन नियमके स्वाधीन है। रूपान्तर या परिवर्तन जो होता रहता है वह अच्छा ही होता रहता है या बुरा ही होता रहता है, ऐसा कोई विशिष्ट नियम इस जगतमें नहीं देखा जाता। कभी अच्छेका रूपान्तर बुरेके रूपमें होता है; कभी बुरे का भले के रूपमें। कभी तदवस्थ याने जैसा का वैसा ही होता है। परीवर्तनके अच्छे-बुरेका आधार देश, काल, मनुष्योंका आचार,

व्यवहार, इत्यादि अनेक कारणोंके ऊपर निर्भर है। जो व्यक्ति आदि 'सही' याने विचारवान् है वह तो इस, देश-काल-कृत परिवर्तनकी दशाओंका निरंतर विचार किया करता है और समयानुसार उचित प्रवृत्ति कर उन्नत होनेकी-प्रगति करनेकी-चेष्टा करता रहता है। इतिहास-शास्त्रका आविष्कार और अध्ययन-अध्यापन इसी लक्ष्यको लेकर प्रवर्तित हुआ है। इस शास्त्रके द्वारा जगत्के धर्म, समाज और राष्ट्रोंका भूतकालीन स्वरूप ज्ञात हो सकता है और उससे वर्तमानिक दशाकी तुलना कर भविष्यद् दशाका अनुमान किया जा सकता है। इतिहासके अध्ययनसे प्रत्येक समाज, धर्म और राष्ट्र अपनी उन्नति-अवनतिका विचार कर सकता है और उसके कार्य-कारण-भावको जान सकता है। इसीलिये जगत्का प्रत्येक सभ्य और शिक्षित जनसमूह अपने अपने इतिहासके अन्वेषण और अध्ययनमें विशेष रूपसे प्रवर्तित है। भारतवर्षमें भी अब इस विषयकी ओर शिक्षित मनुष्योंका लक्ष्य खींचा जा रहा है और दिन-प्रतिदिन इस विषयकी गवेषणा करनेवाले विद्वान् संख्यामें बढते जाते हैं।

आज तक जो कुछ भारतवर्षके भूतकालके विषयमें लिखा हुआ है वह पश्चिमीय विद्वानोंहीके परिश्रमका फल है। इन विदेशी लेखकोंका एक तो ध्येय ही जुदा था और दूसरी बात यह है कि उन्हाने प्राचीन भारतका अवलोकन, वर्तमान भारतकी अवनत-दशाको आदर्श मानकर किया। इसलिये उनके लेखोंमें और विचारोंमें सत्यकी अपेक्षा संकुचितता अधिक है। सिवाय, उन्होंने भारतके इतिहासका आरंभ वहींसे माना है जहांसे उसके पतनकी शुरूआत हुई है। वास्तविकमें आर्यावर्तकी उन्नत अवस्था का इतिहास अभी तक अंधकार ही में विलुप्त है। इसके उद्धारके प्रयत्न अब कहीं कहीं होने लगे हैं।

जैन धर्म भारतवर्षका एक प्रधान धर्म है। इसलिये समुच्चय भारतके इतिहासमें इसका भी बहुत बडा हिस्सा है। अतः इसके स्वतंत्र इतिहासके अन्वेषणकी भी उतनी ही आवश्यकता है, जितनी वैदिक और बौद्ध धर्मके इतिहासकी है। जैन धर्मके इतिहासान्वेषणके विना भारतका इतिहास बहुत अंशमें अपूर्ण ही रहेगा।

जैन इतिहासके अन्वेषणके लिये मुख्य क्षेत्र दो हैं—एक साहित्य और दूसरा स्थापत्य। जैन साहित्य प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, कानडी, तामिल, तेलुगु, गुजराती, हिन्दी आदि जैसी भारतकी प्राचीन-अर्वाचीन सबही प्रधान प्रधान भाषाओंमें व्याप्त है, इसी तरह जैन स्थापत्य भी पंजाब, बंगाल, उडीसा, मद्रास, हैदराबाद, वऱ्हाड, कर्नाटक, मध्यभारत, युक्त प्रांत, मेवाड, मारवाड, मालवा, गुजरात, सिंध, कच्छ इत्यादि भारतके सब देशों और प्रदेशोंमें उपलब्ध है। इस प्रकार भारतवर्षीय बहु-भाषाव्यापी जैन साहित्य और बहु-प्रदेश-व्यापी जैन स्थापत्यको देखते हुए, इस बातका सहज अनुमान हो सकता है कि भूतकालमें जैन धर्मका भारत वर्षमें कितना प्रभाव रहा होगा और उसका इतिहास कितना उज्ज्वल होगा। यह हर्षकी बात है कि, भारत सरकारके पुरातत्त्व-विभागके द्वारा ब्राह्मण और बौद्ध स्थापत्यके साथ साथ जैन स्थापत्यका भी अन्वेषण-संरक्षणादि होता रहता है, और उक्त विभागके विवरणात्मक-पुस्तकों (रिपोर्टों) में तत्संबंधी ऐतिहासिक पर्यालोचन भी यथा समय प्रकट होता रहता है। इस प्रकार कितने एक अंशमें जैन स्थापत्यके उद्धारका तो उद्घाटन हो रहा है; परन्तु, जैन साहित्यके बारेमें अभीतक कोई ऐसी महत्त्ववाली प्रवृत्तिका प्रारंभ कहीं नहीं हुआ है।

उन्नीसवीं शताब्दीके उत्तरार्द्धमें कितने एक विद्या-विलासी और निष्पक्ष-अभ्यासी जर्मन विद्वानोंने जैन साहित्यका कितनाक संशोधन-पर्यालोचन किया था, और उसके कारण जैन धर्मके विषयमें जो कितनीक भ्रान्तियां, कुछ पाश्चात्य और उनके अन्ध भक्त एतद्देशीय विद्वानोंके बीचमें फैली हुई थीं, वे कई अंशोंमें निकल गईं। परंतु, जैन समाजकी अज्ञानता और अकर्मण्यताके कारण न तो उन विद्वानोंको कुछ अपने कार्यमें उत्तेजक आश्वासन ही मिला और न प्राचीन और प्रतिष्ठित पुस्तकादि साधन ही मिले। इस लिये जैन साहित्यके विषयमें अभीतक विद्वानोंके न कोई भी महत्त्व-दर्शक विचार ही प्रकट हुए हैं और न कोई जैन साहित्यके जिज्ञासु ही दिखाई देते हैं। सैंकडों ही विद्वानोंको तो अभीतक जैन साहित्य कितना और कैसा है इसकी कल्पना मात्र भी नहीं है।

भारतके भाग्याकाशमें अब सौभाग्यके सूर्यका उदय होने लगा है और हजारों वर्षोंसे छाई हुई जडता (अंधकार) का नाश होने जा रहा है। भारतके सेंकडों ही सपूत आलस्यका त्याग कर कार्यक्षेत्रमें ऊठ खडे हुए हैं और भावी अभ्युदयके साथ भूतकालीन गौरवके उद्घाटनमें भी कई दत्तचित्त हो रहे हैं। अनेक सज्जन भारतीय इतिहास और साहित्यके क्षेत्रमें उत्साहपूर्वक कार्य करने लगे हैं और इनमेंसे कोई कोई विद्वान् जैन साहित्यका परिचय प्राप्त करने के लिये भी उत्सुकता दिखाने लगे हैं।

इधर, जैन समाज भी कुछ कुछ जागृत हो रहा है और अपने साहित्यके संरक्षण और प्रकाशनकी तरफ लक्ष्य लगा रहा है। यद्यपि यह हर्षकी बात है; परंतु, जिनके नेतृत्वमें यह कार्य हो रहा है, उनमें एक तो विचार-संकुचितताकी मात्रा अधिक है और दूसरी बात यह है कि जैन के सिवाय बाहरके जगत्का उन्हें किंचित् भी परिचय नहीं है—अथवा बहुत ही कम है। इसलिये वर्तमान में जो कुछ साहित्य जैसे वैसे छपकर प्रकट भी हो रहा है—और परिमाणमें वह है भी बहुत कुछ—तो भी अन्य विद्वानोंको उसका दर्शनमात्र भी नहीं होने पाता है। और इस प्रकार विद्वानोंके लिये जैन साहित्यके परिचय करनेका द्वार अभी तक बिलकुल बन्ध ही सा है। ऐसी स्थिति होनेसे, अब ऐसे एक साधनकी बहुत आवश्यकता है कि, जिसके द्वारा जैन साहित्यका, जिज्ञासु विद्वानोंको यथेष्ट परिचय मिलने के साथ विस्तृत स्वरूपभी मालूम होता रहे; और जैन विद्वानोंको जगत के अन्यान्य विद्वानोंके विचार, परिश्रम, अभ्यासादिकके साथ कर्तव्य की दिशाका उपयुक्त ज्ञान भी मिलता रहे। इसी आवश्यकताकी किञ्चित् पूर्तिके लिये इस 'जैन साहित्य संशोधक' को जन्म दिया गया है।

आशा है, कि विज्ञ लेखक और पाठकगण इस साहित्य, समाज और अंशतः देश-सेवाके पवित्र कार्यमें सहभागी बन कर सबही यथाशक्ति अपने अपने योग्य कर्तव्यका पालन करेंगे। तथास्तु।

सिद्धसेन दिवाकर और स्वामी समन्तभद्र।

जैनधर्मके प्रमाणशास्त्रके मूल प्रतिष्ठापक आचार्य सिद्धसेन दिवाकर, और आप्तकी मीमांसा-द्वारा स्याद्वाद (अनेकान्तवाद) का समर्थन करनेवाले स्वामी समन्तभद्र,—दोनों जैनधर्मके महान् प्रभावक और समर्थ संरक्षक महात्मा हैं। इन दोनों महापुरुषोंकी कृतियोंके देखनेसे, इनके स्वभाव और प्रभावमें एक सविशेष समानता प्रतीत होती है। दोनोंहीने परमात्मा महावीरके सूक्ष्म सिद्धान्तोंका उत्तम स्थिरीकरण किया और भविष्यमें होनेवाले प्रतिपक्षियोंके कर्कश तर्कप्रहारसे जैनदर्शनको अक्षुण्ण रखनेके लिये अमोघ-शक्तिशाली प्रमाण-शास्त्रका सुदृढ संकलन किया।

इन्हीं दोनों महावादियों द्वारा सुप्रतिष्ठित जैनतर्ककी मूल भित्तियों पर मल्लवादी, अजितयशा, हरिभद्र, अकलंक, विद्यानन्द, माणिक्यनन्दि, प्रभाचन्द्र, अमृतचन्द्र, अनन्तवीर्य, अभयदेव, शान्तिसूरि, जिनेश्वर, वादी देवसूरि, हेमचन्द्रसूरि, मल्लिषेण, गुणरत्न, धर्मभूषण और यशोविजय आदि समर्थ जैन नैयायिकोंने बडे बडे तर्कग्रन्थोंके विशाल और दुर्गम दुर्गोंका निर्माण कर जैनधर्मके तात्त्विक साम्राज्यको इतर वादीरूप परचक्रके लिये अजेय बनाया है।

हमें अभी तक यह पूर्णतया निश्चित ज्ञात नहीं हुआ है कि ये दोनों महापुरुष कब और किस संप्रदायमें हुए हैं, परंतु पूर्वपरंपरासे जो मान्यता चली आ रही है उसके आशयानुसार यह कह सकते हैं कि सिद्धसेन दिवाकर तो श्वेताम्बर-संप्रदायमें, विक्रमराजाके समयमें, और स्वामी समन्तभद्र दिगम्बर-संप्रदायमें, विक्रमकी दूसरी शताब्दीमें हुए हैं।

सिद्धसेन दिवाकर।

दन्तकथाके कथनानुसार सिद्धसेन विक्रमराजाके—जिसके नामसे भारतवर्षका सुप्रसिद्ध संवत् चलता है—गुरु थे। ऐतिहासिकोंने भी इस कथनमें कुछ तथ्य स्वीकार किया है और 'ज्योतिर्विदाभरण' के

'धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कु-
वेतालभट्टघटखर्परकालिदासाः ।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां
रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य ॥'

इस श्लोकमें क्षपणक नामसे जिस व्यक्तिको विक्रमराजाकी सभाके नौ रत्नोंमेंसे एक रत्न बतलाया है वह सिद्धसेन दिवाकर ही होना चाहिए, ऐसा अनुमान किया गया है ÷। यहां पर हमें इस कथनकी ऐतिहासिक सत्यासत्यताका विचार नहीं करना है, इसलिये इस विषयमें हम अपना कुछ भी अभिप्राय प्रकट करना नहीं चाहते। हमारे इस लेखका उद्देश्य केवल सिद्धसेन और समन्तभद्रकी परस्पर कुछ तुलना और उनके सामर्थ्यके बारेमें किञ्चित् वक्तव्य प्रकट करना है।

उपलब्ध जैनवाङ्मयका सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण करनेसे पता लगता है कि सिद्धसेनसे पहले जैनदर्शनमें तर्कशास्त्रविषयक कोई स्वतंत्र सिद्धान्त प्रचलित नहीं था। उनके पूर्वमें प्रमाण-शास्त्रविषयक बातें केवल आगम-ग्रन्थोंहीमें, अस्पष्ट रूपसे संकलित थीं; और उस समयतक उन बातोंका कुछ अधिक प्रयोजन भी नहीं था। सिद्धसेनसूरिके पहलेका जमाना तर्क-प्रधान नहीं था किन्तु आगम-प्रधान था। आप्त-पुरुषका कथन मात्र ही तबतक सर्वथा शिरोधार्य समझा जाता था। जैनधर्मके सहचर ब्राह्मण और बौद्धधर्मकी भी यही अवस्था थी। परंतु महर्षि गौतमके 'न्यायसूत्र' के संकलनके बाद धीरे धीरे तर्कका जोर बढ़ने लगा और जुदा जुदा दर्शनोंके विचारोंका समर्थन करनेके लिये स्वतंत्र सिद्धान्तोंकी रचना होने लगी। लगभग उसी समयमें भगवान् गौतमबुद्धका साम्यवाद और मध्यममार्ग ब्राह्मणोंके कर्मजालसे संत्रस्त हुए साधारण लोगोंमें अधिक आदर पाने लगा था और थोडेही समयमें उसने सम्राटके सिंहासन तकको भी अपना अनुयायी बना लेनेकी महत्ता प्राप्त कर ली थी।

इस प्रकार बौद्धधर्मके बढ़ते जाते प्रभावको देखकर कुछ मनस्वी ब्राह्मणोंने बुद्धदेवके सरल और सीधे साधे वचनोंको युक्तिशून्य और प्राकृतजनप्रिय मात्र बतलानेके उद्योगका आरंभ किया। महर्षि गौतम उन्हीं मनस्वी ब्राह्मणोंके नेता थे। बुद्धिमान भिक्षुओं (बौद्धश्रमणों) को जब इस उद्योगके रहस्यका पता लग गया तब उन्होंने भी अपने आप्तके नामधारी गौतममुनिके तर्कजालके फंदेमें न फँसनेकी सावधानीका रास्ता ढूंढना शुरू किया। केवल लोकहितकी दृष्टिसे, प्रचलित लोकभाषामें, आबालगोपालको बोध करनेके लिये रचे गये पाली पिटकोंके पारायणसे भिक्षुकगणको जब, तार्किक ब्राह्मणोंके तर्कप्रपञ्चका समाधान करनेमें समर्थ होते न देखा तब, आर्य नागार्जुन नामक प्रतिभाशाली महाश्रमणने शून्यवादकी स्थापनाके लिये गूढ विचारगर्भित मध्यमावतारका प्रणयन किया। जिस तर्कपद्धतिसे ब्राह्मण विद्वान् श्रमणोंके सरल विचारोंपर कठिन कटाक्ष किया करते थे, श्रमण विद्वान भी अब उसी पद्धतिसे अपने 'मायावाद' के अदृश्य बाण ब्राह्मणोंके ऊपर चलाने लगे। इस प्रकार ब्राह्मण और बौद्ध विद्वानोंमें तर्कशास्त्रीय युद्ध बढ़ता गया, और शनैः शनैः श्रमणसमूह इस विषयमें अधिकाधिक उन्नति प्राप्त करता गया। उसमें आचार्य दिङ्नाग आदि बडे बडे न्यायवित् श्रमण उत्पन्न हुए और उन्होंने शाक्यसूनु भगवान बुद्धके प्राकृतजनप्रिय सरल सिद्धान्तोंको विद्वानोंके लिये भी साधारणतः दुर्गम तथा गूढ बना दिये और उनकी गुत्थी सुलझानेके लिये अपने प्रतिपक्षियोंको चिरकाल तक विवश किया।

ब्राह्मणों और श्रमणोंके बीचमें होनेवाले इस वाग्युद्धकी शब्दध्वनि निर्जनवनोंमें घूमनेवाले जैन निर्ग्रन्थोंके कानोंतक भी जा पहुँची। ध्यानमग्न निर्ग्रन्थ इस ध्वनिके मतलबको समझनेका प्रयत्न कर ही रहे थे कि इतनेमें स्वयं ज्ञातपुत्र भगवान महावीरके 'मोक्षमार्ग' का उपहास सूचित करनेवाले शब्द भी उन्हें अस्फुट रीतिसे सुनाई देने लगे। इस स्थितिका विचार कर, द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावके ज्ञाता 'क्षपणक' (जैन श्रमण या निर्ग्रन्थ) भी अपनी 'शासनरक्षा' का उपाय सोचने लगे। बौद्ध श्रमण 'शून्यवाद' के सिद्धान्तको जिस तर्कपद्धति द्वारा प्रबल और व्यवस्थित बनाते हुए बुद्धदेवके शासनको स्थिर

÷ देखो, डॉ० सतीशचन्द्र विद्याभूषणलिखित 'न्यायावतार'की भूमिका तथा 'मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास।'

बनाते जा रहे थे, उसी पद्धतिका आश्रय ले कर निर्ग्रन्थ क्षपणकोंने भी 'स्याद्वाद' के सिद्धान्तको समर्थ और सुस्थित बनाकर महावीरदेवके शासनको अचल बनानेका निश्चय किया। उन्होंने सोचा कि पाली पिटकोंके पारायण मात्रसे जिस प्रकार बौद्ध श्रमण अपने शासनका संरक्षण करनेमें समर्थ नहीं हुए, उसी प्रकार प्राकृत आगमोंके प्रवचन मात्रसे जैन निर्ग्रन्थोंका 'मोक्षमार्ग' भी अब निर्भय नहीं रह सकता। इस लिये तर्कप्रधान प्रकरणग्रंथोंका प्रणयन करना अत्यावश्यक है।

इन्हीं निर्ग्रंथोंमेंसे, सबसे प्रथम आचार्य उमास्वाति (मी) ने तत्त्वार्थाधिगम सूत्रकी रचना कर समग्र जैनतत्त्वोंको एकत्र संगृहीत किया। अपने जीवनमें वे इस कार्यको पूर्ण करके पिछले प्रतिभाशाली क्षपणकोंके लिये ऐसी सूचना कर गये कि इन संगृहीत जैनतत्त्वोंके अर्थ प्रमाण और नयके द्वारा निश्चित करने चाहिएँ (–प्रमाण नयैरधिगमः)। 'मोक्षशास्त्र' के रचयिता महर्षिकी इस अर्थपूर्ण सूचनाके महत्त्वको समझ कर जिन पिछले महामति क्षपणकोंने इस दिशामें प्रयत्न करना शुरू किया और प्रमाण और नयकी व्यवस्था करनेके लिये नवीन शास्त्ररचना करनी शुरू की, सिद्धसेन दिवाकर उन्हीं सबके प्रधान अग्रणी हैं। उन्होंने ही सबसे पहले 'न्यायावतार' नामक तर्कप्रकरणकी रचना कर 'जैन प्रमाण' का पाया स्थिर किया और 'सम्मति प्रकरण' नामक महातर्कग्रन्थका प्रणयन कर 'नयवाद' का मूल दृढ किया।

सिद्धसेन दिवाकरकी कृतियोंके अवलोकनसे मालूम पडता है कि ये बडे स्पष्टभाषी और स्वतंत्र विचारके उपासक थे। प्रकृतिसे वे बडे तेजस्वी थे और प्रतिभासे 'श्रुतकेवली' थे। उनकी कृतियोंमें जो स्वतंत्र विचारकी झलक दिखाई दे रही है वह अन्य किसीकी भी कृतिमें नहीं। साक्षात् उनके ग्रन्थोंके देखनेसे, तथा पिछले ग्रंथकारोंने उनके विषयमें जो उल्लेख किये हैं उनके पढनेसे, ज्ञात होता है, कि जैनधर्मके कितने एक परंपरागत विचारोंसे सिद्धसेनके विचार भिन्नत्व रखते थे। पूर्वकालीन तथा समकालीन अन्यान्य जैन विद्वानोंके विचारोंमें और सिद्धसेनसूरिके विचारोंमें परस्पर बहुत कुछ उल्लेख–योग्य मतभेद था। दिवाकरजी साक्षात् जैनसूत्रोंके–जैनागमोंके–कथनको भी अपनी तर्कबुद्धिकी कसोटीपर कसकर तदनुकूल उसका अर्थ किया करते थे। केवल पूर्वपरंपरासे चले आने अथवा पूर्वाचार्योंको स्वीकृत होनेहीके कारण वे किसी सिद्धान्तको शिरोधार्य नहीं कर लेते थे। युक्तियुक्त बातहीका वे स्वीकार किया करते थे, चाहे वह पूर्वाचार्योंको सम्मत हो या न हो।

जिस तरह वर्तमानमें बहुधा देखा जाता है कि कोई भी स्वतंत्र विचारक किसी भी पूर्वपरंपरासे चली आती हुई बातमें कुछ 'ननु नच' करता है, या उसके प्रतिकूल कुछ अर्थ या अभिप्राय प्रदर्शित करता है, तो झट बहुतसे गतानुगतिक और लकीरके फकीर बने हुए पण्डितम्मन्य महाशय एकदम चिल्ला उठते हैं कि, 'यह बात तो शास्त्रविरुद्ध है, यह अभिप्राय तो परंपरा–प्रचलित अभिप्रायसे प्रतिकूल है;' उसीतरह शायद दिवाकरजीके जमानेमें भी चलता रहा होगा। उनके कितने ही उद्गारोंसे मालूम पडता है कि जब कभी वे कोई पूर्वपरंपरासे अथवा पूर्वाचार्योंके मतसे भिन्नार्थक विचार प्रदर्शित करते होंगे तब बहुतसे पुराणप्रिय पण्डित उनके नवीन विचारका प्रतिषेध करते हुए यही दलील देते होंगे कि–" महाराज, आपके विचार तो पूर्वाचार्योंके विचारसे विरुद्ध जाते हैं; क्या आप पूर्वपुरुषोंसे अधिक ज्ञानवान हैं, जो उनके कथनमें शंका उपस्थित करते हैं? क्या आपके जैसी शंका उनको नहीं करनी आती थी?" इत्यादि। ऐसे ही 'मृतरूढगौरव' प्रिय पण्डितोंका मुख मुद्रित करने के लिये दिवाकरजीने एक द्वात्रिंशि कामें बडी ही मार्मिकताके साथ अपने हृदयका जोश प्रकट करते हुए निम्न श्लोक कहा है—

— बत्तीस पद्योंका जो एक प्रकरण होता है उसे द्वात्रिंशिका कहते हैं। कहा जाता है कि सिद्धसेन दिवाकरने ३२–३२ पद्योंवाली ऐसी ३२ द्वात्रिंशिकायें बनाई थीं। प्रसिद्ध ग्रंथ 'न्यायावतार' भी इन्हीं द्वात्रिंशत्–द्वात्रिंशिकाओंमेंसे एक द्वात्रिंशिकारूप है। वर्तमानमें ये सब ३२ ही द्वात्रिंशिकायें उपलब्ध नहीं होतीं। 'न्यायावतार' सहित कुल २१ द्वात्रिंशिकायें ही मिलती हैं। भावनगरकी 'जैनधर्मप्रसारक सभा' ने 'सिद्धसेन ग्रंथमाला' के नामसे इन द्वात्रिंशिकाओं और 'सम्मतिप्रकरण' को मूल रूपमें छपवा कर प्रकट कर दिया है। सिद्धसेनसूरिकी ये द्वात्रिंशिकायें बहुत ही गूढ और गभीरार्थक हैं। इनको ऊपर ऊपरसे हमने कई

जनोऽयमन्यस्य मृतः पुरातनः
पुरातनैरेव समो भविष्यति ।
पुरातनेष्वित्यनवस्थितेषु
कः पुरातनोक्तान्यपरीक्ष्य रोचयेत् ॥

इसका भावार्थ यह है। दिवाकरजी पुरातन-प्रियों को उद्दिष्ट करके कहते हैं कि, पुरातन पुरातन क्या पुकारा करते हो, यह (मैं) जन भी मरने बाद, कुछ काल अनन्तर पुरातन हो जायगा और फिर अन्य पुरातनोंहीके समान इसकी भी गणना होने लगेगी।

बार पढ़कर देखा परन्तु सबका आशय स्पष्ट रीतिसे बहुत कम समझमें आता है। अफसोस तो इस बातका है कि जैनधर्ममें हजारों ही बड़े बड़े ग्रंथकार और टीकाकार हो गये हैं, परन्तु किसीने भी इन द्वात्रिंशिकाओंका अर्थ स्पष्ट करनेके लिये (शब्दार्थमात्र प्रकाशक) व्याख्या भी लिखी हो ऐसा ज्ञात नहीं होता। इसका कारण हमारी समझमें नहीं आता। इन द्वात्रिंशिकाओंकी अर्थगंभीरता और कर्ताकी महत्ताका खयाल करते हैं, तब तो यह विचार आता है कि इनके ऊपर अनेक वार्तिक और बड़े बड़े व्याख्यान लिखे जाने चाहिए थे। और 'न्यायावतार' के ऊपर ऐसे अनेक वार्तिक और व्याख्यान लिखे भी गये हैं। फिर नहीं मालूम, क्यों इन सबके लिये ऐसा नहीं किया गया। शायद अतिगहनार्थक होनेहीके कारण इनका रहस्य प्रकट करनेके लिये किसीकी हिम्मत न चली हो। योग्य और बहुश्रुत विद्वानोंसे प्रति हमारा निवेदन है कि वे इनका अर्थ स्फुट करनेके लिये सातत्य परिश्रम करें। इन कृतियोंमें बहुत ही अपूर्व विचार भरे हुए हैं। हमारे विचारसे जैनसाहित्य भरमें ऐसी अन्य अपूर्व कृतियां नहीं हैं।

सुप्रसिद्ध आचार्य हेमचंद्रने 'अन्ययोगव्यवच्छेद' और 'अयोगव्यवच्छेद' नामकी दो द्वात्रिंशिकायें बनाई हैं (जिनमेंसे एकके ऊपर मल्लिषेणसूरिने 'स्याद्वादमंजरी' नामक विद्वत्प्रिय उत्तम व्याख्या लिखी है), वे इन्हींकी अनुकरण हैं। स्वयं हेमचन्द्रसूरिने अपनी प्रथम द्वात्रिंशिकाके प्रारंभहीमें सिद्धसेनसूरिकी कृतियोंका महत्त्व बतलाते हुए लिखा है कि--

'क्व सिद्धसेनस्तुतयो महार्था
अशिक्षितालापकला क्व चैषा ।'

अर्थात्--सिद्धसेनसूरिकी बनाई हुई महान् अर्थवाली स्तुतियां कहाँ और अशिक्षित मनुष्यके आलाप जैसी मेरी यह रचना कहाँ। इसी कथनसे ज्ञात हो जायगा कि सिद्धसेनसूरिकी ये स्तुतियां कैसी महत्त्ववाली हैं। इन बहुतसी द्वात्रिंशिकाओंमें मुख्य कर अर्हन महावीरकी अनेक प्रकारसे स्तवना की गई है, इस लिये इनको स्तुतियां कहते हैं, और अतएव बहुतसी जगह 'आह च स्तुतिकारः' ऐसा उल्लेख सिद्धसेनसूरिके लिये किया गया है।

अर्थात् मेरे बाद सब ही पुरातन माने जाते हैं। भला, ऐसी अनवस्थित पुरातनताके कारण कौन बुद्धिमान मनुष्य किसी प्रकारकी परीक्षा किये बिना, आंख मूंद कर, केवल पुरातनोंके नामहीसे चाहे जिस सिद्धान्तका स्वीकार कर लेगा?

इसी तरह एक जगह और भी दिवाकरजीने पुराणप्रियोंके प्रति इस प्रकार स्पष्ट कहा है:—

'यदेव किञ्चिद्विषमप्रकल्पितं
पुरातनैरुक्तमिति प्रशस्यते ।
विनिश्चिताऽप्यद्यमनुष्यवाक्कृति-
र्न पठ्यते यत्स्मृतिमोह एव सः ॥'

अर्थात् पुरातनोंने चाहे अयुक्त भी कहा हो तो भी उनके कथनकी तो प्रशंसा ही करते रहना और आजकलके-वर्तमानकालीन-मनुष्योंकी युक्तिद्वारा सुनिश्चित विचारवाली भी वाणी (कृति) को पढ़ना तक नहीं; यह केवल मुग्ध मनुष्योंका स्मृतिमोह है; अन्य कुछ भी नहीं।

उनके ऐसे ही और भी अनेक चुभनेवाले उद्गार यत्र तत्र दृष्टिगोचर होते हैं। मालूम पड़ता है कि दिवाकरजीके ऐसे कोरे परन्तु युक्तियुक्त जवाबोंको सुनकर उनके विरोधी निरुत्तरित हो कर मन ही मनमें खूब चिढ़ते रहते होंगे; और जिस तरह आजकलके पुराणप्रिय मनुष्य, जब स्वतंत्र विचारवाले किसी बुद्धिमान विचारकके विचारोंका समाधान नहीं कर सकते तब, अपने भक्तोंके सामने अपनी प्रतिष्ठा कायम रखनेके लिये, नवीन विचारोंपर नास्तिकताका आरोप करके उनकी उपेक्षा करने-करानेका नाटक करते

१ सिद्धसेनसूरिका यह उद्गार उनके समकालीन और सहवासी महाकवि कालिदासके मालविकाग्निमित्रमेंके--
'पुराणमित्येव न साधु सर्वं
न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम् ।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद्भजन्ते
मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः ॥'
इस उद्गारके साथ कितनी अर्थसमता रखता है! महाकवि कालिदास और सिद्धसेन दिवाकर दोनों महाराज वीरविक्रमादित्यकी राजसभाके उज्ज्वल रत्न थे। मालूम पड़ता है दोनोंकी अलौकिक प्रतिभा और लोकोत्तर कृतियोंने उस समयके पुराणप्रिय पण्डितोंको ईर्ष्यालुहृदया बना दिये होंगे और अतएव वे सर्व साधारणमें पुरातनताके बहाने इनके गौरवमें न्यूनता लानेकी व्यर्थ चेष्टायें किया करते होंगे। शायद ऐसे ही ईर्ष्यादग्ध विदग्धोंको मौनव्रत दिलानेके लिये इन समर्थ पुरुषोंको ये उद्गार निकालने पड़े होंगे।

कराते दिखाई देते हैं, इसी तरह, उस पुराणे जमानेमें भी यही हाल चलता रहा होगा और अत एव शायद दिवाकरजीने निम्नलिखित शब्दवचन बडे मजाकके साथ कहा होगाः—

' परेण जातस्य किलाद्य युक्तिमत्
पुरातनानां किल दोषवद्वचः।
किमेव जाल्मः कृत इत्युपेक्षितुं
प्रपञ्चनायास्य जनस्य सेत्स्यति ॥ '

अर्थात्—' कलके जन्मे हुएके वचन तो आज युक्तिमत् बताये जाते हैं और पुरातन पुरुषोंके दोषवाले माने जाते हैं ! अफसोस, इससे अधिक और क्या मूर्खता हो सकती है ? ऐसे बोलनेवाले आलिम मनुष्योंकी तो उपेक्षा ही करनी चाहिये। उनको सुधारनेके लिये और कोई दूसरा उपाय नहीं है। ' इस प्रकारके उद्गार निकालकर ' उपेक्षा करनेका ' ढोंग रचनेवाले पुराणप्रेमियोंको दिवाकरजी कहते हैं कि, बडी खुशीकी बात है—आपकी इस उपेक्षासे हमको तो लाभ ही होगा। क्यों कि हमारे विचारोंका प्रतिरोध करनेवाला कोई न निकलनेसे उनका तो और खूब प्रसार ही होगा !

विज्ञ पाठक दिवाकरजीके इन उद्गारोंको पढ कर उनकी विचारस्वतंत्रता और तेजस्विताका बहुत कुछ अनुमान कर सकेंगे। ऐसे स्वतंत्र और निर्भीक उद्गार जैन साहित्यमें तो क्या समग्र संस्कृत-साहित्यमें भी मिलने मुश्किल हैं।

* * *

सिद्धसेन दिवाकरका जैनागमोंके कुछ अभिप्रायसे भिन्न—विचारवाला एक सिद्धान्त जैन—(श्वेताम्बर) साहित्यमें बहुत प्रसिद्ध और बहु-विवेचित है। यह सिद्धान्त केवलज्ञान और केवलदर्शनके स्वरूपके साथ सम्बन्ध रखता है। पाठकोंको इस सिद्धान्तका पूरा परिचय करानेके लिये यहां पर अवकाश नहीं है, तो भी संक्षेपसे सूचनमात्र अवश्य कर देना चाहते हैं।

श्वेताम्बर संप्रदायमें जो सिद्धान्त ग्रन्थ (सूत्रग्रन्थ) विद्यमान हैं, उनमें, केवली (सर्वज्ञ) को केवलज्ञान और केवलदर्शन ये दोनों युगपत् यानि एक साथ नहीं होते परंतु क्रमशः—एक दफह केवलज्ञान और एक दफह केवलदर्शन, इस प्रकार बारी बारीसे होने का उल्लेख किया हुआ है। अर्थात् एक क्षण (जैन पारिभाषिक शब्द समय) में केवलज्ञान रहता है और दूसरे क्षणमें केवलदर्शन। इसी तरह प्रतिक्षण क्रमशः केवलज्ञान और केवलदर्शन स्वरूप केवलीका उपयोग परिवर्तित हुआ करता है। सिद्धसेनसूरिको यह विचार सम्मत नहीं है। वे इस विचारमें युक्ति-संगतता नहीं समझते। तर्क और युक्तिसे वे इस मान्यताको अयुक्त सिद्ध करते हैं। उनके विचारसे केवलीको केवलज्ञान और केवलदर्शन दोनों युगपत्—एक ही समयमें होना युक्तिसंगत है। और वास्तवमें, अन्तमें वे फिर इन दोनोंमें परस्पर कोई भेद ही नहीं मानते—दोनोंको एक ही बतलाते हैं। इस विचारको उन्होंने अपने ' सम्मतिप्रकरण ' में खूब ऊहापोह किया है। सिद्धसेनजीके इस विचारभेदके कारण उस समयके सिद्धान्त-ग्रन्थ-पाठी और आगमभक्ति-प्रवण आचार्यगण उनको ' तर्कम्मन्य ' जैसे तिरस्कारव्यञ्जक विशेषणोंसे अलंकृत कर, उनके प्रति अपना सामान्य अनादर—भाव प्रकट किया करते थे। सिद्धसेनजीके बाद सिद्धान्तग्रन्थपाठी आचार्योंमें जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण नामक एक बहुत समर्थ प्रतिभावाले आचार्य हुए। उन्होंने इन समयोंके विस्फारित करनेवाले सिद्धान्तको सम्मतिके लिये ' विशेषावश्यकभाष्य ' नामक अपने ग्रन्थकी रचना की। इस भाष्यमें क्षमाश्रमणजीने दिवाकरजीके उक्त विचारभेदका खूब ही खण्डन किया है और उनके आगम—विरुद्ध-वादी बतला कर उनके सिद्धान्तको असत्य बतलाया है। ' तत्त्वार्थसूत्र ' ऊपर बृहद्भाष्य लिखनेवाले[2] सिद्धसेनगणी हैं कि नामवाली सिद्धसेन गणीने भी

' एकदाऽपि आज्ञायाम युगपदेकस्मिन्ना चतुर्भ्यः ॥ १-३१ ॥

इस सूत्रकी व्याख्यामें दिवाकरजीके विचारभेद ऊपर अपने ठीक वाग्बाण चलाये हैं। गणीजीके कुछ वाक्य देखिए—

---

१ यह भाष्य, मलधारी आचार्य हेमचंद्र विरचित बृहद्वृत्तिके साथ काशीकी यशोविजयग्रंथमालामें मुद्रित हुआ है।

२ श्वेताम्बर संप्रदायमें तत्त्वार्थसूत्रपर यही एक प्रसिद्ध और प्रौढ टीका है। यह टीका भाष्यके ऊपर लिखी गई है। ऐतिहासिक दृष्टिसे, तत्त्वार्थसूत्रकी दिगम्बर श्वेताम्बर सब प्रकारकी अन्य सब टीकाओंमें इस टीकाका महत्त्व अधिक है। इस विषयमें हम कभी विस्तारके साथ लिखेंगे।

"यद्यपि केचित् पण्डितम्मन्याः सूत्राण्यन्यथाकारमर्थमाचक्षते तर्कबलानुविद्धबुद्धयो वारंवारेणोपयोगो नास्ति, तत्तु न प्रमाणयामः, यत आम्नाये भूयांसि सूत्राणि वारंवारेणोपयोगं प्रतिपादयन्ति।"

जिनभद्रगणी क्षमाश्रमण और सिद्धसेनगणी आदि दिवाकरजीके विचारभेदमें केवल आगम-प्रामाण्यकी दलीलके सिवा और कुछ नहीं कह सके। युक्तिसे वे भी दिवाकरजीके विचारके कायल होते थे, परंतु अन्तमें यही कह कर वे छूट जाते थे कि युक्ति और तर्कसे चाहे जो सिद्ध होता हो परंतु आगम-लिखित उल्लेखोंके विरुद्ध-विचारको हम कभी नहीं आदर दे सकते। सिद्धसेनगणी लिखते हैं कि-

स्वमनीषिका सिद्धान्तविरोधिनी न प्रमाणम्, ...त्यभ्युपेयते।' ...' न चान्यथा जिनवचनं कर्तुं शक्यते सु विद्युषापीति।'

मालूम पडता है इस प्रकारकी तर्क प्रियताके कारण ही पिछले जैन साहित्यमें दिवाकरजी 'तार्किक' के नामसे प्रसिद्ध रहे हैं।

[बहुतसे पाठक यह नहीं जानते होंगे कि श्वेताम्बर आचार्योंके इस विशिष्ट मतभेदके बारेमें दिगम्बर आचार्योंका क्या मत है? उनके लिये हम यहां पर यह नोट कर देते हैं कि, दिगम्बर साहित्यमें इस बारेमें एक ही सिद्धान्त उल्लिखित है और वह सिद्धसेन दिवाकरका सिद्धान्त है। अर्थात् दिगम्बराचार्योंको दिवाकरजी ही का मत मान्य है। दिगम्बर ग्रन्थोंमें सर्वत्र केवलज्ञानीको ज्ञान और दर्शन दोनों युगपत् लिखे हुए हैं। उनमें श्वेताम्बर-आगमोंके मुताबिक

'जुगवं दो णत्थि ओगा'

अर्थात्-एक साथ दो उपयोग नहीं होते-यह विचार कहीं देखनेमें नहीं आता। इतना ही नहीं बल्कि 'तत्त्वार्थराजवार्तिक' में भट्ट अकलंकदेवने

'केवलि-श्रुत-सङ्घ-धर्म-देवावर्णवादो दर्शनमोहस्य' (६-१२) इस सूत्रकी व्याख्यामें

'पिण्डाभ्यवहारजीविनः, केवलदशानिर्हरणाः, अलाबूपात्रपरिग्रहाः कालभेदवृत्तज्ञानदर्शनाः, केवलिनः इत्यादि वचनं केवलिष्ववर्णवादः।'

ऐसा उल्लेख कर, श्वेताम्बरोंकी, केवलीको कवलाहार माननेकी जो दिगम्बर-मत-विरुद्ध दूसरी प्रसिद्ध मान्यता है, उसीकी तरह, इस क्रमोपयोगवादकी मान्यताको भी, केवलज्ञानीके अवर्णवाद स्वरूप बतलाकर दर्शनमोह कर्मके बन्धका कारण बतलाया है। अकलंकदेवके इस कथनके विरुद्ध श्वेताम्बर विद्वान् सिद्धसेनगणीने इसी सूत्रकी व्याख्यामें।

"दिगम्बरत्वाद्विगतत्रपाः, क्रमोपयोगभाजः", समवसरणभूमावप्कायभूम्यारम्भानुमोदिनः, सर्वोपायनिपुणा अ प्याति दुष्करदुरपचरमार्गोपदेशिनः इत्याद्यवर्णोद्भासनम्।"

इस प्रकार उल्लेख कर, केवलज्ञानीको क्रमशः ज्ञान दर्शन होनेवाले मत (विचार) में युक्ति-रहितता मानने या प्रतिपादन करनेवालोंके विचारको दर्शन मोहकर्मके बन्धका कारण बतलाया है!!]

सिद्धसेनसूरिके लिये एक यह भी किम्वदन्ती प्रचलित है कि, इन्होंने एक दफह जैन श्रमणसंघके सामने यह विचार प्रदर्शित किया था कि, 'जैनागम ग्रंथ' जो प्राकृतभाषामें बने हुए हैं इसलिये विद्वानोंका उनके प्रति विशेष आदर नहीं होता-विदग्धगण उन्हें ग्रामीण भाषाके ग्रन्थ समझकर उनका अवलोकन नहीं करते-इस लिये यदि श्रमण-गण अनुमति दे तो मैं उन्हें संस्कृतभाषामें परिवर्तित कर देना चाहता हूं। दिवाकरजीके इन विचारोंको सुन कर श्रमण-संघ एकदम चौंक उठा और 'मिच्छामि दुक्कडं' का उच्चारण करता हुआ, इनसे कहने लगा कि, 'महाराज, इस अकर्तव्य विचारको अपने हृदयमें स्थान देकर आपने तीर्थंकर, गणधर और जिन-प्रवचन की महती 'आशातना' (अवज्ञा) की है। ऐसा कलुषित विचार करनेके, और श्रमण-संघ के सामने ऐसे उद्गार निकालनेके कारण, जैन शास्त्रानुसार, आप 'संघबाह्य' के भयंकर दंडकी शिक्षा पानेके अधिकारी हुए हैं।' दिवाकरजी संघके इस कथनको सुनकर चकित हो गये और अपने सरल विचारसे भी संघको इतनी अप्रीति हुई इसलिये उनको बडा खेद हुआ। संघसे तुरन्त उन्होंने क्षमा-प्रार्थना की और जो प्रायश्चित्त दिये जाने योग्य हो उसे देनेकी विज्ञप्ति की। कहा जाता है कि संघने उन्हें शास्त्रानुसार बारह वर्षतक 'बहिष्कृत' रूपमें रहनेका 'पाराञ्चित' नामक प्रायश्चित्त दिया, जिसे दिवाकरजीने सादर स्वीकार कर संघाज्ञाका पालन किया। प्रायश्चित्तकी मर्यादा पूर्ण हो जाने पर संघने उनको पुनः

अपने अंदर सामिलकर पूर्ववत् उनका सत्कार किया। इस किम्बदन्तीमें कितना तथ्यांश है उसका विचार हम यहां पर नहीं करना चाहते, केवल इतना कह देना चाहते हैं कि इस रूपकमें कुछ न कुछ ऐतिहासिक सत्य गर्भित अवश्य है। ऊपर जो हमने थोडासा इनके विचार-स्वातंत्र्य और स्पष्ट-भाषित्वका परिचय दिया है, उससे यह जाना जा सकता है कि, यदि जैनागमोंके सम्बन्धमें इन्होंने ऐसी कोई बात श्रमणसंघके सामने प्रदर्शित की हो अथवा कृतिरूपसे उपस्थित कर दी हो कि जिससे पुराणप्रिय और आगमप्रवण श्रमण-वर्गको बडा असंतोष हुआ हो, तो, उसमें कोई असंभवता नहीं है।

तत्कालीन श्रमणसंघमें अथवा कुछ काल तक पीछे भी आगमाभ्यासी सैद्धान्तिकोंमें सिद्धसेनसूरिके प्रति आदरभाव अल्परूपमें भले ही जागृत रहा हो; परंतु परवादियोंके किये जानेवाले प्रचण्ड आक्रमणसे जैनशासनकी रक्षा करनेके लिये प्रमाण और नयवादके प्रबलयुक्तिपूर्ण सिद्धान्तोंकी स्थापनारूप जिस दुर्गम-दुर्गके मूलको वे दृढ बना गये, इस लिये उनके अनुगामी और पश्चाद्वर्ती सब ही समर्थ जैन विद्वानोंने उनका बडे गौरवके साथ स्मरण किया है। महातार्किक आचार्य मल्लवादीने सम्मतिप्रकरण उपर टीका[1] लिख कर उनके प्रति अपनी उत्तम भक्ति प्रकट की। जैनधर्मके अनन्यसाधारण और अप्रतिम तत्त्वज्ञ आचार्य हरिभद्रने तो उन्हें साक्षात् 'श्रुतकेवली' लिख कर उनका अनुपम आदर किया है[2]। तत्पश्चात् महात्मा सिद्धर्षिने न्यायावतार ऊपर व्याख्या[3] लिख कर, तर्कपञ्चानन अभयदेवसूरिने 'सम्मतिप्रकरण' पर २५ हजार श्लोक प्रमाण विस्तृत और प्रौढ टीका[1] बना कर, शान्त्याचार्य और जिनेश्वरसूरिने 'न्यायावतार' के सटीक वार्तिक[2] रच कर, सिद्धसेनसूरिके, जैनतर्कशास्त्र विषयक सूत्रधारत्वका सगौरव समर्थन किया है। प्रचण्ड तार्किक वादी देवसूरिने उन्हें अपना मार्गदर्शक बतलाया है[4]; और सर्वतंत्रस्वतंत्र आचार्य हेमचंद्रने उनकी कृतियोंके सामने अपनी विद्वन्मनोरंजक कृतियोंको भी 'आशिक्षितालापकला' वाली बतलाई हैं।

* * *

जिस तरह श्वेताम्बर संप्रदायके प्रसिद्ध आचार्योंने सिद्धसेन दिवाकरकी प्रशंसा की है वैसे दिगम्बर संप्रदायके सूरिवरोंने भी उनके विषयमें स्तुतिपरक उद्गार प्रकट कर, समुचित गौरव किया है।

हरिवंश पुराणके कर्ता महाकवि जिनसेन सूरि (प्रथम) ने, अपने पुराण-रूप महाकाव्य की प्रस्तावनामें समन्तभद्रादि बडे बडे प्रभावक आचार्यों का स्मरणीय उल्लेख करते हुए सिद्धसेनसूरिका भी— उनकी सूक्तियों की प्रशंसा द्वारा—सादर स्मरण किया है। यथा—

---

१ यह टीका अभीतक कहीं उपलब्ध नहीं हुई है। ४-५ सौ वर्ष पहले की बनी हुई एक ग्रन्थसूचि हमारे पास है उसमें इस टीकाका नाम लिखा हुआ मौजूद है।

२ देखो, 'पञ्चवस्तु' ग्रन्थका निम्न लिखित गाथा-युगल

भणइ एगंतेणं अम्हाण कम्मवायो णो इट्ठो।
णो सहाववाओ सुअकेवलिणा जओ भणिअं॥
आयरिय-सिद्धसेणेण सम्मईए पइट्ठिअ-जसेण।
दूसमणिसादिवायर-कप्पत्तणओ तदक्खेण॥

डेक्कनकालेज संग्रहीत हस्तलिखित पु. पृ. १३१.

३ यह व्याख्या पाटणकी 'हेमचन्द्राचार्य जैनसभा' की ओरसे छपकर प्रकाशित हुई है। इस व्याख्याके ऊपर राजशेखर सूरिका बनाया हुआ संक्षिप्त 'टिप्पनक' भी है

१ इस टीकाका थोडासा प्रारंभिक भाग काशीकी 'यशोविजयजैनग्रन्थमाला' में प्रकाशित हुआ है। संपूर्ण ग्रंथ अभीतक नहीं छपा।

२ जिनेश्वरसूरिके वार्तिकका नाम 'प्रमालक्षण' है और वह केवल न्यायावतार सूत्रके आदिम श्लोकका विस्तार स्वरूप है। इस ग्रन्थके विषयमें विशेष जाननेके लिये, देखो जैनहितैषी मासिक पत्र के भाग १२, संख्या १, में मुद्रित हमारा 'प्रमालक्षण' शीर्षक लेख। यह ग्रंथ अमदाबादके सेठ मनसुखभाई भगुभाई ने छपवा कर प्रकट किया है।

३ शान्त्याचार्यका वार्तिक भी जिनेश्वरसूरिके वार्तिक की तरह न्यायावतारके प्रथम श्लोककी व्याख्यारूप है। इसका नाम 'प्रमाण कलिका' है। यह काशी के पंडित पत्रमें पं. विट्ठलशास्त्री द्वारा संशोधित हो कर प्रकाशित हुआ है, परंतु इतना अशुद्ध छपा है कि जिससे एक पृष्ठ भी शुद्ध पढना-समझना कठिन है।

४ देखो, 'स्याद्वादरत्नाकर' के प्रारंभमें निम्न गत श्लोक

श्रीसिद्धसेन-हरिभद्रमुखाः प्रसिद्धा-
स्ते सूरयो मयि भवन्तु कृतप्रसादाः।
येषां विमृश्य सततं विविधान् निबन्धान्
शास्त्रं चिकीर्षति तनुप्रतिभोऽपि मादृक्॥

जगत्प्रसिद्धबोधस्य वृषभस्येव निस्तुषाः।
बोधयन्ति सतां बुद्धिं सिद्धसेनस्य सूक्तयः॥

इसी तरह आदिपुराणके कर्ता महाकवि जिनसेनाचार्य (द्वितीय) ने भी अपने महापुराणके प्रारंभमें निम्न लिखित श्लोक द्वारा सिद्धसेन सूरिके पाण्डित्यकी प्रभुताका उल्लेख कर उनके प्रति अपना आदर-भाव प्रकाशित किया है।—

प्रवादिकरियूथानां केशरी नयकेशरः।
सिद्धसेनकविर्जीयाद् विकल्पनखराङ्कुरः॥

भट्ट-अकलंक देवके ग्रन्थोंमें भी सिद्धसेन सूरिके वचन प्रमाणतया उद्धृत किये हुए दिखाई देते हैं[१]। इससे उनकी प्रामाणिकताका पूरा परिचय मिल जाता है और जैन धर्मके दोनों सम्प्रदायोंमें उनकी प्रतिष्ठा एकरूपसे स्वीकृत की गई है यह स्पष्ट जाना जा सकता है।

लक्ष्मीभद्र नामक दिगम्बर विद्वानके बनाये हुए एकान्त खण्डन नामक ग्रन्थमें

अनेकान्तलक्ष्मीविलासाऽऽवासाः सिद्धसेनार्य्या असिद्धिं प्रत्यपादयन्

'असिद्धं सिद्धसेनस्य..........'

'नित्याद्येकान्तहेतौर्विवतिनिर्हितः
सिद्धसेनो ह्यसिद्धम्।

इत्यादि प्रकारके उल्लेखों द्वारा, सिद्धसेनसूरिका समन्तभद्रादिक आचार्योंके साथ हेतुके स्वरूप-विषयक विचार-विरोधका आदर युक्त वर्णन किया हुआ है, और इस प्रकार समन्तभद्रादिकके समान ही उनकी प्रामाणिकता स्वीकृत की गई है[१]।

सिद्धसेनसूरिके बारेमें लिखे गये इन ऊपर्युक्त विचारोंके अवलोकनसे विज्ञ पाठक जान सकेंगे कि जैन धर्मके समर्थक आचार्योंमें उनका कितना ऊंचा आसन है और पिछले लेखकों द्वारा वे कितने सत्कृत हुए हैं।

स्वामी समन्तभद्र।

अब हम कुछ हाल सिद्धसेनसूरि ही के समानासनासीन स्वामी समन्तभद्रके बारेमें निवेदन करना चाहते हैं।

श्वेताम्बर साहित्यमें जो स्थान सिद्धसेन दिवाकरको मिला है वही स्थान दिगम्बर साहित्यमें स्वामी समन्तभद्रको प्राप्त है। श्वेताम्बर संप्रदायके तर्कशास्त्र-विषयक साहित्य ऊपर जितना प्रभाव सिद्धसेनसूरिकी कृतियोंका पडा है, उतना ही प्रभाव दिगम्बर संप्रदायके तद्विषयक वाङ्मय ऊपर स्वामी समन्तभद्रकी कृतियोंका पडा है। जिस तरह श्वेताम्बर साहित्यमें सिद्धसेनके पूर्वकालीन कोई स्वतंत्र तर्क-विषयक ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है, वैसे ही दिगम्बर साहित्यमें समन्तभद्रके पूर्वका वैसा कोई ग्रंथ नहीं है। श्वेताम्बर संप्रदायमें संस्कृत भाषाके पद्यात्मक प्रौढ ग्रंथोंके प्रथम प्रणेता जैसे सिद्धसेन हैं, वैसे ही दिगम्बर संप्रदायमें समन्तभद्र हैं। इन दोनों विद्वानोंके पहले, दोनों संप्रदायोंमें संस्कृत भाषाका विशेष अभ्यास और आदर नहीं था। तब तक जैन श्रमणोंमें प्राकृत भाषा ही का प्रभुत्व था। श्रमणोंके अभ्यासके विषय भी बहुत नहीं थे। जिस तरह, वर्तमानमें श्वेताम्बर संप्रदायकी स्थानकवासी (ढूंढिया) नामक शाखाके साधुओंमें बहुधा देखा जाता है कि उनमें केवल मूल-सूत्रोंका पाठ कंठस्थ कर लेनेके तथा सारा दिन बैठे बैठे वह पाठ मात्र पढते-वांचते रहनेके सिवा, न कोई सूत्रोंके अर्थका विशेष

१ तत्त्वार्थ राजवार्तिकके ८ वें अध्यायके १ म सूत्रके १७ वें वार्तिकमें, सिद्धसेन सूरिका, प्रथम द्वात्रिंशिकान्तर्गत निम्न लिखित सुप्रसिद्ध पद्य उद्धृत किया हुआ है।

सुनिश्चितं नः परतन्त्रयुक्तिषु
स्फुरन्ति याः काश्चन सूक्तसंपदः।
तवैव ताः पूर्वमहार्णवोत्थिता
जगत्प्रमाणं जिनवाक्यविप्रुषः॥

यह पद्य और भी अनेकानेक ग्रंथकारों द्वारा यत्र तत्र उद्धृत किया हुआ दृष्टिगोचर होता है। इस पद्यगत विचार सिद्धसेनसूरिके मौलिक विचार हैं।

१ इस विचार-विरोधके स्पष्टीकरणके लिये किसी अगले अंकमें हम एक आधा छोटासा लेख लिखना चाहते हैं। पाठक तब ही ध्यान पूर्वक इस विषयको पढें। यहां पर तो सिर्फ सूचन मात्र कर दिया गया है।

विचार किया जाता है और न कोई व्याकरण, काव्य कोषादिका अभ्यास किया जाता है; उसी तरह शायद उस पुराणे जमानेके बहुतसे श्रमणोंका हाल रहा होगा सम्मतितर्कके अन्तमें, सिद्धसेनसूरिने

'तम्हा आहिगयसुत्तेण अत्थसंपायणम्मि जइअव्वं।'

इत्यादि प्रकारका जो उल्लेख किया है और सूत्र (मूलपाठ) के साथ अर्थसंपादन करनेमें भी यतियोंको यत्न करना चाहिए, ऐसा जो उपदेश दिया है, उससे हमारे इस विचारकी पुष्टि होती है। अर्थ-परिज्ञानके सिवाय, और व्याकरण, काव्य, कोष, आदिक सर्व-साधारण ज्ञानके सिवाय मनुष्यको न तत्त्वबोध हो सकता है और न वह दूसरोंको करा सकता है। सर्व-साधारण परिज्ञानके उक्त सब साधन भारतवर्षमें प्राचीन कालसे एक मात्र संस्कृत भाषा ही में उपलब्ध होते हैं। वर्तमानमें अंग्रेजीकी तरह प्राचीनकालमें संस्कृत ही विद्वानोंके व्यवहारकी मुख्य भाषा थी। इस लिये जैनश्रमणोंको बहुज्ञ और विशिष्ट विद्वान् बनानेके लिये संस्कृत भाषाके अध्ययन-अध्यापनकी, आवश्यकता थी। यह आवश्यकता तब ही पूरी हो सकती है जब उत्तम और प्रौढ विचारके ग्रंथ इस भाषामें बनाये गये हों और जिनके सीखनेकी श्रमणोंको खास जरूरत मालूम देती हो। इस लिये सिद्धसेन दिवाकरने संस्कृत ही में अपने प्रौढ और गभीर विचार लिपिबद्ध करने शुरू किये। परंतु, जैन श्रमणोंमें संस्कृतका नया ही प्रवेश था, इस लिये, जैसे वर्तमानमें इंग्रेजी भाषाके देशी विद्वानोंको अपने विशिष्ट विचार इंग्रेजी ही में व्यक्त करना अधिक पसंद होने पर भी, स्वदेशनिवासी सर्वसाधारण जनसमूहको, अपने विचारोंका परिचय करानेके लिये मातृभाषामें भी कुछ थोडा-बहुत लिखना पडता है; वैसे ही शायद सिद्धसेनसूरिको, (यहां पर सिद्धसेनको लक्ष्य कर यह कथन लिख रहे हैं, इसलिये प्रधानतः उनका ही जिकर करना पडता है, परंतु यह बात इस प्रकारके अन्य विद्वानोंके लिये भी समझ लेनी चाहिए) संस्कृत भाषा ही में लिखना विशेष प्रिय होने पर भी, सभी श्रमणोंको अपने मौलिक अतएव नवीन विचारोंका परिचय कराने के लिये, श्रमण-समूहकी साधारण और प्रिय भाषा जो उस समय प्राकृत थी, उसमें भी कुछ लिखनेकी आवश्यकता प्रतीत हुई होगी। 'सम्मतिप्रकरण' का प्राकृत भाषा में होना हमारे इस अनुमान का विशिष्ट कारण है। ऐसा न होता तो फिर, वैसा प्रौढ और तर्क-प्रवण ग्रंथ संस्कृत भाषाके अत्यंत अनुरागी और महाकवि हो कर भी वे प्राकृत जैसी सरल और साधारण भाषामें क्यों लिखते ?।

समन्तभद्र स्वामीने प्राकृत भाषामें कोई ग्रंथ-रचना की है या नहीं, इस का कुछ पता नहीं लग सकता। परन्तु उनके नामसे जितने ग्रंथ वर्तमानमें प्रचलित और प्रसिद्ध है—और उन को उन्हीं की कृति माननेमें कोई विशेष सन्देह जनक कारण भी नहीं है—उनके विषयका विचार करने से प्रतीत होता है कि उन्होंने प्राकृतमें कोई रचना नहीं की होगी। 'रत्नकरण्डक श्रावकाचार' का विषय प्राकृतमें गूंथे जानेके योग्य था। ऐसे धर्म-तत्त्व-प्रतिपादक ग्रंथ, जैन साहित्यमें संस्कृतकी अपेक्षा प्राकृत ही में अधिक उपलब्ध है, और समाजको प्रिय भी इसी भाषाके ग्रंथ अधिक हो सकते हैं। क्यों कि अज्ञान बालक-बालिकायें और मन्दमति स्त्रियें भी उन्हें सरलतापूर्वक पढ सकती है। श्वेताम्बर संप्रदायमें तो बहुत अर्वाचीन कालतक भी ऐसे ग्रंथ प्राकृत ही में लिखे गये है। रत्नकरण्डकका दिगम्बर संप्रदायमें सभी स्त्री-पुरुष पाठ पढने-सुनते रहते है, इस लिये संस्कृतकी अपेक्षा यह ग्रंथ प्राकृत में होता तो लोगोंको और भी अधिक सुगम और सरल पडता। परंतु हमारे विचारसे, दिगम्बराचार्योंमें, स्वामी कुन्दकुन्दके बाद, प्राकृत भाषा ऊपरसे बिलकुल प्रेम ऊठ गया था। और उसके ऊठ जानेमें मुख्य कारण स्वामी समन्तभद्रका संस्कृत-प्रेम और उनकी उसीमें रची गई सब कृतिये हैं। समन्तभद्रकी देखादेखी पिछले प्रायः सब ही दिगम्बर विद्वान्, विशेष कर संस्कृत ही में ग्रंथ-रचना करते रहे हैं। अस्तु।

हमारे इस लिखनेका मतलब यही है कि, सिद्ध-

सेन और समन्तभद्र दोनों जैन समाजमें संस्कृत-भाषा के विशिष्ट लेखक और प्रचारक थे।

हम ऊपर सूचित कर आये हैं कि सिद्धसेनके पूर्व ही में बौद्ध और ब्राह्मणों के बीचमें तर्क युद्ध की शुरूआत हो चुकी थी, और इसलिये बौद्ध श्रमणों को पाली भाषाके प्रवाहमेंसे निकलकर संस्कृतके स्रोतमें दाखल होना पडा था और ब्राह्मणोंके समान ही तर्क-विषयक साहित्यका संगठन कर भगवान गौतम बुद्धके शासनका संरक्षण करनेमें कटिबद्ध हो रहे थे। उन बौद्ध श्रमणोंका प्रभाव जैन निर्ग्रन्थों पर बहुत असर कारक पडा और उनको अपने कार्य में सफल होते देख जैन निर्ग्रन्थोंने भी उसी मार्गका अनुसरण करना शुरू किया।

बौद्धोंके साथ वाद-विवाद करते हुए ब्राह्मणों की दृष्टि, शनैः शनैः बौद्धों ही के समान बहुतसे आचार-विचार रखनेवाले और अतएव ब्राह्मण-वर्चस्व का विनिपात करनेवाले जैन निर्ग्रन्थोंके, शान्त परंतु स्थिर भावसे बढते जाते सामर्थ्य और लोकप्रियत्व ऊपर भी पडने लगी। यद्यपि जैन निर्ग्रन्थ उस समय अपना प्रशमरसपरिपूर्ण जीवन केवल निर्जन-वनोंमें घूमते और धर्मध्यानमें मग्न रहते ही बिताते थे। उन्हें अपना अनुरक्त-वर्ग बढानेका या सम्राटोंके गुरु बननेका कोई लोभ नहीं था। जनसमूहके विशेष संसर्गसे वे दूर दूर रहते थे। इसलिये ब्राह्मणोंको अपनी आजीविका और लोकप्रतिष्ठामें उनकी तरफसे किसी विशेष आघात के आनेकी आशंका करनेका अधिक कारण नहीं था। तथापि, बौद्ध श्रमणोंकी जनहितकर प्रवृत्ति और सेवाभावनासे आकर्षित हो कर लोकमत दिन प्रतिदिन जो उनका अनुरक्त होता जाता था और ब्राह्मणोंके प्रति जो शिथिलादर होता जाता था, इसके कारण मनस्वी ब्राह्मणोंकी सात्त्विक वृत्ति तमःप्रधान बन गई थी। इस कारणसे, उन्होंने अनात्मवादी बुद्धानुरागियोंके साथ साथ परम आत्मवादी निर्ग्रन्थानुयायियोंको भी 'नास्तिक' 'नास्तिक' कह कह कर परमाप्त भगवान् महावीर के मोक्षमार्गका तिरस्कार करना शुरू कर दिया था। और इस प्रकार मुमुक्षु आत्माओंके कल्याणके मार्गमें कांटे बिछा कर उन्हें मार्ग भ्रष्ट करनेके प्रयत्नका प्रारंभ किया गया था। समाधिशील निर्ग्रन्थोंको, अपने मानधर्मका इस प्रकार विपर्यास और दुरुपयोग होते देख जगत्के कल्याणार्थ और परमपुरुष महावीरके मोक्षमार्गका सत्यत्व स्थापनार्थ, मौनधर्मका त्याग करना पडा; और फिर बौद्ध भिक्षुओंकी तरह वे भी जन सहवासमें आ कर, वाद-विवादके युद्ध-क्षेत्रमें उपस्थित हो कर, अपने प्रतिपक्षियोंका मुकाबला करने लगे। ऐसे ही एक विवाद-क्षेत्रमें, वृद्धवादी नामक निर्ग्रन्थाचार्यके साथ वाद करते हुए चतुर्दशविद्यापारंगत ब्राह्मणकुल-भूषण सिद्धसेन पराजित हुए थे, और 'जो मुझे शास्त्रवादमें पराजित करे उसका मैं शिष्य बनूंगा,' ऐसी गर्विष्ठ प्रतिज्ञा करनेवाले विद्योन्मत्त परंतु कृत-प्रतिज्ञाका पूर्ण निर्वाह करने जितना दृढ मनोबल रखनेके कारण सत्य-प्रतिज्ञ सिद्धसेनको अपने विजेता आचार्यके पास निर्ग्रन्थ-दीक्षा ले कर 'ब्राह्मणवर' से 'श्रमणवर' होना पडा था।

सिद्धसेनके उद्गारोंसे पता लगता है कि उस समय निर्ग्रन्थोंकी सरल वाद-पद्धति और आकर्षक शांतवृत्तिका लोगों पर बहुत अच्छा प्रभाव पडता था। निर्ग्रन्थ अकेले-दुकेले ही ऐसे स्थलों पर जा पहुंचते थे, और ब्राह्मणादि परवादी विस्तृत-शिष्य समूह और जनसमुदायके सहित राजसी ठाठ-माठ के साथ पेश आते थे, तो भी जो यश निर्ग्रन्थोंको मिलता था वह उन प्रतिवादियोंको अप्राप्य था। यह बात स्वयं सिद्धसेनसूरिने, महावीर स्तुतिरूप प्रथम द्वात्रिंशिकामें इस प्रकार प्रकट की है:—

अलब्धनिष्ठाः प्रसमिद्धचेतस—
स्तव प्रशिष्याः प्रथयन्ति यद्यशः।
न तावदप्येकसमूहसंहताः
प्रकाशयेयुः परवादिपार्थिवाः॥

इस कथनसे उस समयकी लोकरुचिका भी पता लगता है कि लोक ब्राह्मणोंके जल्पवितण्डा परिपूर्ण शुष्कवाद और कर्मकाण्डके प्रपंचसे कितने

ऊब गये थे और शांतिपूर्ण सात्त्विक मार्गके कितने उत्सुक बन गये थे। अस्तु।

सिद्धसेन निर्ग्रन्थ-दीक्षा लेनेके पहले सर्व-शास्त्र-पारंगत विद्वान् ब्राह्मण थे यह बात ऊपर सूचित की जा चुकी है। इस लिये निर्ग्रन्थ बनते ही उन्होंने अपनी सर्वज्ञकल्प शास्त्र-ज्ञताका, जैन तत्त्वोंको न्यायसंगत बनानेमें और स्याद्वादके सिद्धान्तको नय और प्रमाण द्वारा सुव्यवस्थित बनाने में, पूरा उपयोग किया। ब्राह्मणवर्ग अपने प्रतिपक्षियों पर जो 'नास्तिकता' का कुत्सित आरोप कर सर्व साधारणमें मिथ्याभ्रान्ति फैलानेका उद्योग किये करता था उसका प्रतिवाद और निराकरण करनेके लिये तथा यथार्थमें आप्त-पुरुष कौन है, और किसका सिद्धान्त स्वीकरणीय होना चाहिए, इस विषयका उद्घाटन करनेके लिये, सिद्धसेनने बडे गभीर और उच्च विचारवाले भिन्न भिन्न दृष्टिसे अनेक प्रकरण लिखे। ये वेही प्रकरण हैं जिनका जिकर हम ऊपर द्वात्रिंशद्-द्वात्रिंशिकाओंके नामसे कर आये हैं। इन प्रकरणोंमें उन्होंने अपने पक्षका समर्थन और परपक्षका निरसन इतनी उत्तमता, इतनी मार्मिकता और इतनी गभीरता के साथ किया है कि जिनको पढ कर सहृदय विद्वानोंको काव्यका, तर्कशास्त्रका और सत्यके साक्षात्कारका एक साथ ही आनंद आ सकता है। यह एक विचारणीय और ऐतिहासिक सत्य है कि, ब्राह्मणों के वर्चस्वका और कर्ममार्गका विरोध करनेवाले कृष्ण, महावीर, गौतमबुद्ध आदि क्षत्रिय-वीर ही हैं और अध्यात्म मार्गकी गवेषणा कर जगत्को उसका उपदेश देनेवाले भी एक मात्र वे ही हैं; परंतु इन क्षत्रिय धर्म-प्रवर्तकोंके सिद्धान्तोंको संगत, सुस्थित और सुप्रचलित करनेवाले फिर वेही ब्राह्मण ही हैं। भागवत, जैन और बौद्ध धर्मके समर्थ लेखक और आचार्योंकी जातिकी तरफ दृष्टि करते हैं तो अधिकांश ब्राह्मण जाति ही के ऐसे सरस्वती-वर-लब्ध पुत्र उत्पन्न किये हुए दिखाई देते हैं। निःसंशय ब्राह्मण जातिने जगत्के अज्ञानका नाश करनेमें सर्वाधिक श्रेष्ठ कार्य किया है। और इसी कार्यके लिये यदि वह जगत्के ऊपर अपने पूज्यत्वका अधिकार सदैवके लिये रखे तो उसमें उसकी कोई अनुचितता नहीं है।

सिद्धसेन सूरिके बाद, दिगम्बर संप्रदायमें, उनके ही जैसे प्रतिभाशाली और प्रतापवान् आचार्य स्वामी समन्तभद्र हुए। समन्तभद्रके समयका अनुमान किया जाय ऐसा कोई भी विशिष्ट प्रमाण अभीतक उपलब्ध नहीं हुआ है, और न कोई वैसी विश्वसनीय जीवनकथा ही उनके बारेमें दृष्टिगोचर होती है। इस लिये वे कब हुए इस बारे में कुछ भी नहीं कह सकते। दिगम्बर पट्टावलियोंकी गणनानुसार विक्रमकी दूसरी शताब्दीमें उनका अस्तित्व बताया जाता है। हमने इस विषयमें अभीतक कुछ भी विशेष विचार नहीं किया है। हम जो कुछ ऊपर ऊपरसे अनुमान कर सके हैं उसका सार इतना ही है कि सिद्धसेनके बाद थोडे ही समयमें समन्तभद्र हुए होंगे। इन दोनों की लेखशैली, विचारशैली और भाषाशैली बहुत कुछ मिलती जुलती है। भेद है तो केवल इतना ही है कि सिद्धसेनकी कृतियोंमें गूढार्थता अधिक है और समन्तभद्रकी कृतियों में स्पष्टार्थता।

इन दोनों आचार्योंके जीवनवृत्तांत-संबंधमें जो दंतकथायें पिछले जैनग्रंथोंमें देखी जाती हैं उनमें भी लगभग एक ही बात, कुछ थोडेसे फेरफारके साथ, कही हुई है। सिद्धसेनके बारेमें लिखा हुआ है कि, उन्होंने अवन्ती (उज्जैनी) के राजा विक्रमादित्यके अत्याग्रह करनेसे, वहांके जगत्प्रसिद्ध महाकालेश्वरकी स्तुति करनी शुरू की जिसके प्रभावको महाकालेश्वरका महालिंग सहन न कर सकनेके कारण उसके टुकडे टुकडे हो गये और फिर उसमेंसे जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथकी मूर्ति प्रकट हुई। इससे राजा बडा आश्चर्य चकित हुआ और सिद्धसेनके पादतलमें मस्तक रख कर उनको अपना गुरु बनाया।

इधर, समन्तभद्रकी कथामें भी इसके जैसी ही बात लिखी मिलती है। उन्होंने वाराणसी (काशी) के राजा शिवकोटिके आग्रह करने पर वहां के विश्वविख्यात विश्वेश्वर महादेवकी जब स्तवना करनी

प्रारंभ की तो उसके सामर्थ्यसे विश्वेश्वरका महालिंग फट कर उसमेंसे चतुर्मुख जैनमूर्ति प्रकट हुई! समन्तभद्रके इस प्रभावसे मुग्ध हो कर वह राजा उनका शिष्य बन गया!।

मालूम नहीं इन दंतकथाओंमें कितना तथ्य है। इनके आकार-प्रकारसे तो विद्वानोंको ऐसाही भास हो सकता है कि केवल इन आचार्योंकी महिमा बढाने के लिये ये कथायें मनगढन्त बना ली गई हैं, और सिद्धसेनकी कथा ही में कुछ नाम परिवर्तन कर समन्तभद्रको भी लागू कर दी गई है। परन्तु संभव है कि इनमें कुछ ऐतिहासिक सत्यांश भी हो। सिद्धसेनने अवन्तीकी और समन्तभद्रने काशीकी ब्राह्मण-परिषद्में—जिस तरह न्यायाचार्य यशोविजयजीने काशीकी विद्वत्सभामें विजय प्राप्त किया था वैसे--दार्शनिक वाद-विवाद कर विजय प्राप्त किया हो, और उसके स्मरणार्थ उन उन स्थानोंमें जैन मंदिरोंकी प्रतिष्ठा करवा कर जैन धर्मका खूब जयजयकार करवाया हो। ऐसी बातें समय समय पर अनेक जगह होती रही हैं, इस लिये सिद्धसेन और समन्तभद्रके समयमें भी ऐसी ही कोई बात बनी हो और उसीको लेकर ऊपर्युक्त दंतकथा--अर्द्धसत्य-मिश्रित होकर--प्रचलित हो गई हो, तो उसमें कोई असंभवनीयता नहीं है। अवन्ती और वाराणसी ये दोनों नगरियां प्राचीन कालसे ब्राह्मणोंकी राजधानियांसी बनी हुई हैं। उस समयमें जितने बडे बडे दिग्गज विद्वान् हुआ करते थे वे अवश्य इन क्षेत्रोंकी यात्रा किया करते थे और वहांके विद्वत्समाजोंमें भिन्न भिन्न विषयोंपर शास्त्रार्थ कर अपने पाण्डित्यका प्रमाणपत्र तथा विजयपताका प्राप्त कर कृतकृत्य होते थे। सिद्धसेन और समन्तभद्र दोनों बडे प्रखर वाग्मी और प्रचण्ड वादी थे इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं है। उनकी ऐसी प्रसिद्धि तब ही हो सकी होगी जब उन्होंने अवन्ती और वाराणसी जैसी सरस्वतीके वरपुत्रोंकी वासभूमिमें जा कर वहांके दिग्गज विद्वानोंके साथ शास्त्रार्थ कर महती प्रतिष्ठा प्राप्त की होगी। इसलिये इन दन्तकथाओंमें कुछ सत्यांश अवश्य होना चाहिए, ऐसा अनुमान करनेकी तरफ हमारी चित्तवृत्ति सहज खींची जाती है।

सिद्धसेन और समन्तभद्र दोनों महाकवि और महावादी थे। उनका महाकवित्व तो उनकी चिरंजीव कृतियोंमें स्पष्ट प्रतिभासित हो रहा है और महावादित्वका अनुमान उनकी कृतियोंमें कूट कूट कर भरे हुए पाण्डित्यको देख कर सहज किया जा सकता है। इन प्रवादि-करि-केशरियोंने अपने जीवनमें कहां कहां पर किन किन विद्वानोंके साथ वाद-विवाद कर दिग्विजयिपना प्राप्त किया था इसके जाननेका कोई साधन नहीं है। सिद्धसेनकी कथाओंमें, उनके मालव देशमें विचरण के साथ दक्षिण देशमें विचरण करनेका भी उल्लेख किया हुआ है, इस लिये इन देशोंमें तो उनके पाण्डित्यके प्रकाश-किरण सर्वत्र अवश्य फैले ही होंगे। अन्य देशोंके विषयमें कुछ नहीं कह सकते। समन्तभद्रके दिग्विजयका क्षेत्र बहुत विस्तृत है। दक्षिणके प्रसिद्ध दिगम्बर जैन तीर्थस्थल श्रवणबेलगोलाके विन्ध्यगिरि पर्वत ऊपर एक मन्दिरमें 'मल्लिषेण प्रशस्ति' नामका एक बहुत बडा शिलालेख है। इस लेखमें समन्तभद्रके परिचायक कुछ प्राचीन पद्य उत्कीर्तित हैं जिनमेंसे निम्न लिखित पद्यमें उनके दिग्विजय-क्षेत्रका अच्छा उल्लेख किया हुआ है:--

पूर्वं पाटलिपुत्रमध्यनगरे भेरी मया ताडिता
पश्चान्मालवसिन्धुढक्कविषये काञ्चीपुरे वैदिशे।
प्राप्तोऽहं करहाटकं बहुभटं विद्योत्कटं सङ्कटम्
वादार्थी विचराम्यहं नरपते शार्दूलविक्रीडितम् ॥

इस पद्यमें समन्तभद्र को स्वयं अपने मुखसे किसी एक राजाकी सभामें यह बात कहते हुए बताये गये हैं कि, उन्होंने कौनसे कौनसे देशोंमें वाद-विवाद कर विजयपताका प्राप्त की है। पद्यका अर्थ इस प्रकार है:—

१ आजकल जैसे निरक्षर भट्टाचार्य भी 'शास्त्रविशारद' और 'व्याख्यानवाचस्पति' अपने आपको बडे धाष्टर्य के साथ कहलाते फिरते हैं, वैसे धृष्ट उस जमानेमें नहीं होते थे। और यदि कोई मूर्ख वैसा करनेका साहस कर भी लेता तो तीसरे ही दिन लोग उसके दंड-कमंडलु छीन कर, लंगोटी-भर बहिष्कृत कर देते थे।

"पहले मैंने पाटलीपुत्र नगर (पटना) में वादकी भेरी बजाई, फिर मालवा, सिन्धु देश, ढक्क (ढाका—बंगाल), काञ्चीपुर और वैदिश (भिलसेके आसपासका देश) में भेरी बजाई। और अब बडे विद्वान् वीरोंसे भरे हुए इस करहाटक (कराड, जिला सतारा) नगरको प्राप्त हुआ हूं। इस प्रकार हे राजन्, मैं वाद करनेके लिये सिंहके समान इतस्ततः क्रीडा करता फिरता हूं"[1]

इस उल्लेखसे जाना जाता है कि समन्तभद्र स्वामी भारतके पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सब ही खण्डोंमें घूमे थे और सब देशोंके विद्वानोंके साथ शास्त्रार्थ कर जैनधर्मकी विजय-दुन्दुभि बजवाई थी।

समन्तभद्र स्वामीकी कृतियोंके देखनेसे पता लगता है कि सिद्धसेनसूरिने अपनी कृतियोंमें जो बात संक्षेपसे सूचित की है, समन्तभद्रने उसीको व्यवस्थितरूपमें विस्तारके साथ वर्णन की है। सिद्धसेन अपने ग्रंथमें प्रमाण और नयके लक्षण स्थिर मात्र कर गये थे; समन्तभद्रने अपने ग्रंथमें उनके अनुसार मीमांसा कर उन्हें सफल, संगत और सिद्ध कर दिखाये। सिद्धसेनने आप्त-पुरुषके बारेमें संक्षिप्त और प्रकीर्ण विचार प्रदर्शित किये थे; समन्तभद्रने उन्हीं विचारोंको विस्तृत और क्रमबद्ध रूपमें ग्रथित कर संपूर्णरूपसे आप्तकी मीमांसा की। इस प्रकार, सिद्धसेनने जैन धर्मके तत्त्वज्ञानको अंकुरित होनेमें जलसिंचनका काम किया; तो समन्तभद्रने उसको स्वच्छंद और निर्भय रीतिसे ऊंचे बढनेमें कांटोंकी बाडका काम किया। इन्हीं दो महापुरुषोंके सुप्रयत्न और स्तुत्य जीवनसे जैनदर्शन सजीवन रहा और इन्हीं के बताये हुए मार्गका अवलंबन कर, पिछले समर्थ आचार्योंने (जिनमेंसे कितने एकके नाम हम इस लेखके प्रारंभहीमें लिख आये हैं) उसे खूब पल्लवित किया।

सिद्धसेनसूरिकी कृतियोंके समान समन्तभद्राचार्यकी कृतियोंका भी, पिछले आचार्योंने बडा गौरव किया। उनपर संक्षिप्त और विस्तृत ऐसे अनेक भाष्य-टीका आदि लिख कर उनकी खूब प्रतिष्ठा बढाई। समन्तभद्रकी कृतियोंमें सबसे अधिक मान 'आप्तमीमांसाको' मिला है। यह दिखनेमें ११४ श्लोकोंका एक छोटासा ग्रंथ मालूम देता है, पर इसका गांभीर्य इतना है कि, इसपर सैंकडों-हजारों श्लोकोंवाले बडे बडे गहन भाष्य-विवरण आदि लिखे जाने पर भी विद्वानोंको यह दुर्गम्यसा दिखाई देता है।

सबसे पहले इसपर महान् तार्किक भट्ट अकलंक देवने अष्टशती (आठ सौ श्लोक परिमाणवाला) नामका अल्पाक्षर और बह्वर्थवाला गंभीर भाष्य लिखा। इस भाष्यके ऊपर प्रचण्ड विद्वान् आचार्य विद्यानन्दीने अष्टसहस्री (आठ हजार श्लोक प्रमाण) नामक विशद व्याख्या बनाई। समुच्चय संस्कृत साहित्यमें भिन्न भिन्न दार्शनिक सिद्धान्तों-विचारोंकी आलोचना-प्रत्यालोचना करनेवाला यह एक महान् और प्रौढ ग्रंथरत्न है। इसमें ब्राह्मण और बौद्ध धर्मके सब ही तात्त्विक संप्रदायोंके तत्त्व-विचारोंका बडा मार्मिक और युक्तिपूर्ण पद्धतिसे खण्डन-मण्डन किया गया है। और अन्तमें जैन धर्मका स्याद्वाद-सिद्धान्त कितना प्रमाणयुक्त और अखण्डनीय है, यह विचार बडे गौरवके साथ सिद्ध किया गया है।

इस ग्रंथकी महत्ताका पता इतने ही से लग जायगा कि, श्वेताम्बर संप्रदायके महान् नैयायिक और समर्थ ग्रंथकार उपाध्याय यशोविजय जैसे पूर्ण सांप्रदायिक विद्वानने भी, इस कृतिके गांभीर्यसे मुग्ध हो कर, इस पर, मूल ग्रंथके जितनी ही श्लोक प्रमाण (अर्थात् आठ हजार श्लोकवाली) और उतनी ही प्रौढ टिप्पणी लिखी है[1]। और इस

[1] विद्वद्रत्नमाला (श्रीनाथूरामप्रेमी लिखित), पृ. १६९

[1] आकलूज निवासी सेठ नाथारंगजी गान्धीने पं. वंशीधरजी शास्त्रीद्वारा संशोधित करवा कर जो अष्टसहस्री छपवाई है उसके साथ यदि यशोविजयजीकी यह टिप्पणी भी (टिप्पणी क्या टीकाकी भी टीका) छपवा दी जाती तो 'सोनेमें सुगन्ध' आ जाती। हमें इस बातका पता नहीं लगा कि शास्त्री वंशीधरजीने अपनी अष्टसहस्रीकी भूमिकामें इस महती टिप्पणीका नामोल्लेख तक क्यों नहीं किया। क्या उन्हें इसका अस्तित्व मालूम नहीं था अथवा अन्य किसी कारणसे वैसा नहीं कर सके?।

प्रकार 'अष्टसहस्री' को 'षोडशसहस्री' बना कर उसके महत्त्वको द्विगुणित कर दिया है। संपूर्ण जैन साहित्यमें यही एक ऐसा ग्रंथ है, जिस पर, दूसरे संप्रदायके एक ऐसे विद्वान्ने व्याख्या लिखी है, जो योग्यतामें मूल कर्तासे रत्तीभर भी न्यून नहीं हो कर, सर्वथा सांप्रदायिक-भावका पूर्ण समर्थक था।

समन्तभद्र स्वामीके इन महान् टीकाकारोंके सिवा जिनसेन, वादीभसिंह, वीरनन्दी, शुभचन्द्राचार्य इत्यादि अन्यान्य सभी प्रसिद्ध प्रसिद्ध दिगम्बर ग्रंथकारोंने भी उनके कवित्व, वाग्मित्व और पाण्डित्यकी भूरि भूरि प्रशंसा और स्तुति की है। और सभीने उनको जैन धर्मका एक महान् संरक्षक और समर्थक रूपमें स्वीकृत किया है।

राष्ट्रकूट वंशीय प्रतापी नृपति महाराजा अमोघवर्षके परमगुरु और सुप्रसिद्ध महापुराण आदिपुराणके कर्ता महाकवि जिनसेनने अपने पुराणकी प्रस्तावनामें स्वामी समन्तभद्रकी प्रशंसा करते हुए निम्नगत उद्गार प्रकट किये हैं--

नमः समन्तभद्राय महते कविवेधसे ।
यद्वचोवज्रपातेन निर्भिन्नाः कुमताद्रयः ॥
कवीनां गमकानां च वादीनां वाग्मिनामपि ।
यशः सामन्तभद्रीयं मूर्ध्नि चूडामणीयते ॥

हरिवंश महापुराणके प्रणेता जिनसेन (प्रथम) ने भी स्वकीय पुराणके प्रारंभमें समन्तभद्रके वचनको भगवान् महावीरके वचनतुल्य लिखा है। यथा-

जीवसिद्धिं विधायीह कृतयुक्त्यनुशासनम् ।
वचः समन्तभद्रस्य वीरस्येव विजृम्भते ॥

गद्यचिन्तामणि नामक सुप्रसिद्ध गद्यकाव्यके रचयिता महाकवि वादीभसिंहने समन्तभद्रके वचनस्वरूप वज्रपातके कारण परवादीरूप करोडों पर्वत चूरचूर हो गये बतलाये हैं। यथा--

सरस्वतीस्वैरविहारभूमयः
समन्तभद्रप्रमुखा मुनीश्वराः ।
जयन्तु वाग्वज्रनिपातपाटित-
प्रतीपराद्धान्तमहीध्रकोटयः ॥

अध्यात्मज्ञानके समुद्रस्वरूप ज्ञानार्णव ग्रन्थके निर्माता आत्मज्ञानी शुभचन्द्रने समन्तभद्रके कृतिस्वरूप सूर्यके सम्मुख अपनी कृतिको खद्योततुल्य उपहासपात्र लिख कर समन्तभद्रके वचनोंकी महत्ता प्रकट की है ---

समन्तभद्रादिकवीन्द्रभास्वतां
स्फुरन्ति यत्रामलसूक्तरश्मयः ।
व्रजन्ति खद्योतवदेव हास्यतां
न तत्र किं ज्ञानलवोद्धता जनाः ॥

चन्द्रप्रभचरितके कर्ता महाकवि वीरनन्दीने, मोतियोंके बने हुए हारसे कंठको विभूषित करना दुर्लभ नहीं है, परन्तु समन्तभद्रके वचनरूप मुक्ताफलोंसे गुंथे हुए काव्यस्वरूप हारसे कंठको अलंकृत करना परम दुर्लभ बतलाया है—

गुणान्विता निर्मलवृत्तमौक्तिका
नरोत्तमैः कण्ठविभूषणीकृता ।
न हारयष्टिः परमेव दुर्लभा
समन्तभद्रादिभवा च भारती ॥

इसी प्रकार और भी अनेकानेक ग्रन्थकारोंने विविध प्रकारसे समन्तभद्र स्वामीकी स्तवना और प्रशंसा की है। इतना गौरव शायद ही अन्य किसी आचार्यका किया गया हो।

* * *

दिगम्बर विद्वानोंने तो समन्तभद्र स्वामीको इस प्रकार आपना प्रमाणभूत पुरुष माना ही है परंतु श्वेतांबर विद्वानोंने भी उनकी प्रामाणिकाग्रगण्यताको खुले दिलसे स्वीकार किया है। हरिभद्र, वादी देव, हेमचन्द्र और मलयगिरि जैसे श्वेताम्बरशिरोमणि सूरियोंने भी प्रसंगोपात्त उनकी कृतिका उल्लेख या अवतरण कर उन्हें एक प्रमाणभूत पुरुषकी कोटिमें स्थान दिया है। हरिभद्रसूरिने उनको 'वादिमुख्य' के महत्त्व-सूचक विशेषणसे सम्बोधित किया है और अनेकान्तजयपताकामें निम्न लिखित दो श्लोक इनके नामसे उद्धृत किये हैं। यथा—

आह च वादिमुख्यः समन्तभद्रः[1]—

'बोधात्मा चेच्छब्दस्य न स्यादन्यत्र तच्छ्रुतिः ।

यद्बोद्धारं परित्यज्य न बोधोऽन्यत्र गच्छति ॥

न च स्यात्प्रत्ययो लोके यः श्रोत्रा न प्रतीयते ।

शब्दाभेदेन सत्येवं सर्वः स्यात्परचित्तवत्* ' ॥

अनेकान्तजयपताका पृ. ४३ (अमदाबाद) ।

आचार्यवर्य हेमचंद्रने अपने सिद्धहैमशब्दानुशासन नामक व्याकरणके प्रारंभमें, दूसरे सूत्रकी व्याख्यामें 'स्तुतिकारोऽप्याह' ऐसा उल्लेख कर निम्न गत स्तुतिपद्य उद्धृत किया है जो इन्हीं समन्तभद्र स्वामीका बनाया हुआ है और बृहत्स्वयम्भू स्तोत्रमें उपलब्ध होता है । पद्य यह है—

नयास्तव स्यात्पदलाञ्छना इमे

रसोपविद्धा इव लोहधातवः ।

भवन्त्यभिप्रेतफला यतस्ततो

भवन्तमार्याः प्रणता हितैषिणः ॥

यही पद्य मलयगिरिसूरिने आवश्यकसूत्रकी अपनी अपूर्ण टीकामें, 'आद्यस्तुतिकारोऽप्याह'— आद्य--प्रथम स्तुतिकार भी कहते हैं-ऐसा उल्लेख कर, उध्दृत किया है । इस उल्लेखसे स्पष्ट जाना जाता है कि ये प्रसिद्ध स्तुतिकार माने जाते थे इतना ही नहीं परंतु आद्य---सबसे पहले होने वाले— स्तुतिकारका मान प्राप्त थे । हरिभद्रादि श्वेताम्बराग्रणी आचार्योंने सिद्धसेन दिवाकरको भी वादिमुख्य और स्तुतिकारके विशेषणोंसे उल्लिखित किया है; और उपर्युक्त प्रमाणानुसार समन्तभद्र स्वामिको भी इन्हीं विशेषणोंसे अलंकृत किया है । इससे यही अनुमान हो सकता है कि श्वेताम्बरोंकी दृष्टिमें सिद्धसेन और समन्तभद्र दोनों समान पूज्य और समान सत्कारास्पद हैं । इधर, सिद्धसेन सूरिको भी जिस प्रकार श्वेताम्बराचार्योंने अपना श्रद्धास्पद और प्रमाणभूत पुरुष माना है, वैसे, जैसा कि हम ऊपर सप्रमाण लिख आये हैं, दिगम्बराचार्योंने भी उन्हें अपना स्तुतिपात्र और शिरसावंद्य माना है; अतः दिगम्बरोंकी दृष्टिमें भी सिद्धसेन और समन्तभद्र दोनों समान गुणगणालंकृत हैं । इससे यह स्वतः सिद्ध हो गया कि, समग्र जैनसमाज और जैन साहित्यमें इन दोनों महापुरुषोंका ज्ञानप्रभान्वित, सत्त्वपरिपूर्ण और निर्ग्रन्थगणवन्द्य सिंहासन, समान स्थान और समान रूपमें संस्थापित है ।

[1] 'समन्तभद्र' यह नाम टीकामें लिखा है, जो स्वयं ग्रंथकार ही की बनाई हुई है । मूलमें केवल 'वादिमुख्य' विशेषण ही का उल्लेख है ।

* शान्त्याचार्य विरचित प्रमाणकलिका और वादी देवसूरि रचित स्याद्वादरत्नाकरमें भी ये दोनों श्लोक समन्तभद्रके नामसे अवतारित हैं । जहां तक हम जान सके, समन्तभद्रकी उपलब्ध कृतियोंमेंसे किसीमें भी ये श्लोक नहीं पाये जाते । इस लिये, यह स्पष्ट मालूम पडता है कि स्वामीकी केवल इतनी ही कृतियें नहीं है जो अभीतक जानी गई हैं । इनके सिवा, और भी कृतियें होनी चाहिएं जो अद्यापि अज्ञात या अप्राप्य हैं ।

॥ अर्हम् ॥

हरिभद्रसूरिका समय-निर्णय।

जैन धर्मके श्वेताम्बर संप्रदायमें हरिभद्र नामके एक बहुत प्रसिद्ध और महान् विद्वान् आचार्य हो गये हैं। उन्होंने संस्कृत और प्राकृत भाषामें धर्म-विचार और दर्शनिक विषयके अनेक उत्तमोत्तम और गभीरतत्त्व-प्रतिपादक ग्रंथ लिखे हैं। इन ग्रंथोंमें सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, अद्वैत, चार्वाक, बौद्ध, जैन आदि सब ही दर्शनों और मतोंकी उन्होंने अनेक तरहसे आलोचना—प्रत्यालोचना की है। इस प्रकारके भिन्न भिन्न मतोंके सिद्धान्तोंकी विवेचना करते समय, अपने विरोधिमतवाले विचारकोंका भी गौरवपूर्वक नामोल्लेख करनेवाले और समभावपूर्वक मृदु और मधुर शब्दों द्वारा विचार-मीमांसा करनेवाले ऐसे जो कोई विद्वान् भारतीय साहित्यके इतिहासमें उल्लेख किये जाने योग्य हों तो उनमें हरिभद्रका नाम सबसे पहले लिखने योग्य है।

यों तो जैन इतिहासके पुरातन साधनोंको देखनेसे, उनमें हरिभद्र नामके अनेक आचार्योंके हो जानेका पता मिलता है; परंतु जिनको उद्देश्य करके हमने इस निबन्धके लिखनेका प्रारंभ किया है, उन्हें सबसे पहले होनेवाले—अर्थात् प्रथम हरिभद्र समझना चाहिए। हमारे आजके इस लेखका उद्देश्य इन्हीं प्रथम हरिभद्र सूरिके अस्तित्व-समयका विचार और निर्णय करना है।

हरिभद्र-सूरिका प्रादुर्भाव जैन इतिहासमें बडे महत्त्वका स्थान रखता है। जैन धर्मके—जिसमें मुख्य कर श्वेताम्बर संप्रदायके—उत्तरकालीन (आधुनिक) स्वरूपके संगठन-कार्यमें उनके जीवनने बहुत बडा भाग लिया है। उत्तरकालीन जैन साहित्यके इतिहासमें वे प्रथम लेखक माने जाने योग्य हैं, और जैन समाजके इतिहासमें, नवीन संगठनके एक प्रधान व्यवस्थापक कहलाने योग्य हैं। इस प्रकार, वे जैनधर्मके पूर्वकालीन और उत्तरकालीन इतिहासके मध्यवर्ती सीमास्तंभ समान हैं। उनके समयका यथार्थ निर्णय हो जाने पर, समुच्चय जैन इतिहासके सूत्र-पुंजकी एक बहुत बडी गांठ सुलझ सकेगी। केवल जैन साहित्य और समाजके इतिहास ही की दृष्टिसे हरिभद्रके जीवन-समयके निर्णयकी उपयोगिता है, यह बात नहीं है; परंतु भारतवर्षके कई जैनेतर धर्मधुरन्धर आचार्यों तथा गीर्वाणगिराके कई प्रतिष्ठित लेखकोंके समय--विचारकी दृष्टिसे भी उसकी बहुत उपयोगिता है।

जैसा कि हमने प्रारंभ ही में सूचित किया है, हरिभद्र एक बहुत बडे दार्शनिक विद्वान् थे और इस विषयके उन्होंने अनेक उत्तमोत्तम ग्रंथ लिखे हैं। इन ग्रंथोंमें उन्होंने भारतके वैदिक, बौद्ध और चार्वाक आदि सभी मतोंके पुरातन और प्रसिद्ध प्रसिद्ध तत्त्ववेत्ताओंके तात्त्विक विचारोंकी जगह जगह आलोचना प्रत्यालोचना की है। इस कारण, हरिभद्रके समय-निर्णयसे उनके पूर्ववर्ती उन अन्य दार्शनिकोंके समयके बारेमें भी बहुतसी ज्ञातव्य और निर्णायक बातें मिल सकती हैं; और आजतक जो कितनीएक परस्पर विरुद्ध ऐसी आनुमानिक बातें पुरातत्त्वज्ञोंके मनको शंकाशील और चिन्तापूर्ण बनाए रहीं हैं, उनके लिये, एक और नई दिशामें प्रयत्न कर सन्दिग्ध सिद्धान्तोंके पुनर्विचारका नया मार्ग मिल सकता है।

युरोपियन स्कॉलरोंमेंसे शायद सबसे पहले प्रो. पिटर्सनने अपनी ४ थी रिपोर्टमें[२] 'उपमितिभव-

---

१ देखो, प्रोफेसर पिटर्सन साहबकी, बंबई इलाखेमें हस्तलिखित पुस्तकोंके शोधके बारेमें लिखी हुई, ४ थी रिपोर्ट, पृष्ठ (परिशिष्ट), १३७; तथा पं. हरगोविन्ददास लिखित, संस्कृत 'हरिभद्रसूरिचरित्रम्,' पृष्ठ १।

२ देखो, रिपोर्ट, पृष्ठ ५; तथा परिशिष्ट (Index of Authors) पृष्ठ ७९.

प्रपञ्चा कथा ' नामक धार्मिक नीतिके स्वरूपको अनुपम रीतिसे प्रदर्शित करनेवाले संस्कृत साहित्यके एक सर्वोत्तम ग्रंथके रचयिता जैन साधु सिद्धर्षिका परिचय लिखते हुए, साथमें इन हरिभद्र सूरिके समयका भी उल्लेख किया था। इसके बाद डॉ. क्लाट[3] (Klatt), प्रो० ल्युमन[4] (Leumann) जेकोबी (Jacobi), बेलिनी[5] (Ballini) और मिरोनौ (Mironov)[6] आदि अन्य विद्वानोंने भी प्रसंगवशात् अपने अपने लेखोंमें इस विषयका यथासमय थोडा बहुत विचार किया हुआ दिखाई देता है। परंतु इन सबमें जैनधर्मके विशिष्ट अभ्यासी डॉ. जेकोबीका परिश्रम विशेष उल्लेखके योग्य है। उन्हों ही ने सबसे पहले हरिभद्रके समयका निर्देश करनेवाले पुरातन कथनके सत्य होनेमें सन्देह प्रकट किया था। सन् १९०५ में भावनगर (हाल बाम्बई) निवासी जैन गृहस्थ मि. एम्. जी. कापडिया, सोलीसिटर, के कुछ प्रश्न करने पर उक्त डॉ. साहबने, इस विषयमें फिर विशेष ऊहापोह करना शुरू किया,[7] और अन्तमें अपने शोधके परिणाममें जो कुछ निष्कर्ष मालूम हुआ, उसको, उन्होंने 'बिब्लीओथिका इंडिका' में प्रकाशित उपमितिभवप्रपञ्चा कथाकी प्रस्तावनामें लिपिबद्ध कर प्रकट किया। इसी बीचमें डॉ. सतीशचंद्र विद्याभूषण महाशयकी 'मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास' (History of the Mediaval school of Indian Logic. नामक उपयुक्त पुस्तक प्रकट हुई। इस पुस्तकमें अन्यान्य प्रसिद्ध जैन नैयायिकोंके समान हरिभद्रके समयके विषयमें भी विद्याभूषणजीने अपना विचार प्रदर्शित किया है। परंतु १२ वीं शताब्दीमे होने वाले इसी नामके एक दूसरे आचार्यके साथ इनकी कुछ कृतियोंका सम्बन्ध लगा कर इस विषयमें कुछ और उलटी गडबड फैलानेकी चेष्टाके सिवा अन्य अधिक वे कुछ नहीं कर सके। प्रस्तुत हरिभद्र के उन प्रसिद्ध दार्शनिक ग्रंथोंका, जिनका निर्देश आगे पर किया जायगा, नामोल्लेख तक भी विद्याभूषणजी अपनी इस पुस्तकमें नहीं कर सके! इससे यह ज्ञात होता है कि उनको हरिभद्रके विशाल साहित्यका कुछ भी हाल मालूम नहीं हो सका। तदनन्तर रसियन विद्वान् डॉ. मीरोनौ ने भी अपने 'दिग्नागका न्यायप्रवेश और उसपर हरिभद्र की टीका' इस शीर्षक लेख में, (जो बनारसके जैनशासन नामक एक सामयिक पत्रके विशेषांकमें छपा है) प्रस्तुत प्रश्न के सम्बन्धमें कुछ मीमांसा की है।

यद्यपि डॉ. जेकोबीने, जैसाकि ऊपर लिखा गया है, इस विषयमें कुछ विशेष ऊहपोह कर महत्त्वके मुद्दोंका विचार किया है, तथापि हरिभद्रके सब ही ग्रंथोंका सूक्ष्मदृष्टिसे अवलोकन कर उनमें मिलते हुए आंतर प्रमाणोंके खोजनेकी उन्होंने बिल्कुल चेष्टा नहीं की, और इस लिये वे अपने मंतव्यके समर्थनार्थ निश्चयात्मक ऐसे कुछ भी प्रमाण नहीं दे सके। इस प्रकार यह प्रश्न अभी तक बिना हल हुए ही जैसा का वैसा संशयात्मक दशामें विद्यमान है। आजके इस लेखका उद्देश, हरिभद्रके ग्रंथसमूहका ध्यानपूर्वक निरीक्षण कर उनमेंसे मिलते हुए आंतर प्रमाणोंके आधार पर तथा और भी बाह्य प्रमाण जितने मिल सके हैं उन सबका ठीक ठीक विचार कर, इस प्रश्न का निराकरण करना है।

हरिभद्रसूरिके समयका निर्णय, मुख्य कर उनके बनाये हुए ग्रंथोंमेंसे मिलते हुए साधक-बाधक ऐसे आंतर प्रमाणोंके ऊपर आधार रखता है। इस

---

३ Klatt, Onomasticon.

४ Zeitschrift der Deutschen Morgenland, Gesellschaft, XLIII, A. p. 348.

५ Ballini, Contributo allo studio della upo Katha etc. (R Acad dei Lincei, Reudiconti XV ser. 5, a sec. 5, 6, 12, p. 5.

६ 'जैन शासन' दीवालीनी खास अंक'

७ डॉ. जेकोबी और मि. कापडियाके बीचमें जो पत्रव्यवहार इस विषयमें हुआ था, वह बम्बईसे प्रसिद्ध होनेवाले 'जैन श्वेताम्बर कान्फरन्स हेरल्ड' नामक पत्रके ई. स. १९१५के जुलाई-आक्टोबर मासके संयुक्त अंकोंमें प्रकट हुआ है।

लिये प्रथम हम यहां पर, उनके कुछ प्रसिद्ध प्रसिद्ध ग्रंथोंकी नामावली दे देते हैं। हरिभद्रसूरिने अपने जीवनमें जैन साहित्यको जितना पुष्ट किया है उतना अन्य किसीने नहीं किया। उनके बनाये हुए ग्रंथोंकी संख्या बहुत ही बडी है। पूर्वपरंपराके कथनानुसार, वे १४०० या १४४० अथवा १४४४ ग्रंथोंके प्रणेता बतलाये जाते हैं[8]। यह संख्या हमारे जैसे आजकलके मनुष्योंको बहुत ही अधिक और अतएव अतिशयोक्ति पूर्ण मालूम देती है; परंतु साथमें यह बात भी अवश्य खयालमें रखने लायक है, कि इस संख्याके सूचक उल्लेख ८ सौ ९ सौ जितने वर्षोंसे भी अधिक पुराणे मिलते हैं। इस संख्याका अर्थ चाहे जैसा हो; परंतु इतना बात तो पूर्ण सत्य है कि, वर्तमानमें जितने ग्रंथ जैन साहित्यमें हरिभद्रके नामसे प्रचलित और प्रसिद्ध हैं, उतने अन्य किसीके नामसे नहीं। और यही एक बात उनके अपारमित ग्रंथकर्तृत्वकी पुष्टिमें स्पष्ट प्रमाण-स्वरूप है। वर्तमानमें उपलब्ध होनेवाले उनके ग्रंथोंमेंसे विशेष प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित और प्रौढ ग्रंथोंके नाम इस प्रकार हैं:—[9]

१ अनेकान्तवाद प्रवेश।
२ अनेकान्तजयपताका स्वोपज्ञवृत्ति सहित।
३ अनुयोगद्वार सूत्रवृत्ति।
४ अष्टकप्रकरण।
५ आवश्यकसूत्रबृहद्वृत्ति।
६ उपदेशपदप्रकरण।
७ दशवैकालिकसूत्रवृत्ति।
८ दिग्नागकृत न्यायप्रवेशसूत्रवृत्ति।
९ धर्मबिन्दुप्रकरण।
१० धर्मसंग्रहणीप्रकरण।
११ नन्दीसूत्रलघुवृत्ति।
१२ पंचाशकप्रकरण।
१३ पंचवस्तुप्रकरणटीका।
१४ पंचसूत्रप्रकरणटीका।
१५ प्रज्ञापनासूत्रप्रदेशव्याख्या।
१६ योगदृष्टिसमुच्चय।
१७ योगबिन्दु।
१८ ललितविस्तरा नामक चैत्यवन्दनसूत्रवृत्ति।
१९ लोकतत्त्वनिर्णय।
२० विंशतिकाप्रकरण।
२१ षड्दर्शनसमुच्चय।
२२ शास्त्रवार्तासमुच्चय, स्वकृतव्याख्यासहित।
२३ श्रावकप्रज्ञप्ति।
२४ समराइच्चकहा।
२५ सम्बोधप्रकरण।
२६ सम्बोधसप्ततिकाप्रकरण।

हरिभद्रसूरिके बनाये हुए ग्रंथोंकी संख्या इतनी विशाल होने पर भी, उसमें कहीं पर, उनके जीवनके सम्बन्धमें कुछ भी विशेष बात लिखी हुई नहीं मिलती। भारतके अन्यान्य प्रसिद्ध विद्वानोंकी तरह उन्होंने भी अपने ग्रंथोंमें, अपने जीवनसंबंधी किसी प्रकारका उल्लेख नहीं किया। लिखनेमें मात्र अपने संप्रदायका, गच्छका, गुरुका और एक विदुषी धर्मजननी आर्याका नाम कई जगह लिखा है। यह भी एक सौभाग्यकी बात है। क्यों कि दूसरे ऐसे अनेक विद्वानोंके बारेमें तो इतना भी उल्लेख नहीं मिलता। हरिभद्रके किये हुए इन गुर्वादिके नामोंके उल्लेखानुसार, उनका संप्रदाय श्वेताम्बर था। गच्छका नाम विद्याधर, गच्छपति आचार्यका नाम जिनभट, दीक्षाप्रदायक गुरुका नाम जिनदत्त, और धर्मजननी साध्वीका नाम याकिनी महत्तरा था। इन सब बातोंका उल्लेख, उन्होंने एक ही जगह, आवश्यकसूत्रकी टीकाके अंतमें इस प्रकार किया है:—

"समाप्ता चेयं शिष्यहिता नामावश्यकटीका। कृतिः सिताम्बराचार्यजिनभटनिगदानुसारिणो विद्याधरकुलतिलकाचार्यजिनदत्तशिष्यस्य धर्मतो याकिनीमहत्तरासूनोरल्पमतेराचार्यहरिभद्रस्य[10]।"

[8] इस विषयके उल्लेखोंके लिये देखो पं. श्रीहरगोविन्ददास लिखित संस्कृत 'हरिभद्रसूरिचरित्रम्।' पृष्ठ १६-२०।

[9] हरिभद्रसूरिके उपलब्ध सब ही ग्रंथोंके नामसंग्रहके लिये, देखो, जैन ग्रंथावली, पृ. ९८–१०३; तथा उक्त पंडित लिखित हरिभद्रसूरिचरित्र, पृ. २०–३०।

[10] देखो, पिटर्सन साहबकी ३ री रिपोर्ट, पृष्ठ २०१; तथा ४ थी रिपोर्ट, परिशिष्ट, पृष्ठ ६७। वेबर साहबकी बर्लिनकी रिपोर्ट, पुस्तक २, पृष्ठ ७८६।

[टिप्पणी—हरिभद्रसूरिके गुरुके नामके सम्बन्धमें डां. जेकोबां और अन्य कई विद्वानोंको एक खास भ्रम हो रहा है। वे हरिभद्रके गुरुका नाम जिनभद्र या जिनभट समझते है। डॉ. जेकोबीने, जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटीके, ४० वें जर्नल (पुस्तक) में, पृ. ९४ पर, यह दिखलानेका प्रयत्न किया है कि, आचाराङ्गसूत्रकी टीका बनानेवाले आचार्य शीलाङ्क और हरिभद्र दोनों गुरुबन्धु थे—एक ही गुरुके शिष्य थे। क्यों कि दोनोंके गुरुका नाम जिनभद्र या जिनभट है। और इसी लिये वे दोनों समकालीन भी थे। परंतु उनका यह कथन ठीक नहीं है। क्यों कि इस आवश्यक सूत्रकी टीकाके अन्तिम वाक्यसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि हरिभद्रके दीक्षाप्रदायक गुरु तो विद्याधर गच्छीय आचार्य जिनदत्त थे। जिनभट सूरि या तो हरिभद्रके विद्यागुरु होंगे या अन्य किसी कारणसे उन्हें वे अपने विशेष पूज्य समझते होंगे। इसी लिये, इस उपर्युक्त वाक्यमें उन्होंने प्रथम जिनभटका नामोल्लेख किया है और अपनेको उनका आज्ञाधारक (–निगदानुसारिणो) बतलाया है। इस प्रकार जिनभट और जिनदत्त दोनों हरिभद्रके समान पूज्य होनेके कारण कहीं तो उन्होंने जिनदत्त सूरिका (जैसा कि समराइच्चकहाके अंतमें) उल्लेख किया है और कहीं जिनभट सूरिका। (देखो, प्रज्ञापनासूत्रवृत्तिका अन्तिम पद्य; किल्हॉर्न साहबकी रिपोर्ट, पृ. ११)। प्रभावक चरित्र आदि ग्रंथोंमें यद्यपि हरिभद्रके गुरुका नाम मात्र जिनभट ही लिखा हुआ मिलता है, परंतु उसके कथनकी अपेक्षा साक्षात् ग्रंथकारका यह उपर्युक्त कथन विशेष प्रामाणिक होना चाहिए। डॉ. जेकोबीने जो उनके गुरुका नाम जिनभद्र बतलाया है वह इस उल्लेखसे भ्रान्तिमूलक सिद्ध हो जाता है। जिनभट और जिनभद्र शब्दके बोलने और लिखनेमें प्रायः समानता ही होनेके कारण, इस भ्रान्तिका होना बहुत स्वाभाविक है। रही बात, शीलाङ्क और हरिभद्रके समकालीन होनेकी, सो उसका निर्णय तो इस निबन्धका अगला भाग पूर्ण पढ लेने पर अपने आप हो जायगा।]

आवश्यकसूत्रकी टीकाके उपर्युद्धृत अंतिम उल्लेखसे अधिक कोई बात हरिभद्रने अपने किसी ग्रंथमें नहीं लिखी। इस लिये उनके जीवनके बारेमें इससे अधिक कोई बात, उन्हींके शब्दोंमें मिल सके, ऐसी आशा रखनी तो सर्वथा निरर्थक है। परंतु पिछले कई ग्रंथोंमें—चाहे किम्वदन्ती ही के रूपमें क्यों न हो—उनके विषयमें कई प्रकारकी भिन्न भिन्न बातें लिखी हुई अवश्य मिलती हैं। हमारे इस लेखका उद्देश्य हरिभद्रके चरितवर्णन करनेका नहीं है, इस लिये, इस बारेमें हम कोई विशेष बात नहीं लिखना चाहते। परंतु, पाठकोंके सूचनार्थ, मुख्य कर जिन जिन ग्रंथोंमें ह ने हरिभद्रके जीवनसम्बन्धी छोटे बडे उल्लेख देखे हैं उनके नाम यहां पर निर्दिष्ट किये देते हैं।

इन ग्रंथोंमें सबसे विशेष उल्लेख योग्य प्रभाचन्द्र रचित प्रभावक चरित्र है। यह ग्रंथ विक्रमसंवत् १३३४ में बना है। इस ग्रंथके ९ वें प्रबन्धमें, उत्तम प्रकारकी काव्यशैलीमें, विस्तारपूर्वक हरिभद्रका चरित वर्णित किया हुआ है (–इस चरितमें कही गई बातें कहां तक सत्य हैं उसके बारेमें हम अपना कुछ भी अभिप्राय यहां पर नहीं दे सकते)। इस ग्रंथके बाद राजशेखरसूरिके (वि. सं. १४०५ में) बनाये हुए प्रबन्धकोष नामक ऐतिहासिक और किम्वदन्ती स्वरूप कितनेएक प्रबन्धोंके संग्रहात्मक ग्रंथमें भी इनके विषयमें कितनाएक वर्णन किया हुआ मिलता है। हरिभद्रसूरिके जीवनसम्बन्धमें कुछ विस्तारके साथ बातें इन्हीं दो पुस्तकोंमें लिखी हुई मिलती हैं। संक्षेपमें तो कुछ उल्लेख, इन ग्रंथोंके पूर्व बने हुए ग्रंथोंमें भी कहीं कहीं मिल आते हैं। ऐसे ग्रंथोंमें, काल-क्रमकी दृष्टिसे, प्रथम ग्रन्थ मुनिचंद्रसूरिरचित उपदेशपद (जो हरिभद्र ही का बनाया हुआ एक प्रकरण ग्रंथ है) की टीका[11] है। इस टीकाके अंतमें, बहुत ही संक्षेपमें,–परंतु प्रभावक चरित्रकारने अपने प्रबन्धमें जितना चरित वर्णित किया है उसका बहुत कुछ सार बतलानेवाला–हरिभद्रके जीवनका सूचन किया है। दूसरा ग्रंथ, भद्रेश्वरसूरिका बनाया हुआ प्राकृतभाषामय कथावली नामक है[12]। इसमें चौवीस ही ती-

---

११ यह टीका वि. सं. ११७४ में समाप्त हुई थी।

१२ यह ग्रंथ कब बना इसका कोई उल्लेख नहीं मिला। रचनाशैली और कर्ताके नामसे अनुमान होता है कि १२ वीं शताब्दीमें इसका प्रणयन हुआ होगा। इस शताब्दीमें भद्रेश्वर नामके दो तीन विद्वानोंके हो जानेके उल्लेख मिलते हैं।

थंकरोंके चरित्रोंके साथ अंतमें भद्रबाहु, वज्रस्वामी सिद्धसेन आदि आचार्योंकी कथायें भी लिखी हुई है, जिनमें अंतमें हरिभद्रकी जीवनकथा भी सम्मिलित है। इसी तरह थोडासा हाल गणधरसार्द्धशतककी सुमतिगणीकी बनाई हुई बृहत् टीकामें भी उल्लिखित है।[13]

इन सब ग्रंथोंमें लिखे हुए वर्णनोंपरसे जो निष्कर्ष निकलता है वह यह है कि हरिभद्र पूर्वावस्थामें एक बडे विद्वान् और वैदिक ब्राह्मण थे। चित्रकूट (मेवाडकी इतिहास प्रसिद्ध वीरभूमि चित्तोड गढ) इनका निवास-स्थान था। याकिनी महत्तरा नामक एक विदुषी जैन आर्या (श्रमणी = साध्वी) के समागमसे उनको जैनधर्मपर श्रद्धा हो गई थी और उसी साध्वीके उपदेशानुसार उन्होंने जैनशास्त्रप्रतिपादित-संन्यासधर्म-श्रमणव्रतका स्वीकार कर लिया था। इस संन्यासावस्थामें जनसमाजको निरंतर सद्बोध देनेके सिवा उन्होंने अपना समग्र जीवन सतत साहित्यसेवामें व्यतीत किया था। धार्मिक, दार्शनिक और आध्यात्मिक विषयके अनेकानेक उत्तमोत्तम मौलिक ग्रंथ और ग्रंथविवरण लिखकर उन्होंने जैनसाहित्यका-और उसके द्वारा समुच्चय भारतीय साहित्यका भी-बडा भारी उपकार किया है। जैनधर्मके पवित्र पुस्तक जो आगम कहे जाते हैं, वे प्राकृत भाषामें बने हुए होनेके कारण विद्वानोंको और साथमें अल्पबुद्धिवाले मनुष्योंको भी अल्प उपकारी हो रहे थे इस लिये उन पर सरल संस्कृत टीकायें लिख कर उन्हें सबके लिये सुबोध बना देनेके पुण्यकार्यका प्रारंभ इन्हीं महात्माने किया था। इनके पहले आगम ग्रंथों पर शायद संस्कृत टीकायें नहीं लिखी गई थीं। उस समय तक प्राकृतभाषामय चूर्णियें ही लिखी जाती थीं। निदान वर्तमानमें तो इनके पूर्वकी किसी सूत्रकी कोई संस्कृत टीका उपलब्ध नहीं है। अस्तु।

इनके बनाये हुए आध्यात्मिक और तात्त्विक ग्रंथोंका स्वाध्याय करनेसे मालूम पडता है कि, ये प्रकृतिसे बडे सरल, आकृतिसे बडे सौम्य, और वृत्तिसे बडे उदार थे। इनका स्वभाव सर्वथा गुणानुरागी था। जैनधर्म ऊपर अनन्य श्रद्धा रखने पर, और इस धर्मके एक महान् समर्थक होने पर भी, इनका हृदय निष्पक्षपातपूर्ण था। सत्यका आदर करनेमें ये सदैव तत्पर रहते थे। धर्म और तत्त्वके विचारोंका ऊहापोह करते समय ये अपनी मध्यस्थता और गुणानुरागिताकी किञ्चित् भी उपेक्षा नहीं करते थे। जिस किसी भी धर्म या संप्रदायका जो कोई भी विचार इनकी बुद्धिमें सत्य प्रतीत होता था उसे ये तुरन्त स्वीकार कर लेते थे। केवल धर्म-भेद या संप्रदाय-भेद ही के कारण ये किसी पर कटाक्ष नहीं करते थे-जैसे कि भारतके अन्यान्य बहुतसे प्रसिद्ध आचार्यों और दार्शनिकोंने किये हैं। बुद्धदेव, कपिल, व्यास, पतञ्जलि, आदि विभिन्न धर्मप्रवर्तकों और मतपोषकोंका उल्लेख करते समय इन्होंने उनके लिये, भगवान्, महामुनि, महर्षि, इत्यादि प्रकारके बडे गौरवसूचक विशेषणोंका प्रयोग किया है— जो बात हमें इस प्रकारके दूसरे ग्रन्थकारोंकी लेखनशैलीमें बहुत कमदृष्टिगोचर होती है। कहनेका तात्पर्य यही है कि ये एक बडे उदारचेता साधु पुरुष थे। सत्यके उपासक थे। भारतवर्षके समुचित धर्माचार्योंके पुण्यश्लोक इतिहासमें ये एक उच्च श्रेणिमें विराजमान होने योग्य संविग्नहृदयी जैनाचार्य थे।

हरिभद्रके जीवनके विषयमें उपर्युक्त थोडीसी प्रासंगिक बातें लिख कर, अब हम, प्रस्तुत निबन्धके मुख्य विषयकी विवेचना करना चाहते हैं।

हरिभद्रसूरिके जीवन-वृत्तान्तके विषयमें अल्प-स्वल्प उल्लेख करनेवाले जिन ग्रंथोंके नाम हमने ऊपर सूचित किये हैं, उनमें इस बातका कोई उल्लेख या सूचन नहीं है कि ये सूरि किस समयमें हुए हैं। इस लिये, प्रस्तुत विचारविवेचनमें उन ग्रंथोंसे हमें किसी प्रकार की साक्षात् सहायता के मिलनेकी तो बिल्कुल आशा नहीं है। यदि, उन ग्रंथोंमें जीवनवृत्तांतके साथ हरिभद्रके समयका सूचक भी कोई उल्लेख किया हुआ होता, तो उनके दिये हुए वर्णनोंमें कुछ और विशेष महत्ता और विश्वसनीयता आ जाती। परंतु, वास्तवमें, उन

१३ इस वृत्तिकी रचना-समाप्ति वि. सं. १२९५ में हुई थी।

ग्रंथकारोंका उद्देश्य कोई सन्-संवत्वार अन्वेषणात्मक इतिहास लिखनेका नहीं था। उनका उद्देश्य तो मात्र अपने धर्मके समर्थक और प्रभावक आचार्यों तथा विद्वानोंने, धर्मकी प्रभावनाके लिये, किस प्रकारके लोगोंको चमत्कार बतलाये अथवा किस प्रकार परवादियोंके पाण्डित्यका पराभव किया; इत्यादि प्रकारकी जो जनमनरंजन बातें पूर्वपरंपरासे कंठस्थ चली आती थीं, उनको पुस्तकारूढ कर शाश्वत बनानेका; और इस प्रकारसे सर्वसाधारणमें धर्मप्रभावकी महत्ता प्रदर्शित करनेका था। हां, इस उद्देश्यकी दृष्टिसे प्रबन्धादि लिखते समय प्रबन्धलेखकको यदि प्रबन्धनायकके विषयमें किसी विशेष घटनासूचक संवतादिका कहींसे उल्लेख जो प्राप्त हो जाता था, तो उसे वह अपने निबन्धमें कभी कभी ग्रथित भी कर देता था। परंतु, जिस अतुरताके साथ आज कल हम सन् संवतादिकी प्राप्तिके लिये उत्सुक रहते हैं और उसके अन्वेषणके लिये दीर्घ परिश्रम करते रहते हैं, वैसी प्रकृति भारतवर्षके पुराणे प्रबन्धलेखकोंकी नहीं दिखाई देती।

यद्यपि हमारा यह उपर्युक्त कथन भारतवासी विद्वानोंके लिये सर्वसाधारण है; तथापि, हमें लिखते हुए एक प्रकारसे हर्ष होता है कि, जैन धर्मके जुने विद्वानोंमें कुछ ऐसी प्रकृतिवाले विद्वान् भी हो गये हैं, जो इस कथनके अपवाद-स्वरूप हैं। इन विद्वानोंके बनाए हुए निबन्धोंमेंसे दो चार ऐसे निबन्ध भी जैनसाहित्यकी शोभा बढा रहे हैं, जिन्हें हम निस्सन्देह रीतिसे—उनके कर्ताके समयमें उपलब्ध हो सकने वाली तद्विषयक साधन-सामग्रीकी अपेक्षासे—आधुनिक अन्वेषणात्मक पद्धतिसे लिखे जानेका सम्मान दे सकते हैं[१४]। यह बात अलग है कि, कदाचित् इन प्रबन्धोंमेंका ऐतिहासिक निष्कर्ष, हमारी आधुनिक अन्वेषणाके निष्कर्षके मुकाबले, किसी अंशमें, सत्य नहीं प्रतीत हो (और ऐसा निर्विवाद सत्य तो आज कल भी सभी ऐतिहासिक सिद्धान्तोंमें कहां स्वीकृत है)। क्यों कि हमारी आधुनिक साधन-सामग्री और उस पुराणे जमानेकी साधन-सामग्रीमें आकाश-पाताल जितना अन्तर है। अस्तु।

यद्यपि, उक्त कथनानुसार, हरिभद्रके जीवन-वृत्तान्तका सूचन करनेवाले ग्रंथोंमें, उनके समयका कोई निर्देश किया हुआ नहीं मिलता; तथापि जैन गुरुपरंपरा-सम्बन्धी जो कितनेएक कालगणनात्मक प्रबन्धादि उपलब्ध हैं, उनमेंसे किसी किसीमें, इनके समयका उल्लेख किया हुआ अवश्य विद्यमान है। इस प्रकारके कालगणनात्मक प्रबन्धोंमें, प्रथम और प्रधानतया जो प्रबन्ध उल्लेखयोग्य है, वह अञ्चलगच्छीय आचार्य मेरुतुङ्गका बनाया हुआ विचारश्रेणि नामक[१५] है। मेरुतुङ्गाचार्यने अपना प्रबन्धचिन्तामणि[१६] नामक प्रसिद्ध ऐतिहासिक ग्रंथ वि. सं. १३६० में समाप्त किया था। प्रस्तुत विचारश्रेणि-

१४ मेरुतुङ्गाचार्य विरचित–विचारश्रेणि; किसी अज्ञातनामा विद्वान्की बनाई हुई—गुर्वावलीविशुद्धि; धर्मसागरोपाध्यायकृत—प्रवचनपरीक्षान्तर्गत कुछ भाग; समयसुन्दररचित—सामाचारीप्रकरणगत कुछ विभाग; इत्यादि प्रकारके प्रबन्ध हमारे इस कथनके उदाहरण स्वरूप हैं।

१५ यह प्रबन्ध पुरातत्त्वज्ञोंको सुपरिचित है। महावीर निर्वाण और विक्रम संवत् के विषयकी आलोचनामें इतिहासज्ञोंको मुख्य कर यही प्रबन्ध विषयभूत हो रहा है (देखो, डॉ. जेकोबीकी कल्पसूत्रकी प्रस्तावना; और, जार्लचा पैंटियरका महावीर समयनिर्णय नामक निबन्ध; इण्डियन एंटिक्वेरी, पु. ४३)। शायद, सबसे पहले, प्रसिद्ध शोधक डॉ. भाऊ दाजीने, सन १८७२ में, बम्बईकी रायल एशियाटिक सोसाईटीकी शाखाके सभ्योंके सम्मुख इस प्रबन्ध पर एक निबन्ध पढा था। (वह निबन्ध, इसी सोसायटीके वृत्तपत्र (जर्नल) के ९ वें भागमें, पृ. १४७–१५७ पर प्रकट हुआ है) डॉ. बुल्हरने इसको इंग्रेजी नाम "Catena of Enquiries" दिया है (–इं. ए. पु. २; पृ. ३६२)। आश्चर्य है कि यह ऐसा विवेचनीय प्रबन्ध अभी तक मूलरूपमें कहीं प्रकट नहीं हुआ। पाठकोंको जान कर खुशी होगी कि थोडे ही समयमें हम इसे छपवा कर प्रकट करना चाहते हैं।

१६ यह ग्रंथ गुजराती भाषांतर सहित, अमदाबादके रामचंद्र दीनानाथ शास्त्रीने, सन १८८८ में छपवा कर प्रकट किया है। इसका इंग्रेजी अनुवाद भी बंगालकी रायल एशियाटिक सोसाइटिने प्रकट किया है।

में वि. सं. १३७१ में, समरासाहने[१७] शत्रुंजयका जो उद्धार किया था, उसका उल्लेख किया हुआ है। इस लिये विक्रमकी १४ वीं शताब्दीके पिछले पादमें इस प्रबन्धकी रचना हुई, ऐसा माननेमें कोई आपत्ति नहीं है। इस प्रबन्धमें एक पुराणी प्राकृत गाथा उद्धृत की हुई है, जिसमें लिखा है कि, विक्रम संवत् ५८५ में हरिभद्रसूरिका स्वर्गवास हुआ था। गाथा इस प्रकार है—

पंचसए पणसीए विक्कम कालाउ झत्ति अत्थमिओ।
हरिभद्दसूरि-सूरो भवियाणं दिसउ कल्लाणं ॥

अर्थात्-' विक्रम संवत् ५८५ में अस्त (स्वर्गस्थ) होने वाले हरिभद्रसूरिरूप सूर्य भव्यजनोंको कल्याण प्रदान करें।'

यहां पर यह बात खास ध्यानमें रख लेनेकी है कि यह गाथा मेरुतुंगने 'उक्तं च-' कह कर अपने प्रबन्धमें उद्धृत की है-नई नहीं बनाई है। मेरुतुङ्गाचार्यके, निश्चितरूपसे पहलेके बने हुए किसी ग्रंथमें यह गाथा अभी तक हमारे देखनेमें नहीं आई। इस लिये यह कुछ भी नहीं कह सकते कि यह गाथा कितनी प्राचीन है। परन्तु मेरुतुङ्गसे तो निश्चित ही १०० २०० वर्ष पुराणी अवश्य होनी चाहिए। विचारश्रेणिमें ' जं रयणिं कालगओ ' इत्यादि वाक्यसे प्रारंभ होने वालीं, और महावीर निर्वाण और विक्रम संवत्के बीचके राजवंशोंका समयनिरूपण करने वाली जो तीन प्राकृत गाथाएं हैं, प्रायः वैसी ही गाथाएं तो ' तित्थोग्गालियपइण्णा ' नामक प्राकृत ग्रंथमें भी मिलती हैं; परंतु हरिभद्रके मृत्यु-समयका विधान करनेवाली प्रस्तुत गाथा वहां पर नहीं दिखाई देती। इस लिये यह भी नहीं कह सकते कि मेरुतुंगने कौनसे ग्रन्थमेंसे इसे उद्धृत की है। खैर, कुछ भी हो, परंतु इतनी बात तो सत्य है कि १४ वीं शताब्दीसे तो यह गाथा अवश्य पूर्वकी बनी हुई है।

इसी गाथाको प्रद्युम्नसूरिने[१९] अपने 'विचारसार

१७ इस उद्धारका विशेष उल्लेख, हमारी शत्रुंजयतीर्थोद्धार प्रबन्ध नामक पुस्तकके उपोद्घात, पृ. ३१-३३ में किया हुआ है।

१८ प्रो. पिटर्सनने अपनी ३री रिपोर्टके पृ. २७२ पर, प्रद्युम्नसूरिविरचित 'विचारसारप्रकरण' के, और पृ. २८४ पर, समयसुंदर गणिके ' गाथासहस्री ' नामक ग्रंथके, जो अवतरण किये हैं उनमें यह प्रकृत गाथा भी सम्मिलित है। वहां पर, ' पणसीए ' के स्थान पर ' पणतीए ' ऐसा पाठ मुद्रित है। इस पाठ-भेदके कारण, कई विद्वान् ५८५ के बदले ५३५ के वर्षमें हरिभद्रकी मृत्यु हुई मानते हैं; परंतु, वास्तविकमें वह पाठ अशुद्ध है। क्योंकि प्राकृत भाषाके नियमानुसार ३५ के अंकके लिये ' पणतीसे ' शब्द होता है, 'पणतीए' नहीं। यद्यपि, लेखक—पुस्तककी नकल उतारनेवाले—के प्रमादसे 'पणतीसे' की जगह 'पणतीए' पाठका लिखा जाना बहुत सहज है, और इस लिये 'पणतीए' के बदले ' पणतीसे ' के शुद्ध पाठकी कल्पना कर ८५ के स्थान पर ३५ की संख्या गिन लेनेमें, भाषा-विज्ञानकी दृष्टिसे कोई अनुचितता नहीं कही जा सकती; परंतु, प्रकृत विषयके कालसूचक अन्यान्य उल्लेखोंके संवादानुसार यहां पर ' पणसीए ' पाठका होना ही युक्तिसंगत और प्रमाणविहित है। बहुतसी हस्तलिखित प्रतियोमें भी यही पाठ उपलब्ध होता है। प्रो. वेबरने, बर्लिनके राजकीय पुस्तकालयमें संरक्षित संस्कृत-प्राकृत पुस्तकोंकी रिपोर्टके, भाग २, पृ. ९२३ पर भी, 'पणसीए' पाठ ही को शुद्ध लिखा है और 'पणतीए' को अशुद्ध।

१९ ये सूरि धर्मघोषसूरिके शिष्य, देवप्रभके शिष्य थे। इनका निश्चित समय ज्ञात नहीं हुआ। संभव है कि कदाचित् ये मेरुतुंगके पूर्ववर्ती हों, और 'विचारश्रेणि' में की बहुतसी प्राकृत गाथायें इन्हींके 'विचारसार प्रकरण' मेंसे ली गई हों—यद्यपि इसमें भी वे सब गाथायें संगृहीत मात्र ही हैं, नवीन रचित नहीं। यदि विशेष खोज करने पर, इन संग्रहकारके समयका पता लग गया और ये मेरुतुंगसे पूर्ववर्ती निश्चित हुए, तो फिर हरिभद्रकी मृत्युसंवत्सूचक प्रकृत गाथाके प्रथम अवतरणका मान, इन्हींके इस 'विचारसार प्रकरण'को देना होगा। इस प्रकरणमें, एक दूसरी बात यह भी है कि, प्रकृत गाथाके साथ, प्रकरणकारने 'अह वा' (सं. अथ वा) लिख कर एक दूसरी भी प्राकृत गाथा लिखी—उध्दृत की—है, जिसमें, वीर-निर्वाणसे १०५५ वर्षबाद हरिभद्र हुए, ऐसा कथन है। इस गाथाके उध्दृत करनेका मतलब, लेखकको इतना ही मालूम देता है कि हरिभद्रसूरिका स्वर्ग-समय प्रधान गाथामें जो वि. सं. ५८५ बतलाया है वह इस दूसरी गाथाके कथनसे भी समर्थित होता

प्रकरण ' में, और समयसुंदर गणिने[20] स्व-संगृहीत 'गाथासहस्री' नामक प्रबन्धमें भी उद्धृत की है। पुनः इसी गाथाके आशयको लेकर कुलमंडनसूरिने[21] 'विचारामृतसंग्रह' में, और धर्मसागर[22] उपाध्यायने तपागच्छगुर्वावली में, लिखा है कि, महावीर निर्वाणके पश्चात् १०५५ वें (वीर नि. ४७० अनन्तर विक्रम संवत्‌की शुरूआत, तदनन्तर ५८५; ४७० + ५८५ = १०५५) वर्षमें हरिभद्रसूरिका स्वर्गवास हुआ था। इन पिछले दोनों ग्रंथकारोंका कथन क्रमशः इस प्रकार है—

(१) 'श्रीवीरानिर्वाणात् सहस्रवर्षे पूर्वश्रुतव्यवच्छिन्नम्। श्रीहरिभद्रसूरयस्तदनु पञ्चपञ्चाशता वर्षैर्दिवं प्राप्ताः।' —विचारामृतसंग्रह।

(२) श्रीवीरात् पञ्चपञ्चाशदधिकसहस्रवर्षे विक्रमात् पञ्चाशीत्यधिकपञ्चशतवर्षे याकिनीसूनुः श्रीहरिभद्रसूरिः स्वर्गभाक्। —तपागच्छगुर्वावली।

मुनिसुन्दरसूरिने जो तपागच्छकी पद्यबद्ध गुर्वावली (संवत् १४६६) बनाई है उसमें हरिभद्रसूरिको मानदेवसूरि (द्वितीय) के मित्र बतलाये हैं। इन मानदेवका समय पट्टावलियोंकी गणना और मान्यता अनुसार विक्रमकी ६ ठी शताब्दी समझा जाता है। अतः यह उल्लेख भी हरिभद्रसूरिके गाथोक्त समयका संवादी गिना जाता है। मुनिसुन्दरसूरिका उल्लेख इस प्रकार है–

अभूद् गुरुः श्रीहरिभद्रमित्रं
श्रीमानदेवः पुनरेव सूरिः।
यो मान्द्यतो विस्मृतसूरिमन्त्रं
लेभेऽम्बिकाऽऽस्यात्तपसोज्जयन्ते[23] ॥
—गुर्वावली (यशोवि. ग्रं. काशी) पृ. ४।

इस प्रकार इन सब ग्रंथकारोंके मतसे हरिभद्रसूरिका सत्ता-समय विक्रमकी ६ ठी शताब्दी है और उनका स्वर्गवास सं. ५८५ (ई. स. ५२९) में हुआ था।

परंतु, इसी प्रकारके बाह्य-प्रमाणोंमें, कुछ ऐसे भी प्रमाण उपलब्ध होते हैं जिनके कारण इस गाथोक्त समयकी सत्यताके बारेमें विद्वानोंको बहुत समयसे संदेह उत्पन्न हो रहा है। इन प्रमाणोंमें, जो मुख्य उल्लेख योग्य है, वह बहुत महत्त्वका और उपर्युक्त समयसाधक प्रमाणोंसे भी बहुत प्राचीन है। यह प्रमाण महात्मा सिद्धर्षिके महान् ग्रन्थ उपमितिभवप्रपञ्चा कथामें उल्लिखित है। यह कथा संवत् ९६२ के ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी, गुरुवारके दिन, जब चंद्रमा पुनर्वसु नक्षत्रमें स्थित था, तब समाप्त हुई थी। ऐसा स्पष्ट उल्लेख, इस कथाकी प्रशस्तिमें सिद्धर्षिने स्वयं किया है। यथा–

संवत्सरशतनवके द्विषष्टिसहितेऽतिलङ्घिते चास्याः।
ज्येष्ठे सितपञ्चम्यां पुनर्वसौ गुरुदिने समाप्तिरभूत् ॥

यद्यपि ग्रन्थकर्ताने यहां पर मात्र केवल 'संवत्' शब्द ही का प्रयोग किया है जिससे स्पष्टतया यह

है। क्योंकि ५८५का विक्रम-वत्सर महावीर संवत् १०५५ के बराबर (४७०+५८५=१०५५) ही होता है। प्रद्युम्नसूरि संगृहीत दूसरी प्राकृत गाथा इस प्रकार है—

पण पन्न-दस-सएहिं हरिसूरी आसि तत्थ पुव्वकई।
तेरसवरिससएहिं अईएहिं वि बप्पभट्टिपहू ॥
पिटर्सन, रिपोर्ट ३. पृ. २७२।

२० समयसुन्दरगणिने गाथासहस्री सं. १६८६ में बनाई है। देखो,–पि. रि. ३, पृ. २९०।

—विचारसार प्रकरण और गाथासहस्रीमें प्रस्तुत गाथाके चतुर्थ पादमें कुछ पाठ-भेद है, परंतु अर्थ-तात्पर्य एक ही होनेसे उसके उल्लेखकी कोई आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

२१ ये आचार्य विक्रमकी १५ वी शताब्दीके पूर्वार्द्धमें हुए हैं।

२२ धर्मसागरजी १७ वी शताब्दीके पूर्वार्द्धमें विद्यमान थे।

२३ धर्मसागरगणिने अपनी पट्टावलिमें इसी पद्यका समानार्थक एक दूसरा पद्य उद्धृत किया है। यथा–

विद्यासमुद्रहरिभद्रमुनीन्द्रमित्रं
सूरिर्बभूव पुनरेव हि मानदेवः।
मान्द्यात् प्रयातमपि योऽनघसूरिमन्त्रं
लेभेऽम्बिकामुखगिरा तपसोज्जयन्ते ॥

यही पद्य पुनः पूर्णिमागच्छकी पट्टावलीमें भी मिलता है।—देखो, पं. हरगोविन्ददासका हरिभद्रचरित्र पृ. १८।

नहीं ज्ञात हो सकता कि, वीर, विक्रम, शक, गुप्त आदि संवतोंमेंसे प्रस्तुतमें कौनसा संवत् कथाकारको विवक्षित है; तथापि, संवत्के साथ मास, तिथि, वार और नक्षत्रका भी स्पष्ट उल्लेख किया हुआ होनेसे, ज्योतिर्गणितके नियमानुसार गिनती करने पर, प्रकृतमें विक्रम संवत् ही का विधान किया गया है, यह बात स्पष्ट मालूम पड आती है। सिद्धर्षिके लिखे हुए इस संवत्, मास और तिथि आदिकी तुलना ई. स. के साथ की जाय तो, गणित करनेसे, ९०६ ई. के. मई महिनेकी १ ली तारिखके बराबर इसकी एकता होती है। इस तारीखको भी वारगुरु ही आता है और चन्द्रमा भी सूर्योदयसे लेकर मध्यान्ह कालके बाद तक पुनर्वसु नक्षत्र ही में रहता है।[२४]

२४ किसी किसीकी कल्पना इस संवत्को वीर-निर्वाण-संवत् माननेकी होती है। अगर इस कल्पनाके मुताबिक गणित करके देखा जाय तो वी. स. ९६२ के ज्येष्ठ शुक्ल ५ मीके दिन ई. स. ४३६ के मई मासकी ७ वी तारीख आती है। वार उस दिन भी गुरु ही मिलता है, परंतु चन्द्रमा उस दिन प्रातःकालमें २ घंटे तक पुष्य नक्षत्रमें रह कर फिर अश्लेषा नक्षत्रमें चला जाता है; इस लिये नक्षत्र उस दिन ग्रंथमें लिखे मुताबिक नहीं मिलता। इसके सिवा इस कल्पनामें एक बडा और प्रत्यक्ष विरोध भी है। उक्त प्राकृत गाथामें जो हरिभद्रका मृत्युसमय बतलाया गया है उससे, यह समय लगभग १०० वर्ष जितना उलटा पीछे चला जाता है—अर्थात् सिद्धर्षि हरिभद्रके भी शतवर्ष पूर्ववर्ती हो जाते हैं! सिद्धर्षिका, जैसा कि आगे चल कर बतलाया जायगा, हरिभद्रके पहले होना सर्वथा असिद्ध है। इस लिये सिद्धर्षिका लिखा हुआ यह संवत् विक्रम संवत् ही है।

प्रो. पिटर्सनने अपनी ४ थी रीपोर्टके ५ वें पृष्ठ ऊपर सिद्धर्षिके इस संवत्को वीरनिर्वाण संवत् मान कर, और उसके मुकाबलेमें विक्रम संवत् ४९२ के बदले ५९२ लिख कर गाथोक्त हरिभद्रके समयके साथ मेल मिलाना चाहा है। परंतु इस गिनतीमें तो प्रत्यक्ष रूप से ही १०० वर्ष की भूल की गई है। क्यों कि ९६२ में से ४७० वर्ष निकाल देनेसे, शेष ४९२ रहते हैं, ५९२ नहीं। इस लिये पिटर्सन साहबकी कल्पनामें कुछ भी तथ्य नहीं है। डॉ. जेकोबीने भी इस कल्पनाको त्याज्य बतलाया है। देखो, उपमितिभवप्रपंचाकी प्रस्तावना—पृष्ठ ८ की पाद टीका।

इस कथाकी प्रशस्तिमें सिद्धर्षिने प्रारंभमें ९ श्लोकों द्वारा अपनी मूल गुरुपरंपराका उल्लेख कर, फिर हरिभद्रसूरिकी विशिष्ट प्रशंसा की है और उन्हें अपना धर्मबोधकर गुरु बतलाये हैं। प्रशस्तिमें हरिभद्रकी प्रशंसावाले निम्नलिखित तीन पद्य मिलते हैं।—

(१५) आचार्यहरिभद्रो मे धर्मबोधकरो गुरुः।
प्रस्तावे भावतो हन्त स एवाद्ये निवेदितः॥

(१६) विषं विनिर्धूय कुवासनामयं
व्यचीचरद् यः कृपया मदाशये।
अचिन्त्यवीर्येण सुवासनासुधां
नमोऽस्तु तस्मै हरिभद्रसूरये॥

(१७) अनागतं परिज्ञाय चैत्यवन्दनसंश्रया।
मदर्थैव कृता येन वृत्तिर्ललितविस्तरा॥[२६]

इन पद्योंका भावार्थ इस प्रकार है—

(१५) आचार्य हरिभद्र मेरे धर्मबोधकर—धर्मका बोध (उपदेश) करनेवाले—गुरु हैं। इस कथाके प्रथम प्रस्तावमें मैंने इन्हीं धर्मबोधकर गुरुका निवेदन किया है।

(१६) जिसने कृपा करके अपनी अचिन्त्य शक्तिके प्रभावसे मेरे हृदयमेंसे कुवासना-दुर्वि-

२५ डॉ. जेकोबी, इन पद्योंके पहलेके और ३ (नं. १२-१३-१४ वाले) श्लोकोंको भी हरिभद्र ही की प्रशंसामें लिखे हुए समझते हैं और उनका भाषान्तर भी उन्होंने अपनी प्रस्तावना (पृ. ५) में दिया है। परंतु यह डॉ. साहबका भ्रम है। उन तीन पद्योंमें हरिभद्रकी प्रशंसा नहीं है परंतु सिद्धर्षिकी प्रशंसा है। इनके पूर्वके दूसरे दो (नं. १०-११) श्लोकोंमें भी सिद्धर्षि ही का जिकर है। वास्तवमें हमारे विचारसे नं. १० से १३ तकके ४ पद्य स्वयं सिद्धर्षिके बनाए हुए नहीं है, परन्तु उनके शिष्य या अन्य किसी दूसरे विद्वान्के बनाये हुए है। अतएव वे वहां पर प्रक्षिप्त हैं। सिद्धर्षि, स्वयं अपने मुखसे अपनी प्रशंसा करनेवाले बहिर्मुख आत्मा नहीं थे। वे बडे नम्र, लघुताप्रिय और अध्यात्मस्वरूपमें लीन रहनेवाले सन्त पुरुष थे। वे अपने लिये 'सिद्धान्तनिधि' 'महाभाग' और 'गणधरतुल्य' जैसे मानभरे हुए विशेषणोंका प्रयोग कभी नहीं कर सकते।

२६ उपमितिभवप्रपञ्चा कथा, (बिब्लिओथिका इन्डिका.) पृ. ११४०।

चारूप विषको निकाल कर सुवासना-सद्विचार स्वरूप सुधा (अमृत) का सिंचन किया है, उस आचार्य हरिभद्रको नमस्कार हो।

(१७) उन्होंने (हरिभद्रसूरिने) अनागत याने भविष्यमें होनेवाले मुझको जानकर मानों मेरे ही लिये चैत्यवन्दनसूत्रका आश्रय लेकर ललितविस्तरा नामक वृत्ति बनाई है।

इस अवतरणसे ज्ञात होता है कि सिद्धर्षि हरिभद्रको एक प्रकारसे अपने गुरु मानते हैं। वे उन्हीं से अपनेको धर्मप्राप्ति हुई कहते हैं, और ललितविस्तरावृत्ति नामक ग्रन्थ, जो हरिभद्रके ग्रन्थोंमेंसे एक प्रसिद्ध ग्रन्थ है उसे, अपने ही लिये बनाया गया बतलाते हैं। इस प्रकार, इस प्रशस्तिगत कथनके प्रथम दर्शनसे तो हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचमें गुरु-शिष्यभावका होना स्थापित होता है। और जब ऐसा गुरुशिष्यभावका सम्बन्ध उनमें रहा तो फिर वे प्रत्यक्ष ही दोनों समकालीन सिद्ध हुए, और वैसा होने पर हरिभद्रका उक्त गाथाविहित सत्ता-समय असत्य साबित होगा।

इस प्रकार हरिभद्रसूरिके समय-विचारमें सिद्धर्षिका सम्बन्ध एक प्रधान स्थान रखता है। इस लिये प्रथम यहां पर इस बातका ऊहापोह करना आवश्यक है कि सिद्धर्षिके इस कथनके बारेमें उनके चारित्रलेखक जैन ग्रन्थकारोंका क्या अभिप्राय है।

सिद्धर्षिके जीवनवृत्तान्तकी तरफ दृष्टिपात करते हैं तो, उनके निजके ग्रन्थमें तो, इस उपर्युक्त प्रशस्तिके कथनके सिवा, और कोई विशेष उल्लेख नहीं मिलता। इस लिये उनके निजके ही शब्दोंमें तो अपनेको यह बात नहीं मालूम हो सकती, कि, हरिभद्रको वे अपने धर्मबोधकर गुरु किस कारणसे कहते हैं और ललितविस्तरावृत्तिको अपने ही लिये बनाई गई क्यों बतलाते हैं ?।

पिछले जैन लेखकोंके लेखों-ग्रन्थोंमें सिद्धर्षिके जीवन-वृत्तान्तके विषयमें जो कथा-प्रबन्धादि उपलब्ध होते हैं, उनमें कालक्रमकी दृष्टिसे सबसे प्राचीन, तथा वर्णनकी दृष्टिसे भी प्रधान, ऐसा प्रभावकचरित्रान्तर्गत सिद्धर्षि-प्रबन्ध है। इस प्रबन्धमें सिद्धर्षिका जो जीवन वर्णित है उसमें इस बातका किञ्चित् भी जिकर नहीं किया गया है कि, हरिभद्र, सिद्धर्षिके एक गुरु थे और उनसे उनको धर्मबोध मिला था। हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचमें एक प्रकारसे गुरुशिष्यका सम्बन्ध था, इस बातका सूचन प्रभावकचरित्रकारने न हरिभद्र ही के प्रबन्धमें किया है और न सिद्धर्षि ही के प्रबन्धमें। केवल इतना ही नहीं, परंतु इन दोनोंके चरित्र-प्रबन्ध पास पासमें भी वे नहीं रखते। उन्होंने हरिभद्रका चरित्र ९ वें प्रबन्धमें गुंथा है और सिद्धर्षिका १४ वें प्रबन्धमें। इस लिये प्रभावकचरित्रकारके मतसे तो हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचमें न किसी प्रकारका साक्षात् गुरुशिष्य जैसा सम्बन्ध था और न वे दोनों समकालीन थे।

परन्तु, सिद्धर्षिने अपनी कथाकी प्रशस्तिमें जो उक्त प्रकारसे हरिभद्रका उल्लेख किया है, उसे प्रभावकचरित्रकर्ता जानते ही नहीं है यह बात नहीं है। उन्होंने सिद्धर्षिका वह कथन केवल देखा ही नहीं है किंतु उसे अपने प्रबन्धमें यथावत् उद्धृत तक कर लिया है। परंतु, उस कथनका सम्बन्ध वे और ही तरहसे लगाते हैं। उनका कहना है कि, सिद्धर्षिने जैन शास्त्रोंका पूर्ण अभ्यास करके, फिर न्यायशास्त्रका विशिष्ट अभ्यास करनेके लिये किसी प्रान्तस्थ बौद्ध विद्यापीठमें जा कर रहनेका विचार किया। जानेके पहले उन्होंने जब अपने गुरु गर्गस्वामीके पास अनुमति मांगी तो गुरुजीने अपनी असम्मति प्रकट की और कहा कि वहां पर जानेसे तेरा धर्मविचार भ्रष्ट हो जायगा। सिद्धर्षिने गुरुजीके इस कथन पर दुर्लक्ष्य कर चल ही दिया और अपने इच्छित स्थान पर जा कर बौद्ध प्रमाण शास्त्रका अध्ययन करना शुरू किया। अध्ययन करते करते उनका विश्वास जैनधर्म ऊपरसे ऊठता गया और बौद्ध धर्म पर श्रद्धा बढती गई। अध्ययनकी समाप्ति हो जाने पर, उन्होंने बौद्धधर्मकी दीक्षा लेनेका विचार किया, परंतु, पहले ही से वचनबद्ध हो आनेके कारण, जैनधर्मका त्याग करनेके पहले वे एक वार अपने पूर्वगुरुके पास मिलनेके लिये आये। शान्तमूर्ति गर्गमुनिने सिद्धर्षि-

की स्वधर्म ऊपरसे चलित-चित्तताको देख कर अपने मुखसे किसी प्रकारका उन्हें उपदेश देना मुनासब नहीं समझा। उन्होंने ऊठ कर पहले सिद्धर्षिका स्वागत किया और फिर उन्हें एक आसन पर बिठा कर, हरिभद्रसूरिकी बनाई हुई ललितविस्तारावृत्ति, जिसमें बौद्ध वगैरह सभी दर्शनोंके सिद्धान्तोंकी बहुत ही संक्षेपमें परंतु बडी मार्मिकताके साथ मीमांसा कर जैनतीर्थंकरकी परमाप्तता स्थापित की गई है, उसको पढनेके लिये दी। पुस्तक दे कर गर्गमुनि जिनचैत्यको वन्दन करनेके लिये चले गये और सिद्धर्षिको कह गये कि, जब तक मैं चैत्यवन्दन करके वापस आऊं तब तक तुम इस ग्रन्थको वाचते रहो। सिद्धर्षि गुरुजीके चले जाने पर ललितविस्तराको ध्यानपूर्वक पढने लगे। ज्यों ज्यों वे हरिभद्रके निष्पक्ष, युक्तिपूर्ण, प्रौढ और प्राञ्जल विचार पढते जाते थे त्यों त्यों उनके विचारोंमें बडी तीव्रताके साथ क्रांति होती जाती थी। सारा ग्रंथ पढ लेने पर उनका विश्वास जो बौद्ध संसर्गके कारण जैनधर्म ऊपरसे ऊठ गया था वह फिर पूर्ववत् दृढ हो गया, और बौद्ध धर्मपरसे उनकी रुचि सर्वथा हट गई। इतनेमें गर्गमुनिर्जी चैत्यवन्दन करके उपाश्रयमें वापस आ पहुंचे। सिद्धर्षि गुरुजीको आते देख एक दम आसन ऊपरसे ऊठ खडे हुए और उनके पैरोंमें अपना मस्तक रख कर, स्वधर्म परसे जो इस प्रकार अपना चित्तभ्रंश हुआ उसके लिये पश्चात्ताप करने लगे। गुरुजीने मिष्टवचनोंसे उन्हें शान्त कर उनके मनको संतुष्ट किया। अन्तमें वे फिर जैनधर्मके महान् प्रभावक हुए। इत्यादि। इस प्रकार हरिभद्रके बनाये हुए ग्रन्थके अवलोकनसे सिद्धर्षिकी मिथ्याभ्रान्ति नष्ट हुई और सद्धर्मकी प्राप्ति हुई इस लिये उन्होंने हरिभद्रसूरिको अपना धर्मबोधकर गुरु माना और ललितविस्तराको मानों अपने ही लिये बनाई गई समझी। इसके सिवा प्रभावकचरित्रके कर्ता इन दोनोंमें परस्पर और किसी प्रकारका सम्बन्ध नहीं मानते।

परन्तु, दूसरे कितने एक ग्रन्थकार प्रभावकचरित्रके इस कथनके साथ पूर्ण मतैक्य नहीं रखते। उनके कथनानुसार तो सिद्धर्षि और हरिभद्र दोनों समकालीन थे और सिद्धर्षिको बौद्ध संसर्गके कारण स्वधर्मसे भ्रष्ट होते देख कर उनको प्रतिबोध करनेके लिये ही हरिभद्र सूरिने ललितविस्तरा वृत्ति बनाई थी। इन ग्रन्थकारोंमें मुख्यकर राजशेखरसूरिका (सं. १४०५ में बना हुआ) प्रबन्धकोष अथवा चतुर्विंशतिप्रबन्ध है। इस ग्रन्थमें हरिभद्रसूरिका जो चरित-प्रबन्ध है उसमें साथमें सिद्धर्षिका भी वर्णन किया हुआ है। इस प्रबन्धमें तो सिद्धर्षिको साक्षात् हरिभद्र ही के दीक्षित शिष्य बतलाये हैं। गर्गमुनि वगैरहका नामनिर्देश तक नहीं है। प्रकृत बातके विषयका बाकी सब हाल प्रायः ऊपर (प्रभावकचरित्र) के जैसा ही है। मात्र इतनी विशेषता है कि, बौद्ध गुरुके पाससे जब सिद्धर्षि अपनी प्रतिज्ञानुसार, हरिभद्रसूरिको मिलनेके लिये आये तब बौद्ध गुरुने भी उन्हें पुनर्मीलनके लिये प्रतिज्ञाबद्ध कर लिये थे। हरिभद्रसूरिने उनको सद्बोध दिया जिससे उनका मन फिर जैन धर्म ऊपर श्रद्धावान् हो गया। परंतु प्रतिज्ञानिर्वाहके कारण वे पुनः एक वार बौद्ध गुरुके पास गये। वहां उसने फिर उनको बहकाया और वे फिर हरिभद्रसे मिलने आये। हरिभद्रने पुनः समझाये और पुनः बौद्धाचार्यके पास गये। इस प्रकार २१ दफह उन्होंने गमनागमन किया। आखिरमें हरिभद्रने उन पर दया लाकर प्रबलतर्कपूर्ण ललितविस्तरा वृत्ति बनाई, जिसे पढ कर उनका मन सर्वथा निर्भ्रान्त हुआ और वे जैनधर्म ऊपर स्थिरचित्त हुए। इसके बाद उन्होंने १६ हजार श्लोक प्रमाण उपमितिभवप्रपञ्चा कथा बनाई और उसके अन्तमें उक्त प्रकारसे हरिभद्रसूरिकी प्रशंसा की।[२७]

इसी वृत्तान्तका यथावत् सूचक संक्षिप्त उल्लेख मुनिसुन्दरसूरिने उपदेशरत्नाकरमें, और रत्नशेखरसूरिने श्राद्धप्रतिक्रमणार्थदीपिका टीका (सं. १४९६) में किया है। दोनों उल्लेख क्रमशः इस प्रकार हैं:--

२७ देखो, प्रोफेसर मणिलाल नभुभाई द्विवेदीका किया हुआ और बडौदा राज्यकी ओरसे छपाया हुआ 'चतुर्विंशति प्रबन्ध' का गुजराती भाषान्तर, पृ. ४७-४८।

(१) ' ये पुनः कुगुर्वादिसङ्गत्या सम्यग्दर्शनचारित्राणि वमन्ति ते शुभधर्मवासं प्रतीत्य वाम्याः। बौद्धसङ्गत्यैकविंशतिकृत्वोऽर्हद्धर्मत्यागिश्रीहरिभद्रसूरिशिष्यपश्चात्तदुपज्ञललितविस्तराप्रतिबुद्धश्रीसिद्धवत्।'

—उपदेशरत्नाकर, पृ० १८

(२) ' मिथ्यादृष्टिसंस्तवे हरिभद्रसूरिशिष्यसिद्धसाधुर्ज्ञातम्, स सौगतमतरहस्यमर्मग्रहणार्थं गतः। ततस्तैर्भावितो गुरुदत्तवचनत्वान्मुत्कलापनायागतो गुरुभिर्बोधितो बौद्धानामपि दत्तवचनत्वान्मुत्कलापनार्थं गतः। एवमेकविंशतिवारान् गतागतमकारीति। तत्प्रतिबोधनार्थं गुरुकृतललितविस्तराख्यशक्रस्तववृत्त्या दृढं प्रतिबुद्धः श्रीगुरुपार्श्वे तस्थौ।'

—श्राद्धप्रतिक्रमणार्थ दीपिका।

इस प्रकार इन ग्रन्थकारोंके मतसे तो सिद्धर्षि साक्षात् हरिभद्रसूरि ही के हस्त-दीक्षित शिष्य थे। इनके मतको कहां तक प्रामाणिक समझना चाहिए, यह एक विचारणीय प्रश्न है। क्यों कि ये तो सिद्धर्षिके दीक्षागुरु, जो गर्गमुनि हैं और जिनकी पूर्व-गुरुपरंपरा तकका उल्लेख सिद्धर्षिने स्वयं अपनी कथाकी प्रशस्तिमें किया हैं, उनका सूचन तक बिल्कुल नहीं करते और खुद हरिभद्र ही के पास इनका दीक्षा लेना बतलाते हैं। सो यह कथन स्पष्टतया प्रमाण विरुद्ध दिखाई दे रहा है। सिवा सिद्धर्षि जैसे अपूर्व प्रतिभाशाली पुरुषको इस तरह २१ बार इधर उधर धक्के खिलाकर एक बिल्कुल भोंदूके जैसा चित्रित किया है इस लिये इनके कथनकी किंमत बहुत कम आंकी जा सकती है।

सिद्धर्षिके जीवन सम्बन्धी, प्रभावक चरित्र और प्रबन्धकोषके लेखकोंके उक्त मतोंसे कुछ भिन्न एक तीसरा मत भी है जो पडिवाल गच्छकी एक प्राकृत पट्टावलीमें मिलता है। यह पट्टावली कबकी बनी हुई है और कैसी विश्वसनीय है; सो तो उसे पूरी देखेबिना नहीं कह सकते। मुनि धनविजयजीने चतुर्थस्तुतिनिर्णयशंकोद्धार नामक पुस्तकमें, इस पट्टावलीमेंसे प्रस्तुत विषयका जो पाठ उद्धृत किया है उसी परसे हम यहां पर यह तीसरा मत उल्लिखित कर रहे हैं। इस पट्टावलीके लेखकके मतसे सिद्धर्षिके मूल दीक्षागुरु तो गर्गाचार्य या गर्गमुनि ही थे-हरिभद्र नहीं। हरिभद्र और सिद्धर्षिके गुरुशिष्यभावके सम्बन्धमें पट्टावलीकारका कथन इस प्रकार है:—पूर्वोक्त कथानुसार, बौद्धसंसर्गके कारण जब सिद्धर्षिके विचारोंमें वारंवार परिवर्तन होने लगा तब उनके गुरु गर्गर्षिने हरिभद्रसूरीको, जो बौद्धमतके बडे भारी ज्ञाता थे, विज्ञप्ति की कि कोई ऐसा उपाय कीजिए कि जिससे सिद्धर्षिका मन स्वधर्ममें स्थिर हो जाय। फिर सिद्धर्षि जब अपने गुरुके पास पुनर्मीलनके लिये आये तब हरिभद्रने उनको बहुत कुछ समझाया परन्तु वे सन्तुष्ट न हुए और वापस बौद्ध मठमें चले गये। इससे फिर हरिभद्रने तर्कपूर्ण ऐसी ललितविस्तरा वृत्ति बनाई। इसके बाद हरिभद्रका मृत्यु हो गया। मरते समय वे गर्गाचार्यको वह वृत्ति सौंपते गये और कहते गये कि अब जो सिद्धर्षि आवें तो उन्हें यह वृत्ति पढनेको देना। गर्गाचार्यने बादमें ऐसा ही किया और अन्तमें उस वृत्तिके अवलोकनसे सिद्धर्षिका मन स्थिर हुआ। इसी लिये उन्होंने हरिभद्रको अपना गुरु माना और उस वृत्तिको ' मदर्थे निर्मिता ' बतलाई।

२४ इस पट्टावलीमें, सिद्धर्षिके गुरु गर्गाचार्य और उनके गुरु दुर्ग स्वामीके स्वर्गगमनकी साल भी लिखी हुई है। यथा 'अह दुग्गसामी विक्कमओ ९०२ वरिसे देवलोयं गतो। तस्सीसो सिरिसेणो आयरियपए ठिओ। गग्गायरियावि विक्कमओ ९१२ वरिसे कालं गया तप्पए सिद्धायरिओ। एवं दो आयरिया विहरई।' अर्थात् -दुर्गस्वामी विक्रमसंवत् ९०२ में स्वर्ग गये। उनके शिष्य श्रीषेण आचार्य पद ऊपर बैठे। गर्गाचार्य भी विक्रम संवत् ९१२ में मरणशरण हुए। उनके पट्ट पर सिद्धर्षि बैठे। इस प्रकार श्रीषेण और सिद्धर्षि दोनों आचार्य एक साथ रहते थे। यदि यह कथन सच है तो इसके ऊपरसे सिद्धर्षिके दीर्घायु होनेका अनुमान किया जा सकता है। क्यों कि उनके गुरु गर्गस्वामी जब ९१२ में मृत्यु प्राप्त हुए थे, तो कमसे कम १०-१२ वर्ष पहले तो सिद्धर्षिने उनके पास दीक्षा अवश्य ही ली

इस प्रकार हरिभद्र और सिद्धर्षिके सम्बन्धके विषयमें जैन ग्रन्थकारोंके तीन भिन्न भिन्न मत उपलब्ध होते हैं। तीनों मतोंमें यह एक बात तो समान रूपमें उपलब्ध होती है कि सिद्धर्षिका चित्त बौद्ध संसर्गके कारण स्वधर्म ऊपरसे चलायमान हो गया था और वह फिर हरिभद्रसूरिकी बनाई हुई ललितविस्तरा वृत्तिके अवलोकनसे पुनः दृढ हुआ था। इस कथनसे, सिद्धर्षिने ललितविस्तरा वृत्तिके लिये जो 'मदर्थं निर्मिता' ऐसा उल्लेख किया है, उसकी संगति तो एक प्रकारसे लग जाती है; परंतु मुख्य बात जो हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचमें गुरुशिष्यभावके विषयकी है, उसके बारेमें इन ग्रन्थकारोंमें, उक्त प्रकारसे, परस्पर बहुत कुछ मत-भेद है। और इस लिये सिद्धर्षिके

'आचार्यहरिभद्रो मे धर्मबोधकरो गुरुः।'

इस उल्लेखकी संगति उनके जीवनकथा-लेखकोंके लेखोंके आधार ऊपरसे ठीक ठीक नहीं लगाई जा सकती।

सिद्धर्षिके चरित्रलेखकोंके मतोंका एकंदर सार इस प्रकार है:—

(१) प्रभावकचरित्रके मतसे सिद्धर्षि गर्गर्षि या गर्गमुनिके शिष्य थे। हरिभद्रका उन्हें कभी साक्षात् समागम नहीं हुआ था। केवल उनकी बनाई हुई ललितविस्तरा वृत्तिके पढनेसे उन्हें स्वधर्मपर पुनः श्रद्धा हुई थी, इस लिये कृतज्ञता ज्ञापन करनेके लिये उन्होंने हरिभद्रसूरिको अपना धर्मबोधकर गुरु लिखा है।

(२) प्रबन्धकोषके मतसे सिद्धर्षि स्वयं हरिभद्र ही के हस्त दीक्षित शिष्य थे। गर्गमुनि वगैरहका कोई सम्बन्ध नहीं था। हरिभद्रके शिष्य होनेके कारण अर्थात् वे उनके समकालीन ही थे।

(३) पाडिवालगच्छीय पट्टावलिके मतसे सिद्धर्षिके दीक्षागुरु तो गर्गस्वामी ही थे। परंतु हरिभद्रसूरिका समागम भी उनको हुआ था। इस लिये वे दोनों कुछ कालतक समकालीन अवश्य थे।

सिद्धर्षिके विषयमें एक और उल्लेख हमारे देखनेमें आया है जिसे हम प्रमाणकी दृष्टिसे नहीं किन्तु विचित्रताकी दृष्टिसे यहां पर सूचित किये देते हैं। जैन श्वे० कॉन्फरन्स हेरल्ड नामक मासिक पत्रके सन् १९१५ के जुलाई-अक्टोबर मासके संयुक्त अंकमें, एक गुजराती भाषामें लिखी हुई तपागच्छकी अपूर्ण पट्टावली छपी है। इस पट्टावलीमें हरिभद्रसूरिका भी वर्णन दिया गया है। इस वर्णनके अंतमें लिखा है कि, सिद्धर्षि हरिभद्रके भाणेज (भागिनेय) थे और उन्होंने उपमितिभवप्रपञ्चा कथा, श्रीचंद्रकेवलीचरित्र तथा विजयचंद्रकेवली चरित्र नामके ग्रन्थ बनाये थे (—देखो उक्त पत्र, पृ० ३५१)।

प्रभावक चरित्रमें सिद्धर्षिके सम्बन्धमें जो जो बातें लिखी हैं उनमें दो बातें और भी ऐसी हैं जो उनके समयका विचार करते समय उल्लिखित कर दी जाने योग्य हैं। पहली बात यह है कि, सिद्धर्षिको सुप्रसिद्ध संस्कृत महाकाव्य शिशुपालवधके कर्ता कवीश्वर माघके चचेराभाई (पितृव्यपुत्र) लिखे हैं;[29] और दूसरी बात यह है कि, कुवलयमाला कथाके कर्ता दाक्षिण्यचिन्ह सूरिको सिद्धर्षिके गुरुभ्राता बतलाये हैं।[30] परंतु महाकवि माघका समय ईस्वीकी ७ वीं शताब्दीका मध्य भाग निश्चित किया गया है;[31] और कुवलयमाला कथाके कर्ता दाक्षिण्यचिन्हसूरिका समय जैसा कि हम बतलायेंगे ई. स. की ८ वीं शताब्दीका अंतिम भाग निर्णीत है। इस कारणसे, जब तक सिद्धर्षिका लिखा हुआ उक्त ९६२ का वर्ष, एक तो प्रक्षिप्त या झूठा नहीं सिद्ध होता; और दूसरा वह विक्रम संवत्के

होगी। इधर ९६२ में उन्होंने अपनी कथा समाप्त की है। दीक्षा लेनेके पूर्वमें भी कमसे कम १५–२० वर्षकी उम्र होनी चाहिए। इस हिसाबसे उनकी आयु न्यूनसे न्यून भी ८० वर्षकी तो अवश्य होनी चाहिए।

२९ देखो, प्रभावकचरित्र–सिद्धर्षिप्रबन्ध, श्लो. ३-२०।

३० ,, ,, ,, ,, ८९।

३१ देखो, डॉ. जेकोबीकी उप०की प्रस्तावना, पृ. १३; तथा, श्रीयुत केशवलाल हर्षधराय ध्रुवका गुजराती अमरुशतक, प्रस्तावना, पृ. ९ (४ थी आवृत्ति)।

सिवा और किसी संवत्का साबित नहीं किया जाता, तब तक प्रभावकचरित्रकी ये दोनों बातें कपोलकल्पित ही माननी पड़ेगीं।

डॉ.मिरोनौ (Dr. N. Mironow) ने Bulletin de l'Académie Imperiale des Sciences de St.-Petersburg. 19 " में सिद्धर्षि ऊपर एक लेख प्रकाशित किया है जिसमें श्रीचंद्रकेवली-चरित्र नामक ग्रंथमें से निम्न लिखित दो श्लोक उद्धृत किये हैं[३२]।

वस्वङ्केषु (५९८) मिते वर्षे श्रीसिद्धर्षिरिदं महत्।
प्राक् प्राकृतचरित्राद्धि चरित्रं संस्कृतं व्यधात्॥
तस्मान्नानार्थसन्दोहादुद्धृतेयं कथात्र च।
न्यूनाधिकान्यथायुक्तेर्मिथ्यादुष्कृतमस्तु मे॥

इन श्लोकोंका सार मात्र इतना ही है कि— सिद्धर्षिने संवत् ५९८ में, प्राकृत भाषामें बने हुए पूर्वके श्रीचंद्रकेवलीचरित्र ऊपरसे संस्कृतमें नया चरित्र बनाया था। सिद्धर्षि अपनी उपमि० कथाके बननेका संवत्सर ९६२ लिखते हैं और इस चरित्रमें ५९८ वर्षका उल्लेख किया हुआ है। इस प्रकार इन दोनों वर्षोंके बीचमें ३६४ वर्षका अन्तर रहता है। इस लिये डॉ. मिरोनौका कथन है कि यदि इस ५९८ वें वर्षको गुप्त संवत् मान लिया जाय तो इस विरोधका सर्वथा परिहार हो जाता है। क्यों कि ५९८ गुप्त संवत्में ३७६ वर्ष सामिल कर देने पर विक्रम संवत् ९७४ हो जाता है और यह समय सिद्धर्षिके उपमि० कथावाले संवत्सर ९६२ के समीपमें आ पहुंचता है।

इस प्रकार सिद्धर्षिके समयादिके बारेमें जितने उल्लेख हमारे देखनेमें आये हैं उन सबका सार हमने यहां पर दे दिया है। हरिभद्रसूरिके समय-विचारके साथ सिद्धर्षिके समय-विचारका घनिष्ठ सम्बन्ध होनेसे हमें यहां पर इस विषयका इतना विस्तार करनेकी आवश्यकता पडी है।

सिद्धर्षि विषयक इन उपर्युक्त उल्लेखोंसे पाठक यह जान सकेंगे कि हरिभद्रसूरि और सिद्धर्षिके गुरुशिष्यभावके सम्बन्धमें, और इसी कारणसे इन दोनोंके सत्ता-समयके विषयमें जैन ग्रन्थकारोंके परस्पर कितने विरुद्ध विचार उपलब्ध होते हैं। परंतु आश्चर्य यह है कि इन इतने विचारोंमेंभी कोई ऐसा निश्चित और विश्वसनीय विचार हमें नहीं मालूम देता, जिसके द्वारा इस प्रश्नका निराकरण किया जा सके कि हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचके गुरुशिष्यभावका क्या अर्थ है?-वे दोनों समकालीन थे या नहीं?। इस लिये अब हमको,इन सब उल्लेखोंको यहीं छोड कर, खुद सिद्धर्षि और हरिभद्र ही के ग्रन्थोंके आन्तर प्रमाणोंका ऊहापोह करके; तथा अन्य ग्रंथोंमें मिलते हुए इसी विषयके संवादी उल्लेखोंके पूर्वापरभावका यथासाधन विचार करके, उनके द्वारा इन दोनों महात्माओंके सम्बन्ध और समयकी मीमांसा करनेकी आवश्यकता है। उसके सिवा, इस विषयका निराकरण होनी अशक्य है।

इस विषयके विचारके लिये हमने जितने प्रमाण संगृहीत किये हैं उनकी विस्तृत विवेचना करनेके पहले, हम यहां पर जैनदर्शनदिवाकर डॉ. हर्मन जेकोबीने बडे परिश्रमके साथ, प्रकृत विषयमें कितनेएक साधकबाधक प्रमाणोंका सूक्ष्मबुद्धिपूर्वक ऊहापोह करके, स्वसंपादित उपमितिभवप्रपञ्चाकी प्रस्तावनामें जो विचार प्रकाशित किये हैं उनका उल्लेख करना मुनासब समझते हैं।

डॉ. साहब अपनी प्रस्तावनामें सिद्धर्षिके जीवनचरित्रके बारेमें उल्लेख करते हुए, प्रारंभमें उपमितिकी प्रशस्तिमें जो गुरुपरंपरा लिखी हुई है उसका सार दे कर हरिभद्रकी प्रशंसावाले पद्योंका अनुवाद देते हैं। और फिर लिखते हैं कि—

"मेरा विश्वास है कि हरिभद्र और सिद्धर्षि विषयक इन उपर्युक्त श्लोकोंके पढनेसे सभी निष्पक्षपात पाठकोंको निश्चय हो जायगा कि इनमें शिष्यने अपने साक्षात् गुरुका वर्णन किया है परंतु 'परंपरागुरु' का नहीं। जिन प्रथम युरोपीय विद्वान् प्रो. ल्युमनने (जर्मन ओरिएन्टल सोसायटिका जर्नल, पु. ४३ पृ. ३४८ पर) इन श्लोकोंका अर्थ किया है उनका भी यही मंतव्य था, और हमारे

३२ डॉ. जेकोबीने भी अपनी उप०की प्रस्तावनाके अंतमें, साक्षिप्त टिप्पणके साथ इन श्लोकोंको छपवा दिये हैं।

इस अनुमानकी, उपमितिभवप्रपंचाके प्रथम प्रस्तावमें सिद्धर्षिने जो हकीकत लिखी है उससे, पुष्टि भी होती है। वहां पर, भिक्षुक निष्पुण्यक आत्मसुधारके प्रारंभसे ले कर अन्तमें जब वह अपना कुत्सित भोजन फेंक देता है और पात्रको धोकर स्वच्छ कर डालता है; अर्थात् आलंकारिक भाषाको छोड कर सीधे शब्दोंमें कहें तो, जब वह दीक्षा ले लेता है तब तक उस भिक्षुकको–इस सारे समय में–धर्मबोधकर गुरु उपदेश देने वाले और रास्ता बतानेवाले वर्णित किये गये हैं। सिद्धर्षि स्वयं कहते हैं कि इस रूपककथामें वर्णित धर्मबोधकर गुरु आचार्य हरिभद्र ही हैं, और भिक्षुक निष्पुण्यक स्वयं मैं ही हूं। इससे स्पष्टतया जाना जाता है कि सिद्धर्षिको दीक्षा लेने तक सद्बोध देनेवाले और सन्मार्ग पर लानेवाले साक्षात हरिभद्र ही थे।

"यद्यपि सिद्धर्षिके स्वकीय कथनानुसार वे हरिभद्रके समकालीन ही थे, परंतु जैनग्रन्थोक्त दन्तकथा, इन दोनों प्रसिद्ध ग्रन्थकारोंके बीचमें ४ शताब्दी जितना अन्तर बतलाती है। जैन परंपरा मुताबिक हरिभद्रका मृत्यु संवत ५८५ में हुआ था और उपमितिभवप्रपञ्चाकी रचना, रचयिताके उल्लेखानुसार ९६२ में हुई थी। हरिभद्र और सिद्धर्षिके बीचमें समय-व्यवधान बतलानेवाली दन्तकथा १३ वें शतकमें भी प्रचलित थी, ऐसा मालूम देता है। क्यों कि प्रभावकचरित्रकार हरिभद्र और सिद्धर्षिके चरित्रोंमें, इन दोनोंके साक्षात्कारके विषयमें कुछ भी नहीं लिखते। यद्यपि, वे इनके समयके सूचक वर्षोंका उल्लेख नहीं करते हैं, तथापि, इन दोनोंको वे समकालीन मानते हों ऐसा बिलकुल मालूम नहीं देता। क्यों कि वैसा मानते तो इनके चरित्रोंमें इस बातका अवश्य उल्लेख करते। तथा इन दोनोंके चरित्र जो दूर दूर पर दिये हैं, –हरिभद्रका चरित्र ९ वें सर्गमें और सिद्धर्षिका १४ वें सर्ग दिया है–वैसा न करके पासपासमें देते। प्रस्तुत विषयमें इस दन्तकथाके वास्तविक मूल्यका निर्णय करनेके लिये हरिभद्र और सिद्धर्षिके समय विचारकी, और उसके साथ सम्बन्ध रखनेवाले दूसरे विषयोंकी पर्यालोचना करनी आवश्यक है।

"कथाकी प्रशस्तिके अन्तमें सिद्धर्षि लिखते हैं कि, यह ग्रन्थ, संवत् ९६२ के ज्येष्ठ शुक्ल ५मी गुरुवारके दिन जब चन्द्र पुनर्वसु नक्षत्रमें विद्यमान था, तब समाप्त हुआ। इसमें यह नहीं लिखा हुआ है कि, यह ९६२ का वर्ष वीर, विक्रम, गुप्त, शक आदिमेंसे कौनसे संवत्सरका है। यदि यह वर्ष विक्रम संवत्का मान लिया जाय तो उस दिनके विषयमें लिखे गये वार आदि सब ठीक ठीक मिल जाते हैं। विक्रम संवत् ९६२ के ज्येष्ठ शुक्ल ५मी के दिन ईस्वी सन् ९०६के मई मासकी १ली तारीख आती है। उस दिन चन्द्रमा सूर्योदयसे लेकर मध्यान्हकालके बाद तक पुनर्वसु नक्षत्र में था। वार भी गुरु ही था। परंतु इस वर्षको वीर संवत मानें तो उस दिन ई. स. ४३६ के मई मासकी ७ वीं तारीख आती है। वार उस दिन भी गुरु ही आता है, परंतु चंद्रमा सूर्योदयके समय पुष्य नक्षत्रमें रह कर फिर दो घंटे बाद अश्लेषा नक्षत्रमें चला जाता है। इस लिये नक्षत्र बराबर नहीं मिलता। अतः प्रस्तुत संवत वीरसंवत नहीं होना चाहिए। दूसरी बात यह है कि, यदि इसे वीरसंवत माना जाय तो वह विक्रम संवत ४९२ होता है और इससे तो सिद्धर्षि अपने गुरु हरिभद्र, जो दंतकथाके कथनानुसार विक्रम संवत ५८५ में स्वर्गस्थ हुए, उनसे भी पूर्वमें हो जानेवाले सिद्ध होते हैं। इस लिये सिद्धर्षिका संवत निस्सन्देह विक्रम संवत् ही है और वह ई. स. ९०६ बराबर है।

"जैन परंपरा प्रचलित दन्तकथा मुजब हरिभद्रका मृत्यु समय विक्रम संवत् ५८५ (ई. स. ५२९) अर्थात वीर संवत् १०५५ है। यह समय हरिभद्रके ग्रन्थोंमें लिखी हुई कितनीएक बातोंके साथ सम्बद्ध नहीं होता। षड्दर्शनसमुच्चय नामक ग्रन्थमें हरिभद्र दिग्नाग शाखाके बौद्धन्यायका संक्षिप्त सार देते हैं, उसमें प्रत्यक्षकी व्याख्या 'प्रत्यक्षं कल्पनापोढमभ्रान्तं' ऐसी दी हुई है। यह व्याख्या न्यायबिन्दुके प्रथम परिच्छेदमें धर्मकीर्तिकी दी हुई व्याख्याके साथ शब्दशः मिलती है। दिग्नागकी व्याख्यामें 'अभ्रान्त' शब्द नहीं मिलता उनकी

व्याख्या इस प्रकार है—' प्रत्यक्षं कल्पनापोढं नाम-जात्याद्यसंयुतम् ।' (देखो, न्यायवार्तिक, पृ. ४४; तात्पर्य टीका, पृ. १०२; तथा सतीशचन्द्र विद्याभूषण लिखित—मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास, पृ. ८५, नोट २.) हरिभद्रसूरिकी दी हुई व्याख्यामें आवश्यकीय 'अभ्रान्त' शब्दकी वृद्धि हुई है, इस लिये जाना जाता है कि उन्होंने धर्मकीर्तिका अनुकरण किया है। धर्मकीर्तिका समय जैन दन्तकथामें बतलाये गये हरिभद्रके मृत्युसमयसे १०० वर्ष पीछे माना जाता है। इस लिये हरिभद्रका यह संवत् सत्य नहीं होना चाहिए। पुनः षड्दर्शनसमुच्चयके ११ वें श्लोकमें हरिभद्रसूरि बौद्धन्याय सम्मत लिंग (हेतु) के तीन रूप इस प्रकार लिखते हैं—

रूपाणि पक्षधर्मत्वं सपक्षे विद्यमानता ।
विपक्षे नास्तिता हेतोरेवं त्रीणि विभाव्यताम् ॥

यह बौद्ध न्यायका सुज्ञात सिद्धान्त है, परंतु हरिभद्र प्रयुक्त पक्षधर्मत्व पद खास ध्यान खींचने लायक है। क्यों कि न्यायशास्त्रके पुराण ग्रन्थोंमें यह पद दृष्टिगोचर नहीं होता। प्राचीन न्यायग्रन्थोंमें इस पदवाच्य भावको दूसरे शब्दों द्वारा प्रकट किया गया है। यह पद न्यायग्रन्थोंमें पीछेसे प्रयुक्त होने लगा है। इससे जाना जाता है कि हरिभद्रसूरि, कहे जानेवाले समयसे बादमें हुए होने चाहिए। अष्टक प्रकरण नामक अपने ग्रन्थके ४ थे अष्टकमें हरिभद्र सूरिने शिवधर्मोत्तरका उल्लेख किया है। इससे भी यही बात जानी जाती है; क्यों कि अज्ञात समयका यह ग्रन्थ बहुत पुरातन हो ऐसा प्रतीत नहीं होता। शंकरकी श्वेताश्वतर उपनिषद्की टीकामें इस ग्रंथका नाम मिलता है। यदि, हरिभद्रसूरिके ग्रन्थोंका ठीक ठीक अभ्यास किया जाय, और उनका बराबर शोध लगाया जाय तो, दन्तकथामें बतलाये हुए समयसे वे अर्वाचीन समयमें हुए थे, इसका प्रायः निर्णय हो जायगा।

"हरिभद्रसूरिके स्वर्गमनकी साल (जो विक्रम संवत् ५८५ और वीर संवत् १०५५ है) १६ वी शताब्दीसे प्राचीन नहीं ऐसे ग्रन्थोंमेंसे मिल आती है। पिछले ग्रन्थकारोंने यह साल मनगढन्त खडी कर दी है, ऐसा कहनेका मेरा आशय नहीं है, परंतु वास्तविक बातका भ्रान्त अर्थ करनेके कारण यह भूल उत्पन्न हुई है, ऐसा मैं समजता हूं। अन्तिम नोटमें (—देखो नीचे* दी हुई टिप्पणी) दिखलाये हुए मेरे अनुमानका स्वीकार करके प्रो० ल्युमन लिखते हैं (जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटिका जर्नल पु. ४३ पृ. ३४८.) कि 'अन्यान्य सालोंके (वही जर्नल पु. ३७, पृ. ५४० नोट.) समान हरिभद्रके स्वर्गमनकी सालके बारेमें भी संवत् लिखनेमें ग्रंथकारोंको भ्रान्ति हुई है। ५८५ की जो साल है वह वीर या विक्रम संवत् की नहीं है परंतु गुप्त संवत् की है। गुप्त संवत् ईस्वी सन् ३१९ में शुरू हुआ था। इस हिसाबसे हरिभद्रके स्वर्गमनकी साल ई. स. ९०४ आती है; अर्थात् उपमितिभवप्रपञ्चाकी रचनासमाप्तिके २ वर्ष पहले आती है। यह कथन सच हो सकता है; परन्तु, दन्तकथामें प्रचलित वीर संवत् की १०५५ वाली साल ली जाय और भ्रान्ति (भूल) उसमेंसे उत्पन्न हुई है ऐसा माना जाय तो इस दन्तकथावाली सालमें होनेवाली भ्रान्तिका खुलासा एक दूसरी तरह से भी किया जा सकता है। इस कल्पनाके करनेमें मुझे निम्न लिखित कारण मिलता है। 'पउमचरियं' नामक ग्रन्थके अन्तमें, उसके कर्ता विमलसूरि कहते हैं कि, यह ग्रन्थ उन्होंने वीर निर्वाण बाद ५३० (दूसरी पुस्तकमें ५२०) वे वर्षमें बनाया है। ग्रन्थकर्ताके इस कथनको नहीं माननेमें कोई कारण नहीं है। परंतु वह ग्रंथ ईस्वीसन्के ४ थे वर्षमें बना था, यह मानना कठिन लगता है। मेरे अभिप्रायके मुताबिक 'पउमचरियं' ईस्वीसन्की ३ री या ४ थी शताब्दीमें बना हुआ होना चाहिए। चाहे जैसा हो; परन्तु पूर्वकालमें महावीर निर्वाण काल-

*जर्मन ओरिएन्टल सोसाइटिके जर्नलकी ४० वीं जिल्दमें, पृ. ९४ पर, मैंने लिखा है कि—हरिभद्रसूरि और शीलाङ्काचार्य दोनोंके गुरु जिनभद्र या जिनभट थे, इस लिये वे दोनों समकालीन थे। शीलाङ्कने आचाराङ्गसूत्र ऊपर ७९८, ई. स. ८७६ में टीका लिखी है।

की गणना वर्तमान गणनाकी तरह एक ही प्रकारसे नहीं होती थी। ऐसा सन्देह लानेमें कारण मिलते हैं; और अगर ऐसा न हो तो भी प्राचीन कालमें निर्वाण समयकी गणनामें भूल अवश्य चली आती थी, जो पीछेसे सुधार ली गई है।"

— डॉ. जेकोबीकी उपमि० प्रस्तावना, पृ. ६-१०।

डॉ. साहबके इस सब कथनका एकंदर सार इतना ही है कि वे हरिभद्र और सिद्धर्षि--दोनोंको समकालीन मानते हैं और उनका समय सिद्धर्षिके लेखानुसार विक्रमकी १० वीं शताब्दी स्वीकरणीय बतलाते हैं। हरिभद्रकी मृत्यु-संवत् सूचक गाथामें जो ५८५ वर्षका जिकर है वह वर्ष विक्रम संवत्सरका नहीं परंतु गुप्त संवत्सरका समझना चाहिए। गुप्त संवत् और विक्रम संवत्के बीचमें ३७६ वर्ष का अन्तर रहता है। इस लिये ५८५ में ३७६ मिलानेसे ९६१ होते हैं। इधर सिद्धर्षिकी कथाके ९६२ में समाप्त होनेका स्पष्ट उल्लेख है ही। अतः वे दोनों बराबर समकालीन सिद्ध हो जाते हैं। हरिभद्रके मृत्यु संवत् ५८५ को विक्रमीय न माननेमें मुख्य कारण, एक तो सिद्धर्षि जो उनको अपना गुरु बतलाते हैं वह है, और दूसरा यह है कि हरिभद्रके निजके ग्रन्थोंमें ऐसे ग्रन्थकारोंका उल्लेख अथवा सूचन है, जो विक्रमीय ६ ठी शताब्दीके बाद हुए हैं। इस लिये उनका उतने पुराणे समयमें होना दोनों तरहसे असंगत है।

[टिप्पणी- मुनि धनविजयजीने चतुर्थस्तुतिनिर्णयशंकोद्धार नामक पुस्तकमें हरिभद्र और सिद्धर्षिके समकालीन होनेमें कुछ दो-एक और दूसरे प्रमाण दिये हैं जिन्हें भी संग्रहकी दृष्टिसे यहां पर लिख देते हैं। उन्होंने एक प्रमाण खरतर गच्छीय रंगविजय लिखित पट्टावलीका दिया है। इस पट्टावलीमें वि. सं. १०८० में होनेवाले जिनेश्वरसूरिसे पूर्वके ४ थे पट्ट ऊपर हरिभद्रसूरि हुए, ऐसा उल्लेख है। अर्थात जिनेश्वरसूरि ३३ वें पट्टधर थे और हरिभद्रसूरि २९ वें पट्टधर। इस उल्लेखानुसार, मुनि धनविजयजीका कहना है कि, १०८० मेंसे ४ पट्टके २५० वर्ष निकाल देनेसे शेष ८३० वर्ष रहते हैं, सो इस समयमें हरिभद्रसूरि हुए होंगे। (जब इस उल्लेख के आधार पर हरिभद्रको सिद्धर्षिके समकालीन सिद्ध करना है तो फिर ४ पट्टके २५० वर्ष जितने अव्यवहार्य संख्यावाले वर्षोंके निकालनेकी क्या जरूरत है। ऐतिहासिक विद्वान् सामान्य रीतिसे एक मनुष्यके व्यावहारिक जीवनके २० वर्ष गिनते हैं और इस प्रकार एक शताब्दीमें पांच पुरुष-परंपराके हो जानेका साधारण सिद्धान्त स्वीकार करते हैं। इस लिये ४ पट्टके ज्यादहसे ज्यादह सौ सवासौ वर्ष बाद कर, हरिभद्रको सीधे सिद्धर्षिके समकालीन मान लेनेमें अधिक युक्ति संगतता है।)

दूसरा प्रमाण धनविजयजीने यह दिया है कि-रत्नसंचय प्रकरणमें, निम्न लिखित गाथार्धमें हरिभद्रका समय वीर संवत् १२५५ लिखा है। यथा—

'पणपण्णबारससए हरिभद्दो सूरि आसि पुव्वकए'

इस गाथाके 'टबार्थ' में लिखा है कि—'वीरथी बारसें पंचावन वर्षे श्रीहरिभद्रसूरि थया। पूर्वसंघ (?) ना करनार।' इस पर धनविजयजी अपनी टिप्पणी करते हैं कि, वीर संवत् १२५५ मेंसे ४७० वर्ष निकाल देनेपर विक्रम संवत् ७८५ आते हैं। संभव है कि, हरिभद्र सूरिका आयुष्य सौ वर्ष जितना दीर्घ हो और इस कारणसे वे सिद्धर्षिके, निदान बाल्यावस्थामें तो, समकालीन हो सकते हैं (!)।

तीसरा प्रमाण उन्होंने यह लिखा है:-दशाश्रुतस्कन्ध सूत्रकी टीकाके कर्ता ब्रह्मर्षिने 'सुमतिनागिलचतुष्पदी' में लिखा है कि, महानिशीथसूत्रके उद्धारकर्ता हरिभद्रसूरि वीरनिर्वाणबाद १४०० वर्षमें हुए। यथा—

'वरस चउदसे वीरह पछे,
ए ग्रंथ लखिओ तेणे अ छे।
दसपूर्वलग सूत्र कहाय,
पछे न एकान्ते कहवाय॥'

इस कथनानुसार विक्रम संवत ९३० में हरिभद्र हुए सिद्ध होते हैं। उनके बाद ३२ वें वर्षमें सिद्धर्षिने उपमितिभवप्रपञ्चा कथा बनाई। इस प्रमाणानुसार भी ये दोनों समकालीन ही सिद्ध होते हैं।]

जेकोबी साहबने हरिभद्रसूरिके समग्र ग्रन्थ देखे बिना ही-केवल षड्दर्शनसमुच्चयमेंके बौद्धन्यायसम्मत प्रत्यक्ष प्रमाणके लक्षणको देख कर ही-उन्होंने जो धर्मकीर्तिके बाद हरिभद्रके होनेका अनुमान किया है, वह निःसन्देह उनकी शोधक बुद्धि और सूक्ष्म प्रतिभाका उत्तम परिचय देता है। क्यों कि, जैसा हम आगे चल कर सविस्तर लिखेंगे, हरिभद्रने केवल धर्मकीर्तिकथित लक्षणका अनुकरण मात्र ही नहीं किया है, परंतु उन्होंने अ-

पने अनेकान्तजयपताकादि दूसरे ग्रन्थोंमें उन महान् बौद्ध तार्किकके हेतुबिन्दु आदि ग्रन्थोंमेंसे अनेक अवतरण भी दिये हैं और पचासों वार साक्षात् उनका स्पष्ट नामोल्लेख तक भी किया है। इस लिये डॉ. साहबका यह अनुमान निःसन्देहरूपसे सत्य है कि धर्मकीर्ति हरिभद्रके पुरोगामी थे। परंतु इस प्रमाण और कथनसे हरिभद्रका सिद्धर्षिके साथ एक कालमें होना हम नहीं स्वीकार सकते। यदि डॉ. जेकोबीके कथनके विरुद्ध जानेवाला कोई निश्चित प्रमाण हमें नहीं मिलता, तब तो उनके उक्त निर्णयमें भी अविश्वास लानेकी हमें कोई जरूरत नहीं होती और नाही इस विषयके पुनर्विचारकी आवश्यकता होती। परंतु हमारे सम्मुख एक ऐसा असन्दिग्ध प्रमाण उपस्थित है जो स्पष्टरूपसे डॉ. साहबके निर्णयके विरुद्ध जाता है। इसी विरुद्ध प्रमाणकी उपलब्धिके कारण इस विषयकी हमें फिरसे जांच करनेकी जरूरत मालूम पडी और तदनुसार प्रकृत उपक्रम किया गया है।

अपनी इस जांचके परिणाममें हमें जो जो नये प्रमाण मिले हैं उनको क्रमशः उल्लिखित करनेके पहले और उन प्रमाणोंके आधार पर जो सिद्धान्त हमने स्थिर किया है उसका विस्तृत स्वरूप बतलानेके पहले, पाठकोंके ज्ञानसौकर्यार्थ, अपने निर्णयका सारांश हम प्रथम यहीं पर कह देते हैं कि, हमारे शोधके मुताबिक हरिभद्रसूरि न तो उक्त प्राकृत गाथा आदि लेखोंमें बतलाये मुजिब ६ ठी शताब्दी में विद्यमान थे; और न डॉ. जेकोबी साहब आदि लेखकोंके कथनानुसार, सिद्धर्षिके समान १० वीं शताब्दीमें मौजूद थे। परंतु श्रमण भगवान् श्रीमहावीरदेव प्ररूपित आर्हत दर्शनके अजरामर सिद्धान्तस्वरूप 'अनेकान्तवाद' की 'जयपताका' को भारतवर्षके आध्यात्मिक आकाशमें उन्नत उन्नततर रूपसे उडाने वाले ये 'श्वेतभिक्षु' महात्मा अपने उज्ज्वल और आदर्श जीवनसे, आठवीं शताब्दीके सौभाग्यको अलंकृत करते थे।

अपने इस निर्णयको प्रमाणित करनेके लिये हमें केवल दो ही बातोंका समाधान करना होगा। एक तो सिद्धर्षिने जो हरिभद्र सूरिको अपने धर्मबोधकर गुरु बतलाये हैं, उसका क्या तात्पर्य है, इस बातका: और दूसरा, प्राकृत गाथामें और उसके अनुसार अन्यान्य पूर्वोक्त ग्रन्थोंमें हरिभद्रका स्वर्गगमन जो विक्रम संवत्के ५८५ वें वर्षमें लिखा है उसका स्वीकार क्यों नहीं किया जाता, इस बातका। इसमें पहली बातका-सिद्धर्षिके लिखे हुए हरिभद्रपरक गुरुत्वका-समाधान इस प्रकार है—

उपमितिभवप्रपञ्चा कथामें लिखे हुए सिद्धर्षिके एतद्विषयक वाक्योंका सूक्ष्मबुद्धिपूर्वक विचार किया जाय और उनका पूर्वापर सम्बन्ध लगाया जाय तो प्रतीत होगा कि, सिद्धर्षि हरिभद्रको अपने साक्षात् (प्रत्यक्ष) गुरु नहीं मानते परंतु परोक्षगुरु-अर्थात् आरोपितरूपसे गुरु-मानते हैं। उपमि० की प्रशस्तिमें जो उन्होंने अपनी गुरुपरंपरा दी है, उसका विचार यहां अवश्य कर्तव्य है। इस प्रशस्तिके पाठसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि सिद्धर्षिके दीक्षाप्रदायक गुरु गर्गर्षि थे-अर्थात् उन्होंने गर्गर्षिके हाथसे दीक्षा ली थी। प्रशस्तिके सातवें पद्यमें यह बात स्पष्ट लिखी हुई है। यथा—

सद्दीक्षादायकं तस्य स्वस्य चाहं गुरूत्तमम्।
नमस्यामि महाभागं गर्गर्षिमुनिपुङ्गवम्॥

प्रशस्तिके पाठसे यह भी ज्ञात होता है कि, गर्गर्षि मात्र सिद्धर्षिके 'दीक्षा गुरु' थे, बाकी और सब प्रकारका गुरुभाव उन्होंने दुर्गस्वामीमें स्थापित किया है। क्यों कि दुर्गस्वामीकी प्रशंसामें जब उन्होंने ५-६ श्लोक लिखे हैं और अपनेको उनका 'चरणरेणुकल्प' लिखा है, तब गर्गर्षिको केवल एक श्लोकमें नमस्कार मात्र किया है। साथमें इस उपर्युद्धृत श्लोकमें दुर्गस्वामीको भी दीक्षा देने वाले गर्गर्षि ही बतलाये हैं। इससे यह भी अनुमान होता है कि, शायद, गर्गर्षि मूल सूराचार्यके शिष्य और देल्लमहत्तरके गुरुबन्धु होंगे।[३३] उन्होंने

३३ ऊपरका कथन लिखे बाद पीछेसे जब प्रभावकचरित्र में देखा तो उसमें वही बात लिखी मिली जो हमने अनुमानित की है। अर्थात् प्रभा० कारने गर्गर्षिको सूराचार्य ही के 'विनेय' (शिष्य) लिखे हैं। यथा—

'आसीन्निर्वृत्तिगच्छे च सूराचार्यो धियां निधिः।
तद्विनेयश्च गर्गर्षिरहं दीक्षागुरुस्तव॥'

प्रभावकचरित्र, पृ० २०१, श्लो. ८५।

दुर्गस्वामीको दीक्षा अपने हाथसे दी होगी, परंतु गुरुतया देल्लमहत्तरका नाम प्रकट किया होगा (-ऐसा प्रकार आज भी देखा जाता है और दूसरे जुने ग्रन्थोंमें इस प्रकारके उदाहरणोंके अनेक उल्लेख भी मिल आते हैं)। सिद्धर्षिको भी उन्होंने या तो दुर्गस्वामीके ही नामसे दीक्षा दी होगी, अथवा अपने नामसे दीक्षा देकर भी उनको दुर्गस्वामीके स्वाधीन कर दिये होंगे, जिससे शास्त्राभ्यास आदि सब कार्य उन्होंने उन्हींके पास किया होगा। और इस कारणसे सिद्धर्षिने मुख्य कर उन्हींको गुरुतया स्वीकृत किये होंगे। यह चाहे जैसे हो; परंतु कहनेका तात्पर्य यह है कि सिद्धर्षिकी प्रशस्तिके पाठसे तो उनके गुरु दुर्गस्वामी और साथमें गर्गर्षि ज्ञात होते हैं। ऐसी दशामें यहां पर, यह प्रश्न उपस्थित होता है कि डॉ. जेकोबीके कथनानुसार सिद्धर्षिको धर्मबोध करनेवाले सूरि यदि साक्षात् रूपसे आचार्य हरिभद्र ही होते तो फिर वे उन्हींके पास दीक्षा ले कर उनके हस्तदीक्षित शिष्य क्यों नहीं होते? गर्गर्षि और दुर्गस्वामीके शिष्य बननेका क्या कारण? इसके समाधानके लिये डॉ. जेकोबीने कोई विचार नहीं किया।

पाठक यहां पर हमसे भी इसी तरहका उलटा प्रश्न यह कर सकते हैं कि जब हमारे विचारसे हरिभद्र सिद्धर्षिके साक्षात् या वास्तविक गुरु नहीं थे तो फिर स्वयं उन्होंने

'आचार्य हरिभद्रो मे धर्मबोधकरो गुरुः।'

ऐसा उल्लेख क्यों किया? इस उल्लेखका क्या मतलब है?।

इस प्रश्नका यद्यपि हमको भी अभी तक यथार्थ समाधान नहीं हुआ है, तथापि इतनी बात तो हमें निश्चितरूपसे प्रतीत होती है कि हरिभद्रका सिद्धर्षिको कभी साक्षात्कार नहीं हुआ था। प्रमाणमें, प्रथम तो सिद्धर्षिका ही उल्लेख ले लिया जाय। उपमि० की प्रशस्तिमेंके हरिभद्रकी प्रशंसावाले जो तीन श्लोक हम पहले लिख आये हैं उनमेंका तीसरा[३४] श्लोक विचारने लायक है। इस श्लोकमें सिद्धर्षि 'अनागतं परिज्ञाय' ऐसा वाक्य-प्रयोग करते हैं। 'अनागत' शब्दका यहां पर दो तरहसे अर्थ लिया जा सकता है[३५]—एक तो, यह शब्द सिद्धर्षिका विशेषण हो सकता है; और इसका विशेष्य मां (मुझको) यह अध्याहृत रहता है; इस विचारसे, इसका अर्थ 'अनागत याने भविष्यमें होनेवाले ऐसे मुझको जानकर' ऐसा होता है। दूसरा यह शब्द क्रियाविशेषण भी बन सकता है, और उसका व्याकरणशास्त्रकी पद्धति अनुसार 'अनागतं यथा स्यात् तथा परिज्ञाय' ऐसा शाब्दबोध होता है। इसका अर्थ 'अनागत याने भविष्यमें जैसा होगा वैसा जान कर' ऐसा होता है। दोनों तरहके अर्थका तात्पर्य एक ही है और वह यह है कि सिद्धर्षिके विचारसे हरिभद्रका ललितविस्तरारूप बनानेवाला कार्य भविष्यत्कालीन उपकारकी दृष्टिसे है। इससे यह स्वतः स्पष्ट है कि हरिभद्रने ललितविस्तरा किसी अपने समानकालीन शिष्यके विशिष्ट बोधके लिये नहीं बनाई थी। और जब ऐसा है तो, तर्कसरणिके अनुसार यह

३४ असलमें यह श्लोक दूसरा होना चाहिए और जो दूसरा है वह तीसरा होना चाहिए। क्यों कि इस श्लोकका अन्वयार्थ पहले श्लोकके साथ सम्बन्ध रखता है। प्रभावक चरित्रमें इसी क्रमसे ये श्लोक लिखे हुए भी उपलब्ध हैं। (देखो, पृ० २०४)

३५ मुनि धनविजयजीने चतुर्थस्तुतिनिर्णयशंकोद्धारमें 'अनागत' शब्दका प्रसिद्ध अर्थ जो 'भविष्यत्' वाचक है उसे छोड कर और कई प्रकारके विलक्षण अर्थ किये हैं और उनके द्वारा सिद्धर्षिका हरिभद्रसूरिके समान कालमें होना साबित किया है। धनविजयजीके ये विलक्षण अर्थ इस प्रकार हैं:—"'अनागत' याने बौद्धमेसे मुझको (सिद्धर्षिको) नहीं आया हुआ जान कर; अथवा, 'अनागत' याने जैनमतसे अज्ञात जान कर; तथा, 'अनागत' याने भविष्यमें मैं बौद्धपरिभावितमति हो जाऊंगा, ऐसा जान कर; पुनः 'अनागत' याने आगमनकर्ताका भिन्नत्व (?) जान कर—अर्थात् २१ वीं बार बौद्धधर्ममेंसे मुझे नहीं आता जान कर; फिर, 'अनागत' याने संपूर्णबोधको प्राप्त हुआ न जान कर; चैत्यवन्दनका आश्रय ले कर, श्रीहरिभद्रसूरिने मेरे प्रतिबोधके लिये ललितविस्तरा वृत्ति बनाई। इस तरह का 'अनागतं' परिज्ञाय इस श्लोकका अर्थ संभवित लगता है(!)।'

स्वयंसिद्ध हो गया कि, उस वृत्तिको अपने ही विशिष्ट बोधके लिये रची गई माननेवाला शिष्य, उन आचार्यसे अवश्य पीछे ही के कालमें हुआ था। हमारे विचारसे, प्रस्तुत श्लोकके उत्तरार्धमें ललितविस्तराके विशेषणरूपमें 'मदर्थैव कृता–(मेरे ही लिये की गई)' ऐसा जो पाठ है उसकी जगह 'मदर्थेव कृता–(मानों मेरे लिये की गई), ऐसा होना चाहिए। क्यों कि उक्त रीतिसे जब सिद्धर्षि अपना अस्तित्व हरिभद्रके बाद-किसी समयमें-होना सूचित करते हैं तो फिर उनकी कृतिको निश्चयरूपसे (एवकार शब्दका प्रयोग कर) अपने ही लिये बनाई गई कैसे कह सकते हैं? इस लिये यहां पर 'इव' जैसे उपमावाचक (आरोपित अर्थसूचक) शब्दका प्रयोग ही अर्थसंगत है। बहुत संभव है कि उपमि० की दूसरी हस्तलिखित पुस्तकोंमें इस प्रकारका पाठभेद मिल भी जायँ।

ललितविस्तरा वृत्ति सिद्धर्षिको किस रूपमें उपकारक हो पडी थी, अथवा किस कारणसे उन्होंने उसका स्मरण किया है, इस बातका पता उनके लेखसे बिल्कुल नहीं लगता। उनके चरित्रलेखक, जो, बौद्धधर्मके संसर्गके कारण जैनधर्मपरसे उनका चित्तभ्रंश होना और फिर इस वृत्तिके अवलोकनसे पुनः स्थिर होना, इत्यादि प्रकारकी बातें लिखते हैं, वे कहां तक सत्य हैं इसका कोई निर्णय नहीं हो सकता। ललितविस्तराकी पञ्जिका लिखनेवाले मुनिचंद्रसूरि, जो सिद्धर्षिसे मात्र २०० वर्ष बाद हुए हैं वे भी. इस प्रवादकी पुष्टिमें प्रमाणरूप गिना जाय, ऐसा ही अपना अभिप्राय लिखते हैं[३७]।

परंतु, इधर जब हम एक तरफ ललितविस्तरामें चर्चित विषयका विचार करते हैं और दूसरी तरफ उपमितिमें वर्णित सिद्धर्षिके आन्तर जीवनका अभ्यास करते हैं तब, इन दोनों ग्रन्थोंमें, इस प्रचलित प्रवादकी सत्यताका निश्चायक ऐसा कोई भी प्रमाण हमारी दृष्टिमें नहीं आता। ललितविस्तरामें यद्यपि अर्हद्देवकी आप्तता और पूज्यता बडी गभीर और हृदयङ्गमरीतिसे स्थापित की गई है, तथापि उसमें ऐसा कोई विशेष विचार नहीं है जिसके अवलोकनसे, बौद्धन्यायशास्त्रके विशिष्ट अभ्यासके कारण सिद्धर्षि जैसे प्रतिभाशाली और जैनशास्त्रके पारदर्शी विद्वान्का स्वधर्मसे चलायमान हो जानेवाला मन सहजमें पुनः स्थिर हो जाय। हां, यदि हरिभद्र ही के बनाये हुए अनेकान्तजयपताकादि ग्रंथोंके लिये ऐसा विधान किया हुआ होता तो उसमें अवश्य सत्य माननेकी श्रद्धा उत्पन्न हो सकती है। क्यों कि उन ग्रन्थोंमें बौद्ध शास्त्रके समग्र कुतर्कोंका बडा अकाट्य युक्तियों द्वारा संपूर्ण निराकरण किया गया है। दूसरी बात यह है कि, यदि सिद्धर्षिका उक्त प्रवादानुसार वैसा जो विश्वविश्रुत धर्मभ्रंश हुआ होता तो उसका जिकर वे उपमिति०के प्रथम प्रस्तावमें अपने 'स्वसंवेदन' में अवश्य करते। क्यों कि सांसारिक कुवासनाजन्य धर्मभ्रंशका वर्णन विस्तारके साथ उन्होंने दो तीन जगह किया है (देखो, उप० पृ. ७३,-७४) परंतु दार्शनिक कुसंस्कारजन्य धर्मभ्रंशका उल्लेख कहीं भी नहीं किया है। यद्यपि एक जगह, कुतर्कवाले ग्रन्थ और उनके प्रणेता कुतीर्थिक, मुग्ध जनको किस प्रकार भ्रान्त करते हैं और तत्त्वाभिमुखतासे किस प्रकार पराङ्मुख बनाते हैं, उसका उल्लेख आया है (देखो, उप० पृ० ४६); तथापि वह सर्वसाधारण और निष्पुण्यककी भगवद्धर्मप्राप्तिके पूर्वका वर्णन होनेसे उस परसे सिद्धर्षिके प्रावादिक धर्मभ्रंशका कुछ भी सूचन नहीं होता। अतः इस बातका हम कुछ निर्णय नहीं कर सके कि ललितविस्तरा वृत्तिका स्मरण सिद्धर्षिने क्यों किया है। हां, इतनी बात तो जानी जाती है कि यह वृत्ति उन्हें अभ्यस्त अवश्य थी और इस पर उनकी

---

३६ प्रभावक चरित्रमें '**मदर्थं निर्मिता येन**' ऐसा पाठ मुद्रित है। इसी तरह दूसरी पुस्तकोंमें उक्त प्रकारका दूसरा पाठ भी मिलना बहुत संभवित है।

३७ मुनिचन्द्रसूरिने पञ्जिकामें ललितविस्तरा वृत्तिकी विवृति करनेके लिये अपनी असमर्थता बताते हुए निम्नलिखित पद्य लिखा है।—

'यो बुद्ध्वा किल सिद्धसाधुरखिलव्याख्यातृचूडामणिः
सम्बुद्धः सुगतप्रणीतसमयाभ्यासाच्चलच्चेतनः।
यत्कर्तुः स्वकृतौ पुनर्गुरुतया चक्रे नमस्यामसौ
को ह्येनां विवृणोतु नाम विवृतिं स्मृत्यै तथाप्यात्मनः॥'

भक्ति थी। क्यों कि इस वृत्तिकी वाक्यशैलीका उन्होंने अपने महान् ग्रन्थमें उत्तम अनुकरण किया है, इतना मात्र ही नहीं है परंतु इसमें जितने उत्तम उत्तम धार्मिक भावनावाले वाक्य हैं वे सब एक दूसरी जगह ज्यों के त्यों अन्तर्हित भी कर लिये हैं। उदाहरणके लिये चतुर्थ प्रस्तावमें जहां पर नरवाहन राजा विचक्षण नामके सूरिके पास जा कर बैठता है, तब सूरिने जो उपदेशात्मक वाक्य उसे कहे हैं वे सब सिद्धर्षिने ललितविस्तरा ही मेंसे ज्यों के त्यों उद्धृत किये हैं (देखो, उपमि. पृ. ४७७, और ललित० पृ.७६-७)। इसी तरह, सातवें प्रस्तावमें भी एक जगह बहुतसा उपदेशात्मक अवतरण यथावत् उद्धृत (अन्तर्हित) किया हुआ है (उपमि. पृ १०९२ और ललित. पृ. १६६)। इससे यह निश्चित ज्ञात होता है कि सिद्धर्षिको यह ग्रन्थ बहुत प्रिय था और इस प्रियतामें कारणभूत, किसी प्रकारका इस ग्रन्थका, उनके ऊपर विशिष्ट उपकारकत्व ही होगा। विना ऐसे विशिष्ट उपकारकत्वके, उक्त रीतिसे, इस ग्रन्थका सिद्धर्षिद्वारा बहुमान किया जाना संभवित और संगत नहीं लगता। जिस ग्रन्थके अध्ययन वा मननसे अपना आत्मा उपकृत होता है, उस ग्रन्थके प्रणेता महानुभावको भी अपना उपकारी मानना-समजना और तदर्थ उसको नमस्कारादि करना, यह एक कृतज्ञ और सज्जनका प्रसिद्ध लक्षण है, और वह सर्वानुभव सिद्ध ही है। अतः हरिभद्रके समकालीन न होने पर भी सिद्धर्षिका, उनको गुरुतया पूज्य मान कर नमस्कारादि करना और उन्हें अपना परमोपकारी बतलाना तथा उनकी बनाई हुई ललितविस्तरा वृत्तिके लिये 'मदर्थेव कृता--मानो मेरे लिये की गई' की भावनात्मक कल्पना करना सर्वथा युक्तिसंगत है।

उपर्युक्त कथनानुसार सिद्धर्षि हरिभद्रसूरिकी अपेक्षासे अनागत याने भविष्यकालवर्ती थे, यह बात निश्चित सिद्ध होती है। इसी बातका विशिष्ट उल्लेख उन्होंने, उपमिति० के प्रथम प्रस्तावमें और भी स्पष्ट रूपसे कर दिया है। इस प्रस्तावमें, सिद्धर्षिने, निष्पुण्यक भिखारीके राजमन्दिरके चौकमें प्रविष्ट होने पर उस पर महाराजकी दयार्द्र दृष्टिके पडनेका, और उस दृष्टिपातको देख कर, महाराजकी पाकशालाके धर्मबोधकर नामक अधिकारीके मनमें, उसके कारणका विचार करनेका, जो रूपकात्मक वर्णन दिया है, उस वर्णनको फिर अपने अन्तरङ्ग जीवन ऊपर घटाते हुए तथा रूपकका अर्थ स्फुट करते हुए उन्होंने लिखा है कि—

'यथा च तां महाराजदृष्टिं तत्र रोरे निपतन्तीं धर्मबोधकराभिधानो महानसनियुक्तो निरीक्षितवानित्युक्तम्, तथा परमेश्वरावलोकनां मज्जीवे भवतीं धर्मबोधकरणशीलो 'धर्मबोधकरः' इति यथार्थाभिधानो मन्मार्गोपदेशकः 'सूरिः' स निरीक्षते स्म,

(उपमिति, पृ. ८०)

अर्थात्--'पहले जो भोजनशालाके अधिकारी धर्मबोधकरने उस भिखारीपर पडती हुई महाराजकी दृष्टि देखी' ऐसा कहा गया है, उसका भावार्थ 'धर्मका बोध (उपदेश) करनेमें तत्पर होनेके कारण 'धर्मबोधकर' के यथार्थ नामको धारण करनेवाले ऐसे जो मेरे मार्गोपदेशक सूरि हैं, उन्होंने मेरे जीवन ऊपर पडती हुई परमेश्वरकी अवलोकना (ज्ञानदृष्टि) को देखी, ऐसा समझना चाहिए।'

इस रूपकको अपने जीवनपर इस प्रकार उपमित करते हुए सिद्धर्षिके मनमें यह स्वाभाविक शंका उत्पन्न हुई होगी कि, 'रूपकमें जो धर्मबोधकरका, भिखारीपर पडती हुई दृष्टिके देखनेका वर्णन दिया गया है वह तो साक्षात्रूपमें है। अर्थात्, जब भिखारी ऊपर महाराजकी दृष्टि पडती थी तब धर्मबोधकर (पाकशालाधिपति) वहां पर प्रत्यक्ष रूपसे हाजर था। परंतु इस उपमितार्थमें तो यह बात पूर्णरूपसे घट नहीं सकती। क्यों कि, परमेश्वर तो सर्वज्ञ होनेसे उनकी दृष्टिका पडना तो मेरे ऊपर वर्तमानमें भी सुघटित है, परंतु जिनको मैंने अपना धर्मबोधकर गुरु माना है, वे (हरिभद्र) सूरि तो मेरे इस वर्तमान जीवनमें विद्यमान हैं ही नहीं और न वे परमेश्वरकी तरह सर्वज्ञ ही माने जा सकते हैं, इस लिये इस उपमानकी अर्थ-

संगति कैसे लगाई जाय ? [पाठक यहां पर यह बात ध्यानमें रक्खें कि सिद्धर्षिने इस सारे प्रसङ्गमें जिस धर्मबोधकर गुरु का वर्णन किया है वह हरिभद्रसूरिको ही लक्ष्य कर है। क्यों कि, प्रशस्तिमें यह बात खास तौरसे, उन्होंने लिख दी है। देखो ऊपर पृष्ठ २९ पर, हरिभद्रकी प्रशंसामें लिखे गये तीन श्लोकोंमें का पहला श्लोक।]

इस शङ्काका उन्मूलन करनेके लिये और प्रकृत उपमानकी अर्थ सङ्गति लगानेके लिये उस क्रान्तदर्शी महर्षिने अपने अनुपम प्रातिभ कौशलसे निम्न लिखित कल्पनाका निर्माण कर अपूर्व बुद्धि-चातुर्य बतलाया है। वे लिखते हैं कि—

'सद्ध्यानबलेन विमलीभूतात्मानः परहितैकनिरतचित्ता भगवन्तो ये योगिनः पश्यन्त्येव देशकालव्यवहितानामपि जन्तूनां छद्मस्थावस्थायामपि वर्तमाना दत्तोपयोगा भगवदवलोकनाया योग्यताम्। पुरोवर्तिनां पुनः प्राणिनां भगवदागमपरिकर्मितमतयोऽपि योग्यतां लक्षयन्ति, तिष्ठन्तु विशिष्टज्ञाना इति। ये च मम सदुपदेशदायिनो भगवन्तः सूरयस्ते विशिष्टज्ञाना एव, यतः कालव्यवहितैरनागतमेव तैर्ज्ञातः समस्तोऽपि मदीयो वृत्तान्तः। स्वसंवेदनसिद्धमेतदस्माकामिति।'

उप० पृ० ८०।

अर्थात्—'सद्ध्यानके बलसे जिनका आत्मा निर्मल हो गया है और जो परहितमें सदा तत्पर रहते हैं ऐसे योगी महात्मा, छद्मस्थावस्था याने असर्वज्ञदशामें भी विद्यमान हो कर, अपने उपयोग (ज्ञान) द्वारा, देशान्तर और कालांतरमें होनेवाले प्राणियोंकी, भगवान्के दृष्टिपातके योग्य ऐसी, योग्यताको जान लेते हैं। तथा इसी तरह जिनकी मति भगवान्के आगमोंके अध्ययनसे विशुद्ध हो गई है वैसे आगमाभ्यासी पुरुष भी इस प्रकारकी योग्यताको जान सकते हैं तो फिर विशिष्टज्ञानियों (श्रुतज्ञानियों) की तो बात ही क्या है? । और जो मेरेको सदुपदेश देनेवाले आचार्य महाराज हैं वे तो विशिष्टज्ञानी ही हैं। इस लिये 'कालसे व्यवहित' याने कालांतरमें (पूर्वकालमें) होने पर भी, उन्होंने 'अनागत, याने भविष्यकालमें होनेवाला मेरा समग्र वृत्तांत जान लिया था। यह बात हमारी स्वसंवेदन (स्वानुभव) सिद्ध है।'

इस उल्लेख पर किसी प्रकारकी टीकाकी जरूरत नहीं है। स्पष्टरूपसे सिद्धर्षि कहते हैं कि, मेरेसे कालव्यवहित अर्थात् पूर्वकालमें हो जानेवाले धर्मबोधकर सूरि (जो स्वयं हरिभद्र ही है) ने जो अनागत याने भविष्यकालमें होनेवाला मेरा समग्र वृत्तान्त जान लिया था उसका कारण यह है कि वे विशिष्टज्ञानी थे। हरिभद्र सूरि सचमुच ही सिद्धर्षिके जीवनके बारेमें कोई भविष्यलेख लिख गये थे या कथागत उपमितार्थकी संगतिके लिये सिद्धर्षिको यह स्वोद्भावित कल्पना मात्र है, इस बातके विचारनेकी यहां पर कोई आवश्यकता नहीं है। यहां पर इस उल्लेखकी उपयोगिता इसी दृष्टिसे है कि, इसके द्वारा हम यह स्पष्ट जान सके हैं कि हरिभद्रसूरि सिद्धर्षिके समकालीन नहीं हैं किन्तु पूर्वकालीन हैं।

इस प्रकार सिद्धर्षिके निजके उल्लेखसे तो हरिभद्रसूरिकी पूर्वकालीनता सिद्ध होती ही है, परंतु इस पूर्वकालीनताका विशेष साधक और अधिक स्पष्ट प्रमाण प्राकृत साहित्यके एक मुकुटमणिसमान 'कुवलयमाला' नामक कथाग्रन्थमेंसे भी मिलता है। यह कथा दाक्षिण्यचिन्हके उपनामवाले उद्योतनसूरिने बनाई है। इसकी रचना-समाप्ति शक संवत् सात सौ के समाप्त होनेमें जब एक दिन न्यून था तब,–अर्थात् शक संवत् ६९९, के चैत्रकृष्ण १४ के दिन–[38] हुई थी। यह उल्लेख कर्ताने, स्वयं प्रशस्तिमें निम्न प्रकारसे किया है—

'........ अह चोद्दसीए चित्तस्स किण्हपक्खम्मि।
निम्मविया बोहकरी भव्वाणं होउ सव्वाणं॥'

× × × ×

३८ राजपूताना और उत्तर भारतमें पूर्णिमान्त मास माना जाता है। इस लिये यहां पर इसी पूर्णिमान्त मासकी अपेक्षासे चैत्रकृष्णका उल्लेख किया हुआ है। दक्षिण भारतकी अपेक्षासे फाल्गुनकृष्ण समझना चाहिए। क्यों कि वहां पर अमान्त मास प्रचलित है। गुजरातमें भी यही अमान्त मास प्रचलित है।

'सगकाले वोलीणे वरिसाण सएहिं सत्तहिं गएहिं ।
एगदिणे णूणेहिं एस समत्ता वरण्हम्मि ॥'

[**टिप्पणीः**—यह कथा प्राकृत साहित्यमें एक अमूल्य रत्न-समान है। खेदकी बात है कि ऐसे उत्तम और महत्त्वके ग्रन्थ पर आज तक किसी शोधक विद्वानकी दृष्टितक नहीं पडी । इसकी एक प्राचीन हस्तलिखित प्रति, डेक्कनकालेजमें संरक्षित, बम्बई सरकारके सुप्रसिद्ध पुस्तकालयमें संगृहीत है। यह कथा चम्पू के ढंग पर बनी हुई है। इसकी रचनाशैली बाणकी हर्षाख्यायिका या त्रिविक्रमकी नलचम्पू के जैसी है। काव्य-चमत्कृति उत्तम प्रकारकी और भाषा बहुत मनोरम है। प्राकृतभाषाके अभ्यासियोंके लिये यह एक अनुपम ग्रन्थ है। इस कथामें कविने कौतुक और विनोदके वशीभूत हो कर मुख्य प्राकृत भाषाके सिवा अपभ्रंश और पैशाची भाषामें भी कितनेएक वर्णन लिखे हैं, जिनकी उपयोगिता भाषाशास्त्रियोंकी दृष्टिसे और भी अत्यधिक है। अपभ्रंश भाषामें लिखे गए इतने प्राचीन वर्णन अभी तक अन्यत्र कहीं नहीं प्राप्त हुए हैं। इस लिये, इस दृष्टिसे विद्वानोंके लिये यह एक बहुत महत्त्वकी चीज है। इस कथाका विस्तृत परिचय हम एक स्वतंत्र लेख द्वारा देना चाहते हैं। सुप्रसिद्ध आचार्य हेमचंद्र सूरिके गुरुवर श्रीदेवचन्द्रसूरिने 'संतिनाह चरियं' के उपोद्घात में, पूर्व कवियों और उनके उत्तम ग्रंथोंकी प्रशंसा करते हुए इस कथाके कर्ताकी भी इस प्रकार प्रशंसा की है—

**दक्खिन्नइंदसूरिं नमामि वरवण्णभासिया सगुणा ।
कुवलयमाल व्व महा कुवलयमाला कहा जस्स ॥**

इस कथाका संक्षिप्त संस्कृत रूपान्तर १४ वीं शताब्दीमें होनेवाले रत्नप्रभसूरि नामके एक विद्वानने किया है जिसे भावनगरकी जैन आत्मानन्द सभाने छपवा कर प्रकट किया है।

इस कथा और इसके कर्ताका उल्लेख प्रभावक चरित्रके सिद्धर्षि प्रबन्धमें आया हुआ है। वहां पर ऐसा वर्णन किया है कि—'दाक्षिण्यचन्द्र नामके सिद्धर्षिके एक गुरु भ्राता थे। उन्होंने शृंगाररससे भरी हुई ऐसी कुवलयमाला कथा बनाई थी। सिद्धर्षिने जब 'उपदेशमाला' नामक ग्रंथ ऊपर बालावबोधिनी टीका लिखी तब दाक्षिण्यचन्द्रने उनका उपहास करते हुए कहा कि पुराणे ग्रंथोंके अक्षरों को कुछ उलटा पुलटा कर नया ग्रंथ बनानेमें क्या महत्त्व है ? शास्त्र तो 'समरादित्यचरित' जैसा कहा जा सकता है जिसके पढनेसे मनुष्य भूख-प्यासको भी भूल जाते हैं। अथवा मेरी बनाई हुई कुवलयमाला कथा भी कुछ वैसी ही कही जा सकती है, जिसके बाचनेसे मनुष्यको उत्तरोत्तर रसाल्हाद आता रहता है। तुमारी रचना तो लेखक (लिपिकर=लिखे हुए पुस्तककी नकल करनेवाला)की तरह मात्र नकल बनाने जैसी है। अपने गुरुभ्राता के ऐसे उपहासात्मक वचन सिद्धर्षिके दिलमें चुभ गये और फिर उन्होंने अष्ट प्रस्ताववाली सुप्रसिद्ध उपमितिभवप्रपंचा कथाकी अपूर्व रचना की। इस सुबोध कथाके आल्हादक व्याख्यानको सुन कर जैन समाज (संघ) ने सिद्धर्षिको मानप्रद ऐसी 'व्याख्याता' की पदवी समर्पित की। इत्यादि। (देखो, प्रभावकचरित्र, निर्णयसागर, पृष्ठ २०१-२०२ श्लोक ८८-९७)

(डॉ. जेकोबी, प्रभावकचरित्रके इस वर्णनको बराबर समझ नहीं सके इस लिये उन्होंने 'कुवलयमाला कथा' को सिद्धर्षि ही की कृति समझ कर असम्बद्ध अर्थ लिख दिया है। (देखो, जेकोबी साहबकी उपमितिभव० की प्रस्तावना, पृष्ठ०१२, तथा परिशिष्ट, पृष्ठ० १०५)

कुवलयमाला कथाकी प्रशस्तिके देखनेसे मालूम पडता है कि प्रभावक चरित्रके कर्ताका उपर्युक्त कथन बिल्कुल असत्य है। क्यों कि कुवलयमालाकी रचना उपमितिभवप्रपंचाकी रचनासे १२७ वर्ष पूर्व हुई है, इस लिये दाक्षिण्यचन्द्र (चिन्ह)का सिद्धर्षिके गुरुभ्राता होनेका और उक्त रीतिसे उपहासात्मक वाक्योंके कहनेका कोई भी सम्बन्ध सत्य नहीं हो सकता।]

इस कथाके प्रारंभमें बाणभट्टकी 'हर्षाख्यायिका' और धनपाल कविकी 'तिलकमञ्जरी' आदि कथाओंकी तरह, कितनेएक प्राचीन कवि और उनके ग्रन्थोंकी प्रशंसा की हुई है। इस कविप्रशंसामें, अन्तमें, हरिभद्रसूरिकी भी—उनकी बनाई हुई प्रशमरस परिपूर्ण प्राकृत भाषात्मक 'समराइच्चकहा' के उल्लेख पूर्वक—इस प्रकार प्रशंसा की गई है—

जो इच्छइ भवविरहं भवविरहं को न बंदए सुयणो ।
समयसयसत्थगुरुणो समरामियंका[३९] कहा जस्स ॥

— डेक्कनका० संगृहीत पुस्तक, पृ. २।

३९ हरिभद्रसूरिने तो स्वयं अपने इस ग्रंथका नाम '**समराइच्चकहा**' अथवा '**समराइच्चचरियं**' (चरियं समराइच्चस्स, पृ० ५, पं. १२) लिखा है, परंतु यहां पर 'समरामियंका' (सं० समरमृगाङ्का) ऐसा नाम उल्लिखित है; सो इस पाठभेदका कारण समझमें नहीं आता।

हरिभद्रसूरिने प्रायः अपने सभी ग्रन्थोंके अंतमें, किसी न किसी तरह अर्थ-सम्बन्ध घटा करके 'भवविरह' अथवा 'विरह' इस शब्दका प्रयोग अवश्य किया है। इस लिये वे 'विरहाङ्क' कवि या ग्रन्थकार कहे जाते हैं। इनके ग्रन्थोंके सबसे पहले टीकाकार जिनेश्वरसूरिने (वि. सं. १०८०) अष्टक प्रकरणकी टीकामें, अन्तमें जहां पर 'विरह' शब्द आया है वहां पर, इस बारेमें स्पष्ट लिखा भी है कि--

'विरह' शब्देन हरिभद्राचार्यकृतत्वं प्रकरणस्यावेदितम्, विरहाङ्कत्वाद् हरिभद्रसूरेरिति।'

ऐसा ही उल्लेख अभयदेवसूरि (पंचाशकप्रकरणकी टीकामें) और मुनिचन्द्रसूरि (ललितविस्तरापंजिकामें) आदिने भी किया है। इसी आशयसे, कुवलयमालाके कर्ताने भी यहां पर श्लेषके रूपमें 'भवविरह' शब्दका युगल प्रयोग कर हरिभद्रसूरिका स्मरण किया है। साथमें उनकी 'समराइच्चकहा' का भी उल्लेख है, इससे, इस कुशङ्का के लिये तो यहां पर, किञ्चित् भी अवकाश नहीं है कि, इन हरिभद्रके सिवा और किसी ग्रंथकारका इस उल्लेखमें स्मरण हो। अस्तु।

इसी तरह, इस कथाकी प्रशस्तिमें भी हरिभद्रसूरिका उल्लेख मिलता है, जिसका विचार आगे चल कर किया जायगा। इससे स्पष्ट है कि, हरिभद्रको, शक संवत् ७००, अर्थात् विक्रम संवत् ८३५=ई. सं. ७७८ से तो अर्वाचीन किसी तरह नहीं मान सकते।

इस प्रकार, हरिभद्रसूरि सिद्धर्षिके समकालीन नहीं थे, इस बातका समाधान तो हो चुका है।

--महाकवि धनपालने भी तिलकमञ्जरी कथाकी पीठिकामें इस ग्रन्थकी निम्न प्रकारसे प्रशंसा की है--

निरोद्धुं पार्यते केन समरादित्यजन्मनः।
प्रशमस्य वशीभूतं समरादित्यजन्मनः॥

इसी तरह देवचन्द्रसूरिने 'सन्तिनाहचरियं' की प्रस्तावनामें भी इस कथा-प्रबन्धका स्मरण किया है। यथा--

वंदे सिरिहरिभद्दं सूरिं विउसयणणिग्गयपयावं।
जेण य कहापबन्धो समराइच्चो विणिम्मविओ॥

(-पिटर्सन रिपोर्ट, ५, पृ. ७३)

अब यहां पर, यह दूसरा प्रश्न उपस्थित होता है कि, जब हरिभद्र इस प्रकार सिद्धर्षिके समकालीन नहीं माने जा सकते, तब फिर पूर्वोक्त गाथाके कथनानुसार उन्हें विक्रम की ६ ठी शताब्दीमें मान लेनेमें क्या आपत्ति है? क्यों कि उस समयका बाधक मुख्य कर जो सिद्धर्षिका उल्लेख समझा जाता है वह तो उपर्युक्त रीतिसे निर्मूल सिद्ध होता है।

इस प्रश्नके समाधानके लिये विशेष गवेषणाकी जरूरत होनेसे, जब हमने हरिभद्रके प्रसिद्ध अप्रसिद्ध सब ही उपलब्ध ग्रंथोंका, इस दृष्टि से, ध्यानपूर्वक निरीक्षण किया, तो उनमें अनेक ऐसे स्पष्ट प्रमाण मिल आये कि जिनकी ऐतिहासिक पूर्वापरताका विचार करने पर यह सिद्ध होता है कि 'गाथा' में बतलाये मुजब हरिभद्रका स्वर्गगमन वि. सं. ५८५ में--एवं ६ ठी शताब्दीमें उनका होना सत्य नहीं माना जा सकता।

जैसा कि हम प्रारंभ ही में सूचित कर आये हैं, हरिभद्रसूरिने अपने दार्शनिक और तात्त्विक ग्रंथोंमें कितनेएक ब्राह्मण, बौद्ध आदि दार्शनिक विद्वानोंके --नामोल्लेख पूर्वक--विचारों और सिद्धान्तों की आलोचना-प्रत्यालोचना की है। इस कारणसे उन उन विद्वानोंके सत्ता-समयका विचार करनेसे हरिभद्रके समयका भी ठीक ठीक विचार और निर्णय किया जा सकता है। अतः अब हम इसी बातका विचार करना शुरू करते हैं।

हरिभद्रसूरिके ग्रंथोंमें मुख्य कर निम्न लिखित दार्शनिकों और शास्त्रकारोंके नाम मिल आते हैं:-[४०]

ब्राह्मण--

अवधूताचार्य	आसुरि
ईश्वर कृष्ण	कुमारिल-मीमांसक
पतञ्जलि-भाष्यकार	पतञ्जलि-योगाचार्य
पाणिनि-वैयाकरण	भगवद् गोपेन्द्र
भर्तृहरि-वैयाकरण	व्यास महर्षि
विन्ध्यवासी	शिवधर्मोत्तर

४० इन ग्रंथकारोंके नामोंके सिवा, कितने ही संप्रदायों, सांप्रदायिकों और तैर्थिकोंके उल्लेख भी इनके ग्रंथोंमें यत्र तत्र मिलते हैं परंतु उनके उल्लेखोंसे प्रस्तुत विचारमें कोई विशेष सहायता न मिलनेके कारण यहां पर वे नहीं दिये जाते।

बौद्ध—	जैन—
कुक्काचार्य	आजितयशाः
दिवाकर (?)	उमास्वाति
दिग्नागाचार्य	जिनदास महत्तर*
धर्मपाल	जिनभद्र गणि क्ष०
धर्मकीर्ति	देववाचक
धर्मोत्तर	भद्रबाहु
भदन्तदिन्न	मल्लवादी
वसुबन्धु	समन्तभद्र
शान्तरक्षित	सिद्धसेन-दिवाकर
शुभगुप्त	संघदास-गणि*

[**टिप्पणी**:—इन ग्रन्थकारोंके अतिरिक्त, हरिभद्रके प्रबन्धों-ग्रन्थोंमें कितने ही जैन-अजैन ग्रन्थोंके भी नाम मिलते हैं। इनमेंका एक नाम खास उनके समयके विचारमें भी विचारणीय है। आवश्यकसूत्रकी शिष्यहिता नामक बृहद्वृत्तिमें, एक जगह, निर्देश्य-निर्देशक विषयक नाम निर्देशके विचारमें, हरिभद्रसूरिने, ५-६ ग्रन्थोंके नाम लिखे हैं, जिनमें '**वासवदत्ता**' और '**प्रियदर्शना**'का भी नामनिर्देश है[४१]। '**वासवदत्ता**' सुबन्धु कविकी प्रसिद्ध आख्यायिका या कथा है। यद्यपि इसके समयके बारेमें विद्वानोंमें कुछ मत-भेद है, परंतु सामान्यरूपसे ६ ठी शताब्दीमें इस कविका अस्तित्व बतलाया जाता है। '**प्रियदर्शना**'[४२] एक सुप्रसिद्ध नाटिका है और वह स्थानेश्वरके चक्रवर्ती नृपति कवि हर्षकी बनाई हुई है। हर्षका समय सर्वथा निश्चित है। ई. स. ६४८ में इस प्रतापी और विद्याविलासी नृपतिकी मृत्यु हुई थी। ई. स. की ७ वीं शताब्दीका पूरा पूर्वार्द्ध हर्षके पराक्रमी जीवनसे व्याप्त था। हमारे एक वृद्धमित्र साक्षरवर श्री के. ह. ध्रुवने प्रियदर्शनाके गुजराती भाषान्तरकी भूमिकामें, इसका रचना-समय ई. स.६१४ के लगभग अनुमानित किया है[४३]। इस ऊपरसे प्रस्तुत विषयमें, यह बात जानी जाती है कि **प्रियदर्शना**का नामनिर्देश करनेवाले हरिभद्र सूरि उसके रचना समय बाद ही कभी हुए होंगे। प्राकृतगाथामें बतलाये मुताबिक हरिभद्र ६ ठी शताब्दीमें नहीं हुए, ऐसा जो निर्णय हम करना चाहते हैं, उसमें यह भी एक प्रमाण है, इतनी बात ध्यानमें रख लेने लायक है।]

इस नामावलीमेंके कितनेएक नामोंका तो अभी तक विद्वानोंको शायद परिचय ही नहीं है। कितनेएक नाम विद्वत्समाजमें परिचित तो हैं परंतु उन नामधारी व्यक्तियोंके अस्तित्वके बारेमें पुराविद् पण्डितोंमें परस्पर सैंकडों ही वर्षों जितना बडा मतभेद है। कोई किसी विद्वानका अस्तित्व पहली शताब्दी बतलाता है, तो कोई पांचवी छठी शताब्दी बतलाता है। कोई किसी आचार्यको ई. स. के भी सौ दो सौ वर्ष पहले हुए साबित करता है, तो कोई उन्हें ९ वीं १० वीं शताब्दीसे भी अर्वाचीन सिद्ध करता है। इस प्रकार ऊपर दी हुई नामावलीमेंके कितने ही विद्वानोंके समयके विषयमें विद्वानोंका एकमत नहीं है। तथापि, देश और विदेशके विशेषज्ञ विद्वानोंने दीर्घपरिश्रमपूर्वक विस्तृत ऊहापोह करके, इस नामावलीमेंके कई विद्वानोंके समयका ठीक ठीक निर्णय भी किया है; और वह बहुमतसे निर्णीतरूपमें स्वीकृत भी हुआ है। इस-

---

* ये नाम, उनके ग्रंथोंके दिये हुए अवतरणोंसे सूचित हैं।

४१ देखो, आवश्यकसूत्रकी हारिभद्रीवृत्ति, पृ. १०६, यथा-
'**निर्देश्यवशाद् यथा-वासवदत्ता, प्रियदर्शनेति।**'
—जिनभद्रगणिने विशेषावश्यक भाष्यमें, इसी प्रसंग पर,
'**अहवा निद्दिट्ठवसा वासवदत्ता-तरंगवइयाई।**'
ऐसा लिख कर **वासवदत्ता** और **तरंगवती** (जो, गाथा सप्तशतीके संग्राहक प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय कवि नृपति सातवाहन या हालके समकालीन जैनाचार्य पादलिप्त या पालित्त कविकी बनाई हुई है) का उल्लेख किया है। जिनभद्रगणि क्षमाश्रमणका समय ६ ठी शताब्दी है, इस लिये ७ वीं शताब्दीमें जन्म पानेवाली 'प्रियदर्शना' का नाम उनके उल्लेखमें नहीं आ सकता, यह स्वतःसिद्ध है। जिनभद्रजीके इस प्रमाणसे, वासवदत्ताके कर्ता सुबन्धुका समय जो बहुतसे विद्वान् ६ ठी शताब्दी बतलाते हैं और उसे बाणका पुरोगामी मानते हैं, सो हमारे विचारसे ठीक मालूम देता है।

४२ वर्तमानमें इस नाटिकाकी जितनी संस्कृत आवृत्तियां प्रकाशित हुई हैं उन सबमें इसका नाम '**प्रियदर्शिका**' ऐसा छपा हुआ है, परंतु श्रीयुत केशवलालजी ध्रुवने, अपने गुजराती अनुवादकी प्रस्तावनामें (देखो, पृ. ७६, नोट.) यह साबित किया है कि इसका मूल नाम '**प्रियदर्शिका**' नहीं किंतु '**प्रियदर्शना**' होना चाहिए; और अपनी पुस्तकपर उन्होंने यही नाम छपवाया भी है। सो ध्रुव महाशयके इस अविष्कारका हरिभद्रके प्रकृत उल्लेखसे प्रामाणिक समर्थन होता है।

४३ देखो, पृ. ७९, पहली आवृत्ति।

लिये, इन विद्वानोंके समयका विचार, हरिभद्रके समय-विचारमें बडा उपयोगी हो कर उसके द्वारा हम ठीक ठीक यह जान सकेंगे कि हरिभद्र किस समयमें हुए होने चाहिए।

ऊपर जो आचार्यनामावली दी है उसमें वैयाकरण भर्तृहरिका भी नाम सम्मिलित है। अनेकान्तजयपताकाके चतुर्थ अधिकारमें, शब्द ब्रह्मकी मीमांसा करते हुए दो तीन स्थलपर हरिभद्रने इनका नामोल्लेख किया है और इनके प्रसिद्ध ग्रन्थ वाक्यपदीयमेंसे कुछ श्लोक उद्धृत किये हैं। यथा—

(१) आह च शब्दार्थतत्त्वविद् (भर्तृहरिः)—[44]

'वाग्रूपता चेदुत्क्रामेदवबोधस्य शाश्वती।
न प्रकाशः प्रकाशेत सा हि प्रत्यवमर्शिनी॥
न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन जायते॥[45]

(२) उक्तं च (भर्तृहरिणा)—
'यथानुवाकः श्लोको वेति।'[46]

(अनेकान्तजयपताका, अमदाबाद पृष्ठ. ४१.)

चीनदेश निवासी प्रसिद्ध प्रवासी इत्सींग[47] ई. स. की ७ वीं शताब्दीके उत्तरार्धमें भारतमें भ्रमण करनेको आया था। उसने अपने देशमें जा कर ई. स. ६९५ में अपना भ्रमण-वृत्तान्त लिखा। इस में, उसने, उस समय भारतवर्षमें व्याकरणशास्त्रका अध्ययन-अध्यापन जिस रीतिसे प्रचलित था उसका वर्णन लिखा है और साथ में मुख्य मुख्य वैयाकरणोंके नाम भी लिखे हैं। भर्तृहरिके विषयमें भी उसने लिखा है कि—ये एक प्रसिद्ध वैयाकरण थे, और इन्होंने ७०० श्लोककी संख्या वाले वाक्यपदीय ग्रंथकी रचना की है। इस ग्रंथका जिकर करके उस प्रवासीने यह भी लिखा है कि इसके कर्ताकी ई. स. ६५० में मृत्यु हो गई है। इत्सींगके इस उल्लेखके विरुद्धमें आज तक कोई विशेष प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ; इस लिये इसे सत्य मान लेनेमें कोई हरकत नहीं है।

महान् मीमांसक कुमारिलने 'तंत्रवार्तिक' के प्रथम प्रकरणमें शब्दशास्त्रियोंकी खूब खबर ली है। उसमें पाणिनि, कात्यायन और पतंजलीके साथ साथ भर्तृहरिके ऊपर भी आक्षेप किये गये हैं। 'वाक्यपदीय' मेंसे अनेक श्लोकोंको उद्धृत कर

---

४४ अनेकान्तजयपताका ऊपर हरिभद्रने स्वयं एक संक्षिप्त परंतु शब्दार्थका परिस्फुट करने वाली टीका लिखी है। [इस टीका के अन्तमे ऐसा उल्लेख है— '**कृतिर्धर्मतो जा (या) किनीमहत्तरासूनोराचार्यश्रीहरिभद्रस्य। टीकाप्येषाऽवचूर्णिका प्राय। भावार्थमात्रावेदिनी नाम तस्यैवेति**] इस टीकामें मूलग्रंथमें जिन जिन विद्वानोंके विचारोंका—अवतरणोंका संग्रह किया गया है उन सबके प्रायः नाम लिख दिये हैं। मूल ग्रंथमें उन्होंने कहीं पर भी किसी के मुख्य नाम का उल्लेख न कर के जिस शास्त्रका जो पारंगत ज्ञाता है उसके सूचक किसी विशेषणसे अथवा और किसी प्रसिद्ध उपनामसे उस उस विद्वान का स्मरण किया है। फिर टीकामें उन सबका स्पष्ट नामोल्लेख भी कर दिया है। कहीं पर मूल ग्रन्थमें 'उक्तं च' मात्र कह कर ही अन्योक्त अवतरण उद्धृत कर दिया है और फिर टिकामें उसी तरह नाम लिख दिया है। यही क्रम 'शास्त्रवार्तासमुच्चय' की स्वोपज्ञ टीकामें भी उपलब्ध होता है। इस क्रमानुसार, ऊपर जो 'शब्दार्थतत्त्वविद्' विशेषण है उसका परिस्फुट टीका में 'शब्दार्थतत्त्वविद् भर्तृहरिः' ऐसा किया है। अर्थात् इससे 'शब्दार्थतत्त्वविद्' यह विशेषण भर्तृहरि का है, ऐसा समझना चाहिए। आगे पर जहां कहीं हम टीकामें से ऐसे मुख्य नामोंको उद्धृत करें वहां पर पाठक इस नोट को लक्ष्यमें रक्खें।

४५ काशीमें मुद्रित वाक्यपदीयके प्रथमकाण्डमें ये दोनों श्लोक (पृष्ट ४६–७) पूर्वापर के क्रमसे अर्थात् आगे पीछे लिखे हुए मिलते हैं। पिछले श्लोकके ४ थे पादमें '**सर्वं शब्देन भासते**' ऐसा पाठ भेद भी उपलब्ध है। प्रसिद्ध दिगम्बर विद्वान् विद्यानन्दी ने '**अष्टसहस्री**' [पृ. १३०] मे और प्रभाचंद्रने '**प्रमेयकमलमार्तण्ड**' [पृ. ११] मे भी इन दोनों श्लोकोंको वाक्य पदीयके क्रमसे उद्धृत किये हैं। वादी देवसूरिने भी '**स्याद्वादरत्नाकर**' (पृ. ४३) में इन को दिया है।

४६ वाक्यपदीय, पृ. ८३ में यह पूरा श्लोक इस प्रकार है

यथानुवाकः श्लोको वा सोढत्वमुपगच्छति।
आवृत्त्या, न तु स ग्रन्थः प्रत्यावृत्त्या निरूप्यते॥

४७ देखो, प्रो. मॅक्ष मुलर लिखित India: what it can teach us?, पृष्ठ २१०।

उनकी तीक्ष्ण समालोचना की है। उदाहरणके लिये 'वाक्यपदीय' और 'तन्त्रवार्तिक' मेंसे निम्न लिखित स्थल ले लीये जाँय।

वाक्यपदीयके (पृ० १३२) दूसरे प्रकरणमें १२१ वां श्लोक इस प्रकार है:—

अस्त्यर्थः सर्वशब्दानामिति प्रत्याय्यलक्षणम्।
अपूर्वदेवतास्वर्गैः सममाहुर्गवादिषु ॥

कुमारिल भट्टने तन्त्रवार्तिकमें इस श्लोकको दो जगह (बनारस की आवृत्ति पृ. २५१-२५४) उद्धृत किया है। यथा—

'यथाहुः—

'अस्त्यर्थः सर्वशब्दानामिति प्रत्याय्यलक्षणम्।
अपूर्वदेवतास्वर्गैः सममाहुर्गवादिषु ॥' इति।

यत्तु 'अपूर्वदेवतास्वर्गैः सममाहुः।' इति, तत्राभिधीयते।

वाक्यपदीयके प्रथम प्रकरणमेंके ७ वें श्लोकका उत्तरार्द्ध, तन्त्रवार्तिक (पृष्ठ २०९-१०) में कुमारिलने उद्धृत किया है और उसमें शब्दपरावर्तन कर भर्तृहरिके विचारका अवस्कन्दन किया है:—

यदपि केनचिदुक्तम्—

'तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते।' इति
तद्रूपरसगन्धस्पर्शेष्वपि वक्तव्यमासीत्।
को हि प्रत्यक्षगम्यार्थे शास्त्रात्तत्त्वावधारणम्।
शास्त्रलोकस्वभावज्ञ ईदृशं वक्तुमर्हति ? ॥

अत एव श्लोकस्योत्तरार्द्धं वक्तव्यम्—

'तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति श्रोत्रेन्द्रियादृते।'
न ह्यत्र कश्चिद्विप्रतिपद्यते बधिरेष्वेवमदृष्टत्वात्।

प्रसिद्ध इतिहासज्ञ प्रो. का. बा. पाठकने अपने 'भर्तृहरि और कुमारिल' नामक निबन्धमें इस ऊपर लिखे गये प्रमाणाधारसे निर्णीत किया है कि कुमारिल ई.स.की ८ वीं शताब्दीके पूर्व भागमें हुए होंगे। अध्यापक पाठक लिखते हैं कि—"मेरे विचारसे यह तो स्पष्ट है कि कुमारिलके समयमें व्याकरणशास्त्रके ज्ञाताओंमें भर्तृहरि भी एक विशिष्ट प्रमाणभूत विद्वान् माने जाते थे। भर्तृहरि अपने जीवनकालमें तो इतने प्रसिद्ध हुएही नहीं होंगे कि जिससे पाणिनि-संप्रदायके अनुयायी, उन्हें अपने संप्रदायका एक आप्त पुरुष समझने लगे हों और अतएव पाणिनि और पतंजलिके साथ वे भी महान् मीमांसककी समालोचनाके निशान बने हों। इसी कारणसे हुएनत्सांग, जिसने ई. स. ६२९-६४५ के बीचमें भारत-भ्रमण किया था, उसने इनका नाम तक नहीं लिखा; परंतु इत्सींग, जिसने उक्त समयसे आधी शताब्दी बाद अपना प्रवास-वृत्त लिखा है, वह लिखता है कि भारत-वर्ष के पांचों खण्डोंमें भर्तृहरि एक प्रख्यात वैयाकरणके रूपमें प्रसिद्ध हैं। इस विवेचनसे हम ऐसा निर्णय कर सकते हैं कि जिस वर्षमें तन्त्रवार्तिककी रचना हुई उसके और भर्तृहरिके मृत्युवाले ई.स.६५०के बीचमें आधी शताब्दी बीत चुकी होगी। अतएव कुमारिल ई. स. की ८ वीं शताब्दीके पूर्वार्द्धमें विद्यमान होने चाहिए।"

हरिभद्रने अपने अनेक ग्रन्थोंमें मीमांसा-दर्शनकी आलोचना-प्रत्यालोचना की है। शास्त्रवार्ता-समुच्चयके १०वें प्रकरणमें मीमांसक प्रतिपादित 'सर्वज्ञ-निषेध' पर विचार किया गया है। उसमें पूर्वपक्षमें कुमारिल भट्टके मीमांसा-श्लोकवार्तिकके-

'प्रमाणपञ्चकं यत्र वस्तुरूपे न जायते।
वस्तुसत्तावबोधार्थं तत्राभावप्रमाणता ॥'[४९]

इस श्लोकका, 'शास्त्रवार्तासमुच्चय' (उक्त प्रकरणमें के ४ थे श्लोक)के

'प्रमाणपञ्चकाऽवृत्तिस्तत्राभाव प्रमाणता।'[५०]

इस श्लोकार्द्धमें केवल अर्थशः ही नहीं परंतु शब्दशः अनुकरण किया हुआ स्पष्ट दिखाई देता है।

इसी तरह, मीमांसा-श्लोकवार्तिकके चोदना-सूत्र वाले प्रकरणमें-जहां पर वेदोंकी स्वतः प्रमाणता स्थापित करनेकी मीमांसा की हुई है- निम्न लिखित श्लोकार्द्ध कुमारिलने लिखा है:—

'तस्मादालोकवद् वेदे सर्वसाधारणे सति।'
मीमांसा श्लोकवार्तिक, पृ. ७४।

४७ जर्नल आव दि बॉम्बे ब्रेंच रोयल एशियाटिक सोसायटी, पु. १८, पृ. २१३-२३८।

४९ मीमांसा श्लोकवार्तिक, पृष्ठ ४७३।

५० शास्त्रवार्तासमुच्चय, (देवचंद ला. पुस्तकोद्धार फंडसे मुद्रित) पृष्ठ ३४९।

इसी श्लोकार्द्धको शास्त्रवार्ता-समुच्चयके उक्त प्रकरणमें हरिभद्रने भी निम्नलिखित श्लोकमें तद्वत्-फक्त प्रारंभके एक शब्दका परिवर्तन कर-उद्धृत किया है। यथा—

आह चालोकवद्वेदे सर्वसाधारणे सति।
धर्माधर्मपरिज्ञाता किमर्थं कल्प्यते नरः॥ [५१]

और फिर इस श्लोककी स्वोपज्ञ-व्याख्यामें 'आह च कुमारिलादिः' इस प्रकार स्वयं ग्रंथकर्ताने साथमें साक्षात् कुमारिलका नामोल्लेख भी कर दिया है।

इस प्रमाणसे यह ज्ञात हो गया कि हरिभद्रने जैसे वैयाकरण भर्तृहरिकी आलोचना की है वैसे ही भर्तृहरिके आलोचक मीमांसक कुमारिलकी भी समालोचना की है।

ऊपर लिखे मुताबिक प्रो. पाठकके निर्णयानुसार कुमारिलका समय जो ई. स. की ८ वीं शताब्दीका पूर्वार्द्ध मान लिया जाय तो फिर हरिभद्रका समय भी वही मानना चाहिए। क्यों कि इस शताब्दीके उत्तरार्द्धके मध्य-भागमें-ई. स. ७७८ में-समाप्त होनेवाली कुवलयमाला कथामें पूर्वोक्त उल्लेखानुसार स्पष्ट रूपसे हरिभद्रका नामस्मरण किया हुआ विद्यमान है। ऐसी दशामें उल्लिखित कुमारिल-समय और यह हरिभद्र समय दोनों एक ही हो जाते हैं। अतएव इन दोनों आचार्योंको समकालीन मान लेनेके सिवा दूसरा कोई मत दिखाई नहीं देता।

इस मतकी पुष्टिमें अन्य प्रमाण भी यथेष्ट उपलब्ध होते हैं, सो भी बतलाते हैं।

हरिभद्रके ग्रंथोंमें जिन जिन बौद्ध विद्वानोंके नाम मिलते हैं उनकी सूचि ऊपर दी गई है। इन विद्वानोंमेंसे आचार्य वसुबन्धु और महामति दिग्नाग तो प्राकृत गाथामें उल्लिखित हरिभद्रके मृत्यु-समयसे निर्विवाद रीतिसे पूर्वकाल ही में हो चुके हैं, इस लिये उनके जिकरकी तो यहां पर कोई अपेक्षा नहीं है, परंतु धर्मपाल, धर्मकीर्ति, धर्मोत्तर और शांतरक्षित आदि विद्वान् गाथोक्त हरिभद्रके मृत्युसमयसे अर्वाचीन कालमें हुए हैं; ऐसा ऐतिहासिकोंका बहुमत है। इस लिये हरिभद्रका समय भी गाथोक्त समयसे अवश्य अर्वाचीन मानना पडेगा। यहां पर प्रथम हम हरिभद्रके ग्रंथोंमेंसे उन कुछ अवतरणोंको उद्धृत कर देते हैं जिनमें धर्मपालादि बौद्ध विद्वानोंका जिकर पाया जाता है। फिर उनके समयका विचार करेंगे।

अनेकान्तजयपताकाके ४ थे परिच्छेदमें, जहां पर पदार्थोंमें अनेकधर्मोंके आस्तित्वका स्थापन किया गया है, वहां पर एक प्रतिपक्षी बौद्धके मुखसे निम्न लिखित पंक्तियोंका उच्चारण ग्रंथकारने करवाया है—

'स्यादेतसिद्धसाधनम्, एतदुक्तमेव नः पूर्वाचार्यैः-द्विविधा हि रूपादीनां शक्तिः— सामान्या प्रतिनियता च। तत्र सामान्या यथा घटसन्निवेशिनामुदकाद्याहरणादिकार्यकरणशक्तिः। प्रतिनियता यथा चक्षुर्विज्ञानादिकार्यकरणशक्तिरिति।'

(अनेकान्तजयपताका, अमदाबाद, पृ. ५०)

इस अवतरणके पूर्वभागमें जो 'नः पूर्वाचार्यैः-' यह वाक्यांश है, इसकी स्फुट व्याख्या स्वयं ग्रंथकार ने इस प्रकार की है—

'नः—अस्माकंपूर्वाचार्यैः—धर्मपाल-धर्मकीर्त्यादिभिः।'

इससे स्पष्ट है कि उद्धृत अवतरणको हरिभद्रने धर्मपाल और धर्मकीर्तिके विचारोंका सूचक बतलाया है। धर्मपालका स्पष्ट नामोल्लेख तो फक्त इसी एक ही जगह हमारे देखनेमें आया है, परंतु धर्मकीर्तिका नाम तो पचासों जगह और भी लिखा हुआ दिखाई देता है। 'अनेकान्तजयपताका' ग्रंथ खास कर, भिन्न भिन्न बौद्धाचार्योंने अपने ग्रन्थोंमें जैनधर्मके अनेकान्तवादका जो खण्डन किया था उसका समर्पक उत्तर देने ही के लिये रचा गया था। तार्किकचक्रचूडामणि आचार्य धर्मकीर्तिकी प्रखर प्रतिभा और प्राञ्जल लेखिनीने भारतके तत्कालीन सब ही दर्शनोंके साथ जैनधर्मके ऊपर भी प्रचण्ड आक्रमण किया था। इस लिये हरिभद्रने, जहां कहीं थोडासा भी मौका मिल गया वहीं पर धर्म-

५१ शास्त्रवार्तासमुच्चय, बम्बई (दे. ला. जैनपुस्तकोद्धार फंड) पृ. ३५४.

५२ अनेकान्तजयपताकाकी तरह इस ग्रंथपर भी हरिभद्रने स्वयं एक संक्षिप्त व्याख्या लिखि है जो उपलब्ध है।

कीर्तिके भिन्न भिन्न विचारोंकी सौम्यभाव पूर्वक परंतु मर्मान्तक रीतिसे चिकित्सा कर, जैनधर्म पर किये गये उनके आक्रमणोंका सूद सहित बदला चुकवा लेनेकी सफल चेष्टा की है। हरिभद्रने धर्मकीर्तिका विशेष कर 'न्यायवादी' के पाण्डित्यप्रदर्शक विशेषणसे उल्लेख किया है और कहीं कहीं पर उनके बनाए हुए 'हेतुबिन्दु' और 'वार्तिक' आदि ग्रंथोंका भी नामस्मरण किया है। यथा—

(१) उक्तं च धर्मकीर्तिना 'न तत्र किञ्चिद् भवति न भवत्येव केवल' मिति वार्तिके।

(अनेकां. यशोविजय जैनग्रंथमाला, पृ. १०)

(२) आह च न्यायवादी (धर्मकीर्तिर्वार्तिके)—[५३]
न प्रत्यक्षं कस्यचित् निश्चायकं, तद् यमपि गृह्णाति तन्न निश्चयेन, किं तर्हि? तत्प्रतिभासेन।
(पृ. १७७.)

यदाह न्यायवादी (धर्मकीर्तिर्वार्तिके)—
(३) 'प्रत्यक्षं कल्पनापोढं प्रत्यक्षेणैव सिद्ध्यति।
प्रत्यात्मवेद्यः सर्वेषां विकल्पो नाम संश्रयः॥
संहृत्य सर्वतश्चिन्तां स्तिमितेनान्तरात्मना।
स्थितोऽपि चक्षुषा रूपमीक्षते साऽक्षजा मतिः॥
पुनर्विकल्पयन् किञ्चिदासीद् मे कल्पनेदृशी।
इति वेत्ति न पूर्वोक्तावस्थायामिन्द्रियाद् गतौ॥
इत्यादि, तदपाकृतमवसेयम्। (पृष्ठ. २०७)।

(४) आह च न्यायवादी (धर्मकीर्तिः)—
अर्थानां यच्च सामान्यमन्यव्यावृत्तिलक्षणम्।
यन्निष्ठास्त इमे शब्दा न रूपं तस्य किञ्चन॥'
(अनेकां. अमदाबाद, पृ. ३७)

(५) उक्तं च न्यायवादिना (धर्मकीर्तिना)—
पररूपं स्वरूपेण यया संव्रियते धिया।
एकार्थप्रतिभासिन्या भावानाश्रित्य भेदिनः॥
तया संवृतनानात्वाः संवृत्या भेदिनः स्वयम्।
अभेदिन इवाभान्ति भावा रूपेण केनचित्॥
तस्या अभिप्रायवशात्सामान्यं सत् प्रकीर्तितम्।
तदसत् परमार्थेन यथा सङ्कल्पितं तथा॥
(वही प्रति पृ. ३९)

(६) तथा चोक्तम् (न्यायविदा वार्तिके)—
नीलपीतादियज्ज्ञानाद् बहिर्वदवभासते।
तन्न सत्यमतो नास्ति विज्ञेयं तत्त्वतो बहिः॥
तदपेक्षया (क्षा ?) च संवित्तेर्मता या कर्तृरूपता।
साऽप्यतत्त्वमतः संविदद्वयेति विभाव्यते॥
(वही प्रति पृ. ५४)

(७) एवं च यदाह न्यायवादी—(धर्मकीर्तिः)—
बीजादङ्कुरजन्माग्नेर्धूमात्सिद्धिरितीदृशी।
बाह्यार्थाश्रयिणी यापि कारकज्ञापकस्थितिः॥
सापि तद्रूपनिर्भासास्तथा नियतसङ्गमाः।
बुद्धीराश्रित्य कल्प्येत यदि किंवा विरुद्धयते॥
इत्यादि तदसांप्रतमिति दर्शितं भवति।
(वही प्रति पृ. ५७)

(८) ग्राह्यग्राहकभावलक्षणएव तयोः प्रतिबन्ध इति चेत्, न, अस्य धर्मकीर्तिना—(भवत्तार्किकचूडामणिना)—मनङ्गीकृतत्वात्।'
(वही प्रति पृ. ६०)

(९) यच्चोक्तमेतेन कारणानां भिन्नेभ्यः स्वभावेभ्यः कार्यस्य भिन्ना एव विशेषा इत्येतदपि प्रत्युक्तमिति। एतदप्ययुक्तं, कारणानां भिन्नेभ्यः स्वभावेभ्यः कार्यस्य तस्य तदविरोधात्, तदेकानेकस्वभावत्वात् तथोपलब्धेः, धर्मकीर्तिनाप्यभ्युपगमत्वात्, 'हेतुबिन्दौ' भिन्नस्वभावेभ्यश्चक्षुरादिभ्यः सहकारिभ्य एककार्योत्पत्तौ न कारणभेदात्कार्यभेदः स्यात्' इत्याशङ्क्य 'न यथास्वं स्वभावभेदेन तद्विशेषोपयोगतस्तदुपयोगकार्यस्वभाव विशेषासङ्करात्' इत्यादेः (ग्रन्थात्) स्वयमेवाभिधानात्।
(वही प्रति, पृ. ६६)

आचार्य धर्मपाल और न्यायवादी धर्मकीर्ति इन दोनोंमें गुरुशिष्यका सम्बन्ध था और ये ई. स. की ७ वीं शताब्दीके पूर्वार्द्धमें विद्यमान थे। चीनी प्रवासी हुएनत्सांग जब ई. स. ६३५में नालन्दाके विद्यापीठ

---

५३ कोष्ठमें लिखा हुआ पाठ टीकामें उपलब्ध है।

में पहुंचा था तब उसे मालूम हुआ कि उसके आनेके कुछ ही समय पहले, आचार्य धर्मपाल जो विद्यापीठके अध्यक्षस्थान पर नियुक्त थे, निवृत्त हो गये थे। हुएनत्सांगके समय धर्मपालके शिष्य आचार्य शीलभद्र अपने गुरुके स्थान पर प्रतिष्ठित थे। उन्हींके पाससे हुएनत्सांगने विद्यालाभ किया था। इस वृत्तान्तसे यह ज्ञान होता है कि धर्मपाल ई. स. ६०० से ६३५ के बीचमें विद्यमान थे।

महामति धर्मकीर्ति भी धर्मपालके शिष्य थे इसलिये उनके बादके २५ वर्ष धर्मकीर्तिके अस्तित्वके मानने चाहिए। अर्थात् ई. स. ६३५ से ६५० तक वे विद्यमान होंगे। इस विचारकी पुष्टिमें दूसरा भी प्रमाण मिलता है। तिब्बतीय इतिहास लेखक तारानाथने लिखा है कि टिबेटके राजा स्रोत्संगम्पो जो ई. स. ६१७ में जन्मा था और जिसने ६५०-९८ तक राज्य किया था, उसके समयमें आचार्य धर्मकीर्ति तिब्बतमें आये थे। इस उल्लेखसे ज्ञात होता है कि हुएनत्सांग जब नालंदाके विद्यापीठमें अभ्यास करता था तब धर्मकीर्ति बहुत छोटी उम्रके होंगे। इस लिये उसने अपने प्रवास-वृत्तांतमें उनका नामोल्लेख नहीं किया। परंतु हुएनत्सांगके बादके चीनी यात्री इत्सींगने-जिसने ई. स. ६७१-६९५ तक भारतमें भ्रमण किया था-अपने यात्रावर्णनमें लिखा है कि दिग्नागाचार्यके पीछे धर्मकीर्तिने न्यायशास्त्रको खूब पल्लवित किया है। इससे जाना जाता है कि इत्सींगके समयमें धर्मकीर्तिकी प्रसिद्धि खूब हो चुकी थी। अतः इन सब कथनोंके मेलसे धर्मकीर्तिका अस्तित्व उक्त समयमें (ई. स ६३५-६५०) मान लेनेमें कोई आपत्ति नहीं है।

अध्यापक का. बा. पाठकने अपने 'भर्तृहरि और कुमारिल' नामक निबन्धमें लिखा है कि-'मीमांसाश्लोकवार्तिकके शून्यवाद्-प्रकरणमें कुमारिलने बौद्धमतके 'आत्मा बुद्धिसे भेदवाला दिखाई देता है' इस विचारका खण्डन किया है। श्लोकवार्तिककी व्याख्यामें इस स्थान पर सुचरितमिश्रने धर्मकीर्तिका निम्न लिखित श्लोक, जिसको शंकराचार्य और सुरेश्वराचार्यने भी लिखा है, बारंबार उद्धृत किया है।

अविभागोऽपि बुद्ध्यात्मा विपर्यासितदर्शनैः।
ग्राह्य-ग्राहकसंवित्तिभेदवानिव लक्ष्यते ॥

इससे यह मालूम होता है कि कुमारिलने दिग्नाग और धर्मकीर्ति-दोनों के विचारोंकी समालोचना की है। अतः यह सिद्ध होता है कि कुमारिल धर्मकीर्तिके बाद हुए। धर्मकीर्ति जब ईस्वी की ७ वीं शताब्दीके पूर्वार्द्धमें विद्यमान थे तब कुमारिल कमसे कम उसी शताब्दीके अंतमें होने चाहिए। कुमारिलका नामोल्लेख, जैसा कि ऊपर बतलाया गया है,हरिभद्रने किया है और हरिभद्रका नामस्मरण कुवलयमालाकथाके लिखनेवाले दाक्षिण्यचिन्हने। दाक्षिण्यचिन्हका समय ई. स. की ८ वीं शताब्दीका तृतीय भाग निश्चित है। अतः हरिभद्रका अस्तित्व उसके प्रथमार्धमें या मध्यम-भाग में मानना पडेगा। इस प्रकार, भर्तृहरि और कुमारिलके कालक्रमसे विचारा जाय अथवा धर्मकीर्ति और कुमारिलके कालक्रमसे विचारा जाय-दोनों गणनासे हरिभद्रका ८ वीं शताब्दी ही में-फिर चाहे उसके आरंभमें या मध्यमें-होना निश्चित होता है।

इसी तरहका, परंतु इनसे भी विशिष्ट, और एक प्रमाण है। नन्दीसूत्र नामक जैन आगम ग्रंथ ऊपर हरिभद्र सूरिने ३३३६ श्लोक प्रमाण संस्कृत टीका लिखी है। इस टीकामें, (जिस तरह आवश्यकसूत्रकी टीकामें, आवश्यकचूर्णिमेंसे शतशः प्राकृत पाठ उद्धृत किये हैं वैसे) उन्होंने बहुतसी जगह, इसी सूत्र पर जिनदास महत्तरकी बनाई हुई चूर्णि नामक प्राकृत भाषामय पुरातन व्याख्यामेंसे जैसेके वैसे बडे लंबे लंबे अवतरण दिये हैं। जिनदास महत्तरने नन्दीचूर्णि शक संवत् ५९८ (= विक्रम संवत् ७३३ = ई. स. ६७६) में समाप्त की थी। इस समयका उल्लेख, इस चूर्णिके अन्तमें स्पष्ट रूपसे इस प्रकार किया हुआ है:—

'शकराज्ञः पञ्चसु वर्षशतेषु व्यतिक्रान्तेषु अष्टनवतिषु नन्द्यध्ययनचूर्णिः समाप्ता।'[५४]

[५४] नन्दीसूत्रचूर्णि, डेक्कनकालेज पुस्तक संग्रह, नं. ११९५, सन् १८८४—८७. चार—पांच सौ वर्ष पहलेके किसी एक जैन विद्वान्‌ने

उदाहरणके लिये, हरिभद्रसूरिने नन्दीचूर्णिमेंसे जो पाठ अपनी टीकामें उद्धृत किये हैं उनमेंसे एक दो पाठ यहां पर लिख देते हैं।

इस सूत्रके प्रारंभमे जो स्थविरावली प्रकरण है उसकी ३६ वीं गाथा की, जिसमें 'खंदिलायरिय' की प्रशंसा है, व्याख्या हरिभद्रने इस प्रकार लिखी है॥

(मूल गाथा—)

'जेसि इमो अणुओगो पयरइ अज्जावि अड्ढभरहम्मि।
बहुनयरनिग्गयजसे ते वंदे खंदिलायरिए॥'

व्याख्या—येषामनुयोगः प्रचरति, अद्यापि अर्धभरते वैताढ्यादारतः। बहुनगरेषु निर्गतं प्रसृतं प्रसिद्धं यशो येषां ते बहुनगरनिर्गतयशसः, तान् वन्दे। सिङ्घ (सिंह) वाचकशिष्यान् स्कन्दिलाचार्यान्। 'कहं पुण तेसि अणुओगो? उच्यते—बारससंवच्छरिए महंते दुब्भिक्खे काले भत्तट्ठा अण्णण्णतो हिंडियाणं गहणगुणणणुप्पेहाभावाओ विप्पणट्ठे सुत्ते, पुणो सुब्भिक्खे काले जाए महुराए महंते साधुसमुदए खंदिलायरियप्पमुहसंघेण जो जं संभरइ त्ति एवं संघडियं कालियसुयं। जम्हा एयं महुराए कयं तम्हा माहुरी वायणा भण्णइ। सा य खंदिलायरियसम्मत त्ति काउं तस्संतिओ अणुओगो भण्णइ। अन्ने भणंति जहा, सुयं ण णट्ठं। तम्मि दुब्भिक्खे काले जे अन्ने पहाणा अणुओगधरा ते विणट्ठा। एगे खंदिलायरिए संधिरे (?), तेण महुराए पुणो अणुओगो पवत्तिओ त्ति माहुरी वायणा भण्णइ। तस्संतिओ अ अणुओगो भण्णइ।'

(नन्दी टीका, डेक्क० पु० पृ० १३)

इस अवतरणमें जितना प्राकृत पाठ है वह सारा हरिभद्रसूरिने चूर्णिमें ही से लिया है। क्यों कि चूर्णिमें अक्षरशः यही पाठ विद्यमान है।(देखो, डेकन कालेज संगृहीत, नन्दीचूर्णिकी हस्तलिखित पुस्तक, नं. ११९७, सन् १८८४-८७ पृष्ठ ४.)

नन्दीसूत्रकी बृहट्टीकामें, आचाराङ्गसूत्र **विषयक** व्याख्यानमें, मलयगिरि सूरिने 'तथा चाह चूर्णिकृत्-' लिखकर, निम्न लिखित पाठ, नन्दीचूर्णिमेंसे उद्धृत किया है—

'दो सुयक्खंधा पणवीसं अज्झयणाणि एयं आयारग्गसहियस्स आयारस्स पमाणं भणियं, अट्ठारसपयसहस्सा पुण पढमसुयक्खंधस्स नवबंभचेरमइयस्स पमाणं, विचित्तअत्थनिबद्धाणि य सुत्ताणि, गुरूवएसओ तेसिं अत्थो जाणियव्वो त्ति।'

नन्दीटीका, (मुद्रित पृ. २११)

यही पाठ, हरिभद्रसूरिने भी अपनी टीकामें अविकलरूपसे उद्धृत किया हुआ है। (देखो, डे. पु पृ. ७६)। ऐसे ही और भी कई जगह इस प्रकारके पाठ उद्धृत है। इससे यह बात निश्चित हुई कि हरिभद्रसूरि, शक संवत् ५९८ (वि. सं. ७३३=ई. स. ६७६) से बाद ही मे किसी समयमें हुए हैं। गाथामें बतलाये मुताबिक विक्रम संवत् ५८५ में, अथवा, दूसरे उल्लेखोंमें लिखे मुजब, वी० सं० १०५५ में नहीं हुए। चूर्णिके बने बाद कमसे कम ५० वर्ष अनंतर ही हरिभद्रने अपनी टीका लिखी होनी चाहिए। और इस लिये, इस हिसाबसे भी उनका समय वही ईस्वीकी ८ वीं शताब्दी निश्चित होता है।

इस प्रकार, भिन्न भिन्न प्रमाणोंसे हमने यह तो सिद्ध कर दिखाया है, कि हरिभद्रसूरि प्राकृत गाथा आदिके लेखानुसार, विक्रमकी छठी शताब्दीमें नहीं हुए परंतु आठवीं शताब्दीमें हुए हैं। परंतु इससे यह निश्चित नहीं हुआ कि, इस शताब्दीके कौनसे भागमें—कबसे कब तक—वे विद्यमान थे?। कुवलयमाला कथाके अन्तिम (प्रशस्ति-) लेखका ध्यानपूर्वक निरीक्षण करनेसे इस प्रश्नका भी यथार्थ समाधान हो जाता है।

जैन इतिहासके रसिक अभ्यासियोंको यह सुन कर आनंदके साथ आश्चर्य होगा कि, कुवलयमालाके कर्ता उद्योतनसूरि ऊर्फे दाक्षिण्यचिन्ह खुद हरिभद्रके एक प्रकारसे साक्षात् शिष्य थे! इस कथा

'बृहट्टिप्पणिका' नामकी संस्कृतमें एक जैनग्रन्थसूचि बनाई है जिसमें भी, इस चूर्णिका रचना-काल वि. सं. ७३३ (अर्थात् शक संवत् ५९८) लिखा हुआ है। यथा— **'नन्दीसूत्रं ७०० [श्लोक प्रमाणं] चूर्णिः ७३३ वर्षे कृता। स्तंभ० विना नास्ति।'**

की प्रशस्तिका वह महत्त्वका भाग, जिसमें कर्ताने स्वकीय गुरुपरंपरा आदिका परिचय दिया है, कुछ विस्तृत होने पर भी उसे यहां पर उद्धृत कर देनेके लोभका हम संवरण नहीं कर सकते। प्रशस्ति इस प्रकार है—

अत्थि पयडा पुरीणं पव्वइया नाम रयणसोहिल्ला ।
तत्थट्ठिएण भुत्ता पुहई सिरितोरसाणेण ॥
तस्स गुरू हरियत्तो आयरिओ आसि गुत्तवंसीओ ।
तीए नयरीए दिन्नो जिणनिवेसो तहिं काले ॥
[तस्स] बहुकलाकुसलो सिद्धन्तवियाणओ कई दक्खो।
आयरियदेवगुत्तो अज्जवि विज्जरए कित्ती (?) ॥
सिवचन्दगणी अह मयहरो त्ति सो एत्थ आगओ देसा।
सिरिभिल्लमालनयरम्मि संठिओ कप्परुक्खो व्व ॥
तस्स खमासमणगुणो नामेणं जक्खदत्तगणिनामो ।
सिस्सो महइमहप्पा आसि तिलोए वि पयडजसो॥५॥
तस्स य सीसा बहुया तववीरियलद्धचरणसंपण्णा ।
रम्मो गुज्जरदेसो जेहिं कओ देवहरएहिं ॥
आगासवप्पनयरे वडेसरो आसि जो खमासमणो ।
तस्स मुहदंसणे च्चिय अवि पसमइ जो अहव्वोवि ॥
तस्स य आयारधरो तत्तायरिओ त्ति नाम सारगुणो ।
आसि तवतेयनिज्जियपावतमोहो दिणयरो व्व ॥
जो दूसमसलिलपवाहवेगहीरन्तगुणसहस्साण ।
सीलंगविउलसालो लग्गणखंभो व्व निक्कंपो ॥
सीसेण तस्स एसा हिरिदेवीदिन्नदंसणमणेण ।
रइया कुवलयमाला विलसिरदक्खिन्नइंधेण ॥ १० ॥
दिन्नजहिच्छियफलओ बहुकित्तीकुसुमरेहिराभोओ ।
आयरियवीरभद्दो अवा (हा) वरो कप्परुक्खो व्व ॥
सो सिद्धन्त[म्मि] गुरू, पमाण नाएण (अ)जस्स हरिभद्दो
बहुगन्थसत्थवित्थरपयड [समत्तसुअ] सच्चत्थो ॥
राया [य] खत्तियाणं वंसे जाओ वडेसरो नाम ।
तस्सुज्जोयणनामो तणओ अह विरइया तेण ॥

इन गाथाओंमेंसे, प्रथमकी १० गाथाओंमें कथाकर्ताने अपनी मूल गुरुपरंपराका वर्णन दिया है जिसका तात्पर्य यह है:—पहले हरिदत्त नामके एक गुप्त वंशीय आचार्य हुए। वे पव्वइया पुरी के तोरमाण नामक राजाके गुरु थे और उनके उपदेशसे उस नगरीमें, उस राजाने एक जिनमंदिर बनवाया था। उनके शिष्य देवगुप्त नामक हुए जो सिद्धान्तोंके ज्ञाता और कुशल कवि थे। उनकी कीर्ति आज भी जगत्में फैल रही है। उनके बाद सिवचन्द्र गणी महत्तर नामके आचार्य हुए। उन्होंने देशमेंसे (पव्वइया नगरीवाले प्रदेशमेंसे ?) आकर भिल्लमाल (जिसे श्रीमाल भी कहते हैं) नगरमें निवास किया। उनके यक्षदत्त गणी नामक क्षमा श्रमण गुणधारक प्रसिद्ध शिष्य हुए जिनके अनेक शिष्योंने गुजरात देशमें देवमंदिर (जिनमंदिर) बनवा कर उसकी शोभा बढाई। इनके शिष्य आगासवप्प नगरमें रहनेवाले वडेसर नामक क्षमा श्रमण हुए जिनके मुखका दर्शन करके अभव्य जीव भी प्रशान्त हो जाता था। वडेसरके तत्तायरिय नामके बडे तपस्वी और आचारधारक शिष्य हुए। इन्हीं तत्तायरियके शिष्य दाक्षिण्यचिन्ह हुए, जिन्होंने ह्रीदेवीके दर्शनसे प्रसन्न हो कर इस कुवलयमाला कथाकी रचना की।

इस प्रकार इन गाथाओंमे, अपनी मूल पूर्व गुरुपरंपराका जिकर करके कथाकारने फिर अनन्तरकी ३ (११-१३) गाथाओंमें अपने विशिष्ट उपकारी गुरुओं-पूज्योंका सविशेष उल्लेख कर, उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की है। इस गाथा-कुलकका अर्थ इस प्रकार है—

'इच्छित फलके देनेवाले, और कीर्तिरूप कुसुमोंसे अलंकृत होनेके कारण नवीन कल्पवृक्षके समान दीखाई देनेवाले, आचार्य वीरभद्र तो जिसके सिद्धान्तोंके पढानेवाले गुरु हैं; और जिन्होंने अनेक ग्रन्थोंकी रचना कर समस्त श्रुत (आगमों) का सत्यार्थ प्रकट किया है वे आचार्य हरिभद्र जिसके प्रमाण और न्यायशास्त्रके सिखानेवाले गुरु हैं। तथा, क्षत्रियवंशोत्पन्न वडेसर नामक राजाका जो पुत्र है और उद्द्योतन जिसका मूल नाम है उसने यह कथा निर्मित की है।'

इस गाथाकुलकमें हरिभद्रसूरिके लिये 'बहुग्रन्थ प्रणेतृत्व' और 'प्रमाण न्यायशास्त्रविषयक गुरुत्व' के विशेषण जो साभिप्राय प्रयुक्त किये गये हैं उनसे विचारवान् विद्वान् स्पष्ट जान सकते हैं कि, कथाकर्ता यहां पर जिन हरिभद्रका स्मरण

करते हैं, वे, वे ही हरिभद्र सूरि हैं जिनको लक्ष्य कर प्रस्तुत प्रबन्धके लिखनेका परिश्रम किया गया है। क्यों कि इनके सिवा 'अनेक ग्रन्थोंकी रचना कर समस्त श्रुतका सत्यार्थ प्रकट करनेवाले' दूसरे कोई हरिभद्र जैन साहित्य या जैन इतिहासमें उपलब्ध नहीं होते।

अतः इससे यह अंतिम निर्णय हो जाता है कि महान् तत्त्वज्ञ आचार्य हरिभद्र और कुवलयमाला कथाके कर्ता उद्द्योतनसूरि ऊर्फ दाक्षिण्यचिन्ह दोनों (कुछ समय तक तो अवश्यही) समकालीन थे। इतनी विशाल ग्रन्थराशि लिखनेवाले महापुरुषकी कमसे कम ६०-७० वर्ष जितनी आयु तो अवश्य होगी। इस कारणसे, लगभग ईस्वीकी ८ वीं शताब्दीके प्रथम दशकमें हरिभद्रका जन्म और अष्टम दशकमें मृत्यु मान लिया जाय तो वह कोई असंगत नहीं मालूम देता। इस लिये, हम ई. स. ७०० से ७७० (विक्रम संवत् ७५७ से ८२७) तक हरिभद्र सूरिका सत्ता-समय स्थिर करते हैं।

परिशिष्ट।

—:o:—

१
हरिभद्र और शांतिरक्षित।

शास्त्रवार्तासमुच्चयके चतुर्थ स्तबकके निम्न लिखित श्लोकमें हरिभद्रने बौद्ध पण्डित शान्तिरक्षितके एक विचारका प्रतिक्षेप किया है। यथा—

एतेनैतत्प्रतिक्षिप्तं यदुक्तं सूक्ष्मबुद्धिना।
'नासतो भावकर्तृत्वं तदवस्थान्तरं न सः' ॥[1]

इस श्लोककी स्वोपज्ञ टीकामें 'सूक्ष्मबुद्धिना—शान्तिरक्षितेन' ऐसा निर्देश कर स्पष्टरूपसे शान्तिरक्षितका नामोल्लेख किया है। डॉ. सतीशचन्द्र विद्याभूषणने अपनी 'मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास' नामक पुस्तकमें (पृ. १२४) आचार्य शान्ति(न्त)रक्षितका समय ई. स. ७४९ के आसपास स्थिर किया है। इन शान्तिरक्षितने, हरिभद्रके शास्त्रवार्तासमुच्चयके समान दार्शनिक विषयोंकी आलोचना करनेवाला 'तत्त्वसंग्रह' नामक एक प्रौढ ग्रन्थ बनाया है। इस ग्रन्थ पर पञ्जिका नामकी एक टीका भी उन्हींके समकालीन नालन्दा—विद्यापीठके तंत्रशास्त्राध्यापक आचार्य कमलशीलने उसी समयमें लिखी है। इस सटीक ग्रंथका प्राचीन हस्तलेख हमने गुजरातकी पुरातन राजधानी पाटनके प्रसिद्ध जैन-पुस्तकभांडागारमें देखा है।[2] प्रस्तुत निबन्ध लिखनेके समय यह ग्रंथ हमारे सम्मुख न होनेसे यह तो हम नहीं कह सकते कि हरिभद्रने जो शान्तिरक्षितका उल्लिखित श्लोकार्द्ध उद्धृत किया है वह इसी तत्त्वसंग्रहका है या अन्य किसी दूसरे ग्रन्थका। परन्तु इतना तो हमें विश्वास होता है कि यह श्लोकार्द्ध होना चाहिए इन्हीं शान्तिरक्षितकी किसी कृतिमेंका। ऐसी स्थितिमें, डॉ. सतीशचन्द्र वि. का लिखा हुआ शान्तिरक्षितका समय यदि ठीक है तो हरिभद्र और शान्तिरक्षित दोनों समकालीन साबित होते हैं।

कुछ विद्वान् ऐसे समकालीन पुरुषोंको लक्ष्य कर ऐसी शंका किया करते हैं कि—उस पुरातन समयमें, आधुनिक कालकी तरह मुद्रायंत्र, समाचारपत्र और रेल्वे आदि अतिशीघ्रगामी वाहनों वगैरह जैसे साधन नहीं थे कि जिनके द्वारा कोई व्यक्ति तथा उसका लेख या विचार तत्काल सारे देशमें परिचित हो जाय। उस समय लिये किसी विद्वानका अथवा उसके बनाये हुए ग्रंथका अन्यान्य विद्वानोंको परिचय मिलनेमें कुछ न कुछ कालावधि अवश्य अपेक्षित होती थी। इस विचारसे, यदि शान्तिरक्षित उक्तरीत्या ठीक हरिभद्रके समकालीन ही थे तो फिर हरिभद्र द्वारा उनके ग्रंथोक्त विचारोंका प्रतिक्षेप किया जाना कैसे संभव माना जा सकता है? इस विषयमें हमारा अभिप्राय यह है कि—यह कोई नियम नहीं है, कि, उस समयमें समकालीन विद्वानोंका एक दूसरे संप्रदायवालोंमें तुरन्त परिचय हो ही नहीं सकता था। यह बात अवश्य है कि आजकल जैसे कोई

---

१ देखो, शास्त्रवार्तासमुच्चय, (दे. ला. पु. मुद्रित.) पृ १४०

२ यह ग्रंथ बडौदाराज्यकी ओरसे प्रकाशित होनेवाली संस्कृतग्रन्थमालामें छपनेके लिये तैयार हो रहा है।

व्यक्ति या विचार चार छह महिनेहीमें मुद्रालयों और समाचारपत्रोंके द्वारा सर्वविश्रुत हो जाता है, उतनी शीघ्रताके साथ उस समयमें नहीं हो पाता था। परंतु ५-१० वर्ष जितनी कालावधिमें तो उस समयमें भी उत्तम विद्वान् यथेष्ट प्रसिद्धि प्राप्त कर सकता था। इसका कारण यह है कि उस समय जब कोई ऐसा असाधारण पण्डित तैयार होता था तो फिर वह अपने पाण्डित्यका परिचय देनेके लिये और दिग्विजय करनेके निमित्त देश-देशान्तरोंमें परिभ्रमण करता था और इस तरह अनेक राजसभाओंमें और पण्डित-परिषदोंमें उपस्थित हो कर वहांके अन्यान्य विद्वानोंके साथ शास्त्रार्थ या वादविवाद किये करता था। इसी तरह जब कोई विद्वान किसी विषयका कोई खास नवीन और अपूर्व ग्रंथ लिखता था तो उसकी अनेक प्रतियां लिखवा कर प्रसिद्ध पुस्तकभांडागारों, राजमन्दिरों और धर्मस्थानोंमें तथा स्वतंत्र विद्वानोंके पास भेट रूपसे या अवलोकनार्थ भेजा करता था। इस लिये प्रख्यात विद्वानको अपने जीवन काल ही में यथेष्ट प्रसिद्धि प्राप्त कर लेनेमें और उसके बनाये हुए ग्रंथोंका, दूसरोंके द्वारा आलोचन-प्रत्यालोचनके किये जानेमें कोई आपत्ति नहीं है।

२

हरिभद्र और धर्मोत्तर।

दिग्नागाचार्य रचित 'न्यायप्रवेश-प्रकरण' ऊपर हरिभद्रने शिष्यहिता नामकी एक संक्षिप्त और स्फुट व्याख्या लिखी है[१]। इस व्याख्याके प्रारंभके भागमें जहां 'अनुमान' शब्द की व्युत्पत्ति और उसका लक्षण लिखा है वहां एक उल्लेख खास ध्यान खींचने लायक है। वह उल्लेख इस प्रकार है:—

मीयतेऽनेनेति मानं परिच्छिद्यत इत्यर्थः।अनुशब्दः पश्चादर्थे, पश्चान्मानमनुमानम्। पक्षधर्मग्रहणसम्बन्धस्मरणपूर्वकमित्यर्थः। वक्ष्यति च "त्रिरूपाल्लिङ्गाल्लिङ्गिनि [ज्ञान] मनुमानम्।"

इस अवतरणके अन्तमें जो 'वक्ष्यति' क्रिया लिख कर "त्रिरूपाल्लिङ्गाल्लिङ्गिनि ज्ञानमनुमानम्।" यह सूत्र लिखा है उस पर किसी एक पुरातन पण्डितने निम्न लिखित टिप्पणी लिखी है[२]:—

नन्वेतत्सूत्रं धर्मोत्तरीयं न तु प्रकृतशास्त्रसत्कम्। एतच्छास्त्रसत्कमेतत्सूत्रम्—'लिङ्गं पुनस्त्रिरूपमित्यादि।' तत्कथं 'वक्ष्यति च' इति प्रोच्यते? सत्यमेतत्। यद्यप्यत्रैवंविधं सूत्रं नास्ति तथा[पि] धर्मोत्तरीयसूत्रमप्यत्र सूत्रोक्तानुमानलक्षणाभिधायिकमेवेत्यर्थतोऽत्रत्यधर्मोत्तरीयसूत्रयोः साम्यमेवेत्यर्थापेक्षया 'वक्ष्यति' इति व्याख्येयमिति न विरोधः।

इस टिप्पणीका आशय यह है कि व्याख्याकारने जो ऊपरके अवतरणमें "त्रिरूपाल्लिङ्गाल्लिङ्गिनि ज्ञानमनुमानम्।" यह सूत्र लिखा है उसके स्थान में 'लिङ्गं पुनस्त्रिरूपम्' यह सूत्र लिखना चाहिए। क्यों कि वह सूत्र तो धर्मोत्तर आचार्यका बनाया हुआ है; दिग्नागका नहीं; दिग्नागका तो यही पिछला सूत्र है। ऐसी स्थिति होने पर, यहां पर जो धर्मोत्तरीय सूत्र लिखा गया है उसका समाधान यों कर लेना चाहिए, कि धर्मोत्तरका सूत्र भी प्रकृत सूत्रानुरूप ही अनुमानका लक्षण प्रदर्शित करता है, इस लिये इन दोनोंमें परस्पर अर्थसाम्य होनेसे हरिभद्रने जो (कदाचित् विस्मृतिके कारण?) धर्मोत्तरका सूत्र लिख दिया है तो उसमें कोई ऐसा विशेष विरोध नहीं दिखाई देता।

टिप्पणीकारके इस समाधानसे न्यायशास्त्रके अभ्यासियोंका तो समाधान हो जायगा परंतु इतिहासशास्त्रके अभ्यासियोंका नहीं। ऐतिहासिकोंके लिये तो इससे एक नया ही प्रश्न ऊठ खडा

---

१ यह व्याख्या सेंटपीटर्सबर्ग (अब, पेट्रोग्राड) से प्रकट होनेवाली Bibliotheca Buddhica में छप रही है। इसके बारेमें विशेष वृत्तान्त जाननेके लिये, 'जैनशासन' नामक पत्रके दीपावलीके खास अंकमें छपा हुवा डा. मिरनोंका Dignaga's Nyayapravesa and Haribhadra's Commentary on it नामक निबन्ध देखना चाहिए।

२ डेक्कनकालेज पुस्तकालयमें की हस्तलिखित प्रति, नं. ७३८, १८७५-७६, पृ. २.

होता है। टिप्पणीलेखकके कथनानुसार यदि "त्रिरूपालिङ्गाल्लिङ्गिनि ज्ञानमनुमानं" यह सूत्र धर्मोत्तरके बनाये हुए किसी ग्रंथमेंका है तो यहां पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि यह धर्मोत्तर कौन और कब हुए। धर्मकीर्तिके बनाये हुए न्यायबिन्दु नामक ग्रंथ ऊपर टीका लिखनेवाले धर्मोत्तरका नाम विद्वानोंमें प्रसिद्ध है। प्रमाणपरीक्षा, अपोहप्रकरण, परलोकसिद्धि, क्षणभंगसिद्धि और प्रमाण ?] विनिश्चयव्याख्या आदि ग्रंथ भी उनके बनाये हुए कहे जाते हैं। म. म. सतीशचन्द्र वि०ने अपने पूर्वोक्त इतिहास में (पृ १३१) इन धर्मोत्तरका समय ई. स. ८४७ के आसपास स्थिर किया है। यदि यह समय ठीक है तो फिर हरिभद्र लिखित उक्त सूत्रके रचयिता धर्मोत्तर, इन प्रसिद्ध धर्मोत्तरसे भिन्न-कोई दूसरे ही प्राचीन धर्मोत्तर--होने चाहिए। क्यों कि हरिभद्रका स्वर्गवास ८ ई० की वीं शताब्दीके तीसरे पादमें हो चुका होगा यह हमने सप्रमाण सिद्ध करही दिया है।

बौद्ध मतमें धर्मोत्तर नामसे प्रसिद्ध दो आचार्य हो गये हैं ऐसा प्रमाण महान् जैन तार्किक विद्वान् वादी देवसूरिके स्याद्वादरत्नाकर नामक प्रतिष्ठित तर्कग्रंथमेंसे मिलता है। इस ग्रंथके प्रथम परिच्छेदके "स्वपरव्यवसायि ज्ञानं प्रमाणम्।" इस दूसरे सूत्रकी व्याख्यामें 'लक्ष्यलक्षणभाववाचक' शब्दोंके विधानाविधानकी मीमांसा करते हुए शुरू ही में धर्मोत्तरके तद्विषयक विचारोंकी आलोचना की है। ग्रंथकर्ताने स्वयं इन धर्मोत्तरको, धर्मकीर्तिके 'न्यायविनिश्चय' और 'न्यायबिन्दु' नामक प्रमाणग्रंथोंके व्याख्याता बतलाये हैं और उनकी की हुई उन व्याख्याओंमेंसे कुछ अवतरण भी उद्धृत किये हैं। फिर इन धर्मोत्तर को 'वृद्धधर्मोत्तरानुसारी' (वृद्ध धर्मोत्तरके विचारोंका अनुसरण करने वाले) तथा 'वृद्धसेवाप्रसिद्ध' (वृद्ध [धर्मोत्तर] की सेवा करनेसे प्रसिद्धि पाने वाले) ऐसे विशेषणों से सम्बोधित कर इन्हें किसी वृद्ध धर्मोत्तरके अनुयायी बतलाये हैं; और अन्तमें इनके विचारविधानसे उन वृद्ध धर्मोत्तरके तद्विषयक विचारोंका खण्डित होना बतला कर, इनके कथनको स्वमतविरोधी सिद्ध किया गया है। वादी देवसूरीके तद्विषयक सब लेखांश इस प्रकार हैः--

(१) अत्राह धर्मोत्तरः—लक्ष्यलक्षणभावविधानवाक्ये लक्ष्यमनूद्य लक्षणमेव विधीयते। लक्ष्यं हि प्रसिद्धं भवति ततस्तदनुवाद्यम्, लक्षणं पुनरप्रसिद्धमिति तद्विधेयम्। अज्ञातज्ञापनं विधिरित्यभिधानात्। सिद्धे तु लक्ष्यलक्षणभावे लक्षणमनूद्य लक्ष्यमेव विधीयते इति। (स्याद्वादरत्नाकर, पृ. १०,)

(२) साधो! सौगत! भूमर्तुर्धर्मकीर्तेर्निकेतने।
व्यवस्थां कुरुषे नूनमस्थापितमहत्तमः॥

स हि महात्मा (धर्मकीर्तिः) विनिश्चये (न्यायविनिश्चये) प्रत्यक्षमेकं, न्यायबिन्दौ तु प्रत्यक्षानुमाने द्वे अप्यप्रसाध्यैव तल्लक्षणानि प्रणयति स्म। किञ्च शब्दानित्यत्वसिद्धये कृतकत्वमसिद्धमपि सर्वमुपन्यस्य पश्चात् तत्सिद्धिमभिदधानोऽपि न लक्षणस्य तामनुमन्यसे इति स्वाभिमानमात्रम्। अपि च प्रत्यक्षलक्षणव्याख्यालक्षणे 'लक्ष्यलक्षणभावविधानवाक्ये' इत्यादिना लक्षणस्यैव विधिमभिधित्से विधेरेवापराधान्न बुद्धेः, यतो न्यायविनिश्चयटीकायां स्वार्थानुमानस्य लक्षणे 'तत्कथं त्रिरूपलिङ्गग्राहिण एव दर्शनस्य नानुमानत्वप्रसङ्गः' इति पर्यनुयुञ्जान 'एतदेव सामर्थ्यप्राप्तं दर्शयति यदनुमेयेऽर्थे ज्ञानं तत्स्वार्थमिति' इत्यनुमन्यमानश्चानुमापयसि स्वयमेव लक्ष्यस्यापि विधिम्। स्पष्टमेवाभिदधासि च न्यायबिन्दुवृत्तौ एतस्यैव लक्षणे. 'त्रिरूपाच्च लिङ्गाद्यदनुमेयालम्बनं ज्ञानं तत्स्वार्थमनुमानमिति।' (देखो. न्यायबिन्दुटीका, पिटर्सनसम्पादित, पृ. २१) विनिश्चयटीकायामेव च परार्थानुमानलक्षणे 'त्रिरूपस्य लिङ्गस्य यदाख्यानं तत्परार्थमनुमानमिति।' च व्याचक्षाण इत्यक्षुण्णं ते वैचक्षण्यमिति।

(स्याद्वादरत्नाकर, पृ. १०)

(३) अपि च भवद्भवनसूत्रणासूत्रधारो धर्मकीर्तिरपि 'न्यायविनिश्चयस्याद्य—द्वितीय—तृतीय—परिच्छेदेषु—' प्रत्यक्षं कल्पनापोढमभ्रान्तमिति ॥ १ ॥'

' तत्र स्वार्थं त्रिरूपालिङ्गतोऽर्थदृगिति ॥ २ ॥ ' ' परार्थमनुमानं तु स्वदृष्टार्थप्रकाशनमिति ॥ ३ ॥ ' त्रीणि लक्षणानि; ' तिमिराशुभ्रमणनौयानसङ्क्षोभाद्यनाहितविभ्रममविकल्पकं ज्ञानं प्रत्यक्षमिति ॥ १॥' त्रिलक्षणालिङ्गाद्यदनुमेयेऽर्थे ज्ञानं तत्स्वार्थमनुमानमिति ॥ २ ॥ ' ' यथैव हि स्वयं त्रिरूपालिङ्गतो लिङ्गिनि ज्ञानमुत्पन्नं तथैव परत्र लिङ्गिज्ञानोत्पिपादयिषया त्रिरूपलिङ्गाख्यानं परार्थमनुमानमिति ।३।' च व्याचक्षाणो लक्ष्यस्यैव विधिमकीर्तयत्, तथा ' लक्ष्य लक्षणभावविधानवाक्ये ' इत्युपक्रम्य लक्षणमेव विधीयत इत्यभिदधानः कथं न स्ववचनविरोधमवबुध्यसे ।

(स्याद्वादरत्नाकर, पृ. ११.)

(४) बलदेवबलं स्वीयं दर्शयन्ननिदर्शनम् ।
वृद्धधर्मोत्तरस्यैवं भावमत्र न्यरूपयत् ॥
(स्याद्वादरत्नाकर, पृ. ११.)

(५) वृद्धसेवाप्रसिद्धोऽपि धुवमेवं विशङ्कितः ।
बालवत्स्यादुपालभ्यस्त्रैविद्यविदुषामयम् ॥

तथाहि—सोऽयं वृद्धधर्मोत्तरानुसार्यप्यलीकवाचालतया तुल्यस्वरूपयोरपि व्युत्पत्तिव्यवहारकालयोरतुल्यतामुपकल्पयन् बाल इवकाममप्यङ्गुलिं वेगवत्तया चचलयन् द्वयीकृत्य दर्शयन्नालीवमुपालभ्यते त्रैविद्यकोविदैः ।

(स्याद्वादरत्नाकर, पृ. १२.)

(६) यच्चावाचि ' अत एवेत्यादि ' तत्रायमाशयः, लक्ष्यं हि प्रसिद्धमनुवाद्यं भवतीत्यस्माद् भूतविभक्तेर्या द्वितीयायाः समुपादीयन्ते लक्षणं पुनरप्रसिद्धं विधेयमित्यतो भव्यविभक्तिः प्रथमैव प्रयुज्यत इति । सोऽयं साहित्यज्ञताभिमानात् तत्र वृद्धधर्मोत्तरमधरयति, स्वयं त्वेवं व्याचष्ट इति किमन्यदस्य देवानां प्रियस्य श्लाघनीयता प्रज्ञायाः ।

(स्याद्वादरत्नाकर, पृ. १३)

इन अवतरणोंसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि धर्मोत्तर नामके दो आचार्य हो गये हैं। अतः हरिभद्रने उक्त जिस धर्मोत्तरीयसूत्रको उद्धृत किया है उसके कर्ता, न्यायबिन्दु आदि धर्मकीर्तिकृत ग्रंथोंके टीकाकार धर्मोत्तर नहीं परंतु उनके पूर्वज वृद्धधर्मोत्तर होने चाहिए। नहीं तो फिर इस अर्वाचीन धर्मोत्तरका समय कमसे कम १०० वर्ष जितना पीछे हटाना चाहिए।

परंतु इन प्रसिद्ध धर्मोत्तरके, हरिभद्रके पूर्वज न होनेमें एक इतर प्रमाण भी प्राप्त होता है। धर्मोत्तर रचित न्यायबिन्दुटीकाके ऊपर मल्लवादी नामके एक जैन विद्वान् की टिप्पणी लिखी हुई उपलब्ध है। इस टिप्पणीके देखनेसे ज्ञात होता है कि धर्मोत्तरने अपनी टीकामें कई जगह न्यायबिन्दुके पूर्वटीकाकार विनीतदेवकी (और साथमें शांन्तिभद्रकी भी) की हुई टीकाको दूषित बतलाई है और उसका खण्डन किया है। टिप्पणी लेखकके इस बातके सूचक वाक्य कुछ ये हैं*-

१— सम्यग्ज्ञानेत्यादिना (१. ५) विनीतदेवव्याख्यां दूषयति । (पृ. ३)

२— हेयोऽर्थ इत्यादिना विनीतदेवस्य व्याख्या दूषिता । (पृ. १२).

३— उत्तरेण ग्रन्थेन सर्वशब्द (५. २) इत्यादिना टीकाकृतां व्याख्यां दूषयति । विनीतदेवशान्तभद्राभ्यामेवमाशङ्क्य व्याख्यातम् । (पृ. १३).

४— यथार्थाविनाभावेत्यादिना (६. १३) अनेन विनीतदेवशान्तभद्रयोर्व्याख्या च दूषिता । (पृ. १६).

५— अनेन लक्ष्यलक्षणभावं दर्शयता विनीतदेवव्याख्यानं संज्ञासंज्ञिसम्बन्धरूपं प्रत्युक्तम् । (पृ. १७).

६— तेन यद्विनीतदेवेन सामान्ययोर्वाच्यवाचकभावमङ्गीकृत्य निर्विकल्पकत्वमिन्द्रियविज्ञानस्य प्रतिपादितं तद्दूषितं भङ्ग्या । (पृ. २३–४).

ये विनीतदेव‡ राजा ललितचन्द्रके समकालीन

* बिब्लिओथिका बुद्धिका (सेंटपिटर्सबर्ग, रशिया) में प्रकाशित ।

‡ देखो सतीशचन्द्र वि. लिखित ' मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास । पृ. ११९ ।

थे। राजा ललितचन्द्रका समय अन्यान्य अनुमानोंके द्वारा ई. स. ७०८ के लगभग माना जाता है, अतएव विनीतदेवका भी वही समय मानना चाहिए। इस गणनासे, मल्लवादीके लेखानुसार विनीतदेवकी व्याख्या पर आक्षेप करनेवाले धर्मोत्तरका आस्तित्व या तो हरिभद्रके समयमें स्वीकारना चाहिए या उसके अनन्तर। ऐसी दशामें तिब्बतीय इतिहासलेखक तारानाथके इस कथनको कि, आचार्य धर्मोत्तर, काश्मीरके राजा वनपालके, जो ई. स. ८४७ के आसपास राज्य करता था, समकालीन थे, असत्य माननेमें कोई कारण नहीं है।

———

३
हरिभद्र और मल्लवादी.

हरिभद्र और मल्लवादी आचार्यके सम्बन्धमें भी परस्पर इसी तरहकी एक उलझन है। मल्लवादी नामसे प्रसिद्ध एक बहुत बडे तार्किक विद्वान् जैनधर्मके श्वेतांबर संप्रदायमें हो गये हैं। उन्होंने, जैनधर्मका सबसे गूढ और गभीर सिद्धान्त जो नयवाद कहलाता है, उस पर द्वादशारनयचक्र नामक एक विशाल और प्रौढ ग्रंथकी रचना की है। हरिभद्रसूरिने अपने अनेकान्तजयपताका नामक ग्रंथ में दो-तीन स्थान पर उनका नामस्मरण किया है और उन्हें 'वादिमुख्य' बतला कर सिद्धसेन दिवाकर प्रणीत 'सम्मति महातर्क' के टीका लिखनेवाले लिखे हैं। यथा—

(१) उक्तं च वादिमुख्येन (टिका—मल्लवादिना सम्मतौ)— स्वपरसत्त्वव्युदासोपादानापाद्यं हि वस्तुनो वस्तुत्वम्, अतो यद्यपि सन्न भवतीत्यसत्, तथापि परद्रव्यादिरूपेण सतः प्रतिषेधात् तस्य च तत्रासत्त्वात् तत्स्वरूपसत्त्वानुबन्धात् न निरुपाख्यमेव तत्। इति प्रसज्यप्रतिषेधपक्षोदितदोषाभावः (अनेकान्तजयपताका, काशी, पृ० ४७.)

(२) उक्तं च वादिमुख्येन (श्रीमल्लवादिना सम्मतौ)—' न विषयग्रहणपरिणामादृतेऽपरः संवेदने विषयप्रतिभासो युज्यते युक्त्ययोगात्। (अनेकान्तजयपताका, पृ० ९८)

जैन दन्तकथा मुजिब इन मल्लवादीका अस्तित्व ईस्वीकी चौथी शताब्दीमें माना जाता है। परंतु, इधर उपर्युक्त वर्णनानुसार धर्मोत्तररचित न्यायबिन्दु-टीकाके ऊपरकी टिप्पणीके कर्ता भी मल्लवादी नामक जैनाचार्य ही ज्ञात होते हैं। आज तक जैनसाहित्यमें केवल एक ही मल्लवादीके होनेका उल्लेख देख गया है, इस लिये धर्मोत्तरटीका-टिप्पणीके कर्ता मल्लवादी और 'द्वादशारनयचक्र' के कर्ता प्रसिद्ध मल्लवादी दोनों एक ही समझे जायँ तो उसमें कोई आश्चर्य नहीं है। और इसी कारणसे डॉ. सतीशचन्द्र वि. ने अपने निबन्धमें मल्लवादीका सत्ता-समय समुचितरूपसे वही लिखा है जो धर्मोत्तरके लिये स्थिर किया गया है।*

परंतु हरिभद्रके ग्रंथमें मल्लवादीका उक्त प्रकार स्पष्ट नामोल्लेख होनेसे, वे 'वादीमुख्य' और सुप्रसिद्ध मल्लवादी तो निःसन्देह रीतिसे हरिभद्रके अस्तित्व-समयसे-अर्थात् इस्वीकी ८ वीं शताब्दीसे-पूर्व ही में हो चुके हैं। इस लिये धर्मोत्तरटीकाकी टिप्पणी लिखनेवाले मल्लवादीको दूसरे मल्लवादी समझने चाहिए और वे धर्मोत्तरके बाद किसी समयमें हुए होने चाहिए। एवं हरिभद्रके ग्रंथोंसे हमें एक नये धर्मोत्तर और नये मल्लवादीका पता लगता है।

———

४
हरिभद्र सूरि और शंकराचार्य।

वेदान्तमतप्रस्थापक आदि शंकराचार्यके सत्ता-समयके विषयमें भी हरिभद्रके समयनिर्णयसे कुछ प्रकाश डाला जा सकता है। शंकराचार्यके समयके बारेमें अनेक विद्वानोंके अनेक विचार हैं। कोई तो उन्हें ठेठ महात्मा गौतमबुद्धके समकालीन और कोई महाकवि कालिदास और नृपति विक्रमादित्यके समकालीन बतलाते हैं। कोई ईस्वीकी पहली

* देखो, पूर्वोक्त, मध्यकालीन भारतीय न्यायशास्त्रका इतिहास. पृ. ३४-३५।

शताब्दीमें, कोई चौथीमें, कोई पांचवींमें, कोई छठीमें, कोई ७ वीं में, कोई आठवींमें, कोई नववींमें और यहां तक कि कोई १४ वीं जैसे बिल्कुल अर्वाचीन काल तकमें भी उनका होना मानते हैं। परंतु इन सब विचारोंमेंसे हमें, हरिभद्रके साहित्यका अवलोकन करनेके बाद, प्रो. काशीनाथ बापू पाठकका विचार युक्तिसंगत मालूम देता है। उनके विचारानुसार शंकराचार्य ईस्वीकी ८ वीं शताब्दीके अंतमें और नववींके प्रारंभमें हुए होने चाहिए। उन्होंने एक पुरातन सांप्रदायिक श्लोकके आधार परसे शक ७१० (ई. स. ७८८) में शंकराचार्यका जन्म होना बतलाया है। इसी समयके सम्बन्धमें अन्यान्य विद्वानोंके अनेक अनुकूल-प्रतिकूल अभिप्राय जो आज तक प्रकट हुए हैं उनमें सबसे पिछला अभिप्राय प्रसिद्ध देशभक्त श्रीयुत बाल गंगाधर तिलकका, उनके 'गीतारहस्य' में प्रकट हुआ है। श्रीयुत तिलक महाशयके मतसे "इस कालको सौ वर्ष और भी पीछे हटाना चाहिए। क्यों कि महानुभाव पन्थके दर्शनप्रकाश नामक ग्रंथमें यह कहा है कि 'युग्मपयोधिरसान्वितशाके' अर्थात् शक संवत् ६४२ (विक्रमी संवत् ७७०) में श्रीशंकराचार्यने गुहामें प्रवेश किया, और उस समय उनकी आयु ३२ वर्षकी थी। अतएव यह सिद्ध होता है कि उनका जन्म शक ६१० (वि. सं. ७४५) में हुआ।" (गीतारहस्य. हिन्दी आवृत्ति, पृ. ५६४). हमारे विचारसे तिलक महाशयका यह कथन विशेष प्रामाणिक नहीं प्रतीत होता। क्यों कि शंकराचार्य यदि ७ वीं शताब्दीमें, अर्थात् हरिभद्रके पहले हुए होते तो उनका उल्लेख हरिभद्रके ग्रंथोंमें कहीं न कहीं अवश्य मिलता। हरिभद्र उल्लिखित विद्वानोंकी दीर्घ नामावलि जो हमने इस लेखमें ऊपर लिखी है उसके अवलोकनसे ज्ञात होता है कि, उन्होंने अपने पूर्वमें जितने प्रसिद्ध मत और संप्रदाय प्रचलित थे उन प्रत्येकमें हो जाने वाले सभी बडे बडे तत्त्वज्ञोंके विचारों पर कुछ न कुछ अपना अभिप्राय प्रदर्शित किया है। शंकराचार्य भी यदि उनके पूर्वमें हो गये होते तो उनके विचारोंकी आलोचना किये बिना हरिभद्र कभी नहीं चुप रह सकते। शंकराचार्यके विचारोंकी मीमांसा करनेका तो हरिभद्रको खास असाधारण कारण भी हो सकता था। क्यों कि, शारीरिक भाष्यके दूसरे अध्यायके द्वितीय पादमें बादरायणके

'नैकस्मिन्नसम्भवात् ।३३। एवं चात्माऽकार्त्स्न्यम्।३४।
न च पर्यायादप्यविरोधो विकारादिभ्यः । ३५ ।
अन्त्यावस्थितेश्चोभयनित्यत्वादविशेषः । ३६ । '

इन ४ सूत्रों पर भाष्य लिखते हुए शंकराचार्यने, जैनधर्मका मूल और मुख्य सिद्धान्त जो 'स्याद्वाद (अनेकान्तवाद), है उसके ऊपर अनेक असदाक्षेप किये हैं। हरिभद्रने 'अनेकान्तजयपताका' में अनेकान्तवाद ऊपर किये जानेवाले सब ही आक्षेपोंका विस्तृत रीतिसे निरसन किया है। इस ग्रंथमें, तथा और और ग्रंथोंमें भी उन्होंने ब्रह्माद्वैत मतकी अनेक बार मीमांसा की है। ऐसी दशामें शंकराचार्य जैसे अद्वितीय अद्वैतवादीके विचारोंका यदि हरिभद्रके समयमें अस्तित्व होता (और तिलक महाशयके कथनानुसार होना ही चाहिए था) तो फिर उनमें सङ्कलित अनेकान्तवादपरक आक्षेपोंका उत्तर दिये विना हरिभद्र कभी नहीं मौन रहते। इस लिये हमारे विचारसे शंकराचार्यका जन्म हरिभद्रके देहविलयके बाद, अर्थात् प्रो. पाठकके विचारानुसार शक ७१० में होना विशेष युक्तिसंगत मालूम देता है।

हरिषेणकृत कथाकोश ।

[लेखक—श्रीयुत पं. नाथूरामजी प्रेमी, भूतपूर्वसंपादक, जैन हितैषी ।]

दिगम्बर और श्वेताम्बरसम्प्रदायके विद्वानों द्वारा अनेक कथाकोश रचे गये हैं; परंतु अभी तक जितने कथाकोश उपलब्ध हुए हैं वे अपेक्षाकृत अर्वाचीन हैं—ग्यारहवीं शताब्दीके पहलेका अभी तक कोई कथाकोश प्राप्त नहीं हुआ है। इस लेखमें हम जिस कथाकोशका परिचय देना चाहते हैं वह शक संवत् ८५३, विक्रम संवत् ९८९ और खर नामक वर्तमान संवत् के २४ वें वर्षका बना हुआ है और इसलिए इस समय हम उसे सबसे प्राचीन जैन कथाकोश कह सकते हैं।

इस कथाकोशकी एक प्रति पूनेके " भाण्डारकर-प्राच्यविद्यासंशोधन मन्दिर " में मौजूद है जो वि० सं० १८९८ की लिखी हुई है। यह जयपुर के गोधाजीके मन्दिरमें लिखी गई थी और संभवतः वहींसे गवर्नमेण्टके लिए खरीदी गई है। इसकी श्लोकसंख्या १२५००, पत्रसंख्या ३५० और कथासंख्या १५७ है। प्रायः सारा ग्रन्थ अनुष्टुप् छन्दोंमें रचा गया है। रचना बहुत प्रौढ और सुन्दर तो नहीं है; परन्तु दिगम्बर सम्प्रदायके अन्य कथाकोशोंसे अच्छी है।

इसके कर्ता हरिषेण नामक आचार्य हैं जो अपनी गुरुपरम्परा इस भाँति बतलाते हैं—१ मौनि भट्टारक, २ श्रीहरिषेण, ३ भरतसेन और ४ हरिषेण। हरिषेण पुन्नाट संघके आचार्य थे। यद्यपि दिगम्बर सम्प्रदायके अनेक आचार्योंने इस संघको पांच जैनाभासोंमें[1] एक बतलाया है; परन्तु फिर भी यह दिगम्बर सम्प्रदायका ही भेद था। यह द्राविडसंघका नामान्तर जान पडता है। द्रविडदेशीय होनेके कारण इसका द्रविडसंघ[2] नाम हुआ है। पुन्नाट[3] भी संभवतः द्रविड देशका ही नामान्तर है। इस कथाकोशमें ही भद्रबाहु-कथानकमें लिखा है:—

> अनेन सह संघोऽपि समस्तो गुरुवाक्यतः ।
> दक्षिणापथदेशस्थपुन्नाटविषयं ययौ ॥४०॥

इससे सिद्ध है कि पुन्नाट दक्षिणापथका ही एक देश है और उसे द्रविड देश मानना कुछ असंगत नहीं हो सकता। उस समय शायद कर्नाटक देश भी द्रविड देशमें गिना जाता था। इस संघका एक और नाम द्रमिल संघ भी है। न्यायविनिश्चयालंकार और पार्श्वनाथचरित आदिके कर्ता सुप्रसिद्ध तार्किक वादिराजने अपनेको द्रमिल-संघीय लिखा है। द्रविड देशको द्रमिल देश भी कहते हैं।

सुप्रसिद्ध हरिवंशपुराणके कर्ता प्रथम जिनसेन भी इसी पुन्नाट संघके आचार्य थे:—

" व्युत्सृष्टापरसंघसन्ततिबृहत्पुन्नाटसंघान्वये— "

हरिवंश-प्रशस्ति ।

यह कथाकोश भी उसी वर्द्धमाननगरमें बनाया गया है जहाँ कि जिनसेनसूरिने हरिवंशपुराणकी रचना की थी। और जब कि जिनसेन पुन्नाट संघके ही आचार्य हैं तब संभव है कि हरिषेण आचार्य जिनसेनकी ही शिष्यपरम्परामें हों। यदि मौनिभट्टारककी गुरुपरम्पराका पता लग जाय तो इस बातका निर्णय सहज ही हो जाय।

वर्द्धमानपुर कर्नाटक देशका ही कोई प्रसिद्ध नगर है। मालूम नहीं, इस समय वह किस नामसे प्रसिद्ध है। जिनसेनसूरि लिखते हैं:—

" कल्याणैः परिवर्द्धमानविपुलश्रीवर्द्धमाने पुरे,
श्रीपार्श्वालयनन्नराजवसतौ पर्याप्तशेषः × ×"

इसी प्रकार इस कथाकोशके कर्ता लिखते हैं:—

> " जैनालयव्रातविराजितान्ते
> चन्द्रावदातद्युतिसौधजाले ।

---

१ मेरे द्वारा सम्पादित और जैनग्रन्थरत्नाकर कार्यालय, बम्बई, द्वारा प्रकाशित 'दर्शनसार' में जैनाभासोंका विस्तृत विवेचन देखिए।

२ दक्खिणमहुराजादो दाविडसंघो महामोहो। ॥ २८ ॥ देवसेन।

३ आपटेकी संस्कृत-इंग्लिश डिक्शनरीमें पुन्नाटका अर्थ 'कर्नाटक देश' लिखा है।

कार्तस्वरापूर्णजनाधिवासे
श्रीवर्द्धमानाख्यपुरे × × × ॥ "

इससे जान पडता है कि उस समय यह नगर बहुत समृद्धिशाली था और अनेक जैनमन्दिरोंसे सुशोभित था। वहाँके नन्नराजके बनाये हुए पार्श्वनाथालय नामक जैनमन्दिरका-जहाँ कि हरिवंशपुराण समाप्त हुआ था-और भी कई ग्रन्थोंमें उल्लेख मिलता है।

यह ग्रन्थ विनयपाल नामक राजाके समयमें लिखा गया है। ग्रन्थप्रशस्तिसे यह मालूम नहीं होता है कि विनयपालकी राजधानी कहाँ थी। संभवतः वह वर्धमानपुरमें ही होगी। हम इस बातका पता नहीं लगा सके कि विनयपाल किसवंशका राजा था: परन्तु संभवतः वह राष्ट्रकूट राजाओंका माण्डलिक होगा और चतुर्थ गोविन्द या सुवर्णवर्षका समकालीन होगा जिसने शक संवत् ८५६ तक राज्य किया था।

यह कथाकोश किसी ' आराधना ' नामक ग्रन्थसे उद्धृत करके, सारांश रूपमें या उसके सहारेसे लिखा गया है, यह बात प्रशस्तिके आठवें श्लोकके ' आराधनोध्दृतः ' पदसे मालूम होती है। ऐसी दशामें कहना होगा कि इस ग्रन्थकी कथायें अधिक नहीं तो हरिषेणके समयसे सो दो सो वर्ष पहले की अवश्य होंगी।

दिगम्बर सम्प्रदायमें ' आराधना-कथाकोश ' नामके दो संस्कृत कथाकोश और भी हैं। इनमेंसे एक प्रभाचन्द्र भट्टारकका बनाया हुआ गद्यमें है और दूसरा मल्लिभूषणके शिष्य नेमिदत्त ब्रह्मचारीका पद्यमें है। यह दूसरा प्रथमका पद्यानुवाद मात्र है।[2] ये दोनों कथाकोश इस कथाकोशकी अपेक्षा छोटे हैं, इसीलिए जान पडता है कि इसकी प्रति लिखनेवालेने इसके नामके साथ बृहत् विशेषण लगा दिया है। ग्रंथकर्त्ताने स्वयं इसे ' कथाकोश ' ही लिखा है।

हमको इस कथाकोशकी सब कथायें पढनेका अवसर नहीं मिला। है भी वे बहुत मामूली और विशेषत्वहीन। कुछ कथायें ऐतिहासिक पुरुषोंसे सम्बन्ध रखनेवाली हैं, जैसे चाणक्य, शकटाल, और भद्रबाहु: परन्तु वे भी वास्तविक इतिहाससे कम सम्बन्ध रखती हैं—केवल जैनधर्मकी महिमा बढानेके उद्देश्यसे लिखी गई हैं।

इसमे भद्रबाहुकी जो कथा लिखी गई है उसमें दो बातें बडी विलक्षण हैं और पुरातत्त्वज्ञोंके ध्यानमें रहने योग्य हैं। एक तो यह कि, भद्रबाहुने १२ वर्षका घोर दुर्भिक्ष पडनेका निश्चय करके अपने शिष्योंको ही दक्षिणापथ तथा सिन्ध्वादि देशोंको भेज दिया था; पर वे स्वयं उज्जयिनीमें रहे और कुछ दिनोंमें उज्जयिनीके निकट भाद्रपद-(भेलसा?) नामक स्थानमें स्वर्गवासी हो गये[1]। दूसरे, उज्जयिनी के राजा चन्द्रगुप्तने भद्रबाहुके समीप दीक्षा ले ली थी और वे ही पीछे विशाखाचार्यके नामसे प्रसिद्ध हुए थे[2]। वे भद्रबाहुके समीप न रह कर दक्षिणापथको चले गये थे। अन्य कई कथाओंके और शिलालेखोंके अनुसार भद्रबाहु आचार्य भी दक्षिणापथको गये थे और उनका स्व-

१-नेमिदत्त ब्रह्मचारी वि० सं० १५७५ के लगभग हुए है।

२-देवेन्द्रचन्द्रार्कसमर्चितेन तेन प्रभाचन्द्रमुनीश्वरेण।
अनुग्रहार्थं रचितं सुवाक्यैराराधनासारकथाप्रबन्धः॥ ६॥
तेन क्रमेणैव मया स्वशक्त्या श्लोकैः प्रसिद्धैश्च निगद्यते सः।
मार्गेण किं भानुकरप्रकाशे स्वलीलया गच्छति सर्वलोकः॥७॥
—नेमिदत्तकृत कथाकोश।

१ भद्रबाहुमुनिर्धीरो भयसप्तकवर्जितः।
पपाक्षुधाश्रमं तीव्रं जिगाय सहसोत्थितम्॥ ४२
प्राप्य भाद्रपदं देशं श्रीमदुज्जयिनीभवम्।
चकारानसनं धीरः स दिनानि बहून्यलम्॥ ४३
आराधनां समाराध्य विधिना स चतुर्विधाम्।
समाधिमरणं प्राप्य भद्रबाहुर्दिवं ययौ॥ ४४

२ भद्रबाहुवचः श्रुत्वा चन्द्रगुप्तो नरेश्वरः।
अस्यैव योगिनं पार्श्वे दधौ जैनेश्वरं तपः॥ १८
चन्द्रगुप्तमुनिः शीघ्रं प्रथमो दशपूर्विणाम्।
सर्वसंघाधिपो जातो विशाखाचार्यसंज्ञकः॥ १९
अनेन सह संघोपि समस्तो गुरुवाक्यतः।
दक्षिणापथदेशस्थपुन्नाटविषयं ययौ॥ ४०

गंवास श्रवणबेल्गोलके चन्द्रगिरि पर्वतपर हुआ था, तथा उनके साथ चन्द्रगुप्त भी गये थे और उनका दूसरा नाम विशाखाचार्य नहीं किन्तु प्रभाचंद्र था। विशाखाचार्य नामके आचार्य उस संघमें दूसरे ही थे। इन कथाओं और शिलालेखोंके आधारसे ही सम्राट चन्द्रगुप्तके जैन होनेकी सारी दीवाल खडी की गई है और स्वर्गीय विन्सेंट स्मिथ जैसे सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ भी चन्द्रगुप्तका जैन होना 'संभवनीय' बतला गये हैं। जिन शिलालेखोंसे और कथाओंसे चन्द्रगुप्तका जैनत्व सिद्ध करनेका प्रयत्न किया जाता है, इसमें सन्देह ही है कि उनमेंसे कोई भी इस कथाकोशसे प्राचीन हो। हम आशा करते हैं कि इतिहासज्ञ इस विषयपर विशेष विचार करनेकी कृपा करेंगे।

इस कथाकोशमें समन्तभद्र, अकलंकदेव और पात्रकेसरी (विद्यानंद) की कथायें नहीं हैं; जो अवश्य होनी चाहिए थीं। क्यों कि इसके कर्ता उक्त समन्तभद्रादि आचार्योंके देशके ही थे। अकलंकदेव पात्रकेसरीसे थोडे ही समय बाद हुए थे। प्रभाचन्द्र और नेमिदत्तके कथाकोशोंमें ही सबसे पहले उक्त कथायें दिखलाई देती हैं, जिससे संदेह होता है कि उनकी रचना किम्वदन्तियों या प्रचलित प्रवादोंके अनुसार स्वयं उक्त कथाकोशकारों द्वारा ही की गई है।

अन्तमें हरिषेणके कथाकोशके प्रारंभका मंगलाचरण और अन्तकी प्रशस्ति देकर हम इस लेखको समाप्त करते हैं:--

ओं नमो वीतरागाय।

श्रियं परां प्राप्तमनन्तबोधं मुनीन्द्रदेवेन्द्रनरेन्द्रवन्द्यम्।
निरस्तकन्दर्प्पगजेन्द्रदर्प्पं नमाम्यहं वीरजिनं पवित्रम्॥ १

विघ्नो न जायते नूनं न क्षुद्रामरलंघनम्। न भयं भव्यसत्त्वानां जिनमंगलकारिणाम्[1]॥ २

जि (ज) नस्य सर्वस्य कृतानुरागं विपश्चितां कर्णरसायनं च।
समासतः साधुमनोभिरामं परं कथाकोशमहं प्रवक्ष्ये॥ ३

अन्तमें ग्रंथकर्ता ग्रन्थके अमर होनेकी इच्छा करते हुए अपना परिचय इस प्रकार देते हैं --

यावच्चन्द्रो रविः स्वर्गो यावत्सलिलराशयः। यावद्व्योम नगाधीशो यावद्गंगादिनिम्नगाः॥ १
यावत्तारा धरा यावद्रामरावणयोः कथा। तावच्चारुकथाकोशः तिष्ठतु क्षितिमण्डले॥ २

युगलमिदम्।

यो बोधको भव्यकुमुद्वतीनां निःशेषराद्धान्तवचोमयूखैः।
पुन्नाटसंघांबरसन्निवासी श्रीमौनिभट्टारकपूर्णचन्द्रः॥ ३
जैनालयव्रातविराजितान्ते चन्द्रावदातद्युतिसौधजाले।
कार्तस्वरापूर्णजनाधिवासे श्रीवर्धमानाख्यपुरे वसन्सः॥ ४

युगलमिदम्।

सारागमाहितमतिर्विदुषां प्रपूज्यो नानातपोविधिविधानकरो विनेयः।
तस्याभवद्गुणनिधिर्जनताभिवंद्यः श्रीशब्दपूर्वपदको हरिषेण संज्ञः॥ ५
छन्दोलंकृतिकाव्यनाटकचणः काव्यस्य कर्ता सतो,
वेत्ता व्याकरणस्य तर्कनिपुणस्तत्त्वार्थवेदी परं।
नानाशास्त्रविचक्षणो बुधगणैः सेव्यो विशुद्धाशयः,
सेनान्तो भरतादिरत्र परमः शिष्यः बभूव क्षितौ॥ ६

---

१ इसके लिये देखो जैनसिद्धान्तभास्कर किरण १-२-३, वर्ष १। २ मूर्धन्य वा पाठः।

लक्षणलक्षविधानविहीनः छन्दसापि रहितः प्रमया च ।
तस्य गुरुप्रयशसो हि विनेयः संबभूव विनयी हरिषेणः ॥ ७
आराधनोद्धृतः पथ्यो भव्यानां भावितात्मनां । हरिषेणकृतो भाति कथाकोशो महीतले ॥ ८
हीनाधिकं चारुकथाप्रबन्धाख्यातं यदस्माभिरतिप्रमुग्धैः ।
मात्सर्यहीनाः कवयो धरण्यां तच्छोधयन्तु स्फुटमादरेण ॥ ९
भद्रं भूयाज्जिनानां निरुपमयशसां शासनाय प्रकामं,
जैनो धर्मोपि जीयाज्जगति हिततमो देहभाजां समस्तं ।
राजानोऽवन्तु लोकं सकलमतितरां चारुवातोऽनुकूलः,
सर्वे शाम्यन्तु सत्त्वाः जिनवरवृषभाः सन्तु मोक्षप्रदा नः ॥ १०
नवाष्टनवकेष्वेषु स्थानेषु त्रिषु जायतः । विक्रमादित्यकालस्य परिमाणमिदं स्फुटम् ॥ ११
शतेष्वष्टसु विस्पष्टं पंचाशत् ऽयाधिकेषु च । शककालस्य सत्यस्य परिमाणमिदं भवेत् ॥ १२
संवत्सरे चतुर्विंशे वर्तमाने खरामिधे । विनयादिकपालस्य राज्ये शक्रोपमानके ॥ १३
एवं यथाक्रमोक्तेषु कालराज्येषु सत्सु कौ । कथाकोशः कृतोऽस्माभिर्भव्यानां हितकाम्यया ॥ १४
कथाकोशोऽयमीदृक्षो भव्यानां मलनाशनः । पठतां शृण्वतां नित्यं व्याख्यातृणां च सर्वदा ॥ १६
सहस्रैर्द्वादशैर्बद्धो नूनं पंचशतान्वितैः । जिनधर्मश्रुतोद्युक्तैरस्माभिर्मतिवर्जितैः ॥ १७
इति श्रीहरिषेणाचार्यकृतं बृहत्कथाकोशं समाप्तं । ग्रन्थसंख्या १२५०० । श्रीरस्तु । कल्याणमस्तु ।
संवत् १८६८ का मासोत्तममासे जेठमासे शुक्लपक्ष चतुर्थ्यां तिथौ सूर्यवारे श्रीमूलसंघे नन्द्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकजी श्रीमहेन्द्रकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारकजी श्रीक्षेमेन्द्रकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारकजी श्रीसुरेन्द्रकीर्तिजी तत्पट्टे भट्टारकशिरोमणी भट्टारकजी श्रीसुखेन्द्रकीर्तिजी तदाम्नाये सवाई जयनगरे श्रीमन्नेमिनाथचैत्यालये गोधाख्यमन्दिरे पंडितोत्तमपंडितजी श्रीसंतोषरामजी तत्सिख्यपंडित वषतरामजी तच्छिष्य हरिवंशदासजी तस्सिष्य कृष्णचन्द्रः तेषां मध्ये वषतरामकृष्णचंद्राभ्यां ज्ञानावरणीकर्मक्षयार्थं बृहदाराधनाकथाकोशाख्यं ग्रन्थं स्वाशयेन लिषितं श्रोतृवक्तृजनानामिदं शास्त्रं मंगलं भवतु । ”

अति प्राचीन जैन कीर्तिस्तंभ. चितोडगढ. मेवाड

॥ अर्हम् ॥

जैन साहित्य संशोधक

भाग १] गुजराती लेख विभाग [अंक १

डॉ. हर्मन जेकोबीनी कल्पसूत्रनी प्रस्तावना.

[अनुवादक—श्रीयुत अंबालाल चतुरभाई शाह, बी. ए.]

[नोटः—लीप्झीग (जर्मनी) मां प्रकट थती 'Abhandlungen für die Kunde des Morgenlandes' नामनी ग्रंथमालामां, ई० स० १८७९ मां डॉ. हर्मन जेकोबीए रोमन लिपिमां, विस्तृत प्रस्तावना, उपयोगी टिप्पण, विविध पाठांतरो, अने प्राकृत-संस्कृत शब्दकोष साथे भद्रबाहुस्वामी विरचित कल्पसूत्र प्रकट कराव्युं हतुं. ए पुस्तकनी, प्रस्तावनामां ए विद्वान् जैन स्कॉलरे कल्पसूत्र साथे संबंध धरावनारी बाबतो सिवाय बीजी पण घणीक बाबतो लंबाणथी चर्चेली छे, अने तेमां, तेमनी पहेलांना जे केटलाक प्रसिद्ध यूरोपीय स्कॉलरोए जैनधर्मनी ऐतिहासिकता अने स्वतंत्रताना संबंधमां जुदा जुदा भ्रांतिवाळा विचारो प्रकट करेला हता, तेमनुं संक्षेपमां निरसन कर्युं छे. डॉ. जेकोबीनुं ए अमूल्य अने प्रारंभिक पुस्तक अत्रे दुर्लभ थई गयुं छे, तेमज जैनसमाजना मोटा भागने—इंग्रेजी केलवणी लीधेला ग्रेज्युएटो सुद्धांने—ए वातनी खबर नथी के उक्त विद्वाने पोताना ए उपयोगी पुस्तकमां जैनधर्मना विषयमां केवा केवा विचारो प्रदर्शित कर्या छे. तेथी ए पुस्तकनी प्रस्तावनानो सरल अनुवाद अत्र आपवामां आवे छे.

आ ठेकाणे एटलुं सूचवी देवुं जरूरनुं छे के आ लेखमां जणावेला, तथा एवा बीजा लेखो, के जे हमेशां आ पत्रमां प्रकट थता रहेशे तेमां जणावेला बधा विचारो साथे संपादक संमत छे, एम समजी लेवानी कोईए भूल न करवी. संपादक हमेशां पोताना स्वतंत्र लेखोक्त विचारो माटेज जवाबदार होय छे. तेमज अन्य लेखकोना विचारो पण हमेशां एक सरखाज रहे छे, एम पण कोईए दृढ धारणा न करी लेवी. ज्ञान अने साधनोना अनुसारे मोटा मोटा लेखकोना विचारोमां पण परिवर्तन थतुं रहे छे, ए सर्वानुभवसिद्ध हकिकत छे. एज नियमानुसार डॉ. जेकोबीना विचारोमां पण आ प्रस्तुत प्रस्तावना लख्या बाद, पाछळथी, केटलीक बाबतोमां संशोधन—परिवर्तन थयुं छे, एम तेमना पाछळना लखाएला केटलाक लेखो उपरथी समजाय छे. हवे पछीना अंकोमां 'पूर्वना पवित्र पुस्तको' (Sacred Books of the East) नामनी सुप्रसिद्ध ग्रंथमाळामां डॉ. जेकोबी द्वारा अनुवादित जैन-सूत्रोना जे बे पुस्तको प्रसिद्ध थयां छे तेमनी प्रस्तावनानो अनुवाद पण क्रमथी आपवानी इच्छा छे. आशा छे के वाचको विचारपूर्वक तेमनो पूरेपूरो लाभ लेशे.—**संपादक.**]

महावीर निर्वाणना समयनुं निरूपण करतां पहेलां आपणे शरूआतमां ए तपास करीए के जैनधर्म अने बौद्धधर्म बन्ने परस्पर स्वतंत्र धर्मो छे के एक बीजामांथी नीकळेला छे. जे युरोपीय विद्वानोए आ विषय उपर आज सुधीमां लख्युं छे, ते सघळा सामान्य रीते उपर दर्शावेला बीजा मतने स्वीकारवानुं पोतानुं वलण बतावे छे. कोलब्रूक (Colebrooke) महावीरने गौतम बुद्धना गुरु तरीके माने छे अने ते प्रमाणे मानवानुं कारण ते ए बतावे छे के महावीरनो एक इन्द्रभूति नामनो शिष्य घणीवार गौतमस्वामी अथवा गौतम नामे ओळखाय छे. प्रिन्सेप (Prinsep) अने स्टीवन्सन (Stevenson) ए बे विद्वानो तेनाज अभिप्रायने स्वीकारे छे, अने थोडाज समय अगाउ, मि. एडवर्ड थोमसे (Mr. Ed. Thomas) पण तेज मतनुं पुनः प्रतिपादन कर्युं छे. प्रो. वेबर (Prof. Weber) पोताना शत्रुंजय माहात्म्य ('Ueber das Çatrunjaya mahatmya') उपरना निबंधमां कोलब्रूकनी कल्पनाने भ्रांतिपूर्ण सिद्ध करे छे अने लखे छे के, इन्द्रभूति ते गौतमबुद्धनी माफक क्षत्रिय नहीं पण ब्राह्मण जातिनो हतो. तेनुं गोत्र गौतम होवाथी ते ए नामे पण ओळखाय छे. परंतु आटला उपरथी तेनी गौतमबुद्धनी साथे एकता करवी ते प्रकट भूल छे. जो इन्द्रभूतिए विरोधी मत स्थापवाने वर्धमानना धर्ममार्गनो त्याग कर्यो होत, तो, महावीर निर्वाण बाद थोडा वखत पछी रचाएला जैनसूत्रोमां वारंवार तेना संबंधमां जे आदर भरेला उल्लेखो करवामां आव्या छे ते कदापि न करवामां आवत. बल्के तेथी उलटुं, महावीरनो प्रिय शिष्य होवा छतां बने तेटली रीते तेनी निंदाज करवामां आवी होत * कारण के सूत्रोमां स्पष्ट रीते कथन छे के महावीरना जमालि नामना भाणेजे धर्मभेद कर्यो हतो; तेमज भगवती सूत्र (सय १७) मां महावीरना बीजा शिष्य मक्खलिपुत्त गोसालना उपर पण स्फुट रीते आक्षेपो करेला जोवामां आवे छे. (साथे साथे कही जाउं छुं के आ मक्खलिपुत्त गोसाल ते पालिसूत्रोमां निर्दिष्ट मक्खलिगोसालज छे. तेने ते स्थळे छ तीर्थिकोमांनो—पाखंडमतावलंबिओमांनो—एक तथा बुद्धमतना विरोधी तरीके गणाव्यो छे.

इन प्रमाणोंके आधारसे हम इस सिद्धान्तपर पहुंचे हैं कि आचार्य देवनन्दि या पूज्यपादका बनाया हुआ सूत्रपाठ वही है जिसपर अभयनन्दिने अपनी महावृत्ति लिखी है। यह सूत्रपाठ उस समयतक तो ठीक समझा जाता रहा जब तक पाल्यकीर्तिका शाकटायन व्याकरण नहीं बना था। शाय-

---

[१] यह जैनेन्द्रप्रक्रिया गुणनन्दिकृत है या नहीं, इसमें हमें बहुत कुछ सन्देह है। आगे चलकर इस विषयका खुलासा किया गया है।

व शाकटायनको भी जैनेन्द्रके होते हुए एक जुदा व्याकरण बनानेकी आवश्यकता इसी लिए मालूम पड़ी होगी कि जैनेन्द्र अपूर्ण था, और बिना वार्तिकों और उपसंख्यानों आदिके काम नहीं चल सकता था। परन्तु जब शाकटायन जैसा सर्वांगपूर्ण व्याकरण बन चुका, तब जैनेन्द्रव्याकरणके भक्तोंको उसकी त्रुटियां विशेष खटकने लगीं और उनमेंसे आचार्य गुणनन्दिने उसे सर्वांगपूर्ण बनानेका प्रयत्न किया। इस प्रयत्नका फल ही यह दूसरा सूत्रपाठ है जिसपर सोमदेवकी शब्दार्णवचन्द्रिका रची गयी है। इस सूत्रपाठको बारीकीके साथ देखनेसे मालूम पड़ता है कि गुणनन्दिके समय तक व्याकरणसिद्ध जितने प्रयोग होने लगे थे उन सबके सूत्र उसमें मौजूद हैं और इसलिए उसके टीकाकारोंको वार्तिक आदि बनानेके झंझटोंमें नहीं पड़ना पड़ा है। अभयनन्दिकी महावृत्तिके ऐसे बीसों वार्तिक हैं जिनके इस पाठमें सूत्रही बना दिये गये हैं। नीचे लिखे प्रमाणोंसे हमारे इन सब विचारोंकी पुष्टि होती है:—

१—शब्दार्णवचन्द्रिकाके अन्तमें नीचे लिखा हुआ श्लोक देखिए—

> श्रीसोमदेवयतिनिर्मितिमादधाति
> या नौः प्रतीतगुणनन्दितशब्दवार्धौ ।
> सोऽयं सताममलचेतसि विस्फुरन्ती
> वृत्तिः सदानतपदा परिवर्तिषीष्ट ॥

इसमें सुप्रसिद्ध गुणनन्दि आचार्यके शब्दवार्धि या शब्दार्णवमें प्रवेश करनेके लिए सोमदेवकृत वृत्तिको नौका के समान बतलाया है। इससे यह जान पड़ता है कि आचार्य गुणनन्दिके बनाये हुए व्याकरण ग्रन्थकी यह टीका है और उसका नाम शब्दार्णव है। इस टीकाका 'शब्दार्णवचन्द्रिका' नाम भी तभी अन्वर्थक होता है, जब मूल सूत्र ग्रन्थका नाम शब्दार्णव हो। हमारे इस अनुमानकी पुष्टि जैनेन्द्रप्रक्रियाके नीचे लिखे अन्तिम श्लोकसे और भी अच्छी तरहसे होती है:—

> सत्संधिं दधते समासमभितः ख्यातार्थनामोन्नतं,
> निर्धातं बहुतद्धितं क्रम [कृत]मिहाख्यातं यशःशालिना(न)म् ।
> सैषा श्रीगुणनन्दितानितवपुः शब्दार्णवं निर्णयं,
> नावस्याश्रयतां विविक्षुमनसां साक्षात्स्वयं प्रक्रिया ॥

इसका आशय यह है कि गुणनन्दिने जिसके शरीरको विस्तृत किया है, उस शब्दार्णवको जाननेकी इच्छा रखनेवालोंके लिए तथा आश्रय लेनेवालोंके लिए यह प्रक्रिया साक्षात् नावके समान काम देगी। इसमें 'शब्दार्णव' को 'गुणनन्दितानितवपुः' विशेषण दिया है, वह विशेष ध्यान देने योग्य है। इससे साफ समझमें आता है कि गुणनन्दिके जिस व्याकरणपर ये दोनों टीकायें—शब्दार्णव चन्द्रिका और जैनेन्द्रप्रक्रिया—लिखी गई हैं उसका नाम 'शब्दार्णव' है और वह मूल (असली) जैनेन्द्र व्याकरणके संक्षिप्त शरीरको तानित या विस्तृत करके बनाया गया है।

शब्दार्णवचन्द्रिकाके प्रारंभका मंगलाचरण भी इस विषयमें ध्यान देने योग्य है:—

> श्रीपूज्यपादममलं गुणनन्दिदेवं
> सोमामरव्रतिपपूजितपादयुग्मम् ।
> सिद्धं समुन्नतपदं वृषभं जिनेन्द्रं
> तच्छब्दलक्षणमहं विनमामि वीरम् ॥

इसमें ग्रन्थकर्ताने भगवान् महावीरके विशेषणरूपमें क्रमसे पूज्यपादका, गुणनन्दिका और आपना (सोमामर या सोमदेवका) उल्लेख किया है और इसमें वे निस्सन्देह यही ध्वनित करते हैं कि मुख्य व्याकरणके कर्ता पूज्यपाद हैं, उसको विस्तृत करनेवाले गुणनन्दि हैं और फिर उसकी टीका करनेवाले सोमदेव (स्वयं) हैं। यदि यह चन्द्रिका टीका पूज्यपादकृत ग्रन्थकी ही होती, तो मंगलाचरणमें गुणनन्दिका नाम लानेकी कोई आवश्यकता नहीं थी। गुणनन्दि उनकी गुरुपरम्परामें भी नहीं हैं, जो उनका उल्लेख करना आवश्यक ही होता। अतः यह सिद्ध है कि चन्द्रिका और प्रक्रिया दोनोंके ही कर्ता यह समझते थे कि हमारी टीकायें असली जैनेन्द्रपर नहीं किन्तु उसके 'गुणनन्दितानितवपु' शब्दार्णवपर बनी हैं।

२—शब्दार्णव चन्द्रिका और जैनेन्द्रप्रक्रिया इन दोनों ही टीकाओंमें 'एकशेष' प्रकरण है; परन्तु अभयनन्दिकृत 'महावृत्ति' वाले सूत्रपाठमें एक

---

१ हमारा अनुमान है कि इस प्रक्रियाका भी नाम 'शब्दार्णव प्रक्रिया' होगा, जैनेन्द्र-प्रक्रिया नहीं।

शेषको अनावश्यक बतलाया है—" स्वाभाविकत्वादभिधानस्यैकशेषानारम्भः । " (१-१-९९) और इसी लिए देवनन्दि या पूज्यपादका व्याकरण 'अनेकशेष' कहलाता है। चन्द्रिका टीकाके कर्ता स्वयं ही " आदावुपज्ञोपक्रमम् " (१-४-११४) सूत्रकी टीकामें उदाहरण देते हैं कि " देवोपज्ञमनेकशेषव्याकरणम् " यह उदाहरण अभयनन्दिकृत महावृत्तिमें भी दिया गया है। इससे सिद्ध है कि शब्दार्णवचन्द्रिकाके कर्ता भी उस व्याकरणको देवोपज्ञ या देवनन्दिकृत मानते हैं, जो अनेकशेष है, अर्थात् जिसमें 'एकशेष' प्रकरण नहीं है। और ऐसा व्याकरण वही है जिसकी टीका अभयनन्दिने की है।

आचार्य विद्यानन्दि अपने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (पृष्ठ २६५) में ' नैगमसंग्रह- ' आदि सूत्रकी व्याख्या करते हुए लिखते हैं—"नयश्च नयौ च नयाश्च नया इत्येकशेषस्य स्वाभाविकस्याभिधाने दर्शनात् केषांचित्तथा वचनोपलम्भाच्च न विरुद्ध्यते।" इसमें स्वाभाविकताके कारण एकशेष की अनावश्यकता प्रतिपादित है और यह अनावश्यकता जैनेन्द्रके वास्तविक सूत्रपाठमें ही उपलब्ध होती है। " स्वाभाविकत्वादभिधानस्यैकशेषानारम्भः " (१-१-९९) यह सूत्र शब्दार्णववाले पाठमें नहीं है, अतः विद्यानन्द भी इसी सूत्रवाले जैनेन्द्रपाठको माननेवाले थे। पाठकोंको यह स्मरण रखना चाहिए कि उपलब्ध व्याकरणोंमें अनेकशेष व्याकरण केवल देवनन्दिकृत ही है, दूसरा नहीं।

३—' सर्वार्थसिद्धि ' तत्त्वार्थ सूत्रकी सुप्रसिद्ध टीका है। इसके कर्ता स्वयं पूज्यपाद या देवनन्दि हैं जिनका कि बनाया हुआ प्रस्तुत जैनेन्द्र व्याकरण है। इस टीकामें अध्याय ५ सूत्र २४ की व्याख्या करते हुए वे लिखते हैं—" 'अन्यतोऽपि' इति तसि कृते सर्वतः। " इसी सूत्रकी व्याख्या करते हुए राजवार्तिककार लिखते हैं—" 'दृश्यतेऽन्यतोपीति' तसि कृते सर्वेषु भवेषु सर्वत इति भवति।" जान पडता है या तो सर्वार्थसिद्धिकारने इस सूत्रको संक्षेप करके लिखा होगा, या लेखकों तथा छपानेवालोंने प्रारंभका ' दृश्यते ' शब्द छोड दिया होगा; कुछ भी हो, पर यह पूरा सूत्र ' दृश्यतेऽन्यतोपि ' ही है और यह अभयनन्दिवाले सूत्रपाठके अ० ४ पा० ७ का ७५ वाँ सूत्र है। परन्तु शब्दार्णववाले पाठमें न तो यह सूत्र ही है और न इसके प्रतिपाद्यका विधानकर्ता कोई और ही सूत्र है। अतः यह सिद्ध है कि पूज्यपादका असली सूत्रपाठ वही है जिसमें उक्त सूत्र मौजूद है।

४—भट्टाकलंकदेवने तत्त्वार्थराजवार्तिकमें 'आद्ये परोक्षं (अ० १ सू० ११)' की व्याख्यामें " सर्वादि सर्वनाम।" (१--१--३५) सूत्रका उल्लेख किया है, इसी तरह पण्डित आशाधरने अनगारधर्मामृतटीका (अ० ७ श्लो० २४) में " स्तोके प्रतिना " (१--३-३७) और " भार्थे " (१--४--१४) इन दो सूत्रोंको उद्धृत किया है और ये तीनों ही सूत्र जैनेन्द्रके अभयनन्दिवृत्तिवाले सूत्रपाठमें ही मिलते हैं। शब्दार्णववाले पाठमें इनका अस्तित्व ही नहीं है। अतः अकलंकदेव और पं० आशाधर इसी अभयनन्दिवाले पाठको ही माननेवाले थे। अकलंकदेव वि० की नौवीं शताब्दिके और आशाधर १३ वीं शताब्दिके विद्वान् हैं।

५—पं० श्रीलालजी शास्त्रीने शब्दार्णवचन्द्रिकाकी भूमिकामें लिखा है कि आचार्य पूज्यपादने स्वनिर्मित 'सर्वार्थसिद्धि' में 'प्रमाणनयैरधिगमः' (अ० १ सू० ६) की टीकामें यह वाक्य दिया है—" नयशब्दस्यालपान्तरत्वात्पूर्वनिपातः प्राप्नोति नैष दोषः। अभ्यर्हितत्वात्प्रमाणस्य तत्पूर्वनिपातः।" और अभयनन्दिवाले पाठमें इस विषयका प्रतिपादन करनेवाला कोई सूत्र नहीं है। केवल अभयनन्दिका 'अभ्यर्हितं पूर्वं निपतति' वार्तिक है। यदि अभयनन्दिवाला सूत्रपाठ ठीक होता तो उसमें इस विषयका प्रतिपादक सूत्र अवश्य होता जो कि नहीं है। पर शब्दार्णववाले पाठमें "अर्च्यं" (१--३--११५) ऐसा सूत्र है जो इसी विषयको प्रतिपादित करता है। इसलिए यही सूत्रपाठ देवनन्दिकृत है। बस, पं० श्रीलालजीकी सबसे बडी दलील यही है जिससे वे शब्दार्णववाले पाठको असली सिद्ध करना चाहते हैं। इसके सिवाय वे और कोई उल्लेख योग्य प्रमाण अपने

पक्षमें नहीं दे सके हैं। अब इसपर हमारा निवेदन सुन लीजिए—

"अल्पाच्तरम्" [२-२-३४] यह सूत्र पाणिनिका है और इसके ऊपर कात्यायनका "अभ्यर्हितं च" वार्तिक तथा पतंजलिका "अभ्यर्हितं पूर्वं निपततीति" भाष्य है। इससे मालूम होता है कि पूज्यपादने अपनी सर्वार्थसिद्धिटीकाके इस स्थलमें पाणिनि और पतंजलिके ही सूत्र तथा भाष्यको लक्ष्यकर उक्त विधान किया है। अब इस पर यह प्रश्न होगा कि जब सर्वार्थसिद्धिकार स्वयं एक व्याकरणके कर्ता हैं, तब उन्होंने पाणिनिके[1] और उसके भाष्यका आश्रय क्यों लिया ? हमारी समझमें इसका उत्तर यह है कि पूज्यपाद स्वामी यद्यपि सर्वार्थसिद्धिकी रचनाके समय अपना व्याकरण तो बना चुके होंगे परन्तु उस समय उनके व्याकरणने विशेष प्रसिद्धि लाभ नहीं की होगी और इस कारण स्वयं उनके ही हृदयमें उसकी इतनी प्रमाणता नहीं होगी कि वे अन्य प्रसिद्ध व्याकरणों तथा उनके वार्तिकों और भाष्योंको सर्वथा भुला देवें—या उनका आश्रय नहीं लेवें। कुछ भी हो परंतु यह तो निश्चय है कि इन्होंने अपनी सर्वार्थसिद्धिमें अन्य वैयाकरणोंके भी मत दिये हैं। इस विषयमें हम एक और प्रमाण उपस्थित करते हैं जो बहुत ही पुष्ट और स्पष्ट है—

सर्वार्थसिद्धि अ० ४ सूत्र २२ की व्याख्यामें लिखा है—"यथाहुः द्रुतायां तपरकरणे मध्यमविलम्बितयोरुपसंख्यानामिति।" इसकी अन्य पुरुषकी 'आहुः' किया ही कह रही है कि ग्रन्थकर्ता यहां किसी अन्य पुरुषका वचन दे रहे हैं। अब पतंजलिका महाभाष्य देखिए। उसमें १-१-१ के ५ वें वार्तिकके भाष्यमें बिलकुल यही वाक्य दिया हुआ है—एक अक्षरका भी हेरफेर नहीं है। इससे स्पष्ट है कि सर्वार्थसिद्धिके कर्त्ता अन्य व्याकरण ग्रन्थोंके भी प्रमाण देते हैं। और भी एक प्रमाण लीजिए—

सर्वार्थसिद्धि अ० ७ सूत्र १६ की व्याख्यामें लिखा है—"शास्त्रेऽपि 'अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायामि' त्येवमादिषु तदेव गृह्यते।" यह पाणिनिके ७-१-५१ सूत्रपर कात्यायनका पहला वार्तिक है। वहां "अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम्" इतने शब्द हैं और इन्हींको सर्वार्थसिद्धिकारने लिया है। यहां कात्यायनके वार्तिकको उन्होंने 'शास्त्र' शब्दसे व्यक्त किया है।

सर्वार्थसिद्धि अ० ५ सूत्र ४ की व्याख्यामें 'नित्य' शब्दको सिद्ध करनेके लिए पूज्यपाद स्वामी लिखते हैं:—"नेः ध्रुवे त्यः इति निष्पादितत्वात्।" परन्तु जैनेन्द्रमें 'नित्य' शब्दको सिद्ध करनेवाला कोई मूल सूत्र नहीं है, इस लिए अभयनन्दिने अपनी वृत्तिमें "त्युब्नेस्तुट्" (३-२-८१) सूत्रकी व्याख्यामें "नेर्ध्रुवः इति वक्तव्यम्"। यह वार्तिक बनाया है और 'नियतं सर्वकाले भवं नित्यं' इस तरह स्पष्ट किया है। जैनेन्द्रमें 'त्य' प्रत्यय ही नहीं है, इसके बदले 'य' प्रत्यय है। इससे मालूम होता है कि सर्वार्थसिद्धिकारने स्वनिर्मित व्याकरणको लक्ष्यमें रखकर पूर्वोक्त बात नहीं कही है। अन्य व्याकरणोंके प्रमाण भी वे देते थे और यह प्रमाण भी उसी तरहका है।

परन्तु इससे पाठकोंको यह न समझ लेना चाहिए कि सर्वार्थसिद्धिमें ग्रन्थकर्ताने अपने जैनेन्द्रसूत्रोंका कहीं उपयोग ही नहीं किया है। नहीं, कुछ स्थानोंमें उन्होंने अपने निजके सूत्र भी दिये हैं। जैसे पांचवे अध्यायके पहले सूत्रके व्याख्यानमें लिखा है "'विशेषणं विशेष्येण' इति वृत्तिः।" यह जैनेन्द्रका १-३-५२ वां सूत्र है। यह सूत्र शब्दार्णवचन्द्रिका (१-३-४८) वाले पाठमें भी है।

इन सब प्रमाणोंसे यह बात अच्छी तरह सिद्ध हो जाती है कि जैनेन्द्रका असली सूत्रपाठ वही है जिसपर अभयनन्दिकृत वृत्ति है; शब्दार्णवचन्द्रि-

---

१ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें इसी 'प्रमाणनयैरधिगमः' सूत्रकी व्याख्यामें पतंजलिका यह भाष्य ज्यों का त्यों अक्षरशः दिया है। अभयनन्दिका भी यही वार्तिक है।

२ राजवार्तिक और श्लोकवार्तिकमें भी यह वाक्य उद्धृत किया गया है।

१ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें भी है- "शास्त्रेऽपि अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायामित्येवमादौ तदेव कर्माख्यायते।"

कावाला पाठ असली सूत्रपाठको संशोधित और परिवर्धित करके बनाया गया है और उसका यह संस्करण संभवतः गुणनन्दि आचार्यकृत है।

अब एक प्रश्न यह रह जाता है कि जब गुणनन्दि ने मूल ग्रंथमें इतना परिवर्तन और संशोधन किया था, तब उस परिवर्तित ग्रन्थका नाम जैनेन्द्र ही क्यों रक्खा? इसके उत्तरमें निवेदन है कि एक तो शब्दार्णवचन्द्रिका और जैनेन्द्रप्रक्रियाके पूर्वोल्लिखित श्लोकोंसे गुणनन्दिके व्याकरणका नाम 'जैनेन्द्र' नहीं किन्तु 'शब्दार्णव' मालूम होता है। संभव है कि लेखकोंके भ्रमसे इन टीकाग्रंथोंमें 'जैनेन्द्र' नाम शामिल हो गया हो। दूसरा यदि 'जैनेन्द्र' नाम भी हो, तो ऐसा कुछ अनुचित भी नहीं है। क्यों कि गुणनन्दिने जो प्रयत्न किया है, वह अपना एक स्वतंत्र ग्रंथ बनानेकी इच्छासे नहीं किन्तु पूर्वनिर्मित 'जैनेन्द्र' को सर्वांगपूर्ण बनानेकी सदिच्छासे किया है और इसी लिए उन्होंने जैनेन्द्रके आधेसे अधिक सूत्र ज्यों के त्यों रहने दिये हैं तथा मंगलाचरण आदि भी उसका ज्यों का त्यों रक्खा है। हमारा विश्वास है कि गुणनन्दि इस संशोधित और परिवर्तित सूत्रपाठको ही तैयार करके न रह गये होंगे, उन्होंने इसपर कोई वृत्ति या टीका ग्रंथ भी अवश्य लिखा होगा, जो अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है। सनातन जैन ग्रंथमालामें जो जैनेन्द्र-प्रक्रिया छपी है, वह जैसा कि हम आगे सिद्ध करेंगे गुणनन्दिकी बनाई हुई नहीं है।

जैनेन्द्रकी टीकायें।

पूज्यपादस्वामीकृत असली जैनेन्द्रकी इस समय तक केवल तीन ही टीकायें उपलब्ध हैं--१ अभयनन्दिकृत 'महावृत्ति,' २ आर्यश्रुतकीर्तिकी 'पंचवस्तु-प्रक्रिया,' और ३ बुधमहाचन्द्रकृत 'लघु जैनेन्द्र'। परन्तु इनके सिवाय इसकी और भी कई टीकायें होनी चाहिए। पंचवस्तुके अन्तमें नीचे लिखा हुआ एक श्लोक है:—

> सूत्रस्तम्भसमुद्धृतं प्रविलसन्न्यासोरुरत्नक्षिति,
> श्रीमद्वृत्तिकपाटसंपुटयुतं भाष्यौघशय्यातलम्।
> टीकामालमिहारुरुक्षु रचितं जैनेन्द्रशब्दागमं,
> प्रासादं पृथुपंचवस्तुकमिदं सोपानमारोहतात् ॥

इसमें जैनेन्द्र शब्दागम या जैनेन्द्र व्याकरणको महलकी उपमा दी गई है। वह मूलसूत्ररूप स्तम्भोंपर खड़ा किया गया है, न्यासरूप उसकी रत्नमय भूमि है, वृत्तिरूप उसके किवाड़ हैं, भाष्यरूप शय्यातल है, और टीकारूप उसके माल या मंजिल हैं। यह पंचवस्तु टीका उसकी सोपान श्रेणी है। इसके द्वारा उक्त महल पर आरोहण किया जासकता है। इससे मालूम होता है कि पंचवस्तुके कर्ताके समयमें इस व्याकरणपर १ न्यास, २ वृत्ति, ३ भाष्य और ४ टीका, इतने व्याख्या ग्रन्थ मौजूद थे। इनमेंसे श्रीमद्वृत्ति या वृत्ति तो यह अभयनन्दिकी महावृत्ति ही होगी, ऐसा जान पड़ता है। शेष तीन टीकायें अभी तक उपलब्ध नहीं हुई हैं। हमारा अनुमान है कि इनमेंसे एक टीकाग्रन्थ चाहे वह न्यास हो या भाष्य हो, स्वयं पूज्यपादस्वामीका बनाया हुआ होगा। क्यों कि वे केवल सूत्रग्रन्थ ही बनाकर रह गये होंगे, यह बात समझमें नहीं आती। अपनी मानी हुई अतिशय सूक्ष्म संज्ञाओं और परिभाषाओंका स्पष्टीकरण करनेके लिए उन्हें कोई टीका, वृत्ति या न्यास अवश्य बनाना पड़ा होगा, जिस तरह शाकटायनने अपने व्याकरणपर अमोघवृत्ति नामकी स्वोपज्ञ टीका बनाई है।

आचार्य विद्यानन्दने अष्टसहस्री (पृष्ठ १३२) में 'व्यखे कर्मण्युपसंख्यानात् का' यह वचन उद्धृत किया है। यह किसी व्याकरण ग्रन्थका वार्तिक है; परन्तु पाणिनिके किसी भी वार्तिकमें यह नहीं मिलता। अभयनन्दिकी महावृत्तिमें अवश्य ही "व्यखे कर्मणि का वक्तव्या" [४-१-३८] इस प्रकारका वार्तिक है. परन्तु हमारा खयाल है कि अभयनन्दिकी वृत्ति विद्यानन्दसे पीछेकी बनी हुई है, इस लिए विद्यानन्दने यह वार्तिक अभयनन्दिकी वृत्तिसे नहीं किन्तु अन्य ही किसी ग्रन्थसे लिया होगा और आश्चर्य नहीं जो वह स्वयं पूज्यपादकृत टीकाग्रन्थ हो। सुनते हैं, जैनेन्द्रका न्यास कर्नाटक प्रान्तके जैन पुस्तक भण्डारोंमें है। उसके प्राप्त करनेकी बहुत आवश्यकता है। उससे इस व्याकरणसम्बन्धी अनेक संशयोंका निराकरण हो जायगा।

आगे हम उपलब्ध टीका ग्रन्थोंका परिचय देते हैं:—

१-महावृत्ति । इसकी एक प्रति पूनेके भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूटमें मौजूद है । इसकी श्लोकसंख्या १२००० के लगभग है । इसके प्रारंभके ३१४ पत्र एक लेखकके लिखे हुए और शेष ७४ पत्र, चैत्र सुदी २ सं० १९३३ को किसी दूसरे लेखकके लिखे हुए हैं । प्रतिके दोनों ही भाग जयपुरके लिखे हुए मालूम होते हैं । कई स्थानों में कुछ पंक्तियाँ छूटी हुई हैं । इसका प्रारंभ इसतरह हुआ है:—

ओं नमः । श्रीमत्सर्वज्ञवीतरागतद्वचनतदनुसारिगुरुभ्यो नमः ।

देवदेवं जिनं नत्वा सर्वसत्त्वाभयप्रदम् ।
शब्दशास्त्रस्य सूत्राणां महावृत्तिर्विरच्यते ॥ १ ॥
यच्छब्दलक्षणमसुव्रजपारमन्यै-
रव्यक्तमुक्तमभिधानविधौ दरिद्रैः ।
तत्सर्वलोकहृदयप्रियचारुवाक्यै-
र्व्यक्तीकरोत्यभयनन्दिमुनिः समस्तम् ॥ २ ॥

शिष्टाचारपरिपालनार्थमादाविष्टदेवतानमस्कारलक्षणं मंगलमिदमाहाचार्यः ।

और अन्तमें कोई प्रशस्ति आदि न देकर सिर्फ इतना ही लिखा है-

"इत्यभयनन्दिविरचितायां जैनेन्द्रव्याकरणमहावृत्तौ पंचमाध्यायस्य चतुर्थः पादः समाप्तः । समाप्तश्चायं पंचमोऽध्यायः ।"

इससे मालूम होता है कि इस महावृत्तिके कर्ता अभयनन्दि मुनि हैं । उन्होंने न तो अपनी गुरुपरम्पराका ही परिचय दिया है और न ग्रन्थरचनाका समय ही दिया है, इससे निश्चयपूर्वक यह नहीं कहा जा सकता कि वे कब हुए हैं । परन्तु उन्होंने सूत्र ३-२-५५ की टीकामें एक जगह उदाहरण दिया है—"तत्त्वार्थवार्तिकमधीयते ।" इससे मालूम होता है कि भट्टाकलंकदेवसे बाद अर्थात् वि० की नौवीं शताब्दिके बाद—और पंचवस्तुके पूर्वोल्लिखित श्लोकमें इसी वृत्तिका उल्लेख जान पड़ता है, इस लिए आर्य श्रुतकीर्तिके अर्थात् विक्रमकी बारहवीं शताब्दिके पहले—किसी समयमें वे हुए हैं । हमारा अनुमान है कि चन्द्रप्रभकाव्यके कर्ता महाकवि वीरनन्दिने जिन अभयनन्दिको अपना गुरु बतलाया है, ये वे ही अभयनन्दि होंगे* । आचार्य नेमिचन्द्रने भी गोम्मटसार-कर्मकाण्डकी ४३६ वीं गाथामें इनका उल्लेख किया है । अतएव इनका समय विक्रमकी ग्यारहवीं शताब्दिके पूर्वार्धके लगभग निश्चित होता है । जैनेन्द्रकी उपलब्ध टीकाओंमें यही टीका सबसे प्राचीन मालूम होती है । प्रो० एस० के० बेलवलकरने अभयनन्दिका समय ई० सन १३००—१३५० के लगभग मालूम नहीं किन प्रमाणोंसे निश्चित किया है ।

२-पंचवस्तु । भांडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूटमें इसकी दो प्रतियाँ मौजूद हैं, जिनमें एक ३००-४०० वर्ष पहलेकी लिखी हुई है और बहुत शुद्ध है । पत्रसंख्या ९१ है । इस पर लेखकका नाम और प्रति लिखनेका समय आदि नहीं है । इसके अन्तमें केवल इतना लिखा हुआ है—

"कृतिरियं देवनंद्याचार्यस्य परवादिमथनस्य ॥ छ ॥ शुभं भवतु लेखकपाठकयोः ॥ श्रीसंघस्य ॥"

दूसरी[2] प्रति रत्नकरण्डश्रावकाचारवचनिका आदि अनेक भाषाग्रन्थोंके रचयिता सुप्रसिद्ध पण्डित सदासुखजीके हाथकी लिखी हुई है और संवत् १९१० की लिखी हुई है । इसके अन्तमें प्रतिलेखकने अपना परिचय इसतरह दिया है:—

अब्दे नभश्चन्द्रनिधिध्रिषभांके शुद्धे सहस्यम(?) युक्चतुर्थ्याम् ।
सत्प्रक्रियाबन्धनिबन्धनेयं सद्वस्तुवृत्तीरदनात्समाप्ता (?) ॥
श्रीमन्नराणामधिपेशराज्ञि श्रीरामसिंहे विलसत्यलेखि ।
श्रीमद्बुधेनेह सदासुखेन श्रीयुक्कृतेलाकनिजात्मबुद्ध्यै ॥
शाब्दीयशास्त्रं पठितं न यैस्तैः स्वदेहसंपालनभारवद्भिः ।
किं दर्शनीयं कथनीयमेतद् वृथांगसंधावपलापवद्भिः ॥

यह प्रति भी प्रायः शुद्ध है ।

यह टीका प्रक्रियाबद्ध टीका है और बड़े अच्छे

---

[1] नं. ५९० A और B सन १८७५-७६ की रिपोर्ट ।

* वीरनन्दि और अभयनन्दिका समय जाननेके लिए देखो त्रिलोकसार ग्रन्थकी मेरी लिखी भूमिका ।

[1] नं० १०५९ सन १८८७-९१ की रिपोर्ट । [2] नं० ५९० सन १८७५-७६ की रिपोर्ट । [3] इस ग्रन्थकी एक प्रति परतापगढ (मालवा) के पुराने दि० जैनमन्दिरके भंडारमें भी है । देखो जैनमित्र ता० २६ अगस्त १९१५ ।

ढंगसे लिखी गई है। इसकी श्लोकसंख्या ३३०० के लगभग है। प्रारंभके विद्यार्थियोंके लिए बडी उपयोगी है। इसका प्रारंभ इसप्रकार किया है-

ओं नमः श्रीशान्तिनाथाय ।

जगतांत्रितयनाथाय नमो जन्मप्रमाथिने ।

नयप्रमाणवाग्रश्मिध्वस्तध्वान्ताय शान्तये ॥ १ ॥

प्रत्याहारस्यादाविष्टदेव-|स्तुतिवचनं मंगलार्थमुपात्तम् ।

आगे चलकर पांचवें पत्रमें इस प्रकार लिखा है-

ग्राम-वैर-वर्ण-कर-चरणादीनां संधीनां बहूनां संभवत्वात् संशयानः शिष्यः संपृच्छति स्म-कत्यसन्धिरिति ।

संज्ञास्वरप्रकृतिहल्जविसर्गजन्मा

संधिस्तु पंचक इतीत्थमिहाहुरन्ये ।

तत्र स्वरप्रकृतिहल्जविकल्पतोऽस्मि-

न्संधिं त्रिधा कथयति श्रुतकीर्तिरार्यः ॥

इस ग्रन्थके आदि-अन्तमें कहीं भी इसके कर्त्ताका नाम नहीं है। केवल इसी जगह यह नाम आया है और इससे मालूम होता है कि पंचवस्तुके रचयिता आर्य श्रुतकीर्ति हैं।

कनडी भाषाके चन्द्रप्रभचरित नामक ग्रन्थके कर्ता अग्गल कविने श्रुतकीर्तिको अपना गुरु बतलाया है-" इति परमपुरुनाथकुलभूभृत्समुद्भूतप्रवचनसरित्सरिन्नाथ-श्रुतकीर्तित्रैविद्यचक्रवार्तिपदपद्मनिधानदीपवर्तिश्रीमदग्गलदेवविरचिते चन्द्रप्रभचरिते--" इत्यादि। और यह चरित शक संवत् १०११ (वि० सं० ११४६) में बनकर समाप्त हुआ है। अतएव पंचवस्तुको भी अभयनन्दि महावृत्तिके कुछ ही पीछे की-विक्रमकी बारहवीं शताब्दिके प्रारंभ की-रचना समझना चाहिये। नन्दिसंघकी गुर्वावलीमें श्रुतकीर्तिको वैयाकरण भास्कर लिखा है:--

" त्रैविद्यः श्रुतकीर्त्याख्यो वैयाकरणभास्करः । "

ये नन्दिसंघ, देशीयगण और पुस्तकगच्छके आचार्य थे। श्रुतकीर्ति नामके और भी कई आचार्य हो गये हैं।

३---लघुजैनेन्द्र। इसकी एक प्रति अंकलेश्वर (भरोंच) के दिगम्बर जैनमन्दिरमें है और दूसरी अधूरी प्रति परतावगढ़ (मालवा) के पुराने दि० जैनमन्दिरमें है। उसमें इस तरह प्रारंभ किया गया है--

महावृत्तिं शुभ्रसकलबुधपूज्यां सुखकरीं,

विलोक्योद्यद्ज्ञानप्रभुविभयनन्दीप्रचहिताम्।

अनेकैः सच्छब्दैश्रमविगतकैः संहृभूतां (?)

प्रकुर्वेऽहं तनुमतिमहाचन्द्रविबुधः (?) ॥

इससे मालूम होता है कि यह अभयनन्दी वृत्तिके आधारसे लिखी गई है। पण्डित महाचन्द्रजी विक्रमकी इसी बीसवीं शताब्दिके ग्रन्थकर्ता हैं। इन्होंने संस्कृत, प्राकृत और भाषामें कई ग्रन्थ लिखे हैं।

४--जैनेन्द्रप्रक्रिया। इसे न्यायतीर्थ न्यायशास्त्री पं० वंशीधरजीने अभी हाल ही लिखी है। इसका अभी केवल पूर्वार्ध ही छपकर प्रकाशित हुआ है।

शब्दार्णवकी टीकायें।

जैनेन्द्र सूत्रपाठके संशोधित परिवर्धित संस्करणका नाम-जैसा कि पहले लिखा जा चुका है--शब्दार्णव है। इसके कर्ता आचार्य गुणनन्दि हैं। यह बहुत संभव है कि सूत्रपाठके सिवाय उन्होंने उसकी कोई टीका या वृत्ति भी बनाई होगी जो कि अभीतक उपलब्ध नहीं हुई है।

गुणनन्दि नामके कई आचार्य हो गये हैं। उनमेंसे एक शक संवत् ३८८ (वि० सं० ५२३) में पूज्यपादसे भी पहलेके हैं[2]। दूसरे गुणनन्दि का उल्लेख श्रवणबेल्गोलके ४२, ४३ और ४७ वें नम्बरके शिलालेखोंमें मिलता है। ये बलाकपिच्छके शिष्य और गृध्रपिच्छके प्रशिष्य थे। तर्क, व्याकरण और साहित्य शास्त्रके बहुत बड़े विद्वान् थे। इनके ३०० शास्त्रपारंगत शिष्य थे और उनमें ७२ शिष्य सिद्धान्तशास्त्री थे। आदि पंपके गुरु देवेन्द्र भी इन्हीं के शिष्य थे। अनेक ग्रन्थकारोंने इन्हें कई काव्योंका कर्त्ता बतलाया है; परन्तु अभी-

१ देखो प्रो० पिटर्सनकी दूसरी रिपोर्ट सन १८८४, पृष्ठ १६४।

१ देखो जैनमित्र ता० २६ अगस्त १९१५।

२ मर्कराका ताम्रपत्र, इंडियन एण्टिक्वेरी, जिल्द १, पृष्ठ ३६३-६५। तथा एपिग्राफिका कर्नाटिका--जिल्द १, का पहला लेख।

तक इनका कोई काव्य नहीं मिला है। कर्नाटक कविचरितके कर्त्ताने इनका समय वि० संवत् ९५७ निश्चय किया है। क्यों कि इनके शिष्य देवेन्द्रके शिष्य आदि पंपका जन्म वि० सं० ९५९ में हुआ था और उसने ३९ वर्षकी अवस्थामें अपने सुप्रसिद्ध कनडी काव्य भारतचम्पू और आदिपुराण निर्माण किये हैं। हमारा अनुमान है कि येही गुणनन्दि शब्दार्णवके कर्त्ता होंगे। श्रवण बेलगोलके ४७ वें शिलालेखमें इनके सम्बन्धमें नीचे लिखे श्लोक मिलते हैं:—

श्रीगृद्ध्रपिच्छमुनिपस्य बलाकपिच्छः
शिष्योऽजनिष्ट रत्नत्रयवर्तिकीर्तिः।
चारित्रचञ्चुरखिलावनिपालमौलि-
मालाशिलीमुखविराजितपादपद्मः ॥ ६ ॥
तच्छिष्यो गुणनन्दिपण्डितयतिः चारित्रचक्रेश्वरः।
तर्कव्याकरणादिशास्त्रनिपुणः साहित्यविद्यापतिः ॥ ७
मिथ्यात्वादिमदान्धसिन्धुरघटासंघातकण्ठीरवो।
भव्याम्भोजदिवाकरो विजयतां कन्दर्पदर्पापहः ॥ ८
तच्छिष्यास्त्रिशतं विवेकनिधयः शास्त्राब्धिपारंगताः
तेषूत्कृष्टतमा द्विसप्ततिमिताः सिद्धान्तशास्त्रार्थकाः ॥ ९
व्याख्याने पटवो विचित्रचरिताः तेषु प्रसिद्धो मुनिः।
नानानूननयप्रमाणनिपुणो देवेन्द्रसैद्धान्तिकः ॥ १०

चन्द्रप्रभचरित महाकाव्यके कर्त्ता वीरनन्दिका समय शक संवत ९०० के लगभग निश्चित होता है। क्यों कि वादिराजसूरिने अपने पार्श्वनाथकाव्यमें उनका स्मरण किया है। और वीरनन्दीकी गुरुपरम्परा इस प्रकार है—१ श्रीगुणनन्दि, २ विबुधगुणनन्दि, ३ अभयनन्दि और वीरनन्दि। यदि पहले गुणनन्दि और वीरनन्दिके बीचमें हम ७८ वर्षका अन्तर मान लें, तो पहले गुणनन्दिका समय वही शक संवत् ८२२ या वि० सं० ९५७ के लगभग आ जायगा। इससे यह निश्चय होता है कि वीरनन्दिकी गुरुपरम्पराके प्रथम गुणनन्दि और आदिपंपके गुरु देवेन्द्रके गुरु गुणनन्दि एक ही होंगे और जैसा कि हम पहले लिख चुके हैं येही शब्दार्णवके कर्त्ता होंगे।

गुणनन्दि नामके एक और आचार्य शक संवत् १०३७ [वि० सं० ११७२] में हुए हैं जो मेघचन्द्र त्रैविद्यके गुरु थे। संभव है कि शब्दार्णवके कर्त्ता ये ही हों।

शब्दार्णवकी इस समय दो टीकायें उपलब्ध हैं और दोनों ही सनातन जैन ग्रन्थमालामें छप चुकी हैं—१ शब्दार्णवचन्द्रिका, और २ शब्दार्णवप्रक्रिया।

१—शब्दार्णवचन्द्रिका। इसकी एक बहुत ही प्राचीन और अतिशय जीर्ण प्रति भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूटमें मौजूद है। यह ताडपत्रपर नागरी लिपिमें है। इसके आदि-अन्तके पत्र प्रायः नष्ट हो गये हैं। इसमें छपी हुई प्रतिमें जो गद्य प्रशस्ति है, वह नहीं है। और अन्तमें एक श्लोक है जो आधा पढ़ा जाता है—"मंगलमस्तु। ... ...इन्द्रश्चन्द्रशकटतनयः पाणिनिः पूज्यपादो यत्प्रोवाचापिशलिरमरः काशकृत्स्नि......शब्दपारायणस्येति।"

इसके कर्त्ता श्रीसोमदेव मुनि हैं। ये शिलाहार वंशके राजा भोजदेव [द्वितीय] के समयमें हुए हैं और अर्जुरिका नामक ग्रामके त्रिभुवनतिलक नामक जैनमन्दिरमें—जो कि महामण्डलेश्वर गंडरादित्यदेवका बनवाया हुआ था—उन्होंने इसे शक संवत् ११२७ [वि० सं० १२६२] में बनाया है। यह ग्राम इस समय आजरे नामसे प्रसिद्ध है और कोल्हापुर राज्यमें है। वादीभवज्रांकुश श्रीविशालकीर्ति पण्डितदेवके वैयावृत्यसे इस ग्रन्थकी रचना हुई है:—

"श्रीसोमदेवयतिनिर्मितिमादधाति
या नौः प्रतीतगुणनंदितशब्दवार्धौ।

१ नं० २५ सन १८८०-८८ की रिपोर्ट।

२ ये विशालकीर्ति वे ही मालूम होते हैं जिनका उल्लेख पं० आशाधरने अपने अनगारधर्मामृतकी प्रशस्तिकी टीकामें 'वादीन्द्रविशालकीर्ति' के नामसे किया है और जिनको उन्होंने न्यायशास्त्रमें पारंगत किया था। पं० आशाधर वि० सं० १२४९ के लगभग धारामें आये थे और वि० सं० १३०० तक उनके अस्तित्वका पता लगता है। (देखो माणिकचंद्र विद्वद्रत्नमालामें 'पण्डितप्रवर आशाधर' शीर्षक लेख) अतः सोमदेवका वैयावृत्य करनेवाले विशालकीर्ति दूसरे नहीं हो सकते। पं० आशाधरके पाससे पढ़कर ही वे दक्षिणकी ओर चले आये होंगे।

सेयं सताममलचेतसि विस्फुरंती
वृत्तिः सदा नुतपदा परिवर्तिषीष्ट ॥

स्वस्ति श्रीकोल्हापुरदेशांतर्वर्त्यार्जुरिकामहास्थानयुधिष्ठि-रावतारमहामण्डलेश्वरगंडरादित्यदेवनिर्मापितत्रिभुवनतिलक--जिनालये श्रीमत्परमपरमेष्ठिश्रीनेमिनाथश्रीपादपद्माराधनबलेन वादीभवज्रांकुशश्रीविशालकीर्तिपंडितदेववैयावृत्यतः श्रीमच्छि--लाहारकुलकमलमार्तंडतेजःपुंजराजाधिराजपरमेश्वरपरमभट्टा--रकपश्चिमचक्रवर्तिश्रीवीरभोजदेवविजयराज्ये शकवर्षैकसह--स्रैकशतसप्तविंशति ११२७ तमक्रोधनसंवत्सरे स्वस्ति समस्तानवद्यविद्याचक्रचक्रवर्तिश्रीपूज्यपादानुरक्तचेतसा श्री--मत्सोमदेवमुनीश्वरेण विरचितेयं शब्दार्णवचन्द्रिका नाम वृत्तिरिति । इति श्रीपूज्यपादकृतजैनेन्द्रमहाव्याकरणं सम्पूर्णम् । ”

यशस्तिलकचम्पूके कर्ता सुप्रसिद्ध सोमदेव-सूरि इनसे पहले हुए हैं। क्यों कि उनका उक्त चम्पू शाक संवत् ८८१ [वि० १०१६] में समाप्त हुआ था। अतएव उनसे और इनसे कोई सम्बन्ध नहीं है, यह स्पष्ट है।

इस ग्रन्थके मंगलाचरणमें नीचे लिखे दो श्लोक दिये हैं:—

श्रीपूज्यपादममलं गुणनन्दिदेवं
सोमामरव्रतिपपूजितपादयुग्मम् ।
सिद्धं समुन्नतपदं वृषभं जिनेन्द्रं
सच्छब्दलक्षणमहं विनमामि वीरम् ॥ १ ॥
श्रीमूलसंघजलजप्रतिबोधभानो-
र्मेघेन्दुदीक्षितभुजंगसुधाकरस्य ।
राद्धान्ततोयनिधिवृद्धिकरस्य वृत्तिं
रेभे हरीन्दुयतये वरदीक्षिताय ॥ २ ॥

इनमेंसे पहले श्लोकमें पूज्यपाद, गुणनन्दि और सोमदेव ये विशेषण वीर भगवानको दिये हैं। दूसरे श्लोकमें कहा है कि यह टीका मूलसंघीय मेघचन्द्रके शिष्य नागचन्द्र (भुजंगसुधाकर)और उनके शिष्य हरिचन्द्र यतिके लिए बनाई जाती है।

गुणनन्दिकी प्रशंसा चुरादि धातुपाठके अन्तमें भी एक पद्यमें की गई है जिसका अन्तिम चरण यह है:—

शब्दब्रह्मा स जीयाद् गुणनिधिगुणनंदिव्रतीशस्सुसौख्यः ।

अर्थात् इसमें शब्दब्रह्मा विशेषण देकर गुणनन्दि-को शब्दार्णव व्याकरणका कर्ता ही प्रकट किया गया है।

अब देखना चाहिए कि ये मेघचन्द्र और नागचन्द्र आदि कौन थे और कब हुए हैं:—

ये मेघचन्द्र आचारसारके कर्ता वीरनन्दि सिद्धान्त चक्रवर्तीके गुरु ही मालूम होते हैं।[1] ये बड़े भारी विद्वान थे। इन्हें सिद्धान्तज्ञतामें जिनसेन और वीरसेनके सदृश, न्यायमें अकलंकके समान और व्याकरणमें साक्षात् पूज्यपाद सदृश बतलाया है। श्रवणबेलगोलके नं० ४७, ५० और ५२ नम्बरके शिलालेखोंसे मालूम होता है कि इनका स्वर्गवास शाक संवत् १०३७ (वि० सं० ११७२) में और उनके शुभचन्द्रदेव नामक शिष्यका स्वर्गवास शाक संवत् १०६८ (वि० सं० १२०३)में हुआ था। तथा उनके दूसरे शिष्य प्रभाचन्द्रदेवने शाक सं० १०४१ (वि० सं० ११७६) में एक महापूजाप्रतिष्ठा कराई थी। जब सोमदेवने शब्दार्णवचन्द्रिका मेघचन्द्रके प्रशिष्य हरिचन्द्रके लिए शाक सं० ११२७ (वि० सं० १२६२) में बनाई थी, तब मेघचन्द्रका समय वि० सं० ११७२ के लगभग माना जा सकता है।

नागचन्द्र नामके दो विद्वान हो गये हैं, एक पंपरामायणके कर्ता नागचन्द्र जिनका दूसरा नाम अभिनव पंप था, और दूसरे लब्धिसारटीकाके कर्ता नागचन्द्र। पहले गृहस्थ थे और दूसरे मुनि। अभिनव पंपके गुरुका नाम बालचन्द्र था जो मेघचन्द्रके सहाध्यायी थे, और दूसरे स्वयं बालचन्द्रके शिष्य थे। इन दूसरे नागचन्द्रके शिष्य हरिचन्द्रके लिए यह वृत्ति बनाई गई है। इन्हें जो 'राद्धान्ततोयनिधिवृद्धिकर' विशेषण दिया है उससे मालूम होता है, कि ये सिद्धान्तचक्रवर्ती या सिद्धान्त शास्त्रोंके ज्ञाता या टीकाकार होंगे।

२—शब्दार्णवप्रक्रिया। यह जैनेन्द्र प्रक्रियाके नामसे छपी है; परन्तु हमारा अनुमान है कि इस-

---

१ मेघचन्द्रके विषयमें विशेष जाननेके लिए देखो माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके ' आचारसार ' की भूमिका।

२ देखो, ' इन्स्क्रिप्शनस एट श्रवणबेलगोल ' का ४७ वाँ शिलालेख।

का नाम शब्दार्णव-प्रक्रिया ही होगा। हमें इसकी कोई हस्तलिखित प्रति नहीं मिल सकी। जिस तरह अभयनन्दिकी वृत्तिके बाद उसीके आधारसे प्रक्रियारूप पंचवस्तु टीका बनी है, उसी प्रकार सोमदेवकी शब्दार्णव-चन्द्रिकाके बाद उसीके आधारसे यह प्रक्रिया बनी है। प्रकाशकोंने इसके कर्ताका नाम गुणनन्दि प्रकट किया है; परन्तु जान पडता है इसके अन्तिम श्लोकोंमें गुणनन्दिका नाम देखकर ही भ्रमवश इसके कर्त्ताका नाम गुणनन्दि समझ लिया गया है। वे श्लोक नीचे दिये जाते हैं:—

सत्संधिं दधते समासमभितः ख्यातार्थनामोन्नत
निर्ज्ञातं बहुतद्धितं कृतमिहाख्यात यशःशालिनम्।
सैषा श्रीगुणनन्दितानितवपुः शब्दार्णवं निर्णयं
नावत्याश्रयतां विविक्षुमनसां साक्षात्स्वयं प्रक्रिया ॥ १ ॥
दुरितमदेभनिशुंभकुम्भस्थलभेदनक्षमोग्रनखैः।
राजन्मृगाधिराजो गुणनन्दी भुवि चिरं जीयात् ॥ २
सन्मार्गे सकलसुखप्रियकरे संज्ञापिते सद्गुण
प्रा(दि)ग्वासरसुचारित्रवानमलकः कांतो विवेकी प्रियः।
सोयं यः श्रुतकीर्तिदेवयतिपो भट्टारकोत्तंसको
रंरम्यान्मम मानसे कविपतिः सद्राजहंसश्चिरम् ॥ ३

इनमेंसे पहले पद्यका आशय पहले लिखा जा चुका है। उससे यह स्पष्ट होता है कि गुणनन्दिके शब्दार्णवके लिए यह प्रक्रिया नावके समान है। और दूसरे पद्यमें कहा है कि सिंहके समान गुणनन्दि पृथ्वीपर सदा जयवन्त रहें। मालूम नहीं, इन पद्योंसे इस प्रक्रियाका कर्तृत्व गुणनन्दिको कैसे प्राप्त होता है। यदि इसके कर्ता स्वयं गुणनन्दी होते तो वे स्वयं ही अपने लिए यह कैसे कहते कि वे गुणनन्दि सदा जयवन्त रहें। इनसे तो साफ प्रकट होता है कि गुणनन्दि ग्रन्थकर्तासे कोई पृथक् ही व्यक्ति है जिसे वह श्रद्धास्पद समझता है। अर्थात् यह निस्सन्देह है कि इसके कर्ता गुणनन्दिके अतिरिक्त कोई दूसरे ही हैं।

तीसरे पद्यमें भट्टारकशिरोमणि श्रुतकीर्ति देवकी प्रशंसा करता हुआ कवि कहता है कि वे मेरे मनरूप मानससरोवरमें राजहंसके समान चिरकाल तक विराजमान रहें। इसमें भी ग्रन्थकर्ता अपना नाम प्रकट नहीं करते हैं; परन्तु अनुमानसे ऐसा जान पडता है कि वे श्रुतकीर्तिदेवके कोई शिष्य होंगे और संभवतः उन श्रुतकीर्तिके नहीं जो पंचवस्तुके कर्ता हैं। ये श्रुतकीर्ति पंचवस्तुके कर्तासे पृथक् जान पड़ते हैं। क्योंकि इन्हें प्रक्रियाके कर्ताने 'कविपति'[1] बतलाया है, व्याकरणज्ञ नहीं। ये वे ही श्रुतकीर्ति मालूम होते हैं जिनका समय प्रो० पाठकने शक संवत् १०४५ या वि० सं० ११८० बतलाया है। श्रवणबेलगोलके जैनगुरुओंमें 'चारुकीर्ति पंडिताचार्य' का पद शक संवत् १०३९ के बाद धारण किया है और पहले 'चारुकीर्ति इन्हीं श्रुतकीर्तिके पुत्र थे। श्रवणबेलगोलके १०८ वें शिलालेखमें इनका जिकर है और इनकी बहुत ही प्रशंसा की गई है। लिखा है—

तत्र सवशरीररक्षाकृतमतिर्निर्जितेन्द्रियः।
सिद्धशासनवर्द्धनप्रतिलब्धकीर्तिकलापकः ॥ २२ ॥
विश्रुतश्रुतकीर्तिभट्टारकयतिस्समजायत।
प्रस्फुरद्वचनामृतांशुविनाशिताखिलहृत्तमाः ॥ २३ ॥

प्रक्रियाके कर्ताने इन्हें भट्टारकोत्तंस और श्रुतकीर्तिदेवयतिप लिखा है और इस लेखमें भी भट्टारकयति लिखा है। अतः ये दोनों एक मालूम होते हैं। आश्चर्य नहीं जो इनके पुत्र और शिष्य चारुकीर्ति पण्डिताचार्य ही इस प्रक्रियाके कर्ता हों।

समय-निर्णय।

१. शाकटायन व्याकरण और उसकी अमोघवृत्ति नामकी टीका दोनों ही के कर्ता शाकटायन नामके आचार्य हैं, इस बातको प्रो० के० बी० पाठकने अनेक प्रमाण देकर सिद्ध किया है और उन्होंने यह भी बतलाया है कि अमोघवृत्ति राष्ट्रकूट राजा

---

१ छपी हुई प्रतिके अन्तमें "इति प्रक्रियावतारे कृद्विधिः षष्ठः समासः। समाप्तेयं प्रक्रिया।" इस तरह छपा है। इससे भी इसका नाम जैनेन्द्र प्रक्रिया नहीं जान पड़ता।

१ देखो 'सिस्टम्स आफ संस्कृत ग्रामर' पृष्ठ ६७। २ देखो, मेरा लेख 'कर्नाटक जैन कवि' पृष्ठ २०। ३ देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर, किरण २-३, पृष्ठ ११८।

४ देखो, इंडियन एण्टिक्वेरी, जिल्द ४३, पृष्ठ २०५–१२ में प्रो० पाठकका लेख।

अमोघ वर्षके समयमें उसीके नामसे बनाई गई है। इससे यह सिद्ध होता है कि शाकटायन व्याकरण (सूत्र) अमोघ वर्षके समयमें अथवा उससे कुछ पहले बनाया गया होगा। अमोघवर्षने शक संवत् ७३७ से ८०० तक (वि० सं० ८७२ से ९३५ तक) राज्य किया है। अतः यदि हम शाकटायन सूत्रोंके बननेका समय वि० सं० ८५० के लगभग मान लें, तो यह वास्तविकता के निकट ही रहेगा।

शाकटायन व्याकरणको बारीकीके साथ देखनेसे मालूम होता है कि वह जैनेन्द्रसे पीछे बना हुआ है। क्यों कि उसके अनेक सूत्र जैनेन्द्रका अनुकरण करके रचे गये हैं। उदाहरणके लिए जैनेन्द्रके " वस्तेर्ढञ् " (४-१-१५४), " शिलाया ढः, (४-१-१५५) " ढश्च " (४ १-२०९) आदि सूत्रोंको शाकटायनने थोडा बहुत फेरफार करके अथवा ज्यों का त्यों ले लिया है। जैनेन्द्रका एक सूत्र है-" टिदादिः " (१-१-५२) शाकटायनने इसे ज्यों का त्यों रख कर अपना पहले अध्याय, पहले पादका ५२ वां सूत्र बना लिया है। इस सूत्रको लक्ष्य करके भट्टाकलंकदेव अपने राजवार्तिक (१-५-१, पृष्ठ ३७) में लिखते हैं— " क्वचिदवयवे टिदादिरिति।" और भट्टाकलंकदेव शाकटायन तथा अमोघवर्षसे पहले राष्ट्रकूट राजा साहसतुंगके समयमें हुए हैं, अत एव यह निश्चय है कि अकलंकदेवने जो 'टिदादि' सूत्रका प्रमाण दिया है, वह जैनेन्द्रके सूत्रको ही लक्ष्य करके दिया है, शाकटायनके सूत्रको लक्ष्य करके नहीं। इससे यह सिद्ध हुआ कि शाकटायन जैनेन्द्रसे पीछेका बना हुआ है। अर्थात् जैनेन्द्र वि० सं० ८५० से भी पहले बन चुका था।

२) वामनप्रणीत लिङ्गानुशासन नामका एक ग्रन्थ अभी हाल ही गायकवाड ओरियंटल सीरीजमें प्रकाशित हुआ है। इसका कर्ता पं० वामन राष्ट्रकूट राजा जगत्तुंग या गोविन्द तृतीयके समयमें हुआ है और इस राजाने शक ७१६ से ७३६ (वि० ८५१—८७१) तक राज्य किया है। यह ग्रन्थ कर्ता नीचे लिखे पद्यमें जैनेन्द्रका उल्लेख करता है-

व्याडिप्रणीतमथ वाररुचं सचान्द्रं
जैनेन्द्रलक्षणगतं विविधं तथान्यत्।
लिङ्गस्य लक्ष्म हि समस्य विशेषयुक्त-
मुक्तं मया परिमितं त्रिदशा इहार्याः ॥ ३१ ॥

इससे भी सिद्ध होता है कि वि० सं० ८५० के लगभग जैनेन्द्र प्रख्यात व्याकरणोंमें गिना जाता था। अतएव यह इस समयसे भी पहलेका बना हुआ होना चाहिए।

३) हरिवंशपुराण शक संवत् ७०५ (वि० सं० ८४०)-का बना हुआ है। इस समय यह समाप्त हुआ है। उस समय दक्षिणमें राष्ट्रकूट राजा कृष्ण (शुभतुंग या साहसतुंग) का पुत्र श्रीवल्लभ (गोविन्दराज द्वितीय) राज्य करता था। इस राजाने शक ६९७ से ७०५ तक [वि० ८३२ से ८४०] तक राज्य किया है। इस हरिवंशपुराणमें पूज्यपाद या देवनन्दिकी प्रशंसा इस प्रकार की गई है:

इन्द्रचन्द्रार्कजैनेन्द्रव्याडिव्याकरणेक्षिणः।
देवस्य देववन्द्यस्य न वन्दन्ते गिरः कथम् ॥ ३१ ॥

यह बात निस्सन्देह होकर कही जा सकती है कि जैनेन्द्रव्याकरणके कर्ता देवनन्दि वि० सं० ८०० से भी पहलेके हैं।

४) उपर बतलाया चुका है कि तत्त्वार्थराजवार्तिकमें जैनेन्द्र व्याकरणके एक सूत्रका हवाला दिया गया है। इसी तरह " सर्वादिः सर्वनाम " [१-१-३५] सूत्र भी जैनेन्द्रका है, और उसका उल्लेख राजवार्तिक अध्याय १ सूत्र ११ की व्याख्यामें किया गया है। इससे सिद्ध है कि जैनेन्द्र व्याकरण राजवार्तिकसे पहलेका बना हुआ है। राजवार्तिकके कर्ता अकलंकदेव राष्ट्रकूट राजा साहसतुंग—जिसका दूसरा नाम शुभतुंग और कृष्ण भी है—की सभामें गये थे, इसका उल्लेख श्रवणबेलगोलकी मल्लिषेणप्रशस्तिमें किया गया है; और साहसतुंगने शक संवत् ६७५ से ६९७ [वि० सं० ८१० से ८३२] तक राज्य किया है। यदि राजवार्तिकको हम इस राजाके ही समयका बना हुआ मानें, तो भी जैनेन्द्र वि० सं० ८०० से पहलेका बना हुआ सिद्ध होता है।

---

१ देव देवनन्दिका ही संक्षिप्त नाम है। शब्दार्णवचन्द्रिकामें १-४-११४ सूत्रकी व्याख्यामें लिखा है—" देवोपज्ञमनेकशेषव्याकरणम्।"

उक्त प्रमाणोंसे यह तो निश्चय हो गया कि जैनेन्द्रके कर्ता विक्रम सं० ८०० से पहले हुए हैं। परंतु यह निश्चय नहीं हुआ कि कितने पहले हुए हैं। इसके लिए आगेके प्रमाण देखिए।

५—मर्करा (कुर्ग) में एक बहुत ही प्राचीन ताम्रपत्र[1] मिला है। यह शक संवत् ३८८ (वि०सं०५२३) का लिखा हुआ है। उस समय गंगवंशीय राजा अविनीत राज्य करता था। अविनीत राजाका नाम भी इस लेखमें है। इसमें कुन्दकुन्दान्वय और देशीयगणके मुनियोंकी परम्परा इस प्रकार दी हुई है:—गुणचन्द्र—अभयनन्दि—शीलभद्र—ज्ञाननन्दि—गुणनन्दि और वदननन्दि। पूर्वोक्त अविनीत राजाके बाद उसका पुत्र दुर्विनीत राजा हुआ है। हिस्ट्री आफ कनडी लिटरेचर नामक अंगरेजी ग्रन्थ और 'कर्नाटककविचरित्र'[2] नामक कनडी ग्रन्थके अनुसार इस राजाका राज्यकाल ई० सन ४८२ से ५१२ (वि० ५३९—६९) तक है। यह कनडी भाषाका कवि था। भारविके किरातार्जुनीय काव्यके १५ वें सर्गकी कनडी टीका इसने लिखी है। कर्नाटककविचरित्रके कर्ता लिखते हैं कि यह राजा पूज्यपाद यतीन्द्रका शिष्य था अतः पूज्यपादको हमें विक्रमकी छठी शताब्दिके प्रारंभका ग्रन्थकर्ता मानना चाहिए। मर्करावाले उक्त ताम्रपत्रसे भी यह बात पुष्ट होती है। वि० संवत ५२३ में अविनीत राजा था। इसके १६ वर्ष बाद वि० सं० ५३९ में उसका पुत्र दुर्विनीत राजा हुआ होगा, अतएव उसका जो राज्यकाल बतलाया गया है, वह अवश्य ठीक होगा। और जिन वदननन्दिके समय उक्त ताम्रपत्र लिखा गया है, संभवतः उन्हींकी शिष्य परम्परामें बल्कि उन्हींके शिष्य या प्रशिष्य जैनेन्द्रके कर्ता देवनन्दि या पूज्यपाद होंगे। क्योंकि ताम्रपत्रकी मुनिपरम्परामें नन्द्यन्त नाम ही अधिक हैं, और इनका भी नाम नन्द्यन्त है। इतना ही नहीं बल्कि इनके शिष्य वज्रनन्दिका नाम भी नन्द्यन्त है। अतः जबतक कोई प्रमाण इसका विरोधी न मिले, तबतक हमें देवनन्दिको कुन्दकुन्दाम्नाय और देशीयगणके आचार्य वदननन्दिका शिष्य या प्रशिष्य माननेमें कोई दोष नहीं दिखता। उनका समय विक्रमकी छठी शताब्दिका प्रारंभ भी प्रायः निश्चित समझना चाहिए।

६- इस समयकी पुष्टिमें एक और भी अच्छा प्रमाण मिलता है। वि० सं० ९९० में बने हुए 'दर्शनसार' नामक प्राकृत ग्रन्थमें लिखा है कि पूज्यपादके शिष्य वज्रनन्दिने वि० सं० ५२६ में दक्षिण मथुरा या मदुरामें द्राविडसंघकी स्थापना की:—

> सिरिपुज्जपादसीसो दाविडसंघस्स कारगो दुट्ठो।
> णामेण वज्जणंदी पाहुडवेदी महासत्थो ॥
> पंचसए छव्वीसे विक्कमरायस्स मरणपत्तस्स।
> दक्खिणमहुराजादो दाविडसंघो महामोहो ॥

इससे भी पूज्यपादका समय वही छठी शताब्दिका प्रारंभ निश्चित होता है।

प्रो० पाठकके प्रमाण।

सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ पं० काशीनाथ बापूजी पाठकने अपने शाकटायन व्याकरणसम्बन्धी लेखमें[1] कुछ प्रमाण ऐसे दिये हैं जिनसे ऐसा भास होता है कि जैनेन्द्रके समयका मानो अन्तिम निर्णय हो गया। इन प्रमाणोंको भी हम अपने पाठकोंके सम्मुख उपस्थित करदेना चाहते हैं; परन्तु साथ ही यह भी कह देना चाहते हैं कि ये प्रमाण जिस नींवपर खड़े किये गये हैं, उसमें कुछ भी दम नहीं है। जैसा कि हम पहले सिद्ध कर चुके हैं जैनेन्द्रका असली सूत्रपाठ वही है जिसपर अभयनन्दिकी महावृत्ति रची गई है; परन्तु पाठक महोदयने जितने प्रमाण दिये हैं, वे सब शब्दार्णवचन्द्रिकाके सूत्रपाठको असली जैनेन्द्रसूत्र मानकर दिये हैं; इस कारण वे तबतक ग्राह्य नहीं हो सकते जबतक कि पुष्ट प्रमाणोंसे यह सिद्ध नहीं कर दिया जाय कि शब्दार्णवचन्द्रिकाका पाठ ही ठीक है और इसके विरुद्धमें दिये हुए हमारे प्रमाणोंका पूरा पूरा खण्डन न कर दिया जाय।

1 इंडियन एण्टिक्वेरी, जिल्द १, पृष्ठ ३६३-६५ और एपिग्राफिका कर्नाटिका, जिल्द १ का पहला लेख। २ आर, नरसिंहाचार्य, एम० ए० कृत।

1 देखो इंडियन एण्टिक्वेरी जिल्द ४३, पृष्ठ २०५-१२।

१—जैनेन्द्रका एक सूत्र है—"हस्तादेयेनुदस्तेये चेः" [२-३-३६]। इस सूत्रके अनुसार 'चि' को 'चाय' हो जाता है, उस अवस्थामें जब कि हाथसे ग्रहण करने योग्य हो, उत् उपसर्गके बाद न हो और चोरी करके न लिया गया हो। जैसे 'पुष्पप्रचायः'। हस्तादेय न होनेसे पुष्पप्रचय, उत् उपसर्ग होनेसे 'पुष्पोच्चय' और चोरी होनेसे 'पुष्पप्रचय' होता है*। इस सूत्रमें उत् उपसर्गके बाद जो 'चाय' होनेका निषेध किया गया है, वह पाणिनिमें,+ उसके वार्तिकमें और भाष्यमें भी नहीं है। परन्तु पाणिनिकी काशिकावृत्तिमें ३-३-४० सूत्रके व्याख्यानमें है—"उच्चयस्य प्रतिषेधो वक्तव्यः।" इससे सिद्ध होता है कि काशिकाके कर्ता वामन और जयादित्यने इसे जैनेन्द्रपरसे ही लिया है और जयादित्यकी मृत्यु वि० सं० ७१७ में हो चुकी थी ऐसा चिनी यात्री इत्सिगने अपने यात्राविवरणमें लिखा है। अतः जैनेन्द्रव्याकरण वि० सं० ७१७ से भी पहलेका बना हुआ होना चाहिए।

२—पाणिनि व्याकरणमें नीचे लिखा हुआ एक सूत्र हैः—

"शरद्वच्छुनकदर्भाद् भृगुवत्साग्रायणेषु।" ४-१-१०२।

इसके स्थानमें जैनेन्द्रका सूत्र इस प्रकार है—

"शरद्वच्छुनकदर्भाग्निशर्मकृष्णरणात् भृगुवत्साग्रायणवृषगणब्राह्मणवासिष्ठे।" ३-१-१३४।

इसीका अनुकरणकारी सूत्र शाकटायनमें इस तरह का हैः—

"शरद्वच्छुनकरणाग्निशर्मकृष्णदर्भाद् भृगुवत्सवसिष्ठवृषगणब्राह्मणाग्रायणे" २-४-३६।

इस सूत्रकी अमोघवृत्तीमें

"आग्निशर्मायणो वार्षगण्यः। आग्निशर्मिरन्यः।"

इस तरह व्याख्या की है।

इन सूत्रोंसे यह बात मालूम होती है कि पाणिनिमें 'वार्षगण्य' शब्द सिद्ध नहीं किया गया है जब कि जैनेन्द्रमें किया गया है। 'वार्षगण्य' सांख्य कारिकाके कर्त्ता ईश्वरकृष्णका दूसरा नाम है और सुप्रसिद्ध चीनी विद्वान डा० टक्कुसुके मतानुसार ईश्वरकृष्ण वि० सं० ५०७ के लगभग विद्यमान थे। इससे निश्चय हुआ कि जैनेन्द्रव्याकरण ईश्वरकृष्णके बाद—वि० सं० ५०७ के बाद और काशिकासे पहले—वि० सं० ७१७ से पहले—किसी समय बना है।

३—जैनेन्द्रका और एक सूत्र है—"गुरूदयाद्भाद्युक्तेऽब्दे" (३-२-२१)। शाकटायनने भी इसे अपना २-४-२२४ वां सूत्र बना लिया है। हेमचन्द्रने थोडासा परिवर्तन करके 'उदितगुरोर्भाद्युक्तेऽब्दे' (६-२-२५) बनाया है। इस सूत्रमें द्वादशवर्षात्मक बार्हस्पत्य संवत्सरपद्धतिका उल्लेख किया

---

१ इन प्रमाणोंमें जहाँ जहाँ जैनेन्द्रका उल्लेख हो, वहाँ वहाँ शब्दार्णव-चन्द्रिकाका सूत्रपाठ समझना चाहिए। सूत्रोंके नम्बर भी उसीके अनुसार दिये गये हैं।

* 'हस्तादेये' हस्तेनादानेऽनुदि वाचि चिञो घञ भवत्यस्तेये। पुष्पप्रचायः। हस्तादेय इति किं? पुष्पप्रचयं करोति तरुशिखरे। अनुदीति किं? फलोच्चयः। अस्तेय इति किं? फलप्रचयं करोति चौर्येण (शब्दार्णव-चन्द्रिका पृष्ठ ५१)

+ पाणिनिका सूत्र इस प्रकार है—"हस्तादाने चेरस्तेये" (३-३-४०)

१ इस संवत्सरकी उत्पत्ति बृहस्पतिकी गति परसे हुई है, इस कारण इसे बार्हस्पत्य संवत्सर कहते हैं। जिस समय यह मालूम हुआ कि नक्षत्रमण्डलमेंसे बृहस्पतिकी एक प्रदक्षिणा लगभग १२ वर्षमें होती है, उसी समय इस संवत्सरकी उत्पत्ति हुई होगी, ऐसा जान पडता है। जिस तरह सूर्यकी एक प्रदक्षिणाके कालको एक सौर वर्ष और उसके १२ वें भागको मास कहते हैं, उसी तरह इस पद्धतिमें गुरुके प्रदक्षिणा कालको एक गुरुवर्ष और उसके लगभग १२ वें भागको गुरुमास कहते थे। सूर्यसान्निध्यके कारण गुरु वर्षमें कुछ दिन अस्त रहकर जिस नक्षत्रमें उदय होता है, उसी नक्षत्रके नाम गुरुवर्षके मासोंके नाम रक्खे जाते थे। ये गुरुके मास वस्तुतः सौर वर्षोंके नाम हैं, इस कारण इन्हें चैत्र संवत्सर, वैशाख संवत्सर आदि कहते थे। इस पद्धतिको अच्छी तरह समझनेके लिए स्वर्गीय पं० शंकर बालकृष्ण दीक्षितका "भारतीय ज्योतिःशास्त्राचा इतिहास" और डॉ० फ्लीटके 'गुप्त इन्स्क्रिप्शन्स' में इन्हीं दीक्षित महाशयका अँगरेजी निबन्ध पढ़ना चाहिए।

गया है। यह पद्धति प्राचीन गुप्त और कदम्बवंशी राजाओंके समय तक प्रचलित थी, इसके कई प्रमाण पाये गये हैं। प्राचीन गुप्तोंके शक संवत् ३०७ से ४५० [वि० सं० ४५५ से ५८५] तक तक के पाँच ताम्रपत्र पाये गये हैं। उनमें चैत्रादि संवत्सरोंका उपयोग किया गया है और इन्हीं गुप्तोंके समकालीन कदम्बवंशी राजा मृगेशवर्माके ताम्रपत्रमें भी पौष संवत्सरका उल्लेख है। इससे मालूम होता है कि इस बृहस्पति संवत्सरका सबसे पहले उल्लेख करनेवाले जैनेन्द्रव्याकरणके कर्त्ता हैं और इसलिए जैनेन्द्रकी रचना का समय ईस्वी सनकी पाँचवी शताब्दिके उत्तरार्ध (विक्रमकी छठी शताब्दीका पूर्वार्ध) के लगभग होना चाहिए। यह तो पहले ही बताया जा चुका है कि जैनेन्द्रकी रचना ईश्वरकृष्णके पहले अर्थात् वि० सं० ५०७ के पहले नहीं हो सकती, क्यों कि उसमें वार्षगण्यका उल्लेख है।

पाठक महाशयने इन प्रमाणोंमें 'हस्तादेयेनुयमेय च', 'शरद्वच्छुनकदर्भाग्निशर्मकृष्णरणात् भृगुवत्साग्रायणवृषगणब्राह्मणवसिष्ठे' और 'गुरुद्याद् भाद्युकेऽब्दे' सूत्र दिये हैं, परन्तु ये तीनों ही जैनेन्द्रके असली सूत्रपाठमें इन रूपोंमें नहीं हैं, अतएव इनसे जैनेन्द्रका समय किसी तरह भी निश्चित नहीं हो सकता है।

हाँ, यदि जैनेन्द्रकी कोई स्वयं देवनन्दिकृत वृत्ति उपलब्ध हो जाय, जिसके कि होनेका हमने अनुमान किया है, और उसमें इन सूत्रोंके विषयका प्रतिपादन करनेवाले वार्तिक आदि मिल जायं—मिल जानेकी संभावना भी बहुत है—तो अवश्य ही पाठक महाशयके ये प्रमाण बहुत ही उपयोगी सिद्ध होंगे।

पाठक महाशयके इन प्रमाणोंके ठीक न होने पर भी दर्शनसारके और मर्करांके ताम्रपत्रके प्रमाणसे यह बात लगभग निश्चित ही है कि जैनेन्द्र विक्रमकी छठी शताब्दीके प्रारंभ की रचना है।

जैनेन्द्रोक्त अन्य आचार्य।

पाणिनि आदि वैयाकरणोंने जिस तरह अपनेसे पहलेके वैयाकरणोंके नामोंका उल्लेख किया है उसी तरह जैनेन्द्रसूत्रोंमें भी नीचे लिखे आचार्योंका उल्लेख मिलता है:—

१—राद् भूतबलेः। ३-४-८३।
२—गुणे श्रीदत्तस्यास्त्रियाम। १-४-३४।
३—कृवृषिमृजां यशोभद्रस्य। २-१-९९।
४—रात्रेः कृतिप्रभाचन्द्रस्य। ४-३-१८०।
५—वेत्तेः सिद्धसेनस्य। ५-१-७।
६—चतुष्टयं समन्तभद्रस्य। ५-४-१४०।

जहां तक हम जानते हैं, उक्त छहों आचार्य ग्रन्थकर्त्ता तो हो गये हैं, परन्तु उन्होंने कोई व्याकरण ग्रन्थ भी बनाये होंगे, ऐसा विश्वास नहीं होता। जान पड़ता है, पूर्वोक्त आचार्योंके ग्रन्थोंमें जो जुदा जुदा प्रकारके शब्दप्रयोग पाये जाते होंगे उन्हीं को व्याकरणसिद्ध करनेके लिए ये सब सूत्र रचे गये हैं। इन आचार्योंमेंसे जिन जिनके ग्रन्थ उपलब्ध हैं, उनके शब्दप्रयोगोंकी बारीकीके साथ जांच करनेसे इस बातका निर्णय हो सकता है। आशा है कि जैन समाजके पण्डितगण इस विषयमें परिश्रम करनेकी कृपा करेंगे।

१ भूतबलि। इनका परिचय इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतार कथामें दिया गया है। भगवान् महावीरके निर्वाणके ६८३ वर्ष बाद तक अंगज्ञानकी प्रवृत्ति रही। इसके बाद विनयधर, श्रीदत्त, शिवदत्त, और अर्हद्दत्त नामके चार आरातीय मुनि हुए जिन्हें अंग और पूर्वके अंशोंका ज्ञान था। इनके बाद अर्हद्बलि और माघनन्दि आचार्य हुए। इन्हें उन अंशोंके भी कुछ अंश ज्ञान रहा। इनके बाद धरसेन आचार्य हुए। इन्होंने भूतबलि और पुष्पदन्त नामक दो मुनियोंको विधिपूर्वक अध्ययन कराया और इन दोनोंने महाकर्मप्रकृतिप्राभृत या षट्खण्ड नामक शास्त्रकी रचना की। यह ग्रन्थ ३६ हजार श्लोक प्रमाण है। इसके प्रारंभका कुछ भाग पुष्प-

---

१ संभवतः यह ग्रन्थ मूडबिद्री (मेंगलोर) के जैनभण्डारमें मौजूद है।

दन्त आचार्यका और शेष भूतबलिका बनाया हुआ है। वीरनिर्वाणसंवत् ६८३ के बाद पूर्वोक्त सब आचार्य क्रमसे हुए, या अक्रमसे; और उनके बीचमें कितना कितना समय लगा, यह जाननेका कोई भी साधन नहीं है। यदि हम इनके बीचका समय २५० वर्ष मान लें तो भूतबलिका समय वीरनिर्वाण संवत् ९३३ (शाके संवत् ३२८ वि० सं० ४६३) के लगभग निश्चित होता है। और इस हिसाबसे वे पूज्यपाद स्वामीसे कुछ ही पहले हुए हैं, ऐसा अनुमान होता है।

२ श्रीदत्त। विक्रमकी ९ वीं शताब्दिके सुप्रसिद्ध लेखक विद्यानन्दने अपने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें श्रीदत्तके 'जल्पनिर्णय' नामक ग्रन्थका उल्लेख किया है:—

द्विप्रकारं जगौ जल्पं तत्त्व-प्रातिभगोचरम्।
त्रिषष्ठेर्वादिनां जेता श्रीदत्तो जल्पनिर्णये ॥

इससे मालूम होता है कि ये ६३ वादियोंके जीतनेवाले बड़े भारी तार्किक थे। आदिपुराणके कर्ता जिनसेनसूरिने भी इनका स्मरण किया है और इन्हें वादिगजोंका प्रभेदन करनेके लिए सिंह बतलाया है:--

श्रीदत्ताय नमस्तस्मै तपःश्रीदीप्तमूर्तये।
कण्ठीरवायितं येन प्रवादीभप्रभेदने ॥ ४५

वीरनिर्वाण संवत ६८३ के बाद जो ४ आरातीय मुनि हुए हैं, उनमें भी एक का नाम श्रीदत्त है। उनका समय वीरनिर्वाण सं० ७०० (शक सं० ९५-वि० सं० २३०) के लगभग होता है। यह भी संभव है कि आरातीय श्रीदत्त दूसरे हों और जल्पनिर्णयके कर्ता दूसरे। तथा इन्हीं दूसरेका उल्लेख जैनेन्द्रमें किया गया हो।

३ यशोभद्र। आदिपुराणमें संभवतः इन्हीं यशोभद्रका स्मरण करते हुए कहा है—

विदुष्विणीषु संसत्सु यस्य नामापि कीर्तितम्।
निखर्वयति तद्गर्वं यशोभद्रः स पातु नः ॥ ४६

इनके विषयमें और कोई उल्लेख नहीं मिला और न यही मालूम हुआ कि इनके बनाये हुए कौन कौन ग्रन्थ हैं। आदिपुराणके उक्त श्लोकसे तो वे तार्किक ही जान पड़ते हैं।

४ प्रभाचन्द्र। आदिपुराणमें न्यायकुमुदचन्द्रोदयके कर्ता जिन प्रभाचन्द्रका स्मरण किया है, उनसे ये पृथक् और पहलेके मालूम होते हैं। क्यों कि चन्द्रोदयके कर्ता अकलङ्कभट्टके समयमें हुए हैं, इस लिए उनका जिक्र जैनेन्द्रमें नहीं हो सकता। मालूम नहीं, ये प्रभाचन्द्र किस ग्रन्थके कर्ता हैं और कब हुए हैं।

५ सिद्धसेन। ये सिद्धसेन दिवाकरके नामसे प्रसिद्ध हैं। ये बड़े भारी तार्किक हुए हैं। स्वर्गीय डा० सतीशचन्द्र विद्याभूषणका खयाल था कि विक्रमकी सभाके 'क्षपणक' नामक रत्न यही थे। आदिपुराणमें इनको कवि, और प्रवादिगजकेसरी कहकर और हरिवंशपुराणमें सूक्तियोंका कर्ता कहकर स्मरण किया है। न्यायावतार, सम्मतितर्क, कल्याणमन्दिरस्तोत्र और २० द्वात्रिंशिकायें (स्तुतियां) इनकी उपलब्ध हैं। यदि विक्रमका समय ईस्वीकी छठी शताब्दी माना जाय-जैसा कि प्रो० मोक्षमूलर आदिका मत है-तो सिद्धसेन इसी समयमें हुए हैं और लगभग यही समय जैनेन्द्रके बननेका है। *

६ समन्तभद्र। दिगम्बर सम्प्रदायके ये बहुत ही प्रसिद्ध आचार्य हुए हैं। बीसों दिगम्बर ग्रन्थकारोंने इनका उल्लेख किया है। ये बड़े भारी तार्किक और कवि थे। इनका गृहस्थावस्थाका नाम वर्म था। ये फणिमण्डल (?) के उरगपुर-नरेशके

---

१ त्रैलोक्यसारके कर्ता 'नेमिचन्द्र' ने और हरिवंशपुराणके कर्ताने वीर निर्वाणसे ६०५ वर्ष बाद शककाल माना है। उन्हींकी गणनाके अनुसार हमने यहाँ शक संवत् दिया है।

* सिद्धसेन ईस्वीकी ६ ठी शताब्दीसे बहुत पहले हो गये हैं। क्यों कि विक्रमकी ५ वीं शताब्दीमें हो जाने वाले आचार्य मल्लवादीने सिद्धसेनके सम्मतितर्क ऊपर टीका लिखी थी। हमारे विचारसे सिद्धसेन विक्रमकी प्रथम शताब्दिमें हुए हैं।

संपादक—जै. सा. सं.

पुत्र थे। इनके बनाये हुए देवागम (आप्तमीमांसा), युक्त्यनुशासन, बृहत्स्वयंभूस्तोत्र, जिन-शतक और रत्नकरण्ड श्रावकाचार, ये ग्रन्थ छप चुके हैं। हरिवंशपुराणमें इनके एक 'जीवसिद्धि' नामक ग्रन्थका उल्लेख मिलता है। षट्खण्डसूत्रोंके पहले पांच खण्डोंपर भी इनकी बनाई हुई ४८ हजार श्लोक प्रमाण संस्कृत टीकाका उल्लेख मिला है। आवश्यकसूत्रकी मलयगिरिकृत टीकामें 'आद्य स्तुतिकारोऽप्याह' कहकर इनके स्वयंभू स्तोत्रका एक पद्य उद्धृत किया है। इससे मालूम होता है कि ये सिद्धसेनसे भी पहलेके ग्रन्थकर्ता हैं[1]। क्यों कि सिद्धसेन भी स्तुतिकारके नामसे प्रसिद्ध हैं। अभी तक इन दोनों ही आचार्योंका समय निर्णीत नहीं हुआ है।

पूज्यपादके अन्य ग्रन्थ ।

जैनेन्द्रके सिवाय पूज्यपादस्वामीके बनाये हुए अबतक केवल तीन ही ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं और ये तीनों ही छप चुके हैं:-

१—सर्वार्थसिद्धि। दिगम्बर सम्प्रदायमें आचार्य उमास्वातिकृत तत्त्वार्थसूत्रकी यह सबसे पहली टीका है। अन्य सब टीकायें इसके बादकी हैं और वे सब इसको आगे रख कर लिखी गई हैं।

२—समाधितंत्र। इसमें लगभग १०० श्लोक हैं, इस लिए इसे समाधिशतक भी कहते हैं। अध्यात्मका बहुत ही गंभीर और तात्त्विक ग्रन्थ है। इस पर कई संस्कृत टीकायें लिखी गई हैं।

३—इष्टोपदेश। यह केवल ५१ श्लोकप्रमाण छोटा-सा ग्रन्थ है और सुन्दर उपदेशपूर्ण है। पं० आशाधरने इसपर एक संस्कृत निबन्ध लिखा है।

इनके सिवाय कहा जाता है कि इनके बनाये हुए और भी कई ग्रन्थ हैं। सर्वार्थसिद्धिकी भूमिकामें श्रीयुत पं० कलापा निटवेने लिखा है कि चिकित्साशास्त्रपर भी पूज्यपादस्वामीके दो ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, जिनमेंसे एकमें चिकित्साका और दूसरेमें औषधों तथा धान्योंका गुणनिरूपण है। परन्तु पण्डितश्री महाशयने न तो उक्त ग्रन्थोंका नाम ही लिखा है और न यही लिखनेकी कृपा की है कि वे कहाँ उपलब्ध हैं। शुभचन्द्राचार्यकृत ज्ञानार्णवके नीचे लिखे श्लोकके 'काय' शब्दसे भी यह बात ध्वनित होती है कि पूज्यपादस्वामीका कोई चिकित्सा ग्रन्थ है:-

> अपाकुर्वन्ति यद्वाचः कायवाक्चित्तसंभवम् ।
> कलङ्कमङ्गिनां सोयं देवनन्दी नमस्यते ॥

पूनेके भाण्डारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूटमें 'पूज्यपादकृत वैद्यक' नामका एक ग्रन्थ है[1]। यह आधुनिक कनडीमें लिखा हुआ कनडी भाषाका ग्रन्थ है। पर इसमें न तो कहीं पूज्यपादका उल्लेख है और न यही मालूम होता है कि यह उनका बनाया हुआ होगा।

विजयनगरके हरिहरराजाके समयमें एक मंगराज नामका कनडी कवि हुआ है। वि० सं० १४१६ के लगभग उसका आस्तित्व काल है। स्थावर विषोंकी प्रक्रिया और चिकित्सापर उसने खगेन्द्रमणिदर्पण नामका एक ग्रन्थ लिखा है। इसमें वह आपको पूज्यपादका शिष्य बतलाता है और यह भी लिखता है कि यह ग्रन्थ पूज्यपादके वैद्यक ग्रन्थसे संगृहीत है। इससे मालूम होता है कि पूज्यपाद नामके एक विद्वान् विक्रमकी तेरहवीं शताब्दिमें भी हो गये हैं और लोग भ्रमवश उन्हींके वैद्यक ग्रन्थको जैनेन्द्रके कर्ताका ही बनाया हुआ समझकर उल्लेख कर दिया करते हैं।

वृत्तविलास कविकी कनडी धर्मपरीक्षाका जो पद्य पहले उद्धृत किया जा चुका है उसमें दो ग्रन्थोंका और भी उल्लेख है, एक पाणिनिव्याक-

---

[1] लेखक महाशयके इस कथनमें कि, समन्तभद्र सिद्धसेनसे भी पहले हुए हैं, कोई प्रमाण नहीं है। हमारे विचारसे सिद्धसेन समन्तभद्रके पुरोगामी हैं। इस विषयके विशेष विचार जाननेके लिये, इस पत्रके प्रथम अंकमें प्रकाशित 'सिद्धसेन दिवाकर और स्वामी समन्तभद्र' शीर्षक हमारा लेख देखना चाहिए।

संपादक-जै. सा. सं.

[1] नं. १०६६, सन् १८८७-९१ की रिपोर्ट।

रणकी टीकाका और दूसरा यंत्रमंत्रविषयक शास्त्रका । पूज्यपादद्वारा पाणिनिकी टीकाका लिखा जाना असंभव नहीं है, परन्तु साथ ही वृत्तविलास को पूज्यपादके 'जिनेन्द्रबुद्धि' नामसे भी यह भ्रम हो गया हो तो आश्चर्य नहीं । क्यों कि पाणिनिकी काशिका वृत्तिपर जो न्यास है उसके कर्त्ताका भी नाम 'जिनेन्द्रबुद्धि' है। इस नामसाम्यसे यह समझ लिया जा सकता है कि पूज्यपादने भी पाणिनिकी टीका लिखी है । न्यासकार 'जिनेन्द्रबुद्धि' वास्तवमें बौद्धभिक्षु थे और वे अपने नामके साथ 'श्री बोधिसत्त्वदेशीयाचार्य' इस बौद्ध पदवीको लगाते हैं । पूज्यपादके कनडी चरित लेखकने लिखा है कि पाणिनि पूज्यपादके मामा थे और पाणिनिके अधूरे ग्रन्थको उन्होंने ही पूर्ण किया था: परन्तु इस समय ऐसी बातोंपर विश्वास नहीं किया जा सकता ।

'जैनाभिषक' नामक एक और ग्रन्थका जिकर "जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं" आदि श्लोकमें किया गया है । यह श्लोक उपर पृष्ठ ८५ में दिया जा चुका है । जहां तक हमारा खयाल है जैनाभिषेक और यंत्रमंत्रविषयक ग्रन्थ भी अन्य किसी पूज्यपादके बनाये हुए होंगे और भ्रमसे इनके समझ लिये गये होंगे ।

कनडी पूज्यपादचरितमें पूज्यपादके बनाये हुए अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण और शान्त्यष्टक नाम स्तोत्रका भी जिकर है ।

पूज्यपाद-चरित ।

अन्य बडे बडे आचार्योंके समान पूज्यपादके जीवनसम्बन्धी घटनाओंसे भी हम अपरिचित हैं । उनके जाननेका कोई साधन भी नहीं है । सिवाय इसके कि वे एक समर्थ आचार्य थे और हमारे उपकारके लिए अनेक ग्रन्थ बनाकर रख गये हैं, उनका कोई इतिहास नहीं है । आगे हम एक कनड़ी भाषाके पूज्यपाद-चरितका सारांश देते हैं, जिससे उन लोगोंका मनोरंजन अवश्य होगा, जो अपने प्रत्येक महापुरुषका जीवनचरित-चाहे वह कैसा ही हो-पढनेके लिए उत्कंठित रहते हैं । विद्वान् पाठक इससे यह समझ सकेंगे कि सत्यताकी जरा भी परवा न करनेवाले और साम्प्रदायिकताके मोहमें बहनेवाले लेखक किसतरह तिलका ताड बनाते हैं ।

इस चरितको चन्द्रय्य नामक कविने दुःषम कालके परिधावी संवत्सरकी आश्विन शुक्ल ५, शुक्रवार, तुलालग्नमें समाप्त किया है । यह कवि कर्नाटक देशके मलयनगरकी 'ब्राह्मणगली' का रहनेवाला था। वत्सगोत्री और सूर्यवंशी ब्राह्मण बम्मणाके दो पुत्र हुए सातप्पा हुव्व ब्रह्मरस और विजयप्पा । विजयप्पाके ब्रह्मरस और ब्रह्मरस के देवप्पा हुआ । इसी देवप्पाकी कुसुमम्मा नामक पुत्रीसे कवि चन्द्रय्य का जन्म हुआ था ।

चरितका सारांश यह हैः—

"कर्नाटक देशके 'कोले' नामक ग्रामके माधवभट्ट नामक ब्राह्मण और श्रीदेवी ब्राह्मणीसे पूज्यपादका जन्म हुआ । ज्योतिषियोंने बालकको त्रिलोकपज्य बतलाया, इस कारण उसका नाम पूज्यपाद रक्खा गया । माधवभट्टने अपनी स्त्रीके कहनेसे जैनधर्म स्वीकार करलिया । भट्टजीके सालेका नाम पाणिनि था, उसे भी उन्होंने जैनी बननेको कहा, परन्तु प्रतिष्ठाके खयालसे वह जैनी न होकर मुडीगंडग्राममें वैष्णव संन्यासी हो गया । पूज्यपादकी कमलिनी नामक छोटी बहिन हुई, वह गुणभट्टको व्याही गई । गुण भट्टको उससे नागार्जुन नामक पुत्र हुआ ।

पूज्यपादने एक बगीचेमें एक सांपके मुंहमें फंसे हुए मेंडकको देखा । इससे उन्हें वैराग्य हो गया और वे जैन साधु बन गये ।

पाणिनि अपना व्याकरण रच रहे थे । वह पूरा न होने पाया था कि उन्होंने अपना मरणकाल निकट आया जान लिया । इससे उन्होंने पूज्यपादसे जाकर कहा कि इसे आप पूरा कर दीजिए । उन्होंने पूरा करना स्वीकार कर लिया ।

पाणिनि दुर्ध्यानवश मरकर सर्प हुए । एक बार उसने पूज्यपादको देखकर फूत्कार किया, इसपर पूज्यपादने कहा, विश्वास रक्खो, मैं तुम्हारे व्याकरणको पूरा कर दूंगा । इसके बाद उन्होंने पाणिनि व्याकरणको पूरा कर दिया ।

' इसके पहले वे जैनेन्द्र व्याकरण, अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण. और वैद्यक ज्योतिष आदिके कई ग्रन्थ रच चुके थे।

गुणभट्टके मर जानेसे नागार्जुन अतिशय दरिद्री हो गया। पूज्यपादने उसे पद्मावतीका एक मंत्र दिया और सिद्ध करनेकी विधि बतला दी। पद्मावतीने नागार्जुनके निकट प्रकट होकर उसे सिद्ध रसकी बनस्पति बतला दी।

इस सिद्धरससे नागार्जुन सोना बनाने लगा। उसके गर्वका परिहार करनेके लिए पूज्यपादने एक मामूली वनस्पतिसे कई घडे सिद्धरस बना दिया। नागार्जुन जब पर्वतोंको सवर्णमय बनाने लगा, तब धरणेन्द्र-पद्मावतीने उसे रोका और जिनालय बनानेको कहा। तदनुसार उसने एक जिनालय बनवाया और पार्श्वनाथकी प्रतिमा स्थापित की।

पूज्यपाद पैरोंमें गगनगामी लेप लगाकर विदेहक्षेत्रको जाया करते थे। उस समय उनके शिष्य वज्रनन्दिने अपने साथियोंसे झगडा करके द्राविड संघकी स्थापना की।

नागार्जुन अनेक मंत्र तंत्र तथा रसादि सिद्ध करके बहुत ही प्रसिद्ध हो गया। एकबार दो सुन्दरी स्त्रियां आई जो गाने नाचनेमें कुशल थीं। नागार्जुन उनपर मोहित हो गया। वे वहीं रहने लगीं और एक दिन अवसर पाकर उसे मारकर और उसकी रसगुटिका लेकर चलती बनीं।

पूज्यपाद मुनि बहुत समयतक योगाभ्यास करते रहे। फिर एक देवके विमानमें बैठकर उन्होंने अनेक तीर्थोंकी यात्रा की। मार्गमें एक जगह उनकी दृष्टि नष्ट हो गई थी, सो उन्होंने एक शान्त्यष्टक बनाकर ज्यों की त्यों कर ली। इसके बाद उन्होंने अपने ग्राममें आकर समाधिपूर्वक मरण किया। "

इस लेखके लिखनेमें हमें श्रद्धेय मुनि जिनविजयजी और पं० बेहचरदास जीवराजजीसे बहुत अधिक सहायता मिली है। इस लिए हम उक्त दोनों सज्जनोंके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। मुनिमहोदयकी कृपासे हमको जो इस लेख सम्बन्धी सामग्री प्राप्त हुई है, वह यदि न मिलती तो यह लेख शायद ही इस रूपमें पाठकोंके सम्मुख उपस्थित हो सकता।

पूना—भाद्रकृष्ण ६ सं० १९७७ विक्रमीय

परिशिष्ट।

[भगवद्वाग्वादिनीका विशेष परिचय]

इसके प्रारंभमें पहले 'लक्ष्मीरात्यन्तिकी यस्य' आदि प्रसिद्ध मंगलाचरणका श्लोक लिखा गया था। परन्तु पीछेसे उसपर हरताल फेर दी गई है और उसकी जगह यह श्लोक और उत्थानिका लिख दी गई है—

ओं नमः पार्श्वाय।

त्वरितमखिमदृतामंत्रितेनाद्भुतात्मा,
विषमममपि मघोना पृच्छता शब्दशास्त्रम्।
श्रुतमदरिपरासीद् वादिवृन्दामर्णीनां
परमपदपटुर्यः स श्रियं वीरदेवः॥

अप्रवाषिकोऽपि तथाविधभक्तनाभ्यर्थनाप्रगुणः स भगवानिदं प्राह--सिद्धिरनेकान्तात् । १-१-१।

इसके बाद सूत्रपाठ शुरू हो गया है। पहले पत्रके ऊपर मार्जिनमें एक टिप्पणी इस प्रकार दी है जिसमें पाणिनि आदि व्याकरणोंको अप्रामाणिक ठहराया है।

" प्रमाणपदव्यामुपेक्षणीयानि पाणिन्यादिप्रणीतसूत्राणि स्यात्कारवादित्रदूरत्वात्परिव्राजकादिभाषितवत्। अप्रमाणानि च कपोलकल्पनामलिनानि हीनमानृकत्वात्तद्वदेव।"

इसके बाद प्रत्येक पादके अन्तमें और आदिमें इस प्रकार लिखा है जिससे इस सूत्रपाठके भगवत्प्रणीत होनेमें कोई सन्देह बाकी न रह जाय-

" इति भगवद्वाग्वादिन्यां प्रथमाध्यायस्य द्वितीयः पादः। ओंनमः पार्श्वाय। स भगवानिदं प्राह।"

सर्वत्र 'नमः पार्श्वाय' लिखना भी हेतुपूर्वक है। जब ग्रन्थकर्ता स्वयं महावीर भगवान् हैं तब उनके ग्रन्थमें उनसे पहलेके तीर्थकर पार्श्वनाथको ही नमस्कार किया जा सकता है। देखिए, कितनी दूरतकका विचार किया गया है।

आगे अध्याय २ पाद २ के 'सहृवहृचरयापतेरिः' (६४) सूत्रपर निम्न प्रकार टिप्पणी दी है और इसके

सिद्ध किया है कि यदि यह व्याकरण भगवत्कृत न हो तो फिर सिद्धहैमके अमुक सूत्रकी उपपत्ति नहीं बैठ सकती !—

"इदं शब्दानुशासनं भगवत्कर्तृकमेव भवति । 'सहवह्-चल्यापतेरिर्धाजरुसृजगमेः किकिट् चवत्-डौ सासहिवावहिचाचालपापति, सस्रिचाक्रिदधिजज्ञिनेमीति सिद्धहैमसूत्रस्याऽन्यथानुपपत्तेः । सर्ववर्मपाणिन्योस्तु 'आदवर्णोपधाद्दोपिनो किद्भिच १, आद्गमहनजनः किकिनौ लिट् चेति २ ।"

इसके बाद ३-२-२२ सूत्रपर इस प्रकार टिप्पणी दी है-

"कथं न श्वः प्रागभ्यतेष्वादि । क्षत्रादिनियापि शिक्षाविशेषाः ।
कुमारशब्दः प्राच्यानामाश्विनं मासमूचिवान ।
मैथुनं तु भिषक्तंत्रे वाचकं मधुसर्पिषः ॥
इत्याद्यन्यथानुपपत्तेरिति बौटिकतिमिरोपलक्षणम् ।

इसके बाद ३-४-४२ सूत्र (स्तेयार्हत्यं) पर फिर एक टिप्पणी है । देखिए—

"इदं शब्दानुशासनं भगवत्कर्तृकमेव भवति । अर्हतः स्तोन्त च १, महायाद्वा २, साखेभ्याणगुदताथः ३, स्तेनान्नलुक् च ४, ति सिद्धहैमसूत्रान्यथानुपपत्तेः । पाणिन्यादौ त्वार्हत्यशब्दं प्रति सूत्राभावात । कथं सरस्वतीकंठाभरणे तदासिः ? ऐन्द्रानुसारादर्हतशब्दतश्चेति पश्य ।"

फिर ३-४-४० सूत्र (रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य) पर एक टिप्पणी है । इसमें बौटिकों या दिगम्बरियों का सत्कार किया गया है —

"इदं शब्दानुशासनं भगवत्कर्तृकमेव भवति । रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य सूत्रस्य प्रक्षेपता स्फुटत्वात् । अतो बौटिकतिमिरोपलक्षणे—

देवनन्दिमतो मोहः प्रक्षेपरजसोऽपि चेत् ।
चिराय भवता रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य जीव्यतां ॥
पंचोत्तरः कः स्वानासीः प्रभेदो नम यस्य यः(?) ।
विस्मयो रमयः शिष्या स त चेद्देवनन्दिनामीत ॥

विक्रमादृतुखयुगाब्दे ४०६ देवनन्दी, ततो गुणनंदि-कुमानंदि-लोकचंद्रानंतरं मुनिरैयुगाब्दे प्रथमः प्रभाचंद्र इति बौटिके ।"

१ यह 'बौटिकमततिमिरोपलक्षण' नामका कोई ग्रन्थ है और संभवतः इसी वाग्वादिनीके कर्ताका बनाया हुआ होगा । इसका पता लगानेकी बड़ी जरूरत है । इससे दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायसम्बन्धी अनेक बातों पर प्रकाश पड़ेगा ।

इसी तरह ४-३-७ (वेत्तेः सिद्धसेनस्य) सूत्र पर लिखा है—

"वेत्तेः सिद्धसेनस्य, चतुष्टयं समंतभद्रस्य प्रक्षेपे ऽर्वाच्यता स्फुटत्वात्, रात्रेः प्रभाचन्द्रस्य वदिति बौटिकनिमिरोपलक्षणे ।"

अन्तमें ५-४-६५ (शश्छोमि) सूत्रपर एक टिप्पणी दी है जिसमें पाणिनि आदि वैयाकरणोंकी असर्वज्ञता सिद्ध की गई है—

"प्रयोगाशातना माभूदनादिसिद्धा हि प्रयोगाः । ज्ञानिना तु केवलं ते प्रकाश्यंते न तु क्रियंत इति । अतएव शश्छोटीति पाणिनीयसूत्रं वर्गप्रथमेभ्यः शकारः स्वरयवरपरः शकारः छकारं नवेति सर्ववर्मकर्तृककालापकसूत्रानुसारि । अतएव पाणिन्यादयोऽसर्वज्ञा इति सिद्धं । अतएव तेषां तत्त्वत आप्तत्वाभाव इति सिद्धिः । नभ्यः प्रभतिनिसवे निर्जरसैर्मुख्या यदि युक्तिस्ते मस्कारिणेव भवत्कृतमास्ते न तु सारस्वतवाग्देव्या । शश्छोटिप्रमखैः सूत्रैस्तच्छ्रप्रसादि दादर्शी कालापायुपजीवी पाणिनिराजिनत्वं प्रति नाव्यक्तः ।"

जहां सूत्रपाठ समाप्त होता है, वहां लिखा हैः—

इत्याख्यद्भगवानर्हन्भूतवन्द्वस्तु मद वहन् ।
वाग्देवताप्रसादजचन्द्रः स्वमंदिराभिमुखोऽभवत् ॥

आगे ग्रन्थ प्रशस्ति देखिए—

"ओं नमः सकलकलाकौशलपेशलशालशालिने पार्श्वाय पार्श्वपार्श्वाय । स्वस्ति तत्प्रवचनसुधासमुद्रलहरीस्नायिभ्यो महामुनिभ्यः । परिस्मामि च जैनेन्द्रं नाम महाव्याकरणं । तदिदं यत्स्वयं श्रीवीरप्रभुर्मघोने पृच्छते प्रकाशयांचकार । सपादलक्षव्याख्यानकपरमतमदांधकारापहारपरमामिति । नमः श्रीमच्चरमपरमेश्वरपादप्रसादविशदस्याद्वादनयसमुपासनगुणकोटिमत्कौटिरगणाविर्भूताविर्भूत विमलमरुचांद्रकुलविपुलबृहत्पौतिगमनिर्गतनागपुरीयस्वच्छगच्छसमुत्थमुत्पविपार्श्वचंद्रशाखासुखाकृतसुकृतिवरगणिदूपाध्यायचारुचरणारविंदरजोराजीमधुकरानुकरवाचकपदवीपविचित्रिताक्षयचंद्रचरणेभ्यः ससुधी रक्तचंद्रम । श्रीवीरात् २२६७ विक्रमनृपात् सं. १७९७ फाल्गुनसितत्रयोदशीभौमे तक्षकाख्यपुरस्थेन रत्नर्षिणा दर्शनपाविव्याय लिखित चिरं नंद्यात ।"

ग्रन्थके पहले पत्रकी खाली पीठपर भी कुछ टिप्पणियां हैं और उनमें अधिकांश वे ही हैं जो उपर दी जा चुकी हैं । शेष इस प्रकार हैंः—

ओं नमः पार्श्वाय ।

जैनेन्द्रमैन्द्रतः सिद्धहैमतो जयहैमवत् ।
प्रकुर्यंत दूरत्वान्नान्यतामेतुमर्हति ।

कथं

इन्द्रश्चंद्रः काशिकृत्स्नापिशली शाकटायनः ।
पाणिन्यमरजिनेंद्रा जयंत्यष्टा हि शाब्दिकाः ॥

इति ? चतुर्थी तद्धितानुपलक्षणात् ।

यदिंद्राय जिनेंद्रेण कौमारेपि निरूपितं ।
ऐंद्रं जैनेंद्रमिति तत्प्राहुः शब्दानुशासनं ।

यदावश्यकनिर्युक्तः—

अह तं अम्मापिअरो जाणित्ता अहियअट्ठवासं तु ।
कयकोउअलंकारं लेहायरिअस्स उवणिंति ॥
सक्को अ तस्समक्खं भयवंतं आसणे निवेसित्ता ।
सद्दस्स लक्खणं पुच्छे वागरणं अवयवा इंदं ॥ इति ॥

तदवयवाः केचन उपाध्यायेन गृहीताः । ततश्चैन्द्रं व्याकरणं संजातमिति हरिभद्रः ।

यत्तु देवनंदिवोटिकपूज्यपाद इतीच्छंतस्तद्गुरुकाः

पूज्यपादस्य लक्षणं ।

द्विसंधानकवेः काव्यं रत्नत्रयमपश्चिमम् ।

इति धनंजयके प्रोक्तंद्युक्तं । नेति चेत्कथं जैनेंद्रमिति । द्वादशस्वरमध्यामिति चेत् । इतरोपपदस्याभावात् । जिनकुमारसंभववद्गतिरिति चेन्न । कुमारवादिंद्र इति विग्रहाभावात् धारीति कृततद्धितभावाच्च । तर्हि

लक्ष्मीरात्यंतिकी यस्य निरवद्यावभासते ।
देवनंदितपूजेशे नमस्तस्मै स्वयंभुवे ।

का गतिरिति चेत् ।

लक्ष्मीरात्यंतिकीपद्यमुपज्ञेशस्य कितरां ।
ऐंद्रत्वयकि तत्त्वार्थे मोक्षमार्गस्य पद्यवत् ॥[1]
मिबादयश्चेत्प्रथमं यदि हैमेत्वपेक्ष्यते ।
कालापकादि न तथा पट्वैन्द्रं महते कृतिः ॥

पूर्वत्र । मिप् वस् मस् १ सिप् थस् थ २ तिप तस् झि ३ इट् वहि महि १ थस् आथां ध्व २ त आताम् झङ् ३ इति ।

आख्यातरीति प्रति देवराज
मिव्वस्मसो यः पितः रादितोदाः ।
जीवं प्रपन्नाहममात्थ विश्वे
तत्त्वादिमं स्वां मतिमात्मनाथं ॥[2]

तर्हि सिद्धसेनादिविशेषोपि दुर्निवार इति चेन्न ।

जातामात्रोपि चिर्द्धार्थं मस्यात्मशरणोसि यः ।
जनता का वराकीयं परात्मन् वीर तन्पुर ॥

इति वोटिकमततिमिरोपलक्षणस्य तुर्योऽवकाशे । इंद्राजिनेंद्रौ मन्युत्तरिणौ यत्तौ ह- टातादिततस्त्वमासि मिविद्वौरेयम- द्वैद्रं जैनेंद्रं व्याकरणानां । सिद्धिमनेकांतादिच्छौ अः×क×पार्ह्स्यतथारीते हेमागीकृतवर्मनपक्षेपार्यो विजेयचिरंजीया इति प्रसन्न चंद्रोत्पले (?) ।

१ इसके आगे ४-३-७ सूत्रका टिप्पण जैसा ही लिखा है और फिर ३-४-४० सूत्रकी टिप्पणीके 'देवनन्दिमतां' आदि दो श्लोक दिये हैं ।

२ इसके आगे ५-४-६५ सूत्रकी टिप्पणी दी है ॥

गंधहस्तिमहाभाष्यकी खोज

और

आप्तमीमांसा (देवागम) की स्वतंत्रता।

[लेखक — श्रीयुत बाबू जुगलकिशोरजी, मुख्तार ।]

कहा जाता है कि भगवान् श्रीसमन्तभद्राचार्यने तत्त्वार्थसूत्र पर 'गंधहस्ति महाभाष्य' नामक एक महान् ग्रंथकी रचना की थी, जिसकी श्लोक-संख्याका परिमाण ८४ हजार है। यह ग्रंथ भारतके किसी भी प्रसिद्ध भंडारमें नहीं पाया जाता। विद्वानोंकी इच्छा इस ग्रंथराजको देखनेके लिये बड़ी ही प्रबल है। बम्बईके सुप्रसिद्ध सेठ श्रीमान् माणिकचंद हीराचंदजी जे० पी० ने इस ग्रंथरत्नका दर्शन मात्र करानेवालेके वास्ते ५०० रुपयेका नकद पारितोषिक भी निकाला था। परंतु खेद है कि कोई भी उनकी इस इच्छाको पूरा नहीं कर सका और वे अपनी इस महती इच्छाको हृदयमें रक्खे हुए ही इस संसारसे कूच कर गये। निःसन्देह जैनाचार्योंमें स्वामी समन्तभद्रका आसन बहुत ही ऊँचा है। वे एक बड़े ही अपूर्व और अद्वितीय प्रतिभाशाली आचार्य हो गये हैं। उनका शासन महावीर भगवानके शासनके तुल्य समझा जाता है और उनकी आप्तमीमांसादिक कृतियोंको देखकर बड़े बड़े वादी विद्वान् चकित होते हैं। ऐसी हालतमें आचार्य महाराजकी इस महती कृतिके लिये जिसका मंगलाचरण ही आप्तमीमांसा (देवागम) कहा जाता है, यदि विद्वान् लोग उत्कंठित और लालायित हों तो इसमें कुछ भी, आश्चर्य और अस्वाभाविकता नहीं है। और यही कारण है कि अभी तक इस ग्रंथरत्नकी खोजका प्रयत्न जारी है और अब विदेशोंमें भी उसकी तलाश की जा रही है। हालमें कुछ समाचारपत्रों द्वारा यह प्रकट हुआ था कि पूना लायब्रेरीकी किसी सूची परसे आस्ट्रिया देशके एक नगरकी लायब्रेरीमें उक्त ग्रंथके अस्तित्वका पता चलता है। साथ ही, उसकी कापी करनेके लिये दो एक विद्वानोंको वहाँ भेजने और खर्चके लिये कुछ चंदा एकत्र करनेका प्रस्ताव भी उपस्थित किया गया था। हम नहीं कह सकते कि ग्रंथके अस्तित्वका यह समाचार कहाँ तक सत्य है और इस बातका यथोचित निर्णय करनेके लिये अभी तक क्या क्या प्रयत्न किया गया है। परंतु इतना जरूर कहेंगे कि बहुतसे भंडारोंकी सूचियां अनेक स्थानों पर भ्रमपूर्ण पाई जाती हैं। पूना लायब्रेरीकी ही सूचीमें सिद्धसेन दिवाकरके नामसे 'वादिगजगंधहस्तिन्' नामक एक महान् ग्रंथका उल्लेख मिलता है जो यथार्थ नहीं है। वहाँ इस नामका कोई ग्रंथ नहीं। यह नाम किसी दूसरे ही ग्रंथके स्थान पर गलतीसे दर्ज हो गया है। ऐसी हालतमें केवल सूचीके आधार पर आस्ट्रिया जैसे सुदूरदेशकी यात्राके लिये कुछ विद्वानोंका निकलना और भारी खर्च उठाना युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता। बेहत्तर तरीका, इसके लिये, यह हो सकता है कि वहाँके किसी प्रसिद्ध फोटोग्राफरके द्वारा उक्त ग्रंथके आद्यंतके १०–२० पत्रोंका फोटो पहले मँगाया जाय और उन परसे यदि यह निर्णय हो जाय कि वास्तवमें यह ग्रंथ वही महाभाष्य ग्रंथ है तो फिर उसके शेष पत्रोंका भी फोटो आदि मँगा लिया जाय। अस्तु। ग्रंथके वहाँ अस्तित्व विषयमें अभी तक हमारा कोई विश्वास नहीं है।

आस्ट्रियाके एक प्रसिद्ध नगरकी प्रसिद्ध लायब्रेरी में उक्त ग्रंथ मौजूद हो और हर्मन जैकोबी जैसे खोजी विद्वानोंको उसका पता तक न लगे, यह बात कुछ समझमें नहीं आती। हमें इस ग्रंथके विषयमें यह बात भी बहुत खटकती है कि 'आप्त मीमांसा' अर्थात् 'देवागम' शास्त्रको, जो कुल ११४ श्लोकपरिमाण है, इसका मंगलाचरण बतलाया जाता है। देवागम भारतके प्रायः सभी प्रसिद्ध भंडारोंमें पाया जाता है। उस पर अनेक टीका, टिप्पण और भाष्य भी उपलब्ध हैं। अकलंकदेवकी 'अष्टशती' और विद्यानंद स्वामीकी 'अष्टसहस्री' उसीके भाष्य और महाभाष्य हैं। जिस ग्रंथका मंगलाचरण ही इतने महत्त्वको लिये हुए हो वह शेष सम्पूर्ण ग्रंथ कितना महत्त्वशाली होगा और विद्वानोंने उसका कितना अधिक संग्रह किया होगा, इसके बतलानेकी जरूरत नहीं है। विज्ञ पाठक सहजहीमें इसका अनुमान कर सकते हैं। परंतु तो भी ऐसे महान ग्रंथका भारतके किसी भंडारमें अस्तित्व न होना, उसके शेष अंशोंपर टीका-टिप्पणका मिलना तो दूर रहा उनके नामोंकी कहीं चर्चातक न होना, यह सब कुछ कम आश्चर्यमें डालनेवाली बातें नहीं हैं। और इनपरसे तरह तरहके विकल्प उत्पन्न होते हैं। यह खयाल पैदा होता है कि क्या समन्तभद्रने 'गंधहस्तिमहाभाष्य' नामका कोई ग्रंथ बनाया ही नहीं और उनकी आप्तमीमांसा (देवागम) एक स्वतंत्र ग्रंथ है? यदि बनाया तो क्या वह पूरा न हो सका और आप्तमीमांसा तक ही बनकर रह गया? यदि पूरा हो गया था तो क्या फिर बन कर समाप्त होते ही किसी कारण विशेषसे वह नष्ट हो गया? यदि नष्ट नहीं हुआ तो क्या फिर प्रचलित सिद्धांतोंके विरुद्ध उसमें कुछ ऐसी बात थी जिसके कारण बादके आचार्यों खासकर भट्टारकोंको उसे लुप्त करनेकी जरूरत पड़ी अथवा बादको उसके नष्ट हो जानेका कोई दूसरा ही कारण है? इन सब विकल्पोंको छोड़कर अभी तक हमें यह भी मालूम नहीं हुआ कि, १ समन्तभद्रने 'गंधहस्तिमहाभाष्य' नामका कोई ग्रंथ बनाया है, २ वह उमास्वातिके तत्त्वार्थ सूत्रका भाष्य है, ३ उसकी श्लोकसंख्या ८४ हजार है और 'देवागम' स्तोत्र उसका आदिम मंगलाचरण है; इन सब बातोंकी उपलब्धि कहाँसे होती है-कौनसे प्राचीन आचार्यके किस ग्रंथसे इन सब बातोंका पता चलता है? यह दूसरी बात है कि आजकलके अच्छे अच्छे विद्वान्—न सिर्फ जैन विद्वान बल्कि सतीशचंद्र विद्याभूषण, भारती जैसे अजैन विद्वान भी—अपने अपने ग्रंथों तथा लेखोंमें इन सब बातोंका उल्लेख करते हुए देखे जाते हैं। परंतु ये सब उल्लेख एक दूसरेकी देखादेखी हैं, परीक्षासे उनका कोई सम्बन्ध नहीं और न वे जाँच तोल कर लिखे गये हैं। इसी प्रकारके कुछ उल्लेख पिछले भाषापंडितोंके भी पाये जाते हैं। इन सब आधुनिक उल्लेखोंसे इस विषयका कोई ठीक निर्णय नहीं हो सकता। और न हम उन्हें ऐसी हालतमें बिना किसी हेतुके प्रमाणकोटिमें रख सकते हैं। हमारी रायमें इन सब बातोंके निर्णयार्थ विकल्पोंके समाधानार्थ अंतरंग खोजकी बहुत बड़ी जरूरत है। हमें सबसे पहले-विदेशोंमें जानेसे भी पहले-अपने घरके साहित्यको गहरा टटोलना होगा; तब कहीं हम यथार्थ निर्णय पर पहुँच सकेंगे। अस्तु।

इस विषयमें हमने आजतक जो कुछ खोज की है और उसके द्वारा हमें जो कुछ मालूम हो सका है उसे हम अपने पाठकोंके विचारार्थ और यथार्थ निर्णयकी सहायतार्थ नीचे प्रकट करते हैं:—

१—उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रपर सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक, श्लोकवार्तिक और श्रुतसागरी नामकी जो टीकाएँ उपलब्ध हैं उनमें, जहाँ तक हमारे देखनेमें आया कहीं भी 'गंधहस्ति महाभाष्य' का नामोल्लेख नहीं है और न इसी बातका कोई उल्लेख पाया जाता है कि समन्तभद्रने उक्त तत्त्वार्थसूत्रपर भाष्य लिखा है। समन्तभद्रका अस्तित्वकाल इन सब टीकाओंके बननेसे पहले माना जाता है। यदि इन टीकाओंके रचयिता पूज्यपाद, अकलंक देव, विद्यानन्द और श्रुतसागरके समयोंमें समन्तभद्रका उसी सूत्रपर ऐसा कोई महत्त्वशाली भाष्य विद्यमान होता तो उक्त टीकाकार किसी न किसी रूपमें इस बातको सूचित जरूर करते, ऐसा हृदय कहता है। परंतु उनके टीकाग्रन्थोंसे ऐसी कोई सूचना नहीं

पाई जाती। प्रत्युत, श्रुतसागरसूरिने अपने अध्ययन विषयक अथवा टीकाके आधार-विषयक जिन प्रधान ग्रन्थोंका उल्लेख अपनी टीकाकी संधियोंमें किया है उनमें साफ तौरसे श्लोकवार्तिक और सर्वार्थसिद्धिका ही नाम पाया जाता है, गन्धहस्तिमहाभाष्यका नहीं। यदि ऐसा महान् ग्रन्थ उन्हें उपलब्ध होता तो कोई वजह नहीं थी कि वे उसका भी साथमें नामोल्लेख न करते।

२—आप्तमीमांसा (देवागम) पर, जिसे गन्धहस्तिमहाभाष्यका मंगलाचरण कहा जाता है, इस समय तीन संस्कृत टीकाएँ उपलब्ध हैं। एक 'वसुनन्दिवृत्ति,' दूसरी 'अष्टशती' और तीसरी 'अष्टसहस्री' इनमेंसे किसी भी टीकामें गन्धहस्ति महाभाष्यका कोई नाम नहीं है, और न यही कहीं सूचित किया है कि यह आप्तमीमांसा ग्रन्थ गन्धहस्ति महाभाष्यका मंगलाचरण अथवा उसका प्राथमिक अंश है। किसी दूसरे ग्रन्थका एक अंश होनेकी हालतमें ऐसी सूचनाका किया जाना बहुत कुछ स्वाभाविक था।

३—श्रीइन्द्रनन्दि आचार्यके बनाये हुए 'श्रुतावतार' ग्रन्थमें भी समन्तभद्रके साथ, जहाँ कर्मप्राभृतपर उनकी ४८ हजार श्लोकपरिमाण एक सुन्दर संस्कृत टीकाका उल्लेख किया गया है वहाँ गन्धहस्ति महाभाष्यका कोई नाम नहीं है। बल्कि इतना प्रकट किया गया है कि वे दूसरे सिद्धान्त ग्रन्थ (कषाय प्राभृत) पर टीका लिखना चाहते थे परंतु उनके एक सधर्मी साधुने द्रव्यादिशुद्धिकर प्रयत्नोंके अभावसे उन्हें वैसा करनेसे रोक दिया। बहुत संभव है कि इसके बाद उनके द्वारा कोई बड़ा ग्रन्थ न लिखा गया हो।

४—श्रवणबेल्गुलके जितने शिलालेखोंमें समन्तभद्रका नाम आया है उनमेंसे किसीमें भी आचार्य महोदयके नामके साथ 'गन्धहस्ति महाभाष्य' का उल्लेख नहीं है। और न यही लिखा मिलता है कि उन्होंने तत्त्वार्थसूत्र पर कोई टीका लिखी है। हाँ, उनके शिष्य शिवकोटि आचार्यके सम्बन्धमें इतना कथन जरूर पाया जाता है कि उन्होंने तत्त्वार्थसूत्रको अलंकृत किया, अर्थात् उसपर टीका लिखी (देखो शिला लेख नं० १०५)

५—ब्रह्मनेमिदत्तने आराधना कथाकोशमें समन्तभद्रकी एक कथा दी है परंतु उसमें उनके किसी भी गन्धहस्तिमहाभाष्यके नामकी कोई उपलब्धि नहीं होती।

६—संस्कृत प्राकृतके और भी बहुतसे उपलब्ध ग्रन्थ जो देखनेमें आये और जिनमें किसी न किसी रूपसे समन्तभद्रका स्मरण किया गया है उनमें भी हमें स्पष्टरूपसे कहीं गन्धहस्ति महाभाष्यका नाम नहीं मिला। और दूसरे अनेक विद्वानोंसे जो इस विषयमें दर्यापत किया गया तो यही उत्तर मिला कि गन्धहस्ति महाभाष्यका नाम किसी प्राचीन ग्रन्थमें हमारे देखनेमें नहीं आया, अथवा हमें कुछ याद नहीं है।

७—ग्रन्थके नाममें 'महाभाष्य' शब्दसे यह सूचित होता है कि इस ग्रन्थसे पहले भी तत्त्वार्थसूत्रपर कोई भाष्य विद्यमान था जिसकी अपेक्षा इसे 'महाभाष्य' संज्ञा दी गई है। परंतु दिगम्बर साहित्यसे इस बातका कहीं कोई पता नहीं चलता कि समन्तभद्रसे पहले भी तत्त्वार्थसूत्र पर कोई भाष्य विद्यमान था। रही श्वेताम्बर साहित्यकी बात, सो श्वेताम्बर भाई इस बातको मानते ही हैं कि उनका मौजूदा 'तत्त्वार्थाधिगम भाष्य' स्वयं उमास्वातिका बनाया हुआ है। परन्तु उनकी इस मान्यताको स्वीकार करनेके लिये अभी हम तैय्यार नहीं हैं। उनका वह ग्रन्थ अभी विवादग्रस्त है। उसके विषयमें हमें बहुत कुछ कहने सुननेकी जरूरत है। इस पर यदि यह कहा जाय कि बादको बने हुए भाष्योंकी अपेक्षा बहुत बड़ा होनेके कारण उसे पीछेसे महाभाष्य संज्ञा दी गई है तो यह मानना पड़ेगा कि उसका असली नाम 'गन्धहस्ति भाष्य' अथवा 'गन्धहस्ति' ऐसा कुछ था।

८—ऊपर जिन ग्रन्थादिकोंका उल्लेख किया गया है उनमें कहीं यह भी जिकर नहीं है कि समन्तभद्रने ८४ हजार श्लोकपरिमाणका कोई ग्रन्थ रचा है और इस लिये गन्धहस्ति महाभाष्यका जो परिमाण ८४ हजार कहा जाता है उसकी इस संख्याकी भी किसी प्राचीन साहित्यसे उपलब्धि नहीं होती।

९—जब उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रपर ८४ हजार

श्लोकपरिमाण एक महत्त्वशाली भाष्य पहलेसे मौजूद था तब यह बात समझमें नहीं आती कि सर्वार्थसिद्धि, राजवार्तिक और श्लोकवार्तिकके बननेकी जरूरत ही क्यों पैदा हुई। यदि यह कहा जाय कि ये ग्रन्थ गन्धहस्ति महाभाष्यका सार लेकर संक्षेपरुचिवाले शिष्योंके वास्ते बनाये गये हैं तो यह बात भी कुछ बनती हुई मालूम नहीं होती; क्यों कि ऐसी हालतमें श्रीपूज्यपाद, अकलंकदेव और विद्यानन्द स्वामी अपने अपने ग्रन्थोंमें इस प्रकारका कोई उल्लेख जरूर करते जैसा कि आम तौर पर दूसरे आचार्योंने किया है, जिन्होंने अपने ग्रन्थोंको दूसरे ग्रन्थोंके आधारपर अथवा उनका सार लेकर बनाया है। परंतु चूं कि इनमें ऐसा कोई उल्लेख नहीं है, इस लिये ये सर्वार्थसिद्धि आदि ग्रन्थ गन्धहस्तिमहाभाष्यके आधारपर अथवा उसका सार लेकर बनाये गये हैं ऐसा माननेको जी नहीं चाहता। इसके सिवाय अकलंकदेव और विद्यानन्दके भाष्य वार्तिकके ढंगसे लिखे गये हैं। वे 'वार्तिक' कहलाते भी हैं। और वार्तिकोंमें उक्त, अनुक्त, दुरुक्त, तीनों प्रकारके अर्थोंकी विचारणा और अभिव्यक्ति हुआ करती है, जिससे उनका परिमाण पहले भाष्योंसे प्रायः कुछ बढ जाता है। जैसे कि सर्वार्थसिद्धिसे राजवार्तिकका और राजवार्तिकसे श्लोकवार्तिकका परिमाण बढा हुआ है। ऐसी हालतमें यदि समन्तभद्रका ८४ हजार श्लोक संख्यावाला भाष्य पहलेसे मौजूद था तो अकलंकदेव और विद्यानन्दके वार्तिकोंका परिमाण उससे जरूर कुछ बढ जाना चाहिये था। परन्तु बढना तो दूर रहा, वह उलटा उससे कई गुणा घट रहा है। दोनों वार्तिकोंकी श्लोकसंख्याका परिमाण क्रमशः १६ और २० हजारसे अधिक नहीं। ऐसी हालतमें कमसेकम अकलंक देव और विद्यानन्दके समयमें गन्धहस्ति महाभाष्यका अस्तित्व स्वीकार करनेके लिये तो और भी हृदय तय्यार नहीं होता।

१० — जिस आप्तमीमांसा (देवागम स्तोत्र) को गन्धहस्ति महाभाष्यका मंगलाचरण बतलाया जाता है उसकी अन्तिम कारिका इस प्रकार है-

इतीयमाप्तमीमांसा विहिता हितमिच्छताम्।
सम्यग्मिथ्योपदेशार्थविशेषप्रतिपत्तये ॥

यह कारिका जिस ढंग और जिस शैलीसे लिखी गई है, और इसमें जो कुछ कथन किया गया है उससे आप्तमीमांसाके एक बिलकुल स्वतन्त्र ग्रन्थ होनेकी बहुत ज्यादह सम्भावना पाई जाती है। इस कारिकाको देते हुए वसुनन्दी आचार्य अपनी टीकामें इसे 'शास्त्रार्थोपसंहारकारिका' लिखते हैं, साथ ही इस कारिकाकी टीकाके अन्तमें ग्रंथकर्ता भी समंतभद्रका नाम 'कृतकृत्यः निर्व्यूढतत्त्वप्रतिज्ञः' इत्यादि विशेषणोंके साथ देते हैं, जिससे मालूम होता है कि इस कारिकाके साथ ग्रंथकी समाप्ति हो गई, ग्रंथके अन्तर्गत किसी खास विषयकी नहीं। विद्यानंदस्वामी अष्टसहस्रीमें, इस कारिकाके द्वारा 'प्रारब्धनिर्वहण'-(प्रारंभ किये हुए कार्यकी परिसमाप्ति) आदिको सूचित करते हुए टीकामें लिखते हैं-

"इति देवागमाख्ये स्वोक्तपरिच्छेदे शास्त्रे...।
अत्र शास्त्रपरिसमाप्तौ"......

इन शब्दोंसे भी प्रायः यही ध्वनित होता है कि देवागमशास्त्र जो कि आप्तमीमांसाके शुरूमें 'देवागम' शब्द होनेसे उसीका दूसरा नाम है, एक स्वतंत्र ग्रंथ है और उसकी समाप्ति इस कारिकाके साथ ही हो जाती है। अतः वह किसी दूसरे ग्रंथका आदिम अंश अथवा मंगलाचरण मालूम नहीं होता।

११—अकलंकदेव अपनी अष्टशतीके आरंभमें लिखते हैं—

"येनाचार्यसमन्तभद्रयतिना तस्मै नमः संततम्।
कृत्वा विव्रियते स्तवो भगवतां देवागमस्तत्कृतिः" ॥२॥

वसुनन्दी आचार्य अपनी देवागमवृत्तिके अन्तमें सूचित करते हैं "श्रीसमंतभद्राचार्यस्य... देवागमाख्यायाः कृते संक्षेपभूतं विवरणं कृतम्...।"

कर्नाटकदेशस्थ हुमचा जि० शिमोगाके एक शिलालेखमें निम्न आशयका उल्लेख * मिलता है:—

* देखो जैनहितैषी भाग ९, अंक ९, पृष्ठ ४४५।

" अकलंकने समंतभद्रके देवागमपर भाष्य लिखा। आप्तमीमांसा ग्रंथको समझाकर बतलानेवाले विद्यानं- दिको नमोस्तु।"

इन सब अवतरणोंसे भी प्रायः यही पाया जाता है कि समन्तभद्रका ' देवागम ' उनकी एक पृथक् कृति अथवा स्वतंत्र ग्रंथ है।

१२—श्रीशुभचंद्राचार्यविरचित पांडवपुराणका एक पद्य इस प्रकार है:--

" समन्तभद्रो भद्रार्थो भातु भारतभूषणः।
देवागमेन येनात्र व्यक्तो देवागमः कृतः " ॥ १५ ॥

इस पद्यके द्वारा ग्रंथकर्ता महाशय, स्वामी समन्तभद्रका ' भारतभूषण ' आदि विशेषणोंके साथ स्मरण करते हुए, प्रकट करते हैं कि उन्होंने अपने देवागम शास्त्रके द्वारा- (गंधहस्तिमहाभाष्य अथवा तत्त्वार्थसूत्रकी टीकाके द्वारा नहीं) जिनेन्द्रदेवके आगम (जैनागम) को संसारमें व्यक्त कर दिया है। इससे देवागमकी स्वतंत्रता और भी स्पष्ट शब्दोंमें उद्घोषित होती है और यह पाया जाता है कि संसारमें समन्तभद्रकी विशेष प्रसिद्धिका कारण भी उनका ' देवागम ' ग्रंथ ही हुआ है। यदि यह देवागम कोई पृथक् ग्रंथ न होकर गंधहस्ति महाभाष्यका ही एक अंश- उसका केवल मंगलाचरण-होता तो कोई वजह नहीं थी कि उस महान् ग्रंथका कहीं नामोल्लेख न करके उसके केवल एक छोटेसे अंशका ही उल्लेख किया जाता। उस संपूर्ण ग्रंथके द्वारा तो और भी अधिकताके साथ जैनागम व्यक्त हुआ होगा फिर उसका नाम क्यों नहीं ? और क्यों आम तौरपर देवागम अथवा आप्तमीमांसाका ही नामोल्लेख पाया जाता है ? जरूर इसमें कुछ रहस्य है और वह कमसे कम देवागमकी स्वतंत्रताका समर्थक जान पडता है।

१३—श्रीविद्यानंदस्वामीने ' युक्त्यनुशासन ' ग्रंथकी टीका लिखते हुए सबसे पहले उसकी उत्थानिकारूपसे यह वाक्य दिया है—

" श्रीसमन्तभद्रस्वामिभिराप्तमीमांसायामन्ययोगव्यवच्छेदाद् व्यवस्थापितेन भगवता श्रीमतार्हतान्त्यतीर्थंकरपरमदेवेन मां परीक्ष्य किं चिकीर्षवो भवन्त इति ते पृष्टा प्रकृ(?)ाहुः।"

इसके बाद मूल ग्रंथका प्रथम पद्य उद्धृत किया है जो इस प्रकार है:—

" कीर्त्या महत्या भुवि वर्द्धमानं
त्वां वर्द्धमानं स्तुतिगोचरत्वम्।
निनीषवः स्मो वयमद्य वीरं
विशीर्णदोषाशयपाशबन्धम् ॥ १ ॥
अद्यास्मिन् काले परीक्षावसानसमये।"

विद्यानंदाचार्यके इस संपूर्णकथनसे मालूम होता है कि स्वामि समन्तभद्रने आप्तमीमांसा(देवागम) के अनन्तर ही-उक्त ग्रंथद्वारा अर्हन्तदेवकी परीक्षाके बाद ही-' युक्त्यनुशासन ' ग्रंथकी रचना की है। यदि ' देवागम ' को गंधहस्तिमहाभाष्यका एक अंग और उसका आदिम भाग माना जाय तो युक्त्यनुशासनको भी उक्त महाभाष्यका तदनन्तर अंग कहना होगा। परन्तु ऐसा नहीं कहा जाता। युक्त्यनुशासन समन्तभद्रका, महावीर भगवानकी स्तुतिको लिये हुए हितान्वेषणका उपाय प्रतिपादक एक स्वतंत्र ग्रंथ माना जाता है। नीचेके कुछ पद्यों और उनकी कथनशैलीसे भी प्रायः ऐसा ही आशय ध्वनित होता है:—

" नरागान्नः स्तोत्रं भवति भवपाशच्छिदि मुनौ,
न चान्येषु द्वेषादपगुणकथाभ्यासखलता।
किमु न्यायान्यायप्रकृतगुणदोषज्ञमनसा,
हितान्वेषोपायस्तव गुणकथासंगगदितः " ॥ ६४ ॥

-युक्त्यनुशासन।

" श्रीमद्वीरजिनेश्वरामलगुणस्तोत्रं परीक्षेक्षणैः
साक्षात्स्वामिसमंतभद्रगुरुभिस्तत्त्वं समीक्ष्याखिलम्।
प्रोक्तं युक्त्यनुशासनं विजयिभिः स्याद्वादमार्गानुगै-
र्विद्यानंदबुधैरलंकृतमिदं श्रीसत्यवाक्याधिपैः ॥ "

--टी० विद्यानन्दस्वामी।

" जीवसिद्धिविधायीह कृतयुक्त्यनुशासनम्।
वचः समन्तभद्रस्य वीरस्येव विजृंभते ॥ "

--हरिवंशे जिनसेनः।

ऐसी हालतमे ' देवागम ' को भी युक्त्यनुशासनके सदृश गंधहस्तिमहाभाष्यका कोई अंग न मान कर एक स्वतंत्र ग्रंथ कहना चाहिये।

१४—श्रीधर्मभूषणयतिविरचित ' न्यायदीपिका ' में, सर्वज्ञकी सिद्धि करते हुए, आप्तमी-

मांसाका एक पद्य निम्न प्रकारसे उद्धृत किया हुआ मिलता है:-

" तदुक्तं स्वामिभिर्महाभाष्यस्यादावाप्तमीमांसाप्रस्तावे सूक्ष्मान्तरितदूरार्थाः............।"

इससे मालूम होता है कि स्वामी समन्तभद्र-प्रणीत 'महाभाष्य' की आदिमें आप्तमीमांसा नामका एक प्रस्ताव है। और सिर्फ यही एक उल्लेख है जो अभी तक हमें इस विषयमें प्राप्त हो सका है और जिससे प्रचलित प्रवादको कुछ आश्वासन मिलता है। यद्यपि इस उल्लेखमें 'गंधहस्ति महाभाष्य' ऐसा स्पष्ट नाम नहीं है, न इस 'महाभाष्य' को उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रका भाष्य प्रकट किया है, न यह ही सूचित किया है कि उसकी ग्रंथसंख्या ८४ हजार श्लोक परिमाण है और इसलिये संभव है कि यह महाभाष्य समन्तभद्रका उपर्युल्लिखित, ४८ हजार श्लोक संख्याको लिये हुए, 'कर्मप्राभृत' सिद्धान्तवाला भाष्य हो अथवा कोई दूसरा ही भाष्य हो। और उसमें आचार्य महोदयने आवश्यकतानुसार, अपने आप्तमीमांसा ग्रंथको भी बतौर एक प्रस्तावके शामिल कर दिया हो, तो भी धर्मभूषणके इस उल्लेखसे प्रकृत गंधहस्ति महाभाष्यका आशय जरूर निकाला जा सकता है। परंतु जब हम इस उल्लेखको ऊपर दिये हुए संपूर्ण अनुसंधानोंकी रोशनीमें पढते हैं और साथ ही, इस बातको ध्यानमें रखते हैं कि धर्मभूषणजी विक्रमकी १५ वीं शताब्दीके विद्वान् हैं, तो ऐसा मालूम होता है कि यह उल्लेख उस वक्तके प्रचलित प्रवाद, लोकोक्ति अथवा दंतकथाओंके आधार पर ही किया गया है। वास्तविक तथ्यसे इसका प्रायः कोई सम्बन्ध नहीं। और न यह मानने अथवा कहनेका कोई कारण है कि धर्मभूषणजीने गंधहस्तिमहाभाष्यको स्वयं देखकर ही ऐसा उल्लेख किया है। यदि ऐसा होता तो खास गंधहस्तिमहाभाष्यका भी कोई महत्त्वपूर्ण उल्लेख राजवार्तिकादि ग्रंथोंके स्थानोंमें अथवा उनके साथ जरूर पाया जाता। परंतु ऐसा नहीं है, न्यायदीपिकामें दूसरी जगह भी आप्तमीमांसाका ही उल्लेख किया गया है। वहाँ ऊपरके सदृश महाभाष्यादि शब्दों का प्रयोग भी नहीं है, बल्कि बहुत सीधे सादे शब्दोंमें 'तदुक्तमाप्तमीमांसायां स्वामिसमंतभद्राचार्यैः' ऐसा कहा गया है। धर्मभूषणजीके समयसे अबतक ऐसा कोई महान् विप्लव भी उपस्थित नहीं हुआ कि जिससे गंधहस्ति महाभाष्य जैसे ग्रंथका एकदम लोप होना मान लिया जाय। और यदि ऐसा मान भी लिया जाय तो उनसे पहले प्राचीन साहित्यमें उसके उल्लेख न होनेका कारण क्या है, इसका संतोषजनक उत्तर कुछ भी मालूम नहीं होता। और इस लिये हमारी रायमें धर्मभूषणजीका उपर्युक्त उल्लेख प्रचलित प्रवादपर ही अवलम्बित है। प्रचलित प्रवादपर अकसर उल्लेख हुआ करते हैं और वे बहुतसे ग्रंथोंमें पाये जाते हैं। आजकल भी, जब कि गंधहस्तिमहाभाष्यका कहीं पता नहीं और यह भी निश्चय नहीं कि किसी समय उसका अस्तित्व था भी या कि नहीं, बहुतसे अच्छे अच्छे विद्वान अपने लेखों तथा ग्रंथोंमें गंधहस्ति महाभाष्यका उल्लेख परिचित अथवा निश्चित ग्रंथके तौर पर करते हैं, उसे तत्त्वार्थसूत्रकी टीका बतलाते हैं और उसके श्लोकोंकी संख्याका परिमाण तक देते हैं। यह सब प्रचलित प्रवादका ही नतीजा है। कभी कभी इस प्रचलित प्रवादकी धुनमें अर्थका अनर्थ भी हो जाता है, जिसका एक उदाहरण हम अपने पाठकोंके सामने नीचे रखते हैं—

उक्त न्यायदीपिकामें एक स्थानपर ये वाक्य दिये हैं:—

तद्विपरीतलक्षणो हि संशयः। यद्राजवार्तिकम् "अनेकार्थानिश्चितापर्युदासात्मकः संशयः, तद्विपरीतोऽवग्रहः" इति। भाष्यं च "संशयो हि निर्णयविरोधी नत्ववग्रहः" इति।

पं० खूबचन्दजीने न्यायदीपिकापर लिखी हुई अपनी भाषाटीकामें, इन वाक्योंका अनुवाद देते हुए, 'भाष्य' शब्दसे 'गन्धहस्तिमहाभाष्य' का अर्थ सूचित किया है अर्थात्, सर्वसाधारण पर यह प्रकट किया है कि 'संशयो हि निर्णयविरोधी नत्ववग्रहः' यह वाक्य गन्धहस्तिमहाभाष्यका एक वाक्य है। टीकाके 'संशोधनकर्ता' पं० वंशी

शास्त्रीने भी उनकी इस बातको पास कर दिया है- अर्थात्, पुस्तकपर अपने द्वारा संशोधन किये जानेकी मुहर लगाकर इस बातकी रजिस्टरी कर दी है कि उक्त वाक्य गंधहस्तिमहाभाष्यका ही वाक्य है। परन्तु वास्तवमें ऐसा नहीं है। यह वाक्य राजवार्तिक भाष्यका वाक्य है। राजवार्तिकमें 'अवग्रहेहावायधारणा' इस सूत्रपर जो १० वाँ वार्तिक दिया है उसीके भाष्यका यह एक वाक्य है *। इस वाक्यसे पहले जो वाक्य, 'यद्राजवार्तिकं' शब्दोंके साथ न्यायदीपिकाकी ऊपरकी पंक्तियोंमें उद्धृत पाया जाता है वह उक्त सूत्रका ९ वाँ वार्तिक है। दूसरे शब्दोंमें यों समझना चाहिये कि ग्रन्थकर्ताने पहले राजवार्तिक भाष्यका एक वार्तिक और फिर एक वार्तिकका भाष्यांश उद्धृत किया है, जिसको हमारे दोनों पंडित महाशयोंने नहीं समझा और न समझनेकी कोशिश की। उनके सामने मूल ग्रन्थमें 'गन्धहस्ति महाभाष्य' ऐसा कोई नाम नहीं था और यह हम बखूबी जानते हैं कि उन्होंने गन्धहस्ति महाभाष्यका कभी दर्शन तक नहीं किया, जो उस परसे जाँच करके ही ऐसे अर्थका किया जाना किसी प्रकारसे संभव समझ लिया जाता, तो भी उन्होंने 'भाष्य' का अर्थ 'गन्धहस्ति महाभाष्य' करके एक विद्वानके वाक्यको दूसरे विद्वानका बतला दिया। यह प्रचलित प्रवादकी धुन नहीं तो और क्या है? इसी तरह एक दूसरी जगह भी 'तद्भाष्यं' पदका अर्थ—"ऐसा ही गन्धहस्ति महाभाष्यमें भी कहा है-' किया गया है। इस उदाहरणसे पाठक स्वयं समझ सकते हैं कि प्रचलित प्रवादकी धुनमें कितना अर्थका अनर्थ हो जाया करता है और उसके द्वारा उत्तरोत्तर संसारमें कितना भ्रम तथा मिथ्याभाव फैल जाना संभव है। शास्त्रोंमें प्रचलित प्रवादोंसे अभिभूत ऐसे ही कुछ महाशयोंकी कृपासे अथवा अनेक दन्तकथाओंके किसी न किसी रूपमें लिपिबद्ध हो जानेके कारण ही बहुतसे ऐतिहासिक तत्त्व आजकल चक्करमें पड़े हुए

* देखो राजवार्तिक, सनातनग्रन्थमाला कलकत्तेका छपा हुआ।

है। और इस लिये प्रायः उन सबकी जाँच अनेक मार्गों और अनेक पहलुओंसे होनी चाहिये। हरएक बातकी असलियतको खोज निकालनेके लिये गहरे अनुसंधानकी जरूरत है। तभी कुछ यथार्थ निर्णय हो सकता है।

१५—ऊपर श्रुतावतारके आधारपर यह प्रकट किया गया है कि समन्तभद्रने 'कर्मप्राभृत' सिद्धान्तपर ४८ हजार श्लोक परिमाण एक सुन्दर संस्कृत टीका लिखी थी। यह टीका 'चूडामणि' नामकी एक कनडी टीकाके बाद, प्रायः उसे देखकर लिखी गई है। चूडामणिकी श्लोकसंख्याका परिमाण ८४ हजार दिया है और वह उस कर्मप्राभृत तथा साथ ही, कषायप्राभृत नामके दोनों सिद्धान्तों पर लिखी गई थी। भट्टाकलंकदेवने, अपने कर्नाटक शब्दानुशासनमें इस चूडामणिटीकाको 'तत्त्वार्थ महाशास्त्रकी व्याख्या' (तत्त्वार्थमहाशास्त्रव्याख्यानस्य* ' चूडामण्यभिधानस्य महाशास्त्रस्य...उपलभ्यमानत्वात' ।) लिखा है, जिसका आशय यह होता है कि कर्मप्राभृतादि ग्रन्थ भी 'तत्त्वार्थशास्त्र' कहलाते हैं और इस लिये कर्मप्राभृतपर लिखी हुई समन्तभद्रकी उक्त टीका भी तत्त्वार्थमहाशास्त्रकी टीका कहलाती होगी। चूँकि उमास्वातिका तत्त्वार्थसूत्र भी 'तत्त्वार्थशास्त्र' अथवा 'तत्त्वार्थमहाशास्त्र' कहलाता है, इसलिये सम्भव है कि इस नामसाम्यकी वजहसे 'कर्मप्राभृत' के टीकाकार श्रीसमन्तभद्रस्वामी किसी समय उमास्वातिके तत्त्वार्थसूत्रके टीकाकार समझ लिये गये हों और इसी गलतीके कारण पीछेसे अनेक प्रकारकी कल्पनाएँ उत्पन्न होकर उनका वर्तमानरूप बनगया हो। यह भी सम्भव है, कि प्रबल और प्रखर तार्किक विद्वान होनेके कारण 'गन्धहस्ति' यह समन्तभद्रका उपनाम अथवा बिरुद रहा हो और उसके कारण ही उनकी उक्त सिद्धांतटीकाका नाम गन्धहस्तिमहाभाष्य प्रसिद्ध

* यहां ग्रन्थका परिमाण ९६ हजार श्लोक दिया है जिसकी बाबत राइस साहबने, अपनी 'इंस्क्रिपन्स एट् श्रवणबेलगोल' नामक पुस्तकमें, लिखा है कि इसमें १२ हजार श्लोक ग्रन्थके संक्षिप्तसार अथवा सूचीके शामिल हैं।

हो गया हो अथवा उनके शिष्य शिवकोटिने जो तत्त्वार्थसूत्रकी टीका लिखी है उसी परसे इस विषयमें उनके नामकी प्रसिद्धि हो गई हो। कुछ भी हो, यथार्थ वस्तुस्थितिको खोज निकालनेकी बहुत बड़ी जरूरत है जिसके लिये विद्वानोंको प्रयत्न करना चाहिये। अस्तु।

गन्धहस्तिमहाभाष्य और आप्तमीमांसाके सम्बन्धमें हम अपने इन अनुसंधानों और विचारोंको विद्वानोंके सामने रखते हुए उनसे अत्यन्त नम्रताके साथ निवेदन करते हैं कि वे इन पर बड़ी शांतिके साथ गहरा विचार करनेकी कृपा करें और उसके बाद हमें अपने विचारोंसे सूचित करके कृतार्थ बनाएँ। यदि हमारा कोई अनुसंधान अथवा विचार उन्हें ठीक प्रतीत न हो तो हमें युक्तिपूर्वक उससे सूचित किया जाय। साथ ही, जिन विद्वानोंको किसी प्राचीन साहित्यसे गन्धहस्तिमहाभाष्यके नामादिक चारों बातोंमेंसे किसी भी बातकी कुछ उपलब्धि हुई हो, वे हम पर उसके प्रकट करनेकी उदारता दिखलाएँ, जिससे हम अपने विचारोंमें यथोचित फेरफार करनेके लिये समर्थ हो सकें, अथवा उसकी सहायतासे किसी दूसरे नवीन अनुसंधानको प्रस्तुत कर सकें। आशा है, विज्ञ पाठक हमारे इस समुचित निवेदनपर ध्यान देनेकी अवश्य कृपा करेंगे, और इस तरह एक ऐतिहासिक तत्त्वके निर्णय करनेमें सहायोगिताका परिचय देंगे।

अन्तमें हम अपने पाठकों पर इतना और प्रकट किये देते हैं कि इस लेखका कुछ भाग लिखे जानेके बाद हमें अपने मित्र श्रीयुत मुनि जिनविजयजी आदिके द्वारा यह मालूम करके बहुत अफसोस हुआ कि डेकन कालिज पूना लायब्रेरीकी किसी सूचीके आधार पर एक पंडित महाशयने, समाजके पत्रोंमें, जो इस प्रकारका समाचार प्रकाशित कराया था कि, गंधहस्तिमहाभाष्य आस्ट्रिया देशके अमुक नगरकी लायब्रेरीमें मौजूद है और इसलिये वहाँ जाकर उसकी कापी लानेके लिये कुछ विद्वानोंकी योजना होनी चाहिये, वह बिलकुल उनका भ्रम और बेसमझीका परिणाम था। उन्हें सूची देखना ही नहीं आया। सूचीमें, जो किसी रिपोर्टके अन्तर्गत है, आस्ट्रियाके विद्वान् डाक्टर बुल्हरने कुछ ऐसे प्रसिद्ध जैनग्रंथोंके नाम, उनके कर्ताओंके नाम सहित प्रकट किये थे जो उपलब्ध हैं, तथा जो उपलब्ध नहीं हैं किन्तु उनके नाम सुने जाते हैं। समंतभद्रका 'गंधहस्तिमहाभाष्य' भी अनुपलब्ध ग्रंथोंमें था जिसका नाम सुनकर ही उन्होंने उसे अपनी सूचीमें दाखिल किया था। उसके सम्बन्धमें यह कहीं प्रकट नहीं किया गया कि वह अमुक लायब्रेरीमें मौजूद है। पंडितजीने इस सूचीमें गंधहस्तिमहाभाष्यका नाम देख कर ही, बिना कुछ सोचे समझे, आस्ट्रिया देशके एक नगरकी लायब्रेरीमें उसके अस्तित्वका निश्चय कर दिया और उसे सर्व साधारण पर प्रकट कर दिया! यह कितनी भूलकी बात है! हमें अपने पंडितजीकी इस कार्रवाई पर बहुत खेद होता है जिसके कारण समाजको व्यर्थ ही एक प्रकारके चक्करमें पड़ने और चंदा एकत्र करने-कराने आदिका कष्ट उठाना पड़ा। आशा है पंडितजी, जिनका नाम यहाँ देनेकी हम कोई जरूरत नहीं समझते, आगामीसे ऐसी मोटी भूल न करनेका ध्यान रक्खेंगे।

(जैन हितैषी, भाग १४, अंक ४ से उद्धृत ।)

तीर्थयात्राके लिये निकलनेवाले संघोंका वर्णन।

वपुः पवित्रीकुरु तीर्थयात्रया चित्तं पवित्रीकुरु धर्मवाञ्छया।
वित्तं पवित्रीकुरु पात्रदानतः कुलं पवित्रीकुरु सच्चरित्रैः॥

--उपदेशतरंगिणी।

जैन धर्मके औपदेशिक ग्रन्थसमूहमें, जैनगृहस्थों (श्रावकों) के लिये जिन जिन धर्मकृत्योंका विधान किया गया है उनमें तीर्थयात्रा करनेका भी एक विधान है। मुख्य कर जिन स्थानोंमें तीर्थंकर आदि पूज्य माने जाने वाले जैनधर्मके महापुरुषोंका जन्म, दीक्षा, केवल या निर्वाण आदि पवित्र कार्य जिसे जैन संप्रदायमें 'कल्याणक' कहते हैं- हुआ हो उन्हें तीर्थस्थान कहते हैं। परन्तु किसी अन्य विशिष्ट घटनाके कारण या स्थलविशेषकी पवित्रताके कारण और स्थान भी ऐसे तीर्थस्थान माने जाते हैं। समेतशिखर, राजगृह, पावापुरी, खण्डगिरि आदि स्थल पूर्वमें; तक्षशिला, कांगडा, अहिच्छत्र, हस्तिनापुर आदि उत्तरमें; शत्रुंजय, गिरनार, आबू, तारंगा आदि पश्चिममें; और श्रीपर्वत, श्रवणबेलगोला, मुडबद्री, कुलपाक आदि दक्षिणमें जैनियोंके प्रसिद्ध तीर्थस्थान हैं। तीर्थस्थानोंके मानने पूजनेकी यह प्रथा केवल जैनधर्म ही में प्रचलित है यह बात नहीं है। संसारके प्रायः सभी प्राचीन और प्रसिद्ध धर्मोंमें ऐसे तीर्थस्थान माने और पूजे जाते हैं। ब्राह्मणोंमें हरिद्वार, सोमनाथ, रामेश्वर, जगन्नाथ इत्यादि; बौद्धोंमें कपिलवस्तु, मृगदाव, बोधिगया, कुशीनार इत्यादि; क्रिश्चियनोंमें जेरुसलेम; और मुसलमानोंमें मक्का मदीना आदि स्थान सैंकडों ही वर्षोंसे तीर्थस्थानके रूपमें जगद्विख्यात हैं। क्या मूर्तिपूजा माननेवाले और क्या नहीं माननेवाले-क्या ईश्वरवादी और क्या अनीश्वरवादी इस विषयमें सभी एकमत रखते हुए दिखाई देते हैं।

पुरुषोंके चरणस्पर्शसे पवित्रित भूमिका दर्शन और स्पर्शन करनेसे भावुक मनुष्यके भद्र हृदयमें भव्यता प्रकट होती है और मनकी मलिनता अन्तरित होती है यह मानवस्वभाव सिद्ध बात है। केवल, प्रकृतिकी सुन्दरताको, स्थलकी विशुद्धताको और वातावरणकी निःशब्दताको देख कर ही संस्कारी हृदयवाले मनुष्यके मनमें सात्त्विकभाव प्रकट होने लगते हैं; तो फिर यदि उस स्थानके साथ किसी स्वाभिमत लोकोत्तर महापुरुषकी जीवनघटनाका कोई स्मृतिसंबन्ध जुडा हुआ हो तब तो कहना ही क्या। जो शांति और जो सात्त्विकता मनुष्योंको अन्य उपाधिग्रस्त स्थानोंमें सैंकडों लेखोंके वाचनेसे और सैंकडों ही व्याख्यानोंके सुननेसे प्राप्त नहीं हो सकती, वह ऐसे शुद्ध, पवित्र और पूज्य स्थानोंमें एक दिन जाकर रहनेसे प्राप्त हो सकती है; ऐसा अनेक महापुरुषोंका अनुभव है। श्रमण भगवान् श्रीमहावीर और गौतम बुद्ध जो वर्षोंतक निर्जन वनोंमें घूमते रहे उसका कारण केवल यही शांतिलाभ करना था, और इसी प्रवृत्तिद्वारा उन्होंने अपनी मुक्ति प्राप्त की थी। संसारके महापुरुषोंके अनुभूत इस सिद्धान्तको लक्ष्यमें लेकर धर्मप्रवर्तकोंने तीर्थयात्राकी प्रथा प्रचलित की है और उसके अनुसार अति प्राचीन कालसे संसारके उपर्युक्त सभी धर्मोंके आस्तिक अनुयायी अपने अपने तीर्थस्थानोंमें अनेक प्रकारके कष्ट उठाकर भी, अधिक नहीं तो केवल एकवार, दर्शन मात्र करनेके लिये ही जाते रहे हैं, अथवा जानेकी अभिलाषा रखते रहे हैं। जैनधर्मोपदेशकोंने भी अपने तीर्थोंके दर्शन स्पर्शन करनेका उपदेश

किया है और तदनुसार जैन समाजमें प्रवृत्ति भी चली आ रही है।

पुराणे जमानेमें, आज कलके समान, मुसाफरी करनेके लिये रेलवे वगैरह जैसे साधनों की सुविधा न होनेसे, तथा मार्गमें अनेक प्रकारके कष्टोंके आनेकी बहुत कुछ संभावना रहनेसे, उस समयके बड़े बड़े श्रीमान लोक भी अकेले-दुकले घरसे बहार निकल कर दूरके देशोंमें जानेकी हिम्मत कम रखते थे। तो फिर साधारण और गरीबवर्गके लोगोंके लिये तो कहना ही क्या। इस लिये उस समय प्रायः लोग बहुतसी संख्यामें एकत्र हो कर तीर्थयात्राके लिये निकला करते थे। यात्रियोंके इस समूहको संघ कहा करते हैं। पिछले जमानेमें, जैनसमाजमेंसे जुदा जुदा तीर्थोंकी यात्राके लिये जुदा जुदा देशोंमेंसे प्रतिवर्ष प्रायः सैंकडों ही ऐसे छोटे बडे संघ निकला करते थे, और अब तक भी सालमें दो चार निकलते रहते हैं। बहुत करके इन संघोंके निकालनेमें कोई एक श्रीमान् भावुक अग्रणी होता है और वह अपनी ओरसे हजारों लाखों रुपये खर्च कर सैंकडों हजारों यात्रियोंके तीर्थदर्शनकी अभिलाषाको पूर्ण करनेमें सहायक बनता है। ऐसे संघ निकालनेवालेको समाजकी ओर से 'संघपति' की पदवी मिलती है और वह फिर सदा समाजमें अग्रणी माना जाता है।

संघके निकालनेकी क्या विधि है-वह किस तरहसे निकाला जाता है और उसके निकालनेवालेको क्या क्या करना चाहिए-इसके विषयमें श्राद्धविधिनामक ग्रन्थमें निम्न प्रकारका वर्णन दिया है।

संघ निकालनेवाले पुरुषको सबसे प्रथम, अभीष्ट तीर्थकी यात्रा पूर्ण न हो तब तक, निम्न प्रकारके नियम करने चाहिए--दिनमें एक ही दफह भोजन करना चाहिए, रास्तेमें पैदल चलना चाहिए, खाली जमीन पर सोना चाहिए, सचित्त वस्तु खानी न चाहिए, ब्रह्मचर्यका पालन करना चाहिए, इत्यादि। इस प्रकार यात्राके लिये नियमादि स्वीकार कर फिर राजाके पास जावे और उसे यथायोग्य भेंट दे कर संघ निकालनेकी इजाजत लेवे। फिर यात्रामें साथ ले चलनेके लिये युक्तिपूर्वक मंदिर बनवावे। अनन्तर, आपने स्वजनों और साधर्मिभाईयोंको संघमें आनेके लिये

---

१ जैन जातियोंमें बहुतसे कुटुम्बोंको जो संघवी-संघई-सिंघी-सिंगई आदि अटक है वह इसी 'संघपति' पद्वी का अपभ्रष्ट रूप है।

२ यह ग्रंथ तपागच्छके आचार्य रत्नशेखर सूरिका बनाया हुआ है। इसकी रचना विक्रम संवत् १५०६ में हुई है। भावनगरकी आत्मानंद जैन सभाने इसे छपाकर प्रकट किया है।

१ जिस संघमें इस प्रकारके नियमोंका पालन करते हुए संघपति और अन्यान्य यात्री चलते हैं उस संघको 'षट् री पालक' (गुजरातीमें-छ री पालतो) संघ कहते हैं। 'षट् री' से मतलब उन छ नियमोंका है जिनमें अन्तमें 'री' अक्षर आता है। यथा-

'एकाहारी, दर्शनधारी, यात्रासु भूशयनकारी,
सचित्तपरिहारी, पादचारी, ब्रह्मचारी, च।
श्राद्धविधि पृ. १६४.

एकाहारी भूमिसंस्तारकारी
पद्भ्यां चारी शुद्धसम्यक्त्वधारी।
यात्राकाले सर्वसचित्तहारी
पुण्यात्मा स्याद् ब्रह्मचारी विवेकी॥
-उपदेशतरंगिणी, पृ २४३.

२ प्राचीन समयमें राजाज्ञाके सिवा ऐसे संघ वगैरह निकल नहीं सकते थे तथा उनको एक राज्यमेंसे दूसरे राज्यमें जाने आने नहीं दिये जाते थे। इस लिये संघ निकालनेवालेको प्रथम राजाके पास जाकर उसके आगे रूपयोंकी खूब भेंट कर उसे खुश करना पडता था और उसके पाससे संघ निकालनेका परवाना (मुसलमानी शब्द फरमान) लेना पडता था। प्रमाणके लिये देखो मेरा लिखा हुआ शत्रुंजय तीर्थोद्धार प्रबन्ध, पृ० ५६-७; तथा सोमसौभाग्यकाव्य, पृ, १४०-४१।

३ ये मन्दिर सोना, चांदि, आदि धातुओंके तथा हस्तिदन्त, चन्दन अथवा अन्य प्रकारके उत्तम काष्ठके बनाये जाते थे। ये एक प्रकारके सिंहासन समान अथवा रथके जैसे होते थे। इनको मनुष्य उठाते अथवा रथकी तरह घोडे या बैल खींचते थे। संघके प्रमाणमें ऐसे एक या अनेक मंदिर संघके साथ रहते थे।

आदरपूर्वक आमंत्रण भेजे। भक्तिपूर्वक गुरुमहाराजको भी निमंत्रण करे। गांवमें जीवहिंसा बन्ध करानेके लिये अमारिपटह बजवावे। मंदिरोंमें महापूजादि महोत्सव मनावे। फिर, जो जो मनुष्य संघमें साथ आनेकी इच्छा प्रदर्शित करें उनमेंसे जिनके पास भत्ता न हो उन्हें भत्ता देवे, वाहन न हो उन्हें वाहन देवे, तथा जो बिल्कुल निराधार हो उन्हें मीठे बचनोंसे आश्वासन दे कर जिस वस्तुकी जरूरत हो उसकी पूर्ति करे। और इस प्रकार गांवमें ढंढोरा पिटाकर सहायतादान पूर्वक निरुत्साह मनवालोंको भी यात्राके लिये उत्साहित करे। रास्तेमें यात्रियोंके ठहरनेके लिये, पडावोंमें काम आने लायक छोटे बडे ऐसे अनेक डेरे, तंबू, रावटी, चांदनी आदि तैयार करवावे। भोजनकी सामग्रीके लिए कडाह, परात, हंडे आदि भाजन और पानीके संग्रहके लिये बडी बडी कोठियां, टांकियां आदि बर्तन बनवावे। मनुष्योंके बैठनेके लिये तथा सामान भरनेके लिये गाडी, सहेजवाल, रथ, म्याना, पालखी, बैल (पोठ) उंट, घोडा आदि सब प्रकारके वाहनोंका संग्रह करे। संघकी रक्षाके लिये अच्छे अच्छे बहादुर और शूर सुभटोंको (सिपाहियोंको) बुलावे और उन्हें अस्त्र शस्त्रादि देकर उनका सन्मान करे। तथा गीत, नृत्य और वाद्यविषयक सामग्रीको भी साथमें रक्खे—अर्थात् गान और नृत्य करनेवाले भोजकों-गंधर्वोंको और बाजे बजानेवाले बजवइयोंको भी संघके साथ रक्खे। इस प्रकार सब तरहकी तैयारी कर अच्छे मुहूर्तमें शुभ शकुनोंके साथ प्रस्थान-मंगल करे। प्रस्थान करनेके अवसर पर, सकल समुदायको—संघके साथ चलनेवाले तथा गांवमें बसनेवाले सभी साधर्मिभाइयोंको—एकत्र उत्तम प्रकारके भोजन कराकर, ताम्बूल आदि मुखवास देकर, तथा पंचांग वस्त्रादि पहरा कर सत्कृत करे। तदनन्तर, सुप्रतिष्ठ, धर्मिष्ठ, पूज्य और भाग्यवान मनुष्योंके हाथसे 'संघाधिपत्य' का तिलक करावे। स्वयं संघकी महापूजा करे और इस प्रकार दूसरोंके पाससे भी 'संघाधिपत्य' का तिलक करावे। यह सब काम हो चुकने पर फिर संघके साथ आनेवालोंमेंसे यथायोग्य किसीको महाधर, किसीको अग्रेसर, किसीको पृष्ठरक्षक और किसीको संघाध्यक्षक आदि पद देकर तदनुकूल कार्यविभाग नियत करे। संघके चलने-ठहरने आदिके सब संकेत यात्रियोंको जाहिर करे—अर्थात् अमुक प्रकारकी सूचना मिलने पर यात्रियोंको ठहर जाना चाहिए, अमुक प्रकारकी सूचना मिलने पर चलना चाहिए, अमुक प्रकारकी सूचना मिलने पर एकत्र होना चाहिए, इत्यादि सब बातें संघजनोंको स्पष्ट समझा देनी चाहिएं। रास्तेमें संघपतिको सबकी संभाल रखनी चाहिए। कहीं किसीकी गाडी वगैरह टूट जाय या और किसी प्रकारकी कठिनाई आ जाय तो उसे हर प्रकारसे सहायता देनी चाहिए।

इस प्रकार प्रयाण करते हुए मार्गमें जितने गांव और शहर आवें उनके मंदिरोंमें स्नात्र-महोत्सव करावे तथा उन पर महाध्वज चढावे। सब मंदिरोंके बाजे-गाजेके साथ जाकर दर्शन करे। जहां कहींपर कोई मंदिर वगैरह जीर्ण-शीर्ण हालतमें दिखाई दे तो उसके उद्धार आदिका खयाल रक्खे। जब दूरसे अभीष्ट तीर्थ-स्थलके (पर्वतादिके) दर्शन हो तब सवर्ण, रत्न या मोतियोंसे उसे बधावे और यात्रियोंको लड्डू आदि बांटकर तथा भोजन करा कर साधर्मिवात्सल्य करे। यथोचित दान देवे। फिर जब तीर्थस्थल पर पहुंचे तो बडे आडंबरके साथ स्वयं प्रवेश-सव करे और दूसरोंसे करावे। इस तरह तीर्थस्थानमें प्रवेश करके, प्रथम हर्षपूजा, फिर अष्टोपचार पूजा, और तदनंतर विधिपूर्वक स्नात्र करे। इसके बाद, माला पहरना, घृतधारा देना, पहरामनी रखना, नवांग जिनपूजा करना, पुष्पगृह और कदलीगृह बनवा कर महापूजा रचना, बहुमूल्य वस्त्रादिकी बनाई हुई महाध्वजा चढाना, रात्रिजागरण करना, नानाप्रकारके गीत और नृत्यादिसे उत्सव मनाना, तीर्थनिमित्त उपवासादिक तपस्या करना, लक्ष या कोटि परिमित चावल आदि—आदि शब्दसे सुपारी, लविंग, एलायची, नालियर इत्यादि समझने चाहिए—चढाना, २४, ५२, ७२ या १०८ संख्यामें फल आदि भेंट धरना, भक्ष्य ऐसे सब प्रकारके भोज्य पदार्थो

से भरे हुए थालोंका रखना, रेशम आदि मूल्यवान् वस्त्रके बने हुए चंदुए, अंगलुंछन, दीप, तैल, धोती, चन्दन, केसर, पुष्पचंगेरी, कलश, धूपदान, आरती, आभरण, प्रदीप, चामर, भृंगार, थाल, कचोल, घंटा, झलरी, पटह आदि विविध वाद्य; इत्यादि प्रकारकी मंदिरमें काम आनेवालीं सब चीजोंका दान करना; इत्यादि प्रकारके जो तीर्थ कृत्य हैं उन्हें विधिपूर्वक पूर्ण करे। इसके बाद तीर्थस्थान पर कोई छोटी बडी देवकुलिका करावे। सूत्रधारादिक कारीगरोंका सत्कार करे। तीर्थका कोई हिस्सा नष्ट-भ्रष्ट होनेकी अवस्थामें हो तो उसे ठीक करवा देवे। तीर्थकी रक्षा करनेवालोंका बहुमान करे। तीर्थके निर्वाहके लिये कोई जमीन आदिका स्थायी दान करे। साधर्मिवात्सल्य करे। गुरुओं और संघजनोंको पहरामणी दे कर भक्तिभाव प्रकट करे और भोजक, सेवक, गंधर्व, आदि जैन याचक जन हों उन्हें उचित दान वितरण करे। इत्यादि।

इस प्रकार संघ ले जानेवालेके लिये मुख्य मुख्य कृत्य बतलाये गये हैं।

प्राचीन समयमें, जैन इतिहासमें प्रसिद्ध ऐसे प्रायः सभी जैन राजा-महाराजाओंने और सेठ-साहुकारोंने इस प्रकारके बडे बडे संघ निकाले थे और उनमें लाखों करोडों रूपये खर्च किये थे। उदाहरणके लिये ऐसे दो चार प्रसिद्ध संघोंका यहां पर उल्लेख करना उचित मालूम देता है।

गुजरातके परमार्हत राजा कुमारपाल चौलुक्यने सौराष्ट्रके गिरनार और शत्रुंजयादि तीर्थोंकी यात्राके लिये बडा भारी संघ निकाला था। उसके बारेमें जिनमण्डन गणीने (संवत् १४९२) अपने 'कुमारपाल प्रबन्ध' नामक ग्रंथमें जो उल्लेख किया है, उसका सार यहां पर दिया जाता है—

हेमचन्द्राचार्यके मुखसे तीर्थ यात्रासे होनेवाला पुण्यलाभ सुन कर कुमारपालने भी तीर्थयात्रा करनेका मनोरथ किया और तत्काल सब सामग्री एकत्र कर शुद्ध मुहूर्तमें यात्राके लिये प्रस्थान किया। प्रस्थान करते समय उसने प्रथम, शहरके सभी चैत्यों (मंदिरों) में अष्टाह्निक उत्सव मनाया। गांवमें अमारिपटह बजवाया। कैदखानोंमें जो कैदी थे उन्हें बन्धन मुक्त किये और सकल संघकी पूजाका महामहोत्सव किया। संघके प्रयाणसमयमें सबसे आगे राजाका देवालय चलता था। यह देवालय सुवर्ण और रत्नोंसे जडा हुआ था और राज्यके पट्टहस्तिकी पीठ पर स्थापित किया हुआ था। इसमें सुवर्णकी बनी हुई जिनमूर्ति स्थापित थी। राजाके इस मुख्य देवालयके पीछे पीछे क्रमसे ७२ सामंतोंके, २४ मंदिर बनवानेवाले बाहड मंत्री और उसके साथ अन्य मंत्रियोंके, तथा १८०० बडे बडे व्यापारियोंके देवालय चलते थे। इन सब देवालयों पर श्वेतातपत्र रक्खे हुए थे और अंदर सुवर्ण और मोतियोंसे जडे हुए छत्र-चामरादि शोभ रहे थे।......इस संघमें कुमारपाल राजा मुख्य संघपति था और उसके साथ ७२ सामंत, बाहड (वाग्भट) आदि मंत्री, राजमान्य नागसेठका पुत्र सेठ आभड, षड्भाषाकविचक्रवर्ती श्रीपाल और उसका पुत्र दानवीर कविश्रेष्ठ सिद्धपाल, कपर्दी भंडारी, प्रह्लादनपुर (पालनपुर) का संस्थापक राणा प्रहलाद, ९९ लाख सुवर्णाधिपति सेठ छाडाक, राजदौहित्रिक प्रतापमल्ल, अठारह सौ व्यवहारी, हेमचंद्रसूरि आदि अनेक आचार्य, अनेक गांवों और नगरोंसे आए हुए करोडों मनुष्य, छहों दर्शनोंके अनुयायी, ११ लाख घोडे, ११ सौ हाथी, १८ लाख पैदल सिपाही और अनेक याचक जन थे। राजा हमेशा पैदल चलता था और सो भी नंगे पैरोंसे। हेमचन्द्र सूरिने उसे वाहन पर बैठजानेका अथवा तो पैरोंमें जूते वगैरह पहर लेनेके लिये आग्रह भी किया तो भी उसने वैसा नहीं किया। राजाके इस व्रतको देख कर और भी सैंकडों संघजन उसी तरह चलने लगे। संघके साथ समुदाय बहुत बडा होनेसे कहीं लोकोंको रास्तेमें कष्ट न हो इस लिये वह हमेशा पांच कोसकी मंजल करता था। जगह जगह लड्डू, नालियर आदिकी प्रभावना किये जाता था। जितने जितने जिनमंदिर आते थे उन सब पर सुवर्ण और मोतियोंसे जडी हुई ध्वजायें चढाता जाता था और मंदिरमेंकी प्रत्येक मूर्तिके लिये सोनेका छत्र और चामरादि दान किये जाता था। गांवों और शहरोंके

सभी मनुष्योंको भोजन करवाता था। सामने आने वाले राजाओं तथा सेठ-साहुकारोंको यथायोग्य पहरामणी देता था। प्रतिदिन संघमें, सामंत, मंत्री, सेठ आदि सभी संघजनोंको एकत्र कर स्नात्र महोत्सव मनाता था। प्रत्येक गांव और नगरमें साधर्मिक भाइयोंको अन्न, वस्त्र और प्रच्छन्न धन देकर साधर्मिकवात्सल्य करता था। प्रतिदिन भोजन करनेके समय असमर्थ श्रावकोंको तथा दूसरे भूखे प्यासे गरीब गुरबोंको अपने हाथसे भोजन कराकर फिर स्वयंभोजन करता था। हमेशा त्रिकाल जिनपूजा, उभयकाल प्रतिक्रमण तथा पर्वके (अष्टमी और चतुर्दशी आदि के) दिन पोषध व्रतादि करता था। जितने याचकजन आते थे उनको इच्छित दान देकर संतुष्ट करता था। इस प्रकार प्रयाण करता हुआ वह धंधूका नगरमें पहुंचा जो हेमचन्द्राचार्यका जन्मस्थान था। इस नगरमें उसने पहले ही १७ हाथ ऊंचा झोलिकाविहार नामक मंदिर बनवाया था जिस पर ध्वजा चढाई तथा स्नात्र महोत्सव कराया। वहांसे वह क्रमशः प्रयाण करता हुआ, प्राचीन वलभी शहरके मैदानमें पहुंचा। इस जगह दो सुंदर पहाडियां हैं जिनकी चोटी पर दो मन्दिर बनवाये और उनमेंसे एकमें ऋषभदेवकी और दूसरेमें पार्श्वनाथकी मूर्ति प्रतिष्ठित की। वहांसे चल कर वह संघ उस जगह पहुंचा जहांसे शत्रुंजय पर्वतका स्पष्ट दर्शन हो सकता था। उस दिन संघने वहीं पडाव किया और राजाने सकल संघके साथ शत्रुंजयको दण्डवत् नमस्कार करके पञ्चाङ्ग प्रणाम किया। उस दिन तीर्थदर्शन निमित्त उपवास किया गया और सोने चांदिके फुलोंसे और मोतियोंसे शत्रुंजयको बधाया गया। कुङ्कुम और चंदनादिसे अष्टमंगलका आलेखन किया गया और उनपर अनेक प्रकारके नैवेद्योंसे भरे हुए थाल रक्खे गये। वहां पर फिर पूजा पढाई गई, आचार्यका व्याख्यान सुना गया और रात्रिजागरणका उत्सव मनाया गया। राजराणी भूपल देवी, राजपुत्री लीलू कुमारी और अन्य सब सामंत वगैरहकी स्त्रिओंने भी सोनेके थालोंमें मोती और अक्षत भरकर पर्वतको बधाया। इस प्रकार उस दिन प्रथम तीर्थदर्शनके सब कृत्य करके दूसरे दिन संघने उपवासका पारणा किया और तदर्थ उत्सव मनाया गया। तीसरे दिन संघ प्रयाण करके शत्रुंजयकी तलहट्टीमें पहुंचा। वहां पर पादलिप्तपुर (पालीताना) में राजाने पहले ही पार्श्वनाथका मन्दिर बनवा रक्खा था, जिस पर उस समय सुवर्णनिर्मित कलश, दण्ड और ध्वज आदिका आरोपण कर विधिपूर्वक स्नात्र महोत्सव कराया। उसके बाद अपनी दाहिनी बाजूमें हेमचन्द्रसूरिको साथ लेकर, सामंत, मंत्री, सेठ, साहुकार इत्यादि सबके साथ शत्रुंजय पर चढने लगा। मार्गमें जितने वृक्ष आते थे उन सब पर वस्त्रखण्ड चढवाता हुआ और प्रत्येक स्थान पर सुवर्ण, पुष्प, चंदन इत्यादिसे पूजन करता हुआ, मरुदेवा नामक शिखर उपर पहुंचा। वहांपर जगन्माता स्वरूप मरुदेवाकी, तथा शान्तिनाथ और कपर्दि यक्षादिककी पूजा-अर्चा कर प्रथम प्रतोली (पोल) पर पहुंचा। वहां पर अनेक याचक जन खडे थे जिनको यथायोग्य दान देकर आगे बढा और युगादिदेव आदिनाथके मुख्य मन्दिरका द्वार दिखाई देते ही सवासेर प्रमाण मोतियोंसे उसे बधाया। तदनन्तर मन्दिरको तीन प्रदक्षिणा कर गर्भागारमें गया और वहां पर युगादि देवकी प्रशमरसपरिपूर्ण भव्य मूर्तिके दर्शन कर परम उल्लसित हुआ और नौ लाख सुवर्णके मूल्यवाले नौ हार चढा कर उस मूर्तिकी नवांग पूजा की। तदनन्तर संघपतिके लिये जो जो तीर्थ कृत्य बतलाये गये हैं उन सबका उसने यथाविधि पालन किया। इत्यादि।

पाठक कुमारपालकी यात्राके इस वर्णनका ऊपर पहले दिये गये श्राद्धविधिके संघवर्णनके साथ मिलान करेंगे तो मालूम हो जायगा कि संघके निकालनेका जो वर्णन ग्रन्थकारोंने दिया है वह केवल वर्णनमात्र ही नहीं है परंतु उसके अनुसार यथार्थ आचरण भी होता रहा है। और यह आचरण उस पुराणे जमाने ही में होता था सो भी बात नहीं है। वर्तमानमें भी ऐसे संघ निकालनेवाले यथाशक्ति और यथासाधन उक्त विधिका

पालन करते रहते हैं। इस प्रकारके छोटे बडे दो चार संघोंके देखनेका तथा उनके साथ जा कर यात्रा करनेका इस लेखकको भी सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिनमें इस वर्णनका बहुत कुछ प्रत्यक्ष अनुभव भी मिला है। अस्तु।

कहते हैं, इसी तरह पहले गोपगिरि (ग्वालियर) के आम नामक राजाने बप्पभट्टिसूरिके[1] उपदेशसे शत्रुंजयकी यात्राके लिये एक संघ निकाला था जिसमें १ लाख पौष्ठिक,[2] १ लाख घोडे, ७०० हाथी, २० हजार ऊंट, ३ लाख प्यादे और २०हजार श्रावक-कुटुंब थे। (देखो रत्नमन्दिर गणिरचित उपदेशतरंगिणी, पृ० २४८)

विक्रमकी १४ वीं शताब्दीमें धारापद्र नगरमें आभू नामक एक श्रीमालज्ञातीय बहुत बडा श्रावक हो गया है। इसको 'पश्चिममण्डलिक' की पदवी मिली थी। इसने शत्रुंजयकी यात्राके लिये जो संघ निकाला उसमें ७०० तो मंदिर और १०५० जिन मूर्तियां थी! अन्य समुदाय इस प्रकार था:— ४ हजार गाडियां, ५ हजार घोडे, २२ सौ ऊंट, ९० सुखासन ९०, श्रीकरी, ७ प्रपा, पानीसे भरी हुई मशकें उठा कर चलनेवाले ३२ बैल और ३०भैंसे, १०० भोजन बनानेके बडे बडे कडाह, १०० हलवाई, १०० रसोंय, २०० माली, १०० तंबोली, १३६ हाट, १४ लुहार, और १६ सुतार थे। ३६ आचार्य थे। सब मिलकर १२ करोडका उसके संघमें खर्च हुआ था।

१ बप्पभट्टीसूरिका स्वर्गवास संवत ८९५ में हुआ था। आमराजके लिये देखो मेरा शत्रुंजय तीर्थोद्धार प्रबन्ध, पृ ४२ की टिप्पणी।

२ पुराने जमानेमें बनजारे लोग जिन बैलों पर माल लद कर आते जातेथे उनको पौष्ठिक कहते थे। गुजरातीमें इसे पोठ कहते हैं। मनुष्य भी इन बैलों पर स्वारी करते थे।

३ यह प्राचीन प्रसिद्ध नगर पालनपुर एजन्सीमें आया हुआ है। आजकल इसे थराद कहते हैं।

४ देखो, उपदेशतरंगिणी, पृ० २४५. तथा सुकृतसागर काव्य, पृष्ठ ४६।

महामंत्री वस्तुपालने १२ बार संघ निकाल कर शत्रुंजयकी यात्रायें की थीं। जिनमें सं १२८५ में जो यात्रा की उसके साथमें २४ तो हाथीदांतके बने हुए और १२० चंदन आदि लकडीके बने हुए मंदिर थे। ४५ सौ गाडियां, १८ सौ वाहिनियां, ७०० सुखासन, ५०० पालखियां, ७० आचार्य, २ हजार श्वेताम्बर यति, ११ सौ दिगम्बर भट्टारकादि, १९०० श्रीकरी, ४ हजार घोडे, २ हजार ऊंट, और सात लाख मनुष्य थे[1]।

वस्तुपालकी इस अनुपम तीर्थयात्राका वर्णन, उसके समकालीन और सुहृद ऐसे बडे बडे कवियोंने बहुत विस्तृत और भव्य रीतिसे किया है[2]। उदाहरणके लिये गुर्जरेश्वर पुरोहित सोमेश्वर महाकवि रचित कीर्तिकौमुदी नामक काव्यके कुछ पद्य यहां पर उद्धृत कर दिये जाते हैं:—

> चिकीर्षिता श्रीसचिवेन तीर्थ-
> यात्राऽथ सोऽयं शरदाऽऽसमेनः।
> महात्मनामीहितकार्यसिद्धौ
> विधिर्विधत्ते हि सदानुकूल्यम् ॥ १
> पाथेयवन्तः पथि योग्ययुग्याः
> सोपानहः सोदकभाजनाश्च।
> श्रीवस्तुपालेन समं जनौघाः
> प्रयाणकाय प्रवणा बभूवुः ॥ ४
> आकारितस्तेन कृतादरेण
> दूरादपि श्राद्धजनः समेतः।
> ययुस्तदीयानि पुनर्यशांसि
> दिगन्तरेभ्योऽपि दिगन्तराणि ॥ ५
> समं समग्रैरपि बन्धुवर्गै-
> र्निसर्गबन्धुर्विबुधव्रजस्य।
> शुभे मुहूर्तेऽथ शुभैर्निमित्तै-
> र्मन्त्री स्वनाथानुमतः प्रतस्थे ॥ ६
> रथैस्तुरंगैः करभैर्महोक्षै

१ उपदेशतरंगिणी, पृ० २४७.

२ देखो, सोमेश्वररचित कीर्तिकौमुदी, सर्ग ९; ठक्कुर अरिसिंह रचित सुकृतसंकीर्तनकाव्य, सर्ग ५; बालचंद्रसूरि रचित वसंतविलास महाकाव्य, सर्ग १०-११-१२-१३; और उदयप्रभसूरिकृत धर्माभ्युदयमहाकाव्य, सर्ग १५, इत्यादि।

जग्मुस्तदा केऽपि कथंचनापि ।
मन्त्रीश्वरे धर्मधराधुरीणे
तस्मिन् विशश्राम भरस्तु तेषाम् ॥ १०
न वाहनं यस्य स तस्य वाहनं
नासीद्धनं यस्य स तस्य वित्तम् ।
न चीवरं यस्य स तस्य वस्त्रं
कल्पद्रुकल्पः प्रददौ पृथिव्याम् ॥ ११
भुङ्क्ते स्म सर्वेष्वपि भुक्तवत्सु
शेते स्म सुप्तेषु स यात्रिकेषु ।
प्रबुध्यते स्म प्रथमं तदित्थं
संघप्रभुत्वव्रतमाचचार ॥ १२
प्रभूतभोज्यानि बहूदकानि
सुगोरसान्युन्मदमानवानि ।
तस्यातिदुर्गेऽपि पथि प्रयाणा-
न्युद्यानलीलासदृशान्यभूवन् ॥ १३
यात्राप्रसंगेषु जगाम येषु
पुरेषु पौरोच्छ्रिततोरणेषु ।
तेषामधीशैः सविशेषमेष
संमान्यमानः सममानयत्तान् ॥ १४
अभ्यर्थ्यमानः पथिकैरनेकै-
र्वस्तून्यनेकान्यपि वस्तुपालः ।
तेभ्यः प्रभूतानि पथि प्रयच्छ-
न्नाहं करोति स्म न कुप्यति स्म ॥ १५
पुरश्च पृष्ठेऽपि च पार्श्वयोश्च
परिस्फुरन्तः खरहेतिहस्ताः ।
यात्राजनं वर्त्मनि तस्य शश्व
दश्वादिरूढाः सुभटा ररक्षुः ॥ १८
समुद्धृतैर्जीर्णजिनेन्द्रहर्म्यै-
र्नवैः सरोभिश्च सरोजरम्यैः ।
प्रस्थानमार्गः सचिवस्य सोऽभू
दज्ञानतामप्युपलक्षणीयः ॥ १९
यावन्ति बिम्बानि जिनेश्वराणां
श्वेताम्बराणां च कदम्बकानि ।
मार्गेषु तेषां मुषितान्नितार्तिः
पूजां स निर्वर्त्य ततः प्रतस्थे ॥ २०
स पंचषैर्निर्विषयप्रपञ्च-
प्रयाणकैः प्रीणितभव्यलोकः ।
धराधरं धर्मधुरंधरश्री-
शत्रुंजयं शत्रुजयी जगाम ॥ २१

-कीर्तिकौमुदी, सर्ग ९ ।

इन श्लोकोंका भावार्थ यह है कि-शरत्कालके आने पर मंत्री वस्तुपालने तीर्थयात्राके लिये तैयारी की। उसके साथ गांवके अन्यान्य लोक भी भत्ता, वाहन, जलादिके वर्तन इत्यादि मार्गमें आवश्यक ऐसी सब चीजें ले ले कर तैयार हुए। मंत्रीने दूर दूर देशोंके श्रावकोंको भी संघमें आनेके लिये आदर पूर्वक आमंत्रण किया था इससे वे भी सब लोक आ पहुंचे। इस प्रकार सब लोगोंके तैयार हो जाने पर, अपने कुटुंबी, सगे, सम्बन्धी, स्नेही इत्यादि सब जनोंके साथ, राजाकी आज्ञापूर्वक, मंत्रीने शुभ मुहूर्तमें प्रयाण किया। यात्रियोंमेंसे कोई रथोंपर, कोई घोडोंपर, कोई ऊंटोंपर, कोई बैलोंपर, इस तरह जुदा जुदा वाहनों पर सवार होकर चलते थे, पर उन सबका भार मंत्रीके शिरपर था। साथ चलनेवाले यात्रियोंमेंसे जिसके पास वाहन नहीं था उसको वाहन देकर, जिसके पास धन नहीं था उसको धन देकर और जिसके पास वस्त्र नहीं था उसे वस्त्र देकर मंत्रीने उस समय साक्षात् कल्पवृक्षके समान आचरण किया था। संघमें सब मनुष्योंके भोजन कर लेनेपर मंत्री भोजन करता था, सबके सो जाने बाद सोता था और सबके ऊठनेके पहले ऊठता था—इस प्रकार संघकी संपूर्ण प्रतिपालना करता था। यात्रियोंको हमेशा उत्तम प्रकारका भोजन कराया जाता था, मीठा पानी पिलाया जाता था और दूध-दहीं आदि गोरस खिलाया जाता था। इस कारण वह विषम मार्गकी मुसाफरी भी लोगोंको उद्यानलीलाके जैसी आनंददायक हो गई थी। जिन जिन गांवों-नगरोंमें वह संघ पहुंचता था वे सब गांव-नगर वहांके निवासियोंकी ओरसे ध्वजा-तोरणादिसे खूब सजाये जाते थे और वहांके अधिकारी वगैरह सब जन आदरपूर्वक उस संघकी पेशवाईमें आते थे। स्थान स्थानमें अनेक याचक जन आकर मंत्रीके पास अनेक प्रकारकी याचना करते थे और वह सबको यथायोग्य दान देकर संतुष्ट करता था-परंतु इस विषयमें न कभी वह अहंकार ही प्रद-

शित करता था और न तिरस्कार ही। रास्तेमें चलता हुआ वह संघ आगे, पीछे और अगल-बगलमें, अर्थात् चारों ओर, हाथोंमें शस्त्र लिये हुए घोडे सवारोंसे संरक्षित रहता था। मार्गमें जितने भी जीर्ण-शीर्ण मन्दिर और तालाब आदि जलाशय मिलते थे उन सबको ठीक-ठाक या नवीन बनवाता हुआ वह संघ चला जाता था। इस कारण उस रास्तेसे निकलकर जानेवाले अज्ञात जनोंको भी चिरकाल तक उस संघके प्रयाणका परिचय मिलता रहता था। इसी तरह रास्तेमें जितने मन्दिर आते और उनमें जितनी जिनमूर्तियां होती थीं उन सबकी पूजा-अर्चा करवाई जाती थी। एवं रीत्या प्रयाण करता हुआ आंतर और बाह्य दोनों प्रकारके शत्रुओं ऊपर जय प्राप्त करनेवाला वह महामंत्री ५-६ ही दिनमें शत्रुंजय पर्वतपर पहुंच गया था। इत्यादि।

विक्रमकी १५ वीं शताब्दीके अन्तिम भागमें, सं० गुणराज नामका एक प्रसिद्ध धनिक श्रावक हो गया है जो कर्णावतीका निवासी था। उसने शत्रुंजय, गिरनार, आबू, राणकपुर, मांडव, ईडरगढ आदि गुजरात, काठियावाड, मेवाड, मारवाड, मालवा, बागड इत्यादि देशोंके प्रसिद्ध प्रसिद्ध तीर्थोंकी यात्रा निमित्त बहुत बडा संघ निकाला था। इस संघमें मुख्य आचार्य तपागच्छके सोमसुंदर सूरि थे। उन्हींके उपदेशसे यह संघ निकला था। इस संघका विस्तृत वर्णन सोमसौभाग्य नामक काव्यके ८ वें सर्गमें किया हुआ है। काव्यका बनानेवाला कवि प्रतिष्ठासोम स्वयं सोमसुंदर सूरिका हस्तदीक्षित शिष्य था। इस लिए उसका यह वर्णन प्रायः आंखों देखा कहा जा सकता है।

जिज्ञासु पाठकोंको तो इस बारेमें खुद उक्त काव्य ही को पढना चाहिए। परंतु कुछ नमूना दिखानेके लिये उसके थोडेसे पद्य यहांपर भी दे दिये जाते हैं:—

दीपालिकापर्व समाययौ मुदां
साम्राज्यदानप्रतिभूनिभं भुवि।
श्रीतीर्थयात्राकृतये कृती तदा
महोद्यमं निर्मितवान् महेभ्यराट् ॥

सज्जीक्रियन्ते स्म मनोरथैः समं
रथा महेभ्यैः स्वगृहाद्ययोमयाः।
सुखासनप्रोद्धुरसिंहविष्टरा-
दीद्धं गरिष्ठं भुवि तद्विधापितम् ॥

परःसहस्राश्चतुरास्तुरंगमा
आत्ता उदात्ता हृदयंगमाः पुनः।
द्रुतैर्विधिर्यन्त स्म मया महोमया
अग्रेसरा वेगभृतां च वेसराः ॥

अहिम्मदश्रीयुतपातसाहिराट्
सद्यः कृतप्रीतमना मनीषिणम्।
दिव्याम्बरैर्य किल पर्यधापयत्
कुबाहिमुख्यैः सह भूरिभिर्जनैः ॥

समार्पयद् द्वारपतिं निजं च तं
वयं नफेरीप्रमुखं नृपोचितम्।
परःसहस्रान् सुभटान् महोद्भटान्
प्रोन्मादिनस्तानमितांश्च सादिनः ॥

श्रीतीर्थयात्राप्रकृतप्रमाणमीक्षितं
दृष्टो सदोषस्य करं च यस्य तत्।
स मार्गणप्राणिगणस्य कामितं
संपूरयन् श्रीगुणराजसंघराट् ॥

भव्ये मुहूर्ते प्रभावभावितः
संघान्वितः सौवपुराच्चचाल सः।
कुंभः सुधाम्भोभरितोऽस्य संमुखा-
बभूव मार्गे सधवाशिरस्थितः ॥

इति प्रकृष्टैः शकुनैः प्रमाणितैः
संसूचितस्वोज्ज्वलमंगलोदयः।
श्रीवीरमग्राम इति प्रसिद्धिभृत्-
पुरे ययौ श्रीगुणराजसाधुराट् ॥

तस्मिन्मिलन्ति स्म पुरे नरेश्वरो-
द्धुरा नराः पुण्यपराश्चतुर्दिशाम्।
प्रवर्द्धते स्मातनसंघ उच्चकै-
र्दिनेदिने वार्द्धिरिवेन्दुदर्शने ॥

देवालयाः श्रीजिनया दशाऽकुशाः
सौवर्णदण्डध्वजकुम्भशोभिताः।
चमत्कृताशेषजगत्त्रया स्फुर-
च्चित्रैर्विचित्रैर्वरशिल्पिकल्पितैः ॥

जैनेन्द्रबिम्बैः सहिता महोच्छ्रिता-
स्तुङ्गाश्च शृङ्गैः सुभगंभविष्णवः।

रथाधिरूढा दृढबन्धबन्धुरा:
पथि प्रचेलुः त्रिदशाचलाचलाः॥
तत्पृष्ठतः शिष्टगरिष्ठशेखरः
खरांशुभास्वद् द्युतिसन्ततिस्ततः।
पुराच्चचालाचलकन्दरावली-
र्वाद्यैः प्रकुर्वन् प्रतिशब्दमण्डिताः॥
श्रीश्रीकरीशोभितपृष्ठयो लसत्-
सुखासनक्ष्मापतिवाहनस्थिताः।
साम्यं दधाना निबिडं बिडौजसो
महेभ्यराजस्तदनु प्रतस्थिरे॥
तरंगरंगत्तुरगाद्रिमस्तुरैः
संस्खलत्स्यन्दनचक्रमण्डलैः।
भृशं समुत्खातमिलारजोऽम्बरतः
प्राच्छादयत्तामनघिम्बमम्बरं॥
तदाभुजप्रोत्कटसद्भटावली-
हक्कानिनादैर्हयराजिहेषितैः।
भेरीनफेरीस्वरनादिकास्वरैः
शृगालवत्कालकलिर्ननाश सः॥
श्रीसंघसत्कैः शकटैर्भरोत्कटै-
र्निपीडितो मूर्ध्नि स शेषपन्नगः।
कष्टेन पातालतले स्थितस्तदा
कुलाचलाश्चेलुरलं च भारिताः॥
सुखासन-स्यन्दन-राजवाहन-
श्रीवाहिनीनां वरवाजिनां नृणाम्।
कश्चिद्विपश्चिद् गुणराजसंघराड्
संघेन संख्यामकरोन्नरोत्तमः॥
श्रीमन्महीराजभवो गजोद्धुरः
कालश्च बालाह्वय ईश्वरः कृती।
श्रीवाचसूनोस्तनया नयान्विताः
पंचप्रुरूपाधिकरूपसम्पदः॥
पंचाप्यमी पंचमुखाभविक्रमाः
क्रमाब्जनम्रक्षितिपा भटान्विताः।
पश्चात्पुरस्ताच्च सृजन्ति यत्नतः
श्रीसंघरक्षां पथि सत्पथस्थिताः॥
पुरे पुरे श्रीमलिकाश्च राणकाः
सोपायनाः सम्मुखमागताः समे।
चक्रुः प्रणामं गुणराजनामभृत्-
संघेशितुर्भूतलसन्ममौलयः॥

किं संप्रतिर्भूपतिरेष शासनं
विभासयन् जैनमखण्डशासनः।
कुमारपालः किमु निर्मितामित-
प्रभावनः पावनपुण्यभावनः॥
किं वस्तुपालोऽत्र मनोरथान् पृथून्
कृतार्थयन्नर्थिजनस्य शस्यधीः।
इत्थं सृजन्नूहसमूहमंगिनां
धंधुकके संघपतिः समागमत्॥

इन श्लोकोंका तात्पर्य यह है कि--जब हर्षके साम्राज्यका दान करनेवाला ऐसा दीपालिका पर्व आया तब-अर्थात् चातुर्मासकी समाप्तिके समय पर--गुणराज सेठने तीर्थयात्राके लिये खूब जबरदस्त तैयारी करनी शुरू की। उसके साथ और भी बडे बडे धनिक लोक मनोरथोंके साथ ही अपने अपने घरोंमें रथों वगैरहको सजाने लगे। तथा सुखासन, सिंहासन आदि जुदा जुदा तरहके वाहन बनाने लगे। हजारों ही ऊंची जातिके घोडे तैयार किये जाने लगे तथा खच्चर और ऊंट सामानसे लदे जाने लगे।

यों तैयारी कर वह चतुर सेठ अनेक प्रकारकी बहुमूल्य भेंटें लेकर अपना राजकर्ता जो अहम्मद बादशाह था उसके पास गया और वे भेंटें उसके सामने रख कर उसको खूब खुश किया।

बादशाहने भी बदलेमें, अपने कबाहि (?) आदि सहचारियोंके साथ, गुणराज सेठको आदरपूर्वक किंमती सरपाव देकर उसका उचित सन्मान किया। इसके उपरांत बादशाहने सेठको संघमें ले जानेके लिये अपना निजका जो बादशाही खेमा था वह समर्पण किया और नफेरी आदि शाही बाजे भी --कि जो खास राजाओंहीके आगे बजाये जा सकते हैं—बजानेके लिये देकर सेठका बहुमान किया। संघकी रक्षाके लिये हजारों ही प्यादे और घोडेसवार सिपाही भी बादशाहने उसके साथ भेजे।

इस प्रकार यात्राके लिये शाही फरमान लेकर, सकल समुदायके साथ, भव्य मुहूर्तमें, याचकगणको इच्छित दान देते हुए, शुभ शकुनपूर्वक गुणराज सेठने अपने नगरसे प्रयाण किया।

कर्णावतीसे रवाना होकर संघ वीरमगांव प

हुंचा जहां चारों दिशाओंमेंसे असंख्य मनुष्य आ आकर उस संघमें शामिल हुए। फिर शुक्लपक्षके चंद्रकी तरह दिन प्रतिदिन वह समुदाय इस प्रकार अन्यान्य स्थानोंसे आनेवाले जनसमूहसे खूब बढता गया।

संघमें सबसे आगे रथारूढ देवालय (मन्दिर) चलते थे, जो खूब ऊंचे होकर सोनेके कलश और ध्वजा दंडादिसे अलंकृत थे, कुशल कारीगरोंकी की हुई अनेक प्रकारकी चित्र विचित्र रचनाओंके कारण देखनेवालेको चमत्कृत बनाते थे और जिनके अंदर भव्य आकृतिवाली जिन प्रतिमायें सुशोभित थीं।

देवालयोंके पीछे पीछे, सूर्यके समान तेजस्वी ऐसा गुणराज सेठ चलता था जिसके आगे बजनेवाले बाजोंके प्रतिध्वनिसे रास्तेमें आनेवाले बडे बडे पहाड शब्दायमान हो जाते थे। संघपतिके पीछे पीछे, संघमेंके अन्यान्य बडे बडे धनाढ्य लोक चलते थे जो राजाओंके उचित ऐसे सुखासनोंमें बैठे हुए थे और जिनकी अगल-बगलमें नोकर लोक अबदागिरीयां लेकर चलते थे। अन्य बाकीके सैकडों ही लोक घोडे जुडे हुए रथोंमें बैठे हुए चलते थे कि, जिन रथोंके घोडोंकी खुरियोंसे तथा पहियोंसे उडती हुई धूलके कारण सारा आकाश ढंकसा जाता था।

सुभटोंके हुंकारोंसे, घोडोंकी हिनहिनाटोंसे और भेरी नफेरी आदि बाजोंके घोर शब्दसे, देखनेवालेको मानों यह प्रतीत होता था कि कलिकाल अब इस जगत्‌मेंसे नष्ट हो गया है और फिर सत्‌युगका संचार हो रहा है। उस संघके साथ इतनी गाडियां थीं कि जिनके भारसे दबकर ही मानों शेषनाग पातालमें चला गया है और कुलाचल कम्पित हो रहे हैं। संघके साथ इतने रथ, सुखासन, पालखियां, घोडे और मनुष्य आदि थे कि जिनकी संख्या कोई बडा विद्वान् भी नहीं कर सकता था।

संघपति गुणराज सेठके महीराज, गजराज, कालू, बाला और ईश्वर नामके पांच पुत्र थे, जो सिंहके समान पराक्रमी और कामके समान रूपवान् थे। ये पांचों पुत्र संघकी रक्षासंबंधी सारी व्यवस्था रखते थे और सुभटोंके साथ इनमेंसे कोई संघके आगे, कोई पीछे और कोई अगलबगलमें चलता था। इनका पराक्रम और तेज इतना था कि राजा और राणा भी आकर इनके पैरोंमें पडते थे।

जिस जिस गांव और नगरमें सं० गुणराजका वह संघ पहुंचता था वहां के मलिक और राणक आदि सब अधिकारी लोक भेंटें ले लेकर संघके सामने आते थे और जमीनपर सिर टेककर उसको प्रणाम करते थे।

गुणराज सेठके इस महान् संघको देखकर लोकोंके मनमें, पुराणे ग्रन्थोंमें वर्णन किये हुए संप्रतिराजा, कुमारपालराजा और महामंत्री वस्तुपाल आदिके संघोंका स्मरण हो आता था और क्षणभर उनको यही भास हो जाता था कि क्या यह राजा संप्रति, या कुमारपाल, अथवा मंत्री वस्तुपाल ही तो संघ लेकर नहीं आ रहा है? इस प्रकार महान् ठाठके साथ चलता हुआ गुणराजका वह संघ क्रमसे धुंधुका शहरमें पहुंचा। इत्यादि।

खरतर गच्छके महोपाध्याय जयसोमके उपदेशसे सिंधके फरीदपुर नगरसे, वि. सं. १४८४ में, पंजाबके प्रसिद्ध प्राचीन स्थान कांगडेके जैन मंदिरोंकी यात्राके लिये जो संघ निकला था उसका बहुत ही मनोरंजक वर्णन, हमारी संपादन की हुई विज्ञप्ति-त्रिवेणी नामक पुस्तकमें किया हुआ है, जिसमेंका कुछ भाग प्रकृतोपयोगी होनेसे यहां पर दिया जाता है।

"संघको चलते समय बहुत अच्छे और अनुकूल शकुन हुए। फरीदपुरसे थोडी ही दूरी पर विपासा (व्यासा) नदी थी। उसके किनारोंपर, जहां जाम्बु, कदम्ब, नीम्ब, खजूर आदि वृक्षोंकी गहरी घटा जमी हुई थी और नदीके कल्लोलोंसे ऊठी हुई ठंडी वायु मन्द मन्द रीतिसे चली आती थी, ऐसे चांदिके जैसे चमकिले रेतीके मैदानमें संघने अपने प्रयाणका पहला पडाव किया। दूसरे दिन नदीको पार करके जालंधरकी ओर संघने प्रस्थान किया। संघमें सबसे आगे सिपाही चलते थे जो मार्गमें रक्षणके निमित्त लिये गये थे। उनमेंसे किसीके

हाथमें तलवार थी तो किसीके हाथमें खड्ग था। कोई धनुष्य लेकर चलता था तो कोई जबरदस्त लट्ठ उठाये हुआ था। इस प्रकार सबसे आगे उछलते, कूदते और गर्जते हुए सिपाही चले जाते थे। उनके पीछे बडी तेजीके साथ चलनेवाले ऐसे बडे बडे बैल चलते थे जिन पर सब प्रकारका मार्गोपयोगी सामान भरा हुआ था। उनके बाद संघके लोक चलते थे जो कितने एक गाडी घोडों आदि वाहनों पर बैठे हुए थे और कई एक देव-गुरु-भक्ति निमित्त पैदल ही चलते थे। कितने ही धर्मी जन तो साधुओंकी समान नंगे ही पैर मुसाफरी करते थे। इस प्रकार अविच्छिन्न प्रयाण करता हुआ और रास्तेमें आनेवाले गाँवों को लांघता हुआ संघ निश्चिन्दीपुर के पास के मेदानमें, सरोवर के किनारे आ कर ठहरा। संघके आनेकी खबर सारे गाँवमें फैली और मनुष्योंके झुंडके झुंड उसे देखनेके लिये आने लगे। गाँव का मालिक जो सुरत्राण (सुलतान) करके था वह भी अपने दिवान के साथ एक ऊंचे घोडे पर चढ कर आया, और जन्मभरमें कभी नहीं देखे हुए ऐसे साधुओंको देखकर उसे बडा विस्मय हुआ। उपाध्यायजीने उसे रोचक धर्मोपदेश सुनाया, जिसे सुन कर नगरके लोकोंके साथ वह बडा खुश हुआ और साधुओंकी स्तुति कर उसने सादर प्रणाम किया। बादमें संघपति सोमाका सम्मान कर अपने स्थान पर गया। संघ वहां से प्रयाण कर क्रमसे तलपाटक पहुंचा। वहां पर गुरुओंको वन्दन करने के लिये देवपालपुरका श्रावकसमुदाय आया और अपने गाँवमें आनेके लिये संघको अत्याग्रह करने लगा। उन लोकों को किसी तरह समझा-बुझाकर संघने वहां से आगे प्रयाण किया और विपाशा (व्यासा) नदीके किनारे किनारे होता हुआ क्रमसे मध्य देशमें पहुंचा। जगह जगह ठहरता हुआ संघ इस देश को पार कर रहा था, कि इतनेमें एक दिन, एक तरफसे पोपरेश यशोरथके सैन्यका और दूसरी ओरसे शकन्दर के सैन्यका, " भगो, दोडो, यह फौज आई, वह फौज आई," इस प्रकारका चारों तरफसे कोलाहल सुनाई दिया। इसे सुनकर संघके होंस ऊड गये। सब विमूढ हो गये। यात्रीलोक दिलमें बडे घबराये और अब क्या किया जाय इसकी फिक्रमें निश्चेष्टसे हो रहे। किसी प्रकार होंस संभालकर और परमात्माका ध्यान धर संघ पीछा लौटा और विपाशा के तटका आश्रय लिया। नावों में बैठ कर जल्दी से उस को पार किया और कुंगुद नाम के घाट में हो कर मध्य, जांगल, जालन्धर और काश्मीर इन चार देशोंकी सीमाके मध्य में रहे हुए हरियाणा नामके स्थान में पहुंचा। इस स्थलको निरुपद्रव जान कर वहां पर पडाव डाला। वहीं पर, कानुक यक्षके मंदिर के नजदीक, शुचि और धान्यप्रधान स्थान में, चैत्र सुदि एकादशी के रोज सर्वोत्तम समय में, नाना प्रकार के वाद्योंके बजने पर और भाट-चारणों के, बिरुदावली बोलने पर, सब संघने इकट्ठा हो कर, साधुश्रेष्ठ सोमा को, उसके निषेध करनेपर भी, संघाधिपतिका पद दिया। मल्लिकवाहनके सं० मागटके पौत्र और सा० देवा के पुत्र उद्धर को महाधर पद दिया गया। सा० नोघा, सा० रूपा और सा० भोजा को भी महाधर पद से अलंकृत किया गया। सैलहस्त्य का बिरुद बुच्चासगोत्रीय सा० जिनदत्त को समर्पण किया गया। इस प्रकार वहां पर पट्टीदान करनेके साथ उन उन मनुष्योंने संघ की, भोजन-वस्त्र-आभूषणादि विविध वस्तुओं द्वारा भक्ति और पूजा कर याचक लोकों को भी खूब दान दिया। संघके इस कार्यको देख कर मानों खुश हुआ हुआ और उस के गुणों का गान करनेके लिये ही मानों गर्जना करता हुआ दूसरे दिन खूब जोर से मेघ वर्षने लगा। बेर बेर जितने बडे बडे ओले बादल में से गिरने लगे और झाडों तथा झंपडीओं को उखाड कर फेंक देनेवाला प्रचण्ड पवन चलने लगा। इस जलवृष्टिके कारण संघ को वहां पर पाँच दिन तक पडाव रखना पडा। ६ वें दिन सवेरे ही वहां से कूच की। सपादलक्षपर्वत की तंग घाटियों को लांघता हुआ, सघन झाडियों को पार करता हुआ, नाना प्रकारके पार्वतीय प्रदेशों को आश्चर्य की दृष्टि से देखता हुआ और पहाडी मनुष्योंके आचार—विचारोंका

अनुभव करता हुआ संघ फिर विपाशाके तट पर पहुंचा। उसे सुखपूर्वक ऊतर कर, अनेक बडे बडे गाँवोंके बीच होता हुआ, और तत्तद् गाँवों के लोकों और स्वामियों को मिलता हुआ, क्रम से पाताल-गंगा के तट ऊपर पहुंचा। उसे भी निरायास पार कर क्रम से आगे बढते हुए और पहाडों की चोटियों को पैरों नीचे कुचलते हुए संघ ने दूरसे सोनेके कलशवाले प्रासादोंकी पंक्तिवाला नगरकोट्ट, कि जिसका दूसरा नाम सुशर्मपुर है, देखा। उसे देख कर संघ-जनोंने तीर्थके प्रथम-दर्शनसे उत्पन्न होने वाले आनंदानुसार, दान धर्मादि सुकृत्यों द्वारा अपनी तीर्थभक्ति प्रकट की। नगरकोट्टके नीचे बाणगंगा नदी बहती है जिसे ऊतर कर संघ गाँवमें जानेकी तैयारी कर रहा था कि इतने में उसका आगमन सुन कर गाँवका जैनसमुदाय, सुन्दर वस्त्राभूषण पहन कर, स्वागत करनेके लिये सामने आया। अनेक प्रकारके वादित्रों और जयजयारवोंके प्रचंड घोषपूर्वक महान् उत्सव के साथ, नगर में प्रवेश किया। सहर के प्रसिद्ध प्रसिद्ध मुहल्लों और बाजारोंमें घूमता हुआ संघ, साधु क्षीमसिंहके बनाये हुए शान्तिनाथदेव के मंदिर के सिंहद्वार पर पहुंचा। 'निसीही निसीही नमो जिणाणं' इस वाक्य को तीन वार बोलता हुआ जिनालयमें जा कर, खरतरगच्छके आचार्य श्रीजिनेश्वरसूरिकी प्रतिष्ठित की हुई शान्तिजिनकी प्रतिमा का दर्शन किया। तीन वार प्रदक्षिणा दे कर, नाना प्रकारके स्तुति-स्तोत्रों द्वारा अत्यंत आनन्दपूर्वक प्रभुकी पर्युपासना की। इस प्रकार संवत् १४८४ वर्षके ज्येष्ठ सुदि पंचमीके दिन, अपनी चिरकाल की दर्शनोत्कण्ठाको पूर्ण कर फरीदपुरका संघ कृतकृत्य हुआ। शान्तिजिन के दर्शन कर संघ फिर नरेन्द्र रूपचन्द्र के बनाये हुए मंदिर में गया और उस में विराजित सुवर्णमय श्रीमहावीरजिन बिंबको पूर्ववत् वन्दन-नमन कर, देवल के दिखाये हुए मार्गसे युगादिजिनके तीसरे मंदिर में गया। इस मंदिरमें भी उसी तरह परमात्माकी उपासना-स्तवना कर निज जन्म को सफल किया।

(विज्ञप्तित्रिवेणि, प्रस्तावना, पृ० ३७-३९)

इस प्रकार और भी अनेक ग्रन्थोंमें अनेक संघोंका वर्णन मिलता है। इस लेखमें हमारा उद्देश सारे संघोंका इतिहास लिखनेका नहीं है, परंतु संघ किस तरहसे निकाले जाते हैं उसका स्वरूप बतलानेका है। इस लिये नमूनेके तौर इतने वर्णन दे कर इस विषयको समाप्त किया जाता है। संघोंका क्रमवार इतिहास हम कभी भविष्यमें लिखना चाहते हैं।

जेसलमेरके पटवोंके संघका वर्णन।

ऊपर हमने 'तीर्थयात्राके लिये निकलनेवाले संघोंका वर्णन' दिया है। इस प्रकारका एक बडा भारी संघ गत शताब्दीके अंतमें, मारवाडके जेसलमेर नगरमें रहनेवाले पटवा नामसे प्रसिद्ध कुटुंबवाले ओसवालोंने निकाला था। इस संघका वर्णन, उसी कुटुंबका बनाया हुआ, जेसलमेरके पास अमरसागर नामक स्थानमें जो जैन मंदिर है उसमें एक शिला पर, उसी समयका लिखा हुआ है। यह शिलालेख मारवाडी भाषामें और देवनागरी लिपिमें लिखा गया है। नीचे इस लेखकी ज्यों कि त्यों नकल दी जाती है। इस लेख की एक कापी प्रवर्तक श्रीकान्तिविजयजी महाराजके शास्त्रसंग्रहमेंसे मिली है; जो उन्होंने किसी मारवाडी लहियेके पास लिखवाई है और दूसरी नकल, बडौदाके राजकीय पुस्तकालयके संस्कृत विभागके सद्गत अध्यक्ष श्रीयुत चिमनलाल डाह्याभाई दलाल एम्. ए. के पाससे मिली है जो उन्होंने मेरे लिये जेसलमेरके किसी यतिके पाससे लिख मंगवाई थी।

॥ ओं नमः ॥

। दूहा ।

रिषभादिक चउवीस जिन पुण्डरीक गणधार ।
मन वच काया एक कर प्रणमु वारंवार ॥ १
विघन हरण संपतिकरण श्रीजिनदत्तसुरिंद ।
कुशल करण कुशलेश गुरु वन्दु खरतर इंद ॥ २
जाके नाम प्रभावतै प्रगटे जय २ कार ।
सानिधकारी परम गुरु सदा रहो निरधार ॥ ३

संवत् १८९१ रा मिति आषाढ सुदि ५ दिने श्रीजेसलमेरु नगरे महाराजाधिराज महारावलजी श्री १०८ श्रीगजसिंघजी राणावत श्रीरूपजी बापजी विजयराज्ये बृहत्खरतर भट्टारकगच्छे जंगमयुगप्रधान भट्टारक श्रीजिनहर्षसूरिभिः पट्टप्रभाकर जं । यु । भ । श्री १०८ श्री जिनमहेन्द्रसूरि उपदेशात् श्रीबाफणागोत्रे देवराजजी तत्पुत्र गुमानचंदजी—भार्या जेतां । तत्पुत्र ५—(१) बहादरमलजी--भार्या चतुरां । (२) सवाईरामजी--भार्या जीवां । (३) मगनीरामजी--भार्या परतापां । (४) जोरावरमलजी--भार्या चोथां । (५) प्रतापचंदजी--भार्या मानां । एवं बहादरमलजी तत्पुत्र (१) दांनमलजी (२) सवाईरामजी तत्पुत्र सामसिंघ, माणकचंद । सामसिंहपुत्र रतनलाल । (३) मगनीरामजी तत्पुत्र अमृतसिंघजी । तत्पुत्र २ पूनमचंद दीपचंद । (४) जोरावरमलजी तत्पुत्र २ सुरतांनमल चंनणमल । सुरतानमल पुत्र २ गंभीरचंद्र इंद्रचंद्र । (५) प्रताप चंदजी पुत्र ३ हिमतराम-जेठमल-नथमल । हिमतरामपुत्र जीवण । जेठमल पुत्र मूलो । गुमानचंदजी पुत्र्यां २ झबू-बीजू । सवाई रामजी पुत्र्यां ३ सिरदारी-सिणगारी-नांनुडी । मगनीरामजी तत्पुत्र्यां २ हरकवर-हस्तू । सपरिवार सहितेन सिद्धाचलजीरो संघ काढ्यो । जिणरी विगत—

जेशलमेर उदैपुर कोटैसुं कुंकुमपत्र्यां सर्व देसावरांमे दीनी । च्यार २ जमण कीया नालेर दीया पछै संघ पाली भेलो हूवो । उठे जीमण ४ कीया । संघतिलक करायो । मिति महासुदि १३ दिने भ । श्रीजिनमहेन्द्रसूरिजी श्रीचतुर्विधसंघसमक्षे दीयो । पछे संघ प्रयाण कीयो । मार्गमें देशना सुणतां पूजा पडिक्कमणादि करतां साते क्षेत्रांमें द्रव्य लगावतां जायगा २ सामेला होतां रथजात्रा प्रमुख महोच्छव करतां । श्रीपंचतीर्थीजी बांभणवाडजी आबूजी जीरावलेजी तारंगेजी संखेश्वरजी पंचासरजी गिरनारजी तथा मारगमांहे सहरांरा गामांरा सर्व देहरा जुहारचा । इणभांत सर्व ठीकाणें मंदिर २ दीठ चढापो कीयो । मुगट कुंडल हार कंठी भुजबंध कडा श्रीफल नगदी चंद्रवा पुठीया इत्यादिक मोटा तीर्थमाथे चढापो घणो हुवो । गहणो सर्व जडाउ हो सर्व ठिकाणें लांहण जामण कीया सहसावनरा पगथीया कराया । उठेसु सात कोष ठेरे--गामसुं श्रीसिद्धगिरिजी मोत्यांसुं बधायनें पालीताणें बड़ा हगामसुं गाजावाजतां तलेटीरो मंदिर जुहार डेरां दाखल हुवा । दुजे दिन मिती

वेशाख सुदी १४ दिने शांतिक पुष्टिक हुतां श्रीसिद्धगिरीजी पर्वतपर चढचा, श्रीमुलनायक चोमुखोजी खरतरवशीरा तथा दुजी वश्यां सर्व जुहारी मास सवा रया। उठे चढापो घणो हुवो। अढाइ लाख जात्री मेला हुवा। पुरब, मारवाड, मेवाड़, गुजरात, ढुंढाड़, हाडोती, कछभुज, मालवो, दक्षण, सिंध, पंजाब प्रमुख देशांरा। उठे लांण रू० १ सेर १ मिश्री घर दीठ दीवी जीमण ५ संघव्यां मोटा कीया जीमण १ बाई बीजु कीयो ओर जीमण पण घणा हुवा। श्रीचोमुखाजीरे बारणें आलामे गोमुख यक्ष चक्रेश्वरीरी प्रतिष्ठा करायनें पधराइ चोमुखाजीरो सिखर सुधरायो एक नवो मंदिर करावण वास्ते नींव भराई। जुना मंदिरांरा जीर्णोद्धार कराया जन्म सफल कीयो। गुरुभक्ति इंण मुजब कीवी। इग्यारे श्रीपूज्यजी था २१०० साधु साध्वी प्रमुख चौरासी गछांरा। तिहां, प्रथम स्वगछरा श्रीपूज्यजीरी भक्ति साचवी। हजार ५ रो नगद माल दीयो दूजो खरच भर दीयो पछे अनुक्रमें सारा दुजा श्रीपुजांरी साधु साध्वीयांरी भक्ति साचवी। आहार पांणी गाडीयांरो भाडो तंबु चीवरो ठांणें दीठ रू ४१ दीया नगद। दुशाला वालांनें दुशाला दीया। सेवग ५०० हा। जिणांनें जणें दीठ रू० २१ दीया। रोटी खरच अलग। पेहेरणारा मोजा ओषध खरची सारू रुपीया चाहीज्या जिणानें दीया। पछे। भ। श्रीजिनमहेंद्रसुरिजी पासे संघव्यां २१ संघमाला पहरी जिणमें माला २ गुमास्ते सालगराम महेश्वरीनें पहराइ। पछे बडा आडंबरसुं तलेटीरो मंदिर जुहार डेरां दाखिल हुवा। जाचकांनें दान दीनो। पछे जीमण १ कीयो। साधर्म्यानें सिरपाव दीया। राजा डेरे आयो। जिणनें हाथी सिरपावमें दीयो। दुजा मार्गमें राजवी नबाब प्रमुख आया डेरे, जिणांनें, राजमुजब सिरपाव दीया। श्रीमुलनायकजीरे भंडाररे ताला ३ गुजरातीयांरा था सु चोथो तालो संघव्यां आपरो दियो। सदावर्त सरू हेईज। ईसा २ मोटा काम कराचा पछे संघ कुशलक्षेमसुं अनुंक्रमें राधणपुर आयो। जठे अंगरज श्रीगोडीजीरा दर्शण करणनें आयो। उठे पांणी नही थो सुं गेबाउ नदी नीसरी। श्रीगोडीजीनें हाथीरे होदे विराजमान कर संघनें दरशण दिन ७ इकलग करायो चढापेरा साढा तीन लाख रूपीया आया सवा महीनो रया, जीमण घणा हुवा। श्रीगोडीजीरे विराजणने बडो चोतडो पक्को करायो ऊपर छतरी बणाई। घणो द्रव्य खर्च्यो बडो जश आयो अक्षत नाम कीयो। साथे गुमास्तो महेश्वरी शालगरांम हो जिणनें जैनरा शिवरा सर्व तीर्थे कराया। पछे अनुंक्रमें संघ पाली आयो। जीमण १ करनें दानमलजी कोटे गया पछे भाइ ४ जेसलमेर आया। डेरा दरवाजे बाहर कीया पछे सामेलो बडा ठाठसुं हुवो। श्रीरावलजी सांमा पधार्या। हाथीरे होदे, संघव्यानें श्रीरावलजी आपरे पुठे बेषाणनें सारा शहिरमें हुय देहरा जुहार ऊपाश्रये आय हवेल्यां दाखल हुवा। पछे सर्व महेश्वरी वगैरे छत्तीस पांनने लुगायां समेत पांच पकवानसुं जीमाया। ब्राह्मणांने जणे दीठ रू० १ दक्षणारो दीयो पछे श्रीराउलजी जनांनें सहित संघव्यांरे हवेली पधार्या। रूपीयांसुं चोतरो कीयो। सिरपेच कंठी मोत्यांकी कडा जडाउ दुशालां नगदी हाथी घोडा पालखी निजर कीया। पाछा श्रीरावलजी इण मुजब हीज शिरपाव दीयो। एक लोद्रवोजी गाम तांबापत्रां पट्टे दीयो इतो इजारो कीयो।

आगे पिण इणांरी हवेली—उदेपुर राणाजी, कोटेरा महारावजी, बीकानेररा किषनगढरा बुंदीरा राजाजी इन्दोररा हुलकरजी प्रमुख सर्व देशांरा राजवी जनानें समेत इणारे घरे पधाऱ्या देणो लेणो हजारांरो कीयो । दिल्लिरे पातसाहरी अंगरेजारे पातसाहरी दीयोडी सेठ पदवी हे सो विख्यातही ज हे । पछे संघरी लाइण न्यातमें दीवी पुतली १ सोनेकी बाली १ मीश्री सेर १ घर दीठ दीवी । जीमण कीधा पछे सेरमें ठावाठावानें सीरपाव दीया । गढमांहेलां मंदिरां लोद्रवे ऊपाश्रये बडो चढापो कीयो इण मुजबही ज उदयपुर कोटे देणो लेणो कीयो । संघमें देहरासररो रथ हो जणरा इकावन सो लागा । त्रगडा सोनें रूपेरा २ जिणरा दश हजार लागा मंदिररा सोने रूपेरी बासणांरा १५ हजार लागा । दुजा फुटकर सराजांमरा लाख १ रू० लागा ।

हवे संघमें जाबतो हो जिणरी वीगत—तोफां ४, पलटनरा लोग ४०००, अशवार १५००, नगारे नींसाण समेत । उदेपुर राणाजीरा असवार ५०० नगारे निसाणे समेत । कोटेरा महारावजीरा अशवार १०० नगारे नीसाण समेत । जोधपुररे राजाजीरा असवार ५० नगारे नींसाण समेत । पायदल १०० जेसलमेररा रावलजीरा, असवार २०० टुंकरे नबावरा, असवार ४०० फुटकर असवार २०० घरु ओर अंगरेजी जाबतो, चपडासी तिलंगा सोनेरी रूपेरी घोटेवाला जायगा २ परवानां बोलावा एवं पालख्या ७ हाथी ४ म्याना ५१ रथ १००, गाड्यां ४००, उंठ १५००, इतरातो संवळ्यांरा घरु । संघरी, गाड्यां उंठ प्रमुख न्यारा, सर्व खरचरा, २३०००००, तेवीसलाख रू० लागा ॥

इति संघरी संक्षेप प्रशस्ती लिखी ।

ओर—पण ठिकाणे २ धर्मरा काम कऱ्या सो संक्षेपे लिखीये छै—श्री धुलेवेजीरे बारणें नोबत खांनो करायो गहणो चढायो, लाख १ लागा ।. मक्षीजीरे मंदिररो जीर्णोद्धार करायो । उदेपुरमें मंदिर, दादासाहिबरी छतरी, धर्मशाला कराइ । कोटेमें मंदिर धर्मशाला दादासाहिबरी छतरी कराइ । जेसलमेरमें अमरसागरमें बाग करायो जिणमें मंदिर करायो। जयवंतोरो उपाश्रय करायो लोद्रवेमें धर्मशाला कराइ, गढमाथे जमी मंदिरके लिये लीवी बीकानेरमें दादासाहिबरी छतरी कराई इत्यादिक ठीकाणें २ धर्मरा अहीठाण कराया श्रीपुज्यजीरा चोमासा जायगा २ कराया पुस्तकांरा भंडार कराया भगवतिजी प्रमुख पुण्या प्रश्न दीठ २ मोती धऱ्या । कोटामें दोय लाख रूप्यादेकर बंदीखानो छोडायो बीज पांचम आठम इग्यारस चउदशरा उजमणा कीना इत्यादिक काम धरमरा कीया ओर कर रयाहे । इत्यलम् ॥

सवइयो ३१ सो—

शोभनीक जे साणमें बाफणा गुमानचंद ताके सुत पांच पांडव समान हे ।
संपदामें अचल बुद्धिमें प्रबल रावराणाही मानें जाकी कान हे ।
देवगुरु धर्मरागी पुन्यवंत बडभागी जगत सहु बात मानें प्रमान हे ।
देशहु विदेशमांह कीरत प्रकाश कीबो सेठ सउ हेठ कवि कर्त बखानहे ॥ १ ॥

दुहा—

अठारसे छनुवे जेठमास सुदि दोय ।
लेख लिख्यो अति चुंपसुं भवियण वांचो जोय ॥ १ ॥
सकल सुरि शिर मुगटमणि श्रीजिनमहेंद्रसुरिंद ।
चरणकमल तिनके सदा सेवे भिवियण वृंद ॥ २ ॥
कीनो आग्रहथकी जेसलमेरु चोमास ।
संघ सहु भक्ति करे चढते चित्त उल्लास ॥ ३ ॥
ताकी आज्ञा पाय करि धरि दिलमें आणंद ।
ज्युं थी त्युं रचना रची मुनि केसरीचंद ॥ ५ ॥
भुलो जो परमादमें अक्षर घटही बाध ।
लिखत खोट आइ हुवे, सो खमीयो अपराध ॥ ५ ॥

॥ इति प्रशस्ति सम्पूर्णम् ॥

इस संघके निकालनेवालेके वंशज आज भी मौजूद हैं और मालवाके रतलाम वगैरह शहरोंमें उनकी बडी बडी दुकानें चलती हैं । इस संघके जैसा वडा संघ, इसके बाद जैन समाजमेंसे फिर कोई नहीं निकला और शायद अब कोई निकाले वैसी आशा भी नहीं है ।

इस कुटुंबने संवत् १९२८ में, जेसलमेरमें जो एक बडा भारी प्रतिष्ठामहोत्सव किया था उसका लेख भी उपर्युक्त लेखवाले मंदिरमें लगा हुआ है । यह लेख कुछ संस्कृत और कुछ मारवाडी भाषामें है । संग्रहकी दृष्टिसे इस लेखको भी यहांपर प्रकट कर दिया जाता है ।

" स्वस्ति श्रीविक्रमादित्यराज्यात् सम्वत् १९२८ शालीवाहनकृत शाके १७९३ प्रवर्तमाने मासोत्तममासे माघमासे धवलपक्षे त्रयोदश्यां तिथौ गुरुवासरे महाराजाधिराज महारावलजी श्री श्री १००८ श्री वैरीशालजी विजयराज्ये श्रीमज्जेसलमेरुवास्तव्य ओस-वंशे वाफना गोत्रीय संघवी सेठ गुमानचंदजी तत्पुत्र प्रतापचन्द्रजी तत्पुत्र हिमतरामजी जेठमलजी नथमलजी सागरमलजी उमेदमलजी तत्परिवार मूलचंद सगतमल केसरीमल रिषभदास मांगीदास भगवानदास भीखचंद चिंतामणदास लुणकिरण मनालाल कनैयालाल सपरिवार-युतेन आत्मपरकल्याणार्थं श्रीसम्यक्त्वोद्दीपनार्थं च श्री जेसलमेरुनगरसत्क अमरसागरसमीपव-र्तिनि समीचीनाऽऽरामस्थाने श्रीरिषभदेवजिनमंदिरं नवीनं कारापितं तत्र श्री आदिनाथ बिंबं प्राचीन बृहत्खरतरगणनाथेन प्रतिष्ठितं तत् श्रीजिनमहेन्द्रसूरि पदपंकजसेविना बृह-त्खरतरगणाधीश्वरेण चतुर्विधसंघसहितेन श्रीजिनमुक्तसूरीणां विधिपूर्वमहता महोत्सवेन शो-भनलग्ने श्रीमूलनायकचैत्ये स्थापितं । पुनः अनेक बिंबानामंजनशिलाका कारिता । पुनर्द्वतीयभुमिप्रासादे स्वप्रतिष्ठित श्री पार्श्वनाथबिंब मुलनायकस्थापितं पुनर्वीश विहरमान प्रतिष्ठा कृतं मंदिरस्य दक्षिणपार्श्वे दादासाहिब कुशलसूरि गुरुमूर्ति स्थापनकृता । तथाच जिनदत्तसूरि कुशलसूरि चरणपादुका पुनरपि श्रीजिनहर्षसूरि महेन्द्रसूरि चरणपादुका स्थापिता ।

भाई सवाईरामजीके घरका आया । रतलामसुं चि० सोभागमल चांदमल सौभाग्यमलकी माजी वगेरे आया । उदेपुरसुं चि० सिरदारमल तथा इणांरी माजी वगेरे आया । ओर

पण घणे देशावरांसु संघ आयो । स्वामीवच्छल प्रमुखकरी ३ श्रीसंघकी भक्ति करी । तथा पांच शिष्याने श्रीपूज्यजी म्हाराजके हांथसें दीक्षा देराइ । दिन १५ तक बडो ठाठ उछव नित्य नवीन पूजा प्रभावना हुइ । श्रीदरबार साहिब पधार्‍या । तोफांका फेर हुवा । सेठांके पगमें सोनो बगसीयो । फेर श्रीसंघसमेत जेसलमेर आया उजमणा प्रमुख कीना । श्रीपूज्यजी महाराजकी पधरावणी २ कीनी जिणमें हजारा रुपीयांको माल असबाब भेट कीनो । उपाध्याय वगेरे ठावा ठावा ठाणानें रोकड शालजोडी इत्यादि यथायोग्य दीना । उपाध्याय साहिबचंदजी गणि । पं. । प्र. । भेरजी गणि पं. प्र. अमरचंदजी गणि प्रमुख ठाणा ४१ था । ठार्णे दीठ रू. १० दश रोकडा थांन प्रत्येके दीना । परगच्छीय यतियांको सतकार अछीतरे कीनो । श्रीसरकारकी पधरामणी कीनी । घोडा लवाजमो नजर कीनो । मुसद्दी वगेरे सर्वनें यथायोग्य शिरोपाव दीना ॥

श्रीजिनभद्रसूरि शाखायां पं. प्र. श्रीमयाचंदजी गणि तत्शिष्य पं. सरूपचंदजी मुनि जेसलमेरु आदेशिना इयं प्रशस्ति रचिता ।

शिलावट बिरामके हाथसुं श्रीमंदिरजी वणिया जिणके परिवारने सोनेकी कंठियां तथा कडीकी जोडियां मंदील डुपट्टा थांन वगेरे शिरपाव दीना ॥

श्रीमंदिरके मूल गुंभारेमें आसेपासे दक्षणकी तर्फ परतापचंदजीकी खडी मूर्ति छे। उत्तरकी परतापचंदजीकी भार्याकी खडी मूरती छे । निजमंदिरके सामनें पूर्वकी तर्फ पश्चिममुखी चोतरो कराय जिण ऊपर परतापचन्दजीकी तथा भार्यासहित सपरिवार सहीतकी मुरतीयां स्थापित किनीं ।

सम्वत् १९४५ मिति मार्गसिर सुदी २ वार बुध । दशकत सगतमल जेठमलांणीं बाफनाका । शुभं ।

दुहा—अष्टकर्म वन दाहके भये सिद्धजिनचंद ।
ता सम जो अप्पा गिणे ताकुं वंदे चंद ॥
कर्मरोग ओपधसमी ग्यानसुधारस वृष्टि ।
शिवसुख अमृत बेलडी जय जय सम्यकदृष्टि ॥
एहीज सद्गुरु सीख छे एहीज शिवपुर माग ।
लेजो निज ग्यानादि गुण करजो परगुण भाग ॥
भेद ग्यान श्रवण भयो समरस निरमलनीर ।
अन्तर धोबी आतमा धोवे निजगुण चीर ॥
कर दुःख अंगुरी नेनदुःख तन दुःख सहज समान ।
लिख्यो जात है कठणसुं शठ मानत आशान ॥

॥ इत्यलम् ॥

शोक समाचार ।

[१]

जैन साहित्य संशोधकके पाठकोंको यह समाचार देते हुए हमें बडा दुःख होता है कि, कलकत्ता नगरके प्रसिद्ध विद्वान् महामहोपाध्याय डॉ. सतीशचन्द्र विद्याभूषणजीका गत तारीख २५ अप्रैलको असमयहीमें स्वर्गवास हो गया । विद्याभूषणजी भारतवर्षके नामी विद्वानोंमेंसे एक थे । आप अंग्रेजी भाषाके तो आचार्य (एम्. ए.) थे ही, साथमें संस्कृत, प्राकृत, पाली, तिब्बती आदि भाषाओंके भी उत्तम ज्ञाता थे । ब्राह्मण, बौद्ध और जैन धर्मके दर्शन शास्त्रोंमें आपकी उल्लेख योग्य गति थी और पुरातत्त्व शास्त्रके आप अच्छे पण्डित थे । आप स्वभावके बडे सरल और हृदयसे पूरे निष्पक्षपात थे । ज्ञानार्जन करना ही आपका परम ध्येय था । आपका विद्याव्यासंग आश्चर्यजनक था । अंग्रेजीकी एम्. ए. परीक्षाके पास करनेके पहले ही संस्कृत भाषामें आपने इतनी व्युत्पत्ति कर ली थी कि जिससे नवद्वीप-विबुध-जन-समाने प्रसन्न होकर आपको 'विद्याभूषण' की पद्वी प्रदान की थी । एम्. ए. पास करनेके बाद कुछ काल तक आप कृष्णनगर कालेजमें संस्कृतके प्रोफेसर रहे । इसी समयके मध्यमें आपने काव्य और न्यायशास्त्रका अभ्यास भी आगे बढाया; और साथमें तिब्बती भाषाका ज्ञान भी संपादन किया । आपकी इस योग्यताको देखकर बंगालकी सरकारने आपको तिब्बती भाषाका अनुवादक नियत किया और साथमें उसका एक शब्दकोष बनानेका काम दिया । यह काम आपने बडी योग्यताके साथ समाप्त किया । इससे सरकारने आपको फिर कलकत्ता-संस्कृतकालेजके अध्यापकके पदपर नियुक्त किया । वहां आपने अध्यापकी करते हुए पाली भाषाके अध्ययनका प्रारंभ किया और सन् १९०१ में उसकी एम्. ए. की परीक्षा देकर उसमें प्रथम श्रेणिमें प्रथम नम्बर प्राप्त किया । आपके इन परीक्षापत्रोंकी जांच करनेवाला उस समयमें भारतमें वैसा कोई विद्वान् नहीं था इस लिये वे पत्र लन्दनविश्वविद्यालयके पालीभाषा और बौद्ध साहित्यके प्रधानाध्यापक महाशय रीज डेविडके पास भेजे गये थे । इन परीक्षक महाशयने सतीश चन्द्रजीके वे परीक्षापत्र पढकर कलकत्ता युनिवर्सिटीके रजीस्ट्रारको लिखाता कि—इनका पाली भाषाका ज्ञान सर्वोत्तम दर्जेका है । इसके बाद आपकी वहांसे बदली हुई और फिर आप प्रेसीडेन्सी कालेजके सिनियर प्रोफेसर बनाये गये ।

सन् १९०५ में जब बौद्ध तीर्थोंकी यात्रा करनेके लिये थी-सी-लामा हिन्दुस्थानमें आये तब भारतसरकारने आपको लामा महोदयके साथ घूम कर उन्हें भारतके बौद्ध तीर्थोंका ऐतिहासिक महत्त्व समझानेका काम दिया । आपने यह काम इतनी उत्तमताके साथ किया कि जिससे लामा महाशयने खुश होकर, प्रेमोपहारके रूपमें आपको एक रेशमी चादर—जिसे वे लोग 'खाताग' करते हैं—समर्पित की । आपकी इस प्रकारकी सब विषयोंमें निपुणता देखकर भारत सरकारने आपको महामहोपाध्यायकी उत्तम पाण्डित्य और सम्मानसूचक पद्वी प्रदान की ।

इसी अरसेमें आपने 'मिडिवल स्कूल आफ दि इन्डियन लॉजिक' नामक जैन न्याय और बौद्ध न्यायके इतिहास विषयकी प्रसिद्ध पुस्तक लिखी जिसके कारण कलकत्ता युनिवर्सिटीने आपको 'डाक्टर आफ फिलासफी' की प्रधान उपाधिसे सम्मानित किया ।

सन् १९०९ में, बंगाल सरकारने आपको बौद्ध धर्मका सविशेष प्रत्यक्ष ज्ञान संपादन करनेके लिये लंका भेजा । वहां पर, सुमंगल स्थविर—जो लंकाके प्रधान बौद्ध स्थविर और कोलंबोके विद्योदय कालेजके अध्यक्ष थे—के पास उस विषयका तलस्पर्शी ज्ञान संपादन किया । वहांसे फिर आप बनारस पहुंचे और वहां पर न्याय आदि दर्शन शास्त्रोंमें उत्तीर्णता प्राप्त की ।

फिर १९१० में आप कलकत्ता संस्कृत कालेजके प्रधानाध्यापक बनाये गये और तबसे आखिर तक आप इसी पद पर प्रतिष्ठित रहे । इसके सिवाय, साहित्य और शिक्षा विषयक अने सभा--सोसाटि-

योंके आप अध्यक्ष और सदस्य आदि समय समय पर नियुक्त किये गये थे।

कलकत्तेमें, शास्त्रविशारद जैनाचार्य विजयधर्म-सूरिजीसे आपकी मुलाकात हो गई थी जिससे आपको जैनसाहित्यसे भी बहुत कुछ परिचय मिल गया था। आप उक्त जैनाचार्यजीके बडे प्रशंसक थे और उनकी प्रेरणासे आपने कलकत्ता-विश्वविद्यालयके पठनक्रममें जैनसाहित्यको भी कुछ स्थान दिलाया था। जैन न्यायके इतिहास विषयक उपर्युक्त पुस्तकके सिवाय जैनसाहित्यके प्रथम तर्क ग्रन्थ न्यायावतारका आपने अंग्रेजीमें अनुवाद भी किया है। भारतके दर्शन शास्त्रोंके इतिहासमें आपको बडा रस था और इस लिये इस विषयमें आपने अंग्रेजी और आपनी मातृभाषा बंगलामें अनेक छोटे बडे निबन्ध लिखे हैं।

जैन साहित्यविषयक आपका प्रेम देख जैन समाजने भी आपका यथोचित गौरव किया था। सन् १९१३ में बनारसमें जो अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महासभाका अधिवेशन हुआ था उसके आप अध्यक्ष बनाये गये थे और सभाने आपको 'जैनसिद्धान्त महोदधि'की उपाधि समर्पित कर सत्कृत किया था। इसके अगले वर्ष जब जोधपुरमें जैनसाहित्य सम्मेलन हुआ तब भी आप उसके सभापति नियत किये गये थे।

गतवर्ष जब यहां पर (पूनेमें) 'प्रथम प्राच्यविद्यापरिषद्' हुई थी तब आप यहां पर भी आये थे और परिषद्के पालीभाषा और बौद्धसाहित्य विषयक विभागके अध्यक्ष बनाये गये थे। उस समय हमारी भी आपसे भेंट हुई थी और परिषद्में जब हरिभद्रसूरिका समय निर्णय विषयक हमारा लेख पढा गया तब खास तौरसे उसे सुननेके लिये आप वहां पर उपस्थित हुए थे। हरिभद्रसूरिके समयके विषयमें आपका और हमारा मतभेद था। इस लिये इस विषयमें खास चर्चा करनेके लिये, उक्त परिषद्की समाप्तिके दिन आप उत्कंठापूर्वक हमारे स्थानपर भी आये थे; और बहुतसी बातचीत कर बडे प्रसन्न हुए थे। चलते समय आप हमसे आग्रह कर गये थे कि, जब हमारा उक्त निबन्ध छपकर प्रकाशित हो जाय तो तुरन्त उसकी एक प्रति आपके पास भेज दी जाय, कि, जिससे आप आपनी जैन न्यायके इतिहास विषयक उपर्युक्त पुस्तककी दूसरी आवृत्तिमें, जो वर्तमानमें छप रही है, हरिभद्र सूरिके समयवाला लेख ठीक संशोधित कर दिया जा सके। परन्तु खेद है कि, हमारे उस निबन्धके प्रकाशित होनेके पहले ही, गत २५ अप्रैलको आप इस क्षणभंगुर संसारको छोडकर स्वर्गमें जा बसे।

आपकी इस अकालमृत्युसे भारतवर्षके विद्याव्यसनी विद्वानोंमेंसे एक बडी भारी व्यक्ति अदृश्य हो गई और जैन साहित्यका एक प्रतिष्ठित और प्रामाणिक पण्डित लुप्त हो गया।

[२]

हमें इन पंक्तियोंके लिखते हुए अत्यन्त दुःख होता है कि, इस पत्रके प्रथम अंकमें, जिन प्रो० सी. वी. राजवाडेका 'जैनधर्मका अध्ययन' शीर्षक लेख प्रकट हुआ है और जिनका संक्षिप्त परिचय हमने उसी अंकके 'सम्पादकीय विचार' वाले एक नोटमें दिया है, वे आज इस संसारमें नहीं है। गत ८ मईको नाशिकमें जहां, पर आरोग्यप्राप्तिके लिये पिछले कुछ महिनोंसे आप विश्रान्ति ले रहे थे, आपका शरीरपात हो गया। जैन साहित्य संशोधकके गतांकमें प्रकाशित उक्त लेख और हमारे नोटको आप देख भी नहीं पाये। यह किसको कल्पना थी कि इस प्रस्तुत अंकमें हमें अपने पाठकोंको आपका कोई विशिष्ट लेख भेंट करनेके बदले आपकी मृत्युके लिये दुःखोद्गार भेंट करने पडेंगे। कालस्य कुटिला गतिः।

राजवाडेजी बडे बुद्धिशाली और एक होनहार विद्वान थे। आपको ग्रेज्युएट हुए अभी पूरे १० वर्ष भी नहीं हुए थे। सन् १९१२ में यहां (पूना) के फर्ग्युसन कालेजमें अध्ययन समाप्त कर आपने बी. एस्. सी. की डिग्री प्राप्त की और १९१४ में पाली और अंग्रेजीकी एम्. ए. परीक्षा पास की। इसके बाद तुरन्त ही आप बरोडा कालेजमें पाली और अंग्रेजीके प्रोफेसर नियुक्त हुए। वहां आपने अपने अध्यापन कार्यके सिवाय पालीसाहित्यके

प्रकाशनका कार्य भी शुरू किया। आपकी यह बडी उत्कट इच्छा थी कि समग्र पाली साहित्य देवनागरी लिपिमें छपाकर प्रकट किया जाय, ताकि जिससे भारतवासी,—जो आज पिछले डेढ हजार वर्षसे इस अनन्यतुल्य साहित्यका परिचय भूले हुए हैं —पुनः परिचय प्राप्त कर सकें और उसके द्वारा सम्यक् सम्बुद्ध भगवान् गौतम बुद्धके अमूल्य उपदेशोंका आस्वादन कर सकें। इससे आपने सबसे पहले 'हत्थवनगल्लविहारवंस' नामकी एक छोटीसी पाली पुस्तिका छपाई और उसके बाद 'मज्झिमनिकाय' का एक भाग प्रकट किया। इसी बीचमें आपने विविध परिशिष्ट और उपयुक्त टिप्पणियोंके साथ 'दीर्घनिकाय' का समग्र अनुवाद भी अपनी मातृभाषा मराठीमें किया। इसका एक भाग बडौदा राज्यकी औरसे प्रकाशित होनेवाली ग्रन्थमालामें प्रकट भी हो चुका है। आप शीघ्र ही, अपने सहाध्यायी और सहकारी प्रो० बापट (फर्ग्युसनकालेज, पूना) और प्रो० भागवत (सेंट झेवियर कालेज बम्बई)के संयुक्त परिश्रमसे प्रसिद्ध बौद्धग्रन्थ विसुद्धिमग्गकी एक सर्वोत्तम देवनागरी आवृत्ति प्रकट करनेकी तैयारी कर रहे थे।

आपका विद्याव्यासंग बडा उत्कट था। अंग्रेजीके आप आचार्य थे ही; साथमें आप जर्मन और फ्रेंच भाषाओंका भी अपेक्षित ज्ञान रखते थे। भारतीय भाषाओंमें संस्कृत, पाली, प्राकृत जैसी प्राचीन और शास्त्रीय भाषाओंका यथेष्ट अध्ययन कर आपने बंगाली, गुजराती, हिन्दी जैसी वर्तमान देशभाषाओंमें भी आवश्यकीय प्रवेश कर लिया था।

जबसे आपका हमारे साथ परिचय हुआ तबसे जैनसाहित्यका विशिष्ट अध्ययन करनेकी भी आपकी तीव्र लालसा हो गई थी। जैनसाहित्यसंशोधकके लिये आपने जैन और बौद्ध साहित्य विषयक तुलनात्मक लेखमालाके लिखनेका सोत्साह स्वीकार किया था। जैन ग्रन्थोंके प्राप्त करनेकी आप कितनी उत्कट आकांक्षा रखते थे इसका परिचय तो पाठकोंको हमने गतांकमें जो नोट दिया है उसीसे मिल सकेगा। भावनगरसे हमारे एक सज्जन (श्रीयुत हीरालाल अमृतलाल शाह) ने कुछ जैन ग्रन्थ जब आपके पास नासीक भेजे, तब आप अधिक अस्वस्थ होनेके कारण। आपके सम्बन्धियोंने उन ग्रन्थोंका आपसे जिकर न करके ज्यों के त्यों एक किनारे रख दिये। पीछेसे जब आपको उसकी खबर लगी तब आप बहुत अधीर हो ऊठे और बिना उन ग्रन्थोंके दर्शन किये और पन्ने उलट-पुलट किये आपको चैन नहीं पडा। उन ग्रन्थोंको देखते ही आपने हमको, वैसी अस्वस्थतामें भी एक पत्र लिखा और पुस्तकोंकी प्राप्तिके लिये प्रसन्नता प्रकट की। इसीका नाम सच्चा विद्याव्यासंग है।

क्रूर कालने इस प्रकार असमयहीमें आपको उठा ले जा कर भारतवर्षके एक तेजस्वी विद्वत्तारत्नको उदित होनेके पहले ही अस्तंगत कर दिया। आपकी अमर आत्माको अक्षय शांति मिले यही हमारी आपके लिये अन्तिम प्रार्थना है।

[३]

गत जुलाई मासकी अंतिमरात्रि भारतवर्षके इतिहासमें बडी दुःख और खेदजनक रात्रि मानी जायगी। क्यों कि उस कालरात्रिके दुःखोत्पादक अधम वातावरणने भारतके अद्वितीय प्रतापवान और प्रकाशपूर्ण प्रदीपको सदाके लिये निर्वाणावस्थामें पहुंचा दिया। हम ये शब्द अपने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक महोदयकी मृत्युको लक्ष्य कर कह रहे हैं। लोकमान्यका अधिक परिचय देनेकी कोई आवश्यकता नहीं क्यों कि भारतमें ऐसा कोई अभागा प्राणि नहीं है जो लोकमान्यको थोडा बहुत नहीं जानता हो। और बाकी यों आपका पूर्ण परिचय देनेकी शक्ति भी किसमें है। चाहे जितना भी लंबा परिचय लिखा जाय तो भी वह हमेशां अपूर्ण ही रहेगा।

आपमें जिन अनेकानेक उत्तमोत्तम शक्तियोंने आकर निवास किया था, उनमेंसे एक एक शक्ति ही मनुष्यको संसारमें पूज्य और मान्य बना सकती है, तो फिर ऐसी अनेक शक्तियोंके केन्द्रभूत बने हुए आपके महान् व्यक्तित्वकी पूज्यता और मान्यताका तो माप ही कैसे किया जाय। आप क्या नहीं थे? आप प्रकाण्ड प्रतिभाशाली थे, उत्कृष्ट सदाचारी थे, परम परोपकारी थे, अगाध

धैर्यवान् थे, आदर्श कर्तव्यवान् थे, असाधारण ज्ञानवान् थे, महान् देशभक्त थे, अनुपम लोकप्रिय थे, सर्वोत्तम राष्ट्रसूत्रधार थे, गंभीर राजनीतिज्ञ थे, संपूर्ण स्वार्थत्यागी थे, निष्काम कर्मयोगी थे, धुरंधर साहित्य सेवी थे, उत्तम लेखक और निपुण वक्ता थे; सब कुछ थे और संपूर्ण रीतिसे थे।

जैन साहित्य संशोधकके कार्य क्षेत्रकी विशिष्टताको लक्ष्य कर, हम यहां पर आपकी अनेकानेक शक्तियोंमेंसे केवळ उस एक ही शक्तिका संक्षिप्त उल्लेख करते हैं जिसके कारण आप संसारमें एक श्रेष्ठ विद्वान् माने गये। वह शक्ति आपकी अत्यंत सूक्ष्म संशोधक बुद्धि–गहन गवेषणा शक्ति थी। आपकी इस संशोधक बुद्धिका जर्मनी, इंग्लेंड और अमेरिकाके विद्वानों तकने गौरव किया है। विद्वानोंको आपकी इस शक्तिका प्रथम परिचय सन् १८९२ में मिला था। उस वर्ष लण्डन नगरमें होनेवाली 'प्राच्य विदोंकी आंतरराष्ट्रीय परिषद् (The International Congress of Orientalist) में वेदोंकी प्राचीनताके विषयमें आपने एक गहन गवेषणा और अत्यन्त अनुसन्धानपूर्ण मौलिक निबन्ध भेजा था जो फिर अगले वर्ष (सन् १८९३) 'ओरायन (ORION)' के नामसे पुस्तकरूपमें प्रकाशित किया गया था। इसपुस्तकमें आपने ज्योतिष शास्त्रके नियमानुसार नक्षत्रोंकी गति ऊपरसे यह बतलाया है कि, ऋग्वेदमें जो 'ओरायन = आग्राहायण नक्षत्र संबंधी ऋचायें मिलतीं हैं उनसे उनका रचना समय कमसे कम ई. स. से ४००० वर्ष पूर्व होना सिद्ध होता है। आपकी इस गवेषणाको पढ कर प्रो. मेक्षमुलर, विटनी, वेबर, बुल्हर और ब्लुमफील्ड जैसे प्रख्यात संशोधक विद्वानोंने आपकी शोधक बुद्धिकी उत्तम प्रशंसा की थी। डॉ. ब्लुमफील्डने तो आपकी इस गवेषणाको "विज्ञान और संस्कृतके जगत्में एक हलचल मचादेनेवाली घटना" बतलाई थी और कहा था कि "निस्सन्देह, इस पुस्तकसे साहित्य संसारके आगामी वर्षमें खूब सनसनी फैल जायगी। इस वर्ष, इतिहासको तिलककी खोजके फलको अपनाने ही में सारा समय लगा देना होगा।" तिलक महाशयके इस सिद्धान्तकी, जर्मनीके विद्वान् डॉ. जेकोबीके सिद्धान्तसे अचिन्त्य समानता हो गई थी। क्यों कि डॉ. जेकोबी भी अपनी स्वतंत्र गवेषणाद्वारा वेदोंका रचना समय लगभग वही स्थिर कर सके जो तिलक महाशयने किया। इससे पुरा तत्त्वज्ञोंमें आज यह सिद्धान्त तिलक-जेकोबी (Tilak-Jacobi theory) के संयुक्त नामसे व्यवहृत होने लगा है।

ऐसा ही अनुसन्धानात्मक दूसरा ग्रन्थ आपका 'वेदोंमें आर्योंका उत्तर ध्रुवनिवास (The Arctic Home in the Vedas)' है। यह ग्रन्थ सन् १८९७ में जब आपको दूसरी वार कारागृहवास मिला था तब लिखा गया था। वेद, ब्राह्मण आदि संस्कृत ग्रंथ, पारसियोंके जिन्द-अवेस्ता ग्रन्थ और पश्चिमीय विद्वानोंके लिखे हुए भूगर्भविद्या सम्बन्धी नवीन ग्रन्थोंका सूक्ष्म अध्ययन और मनन कर आपने इस ग्रन्थकी रचना की है। इस ग्रन्थमें आपने वेद, ब्राह्मण, पुराण, अवेस्ता इत्यादि शास्त्रोंके अनेकानेक प्रमाण देकर, यह प्रतिपादित किया है कि वेदकालीन आर्यलोग उत्तर ध्रुवके प्रदेशमें निवास करते थे। कारागृहमें बैठे बैठे, इस ग्रन्थके लिखनेके लिये अपेक्षित साधनोंके अध्ययन-मनकी अनुमति सरकारने आपको प्रो. मेक्षमुलरके अनुरोधसे दी थी। पीछेसे उन्हीं प्रोफेसर महोदयके विशेष परिश्रम और प्रयत्नसे सरकारने आपको असमय ही में बन्धनमुक्त भी कर दिया था। कारागृहमेंसे निकले बाद आपने उक्त प्रो. को एक कृतज्ञतापूर्ण पत्र लिखा जिसमें अपने किये हुए इस नवीन अनुसन्धानका कितनाएक उपयुक्त सार भी लिख भेजा। इस सारको पढ कर प्रोफेसर महाशयने तिलक महोदयको लिखा था कि "कितनीएक वैदिक ऋचाओंका अर्थ आपके बतलाए मुताबिक ठीक हो सकता है; परंतु कदाचित् उनके आधारपरसे निकाला हुआ सिद्धान्त भूस्तर शास्त्रके सिद्धान्तके साथ मेल नहीं खायगा, ऐसी मुझे शंका है।" खेद है कि तिलक महाशयके इस ग्रन्थके प्रकाशित होनेके पहले ही–यह ग्रंथ सन् १९०३ में प्रकाशित हुआ–प्रो. मेक्षमुलरका देहान्त

होगया, जिससे उनके अधिकारयुक्त अभिप्रायसे आपका यह ग्रन्थ वञ्चित रहा। परंतु, दूसरे विद्वानोंने आपकी इस कृतिका भी खूब सत्कार किया। बोस्टन विश्वविद्यालयके अध्यक्ष डॉ. वारिनने इस पुस्तकके विषयमें कहा था कि "इन्डो-इरानी विद्वानोंने जितनी पुस्तकें इस विषयपर आजतक लिखी हैं उन सबमें यह पुस्तक अधिक निश्चयात्मक है। जो कोई स्वर्गीय मि. नील की 'देव रात्रि (The night of Gods)' का और इस पुस्तकका पारायण कर लेगा वह संभवतः फिर कभी यह न पूछेगा कि आर्योंका आदिम निवासस्थान कहां है।"

आपको जब सन् १९०८ में तीसरी बार जेलयात्राका हुक्म हुआ तब मंडालेके एकान्तवासमें बैठ कर आपने वह गीतारहस्य अथवा कर्मयोगशास्त्र लिखा, जो आज भारतके प्रत्येक धर्मजिज्ञासु जनके घरमें विराजमान हो रहा है तथा प्रत्येक विद्वान् और विद्यार्थीके लिये एक अत्यावश्यक पाठ्य ग्रंथ बन रहा है। इस ग्रन्थमें आपने अपने जीवनके समग्र विचार स्रोतोंको एकत्र कर शास्त्र रूप महासरोवरके रूपमें बद्ध कर दिया है। पूर्वीय और पाश्चात्य तत्त्वज्ञानकी सभी मुख्य मुख्य विचारश्रेणियोंका गंभीर मन्थन कर आपने इस अमूल्य ग्रन्थरत्नको प्रकट किया है। आपके नामको अजरामर बनानेवाला केवल यही एक ग्रन्थरत्न पर्याप्त है।

आपके देह विलयसे संसारका एक श्रेष्ठ और प्रखर ज्योतिःपूर्ण ज्ञानस्वरूप महानक्षत्र अस्त हो गया।

चित्र-परिचय।

१—गत अंकमें जो दर्शनीय चित्र दिये गये हैं उनमें पहला रंगीन चित्र पावापुरीके जलमंदिरका है। पावापुरी पटना जिलेकी सुबे बिहार तहसीलका एक छोटासा गांव है। जैन समाजकी मान्यता अनुसार श्रमण भगवान श्रीमहावीरदेवकी निर्वाण-भूमि यही पावापुरी है। इस लिये जैनियोंका यह एक परम पवित्र तीर्थस्थल है। इस गांवके पास एक कमलसरोवर नामका अच्छा तालाव है। इस तालाबमें हमेशा असंख्य कमलपत्र खिले रहते हैं इसलिये इसका नाम भी कमलसरोवर पड गया है। इस सरोवरके मध्यमें एक भव्य मंदिर बना हुआ है, जिसमें संगमर्मरके बने हुए भगवान् महावीर स्वामीके पूजनीय चरणोंकी स्थापना की हुई है। मंदिर बडा खुबसूरत और दर्शनीय है। भावुक मनुष्योंके हृदयमें वहां पर जानेसे बडी भक्ति उत्पन्न होती है और कुछ काल तक वहां पर बैठ कर ध्यान धरनेसे अपूर्व शान्ति प्राप्त होती है।

इसी मंदिरका वह सुन्दर चित्र है। चित्रमें मंदिर, सरोवर, आसपासके किनारों पर लगे हुए वृक्ष, इत्यादि सभीका मनोहर दृश्य दिखाई दे रहा है। आरा निवासी उत्साही जैन युवक श्रीयुत कुमार देवेंद्र प्रसादजीने अपनी ओरसेही वह चित्र जैनसाहित्यसंशोधकके पाठकोंको भेंट किया है। तदर्थ आप साधुवादके पात्र हैं।

२—गतांकका दूसरा हाफटोन चित्र, भारत प्रसिद्ध वीरभूमि चितोड नगरीके समीपमें रहा हुआ इतिहास प्रसिद्ध चितोडगढ (किल्ला) मेंके एक अति प्राचीन जैन कीर्तिस्तंभ (Jain Tower.) का है। चितोडके किलेमें दो कीर्तिस्तंभ हैं जिनमें एक जो अधिक ऊंचा और विशेष प्रसिद्ध है वह १५ वीं शताब्दीमें सुप्रसिद्ध राणा कुंभा द्वारा बनाया गया है और इससे उसका असली नाम 'कुंभमेरु' है। दूसरा स्तंभ यह जैन कीर्तिस्तंभ है। 'कुंभमेरु' की अपेक्षा यह जैन कीर्तिस्तंभ बहुत प्राचीन है और पुरातत्त्वज्ञोंने ११ वीं या १२ वीं शताब्दीमें इसके बननेका अनुमान किया है। यह किसी दिगम्बर जैनका बनाया हुआ है। क्योंकि इसमें जो जिनमूर्तिमां लगी हुई हैं वे दिगम्बर हैं।

यह स्तंभ ८० फीट ऊंचा है। समुद्रकी सतहसे इसकी ऊंचाई १९०० फीट और नीचेकी जमीनसे ६०० फीट है। यह किलेकी सबसे ऊंची भूमिपर बना हुआ होनेसे इसका शिखर किलेमेंके सभी मकानोंसे ऊंचा दिखाई देता है। इसके शिखरका जीर्णोद्धार हाल हीमें-दस बारह वर्ष पहले-सरकारने बडा खर्च करके करवाया है। सारे हिंदुस्थानमें जैनियोंका यही एक मात्र महत्त्वका पुरातन कीर्तिस्तंभ मौजूद है। इसका समग्र ऐतिहासिक वर्णन आगेके किसी अंकमें, एक स्वतंत्र लेख द्वारा पाठकोंको सुनायेंगे।

चित्रमें जो दो जुदा जुदा ब्लाक हैं उनमें दाहिनी तरफवाला ब्लाक स्तंभकी उस अवस्थाका दर्शन करा रहा है जब उसके शिखरका जीर्णोद्धार नहीं किया गया था। बाई तरफका दृश्य जीर्णोद्धारके अनन्तरका है।

३—इस अंकमें करहेडाके पार्श्वनाथ जैन मंदिरका चित्र दिया जाता है। यह गांव उदयपुर [मेवाड] राज्यमें आया हुआ है और चितोड-उदयपुर रेल्वे लाईनके बीचमें पडता है। गांव बिलकुल छोटासा मामुली है। गांवसे बहार, कुछ फासले पर यह मन्दिर बना हुआ है। मन्दिर ५२ जिनालय है और बडा भव्य है। मन्दिरमें पार्श्वनाथ तीर्थंकरकी मनोहर मूर्ति प्रतिष्ठित है। पुराने लेखोंमें इस गांवका नाम 'करहेटक' ऐसा लिखा हुआ मिलता है। यह मन्दिर १४ वीं शताब्दीके लगभगका बना हुआ अनुमान किया जाता है। ऐतिहासिक वर्णन फिर कभी दिया जायगा।

महामहोपाध्याय डॉ. सतीशचंद्र विद्याभूषण, एम्. ए. पी. एच्. डी.।

स्वर्गीय श्रीमान् बाल गंगाधर तिलक।

नमोत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स।

जैन साहित्य संशोधक

भाग १] गुजराती लेख विभाग [अंक २

सोमप्रभाचार्य विरचित कुमारपाल प्रतिबोध।

(ग्रन्थ परिचय)

[वडोदराना विद्याविलासी नृपति श्रीसयाजीराव गायकवाड सरकार तरफथी, 'गायकवाडझ् ओरिएन्टल सीरीझ' नामे ५-६ वर्षथी एक ग्रन्थमाला प्रकट थवा लागी छे जेनी अंदर संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओमां लखाएला प्राचीन अने दुर्लभ्य ग्रन्थो प्रकाशित थाय छे. ए ग्रन्थमालाना मूल उत्पादक अने मुख्य संपादक स्वर्गस्थ विद्वान् श्रावक श्रीयुत चिमनलाल डाह्याभाई दलाले पाटण अने जेसलमेर (राजपूताना) ना जूना जैन पुस्तक भंडारोनुं सूक्ष्म निरीक्षण करी तेमांथी केटलाक उत्तम अने अलभ्य-दुर्लभ्य जैन ग्रंथो, उक्त सीरीझमां प्रकट करवा माटे खास चुंटी काढ्या हता. ए ग्रंथोमां सोमप्रभाचार्यरचित कुमारपाल प्रतिबोध नामनो पण एक प्राकृत भाषामय मोटो ग्रंथ छे जेनुं संपादन कार्य स्वर्गस्थ भाई दलाले घणा आग्रहपूर्वक मने सोंप्युं हतुं. ए ग्रंथ हवे छपाईने तैयार थयो छे. एनी प्रस्तावना जे मारा तरफथी लखवामां आवी छे, ते जैन साहित्य संशोधकना वाचकोने खास वांचवा लायक होवाथी, अत्र प्रकट करवामां आवे छे. मूल पुस्तकमां आ प्रस्तावनानो इंग्रेजी अनुवाद तथा संस्कृतसार आपवामां आव्यो छे.—मुनि जिनविजय ।]

स्तुमस्त्रिसन्ध्यं प्रभुहेमसूरेरनन्यतुल्यामुपदेशशक्तिम्।
अतीन्द्रियज्ञानविवर्जितोऽपि यः क्षोणिभर्तुर्व्यधित प्रबोधम् ॥
सत्त्वानुकम्पा न महीभुजां स्यादित्येष क्लृप्तो वितथः प्रवादः।
जिनेन्द्रधर्मं प्रतिपद्य येन, श्लाघ्यः स केषां न कुमारपालः ॥

—सोमप्रभाचार्य ।

गुजरातना चौलुक्यवंशना प्रसिद्ध नृपति कुमारपालने जैनाचार्य हेमचंद्रसूरिए समय समय उपर जे रीते जैनधर्मना सिद्धान्तोनो, विविधकथा—आख्यानो द्वारा बोध आप्यो हतो; अने ते बोधनुं श्रवण

करी जे रीते कुमारपाले जैनधर्मनो संपूर्ण स्वीकार कर्यो हतो तेनुं सामान्य वर्णन आ ग्रंथमां आपवामां आव्युं छे. ग्रंथकारे आ ग्रंथनुं नाम 'जिनधर्म-प्रतिबोध' एवुं राख्युं छे[1]; परंतु, ग्रन्थना अंते, पुष्पिकालेखमां 'कुमारपाल-प्रतिबोध' एवुं नाम लखेलुं मळवाथी, तेम ज ग्रंथगत विषयनो नाममात्रना निर्देशथी पण वाचकोने ख्याल आवी शके तेवा हेतुथीः में आ पुस्तक उपर ए ज नाम अंकित करवुं वधारे उचित धार्युं छे.

प्रमुखि एकसठि प्रासादि जीर्णोद्धार कीधो । वि० सं० १६८२ वर्षे श्री शांतीलपुर नगरें श्री संघाग्रही विजयदेव सूरीनें श्री विजयानंद सूरीनें गच्छ मेल हुओ । पुनः सं० १६८५ वर्षे अणहिलपटनि श्री विजयानंद सूरी थकी कपट करीनें श्री विजयदेव सूरी गच्छ भेद करी सागरनें गच्छ माहि लेइने देवसूरी जुदा हुया । २ गच्छ हुया अणहिलपत्तनि । श्री विजयानंद सूरीयें संखेडइं नगरइं श्री आसापुरी प्रासाद दत्त वर थकि(१०९-२) सं० १६९१ वर्षे पंचांगुलीनो उपद्रव देवसूरीइं कीधो । ते श्री सूरीइं आसपुरी देव्याइं उपद्रव टाल्यो । जय हुओ। श्री गुरु गछि मंगल श्रेणि हुइ । केतलेक दिने मुगसी पासनी यात्रा कीधी । श्री गुरुने अंतरीक पासनी यात्रानो हर्ष हुओ । केतलेक वर्ष दक्षिण बुहरानिपुर नगरें चोमासइं रह्या । खानदेशी कुंकणे विचरता सूरति चोमासी रह्या । अनुक्रमि कान्हमिं विचरता खंभायति तत् शाषा श्री अकबरपुर नगरें श्री सूरी संघाग्रही चउमासि रह्या । तिहां श्रीमालि वृ० शाखाइं परिख वजीयाना आग्रह थकी श्री विजयराज सूरीनें भट्टारकपद दीधो । पा० वजीयायें पदोत्सव कीधो । श्री गुरुनी आज्ञा लही श्री विजयराज सूरीइं दोसी मनीयानें आग्रही अहमिदावाद नगरें विहार कीधो । एकदा श्री गुरु मुखि पा० वजीओ सभा समक्ष धर्मोपदेश समाधि पणिं सांभलि छइं । एहवे वाणोतरइं आवी वधामणी दीधी जे लोहना गंजनें अधिकरणें भर्या जिहाज समुद्रि आव्या । वाणोतर कहे शेठजी लाभ बहोत (११०-१) छे । एतले श्री गुरुइं खाडा, कुसि, कुदाला, छरी, तेहना शास्त्र पाप देखाडया । श्री गुरुनइं वचनइं रंजित थको घणा जीवनइं असमाधिनाकारक एह लोहना गंजनइं समुद्रमांहि जल सरणि कीधा । गुरु मुखि एहनी आलोयणि लीधी । जो तेहनइं समुद्र मांहिः.........जहां लगइं चिरंजीवी रहुं आयु पर्यंत जण जण दीठ प्रवालानी जपमालीका देवी पूर्णार्थे । पुनः श्री सूरीने उपदेशि समुद्र जलचर जीवनी घणी यत्ना कीधी । श्री गुरुनइं एहवा परोपकारी देषी

प्रथम गुणवाणीया प्रमुख ए आशिर्वचन कहे छइं ।

श्रीमज्जैन प्रवचन रहस्य प्रकाशिवचन गुण ।
श्री विजयानंद सूरीर्जयतु चिरं संघहितकर्ता ।१।

एहवइं आशापुरी दत्तवर थकी स्व आयु नजीक जाणी कर्म्म रोग टालवा हेति धर्म्मरूप ओषध धैर्य्य भरी करता हुया । गच्छनी मलामणी उ० श्री हीरचंद्र ग० उ० श्री वीजयराज ग० ने दीधी । संघनी हित शिक्षा श्री आचार्यनें कहावी । श्री गुरुनें उ० श्री कुशलवर्धन, उ० श्री देवविमल ग० प्रमुख गितार्थ उत्तराध्ययन (११०-२) चउसरणि निआमणि चउद पूर्वनी सार नमस्कार करता सवी आयु ६९ वर्ष संपूर्णि दिन ३ अणसण आराधी सं० १७११ वर्षे आसाढ कृष्ण प्रतीपदइं श्री अकबरपुर नगरइं बालपणि व्रतधारक जल थल चर तिर्यंच जीव रक्षाकारक युग पवर सम बिरुद ग्राहक श्री गुरु हीरवचनाराधक सूरी श्री विजयानंदनो स्वर्ग हुओ । यथोक्तः—

शुद्ध प्रागवाट् वंशाभ्र प्रभासनदिवाकरः ।
दयादानंदमानंदः सद्गुरुः सततोदयः ।२।

६२ तत्पट्टे श्री विजयराज सूरी ।

तेहनो गुज्जर देशि कडी नगरें श्रीमाली वृ० शाषाइं गोत्रि मणिकार अवटंक सा० स्वामचंद तद्गृहिनी गमतादे पुत्र सं० १६७९ वर्षि जन्म, नें नाम कुंवरजी । सं० १६८९ वर्षि वजीर पुरइं व्रत, नाम कुशलविजय । सं० १७०१ वर्षे चांपानेर नगरइं पंडित पद हुओ । सं० १७०४ वर्षे श्री सिरोही नगरें आचार्य पद हुओ । श्रीमाली वृद्धशाखा पा० वजियइं पाट महोत्सव कीधो । प्रा० सा० राउते पदोत्सव कीधो । सं० १७०६ वर्षे श्री खंभायत (१११-१) भट्टारक पद हुओ । श्री सूरीनइं उपदेशि श्री अहिम्मदावाद नगरें वालेला गोत्री चांपानेरी अवटंकि श्रीमाली वृ० शाखा दो० मनीया सुत दोसी शांतिदाशि दुर्भिक्षना योग थकी घणा प्राणी सीदाता जाणी सं० १७२० वर्षे दुर्बल रंक संसारीनें मास १९ पर्यंत वस्त्र अन्न घृत गुड खांड शरकरा धातुपात्र गृह नानाविधि ओषध दान शालाइं आपवइं करी अभयदानें आधारपणें हूयो । यथोक्तः

काव्यः—

व्योम युग्म मिताब्द वाह शशधर प्रोज्जृंभमाणप्रथं
नानादेश दरिद्र दीन जनतान्नादि प्रदानायुधैः ।
सत्रागाररणांगणे निहतवान दुर्भिक्ष विश्वाद्विषं
हाजापाटकमंडनः स जयति श्रीशांतिदासो भटः ।१।

अथ कवित:—

गयो महा निर्मलो नेत्र धुंधलो दीठो......
मादरेव न भाजवा आमुसाइं मुइं महली आसा ।
चाल्या महिना च्यार मुइ नर वहोत हुआ निरासा ।
विपरीत काल वीसोतरो प्राणिमात्र पोषण भरण
शांतिदास मनीया सुत तसु कना आगा तोः शरण।।१।।

अर्बुद उपरि सं० १७२५ वर्षे स्वनामि श्री शांतिनाथनो (१११-२) प्रासाद नीपजाव्यो । पुनः श्री हमीराचल, तारणागिरि, आरासणि, नदोय, राणकपुर, संखेश्वर, भील्डीयक, एवं सम तीर्थइं जीर्णोद्धार कीधो । पुनः स्फाटिक श्री शांतिनाथ प्रमुख बिंब २१ थाप्या । सं० १७४२ वर्षि श्री विजयराज सूरी स्वर्ग हुआ ।

६३ तत्पट्टे श्री विजयमान सूरी ।

तेहनो दक्षिण देशि बुरहानपुर नगरे प्रा० वृ० दो० वाघजी श्री स्त्री वीरां पुत्र सं० १७०७ वर्षे जन्म । सं० १७१७ वर्षे मालपुरे व्रत । सं० १७३६ वर्षे श्री सीरोही नगरइं सा० धर्म्मसी धनराजि आचार्य पदनो उछव कीधो । सं० १७४२ वर्षे नाडुलाइ नगरें गच्छ नायक पद हुओ । एहवइं अणहिल्ल पाटण पासें संडेर नगरइं सं० १७४९ वर्षे पं० नयविमल थकी संवीज मत हुओ। सं० १७७१ वर्षे श्री साणंद नगरें श्री विजयमान सूरी स्वर्ग हुआ ।

६४ तत्पट्टे श्री विजयऋद्धि सूरी ।

वृद्ध मरुधर देशि मेदाहला नगरें श्रा० वृ०(११२-१) लिंब गोत्रि सा० जसवंत स्त्री यसोदा तेहनो पुत्र सं० १७२७ वर्षे जन्म । सं० १७४२ वर्षे पिता सा जसवंत पुत्र सहित श्री रूकपुरें दीक्षा । सं. १७६६ वर्षे

श्री सीरोही नगरें आचार्य पद हूओ, सा० हरराज खोमकरणइं पदोत्सव कीधो । सं. १७७१ वर्षे गच्छनायक पद श्री साणंद नगरें हुओ । महेता देवचंद महेता मदन तिणे पाट महोत्सव कीधो । सं. १८०६ वर्षे श्री सूरति बंदर स्वर्ग हूओ ।

अथ आसीर्वाद कही छे:—

जयंतु गुरवो जैनास्तीर्थ क्षेत्र शिष्यसंतति ।
येषां नाम्नापि जायंते रसना सफला सतां ॥ १ ॥
संसारवाधौ य तन्य भूयसीं
जग्राह दीक्षां शिवर्मातिदां वरां ।
ज्ञानामृतापूरीत मानसः सन
नित्यं पुनातु प्रतिवासरं गुरुः ॥ २ ॥
पट्टावलीयं रचिता सुयत्नैः
शृणोति यो मंजुल भावभक्त्या ।
तस्यालय चिंतित कामसिद्धिः
श्री कल्पवल्लीव फलानि जन्यात् ॥ ३ ॥

इति श्री सुविहित तपागच्छ पट्टधर नाम्नी श्री वीर वंशावली समाप्तः ॥

॥ संवत् १९६२ वर्षे कारतक वदी ७ ॥

विषय सूचि।

ENGLISH.

१ वीर वंशावलि अथवा तपागच्छ वृद्ध पट्टावलि.

भूल संशोधन.

इस अंकमें जो अंग्रेजी लेख दिया गया है वह प्रुफ-करेक्टरकी गेर हाजरीमें छप जानेके सबबसे उसमें कुछ विशेष भूलें छप गई हैं जिनमेंसे कुछ महत्त्वकी यहांपर सुधार दी जाती हैं। पाठक इनको सुधारकर फिर उस लेखको पढ़ें।

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
९	२	१	their	in their
९	२	७	spoken in	spoken to in
१०	२	१	or the	of the
१०	२	३	enjoying	engaging
१०	२	४	love	low
११	१	७	forests	of forests
११	१	२६	the	and the
१२	१	१६	menner	manner
१३	१	२८	Nevaras	Nivaranas
१३	१	३१	condition	times
१३	१	३७	ward	word
१३	१	३७	mataphors	metao.
१३	२	१५	सेलो यथा	सेलो यथा
१४	२	४	canenot	cannot

पढिए पढिए

(हिन्दी–गुजराती पाक्षिक पत्र)

संपादक—मुनिराज श्रीजिनविजयजी

महाशय,

क्या आप भगवान महावीर के अनुयायी हैं ? क्या आप महावीर के वीर धर्मका मर्म समझना चाहते हैं ? क्या आप अपने आपमें वीरत्वकी भावना जागृत करना पसंद करते हैं ? क्या आप जैन समाजकी वर्तमान स्थिति के सच्चे हालके जाननेकी उत्कंठा रखते हैं ? और क्या आप जैन समाजमें जो जडता, अकर्मण्यता, विचारहीनता और रूढीकी प्रबलता जमी हुई है उसे उखाड दूर फेंकनेकी मनोभावना रखते हैं ?

यदि इन सब प्रश्नोंका उत्तर 'हां' ऐसा देना है तो, आज ही एक कार्ड लिखकर 'महावीर' की ग्राहक श्रेणिमें अपना नाम दर्ज करा दीजिए; और चाहें तो नमूनेके लिए महावीरका एक अंक मुफ्त मंगा देख लीजिए।

यह पत्र मुनि श्रीजिनविजयजी के संपादकत्वमें गत 'महावीर जयन्ती' के दिनसे प्रकाशित होने लगा है। प्रत्येक मासकी प्रति प्रतिपदा (एकम) के दिन यह पत्र प्रकाशित होता है। इसमें सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक, ऐतिहासिक और विविध विषयके अच्छे अच्छे विद्वानोंके लिखे हुए उत्तम लेख छपते हैं। "जैन धर्म–परिचय" नामक एक मननीय लेखमाला शुरू हुई है जिसमें जैन समाज, इतिहास, साहित्य और तत्त्वज्ञानकी सरल और सुबोध रीतीसे प्रामाणिक चर्चा की जाती है। प्रत्येक जैनको–चाहे श्वेतांबर हो चाहे दिगंबर हो–सभी को इसकी यह लेखमाला अवश्य पढते रहना चाहिए।

पत्रमें गुजराती और हिन्दी दोनों तरह के लेख रहते हैं। वार्षिक मूल्य मनिऑर्डरसे ३ तीन रुपये और वी. पी. से ३। (सवा तीन) रुपये है।

पत्रव्यवहार करनेका पत्ता –

व्यवस्थापक – 'महावीर'
ठि. भारत जैन विद्यालय, पूना सिटी.

Publisher – Seth Keshavlal Manekchand, Jain Sahitya Samshodhaka Samaja,
Fergusson College Road, Poona City.
Printer—Laxman Bhaurao Kokate, "Hanuman Press" Sadashiv, 300 Poona City

संरक्षक—श्रीयुत हरगोविंददास रामजी शाह—मुंबई

॥ अर्हम् ॥

॥ णमो त्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स ॥

खण्ड १] **जैन** [अंक ४

साहित्य संशोधक

इतिहास, साहित्य, तत्त्वज्ञान आदि विषयक सचित्र त्रैमासिक पत्र

संपादक

मुनिराज श्री जिनविजयजी

प्रकाशक—

जैन साहित्य संशोधक कार्यालय

ठि० भारत जैन विद्यालय, पूना सिटी।

वार्षिक मूल्य ५॥ रू०] ❀ [प्रस्तुत अंक मूल्य १॥ रू०

इसे अवश्य पढिए

इस अंकके साथ जैन साहित्य संशोधकका प्रथम खंड समाप्त होता है; इस लिए ग्राहकोंका मूल्य भी पूरा होता है। आगामी अंकसे दूसरा खण्ड प्रारंभ होगा। जो सज्जन दूसरे खण्डके ग्राहक बनना चाहे वे अपना मूल्य, जो साडे पांच रूपया है, मॉनऑर्डर करके यथावकाश भेज दें।

बहुतसे सज्जनोंने इस विषयमें हमें उपालभ दिया है कि पत्र नियमित समय पर नहीं निकलता। उनका उपालभ यथार्थ है, परंतु जिन कठिनाइयोंके कारण हमको अनियमितताका शिकार होना पडता है उनमेंसे कुछकका जिक्र हमने तीसरे अंकके मुखपृष्ठ २ र पर किया है, और विशेष स्मरणार्थ फिर भी उसे यहां पर उध्दृत करते हैं।

* * *

पत्रके संपादक मुनिजीका आजकल अधिक रहना अमदावाद होता है। उनके शिरपर, गुजरातके राष्ट्रीय विद्यापीठकी एक नही पर दो दो संस्थाओंका कार्यभार रहा हुआ है—वे 'गुजरात पुरातत्त्व मंदिर' और 'आर्यविद्या मंदिर' नामक महत्त्वकी संस्थाओंके 'आचार्य' बनाये गये है, इस लिए वहांके कामका संभालना उनका प्रथम कर्तव्य है। जब वहांके कामसे कुछ फुर्सद मिलती है तब वे यहां (पूने) आ कर इस पत्रका काम शुरू करते हैं। यह पत्र इतना बडा है कि इसके छपनेमें कमसे कम दो-ढाई महिने लगते हैं, सो भी प्रेसवालोंकी कृपा होती है तो-नहीं तो इससे भी ज्यादह समय लग जाता है। इस लिए यथासमय पत्र न निकल सके तो उसमें हमारा कोई इलाज नहीं; ऐसा समझना चाहिए।

* * *

दूसरी बात यह है कि इस प्रकारके पत्र सभी इसी तरह नियमित निकला करते हैं। हमारे पत्रकी तो बात जाने दीजिए; खुद गवर्मेंटकी ओरसे प्रकाशित होनेवाले 'इन्डियन एंटीक्वेरी' और 'एपिग्राफिया इन्डिका' जैसे जगप्रसिद्ध जर्नलस् भी कभी कभी १२ महिने पिछने 'लेईट' छपते है।

* * *

यह पत्र कोई कमाईके लिये नहीं निकाला जाता; केवल साहित्यके प्रकाशनार्थ ही प्रकट किया जाता है। इसका खर्च कोई ग्राहकोंकी फीससे पूरा नहीं होता। ग्राहकोंकी जितनी फी आती है उससे तो तिगुनासे भी अधिक खर्च इस संस्थाको गांठका जोडना पडता है। यदि सारा खर्च ग्राहकों ही की जिम्मेवारी पर रखकर इसको प्रकाशित करना हो तब तो इसका मूल्य १५॥ रूपयेका अथवा 'इन्डियन एंटिक्वेरी' आदि जर्नलोंकी तरह २० रूपये वार्षिक रखना पडे। परंतु जैन समाजमें ऐसे विषयोंके जिज्ञासुओंकी उत्कंठाका जब खयाल किया जाय तो शायद एक भी जिज्ञासु ऐसा नहीं निकलेगा जो २० रूपये वार्षिक दे कर इसका ग्राहक बने। इससे पाठक समझ सकेंगे कि जैन साहित्य संशोधककी क्या परिस्थिति है।

* * *

परिस्थितिके ऐसा होने पर भी पत्रके संरक्षक शेठ श्री हरगोविंददास रामजीकी निष्कामभावपूर्ण उदार आर्थिक सहायता और पत्रके संपादक मुनिजीकी जैन साहित्यविषयक सेवापरायणताके विशिष्ट प्रयत्नोंसे जिस प्रकार इस पत्रने अपना प्रथम वर्ष निर्विघ्न रूपसे उत्तमता और सुन्दरताके साथ परिपूर्ण किया है उसी प्रकार यह अपना भावि वर्ष भी करेगा ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।

* * *

यहां पर हम अपने ग्राहकोंसे सिर्फ यह निवेदन करते है कि जिस प्रकार हम अपना कर्तव्य बजानेमें कटिबद्ध हैं उसी प्रकार ग्राहकोंको भी अपना कुछ कर्तव्य बजाना चाहिए। हम ग्राहकोंसे और कुछ नहीं चाहते सिर्फ इतना ही चाहते हैं कि प्रत्येक ग्राहक इस वर्ष एक एक नया ग्राहक बना दें जिससे इस पत्रके लिये उठाया जानेवाला परिश्रम कुछ सफल हो सके।

जैन साहित्य संशोधकना संरक्षक

शेठ हरगोविंददास रामजी शाह

मुंबई.

जैन साहित्य संशोधक समिति

पेट्रन.

श्रीयुत हीरालाल अमृतलाल शाह. बी. ए. मुंबई.

वाईस पेट्रन

श्रीयुत केशवलाल प्रेमचंद मोदी. बी. ए. एल् एल्. बी. वकील अमदावाद.

शेठ चिरंजी लालजी बडजात्या वर्धा.

सहायक.

शेठ परमानंददास रतनजी, मुंबई.

श्रीयुत मनसुखलाल रवजीभाई मेहता, मुंबई.

शेठ कांतिलाल गगलभाई हाथीभाई, पूना.

शेठ केशवलाल मणीलाल शाह, पूना.

शेठ बाबूलाल नानचंद भगवानदास झवेरी, पूना.

लाईफमेंबर.

श्रीयुत बाबू राजकुमार सिंहजी बद्रीदासजी, कलकत्ता.

श्रीयुत बाबू पूरणचंदजी नाहार. एम्. ए. एल्. एल्. बी. कलकत्ता.

शेठ लालभाई कल्याणभाई झवेरी, वडोदरा (मुंबई).

शेठ नरोत्तमदास भाणजी, मुंबई.

शेठ दामोदरदास, त्रिभुवनदास भाणजी, मुंबई.

शेठ त्रिभुवनदास भाणजी जैन कन्याशाला, भावनगर.

शेठ केशवजीभाई माणेकचंद, मुंबई.

शेठ देवकरणभाई मूळजीभाई, मुंबई.

शेठ गुलाबचंद देवचंद, मुंबई.

श्रीयुत मोतीचंद गिरधरलाल कापडिया बी. ए. एल् एल्. बी. सोलीसीटर, मुंबई.

श्रीयुत केशरी चंदजी भंडारी इंदौर.

शाह अमृतलाल एण्ड भगवानदास कुं० मुंबई.

शाह चंदुलाल वीरचंद कृष्णाजी, पूना.

शाह धनजीभाई वखतचंद सागंदवाळा, हाल पूना.

शाह बालुभाई शामचंद, तळेगाम (ढमढेरे).

शाह चुनिलाल झवेरचंद, मुंबई.

शाह भोगीलाल चुनिलाल, सोलापुरबजार, पूना केंप.

जैन साहित्य संशोधकना द्वितीय खण्डमां
केवा केवा विषयो आवशे ते जाणवुं होय

तो आ नीचेनी नोंध ध्यानपूर्वक वांचो

बीजा खण्डमां, जैन धर्मना प्राचीन गौरव उपर अपूर्व प्रकाश पाडनारा अनेक प्राचीन शिलालेखो अने ताम्रपत्रो प्रकट थशे.

बीजा खण्डमां, जैन संघना संरक्षक जुदा जुदा गच्छोनी पट्टावलियो प्रसिद्ध थशे.

बीजा खण्डमां, जैन साहित्यना आभूषणभुत ग्रन्थोना परिचयो अने तेनी प्रशस्तिओ प्रसिद्ध थशे.

बीजा खण्डमां, जैन अने बौद्ध साहित्यनी तुलना करनारा प्रौढ अने गंभिर लेखो आवशे.

बीजा खण्डमां, भगवान् महावीर देवना निर्वाण समय संबंधी जुदा जुदा विद्वानोए लखेला लेखोनां भाषान्तरो तथा स्वतंत्र लेख आवशे.

बीजा खण्डमां, प्रो० वेबरनी लखेली जैन आगमो वेबरनी विस्तृत समालोचना आपवामां आवशे

बीजा खण्डमां, जैन साहित्यमां उल्लेखित प्राचीन स्थळोनां वर्णनो आवशे.

बीजा खण्डमां, बौद्ध साहित्यमां जैन धर्मविषये शा शा विचारो लखाएला छे तेना विचित्र उल्लेखो आवशे.

बीजा खण्डमां, जैन संघमां आज पर्यंत थई गएला बधा प्रसिद्ध पुरुषोनो टुंक परिचय आपवामां आवशे.

आ सिवाय बीजा पण अनेक नाना मोटा अपूर्व अपूर्व लेखो प्रकट करवामां आवशे अने साथे तेवा ज सुन्दर, मनहर, दर्शनीय अने संग्रहणीय अनेक चित्रो पण यथायोग्य आपवामां आवशे.

॥ अर्हम् ॥

॥ णमोत्थु णं समणस्स भगवओ महावीरस्स ॥

जैन साहित्य संशोधक

जैन इतिहास, साहित्य, तत्त्वज्ञान आदि विषयक

सचित्र त्रैमासिक पत्र ।

प्रथम खण्ड

संपादक

मुनिराज श्रीजिनविजयजी

प्रकाशक

जैन साहित्य संशोधक कार्यालय

भारत जैन विद्यालय, पूना सिटी

वीरनिर्वाण संवत् २४४७–विक्रम संवत् १९७७

प्रथमखण्ड–विषयसूचि.

(हिन्दी लेखविभाग)

(गुजराती लेख विभाग)

[इंग्रेजी लेख.]

[परिशिष्ट]

चित्रसूचि.

जैनमंदिर मानस्तंभ, देवगढ़ (झांसी)

|| अर्हम् ||

|| नमोऽस्तु श्रमणाय भगवते महावीराय ||

जैन साहित्य संशोधक

'पुरिसा ! सच्चमेव समभिजाणाहि । सच्चस्साणाए उवट्ठिए मेहावी मारं तरइ ।'

'जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ; जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ ।'

'दिट्ठं, सुयं, मयं, विण्णायं जं एत्थ परिकहिज्जइ ।'

—निर्ग्रन्थप्रवचन–आचारांगसूत्र ।

खंड १] हिन्दी लेख विभाग [अंक ४

LOGIC FOR THE MASSES.

By C. R. JAINA, Bar-at-Low.

[This little article owes its existence to my growing conviction that the real cause of India's downfall has been the disappearance of what might be termed the scientific or logical turn of mind from her people. How to restore this logical tendency to the Indian mind speedily and in a simple manner naturally flowed from such a conviction. The solution of this troublesome problem has at last been found in the Jaina *nyaya* upon which this monogram is grounded. May it fulfil its great purpose, will. I doubt not, be the heartfelt wish of every true patriot.

C. R. JAIN.]

FOREWORD.

Reader,

Has it ever occurred to you to find out why a simple rustic who knows nothing of the three Rs and who is most certainly innocent of all pretensions to logic immediately infers the presence of fire at the sight of smoke? How do

you account for the unerring accuracy of his inference in this matter? Is it not that there is inherent in the human mind a natural capacity for valid deduction independently of a school or collegiate education?

Well, this is what may be termed natural logic which, as you see, is a very simple thing. Compared with this the modern system of logic which forms part of the higher education that is imparted only to advanced students, is but a bundle of artificial forms and formulae. It is cumbersome and too much loaded with technicalities, definitions and diagrams which only go to confuse the mind and confound the sense. Besides, it is meant only for a certain class of college students, is learnt with difficulty and is productive of no practical good outside. Natural logic, on the other hand, is a practical function of life, and, therefore, natural to every man, woman and child. It only requires the drawing of attention to a few principles which can be understood and mastered by any one in a short time. There is certainly nothing in the nature of an impossibility in its principles to place it beyond the reach of the moderately intelligent man in the street. How quickly one masters this branch of practical learning, depends on the way it is imparted to men. Certainly, their failure, if any, is to be laid at the door of their instructor.

It would be out of place to compare in detail the method advocated here with what is taught as logic in our colleges, but it is well-known that the highest achievement of artificial logic is the possession of a set of rigid diagrams and forms which it applies to each and every proposition to test its formal validity quite irrespective of the question whether the statement of fact or facts involved in its premises be, in reality, true or not. The least advantage to be derived from natural logic, on the contrary, is the acquisition of what may be termed the logical turn of mind that seeks to discover and establish actual relations among things and the true principles of causation of events in nature. The highest gain from this system of natural deduction must, consequently, imply a complete mastery over the empire of nature for our individual and racial good.

It only remains to be said that logic is the one science which is the crown of glory of Intellectualism. It is highly practical, useful in every department of learning and the sweetener of life. It was logic which was truly the source of undying fame to the ancient rishis and philosophers of our land; and it is logic whose neglect has reduced us to the lowest level of existence to-day. It is, therefore, the duty of every true well-wisher of India and Indians, as well as of the entire human race, to spread the knowledge of this most important science amongst men; and most certainly it should be taught to our boys and girls in their child-hood to impart to them that logical attitude which is the source of all auspiciousness and good.

Hardoi,
22nd August 1920.

CHAMPAT RAI JAIN,
Bar-at-law.

LOGIC FOR THE MASSES.

LESSON I.

Logic is the method of valid deduction. A valid deduction is only possible where there is a *fixed rule* to lead the mind to a particular conclusion from a given mark or fact.

Illustration.

1. There is fire in this room, because it is full of smoke.

[Here smoke is the mark of fire. The sight of smoke immediately leads one to the conclusion that there is fire in the room, because smoke is not produced except by fire.]

2. It will be Monday to-morrow, because it is Sunday to-day.

Where there is no fixed rule there can be no valid deduction there, *e. g.*, you cannot tell the number of keys in my pocket, because there is no fixed rule that I should always have a partilar number of keys into my pocket and never more or less.

LESSON II.

A fixed logical rule means something more than a mere long course of practice, or a series of disconnected events. Suppose a man has hitherto always carried 5 keys in his pocket and never any more or less : does it entitle any one to say that he will have only five keys in his pocket to-morrow also? No, because we have here only a long course of practice which might be discontinued any moment. Suppose further that I have a friend who is the father of one dozen boys and who has never had a girl born to him, and suppose that his wife expects to become a mother again : can any one say what will be the sex of the next child of my friend? No, because there is no fixed rule in nature that a particular person should always get boys and never a girl.

It is thus evident that a long course of practice or even an uninterrupted series of natural events does not justify an inference which can only be drawn from certain fixed natural or quasi-natural rules.

LESSON III.

There is a fixed logical rule to guide the mind from :--

(1) Cause to effect.

Illustration.

Moist fuel if set burning produces smoke.

(2) Effect to cause.

Illustration.

Where there is smoke there is fire.

(3) Antecedent to consequent.

Illustration.

i Monday following Sunday;
ii Youth following childhood;
iii Old age following youth.

(4) Consequent to Antecedent.

Illustration.

i Saturday preceding Sunday.
ii Youth preceding old age.
iii Childhood preceding youth.

(5) Concomitance.

Illustration.

i Age and experience.
ii Childhood and inexperience.
iii Marks of ripeness and deliciousness of taste in fruit.

(6) Container and contained, *i. e.*, the whole includes the part, or, what comes to the same thing, the attributes of the whole are to be found in the part.

Illustraion.

There is no fruit tree in this garden;

Therefore there is no mango tree in this garden.

The instructor should illustrate these

six kinds of fixed rules by many illustrations.

LESSON IV.

A conclusion may be drawn from an affirmative logical relationship, *e. g.*, wherever there is smoke there is fire. This is called the *anvaya* form. Hence when you see smoke you immidiately say that there must be fire present at its source. But the sight of fire does not entitle you to conclude that smoke must be there too; for while smoke is always caused by fire, every kind of fire does not produce smoke, *e. g.*, red hot charcoal fire. But you may sefely infer from the relationship of fire and smoke that where there is no fire there is no smoke. This is technically known as *vyatireka*.

Thus from the relationship between fire and smoke we can infer

1. the existence of fire wherever there is smoke, and
2. the non-existence of smoke where there is no fire.

But we cannot infer

1. the existence of smoke from fire, nor
2. the non-existence of fire where there is no smoke.

Anvaya and *vyatireka* taken together establish the validity of a logical relationship.

LESSON V.

The argument or reason is either of a contradictory type or of a non-contradictory one. The former of these implies the existence of a fact which is incompatible with the existence of the fact expressed in the conclusion. The other type is the non-contradictory one.

Illustration.

1. There is no fire in this pitcher, because it is full of water.
2. There is fire on thls hill, because there is smoke on it.

The *hetu* (reason) in the first of these illustrations is called contradictory because it (water) is opposed to the nature of fire the presence of absence of which is the subject of inference; the pitcher being full of water which is hostile to and destructive of fire there can be no fire in it. The second illustration is a simple case of non-contradictory *hetu* (reason).

Further illustrations

Non-contradictory affirmative reason :

1. Sound is subject to modification, because it is a product.

(Explanation : All products are liable to modification ; sound is a product ; therefore, sound is subject to modification).

This is an instance of the rule that part is included in the whole, *i. e.*, the attributes of a class are to be found in the individual.

2. There is fire on this hill because there is smoke on it.

(Effect to cause.)

3. It must be raining yonder, because potent rain-bearing clouds are gathered there.

[(Active) Cause to effect.]

4. It will be Sunday to-morrow because it is Saturday to-day.

[Antecedent to consequent.]

5. Yesterday was a Sunday, because it is Monday to-day.

[Consequent to antecedent]

6. This mango has a delicious taste, because it is ripe yellow in colour.

[Concomitance.]

Contradictory negative reason :

7. The atmosphere inside a steam boiler when fire is burning in it is not cold, because heated bodies are not cold.

[This is an instance of the whole and part tpye. Its amplified form would be :--

All heated bodies are not cold. A steam boiler is a heated body when a fire is burning in it.

Therefore, a steam boiler when a fire is burning in it is not cold.]

8. This woman is not barren, because she has a grandchild (which is the effect of the antithesis of female barrenness).

[Effect to cause, antithetical.]

9. This man is not happy, because he has present in him the causes of misery (the opposite of happiness).

[Cause to effect, antithetical].

10. Tomorrow will not be a Sunday, because it is Friday to-day.

[Antecedent to consequent, antithetical.]

11. Yesterday was not a Friday, because it is Tuesday to-day.

[Consequent to antecedent, antithetical]

12. This wall is not devoid of an outside, because it has an inside.

Concomitance, antithetical.]

Non-contradictory negative :

13. There is no oak in this village, because there is no tree in it.

[Whole and part]

14. There are no potent rain-bearing clouds here, because it is not raining here.

[Effect to cause.]

15. There is no smoke in this place, because there is no fire here.

[Cause of effect.]

16. It will not be Sundy to-morrow, because it is not Saturday to-day.

[Antecedent to consequent.]

17. It was not Monday yesterday, because to-day is not Tuesday.

[Consequent to antecedent.]

18. The right hand pan of this pair of scales is not touching the beam, because the other one is on the same level with it.

[Concomitance.]

Contradictory affirmation :

19. This animal is suffering from some disease, because it has not got the appearance of health.

[Effect to cause.]

20 This woman is feeling unhappy, because she has been forcibly separated from her lover.

[Cause to effect, antithetical]

बा ल न्या य

—※—

[लेखकः—श्रीयुत चंपत रायजी जैन, बारिष्टर–ऍट–लॉ.]

(प्रथम वक्तव्य)

अध्यापकजी !

यह लेख जो आपके सम्मुख उपस्थित है; बालकों अर्थात् छठी, सातवीं और आठवी कक्षाके छात्रोंको न्यायमें प्रवेश करानेके लिये लिखा गया है । " युरुपीय–न्याय " तो कालिजहीमें अध्ययन कराया जाता है; किन्तु यह प्रकट है कि जो मनुष्य प्राकृतिक न्यायको जानता है, वह बिना कालिज तक पढे भी उचित नतीजा निकाल सकता है। इससे यह सिद्ध होता है कि प्राकृतिक न्याय अत्यन्त सरल और सुबोध है । मेरा विचार है कि छठी, सातवीं और आठवीं कक्षाके बालकोंको भले प्रकार " न्याय " की शिक्षा दी जा सकती है ।

इसमें योग्यता केवल अध्यापकमें होनी चाहिये, जो कि प्रत्येक पाठ तथा दृष्टान्त भलीभांति विद्यार्थीको समझा दे । इस शिक्षामें स्मरण शक्तिपर बलात् बल डालनेकी कोई आवश्यकता नहीं–यदि छात्रको समझा दिया जाय। और न इसमें कोई बात ऐसी ही है, कि उपरोक्त छात्र भलीभांति न समझ सके । इससे स्वयं छात्रकी नैतिक शक्तियां न्यायका प्रतिबिम्ब हो जायेंगी, और उसका मन स्वयं न्यायमें प्रवृत्त होने लगेगा । आशय यह है, कि यदि बालकों की समझमें न्याय न आये तो अध्यापक महाशयकी त्रुटि है और किसीकी नहीं ।

" न्याय " के गुणोंके बारेमें भी इतना कहना उचित प्रतीत होता है कि बिना इसके जाने हुये बुद्धि तीक्षण नहीं होती, और जो इसको जानता है उसीका जीवन सफल समझना चाहिये । न्याय ही की बदौलत भारत वर्षके प्राचीन कालमें ऋषि, मुनि और विद्वान पंडितगण सारे संसारमें प्रख्यात हो गये ; और न्यायके जाते रहने हीका यह फल है कि वर्तमान कालमें भारतमें चारों ओर अविद्या और अज्ञान फैला हुआ है । अतः जो मनुष्य देश और जातिके शुभचिंतक हैं, उनका कर्तव्य है कि वे यथासंभव शैशवकालहीमें अपनी सन्तान और छात्रोंके मनको "न्याय" में प्रवृत्त करावें ।

इसप्रकार "न्याय" में प्रवेश करनेके अर्थ उचित है कि छठी–सातवीं कक्षा तक तो यही पाठ–जो आप लोगों के सन्मुख उपस्थित हैं–पढाये जायें । तत्पश्चात् आठवी श्रेणीमें " न्याय दीपिका " " परीक्षा मुख " अथवा इसी प्रकारकी किसी अन्य पुस्तका अध्ययन कराया जाय । इस प्रकार छात्रोंमें न्यायकी योग्यता स्वयं बढती जायगी ।

———

प्रथम पाठ

(क)

प्रश्न—बच्चो ! आज रविवार है; तुम बतला सकते हो कि कल कौन दिन होगा ?

उत्तर—सोमवार।

प्र०—क्या तुम बता सकते हो कि कल मंगल, बुध, या बृहस्पति वार क्यों नहीं होगा ?

उ०—क्यों कि रविवारके बाद सदैव सोमवार ही होता है, कभी दूसरा दिन नहीं होता।

प्र०—इस लिये यदि हम यह कहें, कि कल बुध होगा तो क्या हमारा कहना ठीक होगा ?

उ०—नहीं साहब ! आपका ऐसा कहना नितान्त भ्रमात्मक होगा।

(ख)

प्र०—बच्चो ! हमारी जेबमें चाबियोंका एक गुच्छा है; क्या तुम बतला सकते हो कि उसमें कितनी कुंजियें हैं ?

उ०—नहीं साहब !

प्र०—क्यों ?

उ०—इस लिये कि कोई ऐसा नियम नियत नहीं है कि जिससे किसी गुच्छेकी कुंजियोंकी संख्या निर्धारित हो सके।

उपरोक्त प्रश्नोत्तर-रीतिसे यह प्रकट है कि न्यायके अनुसार नतीजा वहीं निकाला जा सकता है कि,

१—जहां कोई निर्धारित नियम हो, और

२—वहां कोई न्यायका नतीजा नहीं निकल सकता जहां कोई निश्चित नियम नहीं है

दूसरा पाठ

बच्चो !

कल तुमको यह बताया गया था कि जहां कोई नियम नहीं है वहां कोई ठीक नतीजा नहीं निकाला जा सकता। आज हम दो उदाहरणोंपर और विचार करेंगे, कि "नियम" से क्या प्रयोजन है।

१—कल्पना करो कि एक ग्वाला सूर्य्य निकलनेसे पूर्व शहरमें दूध बेचनेके लिये मेरे मकानके सामनेसे जाया करता है। और यह भी कल्पना कर लो कि यह मनुष्य ५० वर्षसे लगातार योंही मेरे मकानसे जाता है—और कोई नागा कभी इससे नहीं हुई। तो क्या तुम बता सकते हो, कि प्रातःकाल भी वह मेरे मकान के सामने से गुजरेगा, या नहीं ?

२—कल्पना करो मेरा एक मित्र रामदत्त है जो १२ लडकोंका पिता है; और जिसके आज तक कभी लडकी पैदा नहीं हुई। इस रामदत्तकी पत्नी गर्भवती है। क्या तुम बता सकते हो कि उसका गर्भस्थ—बालक पुत्र होगा या पुत्री ?

इन दोनों प्रश्नोंके उत्तर "नहीं" में है। क्यों कि पहिले प्रश्नमें दूध बेचनेवालेका बीमार हो जाना अथवा किसी अन्य आवश्यककार्य या लाभकारी व्यापारमें लग जाना, या दूध ही का अभाव हो जाना संभव है। दूसरे उदाहरणमें प्रकृतिका कोई ऐसा नियम नहीं है, कि अमुक मनुष्यके घर सदैव लडके ही हों—लडकी कभी न हो।

बस हम देखते हैं कि "न्याय" के नियमका प्रयोजन ऐसी घटनाओंसे नहीं है, जो किसी मुख्य बातमें अब तक प्रचलित रहीं हों; किन्तु उस नियत नियमसे है—जो अबतक सत्य पाया गया है—और भविष्यमें भी कभी असत्य नहीं हो सकता। जैसे बालक—पनका युवावस्थासे पहले होना।

तृतीय पाठ

उपरोक्त निर्धारित नियम ६ प्रकारके हो सकते हैं, अधिक नहीं।

१—कारणके ज्ञात होनेसे कार्य्यका अनुमान। जैसे सुलगते हुये गीले ईंधनसे धुंवाका ज्ञान।

नोट—अध्यापकका कर्तव्य है कि बालकों के मन पर नाना उदाहरणों द्वारा यह सिद्धान्त अंकित कर दे।

२—कार्यसे कारणका ज्ञान ।

उदाहरण—धुंवेसे अग्निका बोध ।

३—पूर्व पक्षसे उत्तर पक्षका बोध ।

उदाहरणः—१—रविवारके पश्चात सोमवारका होना ।

२—शैशव कालके पश्चात् युवावस्था ।

३—युवावस्थाके पश्चात् वृद्धावस्था ।

४—उत्तरपक्षसे पूर्वपक्षका ज्ञान ।

उदाहरण—१रविवारके पूर्व शनिवारका बोध ।

—२वृद्धापेसे पूर्व युवावस्था ।

५—एक साथ होनेवाली बातोंका ज्ञान ।

उदाहरण—१ जैसे वय और अनुभव ।

—२ बालकापन और अबोधता ।

—३ फलमें उसके पकनेके चिन्ह और उसका स्वाद विशेष ।

६—व्याप्य—व्यापक अर्थात् कुलमें जुज (अंश) शामिल है; या यों कहो कि जातिके गुण व्यक्तिमें पाये जाते हैं ।

उदाहरण—१ इस फुलवाडीमें कोई फलदार वृक्ष नहीं है; अतः इसमें आम भी नहीं है ।

अध्यापकका कर्तव्य होगा कि इन ६ प्रकारके नियमोंको भली भांति बालकोंको समझा दे और नाना प्रश्नों द्वारा इस बातका भी निश्चय करा दे कि केवल ६ ही प्रकार के नियम प्रकृति में हैं—न्यूनाधिक नहीं।

चतुर्थ पाठ

बच्चो !

न्यायका सिद्धान्त "धनरूप" नियमसे निकाला जा सकता है, जिसको "अन्वय" कहते हैं ।

उदाहरण—जहां कहीं धुंवा है; वहां अग्नि अवश्य है ।

नोट—समझाने को समझामें जब यह बात साधारण समझ आवे, तो फिर आगे बढ़ ।

इस लिये जब कभी तुम धुंवा देखो तो मनमें तुरन्त नतीजा निकाल सकते हो कि वहां अग्नि अवश्य होगी; किन्तु अग्निको देख कर तुम यह नहीं कह सकते कि धुंवा भी वहां है । क्यों कि धुंवा तो बिना आगके हो नहीं सकता; किन्तु आग बिना धुंवाके भी हो सकती है । जैसे सुलगते हुये अंगारे की आग । और आग तथा धुंवेके पारस्परिक संबंधसे तुम यह भी नतीजा निकाल सकते हो कि जहां जहां आग नहीं होती वहां वहां धुंवा भी नहीं होता । क्यों कि धुंवा बिना आगसे नहीं होता । यह 'ऋणरूप' है और इसको 'व्यतिरेक' कहते हैं ।

बस यह प्रकट है कि आग और धुंवेके संबंधसे ४ नतीजे निकलते हैं ।

१—अग्निका ज्ञान धुंवेके ज्ञानसे ।

२—धुंवेके अभावका ज्ञान अग्निके अभावके ज्ञानसे।

३—धुंवेका ज्ञान अग्निके ज्ञानसे ।

४—अग्निके अभावका ज्ञान धुंवेके अभावके ज्ञानसे।

इनमेंसे पहिले दो तो नियमानुसार हैं और इस कारणसे ठीक हैं । और पिछले दो नियमके प्रतिकूल हैं अतः ठीक नहीं । जहां अन्वय और व्यतिरेककी तुलना होती है, वहां नियम सिद्ध समझा जाता है । यथा—

१—जहां जहां धुंवा होता है वहां वहां अग्नि होती है । (अन्वय)

२—जहां जहां अग्नि नहीं होती वहां वहां धुंवा भी नहीं होता । (व्यतिरेक)

पञ्चम पाठ

बच्चो !

इस उदाहरणमें कि "इस पहाडपर अग्नि है, क्यों कि इसपर धुंवा है" अग्निको साध्य कहते हैं और धुंवेको हेतु ।

साध्य वह कहा जाता है जो सिद्ध किया जाय ।

हेतु वह है जिसके द्वारा साध्यकी सिद्धी हो।

यह हेतु साध्यका चिन्ह या संबंधी हुआ करता है; जैसे अग्निका चिन्ह धुंवा । क्यों कि धुंवा किसी और वस्तुका चिन्ह नहीं है । कारण यह कि धुंवा अग्नि हीसे पैदा होता है; और अग्निके अभावमें नहीं पैदा हो सकता । अतः वह अग्नि हीका चिन्ह है और इसी कारणसे तुरन्त अग्निका बोध करा देता है ।

हेतु दो प्रकार का होता है, विरुद्ध व अविरुद्ध ।

विरुद्ध— वह है जो साध्यके विरोधी का चिन्ह हो और जिससे साध्यके प्रतिकूल नतीजा निकले । जैसे इस घड़ेमें आग नहीं है; क्यों कि यह पानीसे भरा हुआ है । यहां पानी अग्निका विरोधी है । अतः अग्निके अस्तित्वका निषेध करता है ।

अविरुद्ध हेतु—वह है जो सरलता पूर्वक साध्यके अस्तित्वको सिद्ध करता है । जैसे इस पहाड की चोटीपर आग है, क्यों कि वहांसे धुंवा उठ रहा है ।

(विभिन्न उदाहरण)

(क) अविरुद्ध-विधि-साधक अर्थात् जिनसे अस्तित्व सिद्ध हो । जैसे--

१—शब्द परिणामी होता है; क्योंकि वह कियासे उत्पन्न होता है ।

यह उदाहरण व्याप्य-व्यापकके संबंधमें है; जिसका पुरा रूप इस प्रकार बैठता है । शब्द परिणामी होता है क्योंकि वह कार्यसे उत्पन्न होता है । जो जो किये हुये होते हैं वे वे पदार्थ परिणामी होते हैं । जैसे घट । उसी प्रकार शब्द भी किया जाता है, अतएव वह भी परिणामी होता है । अथवा जो पदार्थ परिणामी नहीं होते वे किये भी नहीं जाते । जैसे बन्ध्या स्त्रीका पुत्र । बस उसी प्रकार शब्द कृतक होता है इसी कारण परिणामी भी होता है ।

२—इस प्राणीमें बुद्धि है; क्यों कि बुद्धिके कार्य बचन आदि इसमें पाये जाते है । यहां बुद्धि साध्य है और बचनादि हेतु । कार्यसे कारण का ज्ञान होता है ।

३—यहां छाया है; क्योंकि छत्र मौजूद है । यहां समर्थ कारणसे कार्यका बोध हुआ ।

४—कल इतवार होगा; क्यों कि आज शनिवार है। यहां पूर्व-पक्षसे उत्तर-पक्षका ज्ञान हुआ ।

५—कल इतवार था; क्यों कि आज सोमवार है । यहां उत्तर-पक्षसे पूर्व-पक्ष का ज्ञान हुआ ।

६—इस आममें रस है; क्यों कि यह पका हुआ पीले रंगका है । यह सहचरका उदाहरण है ।

(ख) विरुद्ध-निषेध-साधक ।

७—यहां शीत स्पर्श नहीं है; क्यों कि अग्नि-ताप मौजूद है । यहां अग्नि, शीत से विरुद्ध है और ताप, अग्नि का व्याप्य है । अतः वह अग्नि का ज्ञान कराता है ।

८—यह मनुष्य अस्वस्थ है; क्यों कि शय्याग्रस्त है । यह उदाहरण कार्यसे कारणके निषेधका ज्ञान विरुद्ध रूप से कराता है। क्यों कि स्वास्थ्यके निषेधका बोध होता है—उसके विरोधी बीमारीके कार्य अर्थात् शय्या-ग्रस्त होने से ।

९—इस जीवको सुख नहीं है; क्यों कि उसके हृदयमें व्यग्रता मौजूद है । यहां दुखका कारण हृदयकी व्यग्रता है । अतः वह दुखको जनावेगी और दुखके अस्तित्वमें—जो सुखका विरोधी है—सुख का होना असम्भव है ही ।

१०—कल इतवार नहीं होगा; क्यों कि आज शुक्र है । यह उदाहरण पूर्व-पक्षसे उत्तर पक्षका है । शुक्रवार यहां शनिवारका विरोधी माना गया है ।

११—कल शुक्रवार नहीं था; क्यों कि आज मंगल है । यहां मंगलको बृहस्पतिका विरोधी मानकर उत्तर पक्षसे पूर्व पक्षका अनुमान किया है ।

१२—इस भीतमें उस ओरके भागका अभाव नहीं है; क्यों कि इस ओरका भाग मौजूद है । यह सहचरका दृष्टान्त हुआ ।

(ग) अविरुद्ध-निषेध-साधक ।

१३—इस नगरमें शीसम नहीं है; क्यों कि यहां

वृक्षका अभाव है। यह उदाहरण व्याप्य-व्यापकके संबंधमें है।

१४—यहां बरसाऊ बादल नहीं है; क्यों कि यहां वर्षा नहीं हो रही। यह उदाहरण कार्य्य-कारणके संबंधका है।

१५—यहां धुंवा नहीं है; क्यों कि यहां अग्नि नहीं है। यहां कार्य्यसे कारणकी ओर ध्यान गया।

१६—कल रविवार नहीं होगा; क्यों कि आज शनिवार नहीं है।

१७—कल सोमवार नहीं था; क्यों कि आज मंगल नहीं है।

१८—इस तराजूका दाहिना पलडा डंडीको नहीं छू रहा है; क्यों कि दूसरा पलडा उसके बराबर है। यह सहचरका उदाहरण है।

(घ) विरुद्ध-विधि-साधक।

१९—इस प्राणीमें रोग है; क्यों कि इसकी चेष्टा निरोग नहीं पाई जाती।

२०—इस स्त्रीके हृदयमें पीडा है; क्यों कि यह अपने पतिसे हठात् पृथक् कर दी गई है।

अध्यापक महाशय को उचित है कि नाना उदाहरणों द्वारा इन चारों किसमके अनुमानोंका ज्ञान बालकोंको करा दें॥ इति।

सम्पादकीय टिप्पणी—ऊपरके दोनों लेख (इंग्रेजी और हिन्दी) लेखक महाशयने, खास करके बालकोंको न्यायशास्त्रका सरल रीतिसे बोध करा देनेके हेतुसे लिखे हैं। मनुष्यमें रही हुई बुद्धि-शक्तिको विकसित करने और सत्यासत्यके विचारकी जिज्ञासाको तृप्त करने में एकमात्र साधन न्यायशास्त्र ही है। न्यायवेत्ताओंकी दृष्टिमें जिस मनुष्यने न्यायशास्त्रका अध्ययन नहीं किया वह, चाहे, फिर अन्य सभी विषयोंमें पारंगत क्यों न हो, परंतु " बाल " ही कहलाता है। " अधीतव्याकरणकाव्यकोशोऽनधीतन्यायशास्त्रः बालः । " (जिसने व्याकरण, काव्य, कोश आदिका अध्ययन तो कर लिया है परंतु न्यायशास्त्रका अध्ययन नहीं किया वह 'बाल' ही है) यह नैयायिकोंके " बाल " का लक्षण है। इस लक्षणमें सत्यता अवश्य रही हुई है। क्यों कि विना न्यायशास्त्रका अध्ययन किये मनुष्य सत्यासत्यका भी निर्णय नहीं कर सकता और पदार्थके कार्य-कारणका भी ज्ञान नहीं कर सकता। न्यायतत्त्वके जाने बिना मनुष्यकी बुद्धिशक्ति कुंठित हो रहती है और विचारशक्ति अन्धी बनी रहती है। अतः इस कथनमें कोई भी अत्युक्ति नहीं है कि न्याय शास्त्रके अध्ययन विनाका मनुष्य बिलकुल " बाल " ही है।

भारतके प्राचीन विद्वानोंने न्यायशास्त्रका कितना सूक्ष्म और विस्तृत परिशीलन किया है इसकी साधारण जनोंको तो कल्पना भी आनी कठिन है। उन्होंने एक एक विषयपर तो क्या परंतु एक एक मामूली विचारपर भी सेंकडों ग्रंथ और हजारों श्लोक लिख डाले हैं! उनके इन गहन तर्कोंको देख कर आज कलके विद्वान् मनुष्यका मस्तिष्क भी चकराने लगता है तो फिर औरोंकी तो बात ही क्या। एक तो यों ही यह विषय कठिन है और फिर उसपर इनकी भाषा संस्कृत होकर इसकी शैली उससे भी कठिनतर है। इस लिये विना संस्कृतका अच्छा अभ्यास किये न्यायतत्त्वका ज्ञान होना आज प्रायः हमारे देशवासियोंके लिये दुर्लभ्य हो रहा है। इस दुर्लभताको कुछ सुलभ बनानेके लिये और सर्व साधारणको सहज ही में इस विषयका परिचय प्राप्त करा देनेके लिये श्रीयुत जेनीजीने यह प्रशंसनीय प्रयत्न किया है। आप इस बारेमें लिखते हैं कि—" मेरा दृढ विश्वास है कि मनुष्य यदि प्राकृतिक नियमोंका विधिपूर्वक अनुशीलन कर ले तो न्यायशास्त्रका दुरूहपथ उसके लिये भलीभांति प्रशस्त हो सकता है। इसी विचारको भविष्यमें कार्य रूप प्रदान करनेके निमित्त यह लेख प्रकाशित कराया जाता है। ताकि इस शास्त्रके धुरंधर विद्वानों द्वारा इसकी उचित समालोचना हो जाय। अगर इन नियमोंमें यदि किसी महानुभावको संशोधन करनेकी आवश्यकता प्रतीत हो तो पूरी छानबीनके बाद कर दी जाय। इस लेख द्वारा इस शैलीकी उपयोगिता सिद्ध हो जाने पर इस विषयको पुस्तकाकार प्रकाशित करनेका उद्योग किया जायगा। जिससे मातृभाषा भाषी छात्र न्यायमें प्रवेश करके सत्यासत्यका स्वयं निर्णय कर सकें। "

आशा है कि विद्वानवर्ग जेनी महाशयके इस उच्च आशयको लक्ष्यमें लेकर इस बारेमें अपनी योग्य सम्मति प्रकाशित करेंगे।

दक्षिण भारतमें ९ वीं-१० वीं शताब्दिका जैन धर्म ।

[लेखकः—स्वर्गस्थ कुमार देवेन्द्र प्रसादजी जैन]

गंग वंश ।

भारतवर्षके प्राचीन राजवंशोंमें पश्चिमके गंगवंशीय राजा जैनधर्मके कट्टर अनुयायी थे । यह बात परम्परासे चली आई है कि नंदीगण सम्प्रदायके सिंहनन्दी नामक एक जैनधर्मके आचार्यने, गंगवंशके प्रथम राजा शिवमारको राज्यसिंहासन प्राप्त करनेमें सहायता दी थी । एक शिलालेखमें इस बातका वर्णन है कि शिवमार कोंगुणी वर्मा सिंहनन्दीका शिष्य था, और दूसरेमें यह कि सिंहनन्दी मुनिकी सहायता से गंगवंश वैभवसंपन्न हुआ । एतदर्थ इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जैन-ग्रन्थोंमें इस भावके श्लोक पाए जायें कि गंगवंशीय राजा सिंहनन्दीकी चरणवन्दना करते हैं[3] । अथवा जिस राजवंशका जन्म एक जैन धर्माचार्यकी कृपासे हुआ हो उसके राजाओंका कट्टर जैनधर्मावलम्बी होना भी कोई आश्चर्यकी बात नहीं है । ऐसे लेख विद्यमान हैं जो इस बातको निस्संदेह सिद्ध कर देते हैं कि गंगवंशीय राजा जैनधर्मके उन्नायक और रक्षक थे । ईस्वीकी चौथीसे बारहवीं शताब्दी तकके अनेक शिलालेखोंसे इस बातका प्रमाण मिलता है कि गंगवंशके शासकोंने जैन मन्दिरोंका निर्माण किया, जैन प्रतिमाओंकी स्थापना की, जैनतपस्वियोंके निमित्त चट्टानोंसे काट काटकर गुफाएं तैयार कराई और जैनाचार्योंको दान दिया ।

मारसिंह द्वितीय ।

इस वंशके एक राजाका नाम मारसिंह द्वितीय था, जिसका शिलालेखोंमें धर्ममहाराजाधिराज 'सत्यवाक्य' कोंगुणिवर्मा—परमानडी मारसिंह नाम मिलता है । इस राजाका शासन काल चेर, चोल, और पाण्ड्य वंशोंपर पूर्ण विजयप्राप्तिके लिये प्रसिद्ध है । मारसिंह द्वितीयने अपने शत्रु वज्जलदेवके साथ सर्वोत्कृष्ट विजय प्राप्त किया और गोनूर और उच्छंगीमें उसने बहुत घनघोर युद्ध लडे । जैन सिद्धान्तोंका सच्चा अनुयायी होनेके कारण इस महान नृपने अत्यन्त ऐश्वर्यसे राज्य करके राजपद त्याग दिया और धारवार प्रांतके बांकापुर नामक स्थानमें अपने प्रसिद्ध धर्म-गुरु अजितसेनके सन्मुख

---

१ देखो Repertoire d'epigraphie Jaina (A. A. Guerinot शिलालेख न. २१३ और २१४; तथा चन्द्रगिरि पहाड़ी पर स्थित पार्श्वनाथवस्तीके शिलालेखका निम्न लिखित पद्य—

"योऽसौ घातिमलाद्विषद्बलशिला-स्तम्भावली-खण्डन-
ध्यानासिः पटुरर्हतो भगवतः सोऽस्य प्रसादीकृतः ।
छात्रस्यापि स सिंहनन्दिमुनिना नो चेत् कथं वा शिला-
स्तम्भो राज्यरमागमाध्वपरिघस्तेनासिखण्डो घनः"॥
(श्रवण बेलगोल शिलालेख, नं. ५४, पृष्ठ ४२)

२ सलेम जिलाकी Manual-Revd. T. F. Foulkes द्वितीय भाग, पृ० ३६८ का निम्न लिखित पद्य देखिए—

"यस्याभवत् प्रवरकाश्यपवंशजोऽग्रे
कण्वो महामुनिरनल्पतपःप्रभावः ।
यः सिंहनन्दिमुनिपप्रतिलब्धवृद्धि—
र्गंगान्वयो विजयतां जयतां वरः सः ॥"

लुईस राईसके पाठानुसार 'महिप' की जगह 'मुनिप' पाठ दिया है, जो ठीक संगत मालूम देता है ।

३ "श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्रीसिंहनन्दिव्रति—
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुपः सम्यक्त्वचूडामणिः ॥
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्द्धनसुधासूतिर्महीमण्डले
रेजे श्रीगुणभूषणो बुधनुतः श्रीराजमल्लो नृपः ॥"
(बाहुबली चरित्र, श्लोक ८)

तीन दिनोंके व्रतसे शरीर त्याग दिया। मारसिंह द्वितीयकी समाधिका लेख कूगे ब्रह्मदेव खंम नामक स्तम्भके निम्न भागमें चारों ओरके शिलालेखोंमें विद्यमान है। वह स्तम्भ श्रवण बेलगोल (माइसोर) की चन्द्रगिरी पहाडियोंपर स्थित मन्दिरोंके द्वारपर है[४]। यद्यपि इस लेखमें कोई तिथि नहीं लिखी है,—तथापि मारसिंह द्वितीयके मृत्युकी तिथि एक दूसरे शिलालेखके आधारपर सन ९७५ ई० निश्चय की गई है[५]।

चामुण्डराय।

चामुण्डराय या चामुण्डराज इस महान नृपतिका[६] सुयोग्य मंत्री था। इस मन्त्रीके शौर्यही के कारण मारसिंह द्वितीय वज्जलसे तथा गोनूर और उच्छंगीके रणक्षेत्रोंमें विजय प्राप्ति कर सका। श्रवणबेलगोलके एक शिलालेखमें चामुण्डराय की इस प्रकार प्रशंसा की हुई है—" जो सूर्यकी भांति ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी उदयाचलके शिरको मणिकी नाईं भूषित करता है; जो चंद्रमाकी भांति अपने यशरूपी किरणोंसे ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी समुद्रकी वृद्धि करता है; जो ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी खानियुक्त-पर्वतसे उत्पन्न मालाका मणि स्वरूप है और जो ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी अग्निको प्रचण्ड करनेके हेतु प्रबल पवनके समान है; ऐसा चामुण्डराय है।

"कल्पान्त क्षुभित समुद्रके समान भीषणबलवाले और पातालमलके अनुज वज्जलदेवको जीतनेके हेतु इन्द्र नृपतिकी आज्ञानुसार, जब उसने भुजा उठाई; तब उसके स्वामी नृपति जगदेकवीरके विजयी हाथीके सन्मुख शत्रुकी सेना इस प्रकार भाग गई जैसे दौडते हुए हाथीके सन्मुख मृगोंका दल।

"जिसकी उसके स्वामीने नोलम्बराजसे युद्धके समय इस प्रकार प्रशंसा की थी " जो वज्ररूप दांतोंसे शत्रुके हाथियोंके मस्तकको विदीर्ण करता है और जो शत्रुरूपी हिंस्र जीवोंके लिये अंकुशके समान है। ऐसे हाथीवत् आप जब वीरसे वीर योद्धाओंके सन्मुख विराजमान हैं तो ऐसा कौन नृप है जो हमारे कृष्णवाणोंका ग्रास न बने"।

" जो नृप रणसिंहसे लडते हुए इस प्रकार गर्ज कर बोला, " हे नृपति जगदेकवीर! तुम्हारे तेजसे मैं एक क्षणमें शत्रु को जीत सकता हूं, चाहे वह रावण क्यों न हो, उसकी पुरी लंका क्यों न हो, उसका गढ त्रिकूट क्यों न हो, और उसकी खाई क्षारसमुद्र क्यों न हो। "

" जिसको स्वर्गांगनाओंने यह आशीर्वाद दिया था " हम लोग इस वीरके बहुतसे युद्धोंमें उसको कण्ठालिंगनसे उत्कंठित हुई थीं, परन्तु अब उसकी खडगकी धारके पानीसे हमलोग तृप्त हुई हैं। हे रणरंगसिंहके विजेता! तुम कल्पांत तक चिरंजीव रहो। जिसने चलदंकगंग नृपतिकी अभिलाषाओंको व्यर्थ कर दिया, जो अपने भुजविक्रमसे गंगाधिराज्यके वैभवको हरण करना चाहता था; और जिसने वीरोंके कपालरत्नोंके प्याले बना कर और उनको वीरशत्रुओंके शोणितसे भरकर खूनके प्यासे राक्षसोंकी अभिलाषाको पूर्ण कियां[७-८]।" उपरोक्त शिलालेख स्वयं चामुण्डराजका लिखा हुआ अपना वर्णन है। परन्तु ऐसा जान पडता है इस शिलालेखका अधिक भाग अप्राप्य है। ऐसा मालूम देता है कि हेग्गडे कन्नने, अपने लिए केवल अढाई पंक्तिओंका लेख लिखनेके लिए, चामुण्डरायके मूल—लेखको तीन ओर अच्छी तरहसे घिसा दिया; और केवल एकही ओरके लेखको

---

४ देखो, लूईसराईस रचित 'श्रवणबेलगोलके शिलालेख' नं ३८।

५ देखो, मेलागानिका शिलालेख जिसको लुईस राईसने अपने 'श्रवण बेलगोलके शिलालेखोंकी भूमिकाकी पाद टीकामें उद्धृत किया है। पुनः देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ५, शिलालेख नं. १८।

६ इन्द्र चतुर्थ, तृतीय कृष्णका पौत्र—देखो 'एपिग्राफिया इन्डिका' भाग ५, लेख नं० १८।

७–८ "ब्रह्मक्षत्रकुलोदयाचलशिरोभूषामणिर्भानुमान
ब्रह्मक्षत्रकुलाब्धिवर्द्धनयशोरोचिः सुधादीधितिः।
ब्रह्मक्षत्रकुलाकराचलभवश्रीहारवल्लीमणिः
ब्रह्मक्षत्रकुलाग्निचण्डपवनश्चामुण्डराजोऽजनि॥
कल्पान्तक्षुभिताब्धिभीषणबलं पातालमल्लानुजम्
जेतुम् वज्जलदेवमुद्यतभुजस्येन्द्रक्षितीन्द्राज्ञया।

रख छोड़ा, जिसका अनुवाद ऊपर दिया है। "चामुण्डरायने एक ग्रन्थकी रचना की जिसका नाम चामुण्डराय पुराण है और जिसमें २४ तीर्थंकरोंका संक्षिप्त इतिहास है और उसके अन्तमें ईश्वर नाम शक संवत्सर ९०० (९७८ ईस्वी) उसकी तिथि दी हुई है"। उपरोक्त शिलालेखके श्लोकोंमें दिया हुआ वर्णन चामुण्डरायपुराणके वर्णनसे मिलता जुलता है। उस पुराणके प्रारंभके अध्यायमें यह लिखा है कि उसका स्वामी गंगकुल चूडामणि जगदेकवीर नोलम्बकुलान्तक-देव था; और वह ब्रह्मक्षत्रवंशमें उत्पन्न हुआ था। अन्तके अध्यायमें यह लिखा है कि वह अजितसेनका शिष्य था।

पत्यः श्रीजगदेकवीरनृपतेर्जैत्रद्विपस्याग्रतो
धावद्दन्तिनि यत्र भग्नमहतानीके मृगानीकवत्।।
अस्मिन् दन्तिनि दन्तवज्रदलितद्विट्कुम्भिकुम्भोपलं
वीरोत्तंसपुरोनिषादिनि रिपुव्यालाङ्कुशे च त्वयि।
स्यात् को नाम न गोचरः प्रतिनृपो मद्बाणकृष्णोरगग्रासस्येति नोलम्बराजसमरे यः श्लाघितः स्वामिना।।
खातः क्षारपयोधिरस्तु परिधिश्चास्तु त्रिकूटः पुरी—
लङ्कास्तु प्रतिनायकोस्तु च सुरारातिस्तथापि क्षमे।
तं जेतुं जगदेकवीरनृपते त्वत्तेजसीतिक्षणान्
निर्व्यूढं रणसिंहपार्थिवरणे येनोर्जितं गर्जितम्॥
वीरस्यास्य रणेषु भूरिषु वयं कण्ठग्रहोत्कण्ठया
तृप्ताः सम्प्रति लब्धनिर्वृतिरसास्तत्-खड्गधाराम्भसा।
कल्पान्तं रणरङ्गसिंहविजयि जीवेति नाकाङ्गना
गीर्वाणीकृतराजगन्धकरिणे यस्मै वितीर्णाशिषः।।
आक्रुष्टुं भुजविक्रमादभिलषन् गङ्गाधिराज्यश्रियं
येनादौ चलदंकगङ्गनृपतिर्व्यर्थाभिलाषी कृतः।
कृत्वा वीरकपालरत्नचषके वीरद्विषः शोणितं
पातुं कौतुकिनश्च कोणपगणाः पूर्णाभिलाषीकृताः।।

(त्यागद ब्रह्मदेवस्तम्भका शिलालेख, ई. स. ९८३; देखो, ल. रा. श्रवणबेलगोल. पृष्ठ ८५।)

९. लुईस राईस 'श्रवणबेलगोलके शिलालेख' भूमिका पृ. २२; तथा कर्नल मेकेञ्जीका कलेक्शन (एच. एच. विल्सनद्वारा संपादित, भाग १, पृ. १४६; जहां यह लिखा है कि चामुण्डराय पुराणमें जैन धर्मके ६३ प्रसिद्ध पुरुषोंका वर्णन है।

तथा कृतयुगमें वह षण्मुख था, त्रेतामें राम, द्वापरमें गाण्डीवि और कलियुगमें वीर मार्तण्ड था। फिर उसकी अनेक उपाधियोंके प्राप्त होनेके कारण लिखे हैं। खेडग युद्धमें विज्जलदेवको परास्त करनेसे उसको समरधुरन्धरकी उपाधि मिली। नोलम्बयुद्धमें गोनूर नदीकी तीर, उसकी वीरतापर 'वीरमार्तण्ड' की उपाधि, उच्छंगी गढके युद्धके कारण'रणरंगसिंह'की उपाधि,बागलूरके किलेमें 'त्रिभुवन-वीर' और अन्य योद्धाओंका वध करने और गोविन्दको उस किलेमें प्रवेश कराने के उपलक्ष्यमें 'वैरीकुलकालदण्ड' की उपाधि; काम नामक नृपति के गढमें राजा तथा अन्य लोगोंको हरानेसे 'भुजविक्रम' की उपाधि, अपने कनिष्ठ भ्राता नागवर्मा को उसके द्वेषके कारण मारडालने के निमित्त 'चलदंकगंग' की उपाधि; गंगभट मुद्दु गाचय्यके वधसे 'समर-परशुराम' और 'प्रतिपक्ष-राक्षस' की उपाधियां; सुभटवीर के गढको नाश करनेके कारण 'भटमारि' की उपाधि; अपनी और दूसरोंके वीरगुणोंकी रक्षाके कारण 'गुणवं काव' की उपाधि; उसकी उदारता एवं सद्गुण आदिके कारण 'सम्यक्त्व रत्नाकर' की उपाधि; दूसरोंके धन दारा हरण की इच्छा न करनेसे 'शौचाभरण' की उपाधि; हास्यमें भी कभी असत्य न बोलनेसे 'सत्य युधिष्ठिर' की उपाधि; अत्यन्त वीर योद्धाओंके शिरोमणि होनेके कारण 'सुभटचूडामणि' की उपाधि मिली। अन्तमें अपने ग्रन्थमें वह अपनेको 'कविजनशेखर' भी कहता है।

इन उपरोक्त उल्लेखोंमेंसे बहुतोंका और कहीं वर्णन नहीं है। परन्तु यह बात ध्यान देने योग्य है कि इतने प्रसिद्ध और गौरवान्वित कार्योंके साथ उसके एक भी धार्मिक कार्यका वर्णन नहीं है। प्रत्युत आदिसे अन्त तक युद्ध और रक्तपातकी ही कथा वर्णित है।[१०]

परन्तु इस बातको सिद्ध करने के लिए सन्देह रहित प्रमाण उपस्थित है कि वृद्धावस्था प्राप्त होनेपर चामुण्ड-

१० देखो, लुईस राईस, 'श्रवण बेलगोलके शिलालेख, 'भूमिका, पृ. ३४.

राय अधिकतर अपने गुरु अजितसेनकी सेवामें, धार्मिक विचारोंमेंही, अपना समय व्यतीत करता था और श्रवण बेलगोल (माइसोर) के विन्ध्यगिरि और चन्द्रगिरि पर गोमटेश्वर और नेमिनाथकी विशाल मूर्तियोंकी स्थापना करने और अपनी सम्पत्तिके अधिक भागका इन मूर्तियोंकी पूजामें व्यय करने के कारण उसका नाम जैनमतके महान् उन्नायकों में अमर हो गया ।

राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीय ।

गंगवंशीय मारसिंह द्वितीयके मरणोपरान्त पाञ्चालदेव, जिसका पूरा नाम धर्ममहाराजाधिराज सत्यवाक्य कोंगुणी वर्मा पाञ्चलदेव था, सिंहासनारूढ हुआ । उसके अनन्तर राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीय[11] राजा हुआ जिसका पूर्ण नाम धर्म–महाराजाधिराज सत्यवाक्य कोंगुणीवर्मा राचमल्ल था । चामुण्डराज राचमल्ल अथवा राजमल्ल द्वितीयका भी मन्त्री था । एक शिलालेखमें लिखा है, " राय (अर्थात् चामुण्डराय) नृपति राचमल्ल का श्रेष्ठ मन्त्री "[12] , और दूसरे में " चामुण्डराय जो वैभवमें नृपति राचमल्ल का द्वितीय है "[13] बाहुबली–चरित्र नामक एक जैनग्रन्थमें यह लिखा है कि राजमल्ल नामक एक नृपति था, जो सिंहनन्दी मुनिका चरणोपासक था। चामुण्डभूप (अथवा राज) उसका मन्त्री था ।[14]

एक हस्तलिखित पुस्तकमें लिखा है कि " चामुण्डराय जो ' रणरङ्गमल्ल ' 'असहाय–पराक्रम' 'गुणरत्नभूषण' 'सम्यक्त्व–रत्न–निलय' आदि उपाधिधारी है, जो सिंहनन्दी महामुनिद्वारा अभिनन्दित गंगवंशीय नृपति राजमल्लदेवका महामात्य (प्रधानमन्त्री) है "[15] ।

चामुण्डराय द्वारा स्थापित मूर्तियों और मन्दिरों का वर्णन करनेके पूर्व यह उत्तम होगा कि हम उन स्थानोंका संक्षेप वर्णन करें जिनमें उक्त धार्मिक स्मारक स्थित हैं और जो आजकल जैनयात्रियोंके लिये अत्यन्त पवित्र तीर्थ है ।

श्रवण बेलगोल ।

श्रमण बेलगोल अर्थात् श्रमण या जैनियोंका बेलगोल माइसोरमें हसन जिलेके चन्नरायपत्न तालुकेमें एक ग्राम है। हल्ल बेलगोल और कोडी बेलगोल नामक दो बेलगोलोंसे पृथक् करनेके लिये यहां बेलगोलके पूर्व श्रवण शब्दका प्रयोग हुआ है । कानडी भाषामें बेलगोलका अर्थ है "श्वेतसरोवर" और बहुतसे शिलालेखोंमें " धवल सरोवर " " धवल सरस " और " श्वेतसरोवर " का उल्लेख है,[16] और उस स्थान पर स्थित मनोहर सरोवर ही के कारण उसका यह नाम पडा होगा । वहां दो पहाडियां हैं । एक उसके उत्तरमें और एक दक्षिणमें । उनके

---

[11] डॉ० फ्लीटके मतमें राचमल्ल नाम शुद्ध है (देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ५, लेख नं. १८) और कुछ शिलालेखोंमें भी यह नाम मिलता है, पर जिन जैनलेखोंका हमने भूमिकामें उध्दृत किया है वे राजमल्ल नाम हीका उपयोग करते हैं । और देखो, एपिग्राफिया करणाटिका, भाग २, लेख नं. १०७.

[12] ' राचमल्ल भुवरवर मंत्री–रायने । '

(भांडारी बस्ती शिलालेख, लु. रा. श्रवण बेलगोल, लेख पृ० १०३)

[13] " राचमल्ल जगन नुतन आभीभिपण द्वितीयविभवं चामुण्डरायम " (द्वारपालक दरवाजे के बाई ओरका शिलालेख, देखो, लु. रा. श्रवण० पृ० ६७

[14] "श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्रीसिंहनन्दिव्रति—
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुपः सम्यक्त्वचूडामणिः ।
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्धनसुधासूतिर्महीमण्डले
रेजे श्रीगुणभूषणो बुधनुतः श्रीराजमल्लो नृपः ॥...
तस्यामात्यशिखामणिः सकलवित् सम्यक्त्वचूडामणि
र्भव्याम्भोजविरोचनमणिः गुरुजनवनिःश्वातचूडामणिः ।
ब्रह्मक्षत्रियवैश्यशुक्तिमणिः कीर्त्यौघमुक्तामणिः
पादन्यस्तमहीशमस्तकमणिश्चामुण्डभूपोऽग्रणीः ॥"
(बाहुबलीचरित्र, श्लोक ६—११)

[15] सिंहनन्दिमुनीन्द्राभिनन्दितगङ्गवंशललाम......
श्रीमद्राजमल्लदेव—महीवल्लभमहामात्यपदविराजमान—रणरङ्गमल्ल—सहायपराक्रम—गुणरत्नभूषण—सम्यक्त्वरत्ननिलयादिविविधगुणग्रामनामसमासादितकीर्ति...श्रीमच्चामुण्डराय—भव्यपुण्डरीक—द्रव्यानुयोगप्रश्नानुरूपं......"
(अभयचन्द्र त्रैविद्यचक्रवर्तीरचित गोमटसार टीका)

[16] श्रवण० शिलालेख नंबर १०८ तथा ५४.

नाम क्रमशः चन्द्रगिरि और विन्ध्यगिरि हैं, जिनपर जैनियोंके मन्दिर और प्रतिमाएं हैं; और शिलालेख भी हैं जिनसे जिनमतके प्राचीन इतिहासपर बहुत प्रकाश पडता है। एक परम्परागत किन्वदन्तीके अनुसार चन्द्रगिरि नाम चन्द्रगुप्तके कारण पडा है, जो अपने गुरु भद्रबाहु और उसके १२००० शिष्योंके साथ एक भयंकर दुर्भिक्ष के निकट आनेपर पाटलिपुत्र छोडकर दक्षिणकी ओर चला गया था। चन्द्रगिरि ही पर भद्रबाहुने अपने नश्वर शरीरका त्याग किया और अन्तकालमें उसके निकट केवल एक ही शिष्य उपस्थित था और वह उपरोक्त चन्द्रगुप्त था। यदि हम जैन–किम्वदन्तीको स्वीकार करलें तो परिणाम यही निकलता है कि उपरोक्त चन्द्रगुप्त जो भद्रबाहु मुनिका शिष्य था, प्रसिद्ध मौर्य–सम्राट् ही है।[१७]

चन्द्रगिरि ही पर चामुण्डरायने एक भव्य मंदिर निर्माण करा था जिसमें उसने २२ वें जैन तीर्थंकर नमिनाथ की मूर्ति स्थापित करवाई। तदनन्तर चामुण्डरायके पुत्रने उसका दूसरा खण्ड भी बनवा दिया और उसमें तइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथकी मूर्ति स्थापित की गई। यह दोनों खण्ड ईसाकी दसवीं शताब्दी में निर्मित हुए और उनसे इस समयकी गृह निर्माण कलाका उत्तम बोध होता है।

गोम्मटेश्वर ।

विन्ध्यगिरिपर चामुण्डरायने बाहुबली अथवा भुजबलीकी, जिनका अधिक लोकप्रसिद्ध नाम गोम्मटस्वामी अथवा गोम्मटेश्वर है, एक विशाल प्रतिमाका निर्माण किया। कालान्तरमें चामुण्डरायके अनुकरण करके वीर–पाण्ड्यके मुख्याधिकारीने कर्कल (दक्षिणी कनारा) में सन् १४३२ ई० में गोम्मटेश्वर की दूसरी मूर्ति बनवाई। और कुछ काल उपरान्त प्रधान तिम्मराज ने येनूर (दक्षिणी कनारा) में सन १६०४ ई० में गोम्मटेश्वरकी उसी प्रकारकी एक और मूर्ति बनवाई।[१८]

ये "विशाल एक ही पत्थरमें बनी हुई नग्न जैन-मूर्तियां संसारके आश्चर्योंमेंसे हैं"[१९] ये "निस्संदेह जैन-प्रतिमाओंमें सर्वोत्कृष्ट और समस्त एशियाकी पृथक्-स्थित प्रतिमाओंमें सबसे बडी हैं। ऊंचाई पर स्थित होनेके कारण, कोसोंतक दृष्टि गोचर होती हैं। और एक विशिष्ट सम्प्रदायकी होने पर भी, उनका विशाल गुरुत्व और दिव्य शान्ति-प्रकाशक स्वरूपके कारण हमें उन्हें प्रतिष्ठा युक्त ध्यानसे देखना पडता है। श्रवण बेलगोल वाली सबसे बडी मूर्तिकी ऊंचाई लगभग ५६½ फीट है और कटिके निम्नभागमें उसकी चौडाई १३ फीट है। वह 'नीस (Gneiss)' पत्थरके एक बडे टुकडेसे काटकर बनाई गई है; और ऐसा जान पडता है कि जिस जगह पर वह आज स्थित है वहीं पर वह बनी थी। कर्कलवाली मूर्ति जो उसी पत्थर की है, परन्तु जिसकी लम्बाई १५ फीट कम है, अनुमानसे ८० टन तोलमें होगी। इन भीमकायमूर्तिओंमें सबसे छोटी येनूरवाली मूर्ति है जो ३५ फीट लम्बी है। ये तीनों मूर्तियां लगभग एकसी हैं, परन्तु येनूरवाली मूर्तिके कपोलोंमें गड्ढे हैं और उससे गंभीर मुसकुराहटकासा भाव प्रकट होता है, जिसके कारण लोगोंका यह कहना है, कि उसके प्रभावोत्पादक–भावमें न्यूनता आ गई है। जैन कलाकी अति एकनियमबद्धताका यह उत्तम प्रमाण है कि यद्यपि येनूरवाली मूर्तिकी मुसकराहटको छोडकर वस्तुतः तीनों विशाल मूर्तियां एक हीसी हैं, तथापि उनके निर्माण कालोंमें बडा अन्तर है[२०]।"

---

१७ इस विषय पर विशेष देखनेके लिये देखो—एपिग्राफिया कर्नाटिका, भाग २, भूमिका पृ० १–२४। और मा० देखो मिसज सिनक्लेयर स्टिवन्सन रचित "दि हार्ट आव जैनीजम" पृ० १२।

१८ श्रवण बेलगोलकी मूर्तियोंके लिये देखो—'इन्डियन एन्टीक्वेरी' भाग २, पृ. १२८; 'एपिग्राफिया इन्डिका,' भा. ७ पृ. १०८, लुईस राईसका 'माईसोर और कुर्ग' पृ. ४७। कर्कलकी मूर्तियोंके लिये देखो—'इन्डियन एन्टीक्वेरी' भाग २, पृ. ३५३, 'एपिग्राफिया इन्डिका' भा. ७, पृ. ११२। —येनूरकी मूर्तियोंके विषयमें देखो—'इन्डि. एन्टी.' भा. ५, पृ. ३७, एपि. इन्डि. भा. ७, पृ. ११२।

१९ देखो—'इम्पीरियल गेझेटियर आव इन्डिया' पृ. १२१.

२० देखो—विन्सेण्ट स्मीथ रचित 'ए हिस्टरी आव फाईन आर्ट इन इन्डिया एन्ड सिलोन' पृ० २६८।

चामुण्डराय–निर्मित मूर्ति " केवल तीनोंमें अधिक प्राचीन अथवा लम्बी ही नहीं है, किन्तु बडी ढालू पहाडीकी चोटीपर स्थित होने और एतदर्थ उसके निर्माणमें बडी कठिनाइयोंका सामना करनेके कारण उसका वृत्तान्त सबसे अधिक रोचक है। यह मूर्ति दिगम्बर है और उत्तराभिमुख सीधी खडी है......जंघोंके ऊपर वह बिना सहारेके है। उरुस्थल तक वह वल्मीकसे आच्छादित बनी हुई है, जिसमेंसे सर्प निकल रहे हैं। उसके दोनों पदों और बाहुओंके चारों ओर एक वेलि लिपटी हुई है जो बाहुके ऊपरी भागमें फलोंके गुच्छोंमें समाप्त होती है। एक विकसित कमलपर उसके पैर स्थित हैं।"[२१]

श्रवण बेलगोलकी गोमटेश्वरकी मूर्तिके निम्न भागका शिलालेख।

श्रवण बेलगोलकी गोम्मटेश्वरकी मूर्तिके दाहिने और बाएं पैरोंके समीप छोटासा लेख है। दाहिने पैरका लेख यह है:—

श्रीचामुण्डराजं माडिसिदं;
श्रीचामुण्डराजन [शे] रव [व] इत्तां:
श्रीगंगराज सुत्तालयवं माडिसिद:

अर्थात्—

श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया,
श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया,
श्रीगंगराजने चैत्यालय निर्माण कराया।

" प्रथम और तृतीय पंक्तिकी लिपि और भाषा कानडी है। द्वितीय पंक्ति प्रथम पंक्तिका तामिल अनुवाद है, और उसमें दो शब्द हैं जिनमें पहला 'ग्रन्थ' और दूसरा 'वट्टलुनु' लिपिमें है। पहिली दो पंक्तियोंमें यह लिखा है कि चामुण्डराजने मूर्ति बनवाई; और तीसरी पंक्तिमें लिखा है कि गंगराजने मूर्तिके आसपासका भवन बनवाया।"[२२]

बाईं ओरके पत्थरमें यह लेख है—

श्रीचामुण्डराजे करविपलें
श्रीगंगराजे सुत्ताले करविपले।

अर्थात्—

श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया।
श्रीगंगराजने चैत्यालय निर्माण कराया।

" इसकी लिपि नागरी है और भाषा मराठी है... शायद महाराष्ट्र देशके जैनयात्रियोंके लाभार्थ मराठी भाषाका प्रयोग किया गया है।"[२३]

चित्र ई ६ में† हमने उपरोक्त शिलालेखोंकी प्रतिलिपि दी है। पहिले बाईं ओरका लेख है। दोनों पंक्तियोंमें एकही प्रकारके अक्षर होनेके कारण बाईं ओर के लेखका गंगराजके समयमें खुदा जाना माना जाता है, जब उसने चामुण्डराज स्थापित गोमटेश्वर मूर्तिके चारों ओर भवन निर्माण कराया। यह देखते हुए भी यह बात सम्भव जान पडती है कि बाईं ओरका लेख दाहिनी ओर वालेका केवल दूसरी भाषामें रूपान्तर है।

गंगराज।

गंगराज होयशाल–वंशीय–नृपति विष्णुवर्धनका मन्त्री था, जिसने ईसाकी १२ वीं शताब्दीमें शासन किया। लगभग सन् ११६० ई० के एक शिलालेखमें गंगराज, चामुण्डराय और हुलकी प्रशंसा इस प्रकार पाई जाती है।

" यदि यह पूछा जाय कि प्रारम्भमें (श्रवण बेलगोलमें) जैन–मतके कौन २ उन्नायक थे—तो कहना होगा कि (वे थे) राचमल्ल नृपति का मन्त्री राय, उसके

इन मूर्तियोंकी शिल्पकलाका विशेष वर्णन जाननेके लिये—स्लरक (Slurrock) रचित 'मन्युअल आव साउथ कनारा, पृ. ८५, फर्गुसन साहेबकी 'हिस्टरी आव इन्डियन आर्किटेक्चर, पृ. २६७, 'फ्रेजर्स मेगजीन' के मई १८७५ के अंकमें प्रकाशित मि. वालहाउस का लेख, इत्यादि देखने चाहिए।

२१ देखो, एपिग्राफिया कर्नाटिका, भाग २, भूमिका पृ.२८.

२२-२३ देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ७, पृ. १०८-९।

† इस लेखके साथ लेखकने कई चित्र देने चाहे थे परंतु उनका अकाल स्वर्गवास होजानेके कारण वे चित्र हमें न मिल सके।
संपादक।

अनन्तर, नृपति विष्णुका मन्त्री गंग; और उसके पश्चात् नृसिंहदेव नृपतिका मन्त्री हुल्ल । यदि और भी इसके योग्य हैं, तो क्या उनके नाम न लिये जायंगे ?"[२४]

मूर्तिके नीचेके शिलालेखके अतिरिक्त ११८० ई० के लगभगके एक और शिलालेखमें इस प्रकार इसका वर्णन है—

"जिसमें बुद्धिमत्ता, धर्मिष्ठता, वैभव, उत्तमाचरण, और शौर्यका समावेश है, ऐसा राचमल्ल गंगवंशका चन्द्र था, उसका यश भूमंडल व्यापी था । नृपतिसे वैभवमें द्वितीय [उसका मन्त्री चामुण्डराय], मनुके समान, क्या उसीने अपने प्रयत्नसे यह गोम्मट नहीं बनवाया ?"[२५]

भुजबलीका वृत्तान्त, किम्वदन्तियोंके आधार पर । तीनों मूर्त्तियां बाहुबली, या भुजबलीको व्यक्त करती हैं, जिनको गोम्मटेश्वर भी कहते हैं और जो जैनियोंके प्रथम तीर्थंकर आदिजिन ऋषभनाथके पुत्र थे । लोककथाके अनुसार ऋषभनाथ एक राजा थे और उनके दो स्त्रियां थीं, जिनके नाम थे नन्दा (या कुछ लोगोंके मतमें सुमंगला) और सुनन्दा । नन्दा या सुमंगलाने दो जुड़वे उत्पन्न किए; जिनमें एक लड़का था और एक लड़की थी और जिनके नाम थे क्रमशः भरत और ब्राह्मी । जब ऋषभदेवने अनन्त ज्ञानकी खोजमें वनवास स्वीकार किया; तब उन्होंने अपने राज्यका भार भरतको सौंपा । बाहुबली और उनकी बहिन सुन्दरी सुनन्दाकी सन्तान थे, और जब उनके पिताने अपने पुत्रोंको राज बांट दिया तो बाहुबली तक्षशिलाके सिंहासनपर सुशोभित हुए । भरतके पास एक अद्भुत चक्र था जिसका सामना कोई भी योद्धा रणमें न कर सकता था । इस चक्रकी सहायतासे पृथ्वी, विजय करके भरत अपनी राजधानीको लौट. आया । परन्तु चक्र राजधानीमें (अथवा दूसरोंके मतसे—अस्त्रालयमें) प्रविष्ट नहीं होता था । भरतने इसका अर्थ यह समझा कि पृथ्वीमें कोई ऐसा राज्य शेष है जिसको उसने नहीं जीता है; और विचार करनेपर यह फल निकला कि केवल तक्षशिलाका राज्य शेष था, जहां उसका भाई भुजबली राज्य करता था । तब भरतने अपने भाई भुजबली पर युद्ध ठान दिया परंतु उस घोर युद्धमें विजयलक्ष्मी भुजबलीको प्राप्त हुई । भरतके चक्रसे भी भुजबलीको कोई हानि नहीं पहुंची। परन्तु विजयी होनेपर भी इस संसारको असार जानकर भुजबली क्षणभर में समाधिस्थ हो गए । भरतने भुजबलीकी वंदना की और फिर अपने स्थानको लौट आए। फिर भुजबली कैलाश पर्वतके शिखरोंमें चले गए और वहां (अथवा दूसरे वर्णनके अनुसार—युद्धभूमिमें) वर्षभर मूर्तिकी भांति खड़े रहे[२६] तटस्थ वृक्षोंमें लपटी हुई लताएं उनके गलेमें लिपट गईं । उन्होंने अपने वितानसे उनके शिरपर छत्र सा बना दिया और उनके पैरोंके बीचमें कुश उग आए और देखनेमेंमें वे मानों बल्मीक प्रतीत होने लगे[२७] । अन्तमें भुजबलीको अनन्त ज्ञानकी प्राप्ति हुई और वे केवली हो गए ।

परन्तु एक शिलालेखमें यह लिखा है कि भुजबली या बाहुबली और भरतके पिता पुरु थे[२८] । और उसके आगे यह लिखा है कि,—"पुरुदेवके पुत्र भरतने, जिसके चारों ओर उसके पराजित राजा वास करते हैं, प्रसन्नतासे विजयी बाहुवली केवली की मूर्त्ति निर्माण कराई जो पौदनपुरके समीप है और ५२५ चाप लम्बी है । बहुत समयके अनन्तर अनेक लोक भयकारी कुक्कुट-सर्प उस

---

२४ देखो, एपिग्राफिआ करनाटिका, भाग २, भूमिका पृ. ३४. हुल्ल होयशालवंशीय नृपति नरसिंह प्रथमका मंत्री था । वह १२ वीं शताब्दीमें विद्यमान था ।

२५ देखो. एपि. कर्ना. भा. २, पृ. १५४. मूर्तिके निर्माणके संबंधमें यह पंक्ति है—"चामुण्डरायं मनुप्रतिमं गोम्मट अल्ते माडिसिदन् इन्ती वेवनं वतनंदिम् "

२६ देखो, जिनसेन रचित हरिवंश पुराण, अध्याय ११ । कुछ भिन्न वर्णनके लिए देखो, कथाकोश (टवेनी द्वारा इंग्रेजीमें अनुवादित) पृ. १९२-९५.

२७ देखो, कथाकोश, पृ. १९२-९५.

२८ "पुरुसुतु-बाहुबलि-बोल् " एपि. कर्ना. भा. २ शिलालेख नं. ८५, पृ. ६७.

जैनकी मूर्ति के आसपास उत्पन्न होयए और इसी कारण मूर्तिका नाम कुक्कुटेश्वर पड़ गया ''[२९]

इन लोकप्रसिद्ध कथाओंके द्वारा हम समझ सकते हैं कि उन वल्मीकमयी मूर्तियों का क्या भाव है जिनसे सर्प निकल रहे हैं, तथा श्रवण बेलगोल कर्कल और येनूर गोम्मटेश्वरकी मूर्तियोंमें लिपटी हुई लताओंका क्या तात्पर्य है ? '' तीनों मूर्तियोंमें ये सब बातें एक समान हैं और उनसे यह भाव प्रकट होता है कि, वे तपस्या में ऐसे पूर्ण लीन होगए हैं कि उनके पैरों पर वल्मीक लग जाने; और शरीरमें लताओंके चिपट जाने पर भी सांसारिक विषयोंपर उनका ध्यानभंग नहीं होता । ''[३०]

चामुण्डरायकी मूर्तिके स्थापनका वृत्तान्त ।

बाहुबली चरित्र नामक एक संस्कृत काव्य में चामुण्डराय—द्वारा—स्थापित गोम्मटेश्वरकी मूर्तिकी स्थापनाकी कथा इस प्रकार वर्णित है ।

बाहुबली चरित्रकी कथा ।

द्रविड देशकी मधुरा नगरी (वर्तमान मदुरा) में राजमल्ल नामक एक राजा था; जिसने जैन सिद्धान्तों के प्रचारका उद्योग किया और जो देशीय—गण[३१] के सिंहनन्दिका उपासक था । उसके मन्त्रीका नाम चामुण्डराय था । एक दिन जब राजा अपनी सभामें मन्त्रीयोंके सहित विराजमान था, एक पथिक व्यापारी आया और उनसे कहा कि उत्तरमें पौदनपुरी नामक एक नगर है जहां भरत द्वारा स्थापित बाहुबली अथवा गोम्मटकी एक मूर्ति है । यह सुनकर भक्त चामुण्डरायने उस पवित्र मूर्तिके दर्शन करनेका विचार किया और घर जाकर अपनी माता कालिकादेवीसे यह वृत्तान्त कहा, जिसपर उसने भी वहां जानेकी इच्छा प्रकट की । चामुण्डराय तब अपने गुरु अजितसेनके पास गया, जो सिंहनन्दिका उपासक था । उसने सिंहनन्दिके सन्मुख यह प्रतिज्ञा की कि जब तक मैं बाहुबली मूर्तिके दर्शन न कर लूंगा तब तक मैं दूध न ग्रहण करूंगा । नेमिचन्द्र अपनी माता और अनेक सैनिकों एवं सेवकोंके सहित चामुण्डराजने यात्रा प्रारंभकी और विन्ध्यगिरि (श्रवण बेलगोल) में जा पहुंचा । रात्रिमें जैनदेवी कुष्माण्डी (बाईसवें तीर्थंकर नेमिनाथकी यक्षिणी दासी) ने चामुण्डराज नेमिचन्द्र और कालिकाको स्वप्नमें दर्शन दिया और कहा कि पौदनपुरीको जाना अत्यन्त कठिन है, परन्तु इसी पहाडीपर पहिले पहिल रावण द्वारा स्थापित बाहुबलीकी एक मूर्ति है । और उसके दर्शन तभी हो सकते हैं, यदि एक सुवर्ण—बाणसे इस पहाडीको फाड दिया जाय । स्वप्नके अनुसार, दूसरे दिन चामुण्डरायने दक्षिणाभिमुख पहाडीपर खडे होकर अपने धनुषसे एक सुवर्ण-बाण छोडा । तत्क्षण पहाडके दो टुकडे होगए और बाहुबलीकी एक मूर्तिके दर्शन हुए । चामुण्डरायने तब उस मूर्तिकी स्थापना और प्रतिष्ठा की तथा उसके पूजार्थ कुछ भूमि लगा दी । जब नृपति राजमल्लने यह वृत्तान्त सुना तो उसने चामुण्डराजको 'राय'की उपाधि प्रदान की और उस मूर्तिकी नियमित पूजाके लिए और भी भूमि प्रदान की ।

राजावली कथेके अनुसार कथा ।

देवचन्द्र-द्वारा-रचित कानडी भाषाकी एक नवीन पुस्तकमें भी यही कथा वर्णित है, परंतु कहीं कहीं कुछ बातोंमें अन्तर है । उसमें लिखा है कि चामुण्डराय राजा

२९ '' धृत—जयबाहु—बाहुबलिकेवलि—रूपसमान—पञ्चविंशति—समुपेत—पञ्चशतचापसमुन्नतियुक्तम् अप्पतन्—प्रतिकृतियं मनोमुददे माडिसिदं भरतं जिताखिलक्षितिपतिचक्रि पौदनपुरान्तिकदोल् पुरुदेव—नन्दनम् । चिरकालं सले नज्जिनान्तिक—धरित्री—देशदोल् लोकभीकरणं कुक्कुटसर्पसंकुलं असंख्यं पुट्टि दल् कुक्कुटश्वरनामन्......'' (देखो, एपि. कर्ना. भा. २, पृ. ६७.)

३० लु. रा. का, श्रवण बेलगोल, भूमिका पृ. ३३.

३१ जब नन्दी संघके जैन आचार्य सारे देशमें फैल गये, तब उनके संघका नाम 'देशीयसंघ' हो गया।

देखो बाहुबली चरित्रका निम्न श्लोक—

'' पूर्वं जैनमताग्गमाब्धिविधुवच्छ्रीनन्दिसंघेऽभवन्
सुज्ञानर्द्धितपोधनाः कुवलयानन्दा मयूखा इव ।
सत्सङ्गे भुवि देशदेशनिकरे श्रीसुप्रसिद्धे सति
श्रीदेशीयगणो द्वितीयविलसन्नाम्ना मिथः कथ्यते ।।''

राजमल्लका एक अधीन-शासक था। उसकी माताने पद्म पुराणका पाठ सुनते समय यह सुना कि पौदनपुरमें बाहुबलीकी एक मूर्त्ति है। इस लिए अपने पुत्रसमेत वह उस मूर्त्तिके दर्शनको चली, परन्तु मार्गमें एक पहाडीपर, जहां भद्रबाहु स्वामीका देहान्त हुआ था उसने स्वप्न देखा जिसमें पद्मावती देवीने उसे दर्शन देकर कहा कि उसी पहाडीपर बाहुबलीकी एक मूर्त्ति है जो पत्थरोंसे आच्छादित है, और जिसकी पूर्व समयमें राम, रावण, और मन्दोदरीने पूजा की थी। फिर दूसरे दिन एक बाण मारनेसे बाहुबलीकी मूर्त्ति दृष्टिगोचर हुई।

इस प्रकार जैनियोंकी किम्वदन्तियोंके अनुसार यह पता लगता है कि चामुण्डरायने उस मूर्त्तिको नयी निर्माण नहीं कराया, किन्तु उस पहाडीपर एक मूर्त्ति विद्यमान थी जिसकी उसने सविधि स्थापना और प्रतिष्ठा कराई। इन लोक-कथाओंके अनुसार श्रवण बेलगोलके प्रधान पुरोहितने भी यह कहा था, कि प्राचीन कालमें इस स्थानपर एक मूर्त्ति थी, जो पृथ्वीसे स्वतः निर्मित हुई थी, और जो गोम्मटेश्वर स्वामीके स्वरूपकी थी। उसकी राक्षसराज रावण सुखप्राप्तिके हेतु उपासना करता था। चामुण्डरायको यह विदित होनेपर उसने कारीगरों द्वारा उस मूर्त्तिके सब अंगोंको उचित रूपसे सुडौल बनवाया। उसके सब अंग मोक्षकी इच्छासे ध्यानावस्थित गोम्मटेश्वर स्वामीके असली स्वरूपके समान थे। उसने उनके चारों ओर बहुतसे मन्दिर और भवन बनवाए। उनके बनजानेपर उसने बडे उत्सव एवं भक्ति-पूर्वक मूर्त्तिकी उपासनाका क्रम प्रारंभ किया।[३२] स्थल-पुराणसे उद्धृत एक अवतरणमें यह लिखा है जो उपरोक्त कथासे मिलता-जुलता है।

स्थल-पुराणमें वर्णित कथा।

"चामुण्डराजने सपरिवार, पदनपुरस्थित-देव गोम्मटेश्वर एवं उसके आसपास स्थित १२५४ अन्य देवताओंके दर्शनार्थ यात्रा प्रारंभ की। देव गोम्मटेश्वरके सम्बन्धमें बहुत कुछ सुनकर, वह मार्गमें श्रवण बेलगोल क्षेत्रमें जा पहुंचा। वहां उसने गिरे पडे मन्दिरोंका जिर्णोद्धार किया और अन्य विधानोंके साथ पंचामृत-स्नान की भी प्रक्रिया कि। दैनिक, मासिक, वार्षिक एवं अन्य उत्सवोंके संचालनके, लिए उसने सिद्धान्ताचार्यको मठका गुरु नियत किया। मठमें उसने एक 'सत्र' स्थापित किया जहां यात्रियोंके लिए भोजन औषध और शिक्षाका प्रबन्ध था। उसने अपनी जातिवालोंको इस लिए नियत किया, कि वे तीनों वर्णोंके यात्रियोंकी, जो दिल्ली, कनकाद्रि, स्वितपुर, सुवापुर, पापापुरी, चम्पापुरी, सम्मिदगिरि, उज्जयन्तगिरि, जयनगर आदिस्थानोंसे आवें, आदरपूर्वक सेवासुश्रूषा करें। इस कार्यके लिए मन्दिरमें कई ग्राम लगादिए गए। उसने चारों दिशाओंमें शिला-शासन लगवा दिए। १०९ वर्षों तक उसके पुत्रपौत्रोंने इस दानको नियमित रक्खा"[३३]

अब हमें इस बातका निर्णय करना उचित है कि यह बात कहांतक ठीक है कि चामुण्डराय श्रवण बेलगोलकी गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिका केवल अनुसन्धानकर्त्ता था। भुजबली चरित्र अथवा बाहुबली चरित्र नामक ग्रन्थ संस्कृत छन्दोंमें है, और उसमें केवल जनश्रुतियोंका समुच्चय है, और कई मुखोंतक पहुंचनेके कारण उनमें विचित्रता आगई है। इस ग्रन्थका रचनाकाल ठीक ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता। परन्तु इसकी लेखशैलीसे यह अनुमान किया जा सकता है कि यह गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिके स्थापनाके बहुत काल पश्चात् बना होगा। राजावली कथे जैन इतिहास, किम्बदन्ती, आदिका बृहत् संग्रह है जिसको वर्तमान शताब्दीके पूर्व-भागमें माईसोर राजवंशकी एक महिला देवी रम्मके निमित्त मलेपूरकी जैनसंस्थाके देवचन्द्रने रचा था।[३४]

---

३२ बेली पागलका ऐतिहासिक और किम्बदन्तियोंके आधार पर वर्णन. (एशियाटिक रिसर्च, भाग ९, पृ. २६३.)

३३ "स्थल पुराण" से लिया हुआ केप्टेन आई. एस. एफ. मेकेंजीका अवतरण (इन्डियन एन्टीक्वेरी, भाग २, पृ० १३०).

३४ देखो, लु. रा. का श्रवण बेलगोल, भूमिका पृ. ३, (१८८९).

एतदर्थ यह ग्रन्थ भी प्रस्तुत प्रश्नके निर्णयके हेतु प्रमाणकोटिमें नहीं परिगणित किया जा सकता। राजावली-कथे और स्थलपुराणमें, ग्रन्थकर्ताओंने ऐतिहासिक घटनाओंकी यथार्थताके लिए कोई प्रयत्न नहीं किया है, क्योंकि उनका विषय दन्तकथाओं एवं जनश्रुतियोंका संग्रह था। यह सत्य है कि इन कथाओंमें कहीं कहीं ऐतिहासिक सामग्री विद्यमान है, परन्तु उनको तबतक बिना जांचे ऐतिहासिक घटनाएं न मान लेना चाहिए, जबतक अन्य अधिक विश्वस्तसूत्रोंके आधारपर उनकी यथार्थता सिद्ध न हो जाय। स्थलपुराणकी निर्मूल बातोंके उदाहरण स्वरूप यह पंक्ति लिखी जा सकती है—" चामुण्डराज, दक्षिण मदूराका राजा, और जैन-क्षत्रिय-पाण्डु-वंशोत्पन्न था।"[३५] इससे इस बातका पता लगेगा कि किस प्रकार किम्वदन्तियोंमें मन्त्री चामुण्डरायको मदूराका राजा वर्णन किया गया है।

यदि यह सिद्ध करनेके लिए, कि, इस मूर्तिको किसने निर्माण कराया, कोई विश्वस्त अथवा समकालीन लेख न होता तो इन किम्बदन्तियोंके आधारपर यह बात संदिग्ध रहती कि चामुण्डरायने स्वयं इस मूर्तिको बनवाया। परन्तु हमारे लिए यह सौभाग्यकी बात है कि यह सिद्ध करनेके लिए लेख विद्यमान है कि, चामुण्डराय हीने न कि और किसीने, गोम्मटेश्वरकी मूर्त्ति बनवाई।

सबसे प्रथम, उस मूर्तिके पैरोंवाला शिलालेख है—जिसका वर्णन पहिले हो चुका है—जिसमें यह साफ साफ लिखा है कि चामुण्डरायने इस मूर्तिको निर्मित किया। द्वितीय, एक अन्य शिलालेखमें, जिसकी तिथि ११८० ई० है, हम ऊपर देख चुके हैं कि चामुण्डरायने निज उद्योगसे इस मूर्तिको बनवाया। इन लेखोंका समर्थन एक पुस्तकसे होता है, जिसका नाम है गोम्मटसार और जिसको आचार्य नेमिचन्दने, जो चामुण्डरायके समकालीन थे, रचा है। उसमें निम्न-लिखित वर्णन है।

" गोम्मटसंग्रहसूत्रकी जय हो, जिसमें गोम्मटगिरि स्थित गोम्मटजिन और गोम्मटराज-निर्मित दक्षिण-कुक्कुट-जिनका वर्णन है।"

" उस गोम्मटकी जय हो, जिसके द्वारा मूर्तिका मुख निर्मित हुआ, जिसको सब सिद्ध और देवताओंने देखा।"[३६]

गोम्मटेश्वरकी मूर्तिके कारण जिस गिरिपर यह स्थित थी उसका नाम गोम्मटगिरि होगया और इस बारेमें नेमिचन्द्र यह शब्द प्रयुक्त करते हैं। " चामुण्डराय द्वारा निर्मित (विणिम्मिय)"। हम कह चुके हैं कि पोदनपुरमें भरत द्वारा स्थापित गोम्मटेश्वरकी मूर्तिका नाम कुक्कुटेश्वर हो गया, जब उसके चारों ओर सर्प निकल आए। चामुण्डराय द्वारा स्थापित मूर्तिका नाम दक्षिण कुक्कुट-जिन होगया, जिससे उत्तरीय मूर्तिसे वह भिन्न जानी जा सके। इस मूर्तिको बनवानेके कारण चामुण्डरायका नाम गोम्मटराय पडगया।

इन प्रमाणोंसे इस बातमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि चामुण्डराय ही ने इस मूर्तिका निर्माण कराया। इस महान् कार्यके कारण वह स्वयं गोम्मटराय कहलाने लगा। परन्तु यदि उसने केवल मूर्तिका अनुसन्धान ही किया होता तो कदापि यह बात न होती। चामुण्डरायके गुरु नेमिचन्द्र मूर्तिस्थापनके समय अवश्य विद्यमान होंगे (क्योंकि बाहुबली चरित्रतकमें यह लिखा है कि उस अवसरपर नेमिचन्द्र भी उपस्थित थे) अतएव

---

३५ केप्टेन मेकेन्जी द्वारा उद्धृत ' स्थलपुराण ' का अवतरण (इन्डि. एन्टी. भाग २, पृ. १३०) यह कहना भी उचित होगा कि सेनगणकी पट्टाबलिमें भी ऐसा ही लिखा हुआ है—" दक्षिण मथुरानगर निवासि—क्षत्रियवंश शिरोमणी—दक्षिण तैलंग कर्नाटक देशाधिपति चामुण्डराय प्रतिबोधक—बाहुबील प्रति विम्ब गोमट प्रतिष्ठापकाचार्य—श्री अजितसेन भट्टारकाणाम्।" (देखो, जैन सिद्धान्तभास्कर, भाग १, सं. १, पृ. ३८.)

३६ " गोम्मटसंगहसुत्तं गोम्मटसिहरुवरि गोम्मटजिणो य।
गोम्मटरायविणिम्मियदक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ ॥
जेण विणिम्मिय-पडिमा-वयणं सवट्ठसिद्धिदेवेहिं ॥
सवपरमोहिजोगिहिं दिट्ठं सो गोम्मटो जयउ ॥
(गोम्मटसार, कर्मकाण्ड, श्लोक ९६८-६९)

नेमिचन्द्रके शब्दोंको, जिनका समर्थन शिलालेखसे होता है, इस प्रश्नके सम्बन्धमें प्रमाणित मानना चाहिए।

तो फिर इसका क्या कारण है कि बाहुबली चरित्र राजावली कथे आदिग्रन्थोंमें चामुण्डरायको मूर्त्तिका केवल अन्वेषकही लिखा गया है? शायद कारण यह हो कि इन ग्रन्थोंके लेखक मूर्त्तिको अधिक प्राचीन कहकर अधिक पूज्य और पवित्र बनाना चाहते थे।

गोम्मटरायकी मूर्त्तिके सम्बन्धमें एक और किम्बदन्ती है जिसमें इस बातका वर्णन है कि ऐसी मूर्त्तिको स्थापन करनेके कारण चामुण्डरायके गर्वने किस प्रकार नीचा देखा। कथा इस प्रकार है:—

"इस मूर्त्तिको स्थापित करनेके अनन्तर चामुण्डराय यह सोचकर मारे गर्वके फूला न समाया कि मैंने अपने ही सामर्थ्यसे, इतने धन और परिश्रमसे इस देवताकी स्थापना करा ली। तदनन्तर जब उसने देवताकी पंचामृत-स्नान-विधि की, तो इस पदार्थसे भरे अनेक पात्र चुक गए, परन्तु देवताकी अलौकिक मायासे, पंचामृत तोंदीसे नीचे न जा सका, जिससे उपासकके व्यर्थाभिमानका नाश हो। कारण न जानकर चामुण्डरायको यह सोचकर अत्यन्त शोक हुआ कि पंचामृतसे समस्त मूर्त्तिको स्नान करानेकी मेरी इच्छा पूर्ण न हुई। जब वह इस अवस्थामें था, देवताकी आज्ञानुसार पद्मावती नाम्नी अप्सरा एक वृद्धा निर्धन स्त्रीका रूप धारणकर प्रकट हुई, जिसके हाथमें एक बेलियगोलमें (छोटी चांदीकी कटोरी) मूर्त्तिके स्नानके हेतु पंचामृत था। उसने चामुण्डरायसे मूर्त्तिको स्नान करानेका प्रस्ताव प्रकट किया। परन्तु चामुण्डराय यह समझकर, उस असंभव प्रस्तावपर हंस दिया, कि जिसको मैं नहीं कर सका उसे यह करने चली है। परन्तु विनोदार्थ उसने उसे यह करनेकी आज्ञा देदी। तब दर्शकोंको यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि उसने उस चान्दीके छोटे पात्रहीसे समस्त मूर्त्तिको स्नान करा दिया। तब चामुण्डरायने अपने अपराध एवं गर्वके लिए शोक प्रकाशित करके, बड़े आदरसे, द्वितीय बार स्नानकी विधि की, जिसमें पहिले उसने इतनी सामग्री व्यर्थ खो दी थी, और पूर्ण रूपेण उसने मूर्त्तिके समस्त शरीरको स्नान कराया। उस समयसे इस स्थानका नाम, उस चान्दीके पात्रके कारण, जो पद्मावती हाथमें लिए थी, बेलियगोल पड गया।"[३७]

मूर्त्ति निर्माणकी तिथि।

अब हम अनुमानसे उस तिथिका निश्चय करेंगे जिसमें चामुण्डरायने गोम्मटेश्वरकी मूर्त्ति निर्माण कराई। हम कह चुके हैं कि चामुण्डराय मारसिंह द्वितीय और राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीयका मन्त्री था। किम्बदन्तीके अनुसार राजमल्लके समयमें मूर्त्ति स्थापित हुई। हम देख चुके हैं कि मारसिंह द्वितीयके शासनकालमें चामुण्डरायने अनुपम शौर्यकी ख्याति प्राप्त की थी और एक शिलालेखमें, जिसमें उसने अपना वृत्तान्त दिया है, वह केवल अपनी जीतोंका वर्णन करता है। उसके द्वारा किए हुए किसी धार्मिक कार्यका उनमें वर्णन नहीं है। यदि मारसिंह द्वितीयके समयमें उसने इस विशालमूर्त्तिका निर्माण कराया होता तो वह इस बातका अवश्य वर्णन करता। क्योंकि इससे उसका नाम अमर हो गया है। मारसिंह द्वितीयकी मृत्यु सन ९७५ ई० में हुई। चामुण्डराय अपने ग्रन्थ चामुण्डराय पुराणमें अपनी वीरताका सविस्तर वर्णन करता है और अपनी समस्त उपाधियोंका वर्णन करके उनके प्राप्तिके कारण भी बताता है; परन्तु गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिके निर्माणका तनिकभी उल्लेख नहीं किया है। इस ग्रन्थके अन्तमें, उसका रचना काल शक ९०० (९७८ ईस्वी) दिया है। अतएव ९७८ ईस्वीके अनन्तर और राजमल्ल या राचमल्ल द्वितीयके शासनके अन्तिम वर्षके पूर्व गोम्मटेश्वरकी इस मूर्त्तिका निर्माण हुआ होगा। राजमल्ल द्वितीयने ९८४ ईस्वीतक राज्य किया। इस लिए

---

३७ एशियाटिक रीसर्च, भाग ९, पृ. २६६। उपरोक्त वर्णनमें श्रवण बेलगोलके नाम पडनेका बिल्कुल दूसरा कारण बताया गया है। अभी कुछ दिन हुए जैनोंने गोम्मटेश्वरका पंचामृत स्नान कराया था।

९७८ और ९८४ ईस्वीके अन्तर्गत कालमें इस मूर्तिका निर्माण हुआ होगा।

बाहुबली चरित्रमें एक श्लोक है जो मूर्तिस्थापनका ठीक ठीक समय बताता है। वह श्लोक इस प्रकार है—

कल्क्यब्दे षट्शताख्ये विनुतविभवसंवत्सरे मासि चैत्रे,
पञ्चम्यां शुक्लपक्षे दिनमणिदिवसे कुम्भलग्ने सुयोगे।
सौभाग्ये मस्तनाम्नि प्रकटितभगणे सुप्रशस्तां चकार
श्रीमच्चामुण्डराजो वेल्गुलनगरे गोमटेश-प्रतिष्ठाम्॥"

अर्थात्—श्रीचामुण्डरायने बेलगुल नगरमें कुम्भलग्नमें, रविवार शुक्ल पक्ष चैत्र शुक्ल पंचमीके दिन विभवनाम कल्कि-संवत्सर ६०० के प्रशस्त मृगशिरा नक्षत्रमें, गोमटेशकी प्रतिष्ठा की।

यदि हम उपरोक्त तिथिको यथार्थ मान लें, क्योंकि सम्भव है ऐसे उत्तम मुहूर्तमें ऐसा बडा कार्य किया गया हो, तो हमें यह निकालना पडेगा कि ९७८ और ९८४ ईस्वीके अन्तर्गत किस दिन यह सब योग पडते थे। हमने भलीभांति सावधानीसे ज्योतिषकी रीतियोंके अनुसार सर्व सम्भाव्य तिथियोंको जांचा है और उसका परिणाम यह निकलता है कि रविवार ता० २ अप्रैल सन ९८० ई० को मृगशिरा नक्षत्र था और पूर्व दिवससे (चैत्रकी बीसवीं तिथि) शुक्ल पक्षकी पंचमी लगगई थी, और रविवारको कुम्भ लग्न भी था। अतएव जिस दिन चामुण्डरायने मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा की उसकी हम यही तिथि मान सकते हैं परन्तु उपरोक्त श्लोकमें एक बात है जो प्रथम बार देखनेसे इतिहासके विरुद्ध जान पडती है। इस श्लोकमें यह कहा गया है कि कल्क्यब्द ६०० विभवनाम संवत्सरमें गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा हुई। शक सम्वत् महावीरके निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् प्रारम्भ होता है[३८] और कल्कि संवत् शक संवत्के ३९४ वर्ष ७ मास अनन्तर प्रारम्भ होता है। अर्थात् वीरनिर्वाणके १००० वर्ष अनन्तर कल्कि संवत् आरम्भ होता है। अतएव, कल्कि संवत्का आरम्भ ४७२ ईस्वीसे होता है। इसलिए कल्कि संवत् ६०० (४७२+६००) १०७२ ईस्वी सन् होगा। परन्तु यह बात इतिहासके विरुद्ध है, क्योंकि राचमल्ल द्वितीयका शासन सन् ९८४ ईस्वीमें समाप्त होता है। इसके अतिरिक्त ज्योतिष गणनासे भी यह ज्ञात होता है कि कल्कि संवत् ६०० में चैत्र शुक्ल पक्षकी पंचमी तिथि, चैत्रके तेईसवें दिन शुक्रवारको पडती है, जो उपरोक्त श्लोकसे विरुद्ध है क्योंकि उसके अनुसार उस साल चैत्र शुक्ल पंचमीको रविवार था।

अतएव कल्कि संवत् ६०० का अर्थ कल्कि संवत्की छठी शताब्दी लेना चाहिए। विभव संवत्को ८ वां मानना चाहिए जिससे इतिहासानुसार ठीक ठीक बैठे। इसलिए विभवनाम कल्कि संवत् ६०० के अर्थ लेना चाहिए कल्कि संवत्की छठी शताब्दीका ८ वां वर्ष—अर्थात् ५०८ कल्क्यब्द। यदि हम इस तिथिको स्वीकार कर लें तो ठीक ९८० ईस्वीको यह सम्वत् पडता है और श्लोकमें वर्णित सर्व ज्योतिषके योग भी मिल जाते हैं।

अतएव अब हमारे माननेके लिए दो मार्ग हैं। प्रथम; कि हम बाहुबली चरित्रके श्लोकको इतिहास—विरुद्ध कहकर प्रमाणित न मानें, या जैसा हमने किया है वैसा उसका अर्थ लगावें, जिससे वह शिलालेखकी तिथिसे मिल जाय। और हमारी समझमें तो दूसरा मार्ग ग्रहण करनाही सर्वोत्तम है।

नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती।

अब हम द्रव्यसंग्रहके लेखकके सम्बन्धमें समस्त प्राप्य सामग्री एकत्र करनेका प्रयत्न करेंगे। इस ग्रन्थके अन्तिम श्लोकसे यह पता लगता है कि इसके रचयिता मुनि नेमिचन्द्र थे।[३९] बाहुबली चरित्रमें यह लिखा है

[३८] देखो, नेमिचंद्र रचित त्रिलोक सा[र]का निम्न उल्लेख—
'पण छ सयवस्स पण मासजुदं
गमिय वीरणिवुइदो सगराजा॥'
अर्थात् वीरनिर्वाणके अनन्तर ६०५ वर्ष और ५ मास व्यतीत होने पर शकराजा हुआ। (इन्डियन एन्टिक्वेरी, भाग १२, पृ. २१.)

[३९] देखो, द्रव्यसंग्रह (श्लोक ५८)—
'दव्वसंगहमिणं मुणिणाहा दोससंचयचुदा सुदपुण्णा।
सोधयंतु तणुसुत्तधरेण णेमिचंदमुणिणा भणियं जं॥'

कि देशीय गणके नेमिचन्द्र मुनि, चामुण्डराय और उसकी माताके साथ पौदनपुर गोम्मटेश्वरके दर्शनार्थ गये थे । और नेमिचन्द्रने स्वप्न देखा कि विन्ध्यगिरिपर गोम्मटेश्वरकी एक मूर्त्ति है, और चामुण्डरायने मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा करानेके अनन्तर उसकी नित्य पूजा और त्यौंहारोंके हेतु नेमिचन्द्रके चरनोंपर कुछ ग्राम प्रदान किए जिनकी आय ९६००० मुद्रा थी ।[४०]

माइसोरके शिमोगा जिलेके नगर तालुकेमें स्थित पद्मावतीके मन्दिरके हातेमें खुदे हुए लगभग सन् १५३० ईस्वीके एक शिलालेखके निम्नलिखित श्लोकसे यह पता लगता है कि चामुण्डराय नेमिचन्द्रके चरणकमलोंकी पूजा करता था । :—

" त्रिलोकसार-प्रमुख.........
.........भुवि नेमिचन्द्र ।
विभाति सैद्धान्तिक-सार्वभौमः
चामुण्डराजार्चित-पादपद्मः ॥ "

अर्थात् " त्रिलोकसार और अन्य (ग्रन्थों) के रचयिता......नेमिचन्द्र सिद्धान्त सार्वभौम सुशोभित हैं, उसके चरणकमल चामुण्डराज द्वारा अर्चित हैं "[४१] यद्यपि इस श्लोकका कुछ भाग मिट गया है, तथापि भाव सुस्पष्ट है । ' सिद्धान्त-सार्वभौम ' सिद्धान्तचक्रवर्ती नामक उपाधिका पर्याय वाची है जो बहुधा नेमिचन्द्रके साथ प्रयुक्त होता है ।

स्वयं नेमिचन्द्रने अपने ग्रन्थ गोम्मटसारमें गोम्मटराय या केवल राय की प्रशंसा की है और ऐसा हम देख चुके हैं कि यह चामुण्डरायका उपनाम है। उन प्रशंसात्मक श्लोकोंमे नेमिचन्द्रने लिखा है कि अजितसेन उस चामुण्डराय के गुरु थे जिसने गोम्मटेश्वरकी मूर्ति निर्माण कराई ।[४२]

अभयचन्द्र रचित गोम्मटसारके भाष्यमें लिखा है कि यह ग्रन्थ चामुण्डरायकी इच्छानुसार रचा गया;जिसको जैनियों-के पवित्र ग्रन्थोंमें वर्णित द्रव्योंकी व्याख्याका अध्यन करनेकी अभिलाषा थी । नेमिचन्द्र-रचित त्रिलोकसारकी एक अति प्राचिन सचित्र हस्तलिखित पुस्तकमें एक चित्र है जिसमें चामुण्डराय अनेक समासदोंके साथ नेमिचन्द्रसे जैन-सिद्धांतोंकी व्याख्या सुन रहे हैं ।

नेमिचन्द्रके ग्रन्थ ।

नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीने इन ग्रथोंकी रचना की:— (१) द्रव्यसंग्रह (२) गोम्मटसार (३) लब्धिसार (४) क्षपणसार, और (५) त्रिलोकसार । बाहुबली चरित्रमें लिखा है कि " नेमिचन्द्र, गोम्मटसार, लब्धिसार, और त्रिलोकसारके रचयिता हैं "[४३] द्रव्यसंग्रहके अन्तिम श्लोकमें नेमिचन्द्रने अपना नाम प्रकट किया है ।[४४] इसी प्रकार गोम्मटसारके एक श्लोकसे यह ज्ञात

४० " मास्वद्देशीगणाग्रेसररुचिरसिद्धान्तविन्नेमिचन्द्र—
श्रीपादाग्रे सदा षण्णवतिदशशतद्रव्यभूग्रामवर्य्यान् ।
दत्वा श्रीगोमटेशोत्सवसवननित्यार्चनावैभवाय
श्रीमच्चामुण्डराजो निजपुरमथुरां संजगाम क्षितीशः ।
(बाहुबलि चरित्र, श्लोक ६१.)

४१ एपि. कर्णा. भाग ८, लेख नं. ४६.

४२ "गोम्मट संगहसुत्तं गोम्मटसिंहरुवरि गोम्मटजिणे य ।
गोम्मटरायविणिम्मियदक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ ॥
जेण विणिम्मियपडिमावयणं सव्वट्ठसिद्धिदेवेहिं ।
सव्वपरमोहिजोगिहिं दिट्ठं सो गोम्मटो जयउ ॥
वज्जयणं जीणभवणं ईसिपभारं सुवण्णकलसं तु ।
तिहुवणपडिमाणिक्कं जेण कयं जयउ सो रायो ॥
जेणुब्भियथंभुवरिमजक्खतिरीटग्गकिरणजलधोया ।
सिद्धाण सुद्धपाया सो राओ गोम्मटो जयउ ॥
जम्हि गुणा विस्संता गणहरदेवादि—इड्ढिपत्ताणं ॥
सो अजियसेणणाहो जस्स गुरु जयउ सो राओ "

४३ सिद्धान्तामृतसागरं स्वमतिमन्थक्ष्माभृदालोड्य मध्ये
लेभेऽभीष्टफलप्रदानपि सदा देशीगणाग्रेसरः ।
श्रीमद्गोमटलब्धिसारविलसत् त्रैलोक्यसारामर-
क्ष्माजश्रीसुरधेनुचिन्तितमणिन् श्रीनेमिचन्द्रो मुनिः ॥
(बाहुबलि चरित्र, श्लोक ६३)

४४ ' णेमिचंद मुणिणा भणियं जं '
(द्रव्यसंग्रह, श्लो० ५८)

होता है कि नेमिचन्द्रने इसकी रचना की है।[45] हम समझते हैं, इस स्थानपर नेमिचन्द्रके ग्रन्थोंका संक्षिप्त वृत्तान्त दे देना उत्तम होगा।

गोम्मटसार।

इसका नाम गोम्मटसार पडनेका कारण यह है कि यह चामुण्डरायके पठनार्थ लिखा गया था, और हम बतला चुके हैं कि चामुण्डरायका दूसरा नाम गोम्मटराय था। इस ग्रन्थको पञ्चसंग्रह भी कहते हैं[46] क्योंकि इसमें इन पाँच बातोंका वर्णन दिया है (१) बन्ध (२) बध्यमान (३) बन्धस्वामी (४) बन्धहेतु और (५) बन्ध-भेद।

यह ग्रन्थ प्राकृतमें है और इसमें १७०५ श्लोक हैं। इसके दो भाग हैं जिनके नाम हैं जीवकाण्ड और कर्मकाण्ड। इनमें क्रमानुसार ७३३ और ९७२ श्लोक हैं। जीवकाण्डमें मार्गणा, गुणस्थान, जीव, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, और उपयोगका वर्णन है। कर्मकाण्डमें ९ अध्याय हैं, जिनके नाम हैं—प्रकृतिसमुत्कीर्तन, बन्धोदयसत्त्व, सत्त्वस्थानभंग, त्रिचूलिका, स्थानसमुत्कीर्तन, प्रत्यय, भवचूलिका, त्रिकरणचूलिका, और कर्मस्थिति—रचना। आठ प्रकारके कर्म और कर्मबन्धका अपनी अपनी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके साथ सविस्तर वर्णन भी दिया हुआ है। कर्मके सम्बन्धके अन्य अनेक विषयोंका भी इसमें वर्णन है। संक्षेपसे गोम्मटसारके प्रथम भागमें जीवोंके स्वाभाविक गुण, और उनकी उन्नतिके उपायों और उपकरणोंका वर्णन है; और दूसरे भागमें उन कर्मबन्ध उत्पन्न करनेवाली अडचणोंका वर्णन है, जिनके निवारण करनेसे जीवोंको मुक्ति प्राप्त होती है। ग्रन्थकर्ता सर्वदा जीवकी उत्तरोत्तर उन्नतिको ध्येय मानता है, और इसी लक्ष्यसे उसने गोम्मटसारमें जैन-आचार्योंके सिद्धान्तोंका सार दिया है। साधारण रूपसे इस ग्रन्थमें जैन-दर्शन शास्त्रके मुख्य मुख्य सिद्धान्तोंका समावेश है।

गोम्मटसारके भाष्य।

स्वयं चामुण्डरायने कानडी भाषामें गोम्मटसारकी एक टीका रची थी। गोम्मटसारके अन्तिम श्लोकमें इस बातका उल्लेख है कि चामुण्डरायने सर्व साधारणकी भाषामें वीर-मार्तण्डी नाम्नी एक टीका रची।[47] चामुण्डरायकी एक उपाधि-वीर-मार्तण्ड थी, इस लिए उसने अपनी टीकाका नाम रक्खा 'वीर-मार्तण्डी' अर्थात् वीर-मार्तण्डकी रची हुई। चामुण्डरायकी उक्त टीका अब अप्राप्य है, अन्य एक दूसरी टीकामें अब केवल इसका उल्लेख मात्र है, जिसका नाम है केशववर्णीया वृत्ति, (अर्थात् केशववर्णी रचित)। उसके प्रथम श्लोकमें लिखा है "मैं कर्नाटक-वृत्तिके आधारपर गोम्मटसारकी वृत्ति लिख रहा हूं।"[48] गोम्मटसारपर एक और टीका है जिसका नाम है मन्द-प्रबोधिका, और जिसके टीकाकार हैं अभयचन्द्र।[49] इन्हीं टीकाओंके आधारपर टोडरमलने हिन्दी भाषामें एक टीका लिखी है; जिसका वर्तमान समयके जैन-पंडितोंमें बहुत प्रचार है।

नेमिचन्द्रके गुरु।

गोम्मटसारमें अनेक मुनियोंके नाम दिये हैं जिनको नेमिचन्द्र आचार्य कहकर वन्दना करता है। वे नाम इस प्रकार हैं:—अभयनन्दि, इन्द्रनन्दि, वीरनन्दि,

---

४५ सिद्धं तुदयतडुग्गयणिम्मलवरणेमिचंदकरकालिया।
गुणरयणभूसणं बुहिमइवेला भरउ भुवणयलं॥
(गोम्मटसार, कर्मकांड, गाथा ९६७)

४६ 'श्रीमच्चामुण्डराय प्रश्नानुरूपं गोम्मटसारनामधेयं पञ्चसंग्रहशास्त्रं प्रारंभमानः।'
(अभयचन्द्ररचित गोम्मटसारवृत्ति)

४७ गोम्मटसुत्तल्लिहणे गोम्मटरायेण या कया देसी।
सो राओ चिरं कालं णामेण य वीरमत्तण्डी॥
(गोम्मटसार कर्मकाण्ड, गाथा ९७२)

४८ नेमिचन्द्रं जिनं नत्वा सिद्धं श्रीज्ञानभूषणम्।
वृत्तिं गोम्मटसारस्य कुर्वे कर्णाटवृत्तितः॥
(केशववर्णीयावृत्ति)

४९ मुनिं सिद्धं प्रणम्याहं नेमिचन्द्रं जिनेश्वरम्।
टीकां गोम्मटसारस्य कुर्वे मन्दप्रबोधिकाम्॥
(अभयदेवकी वृत्ति)

और कनकनन्दि ।[५०] वीरनन्दि रचित एक 'चन्द्रप्रभ चरितं' नामका ग्रन्थ है जिसके अंतमें लिखा है कि वे अभयनन्दिके शिष्य थे,[५१] और अभयनन्दि गुणनन्दिके शिष्य थे। गोम्मटसारके उल्लेखानुसार कनकनन्दि इन्द्रनन्दिके शिष्य थे।[५२] इससे नेमिचन्द्रकी गुरुपरंपराका टेबल इस प्रकार होता है।

[यह लेख, आरासे जो द्रव्यसंग्रहकी इंग्रेजी आवृत्ति प्रकाशित हुई है, उसकी प्रस्तावनाका अविकल अनुवाद स्वरूप है, ऐसा पीछेसे उसके साथ मिलान करनेसे मालूम हुआ है।

—संपादक जै. सा. सं.]

५० "णमिऊण अभयणंदिं सुदसायरपारगिंदणंदिगुरुं ।
वरवीरणंदिणाहं पयडीणं पच्चयं वोच्छं ॥"

तथा—

"वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं ।
सिरिकणयणंदिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं ॥"
(गोम्मटसार, कर्मकाण्ड ।)

५१ "बभूव भव्याम्बुजपद्मबन्धुः पतुर्मुनीनां गणभृत्समानः।
सदग्रणीर्देशिगणाग्रगण्यो गुणाकरः श्रीगुणनन्दिनामा ॥
मुनिजननुतपादः प्रास्तमिथ्याप्रवादः
सकलगुणसमृद्धस्तस्य शिष्यः प्रसिद्धः ।
अभवदभयनन्दी जैनधर्माभिनन्दी—
स्वमहिमजितसिन्धुर्भव्यलोकैकबन्धुः ॥
भव्याम्भोजविबोधनोद्यतमतेर्भास्वत् समानत्विषः
शिष्यस्तस्य गुणाकरस्य सुधियः श्रीवीरनन्दीत्यभूत् ।
स्वाधीनाखिलवाङ्मयस्य भुवनप्रख्यातकीर्तेः सतां
संसत्सु व्यजयन्त यस्य जयिनो वाचः कुतर्काङ्कुशाः ॥"
[चन्द्रप्रभचरितप्रशस्तिः । श्लोकः १, ३, ४,]

५२ वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं ।
सिरिकणयणन्दिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं ॥
(गोम्मटसार, कर्मसार, गा० ३८६)

जंबुद्दीवपण्णत्ति।

(ग्रंथ परिचय)

[ले. श्रीयुत नाथूरामजी प्रेमी]

जैन साहित्यमें करणानुयोगके ग्रंथोंकी एक समय बहुत प्रधानता रही है। जिन ग्रंथोंमें ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, और मध्यलोकका; चारों गतियोंका, और युगोंके परिवर्तन आदिका वर्णन रहता है, वे सब ग्रन्थ करणानुयोगके[1] अन्तर्गत समझे जाते हैं। आजकलकी भाषामें हम जैन धर्मके करणनुयोगको एक तरहसे भूगोल और खगोल शास्त्रकी समष्टि कह सकते हैं। दिगंबर और श्वेतांबर दोनोंही संप्रदायमें इस विषयके सैकडों ग्रन्थ हैं और उनमें अधिकांश बहुत प्राचीन हैं। इस विषयपर जैन लेखकोंने जितना अधिक लिखा है उतना शायदही संसारके किसी संप्रदायके लेखकोंने लिखा हो। परंपरासे यह विश्वास चला आता है कि इन सब परोक्ष और दूरवर्ती क्षेत्रों या पदार्थोंका वर्णन साक्षात् सर्वज्ञ भगवानने अपनी दिव्य-ध्वनीमें किया था। जान पडता है कि इसी अटल श्रद्धाके कारण इस प्रकारके साहित्यकी इतनी अधिक वृद्धि हुई और हजारों वर्ष तक यह जैन धर्मके सर्वज्ञ प्रणीत होनेका अकाट्य प्रमाण समझा जाता रहा।

हिंदुओंके पौराणिक भूवर्णनको पढनेसे ऐसा मालूम होता है कि दो ढाई हजार बरस पहले भारतके प्रायः सभी संप्रदायवालोंका पृथ्वीके आकार-प्रकार और द्वीप-समुद्र-पर्वतादिके सम्बन्धमें करीब करीब इसी प्रकारकी धारणा थी, जिस प्रकार कि जैन धर्मके करणानुयोगमें पाई जाती है। पृथ्वी थालीके समान गोल और चपटी है, उसमें अनेक द्वीप और समुद्र हैं, द्वीपके बाद समुद्र और समुद्रके बाद द्वीप, इस प्रकार क्रम चला गया है; जम्बूद्वीपके बीचमें नाभीके तुल्य सुमेरु पर्वत है, इत्यादि। परन्तु पीछेसे विद्वान् लोगोंके अन्वेषण और निरीक्षणसे इस विषयका ज्ञान बढता गया, और आर्यभट्ट, भास्कराचार्य आदि महान ज्योतिषिओंने तो पूर्वोक्त विचारोंको बिलकुलही बदल डाला। इसका फल यह हुआ कि इस विषयका जो प्रारंभिक हिन्दु साहित्य था उसका बढना तो दूर रहा, मगर वह धीरे धीरे क्षीण होता गया और इधर चूंकि जैन विद्वानोंका विश्वास था कि यह साक्षात सर्वज्ञ प्रणीत है; अतएव वे इसे बढाते चले गये और नई खोजों तथा आविष्कारोंकी और ध्यान देनेकी उन्होंने आवश्यकताही नहीं समझी।

यह करणानुयोगका वर्णन केवल इस विषयके स्वतंत्र ग्रन्थोंमें ही नहीं है, प्रथमानुयोग या कथानुयोगादिके ग्रन्थोंमें भी इसने बहुत स्थान रोका है। दिगम्बर संप्रदायके महापुराण, हरिवंशपुराण, पद्मपुराणादि प्रधान २ पुराणोंमें तथा अन्य चारित्र ग्रन्थोंमेंभी यह खूब विस्तारके साथ लिखा गया है। श्वेताम्बर संप्रदायके कथा ग्रन्थोंका भी यही हाल है। बल्कि इस संप्रदायके तो आगम ग्रंथोंमें भी इसका दौरदौरा है। भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति) आदि अंग और जम्बू-

---

१ लोकालोकविभक्तेर्युगपरिवृत्तेश्चतुर्गतीनां च।
आदर्शमिव यथामतिरवैति करणानुयोगं च ॥
—रत्नकरण्ड श्रा०

द्वीप प्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति आदि उपांग ग्रन्थ करणानुयोगकेही वर्णनसे लबालब भरे हुए हैं।

दिगम्बर संप्रदायमें इस विषयका सबसे प्राचीन और विशाल ग्रन्थ **त्रिलोकप्रज्ञप्ति** है। इसका और **लोकविभाग** ग्रन्थका परिचय हम जैनहितैषी (भाग १३—अंक १२) में दे चुके हैं। त्रैलोक्यसार नामक ग्रन्थ मूल प्राकृत और संस्कृत टीका सहित माणिकचन्द्र ग्रन्थमालामें प्रकाशित हो चुका है। आज इस लेखमें हम जम्बुद्दीवपण्णत्तिका परिचय देना चाहते हैं। इसी नामका और एक ग्रन्थ माथुरसंघान्वयी अमितगति आचार्यका भी है। अमितगतिने चन्द्रप्रज्ञप्ति और सार्द्धद्वयद्वीपप्रज्ञप्ति नामक ग्रन्थ भी इसी विषयपर लिखे हैं। परन्तु ये अभीतक हमारे देखनेमें नहीं आये। जम्बुद्दीवपण्णत्ति नामका एक ग्रन्थ श्वेताम्बर संप्रदायका भी है। इसका संकलन करनेवाले गणधर सुधर्मास्वामी कहे जाते हैं। यह छठा उपांग है और आगमग्रन्थोंकी शैलीसे लिखा हुआ है। इसकी श्लोक संख्या ४१४६ है। मुर्शिदाबादके राय धनपतिसिंह बहादुरके द्वारा यह वाचनाचार्य रामचन्द्र गणिकृत संस्कृत टीका और ऋषि चंद्रभाणजीकृत भाषा टीका सहित छप चुका है।

दिगम्बरसम्प्रदायी जम्बुद्दीवपण्णत्तिकी दो प्रतियां हमने देखी हैं; एक स्वर्गीय दानवीर शेठ माणिकचन्द्रजीके चौपाटीके ग्रन्थभाण्डारमें है और दूसरी पूनेके भांडारकर ओरिएन्टल रीसर्च इन्स्टिट्यूटमें। पहली प्रति सावन वदि १२ सं० १९६० की लिखी हुई है और इसे सेठजीने अजमेरसे लिखवाकर मँगवाई थी। दूसरी प्रतीपर उसके लिखे हुएका समय नहीं दिया है; परन्तु वह कुछ प्राचीन मालूम होती है।

यह ग्रन्थ प्राकृत भाषामें है और गाथाबद्ध है। इसमें १३ उद्देश या अध्याय, २४२७ गाथायें और भरत, ऐरावत, पूर्व विदेह, उत्तर विदेह, देवकुरु, उत्तरकुरु, लवणसमुद्र, ज्योतिषपटल आदिकावर्णन है। वर्णन त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी अपेक्षा कुछ संक्षिप्त है।

इसके कर्ताका नाम सिरिपउमणंदि या श्रीपद्मनन्दि है। वह अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाते हैं— वीरनन्दि, बलनन्दि, और पद्मनन्दि। अपने लिए उन्होंने गुणगणकलित, त्रिदण्डरहित, त्रिशल्यपरिशुद्ध, त्रिगारवरहित, सिद्धान्तपारगामी, तप-नियम-योग-युक्त, ज्ञानदर्शनचारित्र्योद्युक्त और आरम्भकरणरहित विशेषण दिये हैं। अपने गुरूओंकी भी उन्होंने ज्ञान और तप आदिके विषयमें प्रशंसा की है। उन्होंने ऋषिविजय गुरुके निकट जिनवचन—विनिर्गत सुपरिशुद्ध आगमको श्रवण करके, उनहींके कृपामाहात्म्यसे इस ग्रन्थकी रचना की है। विजयगुरुका विशेष परिचय वे नहीं देते, इससे उनकी गुरुपरम्परापर कोई प्रकाश नहीं पडता। माघनन्दी नामके एक विख्यात आचार्य थे जो राग-द्वेष-मोहसे रहित, श्रुतसागरके पारगामी, प्रगल्भ मतिमान्, और तपःसंयम—संपन्न थे। उनके शिष्य सकलचन्द्र गुरु हुये, जो नव नियमों और शीलका पालन करते थे, गुणी थे और सिद्धान्त महोदधिमें जिन्होंने अपने पापोंको धोडाला था। इनके शिष्य नंन्दिगुरुके लिए—जो सम्यग्दर्शन—ज्ञान-चारित्र्यसम्पन्न थे—यह ग्रन्थ बनाया गया है।

आचार्य पद्मनन्दि जिस उमय बारानगरमें थे, उस समय यह ग्रन्थ रचा गया है। इस नगरकी प्रशंसामें लिखा है कि उसमें वापिकायें, तालाब, और भुवन बहुत थे, भिन्नभिन्न प्रकारके लोगोंसे वह भरा हुआ था, बहुतही रम्य था, धनधान्यसे परिपूर्ण था, सम्यग्दृष्टि-जनोंसे, मुनियोंके समूहसे, और जैन मंदिरोंसे विभूषित था। यह नगर पारियत्त (पारियात्र) नामक देशके

---

१ इसके कर्ता श्रीयतिवृषभाचार्य हैं, और इसकी रचना लगभग १००० वीरनिर्वाणसंवत् में हुई है।

२ इसके कर्ता मुनि सर्वनन्दि हैं और यह शक संवत् ३८० में लिखा गया है। इस ग्रन्थका संस्कृत अनुवाद उपलब्ध है।

१ पुराणसारके कर्ता श्रीचन्द्रमुनि—जो वि. सं. १०७० के करीब हुए हैं—अपने गुरूका नाम श्रीनन्दिलिखते हैं। वे इनसे पृथक् व्यक्ति जान पडते हैं। वसुनन्दि आचार्यकी गुरुपरम्परामें भी एक श्रीनन्दि है।

अन्तर्गत था। बारानगरके प्रभु या राजाका नाम शक्ति[1] या शान्ति था। वह सम्यग्दर्शनशुद्ध, व्रती, शीलसम्पन्न, दानी, जिनशासनवत्सल, वीर, गुणी, कलाकुशल और नरपतिसंपूजित था।

आचार्य हेमचन्द्रके कोषमें लिखा है—" उत्तरो विन्ध्यात्पारियात्रः " । अर्थात् विन्ध्याचलके उत्तरमें पारियात्र है। यह पारियात्र शब्द पर्वतवाची और प्रदेशवाची भी हैं। विन्ध्याचलकी पर्वतमालाका पश्चिम भाग जो नर्मदा तटसे शुरू होकर खंभाततक जाता है और उत्तर भाग जो अर्बलीकी पर्वतश्रेणीतक है पारियात्र कहलाता है। अतः पूर्वोक्त बारानगर इसी भूभागके अन्तर्गत होना चाहिए। राजपूतानेके कोटा राज्यमें एक बारा नामक कसबा है, जान पडता है कि यही बारानगर होगा। क्योंकि यह पारियात्र देशकी सीमाके भीतरही आता है। नन्दिसंघकी पट्टावलीके[2] अनुसार बारामें एक भट्टारकोंकी गद्दी रही है और उसमें वि. सं. (विक्रमराज्याभिषेक) ११४४ से १२०६ तकके १२ आचार्योंके नाम दिये हैं। इससे भी जान पडता है कि सम्भवतः वे सब आचार्य पद्मनन्दि या माघनन्दि की ही शिष्यपरम्परामें हुये होंगे और यही बारा—कोटा जम्बुद्वीप प्रज्ञप्तिके निर्मित होनेका स्थान होगा।

ज्ञानप्रबोध नामक भाषाग्रन्थमें (पद्यबद्ध) कुन्दकुन्दाचार्यकी कथा दी है। उसमें कुन्दकुन्दको इसी बारापुर या बाराके धनी कुन्दश्रेष्ठी और कुन्दलताका पुत्र बतलाया है। पाठकोंसे यह बात अज्ञात न होगी कि कुन्दकुन्दका एक नाम पद्मनन्दि भी है। जान पडता है कि जम्बुद्वीपप्रज्ञप्तिके कर्ता पद्मनन्दिकोही भ्रमवश कुन्दकुन्दाचार्य समझकर ज्ञानप्रबोधके कर्ता, कर्नाटकदेशके[3] कुन्दकुन्दका जन्म स्थान बारा[1] बतलानेका प्रयत्न कर बैठे हैं। पर इससे यह बात बहुत कुछ निश्चित हो जाती है कि मालवेके या कोटा राज्यके इसी बारामें यह ग्रन्थ निर्मित हुआ है।

शान्ति या शक्तिराजा जान पडता है कि कोई मामूली ठाकूर होगा। यद्यपि उसे नरपतिसंपूजित लिखा है, परन्तु साथ ही ' बारानगरस्य प्रभुः ' कहा है। यदि कोई बडा राजा या मांडलिक आदि होता, तो वह किसी प्रदेश या प्रान्तका राजा बतलाया जाता। राजाका वंश आदिभी नहीं बतलाया है, जिससे राजपुतानेके इतिहासोंमे उसका पता लगाया जा सके और उससे पद्मनन्दि आचार्यका निश्चित समय मालूम किया जा सके।

पद्मनन्दि नामके अनेक आचार्य और भट्टारक हो गये हैं। उनमे पद्मनन्दिपंचविंशतिकाके कर्ता बहुत प्रसिद्ध हैं। वे अपने गुरूका नाम वीरनन्दि[2] लिखते हैं और प्रज्ञप्तिके कर्ताके गुरु बलनन्दि हैं। इस लिये ये दोनों एक नहीं हो सकते। इसके सिवाय 'पचविंशतिका[4] ' अपेक्षाकृत अर्वाचीन ग्रन्थ है। हमारे अनुमानसे वह १३ वीं शताब्दीसे पहलेका नहीं हो सकता। उस समय दिगम्बर मुनि[1] जिनमन्दिरोंमें रहने लगे थे और यह उपदेश दिया जाने लगा था कि बिम्बाफलके पत्तेके भी बराबर मन्दिर और जोके भी बराबर जिनप्रतिमा बनवानेवालेके पुण्यका वर्णन नहीं किया जा सकता[2]।

---

१. पूनेकी प्रतीमें सन्ति (शान्ति) और बम्बईकी प्रतीमें सत्ति (शक्ति) पाठ है।

२. देखो जैनसिद्धान्तभास्कर किरण ४; और इन्डियन अॅन्टिक्वेरी २० वी जिल्द।

३ कर्नाटक देशके कोण्डकुण्डनामक ग्रामके निवासी होनेके कारण इनका नाम कोण्डकुण्ड हुआ था। कुन्दकुन्द उसीका श्रुतिमधुर संस्कृत रूप है।

---

१ सुना है कि बारामें पद्मनन्दिकी कोई निषियाभी है।

२ यत्पादपङ्कजरोभिरपि प्रमाणलग्नैः शिरस्यमलबोधकलावतारः। भव्यात्मनां भवति तत्क्षणमेव मोक्षं स श्रीगुरुर्दिशतु मे मुनिवीरनन्दी॥

४ यह ग्रन्थ काशीमें छप चुका है। इसमें अनेक विषयोंके २५ प्रकरण हैं।

१. सम्प्रत्यत्र कलौ काले जिनगेहे मुनिस्थितिः।
धर्मस्य दानमित्येषां श्रावका मूलकारणम्॥
उपासकाचार प्रकरण।

२. बिम्बादलोन्नति यवोन्नतिमेव भक्त्या—

प्रशस्तीके कर्ता पद्मनन्दि कब हुए हैं, यह बतानेके लिये अभीतक हमें कोई पुष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ है। परन्तु हमारा अनुमान है कि यह ग्रन्थ विक्रमकी दसवीं शताब्दीके बादका तो नहीं है, पहलेका भले ही हो। क्यों कि—

१) ग्रन्थकी रचनाशैली बिलकुल त्रिलोक प्रज्ञप्तिके सदृश है और भाषा भी अपेक्षाकृत प्राचीन मालूम होती है।

२) नववीं दसवीं शताब्दीके बादके ग्रन्थकर्ता अपनी गुरुपरम्परा बतलाते समय संघ और गण गच्छादिका परिचय अवश्य देते हैं। पर इस ग्रन्थमें किसी संघ या गण गच्छादिका नाम नहीं है। मंगराजकविके शिलालेखके[1] अनुसार अकलंकभट्टके बाद देव, नन्दि, सेन, और सिंह इन चार संघोंकी स्थापना हुई है। अतः हमारी समझमें यह ग्रन्थ अकलङ्कदेवसे पहलेका होना चाहिए। अकलङ्कदेवका समय विक्रमकी ८ वीं शताब्दी है।

३) ऐसा मालूम होता है कि इस ग्रन्थसे पहले इस विषयका कोई स्वतंत्र ग्रन्थ नहीं था। पद्मनन्दि मुनिने श्रीविजयगुरुके निकट आचार्य परम्परासे चला आया हुआ यह विषय सुनकर लिखा है। किसी एक या अनेक ग्रंथोंके आधार आदीसे नहीं। इस विषयमें नीचे लिखी हुई गाथायें अच्छी तरह विचारने योग्य हैं।

ते वंदिऊण सिरसा वोच्छामि जहाकमेण जिणदिट्ठं।
आयरियपरम्परया पण्णत्तिं दविजलधीणं॥ ६॥

× × × × ×

आयरियपरम्परया सायरदीवाण तह य पण्णत्ती।
संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणु पुव्वीए॥ १८॥

× × × × ×

......रिसिविजयगुरुत्ति विक्खाओ॥ १४४॥
सोऊण तस्स पासे जिणवयण विणिग्गयं अमदभूदं।
रइदं किंचुद्देसे अत्थपदं तहव लध्दूणम्॥ १४५॥

यदि यह अनुमान ठीक हो कि दिगम्बर सम्प्रदायमें इस विषयका यह पहला ग्रन्थ है तो अवश्यही यह पुराना है। और आश्चर्य नहीं जो त्रिलोकप्रज्ञप्तिके रचे जाने के[1] समयमें अथवा उससे कुछ पीछे लिखा गया हो। इस ग्रन्थमें 'उक्तं च' कह कर अन्य गाथायें या श्लोकादि भी उध्दृत नहीं हैं। इससे भी इसे प्राचीन माननेकी इच्छा होती है।

यह ग्रन्थ जिन नन्दिगुरुके लिये बनाया गया है, उनके दादागुरुका नाम माघानन्दि था, और वे बहुतही विख्यात, श्रुतसागरपारगामी, तपःसंयमसम्पन्न, तथा प्रगल्भबुद्धि थे। इन्द्रनन्दीने अपने[2] श्रुतावतारमें लिखा है कि वीरनीर्वाणसे ६८३ वर्ष बाद तक अंगज्ञानकी प्रवृत्ति रही। उनके बाद अर्हद्वलि आचार्य हुए और उनके कुछ समय बाद (तत्कालही नहीं) माघनन्दि आचार्य हुए। आश्चर्य नहीं जो नन्दिगुरुके दादागुरु यही माघनन्दि हों। उन्हें जो विशेषण दिये गये हैं उससेभी मालूम होता है कि वे कोई सामान्य आचार्य न होंगे। इन्द्रनन्दिके कथनक्रमसे माघनन्दीका समय वीरनिर्वाणसंवत् ८०० लगभग तक आसकता है। और इस हिसाबसे नन्दिगुरु और पद्मनन्दीका समय वीरनिर्वाणकी ९ वीं शताब्दि माना जा सकता है। पर इस विषयमें अधिक जोर नहीं दिया जा सकता कि इन्द्रनन्दिकथित माघनन्दि और यह माघनन्दि एकही होंगे।

इस ग्रन्थमें भगवान् महावीरके बादकी आचार्य-परम्पराके विषयमें जो कुछ लिखा है उसका आशय इस प्रकार है।

विपुलाचलके ऊंचे शिखरपर विराजमान वर्धमान

ये कारयन्ति जिनसद्म जिनाकृतिं वा।
पुण्यं तदीयमिह वागपि नैव शक्ता–
स्तोतुं परस्य किमु कारयितुर्द्वयस्य॥ २२॥

१. देखो श्रवण बेल्गोला इन्स्क्रिप्शनका १०८ वां शिलालेख और जैनसिद्धान्त भास्कर किरण ३।

१ वीरनिर्वाण संवत १००० के लगभग।

२ यह ग्रन्थ माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके 'तत्त्वानुशासनादि-संग्रह' नामक १३ वे अंकमें छप चुका है।

जिनेन्द्रने गौतममुनीको प्रमाणसंयुक्त अर्थ कहा। उन्होंने लोहार्यको, लोहार्यने—जिनका नाम सुधर्मा भी है—जम्बुस्वामीको कहा। ये तीनों गणधर, गुणसमग्र, और निर्मल बारशानके धारी थे। ये केवल ज्ञानको प्राप्त करके मोक्षको प्राप्त हुए। इनको मैं नमस्कार करता हूं। इनके बाद नन्दि, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन और भद्रबाहु ये पांच पुरुषश्रेष्ठ चौदह पूर्व और बारह अंगके धारक हुए। इनके बाद क्रमसे विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिषेण, विजय, बुद्धिल, गंगदेव और धर्मसेन, ये दस पूर्वधारी हुए। फिर नक्षत्र, यशःपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन, और कंस ये पांच ग्यारह अंगके धारक हुए। इनके बाद सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और अन्तिम लोह (लोहाचार्य) ये आचारांगके धारक हुए।

इस परम्परासे एक यह विशेष बात मालूम हुई कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम *लोहार्य भी था*। लोहार्य नामके एक और भी आचार्य हुए हैं जो आचारांगधारी थे। उन्हें दूसरे लोहाचार्य समझना चाहिए। श्रवण बेल्गोलकी चन्द्रगुप्तबस्तीके [1]शिलालेखके—' **महावीरसवितरि परिनिर्वृते भगवत्परमर्षि—गौतमगणधरसाक्षाच्छिष्य—लोहार्य**—जम्बु—××" आदि वाक्यमें जो लोहार्यको गौतमगणधरका साक्षात् शिष्य लिखा है, उसका भी इससे खुलासा हो जाता है। अभीतक इस बातका स्पष्ट उल्लेख कहीं भी नहीं मिला था कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम लोहार्यभी था।

१ देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर किरण १.

इस परम्परामें और त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी परम्परामें कोई अन्तर नहीं है। आचार्य गुणभद्रकृत उत्तर-पुराण, ब्रह्म हेमचन्द्रकृत श्रुतस्कन्ध, और इन्द्रनन्द्रिकृत श्रुतावतारमें भी बिलकुल यही परम्परा दी हुई है। परन्तु हरिवंशपुराण, नन्दिसंघ—बलात्कार गण—सरस्वती-गच्छकी प्राकृत पट्टावली, [2]सेनगणकी पट्टावली और [3]काष्टासंघकी पट्टावलीमें नन्दिकी जगह विष्णु नाम मिलता है। इसके सिवाय नन्दिसंघकी पूर्वोक्त पट्टावलीमें और काष्ठासंघकी पट्टावलीमें यशोबाहुके स्थानमें भद्रबाहु नाम है। जान पडता है नन्दीका नामान्तर विष्णु और यशोबाहुका भद्रबाहु भी होगा।

लोहाचार्य तककी यह गुरुपरम्परा दिगम्बर संप्रदायमें एकसी मानी जाती है। इसमें कोई मतभेद नहीं है। परन्तु यह बडे आश्चर्यकी बात है कि श्वेताम्बर संप्रदायमें जम्बुस्वामीके बाद जो परम्परा मानी जाती है, वह इससे सर्वथा भिन्न है। यद्यपि ये दोनों संप्रदाय वि० सं० १३६ के लगभग पृथक् हुए कहे जाते हैं। यदि यह समय सही है तो आचारांगधारियों तककी परम्परा दोनों संप्रदायोंमें एकसी होनी चाहिए थी। या तो यह समय ही ठीक नहीं है—जम्बुस्वामीके बादही यह सम्प्रदाय भेद हो गया होगा, या फिर दोनोंमेंसे किसी एकने अथवा दोनोंने ही पीछेसे भूलमालूम जानेपर इन्हें गढा होगा। इतिहासके विद्यार्थिओंके लिये यह विषय खास तौरसे विचार करने योग्य है।

१. यह ग्रन्थभी तत्त्वानुशासनादि-संग्रहमें छपा है।
२-३-४ —देखो जैनसिद्धान्तभास्कर, किरण ४।

परिशिष्ट–

जंबुद्दीवपण्णत्तिका आदि और अंतका कुछ भाग नमूनेके तौर पर यहां पर दिया जाता है ।

देवासुरिंदमहिदे दसद्धरुवूण कम्मपरिहीणे । केवलणाणालोए सद्धम्मुवएसदे अरुहे ॥ १ ॥
अट्ठविहकम्मरहिए अट्ठगुणसमण्णिदे महावीरे । लोयग्ग–तिलयभूदे सासयसुहसंट्ठिदे सिद्धे ॥ २ ॥
पंचाचारसमग्गे पंचेंदियनिजिदे विगयमोहे । पंचमहव्वयानिलए पंचमगइनायगायरिए ॥ ३ ॥
परसमयतिमिरदलणे परमागमदेसए उवज्झाए । परमगुणरयणणिवहे परमागमभाविदे वीरे ॥ ४ ॥
णाणागुणतवणिरए ससमदसब्भावगहियपरमत्थे । बहुविहजोगज्जुत्ते जे लोए सव्वसाहुगणे ॥ ५ ॥
ते वंदिदूण सिरसा वोच्छामि जहा कमेण जिणदिट्ठं । आयरियपरंपरया पण्णत्तिं दीवजलधीणं ॥ ६ ॥

\+ + + + + +

विउलगिरितुंगसिहरे जिणिंदइंदेण वड्ढमाणेणं । गोदममुणिस्स कहिदं पमाणणयसंजुदं अत्थं ॥ ९ ॥
तेणवि लोहज्जस्स य लोहज्जेण य सुधम्मणामेण । गणधरसुधम्मणा खलु जंवूणामस्स णिद्दिट्ठं ॥ १० ॥
चदुरमलबुद्धिसहिदे तिन्नेदे गणधरे गुणसमग्गे । केवलणाणपईवे सिद्धिंपत्ते णमंसामि ॥ ११ ॥
णंदी य णंदीमित्तो अवराजिदमुणिवरो महातेओ । गोवद्धणो महप्पा महागुणो भद्दबाहू य ॥ १२ ॥
पंचेदे पुरिसवरा चउदसपुव्वी हवंति णायव्वा । बारसअंगधरा खलु वीरजिणिंदस्स णायव्वा ॥ १३ ॥
तहय विसाखायरिओ पोट्ठिल्लो खत्तियओ य जयणामो । णागो सिद्धत्थो बिय धिदिसेणो विजय णामोय ॥
बुद्धिल्ल-गंगदेवो धम्मसेणो य होइ पच्छिमओ । पारंपरेण एदे दसपुव्वधरा समक्खादा ॥ १५ ॥
णक्खत्तो जसपालो पंडु-धुवसेण-कंस-आयरिओ । ऐयारस अंगधरा पंचजणा होंति णिद्दिट्ठा ॥ १६ ॥
णामेण सुभद्दमुणी जसभद्दो तहय होइ जसबाहु । आयारधरा णेया अपच्छिमो लोहणामो य ॥१७॥
आयरियपरंपरया सायरदीवाण तहय पण्णत्तिं । संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए ॥ १८ ॥

\+ + + + + +

परमेट्ठिभासिदत्थं उड्ढाधोतिरियलोयसंबंधं । जंबूदीवणिबद्धं पुव्वावरदोसपरिहीणं ॥ १४० ॥
गणधरदेवेण पुणो अत्थं लध्दूण गंथिदं गंथं । अक्खरपदसंखेज्जं अणंतसत्थेहि संहुत्तं ॥ १४१ ॥
आयरियपरंपरेण य गंथत्थं चेव आगयं सम्मं । उवसंहरीय लिहियं समासदो इहय णायव्वं ॥ १४२ ॥
णाणाणरवइमहिदो विगयभयमुंसंगभंग–उम्मुक्को । सम्मद्दंसणसुद्धो संजय–तव–सील–संपुण्णो ॥ १४३ ॥
जिणवर-वयण-विणिग्गयपरमागमदेसओ महासत्तो।सिरिनिलओ गुणसहिओ रिसिविजय गुरु त्ति विक्खाओ।
सोऊण तस्स पासे जिणवयणविणिग्गयं अमदभूदं । रइदं किंचुद्देसे अत्थपदं तह व लध्दूणं ॥ १४५ ॥

\+ + + + + +

अहतिरिय–उड्ढलोएसु तेसु जे होंति बहुवियप्पा दु । सिरिविजयस्स महप्पा ते सव्वे वण्णिदा किंचि।१५३।
गयरायदोसमोहो सुदसायरपारओ मइ–पगब्भो।तवसंजमसंपण्णो विक्खाओ माघनंदिगुरू ॥ १५४ ॥
तस्सेव य वरसिस्सो सिद्धंतमहोदहिम्मि धुयकलुसो । णवणियमसीलकलिदो गुणउत्तो सयलचंद गुरू १५५

१ 'एयारसंगधारी' भी पाठ है. २ 'भउ' पाठ द्वितीय पुस्तक में है । ३ 'किंचिद्देसं' भी है ।

तस्सेव य वरसिस्सो णिम्मलवरणाणचरणसंजुत्तो । सम्मद्दंसणसुद्धो सिरिणंदिगुरु त्ति विक्खाओ ॥ १५६ ॥
तस्स णिमित्तं लिहियं जंबूदीवस्स तहय पण्णत्ती । जो पढइ सुणइ एदं सो गच्छइ उत्तमं ठाणं ॥ १५७ ॥
पंचमहव्वयसुध्दो दंसणसुद्धो य णाणसंजुत्तो । संजमतवगुणसहिदो रागादिविवज्जिदो धीरो ॥ १५८ ॥
पंचाचारसमग्गो छज्जीवदयावरो विगदमोहो । हरिस-विसाय-विहूणो णामेण य वीरणंदित्ति ॥ १५९ ॥
तस्सेव य वरसिस्सो सुत्तत्थवियक्खणो मइप्पगब्भो । परपरिवादणियत्तो णिस्संगो सव्वसंगेसु ॥ १६० ॥
सम्मत्तअभिगदमणो णाणेण तह दंसणे चरित्ते य। परतंतिणियत्तमणो बलणंदि गुरु त्ति विक्खाओ ॥ १६१ ॥
तस्स य गुणगणकलिदो तिदंडरहियो तिसल्लपरिसुद्धो । तिण्णिवि गारवरहियो सिस्सो सिद्धंतगयपारो। १६२ ॥
तवणियमजोगजुत्तो उज्जुत्तो णाणदंसणचरित्ते। आरंभकरण रहियो णामणे य पउमणंदीत्ति ॥ १६३ ॥
सिरिगुरुविजयसयासे सोऊणं आगमं सुपरिसुद्धं । मुणि--पउमणंदिणा खलु लिहियं एयं समासेण ॥ १६४ ॥
सम्मद्दंसणसुद्धो कदवदकम्मो सुसीलसंपण्णो ॥ अणवरयदाणसलिो जिणसासणवच्छलो वीरो ॥ १६५ ॥
णाणागुणगणकलिओ णरवइसंपूजिओ कलाकुसलो ॥ वाराणयरस्स पहू णरुत्तमो सत्तिभूपालो ॥ १६६ ॥
पोक्खराणि--वावि--पउरे बहुभवणविहूसिए परमरम्मे । णाणाजणसंकिण्णे धनधन्नसमाउले दिव्वे ॥ १६६ ॥
सम्मादिट्ठिजणोघे मुणिगणणिवहेहि मंडिए रम्मे । देसम्मि पारियत्ते जिणभवणविहूसिए दिव्वे ॥ १६८ ॥
जंबूदीवस्स तहा पण्णत्ती बहुपयत्थसंजुत्तं (त्ता) । लिहियं संखेवेणं वाराए अच्छमाणेण ॥ १६९ ॥
छद्मत्थेण विरइयं जं किंपि हवेज्ज पवयणविरुद्धं । सोधंतु सुगीदत्था तं पवयण वच्छलत्ताए ॥ १७० ॥

× × × × ×

विउध-वइ-मउड-मणिगण-कर-सलिलसुधोयचारु पयकमलं । वरपउमणंदि णमियं वीरं जिणिदं णमंसामि ॥ १७६ ॥

इय जंबूदीवपण्णत्तिसंगहे पमाणपरिच्छेदो णाम तेरमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १३ ॥

४ 'रहयं' पाठ पूनेकी प्रतिमें है ।

गिरनारपर्वत — पंचमी टोंक.

अर्हम्

॥ नमोऽस्तु श्रमणाय भगवते महावीराय ॥

जैन साहित्य संशोधक

खंड १] गुजराती लेख विभाग [अंक ४

सप्तभंगी

अथवा

सत्-असत्-तत्त्वमूलक प्रमाण पद्धति

[ले० अध्यापक रसिकलाल छोटालाल परीख. बी. ए.]

जैन दर्शन अथवा आर्हत दर्शनना तत्त्वज्ञाननो मूल पायो सप्तभंगी उपर रचाएलो छे. सप्तभंगी एटले वस्तु तत्त्वना स्वरूपनो संपूर्ण विचार प्रदर्शित करवा माटे योजली सात प्रकारनी वाक्यरचना. ते आ प्रमाणे छेः—

(१)	[वस्तु]	कथंचित्	छे. *
(२)	,,	,,	नथी.
(३)	,,	,,	छे अने नथी.
(४)	,,	,,	अवाच्य छे.
(५)	,,	,,	छे अने अवाच्य छे.
(६)	,,	,,	नथी अने अवाच्य छे.
(७)	,,	,,	छे,नथी,अने अवाच्य छे.

आ प्रमाणे सप्तभंगीनी वाक्यरचना छे. सामान्य वाचकने बहु विचित्र, निरुपयोगी अने हास्यजनक लागे तेवु तेनु बाह्य स्वरूप देखाय छे. परंतु गंभीर विचारपूर्वक जो ते संबंधी ऊहापोह करवामां आवे तो तेमां रहलां तत्त्वो सर्वसाधारण अने सर्वव्यापी छे एम स्पष्ट जणाई आवशे. ए विचार पद्धतिमां सत्–असत् अनेक धर्मवत्त्व, अने एक वाक्य एक समये एक धर्मनो निर्देश ज करी शके; ए तत्त्वोनो अन्तर्भाव थएलो छे. ए तत्त्वोए आ विशिष्ट स्वरूप क्यारे अने कई परिस्थितिमां धारण कर्युं तेनो निर्णय करवो हजी सुलभ नथी. परंतु जैन न्यायशास्त्रना अध्ययन उपरथी तेनो विकास अने प्रयोजन तो आपणे चोकस जाणी शकीए तेम छीए.

जैनोना आ विशिष्ट सिद्धान्तना इतिहास विषे हालमां हूं आटलुं जणावी शकुं छुंः—उत्तराध्ययन सूत्रमां एनो निर्देश नथी. भद्रबाहुनी आवश्यक सूत्रनी निर्युक्तिमां

* संस्कृत वाक्यो आ प्रमाणेः—
(१) स्यादस्ति (४) स्यादवक्तव्यम्
(२) स्यान्नास्ति (५) स्यादस्ति अवक्तव्यम् च
(३) स्यादस्ति नास्ति (६) स्यान्नास्ति अवक्तव्यम् च
(७) स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्यं च

you account for the unerring accuracy of his inference in this matter? Is it not that there is inherent in the human mind a natural capacity for valid deduction independently of a school or collegiate education?

Well, this is what may be termed natural logic which, as you see, is a very simple thing. Compared with this the modern system of logic which forms part of the higher education that is imparted only to advanced students, is but a bundle of artificial forms and formulae. It is cumbersome and too much loaded with technicalities, definitions and diagrams which only go to confuse the mind and confound the sense. Besides, it is meant only for a certain class of college students, is learnt with difficulty and is productive of no practical good outside. Natural logic, on the other hand, is a practical function of life, and, therefore, natural to every man, woman and child. It only requires the drawing of attention to a few principles which can be understood and mastered by any one in a short time. There is certainly nothing in the nature of an impossibility in its principles to place it beyond the reach of the moderately intelligent man in the street. How quickly one masters this branch of practical learning, depends on the way it is imparted to men. Certainly, their failure, if any, is to be laid at the door of their instructor.

It would be out of place to compare in detail the method advocated here with what is taught as logic in our colleges, but it is well-known that the highest achievement of artificial logic is the possession of a set of rigid diagrams and forms which it applies to each and every proposition to test its formal validity quite irrespective of the question whether the statement of fact or facts involved in its premises be, in reality, true or not. The least advantage to be derived from natural logic, on the contrary, is the acquisition of what may be termed the logical turn of mind that seeks to discover and establish actual relations among things and the true principles of causation of events in nature. The highest gain from this system of natural deduction must, consequently, imply a complete mastery over the empire of nature for our individual and racial good.

It only remains to be said that logic is the one science which is the crown of glory of Intellectualism. It is highly practical, useful in every department of learning and the sweetener of life. It was logic which was truly the source of undying fame to the ancient rishis and philosophers of our land; and it is logic whose neglect has reduced us to the lowest level of existence to day. It is, therefore, the duty of every true well-wisher of India and Indians, as well as of the entire human race, to spread the knowledge of this most important science amongst men; and most certainly it should be taught to our boys and girls in their child-hood to impart to them that logical attitude which is the source of all auspiciousness and good.

Hardoi,
22nd August 1920.

CHAMPAT RAI JAIN,
Bar-at-law.

LOGIC FOR THE MASSES.

LESSON I.

Logic is the method of valid deduction. A valid deduction is only possible where there is a *fixed rule* to lead the mind to a particular conclusion from a given mark or fact.

Illustration.

1. There is fire in this room, because it is full of smoke.

[Here smoke is the mark of fire. The sight of smoke immediately leads one to the conclusion that there is fire in the room, because smoke is not produced except by fire.]

2. It will be Monday to-morrow, because it is Sunday to-day.

Where there is no fixed rule there can be no valid deduction there, *e. g.*, you cannot tell the number of keys in my pocket, because there is no fixed rule that I should always have a partilar number of keys into my pocket and never more or less.

LESSON II.

A fixed logical rule means something more than a mere long course of practice, or a series of disconnected events. Suppose a man has hitherto always carried 5 keys in his pocket and never any more or less : does it entitle any one to say that he will have only five keys in his pocket to-morrow also ? No, because we have here only a long course of practice which might be discontinued any moment. Suppose further that I have a friend who is the father of one dozen boys and who has never had a girl born to him, and suppose that his wife expects to become a mother again : can any one say what will be the sex of the next child of my friend ? No, because there is no fixed rule in nature that a particular person should always get boys and never a girl.

It is thus evident that a long course of practice or even an uninterrupted series of natural events does not justify an inference which can only be drawn from certain fixed natural or quasi-natural rules.

LESSON III.

There is a fixed logical rule to guide the mind from :--

(1) Cause to effect.

Illustration.

Moist fuel if set burning produces smoke.

(2) Effect to cause.

Illustration.

Where there is smoke there is fire.

(3) Antecedent to consequent.

Illustration.

i Monday following Sunday ;
ii Youth following childhood ;
iii Old age following youth.

(4) Consequent to Antecedent.

Illustration.

i Saturday preceding Sunday.
ii Youth preceding old age.
iii Childhood preceding youth.

(5) Concomitance.

Illustration.

i Age and experience.
ii Childhood and inexperience.
iii Marks of ripeness and deliciousness of taste in fruit.

(6) Container and contained, *i. e.*, the whole includes the part, or, what comes to the same thing, the attributes of the whole are to be found in the part.

Illustraion.

There is no fruit tree in this garden ;

Therefore there is no mango tree in this garden.

The instructor should illustrate these

six kinds of fixed rules by many illustrations.

LESSON IV.

A conclusion may be drawn from an affirmative logical relationship, *e. g*., wherever there is smoke there is fire. This is called the *anvaya* form. Hence when you see smoke you immidiately say that there must be fire present at its source. But the sight of fire does not entitle you to conclude that smoke must be there too; for while smoke is always caused by fire, every kind of fire does not produce smoke, *e. g*., red hot charcoal fire. But you may sefely infer from the relationship of fire and smoke that where there is no fire there is no smoke. This is technically known as *vyatireka*.

Thus from the relationship between fire and smoke we can infer

1. the existence of fire wherever there is smoke, and

2. the non-existence of smoke where there is no fire.

But we cannot infer

1. the existence of smoke from fire, nor

2. the non-existence of fire where there is no smoke.

Anvaya and *vyatireka* taken together establish the validity of a logical relationship.

LESSON V.

The argument or reason is either of a contradictory type or of a non-contradictory one. The former of these implies the existence of a fact which is incompatible with the existence of the fact expressed in the conclusion. The other type is the non-contradictory one.

Illustration.

1. There is no fire in this pitcher, because it is full of water.

2. There is fire on this hill, because there is smoke on it.

The *hetu* (reason) in the first of these illustrations is called contradictory because it (water) is opposed to the nature of fire the presence of absence of which is the subject of inference; the pitcher being full of water which is hostile to and destructive of fire there can be no fire in it. The second illustration is a simple case of non-contradictory *hetu* (reason).

Further illustrations

Non-contradictory affirmative reason:

1. Sound is subject to modification, because it is a product.

(Explanation: All products are liable to modification; sound is a product; theretore, sound is subject to modification).

This is an instance of the rule that part is included in the whole, *i. e*., the attributes of a class are to be found in the individual.

2. There is fire on this hill because there is smoke on it.

(Effect to cause.)

3. It must be raining yonder, because potent rain-bearing clouds are gathered there.

[(Active) Cause to effect.]

4. It will be Sunday to-morrow because it is Saturday to-day.

[Antecedent to consequent.]

5. Yesterday was a Sunday, because it is Monday to-day.

[Consequent to antecedent]

6. This mango has a delicious taste, because it is ripe yellow in colour.

[Concomitance.]

Contradictory negative reason:

7. The atmosphere inside a steam boiler when fire is burning in it is not cold, because heated bodies are not cold.

[This is an instance of the whole and part tpye. Its amplified form would be :—

All heated bodies are not cold. A steam boiler is a heated body when a fire is burning in it.

Therefore, a steam boiler when a fire is burning in it is not cold.]

8. This woman is not barren, because she has a grandchild (which is the effect of the antithesis of female barrenness).

[Effect to cause, antithetical.]

9. This man is not happy, because he has present in him the causes of misery (the opposite of happiness).

[Cause to effect, antithetical].

10. Tomorrow will not be a Sunday, because it is Friday to-day.

[Antecedent to consequent, antithetical.]

11. Yesterday was not a Friday, because it is Tuesday to-day.

[Consequent to antecedent, antithetical]

12. This wall is not devoid of an outside, because it has an inside.

[Concomitance, antithetical.]

Non-contradictory negative :

13. There is no oak in this village, because there is no tree in it.

[Whole and part]

14. There are no potent rain-bearing clouds here, because it is not raining here.

[Effect to cause.]

15. There is no smoke in this place, because there is no fire here.

[Cause of effect.]

16. It will not be Sundy to-morrow, because it is not Saturday to-day.

[Antecedent to consequent.]

17. It was not Monday yesterday, because to-day is not Tuesday.

[Consequent to antecedent.]

18. The right hand pan of this pair of scales is not touching the beam, because the other one is on the same level with it.

[Concomitance.]

Contradictory affirmation :

19. This animal is suffering from some disease, because it has not got the appearance of health.

[Effect to cause.]

20. This woman is feeling unhappy, because she has been forcibly separated from her lover.

[Cause to effect, antithetical]

बा ल न्या य

[लेखकः—श्रीयुत चंपत रायजी जैन, बारिष्टर-ऍट-लॉ.]

(प्रथम वक्तव्य)

अध्यापकजी !

यह लेख जो आपके सम्मुख उपस्थित है, बालकों अर्थात् छटी, सातवीं और आठवीं कक्षाके छात्रोंको न्यायमें प्रवेश करानेके लिये लिखा गया है । " युरुपीय-न्याय " तो कालिजहीमें अध्ययन कराया जाता है, किन्तु यह प्रकट है कि जो मनुष्य प्राकृतिक न्यायको जानता है, वह बिना कालिज तक पढे भी उचित नतीजा निकाल सकता है। इससे यह सिद्ध होता है कि प्राकृतिक न्याय अत्यन्त सरल और सुबोध है । मेरा विचार है कि छटी, सातवीं और आठवीं कक्षाके बालकोंको भले प्रकार " न्याय " की शिक्षा दी जा सकती है ।

इसमें योग्यता केवल अध्यापकमें होनी चाहिये, जो कि प्रत्येक पाठ तथा दृष्टान्त भलीभांति विद्यार्थीको समझा दे । इस शिक्षामें स्मरण शक्तिपर बलात् बल डालनेकी कोई आवश्यकता नहीं-यदि छात्रको समझा दिया जाय । और न इसमें कोई बात ऐसी ही है, कि उपरोक्त छात्र भलीभांति न समझ सके । इससे स्वयं छात्रकी नैतिक शक्तियां न्यायका प्रतिबिम्ब हो जायंगी, और उसका मन स्वयं न्यायमें प्रवृत्त होने लगेगा । आशय यह है, कि यदि बालकों की समझमें न्याय न आय तो अध्यापक महाशयकी त्रुटि है और किसीकी नहीं ।

" न्याय " के गुणोंके बारेमें भी इतना कहना उचित प्रतीत होता है कि बिना इसके जाने हुये बुद्धि तीक्षण नहीं होती, और जो इसको जानता है उसीका जीवन सफल समझना चाहिये । न्याय ही की बदौलत भारत वर्षके प्राचीन कालमें ऋषि, मुनि और विद्वान पंडितगण सारे संसारमें प्रख्यात हो गये । और न्यायके जाते रहने हीका यह फल है कि वर्तमान कालमें भारतमें चारों ओर अविद्या और अज्ञान फैला हुआ है । अतः जो मनुष्य देश और जातिके शुभचिंतक हैं, उनका कर्तव्य है कि वे यथासंभव शैशवकालहीमें अपनी सन्तान और छात्रोंके मनको "न्याय" में प्रवृत्त करावें ।

इसप्रकार "न्याय" में प्रवेश करनेके अर्थ उचित है कि छठी-सातवीं कक्षा तक तो यही पाठ-जो आप लोगों के सन्मुख उपस्थित हैं-पढाये जायं । तत्पश्चात् आठवीं श्रेणीमें " न्याय दीपिका " " परीक्षा मुख " अथवा इसी प्रकारकी किसी अन्य पुस्तका अध्ययन कराया जाय । इस प्रकार छात्रोंमें न्यायकी योग्यता स्वयं बढती जायगी ।

प्रथम पाठ

(क)

प्रश्न—बच्चो! आज रविवार है; तुम बतला सकते हो कि कल कौन दिन होगा?

उत्तर—सोमवार।

प्र०—क्या तुम बता सकते हो कि कल मंगल, बुध, या बृहस्पति वार क्यों नहीं होगा?

उ०—क्यों कि रविवारके बाद सदैव सोमवार ही होता है, कभी दूसरा दिन नहीं होता।

प्र०—इस लिये यदि हम यह कहें, कि कल बुध होगा तो क्या हमारा कहना ठीक होगा?

उ०—नहीं साहब! आपका ऐसा कहना नितान्त भ्रमात्मक होगा।

(ख)

प्र०—बच्चो! हमारी जेबमें चाबियोंका एक गुच्छा है; क्या तुम बतला सकते हो कि उसमें कितनी कुंजियें हैं?

उ०—नहीं साहब!

प्र०—क्यों?

उ०—इस लिये कि कोई ऐसा नियम नियत नहीं है कि जिससे किसी गुच्छेकी कुंजियोंकी संख्या निर्धारित हो सके।

उपरोक्त प्रश्नोत्तर-रीतिसे यह प्रकट है कि न्यायके अनुसार नतीजा वहीं निकाला जा सकता है कि,

१—जहां कोई निर्धारित नियम हो, और

२—वहां कोई न्यायका नतीजा नहीं निकल सकता जहां कोई निश्चित नियम नहीं है

दूसरा पाठ

बच्चो!

कल तुमको यह बताया गया था कि जहां कोई नियम नहीं है वहां कोई ठीक नतीजा नहीं निकाला जा सकता। आज हम दो उदाहरणोंपर और विचार करेंगे, कि "नियम" से क्या प्रयोजन है।

१—कल्पना करो कि एक ग्वाला सूर्य्य निकलनेसे पूर्व शहरमें दूध बेचनेके लिये मेरे मकानके सामनेसे जाया करता है। और यह भी कल्पना कर लो कि यह मनुष्य ५० वर्षसे लगातार योंही मेरे मकानसे जाता है—और कोई नागा कभी इससे नहीं हुई। तो क्या तुम बता सकते हो, कि प्रातःकाल भी वह मेरे मकान के सामने से गुजरेगा, या नहीं?

२—कल्पना करो मेरा एक मित्र रामदत्त है जो १२ लडकोंका पिता है; और जिसके आज तक कभी लडकी पैदा नहीं हुई। इस रामदत्तकी पत्नी गर्भवती है। क्या तुम बता सकते हो कि उसका गर्भस्थ-बालक पुत्र होगा या पुत्री?

इन दोनों प्रश्नोंके उत्तर "नहीं" में है। क्यों कि पहिले प्रश्नमें दूध बेचनेवालेका बीमार हो जाना अथवा किसी अन्य आवश्यककार्य या लाभकारी व्यापारमें लग जाना, या दूध ही का अभाव हो जाना संभव है। दूसरे उदाहरणमें प्रकृतिका कोई ऐसा नियम नहीं है, कि अमुक मनुष्यके घर सदैव लडके ही हों—लडकी कभी न हो।

बस हम देखते हैं कि "न्याय" के नियमका प्रयोजन ऐसी घटनाओंसे नहीं है, जो किसी मुख्य बातमें अब तक प्रचलित रही हों; किन्तु उस नियत नियमसे है-जो अबतक सत्य पाया गया है—और भविष्यमें भी कभी असत्य नहीं हो सकता। जैसे बालक-पनका युवावस्थासे पहले होना।

तृतीय पाठ

उपरोक्त निर्धारित नियम ६ प्रकारके हो सकते हैं, अधिक नहीं।

१—कारणके ज्ञात होनेसे कार्य्यका अनुमान। जैसे सुलगते हुये गीले ईंधनसे धुंवाका ज्ञान।

नोट—अध्यापकका कर्तव्य है कि बालकों के मन पर नाना उदाहरणों द्वारा यह सिद्धान्त अंकित कर दे।

२—कार्यसे कारणका ज्ञान ।

उदाहरण—धुंवेसे अग्निका बोध ।

३—पूर्व पक्षसे उत्तर पक्षका बोध ।

उदाहरणः—१—रविवारके पश्चात सोमवारका होना ।

२—शैशव कालके पश्चात् युवावस्था ।

३—युवावस्थाके पश्चात् वृद्धावस्था ।

४—उत्तरपक्षसे पूर्वपक्षका ज्ञान ।

उदाहरण—१रविवारके पूर्व शनिवारका बोध ।

—२बुढापेसे पूर्व युवावस्था ।

५—एक साथ होनेवाली बातोंका ज्ञान ।

उदाहरण—१ जैसे वय और अनुभव ।

—२ बालकापन और अबोधना ।

—३ फलमे उसके पकनेके चिन्ह और उसका स्वाद विशेष ।

६—व्याप्य-व्यापक अर्थात् कुलमें जुज (अंश) शामिल हैः या यों कहो कि जातिके गुण व्यक्तिमें पाये जाते हैं ।

उदाहरण—१ इस फुलवाडीमें कोई फलदार वृक्ष नहीं है; अतः इसमें आम भी नहीं है ।

अध्यापकका कर्तव्य होगा कि इन ६ प्रकारके नियमोंको भली भांति बालकोंको समझा दे और नाना प्रश्नों द्वारा इस बातका भी निश्चय करा दे कि केवल ६ ही प्रकार के नियम प्रकृति में हैं—न्यूनाधिक नहीं।

चतुर्थ पाठ

बच्चो !

न्यायका सिद्धान्त " धनरूप " नियमसे निकाला जा सकता है, जिसको " अन्वय " कहते हैं ।

उदाहरण—जहां कहीं धुंवां हैः वहां अग्नि अवश्य है ।

नोट—सप्ताह दो सप्ताहमें जब यह बात छात्रगण समझ जावें, तो फिर आगे बढ़ ।

इस लिये जब कभी तुम धुंवा देखो तो मनमें तुरन्त नतीजा निकाल सकते हो कि वहां अग्नि अवश्य होगी; किन्तु अग्निको देख कर तुम यह नहीं कह सकते कि धुंवा भी वहां है । क्यों कि धुंवा तो बिना आगके हो नहीं सकता; किन्तु आग बिना धुंवाके भी हो सकती है । जैसे सुलगते हुये अंगारे की आग । और आग तथा धुंवेके पारम्परिक संबधसे तुम यह भी नतीजा निकाल सकते हो कि जहां जहां आग नहीं होती वहां वहां धुंवा भी नहीं होता । क्यों कि धुंवा बिना आगसे नहीं होता । यह 'ऋणरूप' है और इसको 'व्यतिरेक' कहते हैं ।

बस यह प्रकट है कि आग और धुंवेके संबंधसे ४ नतीजे निकलते हैं ।

१—अग्निका ज्ञान धुंवेके ज्ञानसे ।

२—धुंवेके अभावका ज्ञान अग्निके अभावके ज्ञानसे।

३—धुंवेका ज्ञान अग्निके ज्ञानसे ।

४—अग्निके अभावका ज्ञान धुंवेके अभावके ज्ञानसे।

इनमेंसे पहिले दो तो नियमानुसार हैं और इस कारणसे ठीक हैं । और पिछले दो नियमके प्रतिकूल हैं अतः ठीक नहीं । जहां अन्वय और व्यतिरेककी तुलना होती है, वहां नियम सिद्ध समझा जाता है । यथा—

१—जहां जहां धुंवा होता है वहां वहां अग्नि होती है । (अन्वय)

२—जहां जहां अग्नि नहीं होती वहां वहां धुंवा भी नहीं होता । (व्यतिरेक)

पञ्चम पाठ

बच्चो !

इस उदाहरणमें कि " इस पहाडपर अग्नि है, क्यों कि इसपर धुंवा है" अग्निको साध्य कहते हैं और धुंवेको हेतु ।

साध्य वह कहा जाता है जो सिद्ध किया जाय ।

हेतु वह है जिसके द्वारा साध्यकी सिद्धी हो।

यह हेतु साध्यका चिन्ह या संबंधी हुआ करता है; जैसे अग्निका चिन्ह धुंवा । क्यों कि धुंवा किसी और वस्तुका चिन्ह नहीं है । कारण यह कि धुंवा अग्नि हीसे पैदा होता है; और अग्निके अभावमें नहीं पैदा हो सकता । अतः वह अग्नि हीका चिन्ह है और इसी कारणसे तुरन्त अग्निका बोध करा देता है ।

हेतु दो प्रकार का होता है, विरुद्ध व अविरुद्ध ।

विरुद्ध— वह है जो साध्यके विरोधी का चिन्ह हो और जिसमें साध्यके प्रतिकूल नतीजा निकले । जैसे इस घडेमें आग नहीं है; क्यों कि यह पानीसे भरा हुआ है । यहां पानी अग्निका विरोधी है । अतः अग्निके अस्तित्वका निषेध करता है ।

अविरुद्ध हेतु—वह है जो सरलता पूर्वक साध्यके अस्तित्वको सिद्ध करता है । जैसे इस पहाड की चोटीपर आग है, क्यों कि वहांसे धुंवा ऊठ रहा है ।

(विभिन्न उदाहरण)

(क) अविरुद्ध विधि साधक अर्थात् जिनसे अस्तित्व सिद्ध हो । जैसे—

१—शब्द परिणामी होता है; क्योंकि वह क्रियासे उत्पन्न होता है ।

यह उदाहरण व्याप्य-व्यापकके संबंधमें है; जिसका पूरा रूप इस प्रकार बैठता है । शब्द परिणामी होता है क्योंकि वह कार्यसे उत्पन्न होता है । जो जो किये हुये होते हैं वे वे पदार्थ परिणामी होते हैं । जैसे घट । उसी प्रकार शब्द भी किया जाता है, अतएव वह भी परिणामी होता है । अथवा जो पदार्थ परिणामी नहीं होते वे किये भी नहीं जाते । जैसे वन्ध्या स्त्रीका पुत्र । बस उसी प्रकार शब्द कृतक होता है इसी कारण परिणामी भी होता है ।

२—इस प्राणीमें बुद्धि है; क्यों कि बुद्धिके कार्य वचन आदि इसमें पाये जाते हैं । यहां बुद्धि साध्य है और वचनादि हेतु । कार्यसे कारणका ज्ञान होता है ।

३—यहां छाया है; क्योंकि छत्र मौजूद है । यहां समर्थ कारणसे कार्यका बोध हुआ ।

४—कल इतवार होगा; क्यों कि आज शनिवार है। यहां पूर्व-पक्षसे उत्तर-पक्षका ज्ञान हुआ ।

५—कल इतवार था; क्यों कि आज सोमवार है । यहां उत्तर-पक्षसे पूर्व-पक्ष का ज्ञान हुआ ।

६—इस आममें रस है; क्यों कि यह पका हुआ पीले रंगका है । यह सहचरका उदाहरण है ।

(ख) विरुद्ध-निषेध-साधक ।

७—यहां शीत स्पर्श नहीं है; क्यों कि अग्नि-ताप मौजूद है । यहां अग्नि, शीत से विरुद्ध है और ताप, अग्नि का व्याप्य है । अतः वह अग्नि का ज्ञान कराता है ।

८—यह मनुष्य अस्वस्थ है; क्यों कि शय्याग्रस्त है । यह उदाहरण कार्यसे कारणके निषेधका ज्ञान विरुद्ध रूप से कराता है। क्यों कि स्वास्थ्यके निषेधका बोध होता है—उसके विरोधी बीमारीके कार्य अर्थात् शय्या-ग्रस्त होने से ।

९—इस जीवको सुख नहीं है; क्यों कि उसके हृदयमें व्यग्रता मौजूद है । यहां दुखका कारण हृदयकी व्यग्रता है । अतः वह दुखको जनावेगी और दुखके अस्तित्वमें—जो सुखका विरोधी है—सुख का होना असम्भव है ही ।

१०—कल इतवार नहीं होगा; क्यों कि आज शुक्र है । यह उदाहरण पूर्व-पक्षसे उत्तर पक्षका है । शुक्रवार यहां शनिवारका विरोधी माना गया है ।

११—कल शुक्रवार नहीं था; क्यों कि आज मंगल है । यहां मंगलको बृहस्पतिका विरोधी मानकर उत्तर पक्षसे पूर्व पक्षका अनुमान किया है ।

१२—इस भीतमें उस ओरके भागका अभाव नहीं है; क्यों कि इस ओरका भाग मौजूद है । यह सहचरका दृष्टान्त हुआ ।

(ग) अविरुद्ध-निषेध-साधक ।

१३—इस नगरमें शीसम नहीं है; क्यों कि यहां

वृक्षका अभाव है। यह उदाहरण व्याप्य–व्यापकके संबंधमें है।

१४—यहां बरसाऊ बादल नहीं है; क्यों कि यहां वर्षा नहीं हो रही। यह उदाहरण कार्य्य-कारणके संबंधका है।

१५—यहां धुंवा नहीं है; क्यों कि यहां अग्नि नहीं है। यहां कार्य्यसे कारणकी ओर ध्यान गया।

१६—कल रविवार नहीं होगा; क्यों कि आज शनिवार नहीं है।

१७—कल सोमवार नहीं था, क्यों कि आज मंगल नहीं है।

१८—इस तराजूका दाहिना पलडा डंडीको नहीं छू रहा है; क्यों कि दूसरा पलडा उसके बराबर है। यह सहचरका उदाहरण है।

(घ) विरुद्ध–विधि–साधक।

१९—इस प्राणीमें रोग है; क्यों कि इसकी चेष्टा निरोग नहीं पाई जाती।

२०—इस स्त्रीके हृदयमें पीडा है; क्यों कि यह अपने पतिसे हठात् पृथक् कर दी गई है।

अध्यापक महाशय को उचित है कि नाना उदाहरणों द्वारा इन चारों किसमके अनुमानोंका ज्ञान बालकोंको करा दे॥ इति।

सम्पादकीय टिप्पणी—ऊपरके दोनों लेख (इंग्रेजी और हिन्दी) लेखक महाशयने, खास करके बालकोंको न्यायशास्त्रका सरल रीतिसे बोध करा देनेके हेतुसे लिखे हैं। मनुष्यमें रही हुई बुद्धि–शक्तिको विकसित करने और सत्यासत्यके विचारकी जिज्ञासाको तृप्त करने में एकमात्र साधन न्यायशास्त्र ही है। न्यायवेत्ताओंकी दृष्टिमें जिस मनुष्यने न्यायशास्त्रका अध्ययन नहीं किया वह, चाहे, फिर अन्य सभी विषयोंमें पारंगत क्यों न हो, परंतु " बाल " ही कहलाता है। " अधीतव्याकरणकाव्यकोशोऽनधीतन्यायशास्त्रः बालः। " (जिसने व्याकरण, काव्य, कोश आदिका अध्ययन तो कर लिया है परंतु न्यायशास्त्रका अध्ययन नहीं किया वह ' बाल ' ही है) यह नैयायिकोंके " बाल " का लक्षण है। इस लक्षणमें सत्यता अवश्य रही हुई है। क्यों कि बिना न्यायशास्त्रका अध्ययन किये मनुष्य सत्यासत्यका भी निर्णय नहीं कर सकता और पदार्थके कार्य–कारणका भी ज्ञान नहीं कर सकता। न्यायतत्त्वके जाने बिना मनुष्यकी बुद्धिशक्ति कुंठित हो रहती है और विचारशक्ति अन्धी बनी रहती है। अतः इस कथनमें कोई भी अत्युक्ति नहीं है कि न्याय शास्त्रके अध्ययन विनाका मनुष्य बिलकुल " बाल " ही है।

भारतके प्राचीन विद्वानोंने न्यायशास्त्रका कितना सूक्ष्म और विस्तृत परिशीलन किया है इसकी साधारण जनोंको तो कल्पना भी आनी कठिन है। उन्होंने एक एक विषयपर तो क्या परंतु एक एक मामूली विचारपर भी सैकडों ग्रंथ और हजारों श्लोक लिख डाले हैं! उनके इन गहन तर्कोंको देख कर आज कलके विद्वान मनुष्यका मस्तिष्क भी चकराने लगता है तो फिर औरोंकी तो बात ही क्या। एक तो यों ही यह विषय कठिन है और फिर उसपर इनकी भाषा संस्कृत होकर उसकी शैली उससे भी कठिनतर है। इस लिये बिना संस्कृतका अच्छा अभ्यास किये न्यायतत्त्वका ज्ञान होना आज प्रायः हमारे देशवासियोंके लिये दुर्लभ्य हो रहा है। इस दुर्लभताको कुछ सुलभ बनानेके लिये और सर्व साधारणको सहज ही में इस विषयका परिचय प्राप्त करा देनेके लिये श्रीयुत जैनीजीने यह प्रशंसनीय प्रयत्न किया है। आप इस बारेमें लिखते हैं कि—" मेरा दृढ विश्वास है कि मनुष्य यदि प्राकृतिक नियमोंका विधिपूर्वक अनुशीलन कर ले तो न्यायशास्त्रका दुरूहपथ उसके लिये भलीभांति प्रशस्त हो सकता है। इसी विचारको भविष्यमें कार्य रूप प्रदान करनेके निमित्त यह लेख प्रकाशित कराया जाता है। ताकि इस शास्त्रके धुरंधर विद्वानों द्वारा इसकी उचित समालोचना हो जाय। अगर इन नियमोंमें यदि किसी महानुभावको संशोधन करनेकी आवश्यकता प्रतीत हो तो पूर्ण छान-बीनके बाद कर दी जाय। इस लेख द्वारा इस शैलीकी उपयोगिता सिद्ध हो जाने पर इस विषयको पुस्तकाकार प्रकाशित करनेका उद्योग किया जायगा जिससे मातृ-भाषा भाषी छात्र न्यायमें प्रवेश करके सत्यासत्यका स्वयं निर्णय कर सकें। "

आशा है कि विद्वत्वर्ग जैनी महाशयके इस उच्च आशयको लक्ष्यमें लेकर इस बारेमें अपनी योग्य सम्मति प्रकाशित करेंगे।

दक्षिण भारतमें ९ वीं-१० वीं शताब्दिका जैन धर्म।

[लेखकः—स्वर्गस्थ कुमार देवेन्द्र प्रसादजी जैन]

गंग वंश।

भारतवर्षके प्राचीन राजवंशोंमें पश्चिमके गंगवंशीय राजा जैनधर्मके कट्टर अनुयायी थे। यह बात परम्परासे चली आई है कि नंदीगण सम्प्रदायके सिंहनन्दी नामक एक जैनधर्मके आचार्यने, गंगवंशके प्रथम राजा शिवमारको राज्यसिंहासन प्राप्त करनेमें सहायता दी थी। एक शिलालेखमें इस बातका वर्णन है कि शिवमार कोंगुणि वर्मा सिंहनन्दीका शिष्य था, और दूसरेमें यह कि सिंहनन्दी मुनिकी सहायता से गंगवंश वैभवसम्पन्न हुआ। एतदर्थ इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जैन ग्रन्थोंमें इस भावके श्लोक पाए जाय कि गंगवंशीय राजा सिंहनन्दीकी चरणवन्दना करते हैं[3]। अथवा जिस राजवंशका जन्म एक जैन धर्माचार्यकी कृपासे हुआ हो उसके राजाओंका कट्टर जैनधर्मावलम्बी होना भी कोई आश्चर्यकी बात नहीं है। ऐसे लेख विद्यमान हैं जो इस बातको निस्संदेह सिद्ध कर देते हैं कि गंगवंशीय राजा जैनधर्मके उन्नायक और रक्षक थे। ईसाकी चौथीसे बारहवीं शताब्दी तकके अनेक शिलालेखोंसे इस बातका प्रमाण मिलता है कि गंगवंशके शासकोंने जैन मन्दिरोंका निर्माण किया, जैन प्रतिमाओंकी स्थापना की, जैनतपस्वियोंके निमित्त चट्टानोंसे काट काटकर गुफाएं तैयार कराईं और जैनाचार्योंको दान दिया।

मारसिंह द्वितीय।

इस वंशके एक राजाका नाम मारसिंह द्वितीय था, जिसका शिलालेखोंमें धर्ममहाराजाधिराज 'सत्यवाक्य' कोंगुणीवर्मा—परमानडी मारसिंह नाम मिलता है। इस राजाका शासन काल चेर, चोल, और पाण्ड्य वंशोंपर पूर्ण विजयप्राप्तिके लिये प्रसिद्ध है। मारसिंह द्वितीयने अपने शत्रु वज्जलदेवके साथ सर्वोत्कृष्ट विजय प्राप्त किया और गोनूर और उच्छंगीमें उसने बहुत घनघोर युद्ध लड़े। जैन सिद्धान्तोंका सच्चा अनुयायी होनेके कारण इस महान नृपने अत्यन्त ऐश्वर्यसे राज्य करके राजपद त्याग दिया और भारवार प्रांतके बांकापुर नामक स्थानमें अपने प्रसिद्ध धर्म-गुरु अजितसेनके सन्मुख

---

१ देखो Repertoire d'epigraphie Jaina (A. A. Guerinot) शिलालेख नं. २१३ और २१४; तथा चन्द्रगिरि पहाड़ी पर स्थित पार्श्वनाथबस्तीके शिलालेखका निम्न लिखित पद्य—

"यो ऽसौ घातिमलद्विषद्बलशिला—स्तम्भावली—खण्डन—
ध्यानासिः पटुरर्हतो भगवतः सोऽस्य प्रसादीकृतः।
छात्रस्यापि स सिंहनन्दिमुनिना नो चेत् कथं वा शिला-
स्तम्भो राज्यरमागमाध्वपरिघस्तेनासिखण्डो घनः"॥
(श्रवण बेल्गोल शिलालेख, नं. ५४, पृष्ठ ४२)

२ सलेम जिलेकी Manual-Revd. T F. Foulkes द्वितीय भाग, पृ० ३६८ का निम्न लिखित पद्य देखिए—

"यस्याभवत् प्रवरकाश्यपवंशजोऽग्रे
कण्वो महामुनिरनल्पतपःप्रभावः।
तः सिंहनन्दिमुनिपप्रतिलब्धवृद्धि—
गंगान्वयो विजयतां जयतां वरः सः॥"

लूईस राईसके पाठानुसार 'मनिप' की जगह 'मुनिप' पाठ दिया है, जो ठीक उचित मालूम देता है।

३ "श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्रीसिंहनन्दिव्रति—
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुपः सम्यक्त्वचूडामणिः॥
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्द्धनसुधासूतिर्महीमण्डले
रेजे श्रीगुणभूषणो बुधनुतः श्रीराजमल्लो नृपः॥"
(बाहुबली चारित्र, श्लोक ८)

तीन दिनोंके व्रतसे शरीर त्याग दिया । मारसिंह द्वितीयकी समाधिका लेख कुगे ब्रह्मदेव खंभ नामक स्तम्भके निम्न भागमें चारों ओरके शिलालेखोंमें विद्यमान है । वह स्तम्भ श्रवण बेलगोल (माइसोर) की चन्द्रगिरी पहाडियोंपर स्थित मन्दिरोंके द्वारपर है⁴ । यद्यपि इस लेखमें कोई तिथि नहीं लिखी है,—तथापि मारसिंह द्वितीयके मृत्युकी तिथि एक दूसरे शिलालेखके आधारपर सन ९७५ ई० निश्चय की गई है⁵ ।

चामुण्डराय ।

चामुण्डराय या चामुण्डराज इस महान् नृपतिका सुयोग्य मंत्री था । इस मन्त्रीके शौर्यही के कारण मारसिंह द्वितीय वज्जलदे तथा गोनूर और उच्छंगीके रणक्षेत्रोंमें विजय प्राप्ति कर सका । श्रवणबेलगोलके एक शिलालेखमें चामुण्डराय की इस प्रकार प्रशंसा की हुई है—" जो सूर्यकी भांति ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी उदयाचलके शिरको मणिकी नाई भूषित करता है; जो चंद्रमाकी भांति अपने यशरूपी किरणोंसे ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी समुद्रकी वृद्धि करता है; जो ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी खानियुक्त—पर्वतसे उत्पन्न मालाका मणि स्वरूप है और जो ब्रह्मक्षत्र कुलरूपी अग्निको प्रचण्ड करनेके हेतु प्रबल पवनके समान है; ऐसा चामुण्डराय है ।

" कल्पान्त क्षुभित समुद्रके समान भीषणबलवाले और पातालमल्लके अनुज वज्जलदेवको जीतनेके हेतु इन्द्र नृपतिकी⁶ आज्ञानुसार, जब उसने भुजा उठाई; तब उसके स्वामी नृपति जगदेकवीरके विजयी हाथीके सन्मुख शत्रुकी सेना इस प्रकार भाग गई जैसे दौडते हुए हाथीके सन्मुख मृगोंका दल ।

" जिसकी उसके स्वामीने नोलम्बराजसे युद्धके समय इस प्रकार प्रशंसा की थी " जो वज्ररूप दांतोंसे शत्रुके हाथियोंके मस्तकको विदीर्ण करता है और जो शत्रुरूपी हिंस्र जीवोंके लिये अंकुशके समान है । ऐसे हाथीवत् आप जब वीर से वीर योद्धाओंके सन्मुख विराजमान हैं तो ऐसा कौन नृप है जो हमारे कृष्णबाणोंका ग्रास न बने"।

" जो नृप रणसिंहसे लडते हुए इस प्रकार गर्ज कर बोला, " हे नृपति जगदेकवीर ! तुम्हारे तेजसे मैं एक क्षणमें शत्रु को जीत सकता हूं, चाहे वह रावण क्यों न हो, उसकी पुरी लंका क्यों न हो, उसका गढ त्रिकूट क्यों न हो, और उसकी खाई क्षारसमुद्र क्यों न हो । "

" जिसको स्वर्गांगनाओंने यह आशीर्वाद दिया था " हम लोग इस वीरके बहुतसे युद्धोंमें उसको कण्ठालिंगनसे उत्कंठित हुई थीं, परन्तु अब उसकी खड्गकी धारके पानीसे हमलोग तृप्त हुई हैं । हे रणरंगसिंहके विजेता ! तुम कल्पांत तक चिरंजीव रहो । जिसने चलदंकगंग नृपतिकी अभिलाषाओंको व्यर्थ कर दिया, जो अपने भुजविक्रमसे गंगाधिराज्यके वैभवको हरण करना चाहता था; और जिसने वीरोंके कपालरत्नोंके प्याले बना कर और उनको वीरशत्रुओंके शोणितसे भरकर खूनके प्यासे राक्षसोंकी अभिलाषाको पूर्ण किया।" उपरोक्त शिलालेख स्वयं चामुण्डराजका लिखा हुआ अपना वर्णन है । परन्तु ऐसा जान पडता है इस शिलालेखका अधिक भाग अप्राप्य है । ऐसा मालूम देता है कि हेग्गडे कन्नने, अपने लिए केवल अढाई पंक्तिओंका लेख लिखनेके लिए, चामुण्डरायके मूल–लेखको तीन ओर अच्छी तरहसे घिसा दिया; और केवल एकही ओरके लेखको

---

४ देखो, लुईसराईस रचित 'श्रवणबेलगोलके शिलालेख' नं ३८।

५ देखो, मेलागानिका शिलालेख जिसको लुईस राईसने अपने 'श्रवण बेलगोलके शिलालेखोंकी भूमिकाकी पाद टीकामें उद्धृत किया है । पुनः देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ५, शिलालेख नं. १८।

६ इन्द्र चतुर्थ, तृतीय कृष्णका पौत्र–देखो 'एपिग्राफिया इन्डिका' भाग ५, लेख नं० १८।

७–८ "ब्रह्मक्षत्रकुलोदयाचलशिरोभूषामणिर्भानुमान
ब्रह्मक्षत्रकुलाब्धिवर्द्धनयशोरोचिः सुधादीधितिः ।
ब्रह्मक्षत्रकुलाकराचलभवश्रीहारवल्लीमणिः
ब्रह्मक्षत्रकुलाग्निचण्डपवनश्चामुण्डराजोऽजनि ॥
कल्पान्तक्षुभिताब्धिभीषणबलं पातालमल्लानुजम्
जेतुम् वज्जलदेवमुद्यतभुजस्येन्द्रक्षितीन्द्राज्ञया ।

रख छोड़ा, जिसका अनुवाद ऊपर दिया है। "चामुण्डरायने एक ग्रन्थकी रचना की जिसका नाम चामुण्डराय पुराण है और जिसमें २४ तीर्थंकरोंका संक्षिप्त इतिहास है और उसके अन्तमें ईश्वर नाम शक संवत्सर ९०० (९७८ ईस्वी) उसकी तिथि दी हुई है"। उपरोक्त शिलालेखके श्लोकोंमें दिया हुआ वर्णन चामुण्डरायपुराणके वर्णनसे मिलता जुलता है। उस पुराणके प्रारंभके अध्यायमें यह लिखा है कि उसका स्वामी गंगकुल चूडामणि जगदेकवीर नोलम्बकुलान्तक-देव था; और वह ब्रह्मक्षत्रवंशमें उत्पन्न हुआ था। अन्तके अध्यायमें यह लिखा है कि वह अजितसेनका शिष्य था।

पत्य: श्रीजगदेकवीरनृपतेर्जैत्रद्विपस्याग्रतो
धावद्दन्तिनि यत्र मग्नमहतानीकं मृगानीकवत् ॥
अस्मिन् दन्तिनि दन्तवज्रदलितद्विट्कुम्भिकुम्भोपले
वीरोत्तंसपुरोनिषादिनि रिपुव्यालाङ्कुशे च त्वयि।
स्यात् को नाम न गोचर: प्रतिनृपो मद्बाणकृष्णोरग-
ग्रासस्येति नोलम्बराजसमरे य: श्लाघित: स्वामिना ॥
खात: क्षारपयोधिरस्तु परिधिश्चास्तु त्रिकूट: पुरी—
लङ्कास्तु प्रतिनायकोस्तु च सुराराातिस्तथापि क्षमे।
तं जेतुं जगदेकवीरनृपते त्वत्तेजमीतिक्षणान्
निर्व्यूढं रणसिंहपार्थिवरणे येनोर्जितं गर्जितम् ॥
वीरस्यास्य रणेषु भूरिषु वयं कण्ठग्रहोत्कण्ठया
तृप्ता: सम्प्रति लब्धनिर्वृतिरसास्तत्-खङ्गधाराम्भसा।
कल्पान्तं रणरङ्गसिंहविजयि जीवेति नाकाङ्गना
गीर्वाणीकृतराजगन्धकरिणे यस्मै वितीर्णाशिष: ॥
आकृष्टुं भुजविक्रमादभिलषन् गङ्गाधिराज्यश्रियं
येनादौ चलदंकगङ्गनृपतिर्व्यर्थाभिलाषी कृत:।
कृत्वा वीरकपालरत्नचषके वीरद्विष: शोणितं
पातुं कौतुकिनश्च कोणपगणा: पूर्णाभिलाषीकृता: ॥

(त्यागद ब्रह्मदेवस्तम्भका शिलालेख, ई. स. ९८३; देखो, लु. रा. श्रवणबेलगोल. पृष्ठ ८५)

१. लुईस राईस 'श्रवणबेलगोलके शिलालेख' भूमिका पृ. २२; तथा कर्नल मेकेञ्जीका कलेक्शन (एच. एच्. विल्सनद्वारा संपादित, भाग १, पृ. १४६; जहां यह लिखा है कि चामुण्डराय पुराणमें जैन धर्मके ६३ प्रसिद्ध पुरुषोंका वर्णन है।

तथा कृतयुगमें वह षण्मुख था, त्रेतामें राम, द्वापरमें गाण्डीवि और कलियुगमें वीर मार्तण्ड था। फिर उसकी अनेक उपाधियोंके प्राप्त होनेके कारण लिखे हैं। खेडग युद्धमें विज्जलदेवको परास्त करनेसे उसको समरधुरन्धरकी उपाधि मिली। नोलम्बयुद्धमें गोनूर नदीकी तीर, उसकी वीरतापर 'वीरमार्तण्ड' की उपाधि, उच्छंगी गढके युद्धके कारण'रणरंगसिंह'की उपाधि,बागालूरके किलेमें 'त्रिभुवन-वीर' और अन्य योद्धाओंका वध करने और गोविन्दको उस किलेमें प्रवेश कराने के उपलक्ष्यमें 'वैरीकुलकालदण्ड' की उपाधि; काम नामक नृपति के गढमें राजा तथा अन्य लोगोंको हरानेसे 'भुज-विक्रम' की उपाधि, अपने कनिष्ठ भ्राता नागवर्मा को उसके द्वेषके कारण मारडालने के निमित्त 'चलदंकगंग' की उपाधि; गंगभट मुद्दुराचय्यके वधसे 'समर-परशुराम' और 'प्रतिपक्ष-राक्षस' की उपाधियां; सुभट-वीर के गढको नाश करनेके कारण 'भटमारि' की उपाधि; अपनी और दूसरोंके वीरगुणोंकी रक्षाके कारण 'गुणवं काव' की उपाधि; उसकी उदारता एवं सद्गुण आदिके कारण 'सम्यक्त्व रत्नाकर' की उपाधि; दूसरोंके धन द्वारा हरण की इच्छा न करनेसे 'शौचाभरण' की उपाधि; हास्यमें भी कभी असत्य न बोलनेसे 'सत्य युधिष्ठिर' की उपाधि; अत्यन्त वीर योद्धाओंके शिरोमणि होनेके कारण 'सुभटचूडामणि' की उपाधि मिली। अन्तमें अपने ग्रन्थमें वह अपनेको 'कविजन-शेखर' भी कहता है।

इन उपरोक्त उल्लेखोंमेंसे बहुतोंका और कहीं वर्णन नहीं है। परन्तु यह बात ध्यान देने योग्य है कि इतने प्रसिद्ध और गौरवान्वित कार्योंके साथ उसके एक भी धार्मिक कार्यका वर्णन नहीं है। प्रत्युत आदिसे अन्त तक युद्ध और रक्तपातकी ही कथा वर्णित है।[१०]

परन्तु इस बातको सिद्ध करने के लिए सन्देह रहित प्रमाण उपस्थित है कि वृद्धावस्था प्राप्त होनेपर चामुण्ड-

१० देखो, लुईस राईस, 'श्रवण बेलगोलके शिलालेख,' भूमिका, पृ. २४.

राय अधिकतर अपने गुरु अजितसेनकी सेवामें, धार्मिक विचारोंमेंही, अपना समय व्यतीत करता था और श्रवण बेलगोल (माइसोर) के विन्ध्यगिरि और चन्द्रगिरि पर गोमटेश्वर और नेमिनाथकी विशाल मूर्तियोंकी स्थापना करने और अपनी सम्पत्तिके अधिक भागका इन मूर्तियोंकी पूजामें व्यय करने के कारण उसका नाम जैनमतके महान् उन्नायकों में अमर हो गया।

राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीय।

गंगवंशीय मारसिंह द्वितीयके मरणोपरान्त पाञ्चालदेव, जिसका पूरा नाम धर्ममहाराजाधिराज सत्यवाक्य कोंगुणी वर्मा पाञ्चलदेव था, सिंहासनारूढ हुआ। उसके अनन्तर राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीय[११] राजा हुआ जिसका पूर्ण नाम धर्म–महाराजाधिराज सत्यवाक्य कोंगुणिवर्मा राचमल्ल था। चामुण्डराज राचमल्ल अथवा राजमल्ल द्वितीयका भी मन्त्री था। एक शिलालेखमें लिखा है, "राय (अर्थात् चामुण्डराय) नृपति राचमल्ल का श्रेष्ठ मन्त्री "[१२], और दूसरे में " चामुण्डराय जो वैभवमें नृपति राचमल्ल का द्वितीय है "[१३] बाहुबली–चरित नामक एक जैनग्रन्थमें यह लिखा है कि राजमल्ल नामक एक नृपति था, जो सिंहनन्दी मुनिका चरणोपासक था। चामुण्डभूप (अथवा राज) उसका मन्त्री था।[१४]

एक हस्तालिखित पुस्तकमें लिखा है कि "चामुण्डराय जो ' रणरङ्गमल्ल ' 'असहाय–पराक्रम' 'गुणरत्नभूषण' 'सम्यक्त्व–रत्न–निलय' आदि उपाधिधारी है, जो सिंहनन्दी महामुनिद्वारा अभिनन्दित गंगवंशीय नृपति राजमल्लदेवका महामात्य (प्रधानमन्त्री) है "[१५]।

चामुण्डराय द्वारा स्थापित मूर्तियों और मन्दिरों का वर्णन करनेके पूर्व यह उत्तम होगा कि हम उन स्थानोंका संक्षेप वर्णन करें जिनमें उक्त धार्मिक स्मारक स्थित हैं और जो आजकल जैनयात्रियोंके लिये अत्यन्त पवित्र तीर्थ हैं।

श्रवण बेलगोल।

श्रमण बेलगोल अर्थात् श्रमण या जैनियोंका बेलगोल माइसोरमें हसन जिलेके चन्नरायपत्न तालुकेमें एक ग्राम है। हेल बेलगोल और कोडी बेलगोल नामक दो बेलगोलोंसे पृथक् करनेके लिये यहां बेलगोलके पूर्व श्रवण शब्दका प्रयोग हुआ है। कानडी भाषामें बेलगोलका अर्थ है "श्वेतसरोवर" और बहुतसे शिलालेखोंमें "धवल सरोवर" "धवल सरस" और "श्वेतसरोवर" का उल्लेख है,[१६] और इस स्थान पर स्थित मनोहर सरोवर ही के कारण उसका यह नाम पडा होगा। यहां दो पहाडियां हैं। एक उसके उत्तरमें और एक दक्षिणमें। उनके

---

११ डॉ॰ फ्लीटके मतमें राचमल्ल नाम शुद्ध है (देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ५, लेख नं. १८) और कुछ शिलालेखोंमें भी यह नाम मिलता है, पर जिन जैनलेखोंका हमने भूमिकामें उध्दृत किया है वे राजमल्ल नाम हीका उपयोग करते हैं। और देखो, एपिग्राफिया कर्णाटिका, भाग ३, लेख नं. १०७.

१२ ' राचमल्ल भूवरवर मंत्री–रायने। '

(भांडारी बस्ती शिलालेख, लु. रा. श्रवण बेलगोल, लेख पृ॰ १०३)

१३ " राचमल्लं जगत नुतन अ[ ]भिमाण द्वितीयविभवं चामुण्डरायम " (द्वारपालक दरवाजे के बाई ओरका शिलालेख, देखो, लु. रा. श्रवण॰ पृ॰ ६७

१४ "श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्रीसिंहनन्दिव्रति—
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुपः सम्यक्त्वचूडामणिः।
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्धनसुधासूतिर्महीमण्डले
रेजे श्रीगुणभूषणो बुधनुतः श्रीराजमल्लो नृपः॥...
तस्यामात्यशिखामणिः सकलवित् सम्यक्त्वचूडामणि
र्भव्याम्भोजविरोचनमणिः सुजनवन्दितचूडामणिः।
ब्रह्मक्षत्रियवैश्यशुद्धिमणिः कीर्तिप्रसूतामणिः
पादन्यस्तमहीशमस्तकमणिश्चामुण्डभूपोऽग्रणीः॥"

(बाहुबलीचरित्र, श्लोक ६–११)

१५ "सिंहनन्दिमुनीन्द्राभिनन्दितगङ्गवंशललाम......
श्रीमद्राजमल्लदेव—महीवल्लभमहामात्यपदविराजमान—रणरङ्गमल्ल—असहायपराक्रम—गुणरत्नभूषण—सम्यक्त्वरत्ननिलयादिविविधगुणनामसमासादितकीर्ति...श्रीमच्चामुण्डराय—भव्यपुण्डरीक—द्रव्यानुयोगप्रश्नानुरूपं......"

(अभयचन्द्र त्रैविद्यचक्रवर्तीरचित गोमटसार टीका)

१६ श्रवण॰ शिलालेख नंबर १०८ तथा ५४.

नाम क्रमशः चन्द्रगिरि और विन्ध्यगिरि हैं, जिनपर जैनियोंके मन्दिर और प्रतिमाएं हैं; और शिलालेख भी हैं जिनसे जिनमतके प्राचीन इतिहासपर बहुत प्रकाश पड़ता है। एक परम्परागत किम्वदन्तीके अनुसार चन्द्रगिरि नाम चन्द्रगुप्तके कारण पड़ा है, जो अपने गुरु भद्रबाहु और उसके १२००० शिष्योंके साथ एक भयंकर दुर्भिक्ष के निकट आनेपर पाटलिपुत्र छोड़कर दक्षिणकी ओर चला गया था। चन्द्रगिरि ही पर भद्रबाहुने अपने नश्वर शरीरका त्याग किया और अन्तकालमें उसके निकट केवल एक ही शिष्य उपस्थित था और वह उपरोक्त चन्द्रगुप्त था। यदि हम जैन-किम्वदन्तीको स्वीकार करलें तो परिणाम यही निकलता है कि उपरोक्त चन्द्रगुप्त जो भद्रबाहु मुनिका शिष्य था, प्रसिद्ध मौर्य-सम्राट् ही है।[१७]

चन्द्रगिरि ही पर चामुण्डरायने एक भव्य मंदिर निर्माण करा था जिसमें उसने २२ वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ की मूर्ति स्थापित करवाई। तदनन्तर चामुण्डरायके पुत्रने उसका दूसरा खण्ड भी बनवा दिया और उसमें तेइसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथकी मूर्ति स्थापित की गई। यह दोनों खण्ड ईस्वीकी दसवीं शताब्दी में निर्मित हुए और उनसे उस समयकी गृह निर्माण कलाका उत्तम बोध होता है।

गोम्मटेश्वर।

विन्ध्यगिरिपर चामुण्डरायने बाहुबली अथवा भुजबलीकी, जिनका अधिक लोकप्रसिद्ध नाम गोम्मटस्वामी अथवा गोम्मटेश्वर है, एक विशाल प्रतिमाका निर्माण किया। कालान्तरमें चामुण्डरायके अनुकरण करके वीर-पाण्ड्यके मुख्याधिकारीने कर्कल (दक्षिणी कनारा) में सन् १४३२ ई० में गोम्मटेश्वर की दूसरी मूर्ति बनवाई। और कुछ काल उपरान्त प्रधान तिम्मराज ने येनूर (दक्षिणी कनारा) में सन १६०४ ई० में गोम्मटेश्वरकी उसी प्रकारकी एक और मूर्ति बनवाई।[१८]

ये "विशाल एक ही पत्थरमें बनी हुई नग्न जैन-मूर्तियां संसारके आश्चर्योंमेंसे हैं"[१९] ये "निस्संदेह जैन-प्रतिमाओंमें सर्वोत्कृष्ट और समस्त एशियाकी पृथक्-स्थित प्रतिमाओंमें सबसे बड़ी हैं। ऊंचाई पर स्थित होनेके कारण, कोसोंतक दृष्टि गोचर होती हैं। और एक विशेष सम्प्रदायकी होने पर भी, उनका विशाल गुरुत्व और दिव्य शान्ति-प्रकाशक स्वरूपके कारण हमें उन्हें प्रतिष्ठा युक्त ध्यानसे देखना पड़ता है। श्रवण बेलगोल वाली सबसे बड़ी मूर्तिकी ऊंचाई लगभग ५६½ फीट है और कटिके निम्नभागमें उसकी चौड़ाई १३ फीट है। वह 'नीस (Gneiss)' पत्थरके एक बड़े टुकड़ेसे काटकर बनाई गई है; और ऐसा जान पड़ता है कि जिस जगह पर वह आज स्थित है वहीं पर वह बनी थी। कर्कलवाली मूर्ति जो उसी पत्थर की है, परन्तु जिसकी लम्बाई १५ फीट कम है, अनुमानसे ८० टन तौलमें होगी। इन भीमकायमूर्तिओंमें सबसे छोटी येनूरवाली मूर्ति है जो ३५ फीट लम्बी है। ये तीनों मूर्तियां लगभग एकसी हैं, परन्तु येनूरवाली मूर्तिके कपोलोंमें गड्ढे हैं और उससे गंभीर मुसकुराहटकासा भाव प्रकट होता है, जिसके कारण लोगोंका यह कहना है, कि उसके प्रभावोत्पादक-भावमें न्यूनता आ गई है। जैन कलाकी अति एकनियमबद्धताका यह उत्तम प्रमाण है कि यद्यपि येनूरवाली मूर्तिकी मुसकराहटको छोड़कर वस्तुतः तीनों विशाल मूर्तियां एक हीसी हैं, तथापि उनके निर्माण कालोंमें बड़ा अन्तर है[२०]।"

---

१७ इस विषय पर विशेष देखनेके लिये देखो—एपिग्राफिया कर्नाटका, भाग २, भूमिका पृ० १-२४। और मि० देखो मिसेज सिन्क्लेयर स्टिवन्सन रचित "दि हार्ट आव जैनीजम" पृ० ६०।

१८ श्रवण बेलगोलकी मूर्तियोंके लिये देखो—'इन्डियन एन्टीक्वेरी,' भाग २, पृ. १२९; 'एपिग्राफिया इन्डिका,' भा. ७ पृ. १०८, लूईस राईसका 'माईसोर और कुर्ग' पृ. ४७। कर्कलकी मूर्तियोंके लिये देखो—'इन्डियन एन्टीक्वेरी' भाग २, पृ. ३५३, 'एपिग्राफिया इन्डिका' भा. ७, पृ. ११२। —येनूरकी मूर्तियोंके विषयमें देखो—'इन्डि. एन्टी.' भा. ५, पृ. ३७, एपि. इन्डि. भा. ७, पृ. ११२।

१९ देखो—'इम्पीरियल गेझेटियर आव इन्डिया' पृ. १२१.

२० देखो—विन्सेण्ट स्मीथ रचित 'ए हिस्टरी आव फाईन आर्ट इन इन्डिया एन्ड सिलोन' पृ. २६८।

चामुण्डराय-निर्मित मूर्ति "केवल तीनोंमें अधिक प्राचीन अथवा लम्बी ही नहीं है, किन्तु बडी ढालू पहाडीकी चोटीपर स्थित होने और एतदर्थ उसके निर्माणमें बडी कठिनाइयोंका सामना करनेके कारण उसका वृत्तान्त सबसे अधिक रोचक है। यह मूर्ति दिगम्बर है और उत्तराभिमुख सीधी खडी है......जंघोंके ऊपर वह बिना सहारेके है। उरुस्थल तक वह वल्मीकसे आच्छादित बनी हुई है, जिसमेंसे सर्प निकल रहे हैं। उसके दोनों पदों और बाहुओंके चारों ओर एक वेलि लिपटी हुई है जो बाहुके ऊपरी भागमें फलोंके गुच्छोंमें समाप्त होती है। एक विकसित कमलपर उसके पैर स्थित हैं।"[२१]

श्रवण बेलगोलकी गोमटेश्वरकी मूर्तिके निम्न भागका शिलालेख।

श्रवण बेलगोलकी गोम्मटेश्वरकी मूर्तिके दाहिने और बाएं पैरोंके समीप छोटासा लेख है। दाहिने पैरका लेख यह है:—

श्रीचामुण्डराजं माडिसिदं

श्रीचामुण्डराजन [शे] य्व [व] इत्तां

श्रीगंगराज सुत्तालयवं माडिसिदः

अर्थात्—

श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया,

श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया,

श्रीगंगराजने चैत्यालय निर्माण कराया।

"प्रथम और तृतीय पंक्तिकी लिपि और भाषा कानडी है। द्वितीय पंक्ति प्रथम पंक्तिका तामिल अनुवाद है, और उसमें दो शब्द हैं जिनमें पहला 'ग्रन्थ' और दूसरा 'वट्टलुत्तु' लिपिमें है। पहिली दो पंक्तियोंमें यह लिखा है कि चामुण्डराजने मूर्त्ति बनवाई, और तीसरी पंक्तिमें लिखा है कि गंगराजने मूर्त्तिके आसपासका भवन बनवाया।"[२२]

बाईं ओरके पत्थरमें यह लेख है—

श्रीचामुण्डराजे करविपलें

श्रीगंगराजे सुत्ताले करविपलें।

अर्थात्—

श्रीचामुण्डराजने निर्माण कराया।

श्रीगंगराजने चैत्यालय निर्माण कराया।

"इसकी लिपि नागरी है और भाषा मराठी है... शायद महाराष्ट्र देशके जैनयात्रियोंके लाभार्थ मराठी भाषाका प्रयोग किया गया है।"[२३]

चित्र ई ६ में † हमने उपरोक्त शिलालेखोंकी प्रतिलिपि दी है। पहिले बाईं ओरका लेख है। दोनों पंक्तियोंमें एकही प्रकारके अक्षर होनेके कारण बाईं ओर के लेखका गंगराजके समयमें खुदा जाना माना जाता है, जब उसने चामुण्डराज स्थापित गोमटेश्वर मूर्तिके चारों ओर भवन निर्माण कराया। यह देखते हुए भी यह बात सम्भव जान पडती है कि बाईं ओरका लेख दाहिनी ओर वालेका केवल दूसरी भाषामें रूपान्तर है।

गंगराज।

गंगराज होयशाल-वंशीय-नृपति विष्णुवर्धनका मन्त्री था, जिसने ईसाकी १२ वीं शताब्दीमें शासन किया। लगभग सन् ११६० ई० के एक शिलालेखमें गंगराज, चामुण्डराय और हुल्लकी प्रशंसा इस प्रकार पाई जाती है।

"यदि यह पूछा जाय कि प्रारम्भमें (श्रवण बेलगोलमें) जैन-मतके कौन २ उन्नायक थे—तो कहना होगा कि (वे थे) राचमल नृपति का मन्त्री राय, उसके

इन मूर्तियोंकी शिल्पकलाका विशेष वर्णन जाननेके लिये—स्तरक (Sturrock) रचित 'मेन्युअल आव साउथ कनारा, पृ. ८५, फर्गुसन साहेबकी 'हिस्टरी आव इन्डियन आर्किटेक्चर, पृ. २६७, 'फिजर्स मेगजीन' के मई १८७५ के अंकमें प्रकाशित मि. वालहाउस का लेख, इत्यादि देखने चाहिए।

२१ देखो, एपिग्राफिया कर्नाटिका, भाग २, भूमिका पृ.२८.

२२-२३ देखो, एपिग्राफिया इन्डिका, भाग ७, पृ. १०८-९।

† इस लेखके साथ लेखकने कई चित्र देने चाहे थे परंतु उनका अकाल स्वर्गवास होजानेके कारण वे चित्र हमें न मिल सके।

संपादक।

अनन्तर, नृपति विष्णुका मन्त्री गंग; और उसके पश्चात् नृसिंहदेव नृपतिका मन्त्री हुल्ल। यदि और भी इसके योग्य हैं, तो क्या उनके नाम न लिये जायंगे?"[२४]

मूर्तिके नीचेके शिलालेखके अतिरिक्त ११८० ई० के लगभगके एक और शिलालेखमें इस प्रकार इसका वर्णन है—

"जिसमें बुद्धिमत्ता, धर्मिष्ठता, वैभव, उत्तमाचरण, और शौर्यका समावेश है, ऐसा राचमल्ल गंगवंशका चन्द्र था, उसका यश भूमंडल व्यापी था। नृपतिसे वैभवमें द्वितीय [उसका मन्त्री चामुण्डराय], मनुके समान, क्या उसीने अपने प्रयत्नसे यह गोम्मट नहीं बनवाया?"[२५]

भुजबलीका वृत्तान्त, किम्वदन्तियोंके आधार पर। तीनों मूर्तियां बाहुबली, या भुजबलीको व्यक्त करती हैं, जिनको गोम्मटेश्वर भी कहते हैं और जो जैनियोंके प्रथम तीर्थंकर आदिजिन ऋषभनाथके पुत्र थे। लोककथाके अनुसार ऋषभनाथ एक राजा थे और उनके दो स्त्रियां थीं, जिनके नाम थे नन्दा (या कुछ लोगोंके मतमें सुमंगला) और सुनन्दा। नन्दा या सुमंगलाने दो जुड़वे उत्पन्न किए; जिनमें एक लड़का था और एक लड़की थी और जिनके नाम थे क्रमशः भरत और ब्राह्मी। जब ऋषभदेवने अनन्त ज्ञानकी खोजमें वनवास स्वीकार किया; तब उन्होंने अपने राज्यका भार भरतको सौंपा। बाहुबली और उनकी बहिन सुन्दरी सुनन्दाकी सन्तान थे, और जब उनके पिताने अपने पुत्रोंको राज बांट दिया तो बाहुबली तक्षशिलाके सिंहासनपर सुशोभित हुए। भरतके पास एक अद्भुत चक्र था जिसका सामना कोई भी योद्धा रणमें न कर सकता था। इस चक्रकी सहायतासे पृथ्वी, विजय करके भरत अपनी राजधानीको लौट आया। परन्तु चक्र राजधानीमें (अथवा दूसरोंके मतसे—अस्त्रालयमें) प्रविष्ट नहीं होता था। भरतने इसका अर्थ यह समझा कि पृथ्वीमें कोई ऐसा राज्य शेष है जिसको उसने नहीं जीता है; और विचार करनेपर यह फल निकला कि केवल तक्षशिलाका राज्य शेष था, जहां उसका भाई भुजबली राज्य करता था। तब भरतने अपने भाई भुजबली पर युद्ध ठान दिया परंतु उस घोर युद्धमें विजयलक्ष्मी भुजबलीको प्राप्त हुई। भरतके चक्रसे भी भुजबलीको कोई हानि नहीं पहुंची। परन्तु विजयी होनेपर भी इस संसारको असार जानकर भुजबली क्षणभर में समाधिस्थ हो गए। भरतने भुजबलीकी वंदना की और फिर अपने स्थानको लौट आए। फिर भुजबली कैलाश पर्वतके शिखरोंमें चले गए और वहां (अथवा दूसरे वर्णनके अनुसार—युद्धभूमिमें) वर्षभर मूर्तिकी भांति खड़े रहे[२६] तटस्थ वृक्षोंमें लपटी हुई लताएं उनके गलेमें लिपट गईं। उन्होंने अपने वितानसे उनके शिरपर छत्र सा बना दिया और उनके पैरोंके बीचमें कुश उग आए और देखनेमेंसे वे मानो वल्मीक प्रतीत होने लगे[२७]। अन्तमें भुजबलीको अनन्त ज्ञानकी प्राप्ति हुई और वे केवली हो गए।

परन्तु एक शिलालेखमें यह लिखा है कि भुजबली या बाहुबली और भरतके पिता पुरु थे[२८]। और उसके आगे यह लिखा है कि,—"पुरुदेवके पुत्र भरतने, जिसके चारों ओर उसके पराजित राजा वास करते हैं, प्रसन्नतासे विजयी बाहुबली केवली की मूर्त्ति निर्माण कराई जो पोदनपुरके समीप है और ५२५ चाप लम्बी है। बहुत समयके अनन्तर अनेक लोक भयकारी कुक्कुट-सर्प उस

२४ देखो, एपिग्राफिआ करनाटिका, भाग २, भूमिका पृ. ३४. हुल्ल होयशालवंशीय नृपति नरसिंह प्रथमका मंत्री था। वह १२ वीं शताब्दीमें विद्यमान था।

२५ देखो, एपि. कर्ना. भा. २, पृ. १५५. मूर्तिके निर्माणके संबंधमें यह पंक्ति है—"चामुण्डरायं मनुप्रतिमं गोम्मटं अल्ते माडिसिदन् इन्तो देवनं वतुनदिम्"

२६ देखो, जिनसेन रचित हरिवंश पुराण, अध्याय ११। कुछ भिन्न वर्णनके लिए देखो, कथाकोश (टवेनी द्वारा इंग्रेजीमें अनुवादित) पृ. १९२-९५.

२७ देखो, कथाकोश, पृ. १९३-९५.

२८ "पुरुसुत-बाहुबलि-पोल्" एपि. कर्ना. भा. २ शिलालेख नं. ८५, पृ. ६७.

जैनकी मूर्त्ति के आसपास उत्पन्न होगए और इसी कारण मूर्त्तिका नाम कुक्कुटेश्वर पड गया "[२९]

इन लोकप्रसिद्ध कथाओंके द्वारा हम समझ सकते हैं कि उन वल्मीकमयी मूर्त्तियों का क्या भाव है जिनसे सर्प निकल रहे हैं, तथा श्रवण बेलगोल कर्कल और येनूर गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तियोंमें लिपटी हुई लताओंका क्या तात्पर्य है ? " तीनों मूर्तियोंमें ये सब बातें एक समान हैं और उनसे यह भाव प्रकट होता है कि, वे तपस्या में ऐसे पूर्ण लीन होगए हैं कि उनके पैरों पर वल्मीक लग जाने; और शरीरमें लताओंके चिपट जाने पर भी सांसारिक विषयोंपर उनका ध्यानभंग नहीं होता। "[३०]

चामुण्डरायकी मूर्त्तिके स्थापनका वृत्तान्त।

बाहुबली चरित्र नामक एक संस्कृत काव्य में चामुण्डराय-द्वारा—स्थापित गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिकी स्थापनाकी कथा इस प्रकार वर्णित है।

बाहुबली चरित्रकी कथा।

द्रविड देशकी मधुरा नगरी (वर्तमान मदुरा) में राजमल्ल नामक एक राजा था; जिसने जैन सिद्धान्तों के प्रचारका उद्योग किया और जो देशीय-गण[३१] के सिंहनन्दिका उपासक था। उसके मन्त्रीका नाम चामुण्डराय था। एक दिन जब राजा अपनी सभामें मन्त्रीयोंके सहित विराजमान था, एक पथिक व्यापारी आया और उनसे कहा कि उत्तरमें पौदनपुरी नामक एक नगर है जहां भरत द्वारा स्थापित बाहुबली अथवा गोम्मटकी एक मूर्ति है। यह सुनकर भक्त चामुण्डरायने उस पवित्र मूर्त्तिके दर्शन करनेका विचार किया और घर जाकर अपनी माता कालिकादेवीसे यह वृत्तान्त कहा, जिसपर उसने भी वहां जानेकी इच्छा प्रकट की। चामुण्डराय तब अपने गुरु अजितसेनके पास गया, जो सिंहनन्दिका उपासक था। उसने सिंहनन्दिके सन्मुख यह प्रतिज्ञा की कि जब तक मैं बाहुबली मूर्त्तिके दर्शन न कर लूंगा तब तक मैं दूध न ग्रहण करूंगा। नेमिचन्द्र अपनी माता और अनेक सैनिकों एवं सेवकोंके सहित चामुण्डराजने यात्रा प्रारंभकी और विन्ध्यगिरि (श्रवण बेलगोल) में जा पहुंचा। रात्रिमें जैनदेवी कुष्माण्डी (बाईसवें तीर्थकर नेमिनाथकी यक्षिणी दासी) ने चामुण्डराज नेमिचन्द्र और कालिकाको स्वप्नमें दर्शन दिया और कहा कि पौदनपुरीको जाना अत्यन्त कठिन है, परन्तु इसी पहाडीपर पहिले पहिल रावण द्वारा स्थापित बाहुबलीकी एक मूर्त्ति है। और उसके दर्शन तभी हो सकते हैं, यदि एक सुवर्ण-बाणसे इस पहाडीको फाड दिया जाय। स्वप्नके अनुसार, दूसरे दिन चामुण्डरायने दक्षिणाभिमुख पहाडीपर खडे होकर अपने धनुषसे एक सुवर्ण-बाण छोडा। तत्क्षण पहाडके दो टुकडे होगए और बाहुबलीकी एक मूर्त्तिके दर्शन हुए। चामुण्डरायने तब उस मूर्त्तिकी स्थापना और प्रतिष्ठा की तथा उसके पूजार्थ कुछ भूमि लगा दी। जब नृपति राजमल्लने यह वृत्तान्त सुना तो उसने चामुण्डराजको 'राय'की उपाधि प्रदान की और उस मूर्त्तिकी नियमित पूजाके लिए और भी भूमि प्रदान की।

राजावली कथेके अनुसार कथा।

देवचन्द्र-द्वारा-रचित कानडी भाषाकी एक नवीन पुस्तकमें भी यही कथा वर्णित है, परंतु कहीं कहीं कुछ बातोंमें अन्तर है। उसमें लिखा है कि चामुण्डराय राजा

---

२९ " धृत—जयबाहु—बाहुबलिकेवलि—रूपसमान—पञ्चविंशति—समुपेत—पञ्चशतचापसमुन्नतियुक्तम् अप्प तत्—प्रतिकृतियं मनोमुददे माडिसिदं भरतं जिताखिल-क्षितिपतिचक्रि पौदनपुरान्तिकदोल् पुरुदेव—नन्दनम्। चिरकालं सले तज्जिनांतिक—धरित्री—देशदोल् लोकभीकरणं कुक्कुटसर्पसंकुलं असंख्यं पुट्टि दल् कुक्कुटेश्वरनामन्......" (देखो, एपि. कर्ना. भा. २, पृ. ६७.)

३० लु. रा. का, श्रवण बेलगोल, भूमिका पृ. ३३.

३१ जब नन्दी संघके जैन आचार्य सारे देशमें फैल गये, तब उनके संघका नाम 'देशीयसंघ' हो गया।

देखो बाहुबली चरित्रका निम्न श्लोक—

" पूर्वे जैनमतागमाब्धिविधुवच्छ्रीनान्दिसंघेऽभवन्
सुज्ञानर्द्धितपोधनाः कुवलयानन्दा मयूखा इव।
सत्सङ्गे भुवि देशदेशनिकरे श्रीसुप्रसिद्धे सति
श्रीदेशीयगणो द्वितीयविलसन्नाम्ना मिथः कथ्यते ॥"

राजमल्लका एक अधीन-शासक था । उसकी माताने पद्म पुराणका पाठ सुनते समय यह सुना कि पौदनपुरमें बाहुबलीकी एक मूर्ति है । इस लिए अपने पुत्रसमेत वह उस मूर्त्तिके दर्शनको चली, परन्तु मार्गमें एक पहाडीपर, जहां भद्रबाहु स्वामीका देहान्त हुआ था उसने स्वप्न देखा जिसमें पद्मावती देवीने उसे दर्शन देकर कहा कि उसी पहाडीपर बाहुबलीकी एक मूर्त्ति है जो पत्थरोंसे आच्छादित है, और जिसकी पूर्व समयमें राम, रावण, और मन्दोदरीने पूजा की थी । फिर दूसरे दिन एक बाण मारनेसे बाहुबलीकी मूर्त्ति दृष्टिगोचर हुई ।

इस प्रकार जैनियोंकी किम्बदन्तियोंके अनुसार यह पता लगता है कि चामुण्डरायने उस मूर्त्तिको नयी निर्माण नहीं कराया, किन्तु उस पहाडीपर एक मूर्त्ति विद्यमान थी जिसकी उसने सविधि स्थापना और प्रतिष्ठा कराई । इन लोक-कथाओंके अनुसार श्रवण बेलगोलके प्रधान पुरोहितने भी यह कहा था, कि प्राचीन कालमें इस स्थानपर एक मूर्त्ति थी, जो पृथ्वीसे स्वतः निर्मित हुई थी, और जो गोम्मटेश्वर स्वामीके स्वरूपकी थी । उसकी राक्षसराज रावण सुखप्राप्तिके हेतु उपासना करता था । चामुण्डरायको यह विदित होनेपर उसने कारीगरों द्वारा उस मूर्त्तिके सब अंगोंको उचित रूपसे सुडौल बनवाया । उसके सब अंग मोक्षकी इच्छासे ध्यानावस्थित गोम्मटेश्वर स्वामीके असली स्वरूपके समान थे । उसने उनके चारों ओर बहुतसे मन्दिर और भवन बनवाए । उनके बनजानेपर उसने बडे उत्साव एवं भक्ति-पूर्वक मूर्त्तिकी उपासनाका क्रम प्रारंभ किया।[३२] स्थल-पुराणसे उद्धृत एक अवतरणमें यह लिखा है जो उपरोक्त कथासे मिलता-जुलता है ।

स्थल-पुराणमें वर्णित कथा ।

"चामुण्डराजने सपरिवार, पदनपुरस्थित-देव गोम्मटेश्वर एवं उसके आसपास स्थित १२५४ अन्य देवताओंके दर्शनार्थ यात्रा प्रारंभ की । देव गोम्मटेश्वरके सम्बन्धमें बहुत कुछ सुनकर, वह मार्गमें श्रवण बेलगोल क्षेत्रमें जा पहुंचा । वहां उसने गिर पर्ड मन्दिरोंका जिर्णोद्धार किया और अन्य विधानोंके साथ पंचामृतस्नान की भी प्रक्रिया कि । दैनिक, मासिक, वार्षिक एवं अन्य उत्सवोंके संचालनके, लिए उसने सिद्धान्ताचार्यको मठका गुरु नियत किया । मठमें उसने एक 'सत्र' स्थापित किया जहां यात्रियोंके लिए भोजन औषध और शिक्षाका प्रबन्ध था । उसने अपनी जातिवालोंको इस लिए नियत किया, कि वे तीनों वर्णोंके यात्रियोंकी, जो दिल्ली, कनकाद्रि, स्वित्पुर, सुधापुर, पापापुरी, चम्पापुरी, सम्मिदगिरि, उज्जयन्तगिरि, जयनगर आदिस्थानोंसे आवें, आदरपूर्वक सेवासुश्रुषा करें । इस कार्यके लिए मन्दिरमें कई ग्राम लगादिए गए । उसने चारों दिशाओंमें शिला-शासन लगवा दिए । १०९ वर्षों तक उसके पुत्रपौत्रोंने इस दानको नियमित रक्खा।"[३३]

अब हमें इस बातका निर्णय करना उचित है कि यह बात कहांतक ठीक है कि चामुण्डराय श्रवण बेलगोलकी गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिका केवल अनुसन्धानकर्त्ता था । भुजबली चरित्र अथवा बाहुबली चरित्र नामक ग्रन्थ संस्कृत छन्दोंमें है, और उसमें केवल जनश्रुतियोंका समुच्चय है, और कई मुखोंतक पहुंचनेके कारण उनमें विचित्रता आगई है । इस ग्रन्थका रचनाकाल ठीक ठीक निर्णय नहीं किया जा सकता । परन्तु इसकी लेखशैलीसे यह अनुमान किया जा सकता है कि यह गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिके स्थापनाके बहुत काल पश्चात् बना होगा । राजावली कथे जैन इतिहास, किम्बदन्ती, आदिका बृहत् संग्रह है जिसको वर्तमान शताब्दीके पूर्वभागमें माईसोर राजवंशकी एक महिला देवी रम्मके निमित्त मलेपूरकी जैनसंस्थाके देवचन्द्रने रचा था ।[३४]

---

३२ बेली पागलका ऐतिहासिक और किम्बदन्तियोंके आधार पर वर्णन. (एशियाटिक रिसर्च, भाग ९, पृ. २६३.)

३३ "स्थल पुराण" से लिया हुआ कैप्टेन आई. एस. एफ. मेकेंजीका अवतरण (इन्डियन एन्टीक्वेरी, भाग २, पृ० १३०).

३४ देखो, लु. रा. का श्रवण बेलगोल, भूमिका पृ. ३, (१८८९).

एतदर्थ यह ग्रन्थ भी प्रस्तुत प्रश्नके निर्णयके हेतु प्रमाणकोटिमें नहीं परिगणित किया जा सकता। राजावली-कथे और स्थलपुराणमें, ग्रन्थकर्ताओंने ऐतिहासिक घटनाओंकी यथार्थताके लिए कोई प्रयत्न नहीं किया है, क्योंकि उनका विषय दन्तकथाओं एवं जनश्रुतियोंका संग्रह था। यह सत्य है कि इन कथाओंमें कहीं कहीं ऐतिहासिक सामग्री विद्यमान है, परन्तु उनको तबतक बिना जांचे ऐतिहासिक घटनाएं न मान लेना चाहिए, जबतक अन्य अधिक विश्वस्तसूत्रोंके आधारपर उनकी यथार्थता सिद्ध न हो जाय। स्थलपुराणकी निर्मूल बातोंके उदाहरण स्वरूप यह पंक्ति लिखी जा सकती है—"चामुण्डराज, दक्षिण मदूराका राजा, और जैन-क्षत्रिय-पाण्डु-वंशोत्पन्न था।"[३५] इससे इस बातका पता लगेगा कि किस प्रकार किम्वदन्तियोंमें मन्त्री चामुण्डरायको मदूराका राजा वर्णन किया गया है।

यदि यह सिद्ध करनेके लिए, कि, इस मूर्त्तिको किसने निर्माण कराया, कोई विश्वस्त अथवा समकालीन लेख न होता तो इन किम्बदन्तियोंके आधारपर यह बात संदिग्ध रहती कि चामुण्डरायने स्वयं इस मूर्त्तिको बनवाया। परन्तु हमारे लिए यह सौभाग्यकी बात है कि यह सिद्ध करनेके लिए लेख विद्यमान है कि, चामुण्डराय हीने न कि और किसीने, गोम्मटेश्वरकी मूर्त्ति बनवाई।

सबसे प्रथम, उस मूर्तिके पैरोंवाला शिलालेख है—जिसका वर्णन पहिले हो चुका है—जिसमें यह साफ साफ लिखा है कि चामुण्डरायने इस मूर्त्तिको निर्मित किया। द्वितीय, एक अन्य शिलालेखमें, जिसकी तिथि ११८० ई० है, हम ऊपर देख चुके हैं कि चामुण्डरायने निज उद्योगसे इस मूर्तिको बनवाया। इन लेखोंका समर्थन एक पुस्तकसे होता है, जिसका नाम है गोम्मटसार और जिसको आचार्य नेमिचन्द्रने, जो चामुण्डरायके समकालीन थे, रचा है। उसमें निम्नलिखित वर्णन है।

"गोम्मटसंग्रहसूत्रकी जय हो, जिसमें गोम्मटगिरि स्थित गोम्मटजिन और गोम्मटराज-निर्मित दक्षिण—कुक्कुट—जिनका वर्णन है।"

"उस गोम्मटकी जय हो, जिसके द्वारा मूर्त्तिका मुख निर्मित हुआ, जिसको सब सिद्ध और देवताओंने देखा।"[३६]

गोम्मटेश्वरकी मूर्तिके कारण जिस गिरिपर यह स्थित थी उसका नाम गोम्मटगिरि होगया और इस बारेमें नेमिचन्द्र यह शब्द प्रयुक्त करते हैं। "चामुण्डराय द्वारा निर्मित (विणिम्मिय)"। हम कह चुके हैं कि पोदनपुरमें भरत द्वारा स्थापित गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिका नाम कुक्कुटेश्वर हो गया, जब उसके चारों ओर सर्प निकल आए। चामुण्डराय द्वारा स्थापित मूर्त्तिका नाम दक्षिण कुक्कुट-जिन होगया, जिससे उत्तरीय मूर्त्तिसे वह भिन्न जानी जा सके। इस मूर्त्तिको बनवानेके कारण चामुण्डरायका नाम गोम्मटराय पड़गया।

इन प्रमाणोंसे इस बातमें कोई सन्देह नहीं रह जाता कि चामुण्डराय ही ने इस मूर्त्तिका निर्माण कराया। इस महान् कार्यके कारण वह स्वयं गोम्मटराय कहलाने लगा। परन्तु यदि उसने केवल मूर्त्तिका अनुसन्धान ही किया होता तो कदापि यह बात न होती। चामुण्डरायके गुरु नेमिचन्द्र मूर्त्तिस्थापनके समय अवश्य विद्यमान होंगे (क्योंकि बाहुबली चरित्रनकमें यह लिखा है कि उस अवसरपर नेमिचन्द्र भी उपस्थित थे) अतएव

---

३५ केप्टेन मेकेन्जी द्वारा उद्धृत 'स्थलपुराण' का अवतरण (इन्डि. एन्टी. भाग २, पृ. १३०) यह कहना भी उचित होगा कि सेनगणकी पट्टावलिमें भी ऐसा ही लिखा हुआ है—"दक्षिण मथुरानगर निवासि—क्षत्रियवंश शिरोमणी—दक्षिण तैलंग कर्नाटक देशाधिपति चामुण्डराय प्रतिबोधक—बाहुबलि प्रतिबिम्ब गोमट प्रतिष्ठापकाचार्य—श्री अजितसेन भट्टारकाणाम्।" (देखो, जैन सिद्धान्तभास्कर, भाग १, सं. १, पृ. ३८.)

३६ "गोम्मटसंगहसुत्तं गोम्मटसिहरुवरि गोम्मटजिणो य।
गोम्मटरायविणिम्मियदक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ ॥
जेण विणिम्मिय-पडिमा-वयणं सव्वट्ठसिद्धिदेवेहिं ॥
सव्वपरमोहिजोगिहिं दिट्ठं सो गोम्मटो जयउ ॥
(गोम्मटसार, कर्मकाण्ड, श्लोक ९६८-६९.)

नेमिचन्द्रके शब्दोंको, जिनका समर्थन शिलालेखसे होता है, इस प्रश्नके सम्बन्धमें प्रमाणित मानना चाहिए ।

तो फिर इसका क्या कारण है कि बाहुबली चरित्र राजावली कथे आदिग्रन्थोंमें चामुण्डरायको मूर्त्तिका केवल अन्वेषकही लिखा गया है? शायद कारण यह हो कि इन ग्रन्थोंके लेखक मूर्त्तिको अधिक प्राचीन कहकर अधिक पूज्य और पवित्र बनाना चाहते थे ।

गोम्मटरायकी मूर्त्तिके सम्बन्धमें एक और किम्बदन्ती है जिसमें इस बातका वर्णन है कि ऐसी मूर्त्तिको स्थापन करनेके कारण चामुण्डरायके गर्वने किस प्रकार नीचा देखा । कथा इस प्रकार है:—

" इस मूर्त्तिको स्थापित करनेके अनन्तर चामुण्डराय यह सोचकर मारे गर्वके फूला न समाया कि मैंने अपने ही सामर्थ्यसे, इतने धन और परिश्रमसे इस देवताकी स्थापना करा ली । तदनन्तर जब उसने देवताकी पंचामृत-स्नान-विधि की, तो इस पदार्थसे भरे अनेक पात्र चुक गए, परन्तु देवताकी अलौकिक मायासे, पंचामृत तोंदीसे नीचे न जा सका, जिससे उपासकके व्यर्थाभिमानका नाश हो । कारण न जानकर चामुण्डरायको यह सोचकर अत्यन्त शोक हुआ कि पंचामृतसे समस्त मूर्त्तिको स्नान करानेकी मेरी इच्छा पूर्ण न हुई । जब वह इस अवस्थामें था, देवताकी आज्ञानुसार पद्मावती नाम्नी अप्सरा एक वृद्धा निर्धन स्त्रीका रूप धारणकर प्रकट हुई, जिसके हाथमें एक बेलियगोलमें (छोटी चांदीकी कटोरी) मूर्त्तिके स्नानके हेतु पंचामृत था । उसने चामुण्डरायसे मूर्त्तिको स्नान करानेका प्रस्ताव प्रकट किया । परन्तु चामुण्डराय यह समझकर, उस असंभव प्रस्तावपर हंस दिया, कि जिसको मैं नहीं कर सका उसे यह करने चली है । परन्तु विनोदार्थ उसने उसे यह करनेकी आज्ञा देदी । तब दर्शकोंको यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि उसने उस चान्दीके छोटे पात्रहीसे समस्त मूर्त्तिको स्नान करा दिया । तब चामुण्डरायने अपने अपराध एवं गर्वके लिए शोक प्रकाशित करके, बड़े आदरसे, द्वितीय बार स्नानकी विधि की, जिसमें पहिले उसने इतनी सामग्री व्यर्थ खो दी थी, और पूर्ण रूपेण उसने मूर्त्तिके समस्त शरीरको स्नान कराया । उस समयसे इस स्थानका नाम, उस चान्दीके पात्रके कारण, जो पद्मावती हाथमें लिए थी, बेलियगोल पड गया । "[३७]

मूर्त्ति निर्माणकी तिथि ।

अब हम अनुमानसे उस तिथिका निश्चय करेंगे जिसमें चामुण्डरायने गोम्मटेश्वरकी मूर्त्ति निर्माण कराई । हम कह चुके हैं कि चामुण्डराय मारसिंह द्वितीय और राचमल्ल या राजमल्ल द्वितीयका मन्त्री था । किम्बदन्तीके अनुसार राजमल्लके समयमें मूर्त्ति स्थापित हुई । हम देख चुके हैं कि मारसिंह द्वितीयके शासनकालमें चामुण्डरायने अनुपम शौर्यकी ख्याति प्राप्त की थी और एक शिलालेखमें, जिसमें उसने अपना वृत्तान्त दिया है, वह केवल अपनी जीतोंका वर्णन करता है । उसके द्वारा किए हुए किसी धार्मिक कार्यका उनमें वर्णन नहीं है । यदि मारसिंह द्वितीयके समयमें उसने इस विशाल-मूर्त्तिका निर्माण कराया होता तो वह इस बातका अवश्य वर्णन करता । क्योंकि इससे उसका नाम अमर हो गया है । मारसिंह द्वितीयकी मृत्यु सन ९७५ ई० में हुई । चामुण्डराय अपने ग्रन्थ चामुण्डराय पुराणमें अपनी वीरताका सविस्तर वर्णन करता है और अपनी समस्त उपाधियोंका वर्णन करके उनके प्राप्तिके कारण भी बताता है; परन्तु गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिके निर्माणका तनिकभी उल्लेख नहीं किया है । इस ग्रन्थके अन्तमें, उसका रचना काल शक ९०० (९७८ ईस्वी) दिया है । अतएव ९७८ ईस्वीके अनन्तर और राजमल्ल या राचमल्ल द्वितीयके शासनके अन्तिम वर्षके पूर्व गोम्मटेश्वरकी इस मूर्त्तिका निर्माण हुआ होगा । राजमल्ल द्वितीयने ९८४ ईस्वीतक राज्य किया । इस लिए

---

३७ एशियाटिक रीसर्च, भाग ९, पृ. २६६ । उपरोक्त वर्णनमें श्रवण बेलगोलके नाम पडनेका बिल्कुल दूसरा कारण बताया गया है । अभी कुछ दिन हुए जैनोंने गोम्मटेश्वरका पंचामृत स्नान कराया था ।

९७८ और ९८४ ईस्वीके अन्तर्गत कालमें इस मूर्तिका निर्माण हुआ होगा।

बाहुवली चरित्रमें एक श्लोक है जो मूर्त्तिस्थापनका ठीक ठीक समय बताता है। वह श्लोक इस प्रकार है—

कल्क्यब्दे षट्शताख्ये विनुतविभवसंवत्सरे मासि चैत्रे,
पञ्चम्यां शुक्लपक्षे दिनमणिदिवसे कुम्भलग्ने सुयोगे।
सौभाग्ये मस्तनाम्नि प्रकटितभगणे सुप्रशस्तां चकार
श्रीमच्चामुण्डराजो वेलुगुलनगरे गोमटेश-प्रतिष्ठाम्॥"

अर्थात्—श्रीचामुण्डरायने बेलगुल नगरमें कुम्भलग्नमें, रविवार शुक्ल पक्ष चैत्र शुक्ल पंचमीके दिन विभवनाम कल्कि-संवत्सर ६०० के प्रशस्त मृगशिरा नक्षत्रमें, गोमटेशकी प्रतिष्ठा की।

यदि हम उपरोक्त तिथिको यथार्थ मान लें, क्योंकि सम्भव है ऐसे उत्तम मुहूर्तमें ऐसा बडा कार्य किया गया हो, तो हमें यह निकालना पडेगा कि ९७८ और ९८४ ईस्वीके अन्तर्गत किस दिन यह सब योग पडते थे। हमने भलीभांति सावधानीसे ज्योतिषकी रीतियोंके अनुसार सर्व सम्भाव्य तिथियोंको जांचा है और उसका परिणाम यह निकलता है कि रविवार ता॰ २ अप्रेल सन ९८० ई॰ को मृगशिरा नक्षत्र था और पूर्व दिवससे (चैत्रकी बीसवीं तिथि) शुक्ल पक्षकी पंचमी लगगई थी, और रविवारको कुम्भ लग्न भी था। अतएव जिस दिन चामुण्डरायने मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा की उसकी हम यही तिथि मान सकते हैं परन्तु उपरोक्त श्लोकमें एक बात है जो प्रथम बार देखनेसे इतिहासके विरुद्ध जान पडती है। इस श्लोकमें यह कहा गया है कि कल्क्यब्द ६०० विभवनाम संवत्सरमें गोम्मटेश्वरकी मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा हुई। शक सम्वत् महावीरके निर्वाणके ६०५ वर्ष ५ मास पश्चात् प्रारम्भ होता है[३८] और कल्कि संवत् शक संवत्के ३९४ वर्ष ७ मास अनन्तर प्रारम्भ होता है। अर्थात् वीरनिर्वाणके १००० वर्ष अनन्तर कल्कि संवत् आरम्भ होता है। अतएव, कल्कि संवत्का आरम्भ ४७२ ईस्वीसे होता है। इसलिए कल्कि संवत् ६०० (४७२+६००) १०७२ ईस्वी सन् होगा। परन्तु यह बात इतिहासके विरुद्ध है, क्योंकि राचमल्ल द्वितीयका शासन सन् ९८४ ईस्वीमें समाप्त होता है। इसके अतिरिक्त ज्योतिष गणनासे भी यह ज्ञात होता है कि कल्कि संवत् ६०० में चैत्र शुक्ल पक्षकी पंचमी तिथि, चैत्रके तेईसवें दिन शुक्रवारको पडती है, जो उपरोक्त श्लोकसे विरुद्ध है क्योंकि उसके अनुसार उस साल चैत्र शुक्ल पंचमीको रविवार था।

अतएव कल्कि संवत् ६०० का अर्थ कल्कि संवत्की छठी शताब्दी लेना चाहिए। विभव संवत्को ८ वां मानना चाहिए जिससे इतिहासानुसार ठीक ठीक बैठे। इसलिए विभवनाम कल्कि संवत् ६०० के अर्थ लेना चाहिए कल्कि संवत्की छठी शताब्दीका ८ वां वर्ष—अर्थात् ५०८ कल्क्यब्द। यदि हम इस तिथिको स्वीकार कर लें तो ठीक ९८० ईस्वीको यह सम्वत् पडता है और श्लोकमें वर्णित सर्व ज्योतिषके योग भी मिल जाते हैं।

अतएव अब हमारे माननेके लिए दो मार्ग हैं। प्रथम: कि हम बाहुबली चरित्रके श्लोकको इतिहास-विरुद्ध कहकर प्रमाणित न मानें, या जैसा हमने किया है वैसा उसका अर्थ लगावें, जिससे वह शिलालेखकी तिथिसे मिल जाय। और हमारी समझमें तो दूसरा मार्ग ग्रहण करनाही सर्वोत्तम है।

नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती।

अब हम द्रव्यसंग्रहके लेखकके सम्बन्धमें समस्त प्राप्य सामग्री एकत्र करनेका प्रयत्न करेंगे। इस ग्रन्थके अन्तिम श्लोकसे यह पता लगता है कि इसके रचयिता मुनि नेमिचन्द्र थे।[३९] बाहुबली चरित्रमें यह लिखा है

३८ देखो, नेमिचंद्र रचित त्रिलोक सार का निम्न उल्लेख—
' पण छ स्सयवस्स पण मासजुदं
गमिय वीरणिव्वुइदो सगराजा ॥ '
अर्थात् वीरनिर्वाणके अनन्तर ६०५ वर्ष और ५ मास व्यतीत होने पर शकराजा हुआ। (इण्डियन एन्टिक्वेरी, भाग १२, पृ. २१.)

३९ देखो, द्रव्यसंग्रह (श्लोक ५८)—
' दव्वसंगहमिणं मुणिणाहा दोससंचयचुदा सुदपुण्णा।
सोधयंतु तणुसुत्तधरेण णेमिचंदमुणिणा भणियं जं ॥ '

कि देशीय गणके नेमिचन्द्र मुनि, चामुण्डराय और उसकी माताके साथ पौदनपुर गोम्मटेश्वरके दर्शनार्थ गये थे । और नेमिचन्द्रने स्वप्न देखा कि विन्ध्यगिरिपर गोम्मटेश्वरकी एक मूर्त्ति है, और चामुण्डरायने मूर्त्तिकी प्रतिष्ठा करानेके अनन्तर उसकी नित्य पूजा और त्यौंहारोंके हेतु नेमिचन्द्रके चरनोंपर कुछ ग्राम प्रदान किए जिनकी आय ९६००० मुद्रा थी ।[४०]

माइसोरके शिमोगा जिलेके नगर तालुकेमें स्थित पद्मावतीके मन्दिरके हातेमें खुदे हुए लगभग सन् १५३० ईस्वीके एक शिलालेखके निम्नलिखित श्लोकसे यह पता लगता है कि चामुण्डराय नेमिचन्द्रके चरणकमलोंकी पूजा करता था ।:—

" त्रिलोकसार-प्रमुख.........
.........भुवि नेमिचन्द्र ।
विभाति सैद्धान्तिक-सार्वभौमः
चामुण्डराजार्चित-पादपद्मः ।। "

अर्थात् " त्रिलोकसार और अन्य (ग्रन्थो) के रचयिता......नेमिचन्द्र सिद्धान्त सार्वभौम सुशोभित है, उसके चरणकमल चामुण्डराज द्वारा अर्चित हैं "[४१] यद्यपि इस श्लोकका कुछ भाग मिट गया है, तथापि भाव सुस्पष्ट है । ' सिद्धान्त-सार्वभौम ' सिद्धान्तचक्रवर्ती नामक उपाधिका पर्याय वाची है जो बहुधा नेमिचन्द्रके साथ प्रयुक्त होता है ।

स्वयं नेमिचन्द्रने अपने ग्रन्थ गोम्मटसारमें गोम्मटराय या केवल राय की प्रशंसा की है और ऐसा हम देख चुके हैं कि यह चामुण्डरायका उपनाम है। उन प्रशंसात्मक श्लोकोंमें नेमिचन्द्रने लिखा है कि अजितसेन उस चामुण्डराय के गुरु थे जिसने गोम्मटेश्वरकी मूर्ति निर्माण कराई ।[४२]

अभयचन्द्र रचित गोम्मटसारके भाष्यमें लिखा है कि यह ग्रन्थ चामुण्डरायकी इच्छानुसार रचा गया;जिसको जैनियोंके पवित्र ग्रन्थोंमें वर्णित द्रव्योंकी व्याख्याका अध्यन करनेकी अभिलाषा थी । नेमिचन्द्र-रचित त्रिलोकसारकी एक अति प्राचिन सचित्र हस्तलिखित पुस्तकमें एक चित्र है जिसमें चामुण्डराय अनेक सभासदोंके साथ नेमिचन्द्रसे जैन-सिद्धांतोंकी व्याख्या सुन रहे हैं ।

नेमिचन्द्रके ग्रन्थ ।

नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीने इन ग्रथोंकी रचना की:— (१) द्रव्यसंग्रह (२) गोम्मटसार (३) लब्धिसार (४) क्षपणसार, और (५) त्रिलोकसार । बाहुबली चरित्रमें लिखा है कि " नेमिचन्द्र, गोम्मटसार, लब्धिसार, और त्रिलोकसारके रचयिता हैं "[४३] द्रव्यसंग्रहके अन्तिम श्लोकमें नेमिचन्द्रने अपना नाम प्रकट किया है ।[४४] इसी प्रकार गोम्मटसारके एक श्लोकसे यह ज्ञात

---

४० " मास्वदेशीगणाग्रेसररुचिरसिद्धान्तविन्नेमिचन्द्र——
श्रीपादाग्रे सदा षण्णवतिदशशतद्रव्यभूग्रामवर्यान् ।
दत्वा श्रीगोमटेशोत्सवसवननित्यार्चनावैभवाय
श्रीमच्चामुण्डराजो निजपुरमथुरां संजगाम क्षितीशः ।
(बाहुबलि चरित्र, श्लोक ६१.)

४१ एपि. कर्ना. भाग ८, लेख नं. ४६.

४२ "गोम्मट संगहसुत्तं गोम्मटसिंहरुवरि गोम्मटजिणे य ।
गोम्मटरायविणिम्मियदक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ ।।
जेण विणिम्मियपडिमावयणं सव्वट्ठसिद्धिदेवेहिं ।
सव्वपरमोहिजोगिहिं दिट्ठं सो गोम्मटो जयउ ।।
वज्जयणं जिणभवणं ईसिपभारं सुवण्णकलसं तु ।
तिहुवणपडिमाणिक्कं जेण कयं जयउ सो रायो ।।
जेणुब्भियथंभुवरिमजक्खतिरीटग्गकिरणजलधोया ।
सिद्धाण सुद्धपाया सो राओ गोम्मटो जयउ ।।
जम्हि गुणा विस्संता गणहरदेवादि—इड्ढिपत्ताणं ।।
सो अजियसेणणाहो जस्स गुरु जयउ सो राओ "

४३ सिद्धान्तामृतसागरं स्वमतिमन्थक्ष्माभृदालोड्य मध्ये
लेभेऽभीष्टफलप्रदानपि सदा देशीगणाग्रेसरः ।
श्रीमद्गोमटलब्धिसारविलसत् त्रैलोक्यसारामर-
क्ष्माजश्रीसुरधेनुचिन्तितमणिन् श्रीनेमिचन्द्रो मुनिः ।।
(बाहुबलि चरित्र, श्लोक ६३)

४४ ' णमिचंद मुणिणा भणियं जं '
(द्रव्यसंग्रह, श्लो० ५८)

होता है कि नेमिचन्द्रने इसकी रचना की है ।[45] हम समझते हैं, इस स्थानपर नेमिचन्द्रके ग्रन्थोंका संक्षिप्त वृत्तान्त दे देना उत्तम होगा ।

गोम्मटसार ।

इसका नाम गोम्मटसार पडनेका कारण यह है कि यह चामुण्डरायके पठनार्थ लिखा गया था, और हम बतला चुके हैं कि चामुण्डरायका दूसरा नाम गोम्मटराय था । इस ग्रन्थको पञ्चसंग्रह भी कहते हैं[46] क्योंकि इसमें इन पाँच बातोंका वर्णन दिया है (१) बन्ध (२) बध्यमान (३) बन्धस्वामी (४) बन्धहेतु और (५) बन्ध-भेद ।

यह ग्रन्थ प्राकृतमें है और इसमें १७०५ श्लोक हैं । इसके दो भाग हैं जिनके नाम हैं जीवकाण्ड और कर्मकाण्ड । इनमें क्रमानुसार ७३३ और ९७२ श्लोक हैं । जीवकाण्डमें मार्गणा, गुणस्थान, जीव, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा, और उपयोगका वर्णन है । कर्मकाण्डमें ९ अध्याय हैं, जिनके नाम हैं—प्रकृतिसमुत्कीर्तन, बन्धोदयसत्त्व, सत्त्वस्थानभंग, त्रिचूलिका, स्थानसमुत्कीर्तन, प्रत्यय, भवचूलिका, त्रिकरणचूलिका, और कर्मस्थिति-रचना । आठ प्रकारके कर्म और कर्मबन्धका अपनी अपनी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके साथ सविस्तर वर्णन भी दिया हुआ है । कर्मके सम्बन्धके अन्य अनेक विषयोंका भी इसमें वर्णन है । संक्षेपसे गोम्मटसारके प्रथम भागमें जीवोंके स्वाभाविक गुण, और उनकी उन्नतिके उपायों और उपकरणोंका वर्णन है; और दूसरे भागमें उन कर्मबन्ध उत्पन्न करनेवाली अडचणोंका वर्णन है, जिनके निवारण करनेसे जीवोंको मुक्ति प्राप्त होती है । ग्रन्थकर्ता सर्वदा जीवकी उत्तरोत्तर उन्नतिको ध्येय मानता है, और इसी लक्ष्यसे उसने गोम्मटसारमें जैन-आचार्योंके सिद्धान्तोंका सार दिया है । साधारण रूपसे इस ग्रन्थमें जैन-दर्शन शास्त्रके मुख्य मुख्य सिद्धान्तोंका समावेश है ।

गोम्मटसारके भाष्य ।

स्वयं चामुण्डरायने कानडी भाषामें गोम्मटसारकी एक टीका रची थी । गोम्मटसारके अन्तिम श्लोकमें इस बातका उल्लेख है कि चामुण्डरायने सर्व साधारणकी भाषामें वीर-मार्तण्डी नाम्नी एक टीका रची।[47] चामुण्डरायकी एक उपाधि-वीर-मार्तण्ड थी, इस लिए उसने अपनी टीकाका नाम रक्खा 'वीर-मार्तण्डी' अर्थात् वीर-मार्तण्डकी रची हुई । चामुण्डरायकी उक्त टीका अब अप्राप्य है, अन्य एक दूसरी टीकामें अब केवल इसका उल्लेख मात्र है, जिसका नाम है केशववर्णीया वृत्ति, (अर्थात् केशववर्णी रचित) । उसके प्रथम श्लोकमें लिखा है "मैं कर्नाटक-वृत्तिके आधारपर गोम्मटसारकी वृत्ति लिख रहा हूं ।"[48] गोम्मटसारपर एक और टीका है जिसका नाम है मन्द-प्रबोधिका, और जिसके टीकाकार हैं अभयचन्द्र ।[49] इन्हीं टीकाओंके आधारपर टोडरमलने हिन्दी भाषामें एक टीका लिखी है; जिसका वर्तमान समयके जैन-पंडितोंमें बहुत प्रचार है ।

नेमिचन्द्रके गुरु ।

गोम्मटसारमें अनेक मुनियोंके नाम दिये हैं जिनको नेमिचन्द्र आचार्य कहकर वन्दना करता है । वे नाम इस प्रकार हैं:—अभयनन्दि, इन्द्रनन्दि, वीरनन्दि,

---

४५ सिद्धं तुदयतडुग्गयणिम्मलवरणेमिचंदकरकलिया ।
गुणरयणभूसणं बुहिमइवेला भरउ भुवणयलं ॥
(गोम्मटसार, कर्मकांड, गाथा ९६७)

४६ 'श्रीमच्चामुण्डराय प्रश्नानुरूपं गोम्मटसारनामधेयं पञ्चसंग्रहशास्त्रं प्रारंभमानः । '
(अभयचन्द्ररचित गोम्मटसारवृत्ति)

४७ गोम्मटसुत्तल्लिहणे गोम्मटरायेण या कया देसी ।
सो राओ चिरं कालं णामेण य वीरमत्तण्डी ॥
(गोम्मटसार कर्मकाण्ड, गाथा ९७२)

४८ नेमिचन्द्रं जिनं नत्वा सिद्धं श्रीज्ञानभूषणम् ।
वृत्तिं गोम्मटसारस्य कुर्वे कर्णाटवृत्तितः ॥
(केशववर्णीयावृत्ति)

४९ मुनिं सिद्धं प्रणम्याहं नेमिचन्द्रं जिनेश्वरम् ।
टीकां गोम्मटसारस्य कुर्वे मन्दप्रबोधिकाम् ॥
(अभयदेवकी वृत्ति)

और कनकनन्दि।[५०] वीरनन्दि रचित एक 'चन्द्रप्रभ चरितं' नामका ग्रन्थ है जिसके अंतमें लिखा है कि वे अभयनन्दिके शिष्य थे,[५१] और अभयनन्दि गुणनन्दिके शिष्य थे। गोम्मटसारके उल्लेखानुसार कनकनन्दि इन्द्रनन्दिके शिष्य थे।[५२] इससे नेमिचन्द्रकी गुरुपरंपराका टेबल इस प्रकार होता है।

[यह लेख, आरासे जो द्रव्यसंग्रहकी इंग्रेजी आवृत्ति प्रकाशित हुई है, उसकी प्रस्तावनाका अविकल अनुवाद स्वरूप है, ऐसा पीछेसे उसके साथ मिलान करनेसे मालूम हुआ है।

—संपादक जै. सा. सं.]

५० "णमिऊण अभयणंदिं सुदसायरपारगिंदणंदिगुरुं।
वरवीरणंदिणाहं पयडीणं पच्चयं वोच्छं॥"
तथा—
"वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं।
सिरिकणयणंदिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं॥"
(गोम्मटसार, कर्मकाण्ड।)

५१ "बभूव भव्याम्बुजपद्मबन्धुः पतुर्मुनीनां गणभृत्समानः।
सदग्रणीर्देशिगणाग्रगण्यो गुणाकरः श्रीगुणनन्दिनामा॥
मुनिजननुतपादः प्रास्तमिथ्याप्रवादः
सकलगुणसमृद्धस्तस्य शिष्यः प्रसिद्धः।
अभवदभयनन्दी जैनधर्माभिनन्दी—
स्वमहिमजितसिन्धुर्भव्यलोकैकबन्धुः॥
भव्याम्भोजविबोधनोद्यतमतेर्भास्वत् समानत्विषः
शिष्यस्तस्य गुणाकरस्य सुधियः श्रीवीरनन्दीत्यभूत्।
स्वाधीनाखिलवाङ्मयस्य भुवनप्रख्यातकीर्तेः सतां
ससनसु व्यजयन्त यस्य जयिनो वाचः कुतर्काङ्कुशाः॥"
[चन्द्रप्रभचरितप्रशस्तिः। श्लोकः १, ३, ४,]

५२ वरइंदणंदिगुरुणो पासे सोऊण सयलसिद्धंतं।
सिरिकणयणन्दिगुरुणा सत्तट्ठाणं समुद्दिट्ठं॥
(गोम्मटसार, कर्मसार, गा० ३८६)

जंबुद्दीव पण्णत्ति।

(ग्रंथ परिचय)

[ले. श्रीयुत नाथूरामजी प्रेमी]

जैन साहित्यमें करणानुयोगके ग्रंथोंकी एक समय बहुत प्रधानता रही है। जिन ग्रंथोंमें ऊर्ध्वलोक, अधोलोक, और मध्यलोकका; चारों गतियोंका, और युगोंके परिवर्तन आदिका वर्णन रहता है, वे सब ग्रन्थ करणानुयोगके[1] अन्तर्गत समझे जाते हैं। आजकलकी भाषामें हम जैन धर्मके करणनुयोगको एक तरहसे भूगोल और खगोल शास्त्रकी समष्टि कह सकते हैं। दिगंबर और श्वेतांबर दोनोंही संप्रदायमें इस विषयके सैकडों ग्रन्थ हैं और उनमें अधिकांश बहुत प्राचीन हैं। इस विषयपर जैन लेखकोंने जितना अधिक लिखा है उतना शायदही संसारके किसी संप्रदायके लेखकोंने लिखा हो। परंपरासे यह विश्वास चला आता है कि इन सब परोक्ष और दूरवर्ती क्षेत्रों या पदार्थोंका वर्णन साक्षात् सर्वज्ञ भगवानने अपनी दिव्य-ध्वनीमें किया था। जान पडता है कि इसी अटल श्रद्धाके कारण इस प्रकारके साहित्यकी इतनी अधिक वृद्धि हुई और हजारों वर्ष तक यह जैन धर्मके सर्वज्ञ प्रणीत होनेका अकाटय प्रमाण समझा जाता रहा।

हिंदुओंके पौराणिक भूवर्णनको पढनेसे ऐसा मालूम होता है कि दो ढाई हजार बरस पहले भारतके प्रायः सभी संप्रदायवालोंका पृथ्वीके आकार-प्रकार और द्वीप-समुद्र-पर्वतादिके सम्बन्धमें करीब करीब इसी प्रकारकी धारणा थी, जिस प्रकार कि जैन धर्मके करणानुयोगमें पाई जाती है। पृथ्वी थालीके समान गोल और चपटी है, उसमें अनेक द्वीप और समुद्र हैं, द्वीपके बाद समुद्र और समुद्रके बाद द्वीप, इस प्रकार क्रम चला गया है; जम्बूद्वीपके बीचमें नाभीके तुल्य सुमेरु पर्वत है, इत्यादि। परन्तु पीछेसे विद्वान लोगोंके अन्वेषण और निरीक्षणसे इस विषयका ज्ञान बढता गया, और आर्यभट्ट, भास्कराचार्य आदि महान ज्योतिषिओंने तो पूर्वोक्त विचारोंको बिलकुलही बदल डाला। इसका फल यह हुआ कि इस विषयका जो प्रारंभिक हिन्दु साहित्य था उसका बढना तो दूर रहा, मगर वह धीरे धीरे क्षीण होता गया और इधर चूंकि जैन विद्वानोंका विश्वास था कि यह साक्षात सर्वज्ञ प्रणीत है; अतएव वे इसे बढाते चले गये और नई खोजों तथा आविष्कारोंकी ओर ध्यान देनेकी उन्होंने आवश्यकताही नहीं समझी।

यह करणानुयोगका वर्णन केवल इस विषयके स्वतंत्र ग्रन्थोंमें ही नहीं है, प्रथमानुयोग या कथानुयोगादिके ग्रन्थोंमें भी इसने बहुत स्थान रोका है। दिगम्बर संप्रदायके महापुराण, हरिवंशपुराण, पद्मपुराणादि प्रधान २ पुराणोंमें तथा अन्य चारित्र ग्रन्थोंमेंभी यह खूब विस्तारके साथ लिखा गया है। श्वेताम्बर संप्रदायके कथा ग्रन्थोंका भी यही हाल है। बल्कि इस संप्रदायके तो आगम ग्रंथोंमें भी इसका दौरदौरा है। भगवती सूत्र (व्याख्याप्रज्ञप्ति) आदि अंग और जम्बू-

१ लोकालोकविभक्तेर्युगपरिवृत्तेश्चतुर्गतीनां च।
आदर्शमिव यथामतिरवैति करणानुयोगं च ॥
—रत्नकरण्ड श्रा०

द्वीप प्रज्ञप्ति, सूर्यप्रज्ञप्ति, चन्द्रप्रज्ञप्ति आदि उपांग ग्रन्थ करणानुयोगकेही वर्णनसे लबालब भरे हुए हैं ।

दिगम्बर संप्रदायमें इस विषयका सबसे प्राचीन और विशाल ग्रन्थ त्रिलोकप्रज्ञप्ति[1] है । इसका और लोकविभाग[2] ग्रन्थका परिचय हम जैनहितैषी (भाग १३–अंक १२) में दे चुके हैं । त्रैलोक्यसार नामक ग्रन्थ मूल प्राकृत और संस्कृत टीका सहित माणिकचन्द्र ग्रन्थ-मालामें प्रकाशित हो चुका है । आज इस लेखमें हम जम्बुद्दीवपण्णत्तिका परिचय देना चाहते हैं । इसी नामका और एक ग्रन्थ माथुरसंघान्वयी अमितगति आचार्यका भी है । अमितगतिने चन्द्रप्रज्ञप्ति और सार्द्धद्वयद्वीपप्रज्ञप्ति नामक ग्रन्थ भी इसी विषयपर लिखे हैं । परन्तु ये अभीतक हमारे देखनेमें नहीं आये । जम्बुद्दीवपण्णत्ति नामका एक ग्रन्थ श्वेताम्बर संप्रदाय-का भी है। इसका संकलन करनेवाले गणधर सुधर्मास्वामी कहे जाते हैं । यह छट्ठा उपांग है और आगमग्रन्थोंकी शैलीसे लिखा हुआ है । इसकी श्लोक संख्या ४१४६ है । मुर्शिदाबादके राय धनपतिसिंह बहादुरके द्वारा यह वाचनाचार्य रामचन्द्र गणिकृत संस्कृत टीका और ऋषि चंद्रभाणजीकृत भाषा टीका सहित छप चुका है ।

दिगम्बरसम्प्रदायी जम्बुद्दीवपण्णत्तिकी दो प्रतियां हमने देखी हैं; एक स्वर्गीय दानवीर शेठ माणिकचन्द्रजीके चौपाटीके ग्रन्थभाण्डारमें है और दूसरी पूनेके भांडारकर ओरिएन्टल रीसर्च इन्स्टिटयटमें । पहली प्रति सावन वदि १२ सं० १९६० की लिखी हुई है और इसे सेठजीने अजमेरसे लिखवाकर मँग-वाई थी । दूसरी प्रतीपर उसके लिखे हुएका समय नहीं दिया है; परन्तु वह कुछ प्राचीन मालूम होती है ।

यह ग्रन्थ प्राकृत भाषामें है और गाथाबद्ध है । इसमें १३ उद्देश या अध्याय, २४२७ गाथायें और भरत, ऐरावत,पूर्व विदेह, उत्तर विदेह, देवकुरु, उत्तरकुरु, लवणसमुद्र, ज्योतिषपटल आदिकावर्णन है । वर्णन त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी अपेक्षा कुछ संक्षिप्त है ।

इसके कर्ताका नाम सिरिपउमणंदि या श्रीपद्मनन्दि है । वह अपनी गुरुपरम्परा इस प्रकार बतलाते हैं— वीरनन्दि, बलनन्दि , और पद्मनन्दि[1] । अपने लिए उन्होंने गुणगणकलित, त्रिदण्डरहित, त्रिशल्यपरिशुद्ध, त्रिगारवरहित, सिद्धान्तपारगामी, तप-नियम-योग-युक्त, ज्ञानदर्शनचारित्र्योद्युक्त और आरम्भकरणरहित विशेषण दिये हैं । अपने गुरूओंकी भी उन्होंने ज्ञान और तप आदिके विषयमें प्रशंसा की है । उन्होंने ऋषिविजय गुरुके निकट जिनवचन–विनिर्गत सुपरिशुद्ध आगमको श्रवण करके, उनहींके कृपामाहात्म्यसे इस ग्रन्थकी रचना की है । विजयगुरुका विशेष परिचय वे नहीं देते, इससे उनकी गुरुपरम्परापर कोई प्रकाश नहीं पड़ता । माघनन्दी नामके एक विख्यात आचार्य थे जो राग-द्वेष-मोहसे रहित, श्रुतसागरके पारगामी, प्रगल्भ मतिमान्, और तपःसंयम –संपन्न थे । उनके शिष्य सकलचन्द्र गुरु हुये, जो नव नियमों और शीलका पालन करते थे, गुणी थे और सिद्धान्त महोदधिमें जिन्होंने अपने पापोंको धोडाला था । इनके शिष्य नेन्दिगुरुके लिए–जो सम्यग्दर्शन–ज्ञान-चारित्र्यसम्पन्न थे–यह ग्रन्थ बनाया गया है ।

आचार्य पद्मनन्दि जिस उमय वारानगरमें थे, उस समय यह ग्रन्थ रचा गया है । इस नगरकी प्रशंसामें लिखा है कि उसमें वापिकायें, तालाब, और भुवन बहुत थे, भिन्नभिन्न प्रकारके लोगोंसे वह भरा हुआ था, बहुतही रम्य था, धनधान्यसे परिपूर्ण था, सम्यग्दृष्टि-जनोंसे, मुनियोंके समूहसे, और जैन मंदिरोंसे विभूषित था । यह नगर पारियत्त (पारियात्र) नामक देशके

१ इसके कर्ता श्रीयतिवृषभाचार्य हैं, और इसकी रचना लग-भग १००० वीरनिर्वाणसंवत् में हुई है ।

२ इसके कर्ता मुनि सर्वनन्दि हैं और यह शक संवत् ३८० में लिखा गया है । इस ग्रन्थका संस्कृत अनुवाद उपलब्ध है ।

१ पुराणसारके कर्ता श्रीचन्द्रमुनि—जो वि. सं. १०७० के करीब हुए हैं—अपने गुरूका नाम श्रीनन्दि लिखते हैं । वे इनसे पृथक् व्यक्ति जान पड़ते हैं । वसुनन्दि आचार्यकी गुरुपरम्परामें भी एक श्रीनन्दि है ।

अन्तर्गत था। बारानगरके प्रभु या राजाका नाम शक्ति या शान्ति था। वह सम्यग्दर्शनशुद्ध, व्रती, शीलसम्पन्न, दानी, जिनशासनवत्सल, वीर, गुणी, कलाकुशल और नरपतिसंपूजित था।

आचार्य हेमचन्द्रके कोषमें लिखा है—" उत्तरो विन्ध्यात्पारियात्रः " । अर्थात् विन्ध्याचलके उत्तरमें पारियात्र है। यह पारियात्र शब्द पर्वतवाची और प्रदेशवाची भी हैं। विन्ध्याचलकी पर्वतमालाका पश्चिम भाग जो नर्मदा तटसे शुरू होकर खंभाततक जाता है और उत्तर भाग जो अर्बलीकी पर्वतश्रेणीतक है पारियात्र कहलाता है। अतः पूर्वोक्त बारानगर इसी भूभागके अन्तर्गत होना चाहिए। राजपूतानेके कोटा राज्यमें एक बारा नामक कसबा है, जान पडता है कि यही बारानगर होगा। क्योंकि यह पारियात्र देशकी सीमाके भीतरही आता है। नन्दिसंघकी पट्टावलीके[2] अनुसार बारामें एक भट्टारकोंकी गद्दी रही है और उसमें वि. सं. (विक्रमराज्याभिषेक) ११४४ से १२०६ तकके १२ आचार्योंके नाम दिये हैं। इससे भी जान पडता है कि सम्भवतः वे सब आचार्य पद्मनन्दि या माघनन्दि की ही शिष्यपरम्परामें हुये होंगे और यही बारा—कोटा जम्बुद्वीप प्रज्ञप्तिके निर्मित होनेका स्थान होगा।

ज्ञानप्रबोध नामक भाषाग्रन्थमें (पद्यबद्ध) कुन्दकुन्दाचार्यकी कथा दी है। उसमें कुन्दकुन्दको इसी बारापुर या बाराके धनी कुन्दश्रेष्ठी और कुन्दलताका पुत्र बतलाया है। पाठकोंसे यह बात अज्ञात न होगी कि कुन्दकुन्दका एक नाम पद्मनन्दि भी है। जान पडता है कि जम्बुद्वीपप्रज्ञप्तिके कर्ता पद्मनन्दिकोही भ्रमवश कुन्दकुन्दाचार्य समझकर ज्ञानप्रबोधके कर्ता, कर्नाटकदेशके[3] कुन्दकुन्दका जन्म स्थान बारा[1] बतलानेका प्रयत्न कर बैठे हैं। पर इससे यह बात बहुत कुछ निश्चित हो जाती है कि मालवेके या कोटा राज्यके इसी बारामें यह ग्रन्थ निर्मित हुआ है।

शान्ति या शक्तिराजा जान पडता है कि कोई मामूली ठाकूर होगा। यद्यपि उसे नरपतिसंपूजित लिखा है, परन्तु साथ ही ' बारानगरस्य प्रभुः ' कहा है। यदि कोई बडा राजा या मांडलिक आदि होता, तो वह किसी प्रदेश या प्रान्तका राजा बतलाया जाता। राजाका वंश आदिभी नहीं बतलाया है, जिससे राजपुतानेके इतिहासोंमे उसका पता लगाया जा सके और उससे पद्मनन्दि आचार्यका निश्चित समय मालूम किया जा सके।

पद्मनन्दि नामके अनेक आचार्य और भट्टारक हो गये हैं। उनमें पद्मनन्दिपंचविंशतिकाके कर्ता बहुत प्रसिद्ध है। वे अपने गुरूका नाम[2] वीरनन्दि लिखते हैं और प्रज्ञप्तिके कर्ताके गुरु बलनन्दि हैं। इस लिये ये दोनों एक नहीं हो सकते। इसके सिवाय 'पचविंशतिका ' अपेक्षाकृत अर्वाचीन ग्रन्थ है। हमारे अनुमानसे वह १३ वीं शताब्दीसे पहलेका नहीं हो सकता। उस समय दिगम्बर मुनि[1] जिनमन्दिरोंमे रहने लगे थे और यह उपदेश दिया जाने लगा था कि बिम्बाफलके पत्तेके भी बराबर मन्दिर और जौके भी बराबर जिनप्रतिमा बनवानेवालेके पुण्यका वर्णन नहीं किया जा[2] सकता।

---

१. पूनेकी प्रतीमें सन्ति (शान्ति) और बम्बईकी प्रतीमें सचि (शक्ति) पाठ है।

२. देखो जैनसिद्धान्तभास्कर किरण ४; और इन्डियन ॲन्टिक्वेरी २० वी जिल्द।

३ कर्नाटक देशके कोण्डकुण्डनामक ग्रामके निवासी होनेके कारण इनका नाम कोण्डकुण्ड हुआ था। कुन्दकुन्द उसीका श्रुतिमधुर संस्कृत रूप है।

---

१ सुना है कि बारामें पद्मनन्दिकी कोई निषियाभी है।

२ यत्पादपङ्कजरजोभिरपि प्रमार्जयत्यदः शिरस्यमलबोधकलावतारः। भव्यात्मनां भवति तत्क्षणमेव मोक्षः स श्रीगुरुर्विशतु मे मुनिवीरनन्दी॥

४ यह ग्रन्थ काशीमें छप चुका है। इसमें अनेक विषयोंके २५ प्रकरण हैं।

१. सम्प्रत्यत्र कलौ काले जिनगेहे मुनिस्थितिः।
धर्मस्य दानमित्येषां श्रावका मूलकारणम् ॥
उपासकाचार प्रकरण।

२. बिम्बादलोन्नति यवोन्नतिमेव भक्त्या--

प्रशस्तीके कर्ता पद्मनन्दि कब हुए हैं, यह बतानेके लिये अभीतक हमें कोई पुष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं हुआ है। परन्तु हमारा अनुमान है कि यह ग्रन्थ विक्रमकी दसवीं शताब्दीके बादका तो नहीं है, पहलेका भले ही हो। क्यों कि—

१) ग्रन्थकी रचनाशैली बिलकुल त्रिलोक प्रज्ञप्तिके सदृश है और भाषा भी अपेक्षाकृत प्राचीन मालूम होती है।

२) नववीं दसवीं शताब्दीके बादके ग्रन्थकर्ता अपनी गुरुपरम्परा बतलाते समय संघ और गण गच्छादिका परिचय अवश्य देते हैं। पर इस ग्रन्थमें किसी संघ या गण गच्छादिका नाम नहीं है। मंगराजकविके शिलालेखके[1] अनुसार अकलंकभट्टके बाद देव, नन्दि, सेन, और सिंह इन चार संघोंकी स्थापना हुई है। अतः हमारी समझमें यह ग्रन्थ अकलङ्क देवसे पहलेका होना चाहिए। अकलङ्क देवका समय विक्रमकी ८ वीं शताब्दी है।

३) ऐसा मालूम होता है कि इस ग्रन्थसे पहले इस विषयका कोई स्वतंत्र ग्रन्थ नहीं था। पद्मनन्दि मुनिने श्रीविजयगुरुके निकट आचार्य परम्परासे चला आया हुआ यह विषय सुनकर लिखा है। किसी एक या अनेक ग्रंथोंके आधार आदीसे नहीं। इस विषयमें नीचे लिखी हुई गाथायें अच्छी तरह विचारने योग्य हैं।

ते वंदिऊण सिरसा वोच्छामि जहाकमेण जिणदिट्ठं।
आयरियपरम्परया पण्णत्तिं दविजलधीणं॥ ६॥

× × × × ×

आयरियपरम्परया सायरदीवाण तह य पण्णत्ती।
संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणु पुव्वीए॥ १८॥

× × × × ×

......रिसिविजयगुरुत्ति विक्खाओ॥ १४४॥
सोऊण तस्स पासे जिणवयण विणिग्गयं अमदभूदं।
रइदं किंचुद्देसे अत्थपदं तहव लध्दूणम्॥ १४५॥

यदि यह अनुमान ठीक हो कि दिगम्बर सम्प्रदायमें इस विषयका यह पहला ग्रन्थ है तो अवश्यही यह पुराना है। और आश्चर्य नहीं जो त्रिलोकप्रज्ञप्तिके रचे जाने के[1] समयमें अथवा उससे कुछ पीछे लिखा गया हो। इस ग्रन्थमें 'उक्तं च' कह कर अन्य गाथायें या श्लोकादि भी उध्दृत नहीं हैं। इससे भी इसे प्राचीन माननेकी इच्छा होती है।

यह ग्रन्थ जिन नन्दिगुरुके लिये बनाया गया है, उनके दादागुरुका नाम माघानन्दि था, और वे बहुतही विख्यात, श्रुतसागरपारगामी, तपःसंयमसम्पन्न, तथा प्रगल्भबुद्धि थे। इन्द्रनन्दीने अपने[2] श्रुतावतारमें लिखा है कि वीरनीर्वाणसे ६८३ वर्ष बाद तक अंगज्ञानकी प्रवृत्ति रही। उनके बाद अर्हद्वलि आचार्य हुए और उनके कुछ समय बाद (तत्कालही नहीं) माघनन्दि आचार्य हुए। आश्चर्य नहीं जो नन्दिगुरुके दादागुरु यही माघनन्दि हों। उन्हें जो विशेषण दिये गये हैं उससेभी मालूम होता है कि वे कोई सामान्य आचार्य न होंगे। इन्द्रनन्दिके कथनक्रमसे माघनन्दीका समय वीरनिर्वाणसंवत् ८०० लगभग तक आसकता है। और इस हिसाबसे नन्दिगुरु और पद्मनन्दीका समय वीरनिर्वाणकी ९ वीं शताब्दि माना जा सकता है। पर इस विषयमें अधिक जोर नहीं दिया जा सकता कि इन्द्रनन्दिकथित माघनन्दि और यह माघनन्दि एकही होंगे।

इस ग्रन्थमें भगवान् महावीरके बादकी आचार्य-परम्पराके विषयमें जो कुछ लिखा है उसका आशय इस प्रकार है।

विपुलाचलके ऊंचे शिखरपर विराजमान वर्धमान

ये कारयन्ति जिनसद्म जिनाकृतिं वा।
पुण्यं तदीयमिह वागपि नैव शक्ता—
स्तोतुं परस्य किमु कारयितुर्द्वयस्य॥ २२॥

१. देखो श्रवण बेल्गोला इन्स्क्रिप्शनका १०८ वां शिलालेख और जैनसिद्धान्त भास्कर किरण ३।

१ वीरनिर्वाण संवत १००० के लगभग।
२ यह ग्रन्थ माणिकचन्द्र ग्रन्थमालाके 'तत्त्वानुशासनादि-संग्रह' नामक १३ वे अंकमें छप चुका है।

जिनेन्द्रने गौतममुनीको प्रमाणसंयुक्त अर्थ कहा। उन्होंने लोहार्यको, लोहार्यने–जिनका नाम सुधर्मा भी है–जम्बुस्वामीको कहा। ये तीनों गणधर, गुणसमग्र, और निर्मल बारशानके धारी थे। ये केवल ज्ञानको प्राप्त करके मोक्षको प्राप्त हुए। इनको मैं नमस्कार करता हूं। इनके बाद नन्दि, नन्दिमित्र, अपराजित, गोवर्धन और भद्रबाहु ये पांच पुरुषश्रेष्ठ चौदह पूर्व और बारह अंगके धारक हुए। इनके बाद क्रमसे विशाखाचार्य, प्रोष्ठिल, क्षत्रिय, जय, नाग, सिद्धार्थ, धृतिषेण, विजय, बुद्धिल, गंगदेव और धर्मसेन, ये दस पूर्वधारी हुए। फिर नक्षत्र, यशःपाल, पाण्डु, ध्रुवसेन, और कंस ये पांच ग्यारह अंगके धारक हुए। इनके बाद सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और अन्तिम लोह (लोहाचार्य) ये आचारांगके धारक हुए।

इस परम्परासे एक यह विशेष बात मालूम हुई कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम लोहार्य भी था। लोहार्य नामके एक और भी आचार्य हुए हैं जो आचारांगधारी थे। उन्हें दूसरे लोहाचार्य समझना चाहिए। श्रवण बेल्गोलकी चन्द्रगुप्तवस्तीके [1]शिलालेखके–' महावीरसवितरि परिनिर्वृते भगवत्परमर्षि–गौतमगणधरसाक्षाच्छिष्य–लोहार्य–जम्बु–××'' आदि वाक्यमें जो लोहार्यको गौतमगणधरका साक्षात् शिष्य लिखा है, उसका भी इससे खुलासा हो जाता है। अभीतक इस बातका स्पष्ट उल्लेख कहीं भी नहीं मिला था कि सुधर्मास्वामीका दूसरा नाम लोहार्यभी था।

[1] देखो, जैनसिद्धान्तभास्कर किरण १.

इस परम्परामें और त्रिलोकप्रज्ञप्तिकी परम्परामें कोई अन्तर नहीं है। आचार्य गुणभद्रकृत उत्तर-पुराण, ब्रह्म हेमचन्द्रकृत श्रुतस्कन्ध, और इन्द्रनन्दिकृत श्रुतावतारमें भी बिलकुल यही परम्परा न्दी हुई है। परन्तु हरिवंशपुराण, [1]नन्दिसंघ–बलात्कार गण–सरस्वती-गच्छकी प्राकृत पट्टावली, [2]सेनगणकी पट्टावली और [3]काष्ठासंघकी पट्टावलीमें नन्दिकी जगह विष्णु नाम मिलता है। इसके सिवाय नन्दिसंघकी पूर्वोक्त पट्टावलीमें और काष्ठासंघकी पट्टावलीमें यशोबाहुके स्थानमें भद्रबाहु नाम है। जान पडता है नन्दीका नामान्तर विष्णु और यशोबाहुका भद्रबाहु भी होगा।

लोहाचार्य तकको यह गुरुपरम्परा दिगम्बर संप्रदायमें एकसी मानी जाती है। इसमें कोई मतभेद नहीं है। परन्तु यह बडे आश्चर्यकी बात है कि श्वेताम्बर संप्रदायमें जम्बुस्वामीके बाद जो परम्परा मानी जाती है, वह इससे सर्वथा भिन्न है। यद्यपि ये दोनों संप्रदाय वि० सं० १३६ के लगभग पृथक हुए कहे जाते हैं। यदि यह समय सही है तो आचारांगधारियों तककी परम्परा दोनों संप्रदायोंमें एकसी होनी चाहिए थी। या तो यह समय ही ठीक नहीं है–जम्बुस्वामीके बादही यह सम्प्रदाय भेद हो गया होगा, या फिर दोनोंमेंसे किसी एकने अथवा दोनोंने ही पीछेसे भूलभाल जानेपर इन्हें गढा होगा। इतिहासके विद्यार्थिओंके लिये यह विषय खास तोरसे विचार करने योग्य है।

[1] यह ग्रन्थभी तत्त्वानुशासनादि–संग्रहमें छपा है।
[2-3-4] –देखो जैनसिद्धान्तभास्कर, किरण ४।

परिशिष्ट-

जंबुद्दीवपण्णत्तिका आदि और अंतका कुछ भाग नमूनेके तौर पर यहां पर दिया जाता है ।

देवासुरिंदमहिदे दसट्ठरुवूण कम्मपरिहीणे । केवलणाणालोए सद्धम्मुवएसदं अरुहं ॥ १ ॥
अट्ठविहकम्मरहिए अट्ठगुणसमण्णिदे महावीरे । लोयग्ग–तिलयभूदे सासयसुहसंठिदे सिद्धे ॥ २ ॥
पंचाचारसमग्गे पंचेंदियनिज्जिदे विगयमोहे । पंचमहव्वयानिलए पंचमगइनायगायरिए ॥ ३ ॥
परसमयतिमिरदलणं परमागमदेसए उवज्झाए । परमगुणरयणणिवहे परमागमभाविदे वीरे ॥ ४ ॥
णाणागुणतवणिरए ससमदसब्भावगहियपरमत्थे । बहुविहजोगज्जुत्ते जे लोए सव्वसाहुगणे ॥ ५ ॥
ते वंदिदूण सिरसा वोच्छामि जहा कमेण जिणदिट्ठं । आयरियपरंपरया पण्णत्तिं दीवजलधीणं ॥ ६ ॥

+ + + + + +

विउलगिरिगुंगासिहरे जिणिंदइंदेण वड्ढमाणेणं । गोदममुणिस्स कहिदं पमाणणयसंजुदं अत्थं ॥ ९ ॥
तणवि लोहज्जस्स य लोहज्जेण य सुधम्मणामेण । गणधरसुधम्मणा खलु जंबूणामस्स णिद्दिट्ठं ॥ १० ॥
चदुरमलबुद्धिसहिदे तिण्णेदे गणधरे गुणसमग्गे । केवलणाणपईवे सिद्धिंपत्ते णमंसामि ॥ ११ ॥
णंदी य णंदीमित्तो अवराजिदमुणिवरो महातेओ । गोवद्धणो महप्पा महागुणो भद्दबाहू य ॥ १२ ॥
पंचेद पुरिसवरा चउदसपुव्वी हवंति णायव्वा । बारसअंगधरा खलु वीराजिणिंदस्स णायव्वा ॥ १३ ॥
तहय विसाखायरिओ पोट्ठिल्लो खत्तियओ य जयणामो । णागो सिद्धत्थो बिय धिदिसेणो विजय णामोय ॥
बुद्धिल्ल-गंगदेवो धम्मसेणो य होइ पच्छिमओ । पारंपरेण एदे दसपुव्वधरा समक्खादा ॥ १५ ॥
णक्खत्तो जसपालो पंडु-धुवसेण-कंस-आयरिओ । ऐयारस अंगधरा पंचजणा होंति णिद्दिट्ठा ॥ १६ ॥
णामेण सुभद्दमुणी जसभद्दो तहय होइ जसबाहु । आयारधरा णेया अपच्छिमो लोहणामो य ॥१७॥
आयरियपरंपरया सायरदीवाण तहय पण्णत्तिं । संखेवेण समत्थं वोच्छामि जहाणुपुव्वीए ॥ १८ ॥

+ + + + + +

परमट्ठिमासिदत्थं उड्ढाधोतिरियलोयसंबंधं । जंबूदीवणिबद्धं पुव्वावरदोसपरिहीणं ॥ १४० ॥
गणधरदेवेण पुणो अत्थं लध्दूण गंथिदं गंथं । अक्खरपदसंखेज्जं अणंतसत्थेहि संहुतं ॥ १४१ ॥
आयरियपरंपरेण य गंथत्थं चेव आगयं सम्मं । उवसंहरीय लिहियं समासदो इहय णायव्वं ॥ १४२ ॥
णाणाणरवइमहिदो विगयममुसंगभंग–उम्मुक्को । सम्मद्दंसणसुद्धो संजय–तव–सील–संपुण्णो ॥ १४३ ॥
जिणवर-वयण-विणिग्गयपरमागमदेसओ महासत्तो।सिरिनिलओ गुणसहिओ रिसिविजय गुरु त्ति विक्खाओ।
सोऊण तस्स पासे जिणवयणविणिग्गयं अमदभूदं । रइदं किंचुद्देसे अत्थपदं तह व लध्दूणं ॥ १४५ ॥

+ + + + + +

अहतिरिय–उड्ढलोएसु तेसु जे होंति बहुवियप्पा दु । सिरिविजयस्स महप्पा ते सव्वे वण्णिदा किंचि।१५३।
गयरायदोसमोहो सुदसायरपारओ मइ–पगब्भो।तवसंजमसंपण्णो विक्खाओ माघनंदिगुरू ॥ १५४ ॥
तस्सेव य वरसिस्सो सिद्धंतमहोदहिम्मि धुयकलुसो । णवणियमसीलकलिदो गुणउत्तो सयलचंद गुरू १५५

१ 'एयारसगधारी' भी पाठ है. २ 'भउ' पाठ द्वितीय पुस्तक में है। ३ 'किंचिद्देसं' भी है ।

तस्सेव य वरसिस्सो णिम्मलवरणाणचरणसंजुत्तो । सम्मद्दंसणसुद्धो सिरिणंदिगुरु त्ति विक्खाओ ॥१५६॥
तस्स णिमित्तं लिहियं जंबूदीवस्स तहय पण्णत्ती । जो पढइ सुणइ एदं सो गच्छइ उत्तमं ठाणं ॥ १५७ ॥
पंचमहव्वयसुध्दो दंसणसुद्धो य णाणसंजुत्तो । संजमतवगुणसहिदो रागादिविवज्जिदो धीरो ॥ १५८ ॥
पंचाचारसमग्गो छज्जीवदयावरो विगदमोहो । हरिस-विसाय-विहूणो णामेण य वीरणंदित्ति ॥१५९॥
तस्सेव य वरसिस्सो सुत्तत्थवियक्खणो मइप्पगब्भो । परपरिवादणियत्तो णिस्संगो सव्वसंगेसु ॥ १६० ॥
सम्मत्तअभिगदमणो णाणेण तह दंसणे चरित्ते य।परतंतिणियत्तमणो बलणंदि गुरु त्ति विक्खाओ॥१६१॥
तस्स य गुणगणकलिदो तिदंडरहियो तिसल्लपरिसुद्धो । तिण्णिवि गारवरहियो सिस्सो सिद्धंतगयपारो।१६२॥
तवणियमजोगजुत्तो उज्जुत्तो णाणदंसणचरित्ते।आरंभकरण रहियो णामणे य पउमणंदीत्ति ॥ १६३ ॥
सिरिगुरुविजयसयासे सोऊणं आगमं सुपरिसुद्धं । मुणि--पउमणंदिणा खलु लिहियं एयं समासेण ॥१६४॥
सम्मद्दंसणसुद्धो कदवदकम्मो सुसीलसंपण्णो ॥ अणवरयदाणसीलो जिणसासणवच्छलो वीरो ॥१६५॥
णाणागुणगणकलिओ णरवइसंपूजिओ कलाकुसलो ॥ वाराणयरस्स पहू णरुत्तमो सत्तिभूपालो ॥ १६६ ॥
पोक्खराणि—वावि—पउरे बहुभवणविहूसिए परमरम्मे । णाणाजणसंकिण्णे धनधन्नसमाउले दिव्वे ॥ १६६ ॥
सम्मादिट्ठिजणोघे मुणिगणणिवहेहि मंडिए रम्मे । देसम्मि पारियत्ते जिणभवणविहूसिए दिव्वे ॥ १६८ ॥
जंबूदीवस्स तहा पण्णत्ती बहुपयत्थसंजुत्तं (त्ता) । लिहियं संखेवेणं वाराए अच्छमाणेण ॥ १६९ ॥
छद्मत्थेण विरइयं जं किंपि हवेज्ज पवयणविरुद्धं । सोदं तु सुगीदत्था तं पवयण वच्छलत्ताए ॥ १७० ॥

× × × × ×

विउध-वइ-मउड-मणिगण-कर-सलिलसुधोयचारु पयकमलं । वरपउमणंदि णमियं वीर जिणिंदं णमंसामि ॥१७६॥

इय जंबूदीवपण्णत्तिसंगहे पमाणपरिच्छेदो णाम तेरमो उद्देसो सम्मत्तो ॥ १३ ॥

४ 'एयं' पाठ पूनेकी प्रतिमें है ।

गिरनार पर्वत — पंचमी टोंक.

अर्हम्

।। नमोऽस्तु श्रमणाय भगवते महावीराय ।।

जैन साहित्य संशोधक

खंड १] गुजराती लेख विभाग [अंक ४

सप्तभंगी

अथवा

सत्-असत्-तत्त्वमूलक प्रमाण पद्धति

[ले० अध्यापक रसिकलाल छोटालाल परीख. बी. ए.]

जैन दर्शन अथवा आर्हत दर्शनना तत्त्वज्ञाननो मूळ पायो सप्तभंगी उपर रचाएलो छे. सप्तभंगी एटले वस्तु तत्त्वना स्वरूपनो संपूर्ण विचार प्रदर्शित करवा माटे योजेली सात प्रकारनी वाक्यरचना. ते आ प्रमाणे छे:-

(१) [वस्तु] कथंचित छे. *
(२) ,, ,, नथी.
(३) ,, ,, छे अने नथी.
(४) ,, ,, अवाच्य छे.
(५) ,, ,, छे अने अवाच्य छे.
(६) ,, ,, नथी अने अवाच्य छे.
(७) ,, ,, छे,नथी,अने अवाच्य छे.

आ प्रमाणे सप्तभंगीनी वाक्यरचना छे. सामान्य वाचकने बहु विचित्र, निरुपयोगी अने हास्यजनक लागे तेवुं तेनु बाह्य स्वरूप देखाय छे. परंतु गंभीर विचार-पूर्वक जो ते संबंधी ऊहापोह करवामां आवे तो तेमां रहेलां तत्त्वो सर्वसाधारण अने सर्वव्यापी छे एम स्पष्ट जणाई आवशे. ए विचार पद्धतिमां सत्--असत् अनेक धर्मतत्त्व, अने एक वाक्य एक समये एक धर्मनो निर्देश ज करी शके; ए तत्त्वोनो अन्तर्भाव थएलो छे. ए तत्त्वोए आ विशिष्ट स्वरूप क्यारे अने कई परिस्थितिमां धारण कर्युं तेनो निर्णय करवो हजी सुलभ नथी. परंतु जैन न्यायशास्त्रना अध्ययन उपरथी तेनो विकास अने प्रयोजन तो आपणे चोक्कस जाणी शकीए तेम छीए.

जैनोना आ विशिष्ट सिद्धान्तना इतिहास विषे हालमां हूं आटलुं जणावी शकुं छुं:—उत्तराध्ययन सूत्रमां एनो निर्देश नथी. भद्रबाहुनी आवश्यक सूत्रनी निर्युक्तिमां

---

* संस्कृत वाक्यो आ प्रमाणे:—
(१) स्यादस्ति (४) स्यादवक्तव्यम्
(२) स्यान्नास्ति (५) स्यादस्ति अवक्तव्यम् च
(३) स्यादस्ति नास्ति (६) स्यान्नास्ति अवक्तव्यम् च
(७) स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्यं च

अष्टसहस्रीना कर्ता विद्यानन्दी कहे छे के "तेमां 'सत्त्व' वस्तु धर्म छे; तेनो अस्वीकार करतां गधेडाना सींगडानी माफक वस्तु वस्तुत्व विनानी थई जाय छे; ते प्रमाणे कथंचित् 'असत्त्व' छे, कारण के स्वरूपादिथी सत्त्व अनिष्ट नथी तेम पर रूपादिथी पण अनिष्ट न होय तो प्रतिनियत स्वरूपना अभावथी वस्तु प्रतिनियमनो विरोध थाय तेथी" (एम मानवुं जोईए के स्वरूपनी अपेक्षाए जेम सत् इष्ट छे तेम पररूपादिनी अपेक्षाए नथी.)

अनेकान्तजयपताकाना कर्ता हरिभद्र सूरि कहे छे के "ते (वस्तु) स्वद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाव-रूप सत् छे, अने-परद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावरूप 'असत्' छे. तेथी ते'सत्' अने 'असत्' छे. नहिं तो तेना अभावनो प्रसंग आवे (घटादिरूप वस्तुनो अभाव थाय) एटले के—जो ते जेम स्वद्रव्य क्षेत्र काल भाव रूप 'सत्' छे, तेम परद्रव्यादिरूपे पण होय, तो ते घट वस्तुज न थाय. कारणके ते परद्रव्यादिरूपे पण, तेनाथी अन्य पोताना स्वरूपनी माफक, हयात छे. ते प्रमाणे तो जेम परद्रव्य क्षेत्र काल भावरूपे ते 'असत्' छे तेम स्वद्रव्यादिरूपे पण 'असत्' होय, तो एम पण गधेडाना सींगडानी माफक घट वस्तुज न थाय. आ प्रमाणे तेनो (वस्तुनो) अभाव थाय तेथी ते सदसद्रूप ज कबुल करवी जोईए."

ते ज ग्रंथमां अन्य स्थाने हरिभद्रसूरि जणावे छे के 'न हि स्वपरसत्ताभावाभावरूपतां विहाय वस्तुनो विशिष्टैव सम्भवति।' स्वसत्तानो भाव अने परसत्तानो अभाव न होय तो वस्तुनी विशिष्टतानो ज सम्भव नथी" प्रमेयरत्नकोषमां चन्द्रप्रभसूरि आवुं ज तत्त्व दर्शावे छे. ते कहे छे के जो आ तत्त्व स्वीकारवामां न आवे तो एक ज घटादि वस्तु सर्वत्र व्यापि अने तेथी एक वस्तु सर्व पदार्थ थवानो दोष नीपजे."

जोसफ 'Introduction to Logic' नामना पोताना ग्रंथमां पण आज मुद्दानी वात करे छे. ते कहे छे के "निषेधात्मक वचनने आपणे वस्तुओनो वास्तविक व्यवच्छेद दर्शावनार गणवुं जोईए......अमुक धर्मोनी अने अस्तित्वना अमुक प्रकारोनी परस्पर व्यवच्छेदकता ए निषेधमां रहेलुं वास्तविक सत्य छे. जो एम न होय तो दरेक वस्तु दरेक अन्य वस्तु थई जाय; एटले के अस्तित्वना आ विविधप्रकारना जेटली विध्यात्मक थई जाय."

हरिभद्र सूरि आ प्रमाणे वस्तु तत्त्वनी दृष्टिए ऊहापोह करी तेनी सदसदात्मकता सिद्ध करी ज्ञान तत्त्वनी दृष्टिए पण एज बाबत सिद्ध करे छे. 'स्वपररूपानुवृत्तव्यावृत्तरूपमेव तद्वस्त्वनुभूयते।'—स्वरूपे अनुवृत्त अने पररूपे व्यावृत्त ज अमुक वस्तु अनुभवाय छे. टुंकामां एमना कारणो आ प्रमाणे छे. 'प्रथम तो संवेदन वस्तु छे. अने वस्तु उभय रूप छे, माटे ते पण उभय रूप छे.' आनो अर्थ आपणे एम ज करवो जोईए के अमुक संवेदन स्वरूपे सत् छे अने अन्य संवेदन दृष्टिए असत् छे. एटले आ पण वस्तु तत्त्व विचारमां ज समाई जाय छे. पण

५ तत्र सत्त्वं वस्तुधर्मः, तदनुपगमे वस्तुनो वस्तुत्वायोगात्, खरविषाणादिवत्। तथा कथंचिदसत्त्वं, स्वरूपादिभिरिव पररूपादिभिरपि वस्तुनोऽसत्त्वानिष्टौ प्रतिनियतस्वरूपाभावाद् वस्तुप्रतिनियमविरोधात्। अष्टसहस्री पृ. १२६

६ यतस्तत् स्वद्रव्यक्षेत्रकालभावरूपेण सद्—वर्तते, परद्रव्यक्षेत्रकालभावरूपेण चासत्। ततश्च सच्चासच्च भवति। अन्यथा तदभावप्रसंगात्। (घटादिरूपस्य वस्तुनोऽभावप्रसंगात्) इत्यादि। अनेकान्तजयपताका, पृ० ३०

७ तदा यथा स्वद्रव्याद्यपेक्षया सत्त्वं तथा परद्रव्याद्यपेक्षयापि सत्त्वं, तथा तदेकं घटादि वस्तु सर्वत्र प्राप्नोति। ततश्च सर्वपदार्थानामेकत्वं [illegible] प्रमेयरत्नकोष, पृ०

८. "Hence we must accept the negative Judgment as expressing the real limitation of things......The reciprocal exclusivness of certain attributes and modes of being is the real truth underlying negation But for that every thing would be every thing else; that is as positive as these several modes of themselves." पृष्ठ १७२–१७३.

बाह्य विषयनी दृष्टिए पण वस्तु-अनुरूप-संवेदन पण उभय रूप ज छे. "आगल रहेलो घट पोताना भाव अने इतरना अभावना अध्यवसाय एटले के निर्णय रूपे ज ओळखाय छे.........सदसद्रूप वस्तुनुं केवल सदात्मक ज्ञान खरूं ज्ञान नथी. कारण के ते सम्पूर्ण अर्थनुं प्रतिभासन करतुं नथी. जेम नरसिंहना रूपनुं ज्ञान केवल सिंहना ज्ञानथी पूरूं थतुं नथी. अने आ प्रमाणे उभयनो प्रतिभास करतुं ज्ञान न थाय एम नथी, कारण के संवित्ति तदन्य-विविक्तताथी विशिष्ट छे (एटले के अन्य पदार्थथी जे भिन्नता, तेनाथी विशिष्ट छे) अने तदन्य विविक्तता एटले अभावे."

९.........सदसद्रूपस्य वस्तुनो व्यवस्थापितत्वात् । संवेदनस्यापि च वस्तुत्वात् । तथा युक्तिसिद्धश्च । तथाहि संवेदनं पुरोऽवस्थित घटादौ तद्भावेतराभावाध्यव सायरूपमेवोपजायते ।......न च सदसद्रूपे वस्तुनि सन्मात्रप्रतिभास्येव तत्त्वतस्तत्प्रतिभास्येव, संपूर्णार्थाप्रतिभासनात्, नरसिंह-सिंहसंवेदनवत् । न चैतदुभयप्रतिभासि न संवेद्यते तदन्यविविक्तताविशिष्टस्यैव संवित्तेः । तदन्यविविक्तता चाभावः । अनेकांतजयपताका. पृ. ६२.

आ साथे जहॉन केईडना नीचेना विचारो सरखावा जेवा छेः—

Nor, again, can you reach this unity merely by predication or affirmation, by asserting, that is, of each part or member that it is and what it is. On the contrary, in order to apprehend it, with your thought of what it is you must in seperably connect that also of what it is not. You cannot determine the particular number or organ save by reference to that which is its limit or negation. It does not exist in and by itself, but in and through what is other than itself...... It can exist only as it denies or gives up any seperate self-identical being and life—only as it finds its life in the larger life and being of the whole. You cannot apprehend its true nature under the category of 'Being alone, for at every moment of its existence it at once is and is not; it is in giving up or losing itself; its true being is in ceasing to be. Its notion includes negation as well as affirmation." An Introduction to the Philosophi of Religion. P. 219.

उपर जे अवतरणो आप्यां छे ते उपरथी जैनाचार्योनो वस्तुस्वरूपविषयक ख्याल स्पष्ट थाय छे. प्लेटोना शब्दोमां ते नीचे प्रमाणे मूकी शकाय "त्यारे अभाव गति अने अन्य पदार्थ वर्गमां छे; कारण के अन्यत्व ते सर्वमां व्यापी प्रत्येकने अस्तित्वथी अन्य करे छे. एटले के 'असत्' करे छे. अने तेथी आ रीते आपणे ते बधा विषे आस्तिकताथी कही शकीए के ते बधा 'असत्' छे अने वली तेओ अस्तित्व वाळा छे माटे एम कही शकाय के ते सत् छे."[१०]

आ प्रमाणे वस्तुना सदसदात्मक स्वभावनी समजणथी सप्तभङ्गीनुं एक तत्त्व सुगम थाय छे. तेमां बीजुं जे तत्त्व रहेलुं छे ते अनेकान्ततानुं छे. म्हारा समजवा प्रमाणे आ तत्त्व जैन तत्त्वज्ञानना इतिहासमां 'सदसत्' ना करतां वधारे प्राचीन हशे अने जैन मार्गनुं तेना उत्पत्तिना समयमां विशिष्ट लक्षण हशे. विक्रम पूर्वेनी पांचमी अने छट्ठी शताब्दिमां आर्यावर्तमां अनेक मतो अने सम्प्रदायो उत्पन्न थया हता; ते समए आ अनेक अने केटलीक वार विरुद्ध तत्त्वोने प्रत्येकनी दृष्टिए

१०. Then not-being necessarily exists in the case of motion and of every class; for the nature of the other entering into them all, makes each of them other than being and so non-existent; and therefore, of, all of them, in like manner, we may truly say that they are not; and again in as much as they partake of being, that they are and are existent पा. १९१. Dialogues of Plato. Vol. IV.

जोई तेनो समन्वय जैन दर्शने अनेकांतता द्वारा कर्यो होय एम मानवाने वांधो लागतो नथी.*

आ तत्त्व समजवुं बहुज सहेलुं छे; अने जैन तत्त्वज्ञान ते वडे व्याप्त थएलुं छे. प्रमितिनी दृष्टीए कहीए तो एक वस्तुविषे अनेक धर्मोनो आरोप करवो शक्य छे, वस्तुनी दृष्टीए कहाए तो वस्तु अनेक गुणमय छे अने अनेक पर्यायो धारण करे छे. वस्तु स्वभावना आ तत्त्वना स्वीकारथी कोई पण प्रकारना सदेकान्तिक के असदेकान्तिक मतथी आ सिद्धान्त स्पष्ट रीते जुदो पडी जाय छे.

आपणे जोई गया के जैनाचार्यो वस्तुनो स्वभाव सदसदात्मक सिद्ध करे छे. आ सिद्धान्तमांथी सामान्य अने विशेषनो सिद्धान्त सहेलाई थी निपजावी शकाय छे. कारण के वस्तुना सामान्य गुणो 'सन्मूलक' अने विशेष गुणो 'असन्मूलक' छे. (असत् शब्दनो अर्थ उपर जणाव्या प्रमाणेज लेवानो) शाथी जे, वस्तु अमुक विशिष्ट वस्तु बीजी वस्तुओ नथी तेना वडे छे. एटले के विशिष्टतानो आधार 'असत्' उपर छे, अने तेथी जैनाचार्यो कहे छे के वस्तु सामान्य विशेष मय छे. 'सतकार्य' अने 'असत्कार्य' नो सिद्धान्त पण आमांथी ज निकली शके छे. अमुक वस्तु अथवा कार्य पोताना कारणमां ऊर्ध्व सामान्य परतुं तो छे ज. अने पोताना विशेष वडे पोताना कारणमां नथी. तेथी कारणमां कार्य सत् अने असत् बन्ने छे. आवां अनेक द्वन्द्वो जैनाचार्यो घटावे छे अने चन्द्रप्रभ सूरिना शब्दोमां कहीए तो "वयं खलु जैनेन्द्राः एकं वस्तु सप्रतिपक्षानेकधर्मरूपाधिकरणं' इत्याचक्ष्महे। " अमे जैनेन्द्रो एक वस्तु प्रतिपक्ष युक्त अनेक धर्मोनुं अधिकरण छे एम मानीए छीए. "[११]

*पारंभना समयमां एम होय के न होय तो पण सिद्धसेन दिवाकरना न्यायावतार उपर टीका करनार सिद्धर्षि आ रीते अनेकान्तवाद ने समजावे छे. लेखक.

११ सरखावो—' अनेकात्मकं वस्तु गोचरः सर्वसंविदाम्।' न्यायावतार.—वळी ' तदेवमनेकधर्मपरीतार्थग्राहिका बुद्धिः प्रमाणम्। न्या. टीका.

ग्रीक फीलसुफ प्लेटोनी, वस्तुनी सदसदात्मकता विषेनी मान्यता आपणे पहेलां जोई गया. अनेकान्तता विषे पण तेनी आने मलतीज मान्यता छे अने ते आ प्रमाणे छेः—

" एलीयानो मुसाफर—अनेक वस्तु विषे आपणे शी रीते अनेक धर्मोनो आरोप करीए छीए, ते बाबत आपणे विचार करीए.

थीएटेटस—उदाहरण आपो.

मुसाफर—उदाहरण तरीके हुं एम कहेवा मांगु छुं के एक माणस विषे आपणे अनेक नामो वडे व्यवहार करीए छीए—एटले के तेने विषे रंग, रूप, परिमाण, गुण अने दोषादिनो आरोप करीए छीए. आमां अने बीजा सेंकडो उदाहरणोमां आपणे तेने माणस कहीए छीए एटलुंज नहीं पण तेने 'ते भलो छे' अने एवा अनेक गुणवालो छे एम कहीए छीए. अने ए ज रीते हर कोई वस्तु जेने आपणे शरूआतमां एक धारता होईए छीए तेने आपणे अनेक कहीए छीए अने अनेक नामो वडे तेनो व्यवहार करीए छीए.

थीएटेटस—बराबर छे."[१२]

१२ जुओ.—Dialogues of Plato-Vol. iv. पा. ३८३ (आवृत्ति त्रीजी.)

Str. Let us enquire, then, how we come to predicate many names of the same thing.

Theart. Give an example.

Str. I mean that we speak of man, for example under many names–that we attribute to him colours and forms and magnitudes and virtues and vices, in all of which enstances and in ten thousand others we not only speak of him as a man, but also as good, and having numberless other attributes; and in the same way anything else which we originally supposed to be one is describ-

अहिंयां एक बाबत विषे सावधान रहेवानी जरूर छे. अनेकान्तताने अनिर्धारणात्मकता के अनिश्चितस्वरूपता गणवानी भूल थई जवानो संभव छे. म्हारा समजवा प्रमाणे जैनाचार्यो कदी पण कहेता नथी के वस्तुनुं स्वरूप अनिश्चित के अनिर्धारणात्मक छे. शंकराचार्ये स्याद्वादना खंडनमां आज भूल करी छे. डॉ. बेलवेलकर जेवा विद्वाने पण आ भूलनुं अनुसरण कर्युं छे. जैनाचार्यो फक्त एटलुं ज कहे छे के वस्तु अनेक धर्मात्मक छे; अने एक वखते एक ज धर्मनो निर्देश थई शके. तेथी एक वाक्यमां वस्तु स्वरूपनुं संपूर्ण कथन करवुं अशक्य छे. वस्तु स्वरूप निश्चित ज छे. पण साधारण माणस अने सर्वज्ञमां ए अन्तर छे के सर्वज्ञ सर्व पदार्थोने संपूर्ण रीते एना विविध स्वरूपमां एक साथे जाणे छे ज्यारे साधारण माणस एक वस्तुने पण पूर्ण रीति जाणी शकतो नथी.[13] पण वस्तुनुं आ स्वरूप ध्यानमां रहे तेथी तेओए वाक्य रचना एवी करी छे के उपर उपरथी जोनारने एम लागे के आ बधां वाक्यो संशयमूलक छे. पण वस्तुस्थिति एम नथी ए अकलंकदेवना तत्त्वार्थसूत्रउपरना राजवार्तिकना नीचेना वार्तिकोथी स्पष्ट थाय छे.

" संशयहेतुरिति चेन्न विशेषलक्षणोपलब्धेः (सू. ६ वा. ५)

तेना उपर टीका आ प्रमाणे छे.

इह प्रत्यक्षाद् विशेषाप्रत्यक्षाद् विशेषस्मृतेश्च संशयः । ....नच तद्वदनेकान्तवादे विशेषानुपलब्धिर्यतः स्वपराद्यादेशावशीकृता विशेषा उक्ता । व्यक्ताः प्रत्यर्थमुपलभ्यन्ते ।

'जो कोई एम कहे के सप्तभंगी संशयनो हेतु छे तो तेम नथी.—शाथी जे विशेष लक्षणनुं ज्ञान थाय छे " अहिंयां [अमुक] प्रत्यक्ष थवाथी [जेना वडे वस्तु निश्चय थाय ते] विशेष न देखावाथी अने विशेषोनी स्मृति थवाथी संशय थाय छे......ते प्रमाणे अनेकान्तवादमां विशेषनी उपलब्धि थति नथी एम नथी; शाथी जे स्वादेश अने परादेश ने वशेकरी विशेषो प्रत्येक अर्थमां कहेला अथवा सूचवेला (व्यक्त ?) जणाई आवे छे. आगल कहे छे.—

" विरोधाभावात् संशयाभावः " । सू. ६, वा. ५

[विशेषोमां] विरोध न होवाथी संशयनो अभाव छे "

" अर्पणाभेदादविरोधः पितापुत्रादिसंबंधवत् । सू. ६ वा. १०

" अर्पणाना भेदथी (एटले के दृष्टिबिन्दुना भेदथी) विरोध रहेतो नथी. एक ज माणसने विषे पिता पुत्र विगेरेना संबंधनी माफक (जेम एकज माणसने जुदा जुदा संबंधनी जुदी जुदी दृष्टि अथवा अर्पणा वडे पिता पुत्र भाई इत्यादि कहेवामां विरोध नथी तेम स्व अने परना दृष्टि बिन्दुथी सत् अने असत् कहेवामां विरोध नथी.)

आ प्रमाणे आपणे सप्तभङ्गीना सिद्धान्तना आधार रूप बे तत्त्वो जोयां. आ तत्त्व विचारमांथी बे बाबत स्पष्ट थई आवे छेः—एक तो सप्तभंगीनी वाक्यरचनामां ' सत् ' अने ' असत् ' नो शो अर्थ छे ते, अने बीजी ' स्यात् ' शब्द प्रत्येक वाक्यना प्रारंभमां केम मुकवामां आवे छे ते.

स्यात् ए सर्वथात्वनो निषेधक अने अनेकान्तनो द्योतक कथंचित् अर्थमां वपरातुं अव्यय छे.[14] जे तत्त्वज्ञो वस्तुने अनेक धर्मात्मक मानता होय अने एम मानता होय के तेना निरूपणमां वपराता वाक्योमां एक साथे एक ज बाबतनुं निरूपण थई शके; तेओ अनेकान्तना सूचक आवो कोई शब्द मुके ए स्वाभाविक छे. जो के एम कर्याथी ते वाक्यो संशयात्मक देखाय छे अने वांचनारने भ्रमणामां नाखे छे. परंतु एम

ed as many, and under many names.

Theart. That is true.

१३ प्रवचनसार, १—५३

१४ अत्र सर्वथात्वनिषेधकोऽनेकान्तिकताद्योतकः कथंचिदर्थे स्याच्छब्दो निपातः । पंचास्तिकायटीका पृ० ३०.

कर्यानो मोटो फायदो ए छे के माणस कदाग्रही न थई शके.

सप्तभङ्गीनुं वधारे पृथक्करण कर्या पहेलां शंकराचार्ये तेनुं जे खंडन कर्युं छे तेनो टुंकामां उल्लेख करी जईए. सौथी प्रथम तो जणाववानुं ए छे के तेमणे पूर्व पक्षनुं कथन पूरेपूरुं कर्युं नथी. सप्तभङ्गीनुं स्यादस्ति स्यान्नास्ति इत्यादिथी वर्णन करती वखते तेमणे '**स्वरूपेण**' अने '**पररूपेण**' ए अगत्यना शब्दो छोडी दीधा छे. जो ए ध्यानमां होय तो ते छोडवामां वांधो नथी. पण शंकराचार्ये ए बाबत उपर लक्ष्य ज नथी आप्युं. अने एमनुं आखुं खंडन आ भूल उपर रचायेलुं छे. एमनो पहेलो वांधो ए छे के "एक धर्ममां एक साथ असत्त्वादि विरुद्ध धर्मनो समावेश सम्भवे नहि. शीतोष्णनी माफक."[15]

जो शंकराचार्ये स्वरूपेण अने पररूपेण ए शब्दो ध्यानमां लीधा होत अने सत् अने असत् शब्दने पूर्वपक्षीना अर्थमां समजवा प्रयास कर्यो होत तो तेमने समजात के 'सत्' अने 'असत्' एटला बधा विरोधी नथी. बीजो वांधो ए छे के जेनुं स्वरूप अनिर्धारित छे ते ज्ञान संशयनी माफक प्रमाण न थाय.[16] आ अने बीजा वांधाओ अनेकान्तवादने अनिर्धारणात्मक गणवानी अने संशयमूलक गणवानी भूलनुं परिणाम छे. तेनो रदियो अकलङ्कदेवना उपर आपेला वार्तिकमां आवी जाय छे. त्रीजो वांधो उपर जणाव्युं ते प्रमाणे अनेकान्तवादने जे अनिर्धारणात्मक गणवामां आवे छे ते छे. चोथो ए छे के ज्यारे वस्तुने अवक्तव्य कहो छो त्यारे वळी शी रीते ते अवक्तव्य कहेवाय. आ केवळ शब्दछल छे.

शंकराचार्यना मत अने जैनमत बन्ने विरोध वस्तुना वस्तुस्वभावना ख्यालमां छे. शंकराचार्य जगत्‌ने एक मात्र ब्रह्ममय माननार छे ज्यारे जैन अनेकान्त तत्त्वनुं प्रतिपादन करे छे. तेथी शंकराचार्ये जो आ दृष्टिए खंडन करवा प्रयास कर्यो होत तो ते वधारे योग्य कहेवात. तेमणे करेलुं खंडन तो भूल अने भ्रमणा उपर रचायेलुं छे.

हवे सप्तभंगीनो प्रमाण पद्धतिनी दृष्टिए विचार करीए अने आ विचारो आ विशिष्ट रूपमां कया प्रयोजनथी मुकाया ते पण जोईए.

